(३) आत्मानन्दो रसः, आवरणभङ्ग आस्वाद इति तृतीयं व्याख्यानं प्रादर्शयत्। तथा वर्णने 'रसो वै रसः', 'रसं ह्ययं लब्ध्वा आनन्दीभवति' इत्यादितैत्तिरीयश्रुतौ आत्मानन्दस्य रसशब्देन व्यवहारं कारणं व्यजिज्ञपत्। ततश्च स्थाय्युपहित आत्मानन्दो रसः, आवरणभङ्ग आस्वादः। एषु त्रिषु व्याख्यानेष्वभिनवगुप्तस्य मूलम्, व्याख्याप्रणाली भिद्यते। सहृदयसामाजिकेषु वासनारूपेण स्थिताः साधारणनायिकाविषयिणो रत्यादिस्थायिभावाः साधारणशकुन्तलादिविषयतां दधाना आस्वाद्यन्त इति समानम्।

भट्टनायकमतम्

(४) अस्य मतस्य विवरणे निबन्धग्रन्थेषु भोगभुज्यमानतादिशब्दानां प्रयोगः। सांख्यदर्शने पुरुषो न कर्ता, किन्तु 'भोक्तैति' आयाति। भोगशब्दं दृष्ट्वा सांख्यसरण्या व्याख्याता भट्टनायक इति रूढिः प्राचलत्। अत्रापि सामाजिकरतेरेवास्वादः। स्थाय्युपहितस्य सत्त्वगुणपरिणामसुखस्य साक्षात्कार-रूपो भोगः स्थायिभावस्यास्वादः। आस्वाद एव रसः। पूर्वत्र त्रिष्वात्मानन्दस्य वर्णनम्। अत्र सत्त्वगुणपरिणामसुखस्येति एतावानेव विभेदः।

वस्तुतस्तु असङ्गस्यापरिणामिनश्च सांख्यपुरुषस्य बुद्ध्यारूढविषयैः सम्बन्ध एव भोगो नान्यत् किञ्चित्। पुरुषोऽपि सच्चिदानन्दः, रस्यते, भुज्यते, आस्वाद्यते इत्यादीनां समानेऽप्यर्थे प्रयोगो भवति। एतावता भोगशब्दस्य व्यवहारः अर्थविशेषो नास्ति 'भोगो व्यक्तिः' इति रसगङ्गाधरः पूर्ववदेवात्म-सम्बधं प्रख्यापयति। तेनात्राप्यात्मानन्दसम्बन्धः। आत्मन आनन्दांश सात्त्विक-वृत्तौ प्रस्फुरतीति द्योतनाय सत्त्वगुणपरिणामेत्याद्युच्यते।

चत्वारोऽप्येते स्थायिभावस्य रसपरिणामं ब्रुवते, सामाजिकरत्यादीन् आस्वादन्ते च। प्रथमे चतुर्थे चास्वादो रसश्चैक एव। द्वितीये तृतीये च स्थाय्युपहित आत्मानन्दो रसः, आस्वादो वृत्तिरावरणभङ्गश्च। केवलस्य स्थायिभावस्य रसतां न ब्रुवते, किन्त्वात्मसम्बन्धसंबलितस्यैवेत्यवधातव्यम्। चतुर्थे भट्टनायकमतेऽप्यात्मसम्बन्ध उक्तप्राय एव।

अतः परमनुकरणीयदुष्यन्तादिनिष्ठरत्यादेरेव सामाजिकैरास्वाद इति मतं प्रचलति।

भट्टलोल्लटस्य मतम्

(५) अस्य मते दुष्यन्तशकुन्तलादिविषयकरत्याद्यंशेऽलौकिकेन ज्ञानलक्षणानामकेन नटादिविशेष्यांशे च लौकिकेन चक्षुःसंयोगेन सन्निकर्षेण जायमानो विशिष्टो नटविशेष्यकः 'दुष्यन्तोऽयं शकुन्तलाविषयकरतिमान्' इत्याकारकसाक्षात्काररूपः सामाजिकनिष्ठो दुष्यन्तादिवृत्तिरत्यादेरास्वादः। साक्षात्काररूपास्वादविषयतामापन्नो दुष्यन्तादिनिष्ठो रत्यादिरेव रसः। सामजिकानां प्रत्यक्षज्ञानस्वरूपो रत्यादेरास्वाद एव रसास्वादः। अत्रालौकिकादिशब्दे भाषानुवादस्य सरलादिटीकानां चानधिकारप्रयुक्तोऽशुद्धो लेखः। अत्रत्यविषयाणां नवीनशास्त्रपरिशीलनविधुरैर्दुर्बोधता। मीमांसकमतानुसारित्वमस्य मुधैव प्रसिद्धम्। पण्डितराजो न्यायभाषया विशदयति। चित्रतुरगादिदृष्टान्तस्यापि भ्रमज्ञान उपयोगः। यथा अतुरगेऽपि तुरगचित्रे तुरगोऽयं धावतीति धीस्तथा समक्षे दुष्यन्ताभिनेतरि नटे दुष्यन्तोऽयं शकुन्तलाविरहे विलपतीति दर्शकानां बुद्धिरुपजायते। एषु समेषु रसास्वादेषु भ्रमधियो विलासः। अत्रानन्दविषये न किञ्चिदुच्यते, परम् अग्रिममतवद् विषयसौन्दर्यवशाद'नन्दोऽवसेयः। विवेचयिष्यामि च पश्चाद् निष्कर्षे विषयसौन्दर्यमेव प्रायःसर्वत्रानन्ददायकम् आत्मानन्दोदयस्य वर्णनं तु रसास्वादप्रशंसायै।

श्रीशङ्कुकमतम्

(६) पूर्वमते साक्षात्कार आस्वादोऽत्रानुमितिरिति विशेषः। अन्यत् सर्वं पूर्वमतसदृशम्। सोऽपि विशेषो दार्शनिकज्ञानप्रक्रियामूलकः, न तु रसप्रक्रियामूलकः। अस्यानुमितिरूपपरोक्षवादितया महती निन्दा शास्त्रतात्पर्यविधुरैर्विधायते। अनुमितिज्ञानेनानन्दानुभवे बाधा नायास्यतीति प्रदर्शयिष्यामि। दुष्यन्तत्वरूपेण प्रत्यक्षो नटः पर्वतवत्पक्षः। शकुन्तलाविषयकरतिर्वह्निरिव साध्या। 'दुष्यन्तोऽयं शकुन्तलाविषयकरतिमान्' इत्यनुमितेराकारः। अनुमीयमानो दुष्यन्तादिनिष्ठो रत्यादो रसः। सामाजिकनिष्ठा अनुमितिरास्वादः। अत्र विषयसौन्दर्यवशादानन्दं स्फुटं व्यवहरन्ति।

(७) पण्डितराजोहिता अनिर्वचनीयख्यात्यभिधाना अद्वैतवेदान्तप्रसिद्धा सामाजिकेषु अनिर्वचनीयं दुष्यन्तत्वादिकं सामाजिकान्तरङ्गे च अनिर्वचनीयं शकुन्तलादिविषयकं रत्यादिकञ्चोत्पादयन्ती रसगंगाधरे नव्या इत्यादिना निर्दिष्टा रसरसास्वादप्रक्रिया। दुष्यन्ते लौकिकी शकुन्तलारतिः स्थायिभावः, दुष्यन्ताभिन्नेषु सामाजिकेष्वनिर्वचनीया समुत्पद्यमाना शकुन्तलारती रसः।

सामाजिकानाम् आत्मानन्देन सह रसस्य सम्बन्ध आस्वादः। अहं दुष्यन्तः शकुन्तलाविषयकरतिमान् इति सामाजिकानामनुभवः।

आनन्दवर्णनमत्र आत्मानन्दवशात्। यथा शुक्तिशकले रजतज्ञानम्। यथा शुक्तिकात्वस्याज्ञानम् इदन्त्वेन च शुक्तिशकलस्य तत्र ज्ञानं भवति, तथा काव्यार्थभावनामहिम्ना रसगङ्गाधरवर्णितविगलितपरिमितेत्यादिरीत्या सामाजिकात्मानो विगलितचैत्रत्व-ब्राह्मणत्वगौरत्वादि विभेदकधर्माणः सामान्यनायकायमाना दुष्यन्ताभेदमापद्यन्ते। यथा स्मर्यमाणमापणस्थरजतं शुक्तिशकले समुत्पद्य प्रत्यक्षं भवति। तथा काव्यार्थभावनया भाव्यमाना दुष्यन्तनिष्ठा शकुन्तलारतिः सामाजिकात्मनि समुत्पद्य सामाजिकैरनुभूयते। प्रत्यक्षे विषयसान्निध्यमपेक्षितम् एतावता समुत्पादस्य वर्णनम्। रसगङ्गाधरस्य भाषानुवादविधाता सरला नाम टीका चैतादृशविषये भावाऽवबोधे नाधिकुर्यादिति वस्तुतो जिज्ञासुभिः प्रयासो विधीयताम्।

(८) व्यञ्जनावृत्तिम् अनिर्वचनीयख्यातिञ्च नाङ्गीकुर्वतां प्रायो न्यायप्रक्रियया व्युत्पादयतां दोषवशादसतोऽसन्निकृष्टस्य च भानमिति स्वीयां प्रौढिं द्योतयतां रसगङ्गाधरे परे शब्देन वर्णिता बौद्धदर्शनसंस्कारकल्पिता रसरसास्वादप्रक्रिया। 'अहं दुष्यन्तः शकुन्तलाविषयकरतिमान्' इति सामाजिकानां रसरसास्वादौ। एतादृशानुभवदशायां शकुन्तलारती रसतामेति। अत्र मते रसस्यास्वाद इति भेदव्यपदेशो भाक्तः। काव्यार्थभावनावशादेवान्य आचार्याः स्वप्नतुरगादीनामिव विभावादीनां प्रतीतिं शकुन्तलायाः साधारणीकरणम् अनिर्वचनीयोत्पत्तिञ्च उपपादयन्ति। तदा काव्यार्थभावनामहिम्नोऽपरिमितत्वात् तत एव वस्तूनामभावेऽप्यतीतानाम् असन्निकृष्टानां कथमपि ज्ञातानां मानसप्रत्यक्षं कथन्नाङ्गीक्रियतामिति पूर्वमतापेक्षया कल्पनालाघवं मन्वते। यद्यपि पूर्वोक्तभट्टलोल्लटमतेऽपि प्रत्यक्षम्, परं तत्र नटविशेष्यकं चाक्षुषम्, अत्र त्वात्मविशेष्यकं मानसम्। विषयसद्भावाभावोऽलौकिकप्रत्यक्षे न बाधक इत्युक्तम्। आत्मनि दुष्यन्ताभेदः काव्यार्थभावनाप्रकर्षात् पूर्वमते यथा तथाऽत्रापि, अवाच्याया अलक्ष्यायाश्च शकुन्तलारतेः प्रतीतिरानुमानिकीति मूल उक्तम्। पञ्चमे सन्निकर्षविशेषणं दत्तं नोक्तमत्र। मम तु तथैव प्रतिभाति, आत्मांशे मनःसंयोगो लौकिकः, दुष्यन्ते दुष्यन्तविशेषणे रत्यादौ च ज्ञानलक्षणानामकोऽलौकिकः।

(९) रामानुजदर्शने भ्रमज्ञानं नाङ्गीक्रियते। शुक्तिरजतस्थले शुक्तावपि रजतस्यांशाः केचन वर्तन्ते, येन चाकचिक्यं प्रतिभाति। तेन शुक्तौ रजतमिति

ज्ञानं जायते। परं न सर्वत्र सर्वदा, अपि तु दोषवशाच्छुक्तित्वस्य तिरोधानेऽभान एव। तथैव काव्यार्थभावनारूपदोषवशाद् नटस्य दुष्यन्तविभेदकधर्मास्तिरोधीयन्ते।

एवं शकुन्तलाभिनेतरि शकुन्तलाविरोधिधर्माणामज्ञानम्। अभिनयवशाच्चाभेदबुद्धिरिति 'दुष्यन्तोऽयं शकुन्तलाविषयकरतिमान्' इति प्रत्यक्षं सामाजिकानां रसास्वादः। अन्यश्च विशेषो भट्टलोल्लटप्रक्रिययेवावसेयः।

(१०) दुष्यन्तशकुन्तलारत्यादीनाञ्च परोक्षं शाब्दं ज्ञानम्। अभिनेतुश्च प्रत्यक्षं ज्ञानम्। काव्यार्थभावनाप्रकर्षाद् अभिनेयाभिनेत्रोस्तत्परोक्षापरोक्षज्ञानयोश्च भेदो न भासते। तेन साक्षाद् दुष्यन्तशकुन्तलादिदर्शनमिव सामाजिकानां रसास्वादोऽनुभवश्चानन्दस्य। एतद् भ्रमज्ञानानङ्गीकुर्वतो मीमांसकप्रभाकरस्य मतम्।

(११) सर्वं वस्तु वासनात्मकं बुद्ध्यात्मकं वा। इदं रजतमिति भ्रमस्थले बुद्ध्यात्मकमेव रजतं सन्निकृष्यते, भवति च प्रत्यक्षम्। तत्र बुद्धिस्थस्यैव भानम्, न दूरस्थस्य भानमिति न ज्ञानलक्षणासन्निकर्षस्यापेक्षा। यत्र बाह्यो विषयो न सन्निकृष्यते, प्रत्यक्षं च जायते, तत्र बुद्धिस्थस्यैव भानम्। यद्यपीदम् आत्मख्यातिनाम्ना योगाचारस्य मतं प्रसिद्धम्, परं वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषाग्रन्थेऽनिर्वचनीयोत्पादखण्डनप्रसङ्गेऽसतोऽपि भानमिति दृशा समादृतम्। तेन वैयाकरणमतमिति वक्तुं शक्यते। अन्यच्च वैयाकरणमतमग्रे वर्णयिष्यामि।

अभिनयव्यापारेण काव्यार्थपरिशीलनेन च दुष्यन्तशकुन्तलारतिप्रभृतिभावा बुद्धौ समारूढाः। नटे प्रत्यक्षीक्रियमाणेऽसन्तोऽपि सामाजिकैः प्रत्यक्षीक्रियन्ते। तादृशं सामाजिकम् 'अयं दुष्यन्तः शकुन्तलाविषयकरतिमान्' इत्याकारकं प्रत्यक्षं रसास्वादः। प्रत्यक्षावस्थापन्ना च शकुन्तलारती रसः।

(१२) अन्यद् वैयाकरणमतम्। काव्यगता अभिनेतृप्रयुक्ताश्च दुष्यन्तशकुन्तलारमणीराजगौरदयाधीरचोरप्रभृतिशब्दा न विशेषार्थे गृहीतशक्तिकाः, विशेषाणामतीतानामप्रत्यक्षात्। अनुमानशब्दादिप्रमाणानां सामान्यविषयकत्वात्। प्रतीयमानोऽपि कश्चिच्छाब्दप्रत्ययभेदो न जातिगुणादिभेदभिन्नविशेषणभेदमूलकः, तादृशजाति-गुणादिधर्माणाम प्रत्यक्षादज्ञानाच्च। किन्तु तच्छब्दान् प्रवृत्तिनिमित्तीकृत्य तत्तच्छब्दवत्सु अर्थेषु आधुनिकानां शक्तिग्रहः, तत्तच्छब्दप्रकारक एव बोधः। दुष्यन्तरमणीत्वेन कण्वदुहितृत्वेन गृहीतायां शकुन्तलायाम् अगम्येति बुद्धिः सम्भवति। शकुन्तलाशब्दवत्यां नागम्येति बुद्धिः

स्यात्। भवेच्च सामाजिकानां रतेरालम्बनम्। भावनाप्रकर्षाच्च स्वात्मनि दुष्यन्तशब्दवत्त्वेन नायकत्वपरिज्ञानम्। तेन च शकुन्तलारतिविषयोऽहमिति सामाजिकानां मानसप्रत्यक्षं रसास्वादः। प्रत्यक्षदशायां तादृशरती रसः।

अत्र शक्तिग्रहवर्णन एव किञ्चिन्नूतनम्। शब्दप्रकारको बोधः कारण-मालाप्रकरणे प्रयोजनान्तराय रसगङ्गाधरे गृहीत उपपादितश्च। शाब्दबुद्धे-रपि विषयविशेषेऽपरोक्षत्वमत्र रसप्रकरणे 'तत्त्वं वाक्यजबुद्धिवत्' इत्यनेन सूचितम्। प्राक्तनवैयाकरणमतमसतो भानमङ्गीचकार। अत्र च शब्दप्रकार-कमिति विशेषः।

इत्थं पण्डितराजः स्वविश्लेषणशालिन्या शेमुष्या अभिनवगुप्तमतमेव त्रिधा व्याख्याय 'नव्याः—परे' इति मतद्वयं स्वयमुद्भाव्य च यन्मां समुदसाह-यत् तेन दिक्प्रदर्शनमुखेन चतस्रो रसास्वादप्रक्रियाः प्रादर्शयम्। अल्पी-यस्यैव सामग्र्यां नातिदृढोऽपि कथमप्यग्रेसरणं यद्भावि तद् भवतु इति न्यायेन पञ्चमीमपि प्रस्तौमि।

(१३) स्वयं महेश्वरोऽपि जीवोऽविद्यावशाद् अल्पज्ञत्व-पारतन्त्र्य-परिमितत्वादिकलाक्रान्तः समयेन विद्योदयेन महेश्वरधर्मान् सर्वज्ञत्वस्वातन्त्र्य-विभुत्वादिरूपान् स्वस्मिन् विमृशति 'स एवाहं महेश्वरः' इति प्रत्यभिजानीते च क्रमशो महेश्वररूपतामेति विमुञ्चति च बन्धमिति प्रत्यभिज्ञादर्शनशैली। तद्रीत्या सामाजिकाः सहृदयाः काव्यार्थभावनाप्रकर्षाद् दुष्यन्तनायकगुणान् स्वस्मिन् विमृशन्ति 'तादृशशकुन्तलारतिमानहम्' इति प्रत्यभिजानते। एतादृशो विमर्शो रसः, सामाजिकेषु विमर्श एव रसास्वादः। विमृश्यमाना रतिः स्थायिभावः, आनन्दश्चात्मानन्दविमर्शात्, अन्या अनुपपत्तयश्च काव्यार्थ-भावनाप्रकर्षपेषणीपेष्टव्याः।

आसु कतमा प्रक्रिया समीचीना

अलौकिकेऽस्मिन् विषये कल्पनामात्रशरीराणां मोक्षपदवीमिव रसास्वा-दानन्दानुभूतिमारोहन्तीनां सोपानपरम्परामिवाचरन्तीनां प्रक्रियाणां का समीचीना का च नेति वस्तुतो वक्तुं न पार्यते, समेषामेव तैर्थिकानां स्वस्व-मार्गे प्रतिष्ठितत्वात्।

अतएव प्राथमिकेषु चतुर्षु मतेषु सामाजिकरत्यादीनामास्वादात् सहृ-दयानाञ्च रसास्वादाधिकारः सिद्ध्यति, रसास्वादानुकूलवासनावतामेव सहृ-दयत्वात्। अनुकार्यदुष्यन्तादिरत्यादेरास्वादनये तु सामाजिकवासनानामनुपयो-

गाद् जरन्मीमांसकादीनामपि रसास्वादप्रसक्त्या सिद्धान्तव्याकोपभयात् पञ्चमादीनि मतानि हेयानीति केषाञ्चिद् व्याख्यानं मुधैव, सर्वैरपि देशिकैः स्वस्वप्रक्रियायां भिन्ननिष्ठरत्यादेरास्वादस्य सहृदयतोल्लसितकाव्यार्थभावना-कार्यत्वेनैव वर्णनात्। तथा च सहृदयतां विना भावनोल्लासाभावेन रसास्वा-दस्य खपुष्पायमाणत्वात् कुतो निर्वासनानां रसास्वादप्रसक्तिः ?

एवमेव प्रत्यक्षज्ञानस्यैवाह्लादजनकतयाऽनुमितिरूपपरोक्षरसास्वादवर्णने सहृदयसाक्षिसिद्ध आनन्दो नोपपद्यत इति **श्रीशङ्कुकमतं** न समीचीनमिति वचोऽनर्हम्। तस्य मते वस्तुसौन्दर्यायत्तस्याह्लादस्यानुभवे वस्तुज्ञानगतं परोक्ष-त्वम्, अपरोक्षत्वं वा किं कुर्वीत ? किं पुत्रादीनां समुन्नतिः साक्षात्क्रियमाणेव कुण्डलीस्थानुकूलग्रहवशादनुमीयमाना नाह्लादयति ? व्ययबोधकपत्रेण समृद्धि-पूर्णतयाऽनुमीयमानः कोषः किं राज्ञो नानन्दाय ? अवनतिश्च पुत्रादीनामनुमि-तेव साक्षात्कृताऽपि क्लेशयत्येव। तस्मात् सुष्ठूक्तं **श्रीशङ्कुना** वस्तुसौन्दर्यबला-देवाह्लाद इति। यत्र कुत्रचिद् वस्तुसौन्दर्यसत्त्वेऽपि अनुमितिवशान्नाह्लादोऽनु-भूयते, तत्रानुमितावप्रामाण्यग्रहोऽवसेयः।

अत्र रसप्रकरणे **पण्डितराजः** **'विभावादिषु य एव चमत्कारी स एव रसः'** इति मतान्तरमवातारयत्। तेन किं सूचयतीति बिचारणीयम्। स्थायि-भावस्य रसत्वे स्थायिनः सौन्दर्यादेव आनन्द इत्यायाति। तथा च रसानुभव-वेलायां विषयसौन्दर्यवशादाह्लाद इत्यालङ्कारिकाणामनुभवः।

यद्यपि—

> अस्ति भाति प्रियं रूपं नाम चेत्यंशपञ्चकम्।
> आद्यं त्रयं ब्रह्मरूपं जगद्रूपं ततो द्वयम्॥

इति वेदान्तडिण्डिमो वस्तूनां सच्चिदानन्दे ब्रह्मण्यध्यस्तत्वाद् विषये-ष्वानन्दो ब्रह्मण एवेति ख्यापयति, तेन वेदान्तप्रक्रियावशात् सच्चिदानन्द-सम्पर्कस्वरूप आस्वाद एवाह्लादयेत् सामाजिकान्, नान्यविध आस्वाद इत्या-याति, तथापि विवेचनपरीक्षायां विषयसौन्दर्यमेव तिष्ठत्याह्लादमूलम्। अन्याः प्रक्रिया विशीर्णा जायन्ते। तथाहि—प्रथममुक्तडिण्डिमस्य स्वरूपमेव विविच्य-ताम्। ब्रह्मणोऽध्यासवशादेव वस्तूनां प्रियत्वमास्थीयेत, तदा अविशेषाद् जगदिदं प्रियमेव स्यात्, न किञ्चिदप्रियम्। किन्तु, वस्तुस्वभावादेवात्मानन्दाध्यासेन किञ्चित् प्रियम्, अन्यदप्रियमिति तेषामपि प्रक्रिया। अतः स्वभावबलादेवा-नन्दांशस्याभिव्यक्तेरभावेन दुःखं सदाऽप्रियमेवावतिष्ठते। सांख्यमते सत्त्वरजस्त-मसां परिणामाः पदार्था इति वस्तुनः स्वभावादेव सुखदुःखे संसिद्ध्यतः।

आद्येषु त्रिषु मतेषु साक्षात्कार आत्मानन्दोदयो यदि, तर्हि काव्यातिरिक्तस्थले घटादिसाक्षात्कार आत्मानन्दोदयोऽस्ति न वा ? आद्य आनन्दोदये साधारणे जाते किं कृतं काव्येन, तदर्थभावनया वा ? यदि घटादिस्थले प्रकाशाय चिदंशस्यैवोदयो नानन्दांशस्य, काव्यस्थले चानन्दांशस्थायीति ब्रूषे, किं कृतोऽयं विशेषः ? काव्यकृत इति चेत्, किं करोति काव्यम् ? वयं तु ब्रूमः— काव्यमलौकिकं नूतनं शब्दार्थस्वरूपमुपनयति। सहृदयताल्लसिता भावना तु तस्य क्लेशमोहप्रयोजकांशं तक्षन्ती सुखप्रयोजकांशं सूक्ष्मतरं सामाजिकान्तरङ्गे स्थापयति।

इदमेव रजस्तमसोरभिभवनं सत्त्वोद्रेकश्च ग्रन्थेषु वर्णितम्। यद्वशात् काव्यसमर्पितः शोको जुगुप्सा वाऽऽह्लादायैव, न क्लेशाय। तस्मात् काव्यतदर्थभावनयोर्विलक्षणवस्तुसमर्पणेनोपयोगः। तदेव सुन्दरं वस्तु। तस्यैवानुभव आस्वादो वाऽऽह्लादयति। वस्तुसौन्दर्याच्चानन्दानुभवः सिध्यति।

प्रागुक्ते नव्यमतेऽपि अन्तर्निहितं वस्तुसौन्दर्यमेव चमत्कारप्राणः प्रतिभाति। साक्षात्कार आत्मानन्दोदयवशादाह्लाद इति तन्मतम् तत्तु अनुपदमुक्तैर्विविधविकल्पजालैः प्रबद्धं कथं प्ररोहेत् ? यदि साक्षात्कारबलादेवानन्दोदयः, तर्हि दुष्यन्तनिष्ठरत्यादेर्भट्टलोल्लटवत् साक्षात्कारेण कथं न तुष्यन्ति नव्याः ? कथञ्च नूतनस्यानिर्वचनीयस्य रत्यादेरुत्पादने प्रयतन्ते ? न च अनिर्वचनीयस्यैव साक्षात्कार आह्लादकः, न व्यावहारिकस्य इति दृशा तथा यतन्त इति वाच्यम्, व्यभिचरितत्वात्। व्यावहारिकेणापि सुन्दरवस्तुनाऽऽह्लादस्योदयात्। स्वीये रजतखण्डे जायमानेन रङ्गेणानिर्वचनीयेन कीदृग् हृष्यतीति स एव जानाति।

इदं तु तस्य हृद्यम्—लौकिकसामग्रीसमर्पितो दुष्यन्तादिनिष्ठो रत्यादिर्लौकिको दुःखमोहप्रयोजकांशेनापि घटितो न समेभ्यः सहृदयेभ्यः सुखप्रदः, किन्तु सुखांशमात्रेण नूतनतया समुत्पन्न एव। अन्यानिर्वचनीयापेक्षया विलक्षणं सौन्दर्यं तु काव्यार्थभावनोत्थतयैवेति सर्वत्र समानम्।

भट्टनायकस्य मतेपि वस्तुसौन्दर्यमनपेक्ष्य न किञ्चिदानन्दानुभवहेतुतया पर्यवस्यति। तथाहि—सांख्यप्रक्रियायां तत्तत्सुखदुःखाकारेण परिणताया बुद्धेः पुष्करपलाशवन्निर्लेपेऽसङ्गे पुरुष ऐक्याध्यासरूपो भोगो दुःखादेरपि पौरुषेयः समानो न किञ्चिद् रसास्वादे वैलक्षण्यमर्पयति, रजस्तमसी अभिभूयोद्रिक्तस्य सत्त्वस्य सुखाकारपरिणामोऽपि सर्वत्र लौकिकसुखसाक्षात्कारे समानः सन् न

भेदमावहति, किन्तु काव्यसमर्पितस्य वस्तुनः सौन्दर्यस्वभाव एवं रजस्तमसोरभिभवे सत्त्वोद्रेके च प्रभवतीति किमु वक्तव्यम् ।

एवं सति एकदेशि- 'परेतु' मते आनन्दानुभवहेतुतया वर्णितो दुष्यन्तादिनिष्ठरत्यादेर्मानससाक्षात्कारप्रभवो विषयसौन्दर्यबलायात्त इति पर्यवसेयम् ।

प्रायः श्रीशङ्कुकसपक्षभावमापन्नस्य भट्टलोल्लटस्य मतेऽपि श्रीशङ्कुकसम्मतवस्तुसौन्दर्यबलायात्त एवानन्दानुभव इत्यलमेकत्र विषये विशेषाभिनिवेशेन ।

आनन्दस्वरूपविचारे किञ्चित्

वेदान्तनये द्विविध आनन्दः सम्भवति । प्रथमः—आत्मस्वरूपोऽलौकिकः, द्वितीयः—सुखरूपा चेतसो वृत्तिर्लौकिकी ।

नन्वनेकविधसुखस्वीकारे गौरवात् समेषां वस्तूनामात्मन्यध्यस्ततयैव प्रकाशः, विषयप्रकाशनाय चिदंशेऽध्यासस्यावश्यकतयाऽऽनन्दरूपप्रियत्वाभिव्यक्तये चानन्दांशेऽध्यासोऽप्यावश्यकः । तथा चैकेनात्मानन्देन सर्वत्र प्रियत्वोपपत्त्या नानासुखस्वीकारे गौरवं स्फुटमेव । घटादिसाक्षात्कारे सर्वत्र प्रियत्वानभिव्यक्त्याऽपि न क्षतिः । नैयायिकानामिव यत्र **'इदं ममानुकूलं मम भवतु'** इति वासना वृत्तिर्वा तत्रैव प्रियत्वाभिव्यक्तेः स्वीकारात् । यत्र **'इदं मम प्रतिकूलं मम न भवतु'** इति वासना, तत्र दुःखरूपा वृत्तिरेव, न प्रियत्वाभिव्यक्तिरिति चेत्, आत्मानन्दस्यैकत्वेऽपि तदभिव्यञ्जकनानावृत्तिस्वीकारे लाघवस्य दूरापास्तत्वात्, घटादिसाधारणानन्दस्य रसस्थल आस्वादे लौकिकत्वस्यावर्जनीयत्वाच्च ।

अस्तु वा यथा तथा द्विविधं सुखं वेदान्तनये प्रसिद्धं तदादायैवात्र व्यवस्थापनीयम् । आदिमे मतत्रये नव्यमते चात्मस्वरूपानन्दस्य वर्णनम् । तस्यापि रसस्थलेऽन्यलौकिकसुखापेक्षया सातिशयत्वेऽपि लौकिकत्वमव्याहतम् । इदञ्च रसगङ्गाधरे **'सविधवर्ति' 'विषयसंवलितः'** इत्यादिशब्दैः ख्यापितम् ।

सांख्यमते बुद्धिसत्त्वस्य सुखाकारपरिणामविशेषो लौकिक एव, अन्यसुखस्यापि तादृशत्वात् । स च चतुर्थे भट्टनायकमते परिगृहीतः । आत्मस्वरूपस्य कियति विभेदेऽपि सर्वत्र दर्शने आत्मन आनन्दत्वम्, अनुकूल आत्मीये प्रियत्वञ्चाहं चिन्तयामि । असकृत् संस्कृतहिन्दीपत्रिकासु प्राकाशयञ्च । भवति

च प्रत्यक्षे वेदान्तस्येव सांख्यस्याप्यात्मसम्पर्कः तथा चैतादृशानन्दस्वरूपे सांख्य-वेदान्तयोर्न विशेषः, तथाप्यत्रान्यप्रसिद्धमार्गेणैव व्यवस्थापयामि ।

न्यायनये वस्तुनोऽनुकूलतया वेदनाजन्य आत्मवृत्तिविशेषगुणः सुखं लौकिकमेव । तच्च पञ्चमषष्ठाष्टममतेषु परिगृह्यत इति तेषां वर्णितपदार्थसहचारात् प्रतीयते । तथा चाद्यमतत्रयेऽलौकिकस्यान्येषु पञ्चसु मतेषु लौकिकस्यानन्दस्यानुभवः । तत्रापि कुत्रचिदलौकिकत्वव्यवहारस्तूपाये शब्दार्थयोस्तद्भावनायाञ्च वर्तमानलौकिकत्वप्रयुक्तो भाक्तः, न तु वस्तुतः, तदलौकिकत्वस्याप्रसिद्धेरसमन्वयाच्च ।

वस्तुत आदिमेष्वपि त्रिषु लौकिकस्य चेतोवृत्तिरूपस्यैव सुखस्यानुभवो जायात् । असमाहितचेतसामलौकिकात्मस्वरूपानन्दानुभवेऽनधिकारात् शास्त्रयुक्तिविरोधाच्चेत्युक्तप्रायमेव । सहृदयहृदयं रसास्वादानन्दानुभवे तस्य विलक्षणसामग्रीजन्यत्वे आनन्दस्य लौकिकसुखान्तरवैलक्षण्ये सातिशयत्वे च साक्षि भवदपि, अपरिचितस्यानन्दगतालौकिकत्वस्यानुभवे कथं साक्षि स्यात् ? पण्डितराजस्तु अभिनवगुप्तपादाचार्याणां काव्यनाटकादिभ्य आत्मानन्दानुभवाभिनिवेशं पश्यन् श्रुतिमप्युदाजहार । वस्तुतः काव्यरसस्य रस्यमानतासारत्वेन बहुभिर्वर्णनादास्वाद्यता विद्युदुद्योतवदस्थिरा वृत्तिरूपैव । श्रुतिप्रतिपाद्य आत्मरूपोऽनुभवो रसः, नानुभाव्यः । आनन्दं रसं प्राप्य स्वयमानन्दो भवति, आनन्दाकारवृत्त्या तु लौकिक्या जीव आनन्दीभवति । लौकिकस्य लौकिक एवानन्द इति आनन्दीपदेन श्रुतिः सूचयति, अलं दिग्दर्शनातिरेकेण ।

ख्यातेरवसरः

प्रदर्शितासु समासु रसास्वादप्रक्रियास्वानन्दानुभवस्य समत्वं दधानासूपाये उपेये वा ज्ञानेऽवश्यं भ्रमत्वम् । भ्रमसम्पादिका च सर्वत्र सहृदयतोल्लसिता काव्यार्थभावना समाना, पञ्चमादीनां प्रक्रियाणामुपेये ज्ञाने भ्रमत्वम् । आद्येषु चतुर्षु मतेषूपायभूत एव ज्ञाने भ्रमत्वम् । तथाहि—एते आचार्याः काव्यसमर्पितां शकुन्तलादिनायिकां सामाजिकवृत्तेः स्वनायिकाविषयकरतेः साधारणीकरणापरपर्यायभावनाविशेषमहिम्नाऽऽलम्बनतां नीत्वा शृङ्गाररसेनाभिसिञ्चन्ति सामाजिकान् । स्वशृङ्गारविभावत्वञ्च स्वविशिष्टत्वम्, वैशिष्ट्यञ्च अप्रमात्वप्रकारकनिश्चयविशेष्यत्वाभावविशिष्टं यत् स्वागम्यत्वप्रकारकं ज्ञानं तद्विशेष्यत्वाभाववत्त्वम्, स्वरत्यालम्बनत्वञ्चेति सम्बन्धद्वयेन । यद्विषयिणी रतिः स्वस्मिन् वर्तते, यस्याञ्चेयमगम्येति बुद्धिर्नोदेति, स वै विभाव इति संक्षिप्तः सरलार्थः ।

यथाऽन्यत्र भ्रमस्थले शुक्तेर्विशेष्यांशस्य ज्ञानं न भवति, सामान्यांशस्तु ज्ञायते, तथाऽत्र साधारणीकरणादिव्यापारद्वारा स्वनायिकामपेक्ष्य शकुन्तलायां यो विशेषः दुष्यन्तरमणीत्वशकुन्तलात्वातीतत्व-कण्वकन्यात्वादिः स तिरोधत्ते, कान्तात्वेन च स्फूर्यमाणा स्वविभावत्वमुपगता शकुन्तला रसोत्पादहेतुरिति शकुन्तलायां विभावत्वभ्रमाधीनो रसास्वाद इति तेषां दर्शनम्। अन्येषां मत उपेयभूते रसे रसास्वादे वा ज्ञाने स्फुटं भ्रमत्वम्। नटे दुष्यन्ताभेदस्य सामाजिकात्मनि वा दुष्यन्ताद्यभेदस्यातीतस्यान्यनिष्ठस्य च शकुन्तलादिरत्यादेर्नटे सामाजिकात्मनि वावगाहनात्।

ख्यातिः—

भ्रमस्थले ख्यातिनाम्ना दार्शनिकज्ञानप्रक्रिया प्रसिध्यति, तत्र काचित् ख्यातिप्रक्रिया काव्यसमर्पितनायिकादिषु विभावत्वप्रत्ययमालम्ब्य समनुयन्ति।

(१) तत्र वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषायां सम्यक् सप्रमाणमुपपादिता सत्ख्यातिः। एनां तत्रासतोऽपि भानभङ्ग्याकृत्यासत्ख्यातिमपि वक्तुं शक्ष्यन्ति। क्वचित् कदाचित् सतः ख्यातिर्भानं सत्ख्यातेरर्थः।

(२) विज्ञानवादियोगाचारविवृत्ताऽऽत्मख्यातिर्द्वितीया। आत्मनो बुद्धेः, बुद्धिसत्तोर्वा वस्तुनो बहिः ख्यातिर्ज्ञानमर्थः। आन्तरस्य बाह्यतयाख्यानात् केचनान्यथाख्यातिमेनां व्याचक्षते।

(३) नैयायिकानामन्यथाख्यातिः, शुक्ते रजततया भानम्। अत्र ज्ञान-लक्षणासन्निकर्षोपयोगः।

(४) सांख्यसृष्टा सदसत्ख्यातिः, शुक्ताविदं रजतमिति प्रत्यक्षं भ्रमः। असन्निकृष्टस्य दूरे सतो रजतस्यासतश्च रजतसम्बन्धस्य भानमित्यर्थः।

(५) वेदान्त्युपबृंहिता अनिर्वचनीयख्यातिः, इदं रजतमिति भ्रमप्रत्यक्षम्। प्रत्यक्षे चासन्निकृष्टं न भासते; अत्र च रजतं भासते, अतो नूतनं समुत्पन्नं च रजतं भासत इति अङ्गीकार्यम्। इदञ्च नूतनं रजतं न सत्, शुक्तिज्ञानेन बाध्यत्वात्। सतश्च बाधायोगात्। नाप्यसत्, असतः शशशृङ्गादेरभानादस्य च भासमानत्वात्। सत्त्वेनासत्त्वेन च निर्वक्तुं न शक्यत इति अनिर्वचनीयं रजतम्, तस्य भानमिति भावः।

(६) अख्यातिरेव ख्यातिः, अख्यातिर्भ्रमज्ञानमनङ्गीकुर्वाणानां व्यवहारे भ्रमत्वं मन्वतां मीमांसकप्राभाकराणां षष्ठी। इदं रजतमिति भ्रमस्थले

अंशद्वयम्—१. इदम्, २. रजतम्। प्रथमं सन्निकृष्टं प्रत्यक्षम्, द्वितीयं रजतमसन्निकृष्टं चाकचिक्यादिना स्मर्यते। प्रत्यक्षं स्मृतिश्च ज्ञानद्वयं प्रमा। किन्तु दोषवशाज्ज्ञानयोर्विषययोश्च भेदाग्रहात् प्रवृत्तिः।

सर्वत्र चासु यस्मिन् भ्रमस्तस्य विशेषधर्मस्यादर्शनं साधारणधर्मस्य च दर्शनम्। लोभातिशय-निद्रा-मनोऽनवधानता-भावनाविशेषानभ्यस्ततप्रभृतिषु कस्यचिद् दोषस्य समानतयाऽपेक्षा। यथा शुक्तिरजतभ्रमस्थले शुक्तित्वनीलपृष्ठत्वादेरदर्शनं साधारणचाकचिक्यादेर्दर्शनम्, रजततृष्णा, रजतस्मृतिः, रजतस्यासन्निधानं च, तेन इदं रजतम् इति भ्रमः।

प्रथमा स्फुटं कुत्रचिन्न गृहीता। किन्तु रसगङ्गाधरे 'परे तु' मते सर्वा सामग्री प्रदर्शिता। सन्निकर्षमात्रं न प्रदर्शितम्। तत्र प्रथमायाः ख्यातेः परिग्रहः प्रतिभाति, अन्यथाऽपि तस्य व्याख्यानं प्रदर्शितमेव। आत्मख्यातिर्द्वितीयाऽपि बुद्धिसतो मानाद् वैयाकरणमतेनापि प्रदर्शिता। अन्यथाख्यातिर्भट्टलोल्लटमते गृहीता।

तत्र साधारणीकरणादिना शकुन्तलादेर्दुष्यन्तरमणीत्वादिविशेषस्यादर्शनम्। साधारणस्य कान्तात्वस्य दर्शनम्, सहृदयतोल्लसिता काव्यार्थभावना दोषश्चेति सर्वाभिः ख्यातिभिरपेक्ष्यते।

एषा च सर्वापेक्षिता सामग्री स्वकान्तायां सतः शकुन्तलादाववर्तमानस्यापि स्वविभावत्वस्य सामाजिकेषु साक्षात्कारं जनयतीति प्रथमां सत्ख्याति मन्वते। बुद्धौ वासनारूपेण वर्तमानस्य स्वविभावत्वस्य बुद्धिस्थशकुन्तलादौ प्रत्यक्षं सामाजिकानामनया सामग्र्येत्यात्मख्यातिः। अविभावरूपायां शकुन्तलायां ज्ञानलक्षणेन सन्निकृष्टस्य स्वविभावत्वस्य शकुन्तलायां सामाजिकानामालोचनम् अविभावस्य विभावतया प्रत्यक्षमन्यथाख्यातिः। यत्र कुत्रापि सतः स्वविभावत्वस्य शकुन्तलायाञ्चासतस्तत्सम्बन्धस्य च ख्यातिः सदसत्ख्यातिः। अनया सामग्र्या अनिर्वचनीया सामाजिकान्तरङ्गे प्रकटिताङ्गा शकुन्तला इङ्गन्ती विभाविता सती रसास्वादहेतुः। भावनाविभिन्नकाले न भासमानाऽसती सामाजिकरतिमुद्बोधयन्ती नासती सा शकुन्तला अनिर्वचनीयेति अनिर्वचनीयख्यातिः।

प्रभाकरस्याख्यातिस्तु एवं विव्रियेत—पूर्वोक्तसामग्रीसत्त्वे स्वविभावस्य स्मृतिः। शकुन्तलायां स्वविभावभेदो न गृह्यते, एतावतैव शकुन्तलाभिनयेन

सामाजिकरतेरुद्बोधः। न शकुन्तलायां स्वविभावत्वख्यातेरावश्यकता, अख्यात्यैव सामाजिकानां रसास्वादनिर्वाहः।

(७) एका प्रत्यभिज्ञादर्शनस्य अपूर्णख्यातिः क्वचिदुपलभ्यते, सम्यगुपपादनं तु तस्या नाद्याप्युपालभे, रजते रजतस्य ख्यातिः सम्पूर्णख्यातिः, शुक्तिशकले रजतस्य ख्यातिरपूर्णा। केषांञ्चिदवयवानां तत्र सत्त्वात्। यद्यपीयं सामग्री रामानुजदर्शनेऽपि वर्ण्यते, किन्तु तत्रास्याः ख्यातेश्चर्चा नास्ति, प्रत्यभिज्ञादर्शनेऽपि क्वचिदेव दृष्टा। अनया ख्यात्या सामाजिकानां शकुन्तलादावपूर्णस्वविभावपरिज्ञानमिति रतेरुद्बोधः।

एवं शकुन्तलादौ सामाजिकविभावत्वोपपत्तये ख्यातिप्रकारान् प्रादर्शयम्। उपेये रसास्वादेऽप्येवं ख्यातीनां समन्वयः सम्भवति, तथापि लेखविस्तरभिया कोमलमतीनां काव्यविहरणशीलानां नातिरञ्जनजनकञ्चेति परित्यजामि। रसगङ्गाधरे द्वे ख्याती स्फुटम्, अन्या अस्फुटं प्रदर्शिताः। तदध्ययनाधमर्णस्य मम ऋणविमुक्तय एतावदाश्यकं तदाकार्षम्।

इत्थं स्वादविवेचनेन रसिकः सत्यं मुदं प्राप्स्यति
रम्यं वस्तु न दूषयेन्मम मतिः स्पर्शे न दोषो यतः।
गङ्गावारि नु काशिकं शवगति पापारि पुण्यौषधं
तृप्तोऽयं परिवेष्य वः पुर इदं विद्याविनोदोद्यतः॥

बुधजनोदधिवारिसमुज्ज्वलं जयशिवेति वचः पवनार्चितम्।
सकलशास्त्रसुवर्णरसद्रुतं क्षितितलं मम काशिकमर्थितम्॥

●

वर्ष ८ अङ्क २ चिन्तामणि बम्बई फरवरी १९७४

रसख्याति

काव्यों के दृश्य और श्रव्य दो भेद प्रसिद्ध हैं। दोनों में सहृदय की प्रवृत्ति भी अधिक देखी जाती हैं। जो सहृदय काव्यार्थ की भावना में प्रवीण हैं वे किसी विशेष आनन्द का अनुभव करते हैं ऐसा प्रवृत्तियों से समझा जाता है। तथा वैसे आनन्दानुभव में सहृदयों का हृदय भी साक्षी है। उस आनन्द के अनुभव को सिद्ध करने के लिए

किसी दूसरे साधन की अपेक्षा नहीं है। किन्तु इसके लिए आलङ्कारिक निबन्धों में रस नाम का एक पदार्थ माना गया है। वह आस्वाद के योग्य है। उसके आस्वाद की प्रक्रिया भी बतायी जाती है। जिसको नाट्य-शास्त्र निम्नलिखित प्रकार से प्रदर्शित करता है—

यथा बहुद्रव्ययुतैर्व्यञ्जनैर्बहुभिर्युतम्।
आस्वादयन्ति भुञ्जाना भक्तं भक्तविदो जनाः॥ १॥
भावानभिनयसम्बद्धान् स्थायिभावाँस्तथा बुधाः।
आस्वादयन्ति मनसा तस्मान्नाट्यरसाः स्मृताः॥ २॥

(भारत नाट्यशास्त्र ६. ३३. ३४)

अनेक प्रकार की वस्तुओं से युक्त नाना व्यञ्जनों के साथ भात को खाते हुए भात के रसज्ञजन जैसे स्वाद लेते हैं, उसी प्रकार सहृदय विद्वान विभाव, अनुभाव और संचारिभाव के अभिनय से सम्वद्ध स्थायिभावों का मन से स्वाद लेते हैं। अत-एव वे नाट्य-रस कहे गये हैं।

ऐसे रस पदार्थ का स्वरूप निबन्धग्रन्थों में अनेक प्रकार से वर्णित है। आचार्यों की प्रौढ कल्पना अनेक प्रक्रिया प्रदर्शित करती है। स्थायिभाव को रस मानने वाले आचार्यों की प्रक्रिया भी कल्पना के अनुसार अनेक स्वरूप की भी बन गयी है। पण्डित-राज जगन्नाथ का रसगङ्गाधर नव्य न्याय के युग का है, भारतीय दर्शनों की ज्ञान आदि मानसिक वस्तुओं का नव्यभाषा से विशेष विशद विवेचन किया गया है। मान-सिक वस्तुओं के अनेक कार्य कारण भावों के वर्णन से आधुनिक मनोविज्ञान शास्त्र का एक क्रीडा मैदान हो गया है। इसमें प्रदर्शित बहुतेरे पदार्थ मानस-शास्त्र के हैं। इस रस तथा रसास्वाद की प्रक्रिया दर्शनों के भेद से कुछ-कुछ विशेषता पाती है। सभी दार्शनिकों ने इस सुन्दर रस का अपनी-अपनी प्रक्रिया के अनुसार आस्वादन किया है तथा करना चाहते हैं। अतः प्रक्रियाओं के अनेक भेद हो गये हैं।

पण्डितराज जगन्नाथ बड़े दार्शनिक तथा कल्पक हैं। अभिनवभारती में जिन जिन आचार्यों के मतों का उल्लेख आया है, उनका नव्यदार्शनिक भाषा से विशद व्याख्यान तो किया ही परन्तु उन मतों से उत्साहित होकर दो-तीन और दार्शनिक प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया है। उन्हीं के मार्ग से उनसे प्रदर्शित मतोंका

विश्लेषण करता हुआ मेरा मन दो-तीन और दार्शनिक प्रक्रियाओं के प्रदर्शन के लिए समुत्सुक हुआ। उनके अध्ययन और मनन का जो प्रभाव पड़ा, तथा गुरु कृपा से जो कुछ थोड़ी शास्त्रीय विवेचन-शक्ति प्राप्त है, उसके अनुसार इनके अनेक व्याख्याताओं के व्याख्यान में अनधिकार चेष्टा कष्ट दी हैं, अतः अपने विचारों का विद्वानों के समक्ष परिवेषण आवश्यक समझकर प्रयास कर रहा हूं।

उसमें आलङ्कारिक मूर्धन्य श्रीमान् अभिनव गुप्त पादाचार्य के एक मत के व्याख्यान में भी व्याख्याता भेद से दो रीति निकल गयी हैं। दोनों में स्थायिभाव रस नहीं है किन्तु उसका आस्वाद रस है। यह समान माना जाता है तो भी कुछ भेद हो जाता है जैसे प्रथम व्याख्याता—

(१) सहृदयता सहकृत काव्यार्थ भावना से आवरणभङ्ग होने पर स्थायिभाव का सच्चिदानन्द के साथ सम्बन्ध का नाम आस्वाद है। वह सम्बन्ध विषय-विषयि-भाव होता है। संस्कृत में गोचरीक्रियमाणत्व लिखा है। 'स्थायिभाव को सच्चिदानन्द का विषय होना' यह उसका शाब्दिक अनुवाद हो सकता है। इसपर विद्वानों को यह भी सोचना चाहिए कि अभिनव गुप्त के ग्रन्थों में स्थायिभाव रस नहीं है, 'विमर्श रस है' इस अर्थ वाले संस्कृत के दो वाक्य मिलते हैं। क्या उनका इन प्रक्रियाओं के साथ समन्वय या विरोध है ? यह ठीक है कि पण्डितराज की यहाँ भाषा अद्वैतवेदान्त की है, प्रत्यभिज्ञा दर्शन की नहीं है। भाषा भेद होने पर भी वस्तु एक ही मालूम पड़ती है। भाषा भेद का भी कारण हैं कि नव्य-न्याय भाषा ने जैसे अद्वैत-वेदान्त को व्याप्त किया वैसा प्रत्यभिज्ञा दर्शन से सम्बन्ध नहीं कर पायी। विमर्श-स्वरूप के विषय में विचार करने पर आत्मा के साथ अन्य वस्तुएं भी रहती हैं। विमर्श रस है इसका तात्पर्य यह है कि स्थायिभाव का विमर्श रस है। मैं शकुन्तला विषयक रतिवाला हूं ऐसी सामाजिकों की भावना विमर्श है। उस विमर्शका विषय रति स्थायिभाव है, इसीको भग्नावरण सच्चिदानन्द से गोचरी क्रियमाणत्व कहा गया है।

(२) स्थायी भाव से उपहित आत्मानन्द आकारवाली अन्तःकरणकी वृत्ति आस्वाद है; ऐसा दूसरा व्याख्यान है। इसीको पूर्वोक्त विमर्श कह सकते हैं। स्थायी

भाव रति आदि से उपाधिवाला आत्मा भासता है। इन प्रक्रियाओं में इस प्रकार की वस्तुएं हैं ? आत्म-चैतन्य ही प्रकाश है, उसका विषय-वस्तु के साथ सम्बन्ध होनेपर विषय का भान होता है, आवरण से आवृत्त वस्तु चैतन्य के साथ सम्बन्ध नहीं कर पाती, अन्तःकरणकी वृत्ति से आवरण का भङ्ग होनेपर चैतन्य सम्बन्ध से विषय का प्रकाश होता है। ऐसे आस्वाद के समय पांच वस्तुएं रहती हैं। १. रति आदि स्थायीभाव, २. आत्मानन्द, ३. स्थायीभाव और आत्मानन्द इन दोनों के आकार-वाली अन्तःकरण की वृत्ति, ४. आवरणभङ्ग, ५. स्थायीभाव रति आदि का आत्म-चैतन्यसे सम्बन्ध। पूर्वोक्त प्रथम व्याख्यान में पाचवां सम्बन्ध आस्वाद माना गया है। द्वितीय में दोनों के आकार वाली वृत्ति को आस्वाद कहते हैं। इन दोनों में आस्वाद ही रस माना जाता है।

(३) यद्यपि यह भी अभिनव गुप्ताचार्य के मत का व्याख्यान ही है, तो भी पण्डितराज के शब्दों द्वारा ऐसा मालूम होता है कि पूर्वोक्त दोनों व्याख्यानों में किन्हीं प्राचीनों का अनुरोध करना पड़ा हो। अनुरोध न करनेपर यह तीसरा व्याख्यान उचित है। इसमें आत्मानन्द को रस और आवरणभङ्ग को रसास्वाद कहा गया है। इसके वर्णन में **रसो वै रसः रसं ह्येवायं लब्ध्वा आनन्दी भवति** इत्यादि तैत्तरीय श्रुति में आत्मानन्द का रस शब्द से व्यवहार बताया गया है। इस प्रकार स्थायीभाव से उपहित आत्मानन्द रस है और आवरणभङ्ग रसास्वाद। इन तीनों व्याख्यानों में अभिनव गुप्त का मत मूल है। व्याख्या प्रणाली में ही भेद हुआ। इस मत में सहृदय सामाजिकों में जो साधारण नायिका-विषयक रति रहती है वही साधारण रति शकुन्तलाविषयक बनकर आस्वादित होती है। पहले साधारण नायिका विषय की अवस्था में स्थायीभाव है और शकुन्तलाविषयक बनकर रसास्वाद हो जाती है।

भट्ट नायक मत

(४) निबन्धग्रन्थ इसके निरूपण में भोगभुज्यमानता आदि शब्दों का प्रयोग करते हैं। सांख्य का पुरुष कर्ता न होकर भी भोक्ता माना जाता है। भोग शब्द को देखकर सांख्य-सरणि के व्याख्याता भट्ट नायक हैं ऐसी रुढि चल पड़ी है। इसमें भी सामाजिक स्थायीभाव का ही आस्वाद है। स्थायीभाव से उपहित सत्त्वगुण के परि-

णाम सुख का साक्षात्कार भोग है, वही स्थायी भाव का आस्वाद है। आस्वाद और रस एक ही है। पहले मत में आत्मानन्द का वर्णन है, इसमें सत्त्वगुण परिणाम सुख का, इतना ही भेद मालूम पड़ता है। वास्तविक सोचा जाय तो असङ्ग अपरिणामी सांख्य पुरुष का भोग ही क्या हो सकता है। बुद्धि-वृत्ति में आरूढ़ विषयों का पुरुष-सम्बन्ध ही भोग होगा; वैसा पूर्व मत में भी है। पुरुष सच्चिदानन्द-रूप ही है। संस्कृत में रस्यते, भुज्यते, आस्वाद्यते इत्यादि प्रयोग समान अर्थ में भी होते हैं, इस-लिए ही भोग शब्द का प्रयोग हुआ है। अर्थ में भेद नहीं है। स्थायी भाव से उपहित आत्मानन्द-रूप रस इसमें फलित होता है। रसगङ्गाधर में इस प्रसङ्ग को लेकर **भोगो व्यक्ति** ऐसा कहा गया है। आत्मानन्द की अभिव्यक्ति उसका अर्थ हो सकता है।

इसके वाद अभिनेय दुष्यन्त आदि में रहने वाली शकुन्तला आदि विषयक रति का सामाजिक अनुभव करते हैं या आस्वाद लेते हैं ऐसा मत चल रहा है।

भट्टलोल्लट मत

(५) इस मत में सामाजिक शकुन्तला विषयक अतीत और परोक्ष दुष्यन्त में रहने वाली रति का कैसे आस्वाद कर सकते हैं ? यह एक समस्या है। नैयायिकों के यहाँ ज्ञान लक्षणा सन्निकर्ष से एक अलौकिक प्रत्यक्ष प्रसिद्ध है। उसी प्रक्रिया का यहाँ आश्रयण किया जाता है। नाटक में जव नट दुष्यन्त का अभिनय करता है तब सहृदय सामाजिक उसमें तन्मय हो जाते हैं। अभिनय तथा वाक्यों से नट को ही दुष्यन्त समझने लगते हैं। यह दुष्यन्त शकुन्तला विषयक रतिवाला है ऐसा उनको प्रत्यक्ष होता है। नट रूप दुष्यन्त के साथ आँख का सम्बन्ध है ही, संवाद वाक्यों से शकुन्तला-विषयक रति का भी ज्ञान हो जाता है। वही ज्ञान लक्षणा सम्बन्ध आँख का बन जाता है। वही प्रत्यक्ष दुष्यन्त में रहने वाली रति का आस्वाद है। उस आस्वाद दशा में रति ही रस है। यहाँ रस गङ्गाधर में अलौकिक शब्द लिखा है। जो सन्निकर्ष का विशेषण है। किन्तु भाषा ग्रन्थों में तथा सरला संस्कृत टिप्पणी में अर्थ का अनर्थ किया गया है। यहाँ के ग्रन्थ का अभिप्राय समझने के लिए जिज्ञासुओं को अच्छे शास्त्र-निष्णात विद्वान् की सहायता लेनी चाहिए। कुछ दूसरे ग्रन्थों की टीका में तथा तदनुसारी हिन्दी पुस्तकों में इसको मीमांसक मतानुसारी लिखा गया

है। यह मीमांसक की अन्यथा ख्याति भी है। प्रक्रिया भी अन्यथा ख्याति की है। किन्तु यहाँ का रसगङ्गाधर लेख न्याय के अनुसार है। चित्रतुरंग आदि का दृष्टान्त भी भ्रमज्ञान की प्रक्रिया बताने के लिए है। जैसे घोड़े के चित्र को देखकर घोड़ा दौड़ रहा है वैसे ही दुष्यन्त का अभिनय करते हुए नट को देखकर शकुन्तला प्रेमी दुष्यन्त है ऐसी बुद्धि हो जाती है, इन सभी रसास्वाद प्रक्रियाओं में भ्रमबुद्धि का विलास है। इस मत में आनन्द के विषय में कुछ नहीं लिखा है। आगे के मत में विषय सौन्दर्य के अधीन आनन्द है ऐसा लिखा है, उसी प्रकार इसको भी समझता हूँ। आगे मैं विचार करूँगा जिसमें सभी प्रक्रियाओं से विषय-सौन्दर्य के अधीन ही आनन्द मानना ठीक है। आत्मानन्द के उदय का वर्णन तो रसास्वाद की प्रशंसा के लिए है।

(६) पहले मत में साक्षात्कार रसास्वाद है इसमें स्थायी भाव की अनुमिति रसास्वाद है, और आकार पहले के ऐसा है। यह भी विशेषता दार्शनिक प्रक्रिया के कारण है रसास्वादकी प्रक्रिया के कारण नहीं। कुछ दार्शनिकों का सिद्धान्त है कि एक ही विषय की प्रत्यक्ष सामग्री और अनुमिति सामग्री रहने पर अनुमिति ही होती है प्रत्यक्ष नहीं। यही शङ्कुक का मत है। दुष्यन्त का अभिनय और संवाद दुष्यन्त की अनुमति सामग्री है। वह प्रत्यक्ष से प्रबल होकर अनुमिति करा देती है। इसलिए यह दुष्यन्त शकुन्तला-विषयक रतिवाला है ऐसी अनुमिति हो जाती है। वही रसास्वाद है, अथवा सामाजिकों द्वारा शकुन्तला-विषयक रति का आस्वाद है। इस आस्वाद की दशा में दुष्यन्त में रहने वाली शकुन्तला रति रस है। अनुमितिरूप परोक्ष आस्वादवादी होने से इनकी निन्दा भी कुछ लोग करते हैं, उसको मैं वास्तविक नहीं मानता क्योंकि उस तरह के विचार करने वालों में शास्त्र की व्युत्पत्ति मुझे नहीं मालूम पड़ती। अनुमिति ज्ञान भी आनन्द के अनुभव में बाधा नहीं लाता, ऐसा विचार करने वाला हूँ। इस अनुमिति में दुष्यन्त आकार वाला नट पर्वत के समान प्रत्यक्ष है और पक्ष है। शकुन्तलाविषयक रति अग्नि के समान साध्य है, इस मत में विषय-सौन्दर्यवश आनन्द है, ऐसा स्फुट लिखा है।

(७) यह मत रसगङ्गाधर में 'नव्यास्तु' शब्द से उठाया गया है, अद्वैत-वेदान्त-प्रसिद्ध अनिर्वचनीय ख्याति इसमें अपनायी गयी है सहृदय सामाजिकों में

अनिर्वचनीय दुष्यन्त धर्मों का उत्पाद होता है, जिससे सामाजिक अपने को दुष्यन्त से भिन्न नहीं समझ पाते। सामाजिकों के मन में अनिर्वचनीय शकुन्तला रति पैदा होती है। दुष्यन्त में रही लौकिक शकुन्तला रति स्थायी भाव है, दुष्यन्त से अभिन्न हुए सामाजिकों के मन में अनिर्वचनीय पैदा हुई शकुन्तला रति रस है, सामाजिकों के आत्मानन्द के साथ रस का सम्बन्ध रस का आस्वाद है। मैं दुष्यन्त-शकुन्तला विषयक रतिवाला हूँ ऐसा सामाजिकों का अनुभव होता है। आत्मानन्द ही आनन्द रहा। जैसे शुक्तिखण्ड में रजत का ज्ञान होता है वैसी ही प्रक्रिया समझनी है, जैसे शुक्तिकात्व का ज्ञान न होकर सामान्य सम्मुख वस्तुरूप से शुक्ति का ज्ञान होता है, वैसे ही काव्यार्थ भावना के प्रभाव से सामाजिकों की चैत्रत्व, ब्राह्मणत्व, गौरत्व, स्थूलत्व आदि विशेषताएं छिप जाती हैं तथा सामान्य नायक-रूप से अपने को समझने लगते हैं। तब विरोध न होने से दुष्यन्त के साथ अभिन्न हो जाते हैं। जैसे याद आया बाजार का रजत अनिर्वचनीय पैदा होकर प्रत्यक्ष होता है वैसे ही काव्य आदि द्वारा ज्ञात दुष्यन्त में रहने वाली शकुन्तला रति सामाजिक मानस-पटलपर अनिर्वचनीय पैदा होकर प्रत्यक्ष होती है। यहाँ मैंने सरलता लाने के लिए जानबूझकर उपाधियों का ही उल्लेख किया है। वास्तविक अद्वैत-दर्शन की प्रक्रिया में उपधेय चैतन्य में अनिर्वचनीय उत्पाद होता है। प्रत्यक्ष में विषय सन्निधान आवश्यक मानकर अनिर्वचनीय उत्पाद माना गया है। यहाँ की भी सरला टीका या हिन्दी अनुवाद विषय-परिज्ञान नहीं रखते।

(८) यह मत रसगङ्गाधर में 'परे तु' करके वर्णित है। व्यञ्जनावृत्ति और अनिर्वचनीय ख्याति को न मानकर भी व्यवस्थाका दावा करता है, मैं दुष्यन्त शकुन्तला- विषयक रति वाला हूँ ऐसा सामाजिकों को अनुभव होता है वही रस और रसास्वाद भी है। इस अनुभव दशा में शकुन्तला रतिरस बनती है। इस मत में रस का आस्वाद यह व्यवहार लाक्षणिक है। इनका कहना है कि दूसरे आचार्य भी काव्यार्थ भावना के प्रभाव से स्वप्न तथा चित्र-अश्व के समान विभाव अथवा शकुन्तला आदि को रति का अनिर्वचनीय उत्पाद एवं नायक-नायिका का साधारणीकरण स्वीकार करते हैं, उस काव्यार्थ-भावना का सामर्थ्य कोई तौला नहीं है कि उससे इतना ही काम लिया जा सकता है अधिक नहीं होगा। किन्तु उसी काव्यार्थ भावना से

अतीत और दूरस्थ वस्तुओं का अभाव रहने पर भी वस्तु का प्रत्यक्ष हो जायेगा। वह प्रत्यक्ष मानस होगा। न्याय प्रक्रिया का आश्रयण करने पर ज्ञानलक्षणा सन्निकर्षकी अपेक्षा होगी। उसके लिए ज्ञान काव्य शब्द से माना जा सकता है। मूल ग्रन्थों में शकुन्तला-विषयक रति की प्रतीति को आनुमानिकी कहा गया है। पूर्वोक्त पञ्चम मत में न्याय-प्रक्रिया का ग्रहण है किन्तु यह शकुन्तला-विषयक रतिवाला दुष्यन्त है ऐसा नटका चाक्षुष प्रत्यक्ष है। प्रस्तुत मत में शकुन्तलाविषयक रतिवाला दुष्यन्त हूँ ऐसा सामाजिकों के आत्मा का प्रत्यक्ष है। आत्मा का मानस प्रत्यक्ष होता है। विषय का विद्यमान न होना अलौकिक प्रत्यक्ष का बाधक नहीं होता ऐसा कहा गया है। पञ्चम मत में अलौकिक सन्निकर्ष का मूल में उल्लेख है, यहाँ नहीं है किन्तु न्याय प्रक्रिया का अनुसरण करने पर वैसा ही मानना पड़ेगा। जिसमें मन का आत्मा के साथ लौकिक और अन्यों के साथ ज्ञान लक्षणा अलौकिक सन्निकर्ष होगा। और भी दर्शन प्रक्रिया का सम्बन्ध सम्भव है उसको छोड़ देता हूँ।

(९) रामानुज दर्शन में भ्रम ज्ञान नहीं माना जाता। शुक्ति में भी कुछ रजत के अवयव विशेष रहते हैं, इसीलिये उनकी चमक में कुछ सादृश्य है और शुक्ति में यह रजत है ऐसा ज्ञान हो जाता है। वह सर्वदा नहीं होता किन्तु जब दोषवश शुक्तित्व का ज्ञान नहीं होता तभी रजत ज्ञान होता है। वैसा ही काव्यार्थ भावना दोष नाटक स्थल में भी है। उससे नट-नटी में दुष्यन्त-शकुन्तला से भेद करने वाले धर्म तिरोहित हो जाते हैं। अतएव नायिका-नायक का भेद नटी-नट में नहीं मालूम पड़ता। नायक नायिका के अभिनय से अभेद बुद्धि हो जाती हैं जिससे नट में यह दुष्यन्त शकुन्तला विषयक रतिवाला हैं ऐसा सामाजिकों को प्रत्यक्ष होता है, वही रसास्वाद है। और बातें भट्ट लोल्लट की प्रक्रिया के सदृश हैं।

(१०) यहाँ भ्रमज्ञान नहीं मानने वाले भट्ट प्रभाकर की प्रक्रिया का उपयोग करना है। उनका अनुभव है कि दोष कार्य को रोकते हैं, उसे होने नहीं देते। ऐसा नहीं हो सकता कि उनसे नया विलक्षण कार्य हो। शुक्ति रजत भ्रमस्थल में लोभ-चमकाहट आदि दोषवश शुक्ति, रजत और उनके ज्ञानों में भेद का ज्ञान नहीं हो पाता रजत-ग्रहण में रजतार्थी की प्रवृत्ति पृथक दो ज्ञानों से होती है। वैसे ही नाटक-स्थल में

दुष्यन्त शकुन्तला रति आदि का परोक्ष ज्ञान शब्द से है। नट-नटी और उनके अभिनय का प्रत्यक्ष ज्ञान हैं। काव्यार्थ भावना, अभिनय-दर्शन में तन्मयता और रसिकता आदि दोषों से नायक-नायिका और उनकी चेष्टाओं से नट-नटी और अभिनय में भेदज्ञान नहीं हो पाता, उनके परोक्ष-अपरोक्ष ज्ञानों में भी भेदज्ञान नहीं होता, उन पृथक् दो ज्ञानों से ही दुष्यन्त-शकुन्तला रति और चेष्टाओं के प्रत्यक्ष दर्शन के समान सामाजिकों को आनन्द का अनुभव होता है। उस आनन्द-अनुभव के समय रति आदि स्थायिभाव रस होते हैं। वह अनुभव रसास्वाद है।

(११) सभी वस्तु वासनामय हैं या बुद्धिरूप हैं जिसको बौद्धपदार्थ कहते हैं। सीप चाँदी के भ्रमस्थल में बौद्ध चाँदी का ही बाहर प्रत्यक्ष होता है। दूरस्थ चाँदी का प्रत्यक्ष नहीं होता जिसके लिए ज्ञानलक्षणा सन्निकर्ष मानना पड़े। जहाँ बाहर वस्तु सम्मुख नहीं है और प्रत्यक्ष होता हो वहाँ बुद्धिगत वस्तु का ही बाहर प्रत्यक्ष हो जाता है। यद्यपि यह आत्मख्याति नाम से बौद्धों की प्रक्रिया प्रसिद्ध हैं तो भी वैयाकरण सिद्धान्त लघुमञ्जूषा में अनिर्वचनीय उत्पाद के खण्डन के समय असत् का भी ज्ञान होता है ऐसा लिखा है। उसे वैयाकरण मत भी कह सकते हैं, दूसरा व्याकरण मत पीछे लिखा जायेगा। अभिनय व्यापार से तथा काव्य परिशीलन से दुष्यन्त-शकुन्तला-रति-चेष्टा आदि बुद्धि में स्थान पा जाते हैं। नट के अभिनय के समय बाहर अविद्यमान भी वे सब सामाजिकों को प्रत्यक्ष होते हैं। यह दुष्यन्त शकुन्तला-विषयक रति वाला हैं ऐसा सामाजिकों का प्रत्यक्ष रसास्वाद हैं प्रत्यक्ष होती हुई शकुन्तला रति रस हैं।

(१२) दूसरा वैयाकरण मत यह है। काव्य में आये हुए अथवा अभिनेता नट से प्रयुक्त दुष्यन्त, शकुन्तला, रमणी, राजा, गौर, दया, धीर, वीर आदि शब्दों का विशेष अर्थ में शक्तिज्ञान सम्भव नहीं है। विशेष अतीत और अप्रत्यक्ष है वे मालूम नहीं, उनमें शक्तिग्रह कैसे हो सकेगा ? अनुमान शब्द आदि प्रमाण सामान्य के उपस्थापक होते हैं विशेष के नहीं। कहीं-कहीं शाब्दिक प्रतीतियों में जो भेद मालूम होता है वह जातिगुण विशेषणों के भेद के कारण नहीं है। किन्तु शब्द को उपाधि या प्रवृत्ति-निमित्त बनाकर शक्तिग्रह हुआ है। दुष्यन्त पद का दुष्यन्त पदवान्,

शकुन्तला पद का शकुन्तलापदवान् अर्थ है। इसीलिए प्रतीतियों में भेद होता है। वास्तविक शकुन्तला-दुष्यन्त के गुण-कर्म तो अतीत और अज्ञान हैं; उनसे शाब्दिक प्रतीति में फरक कैसे हो सकता है। इन शब्दों से उन-उन शब्दों को विशेषण करके ही बोध होना है। दुष्यन्त-रमणी रूप से या कण्वकन्या रूप से ज्ञात शकुन्तला में धर्म-शास्त्र से बोधित 'यह अगम्य है' ऐसी बुद्धि हो सकती है और यह शकुन्तला सामाजिकों का विभाव नहीं बन सकती। जो शकुन्तला शब्द वाली शकुन्तला है उसमें शास्त्र अगम्य बुद्धि बना नहीं सकता, वह शकुन्तला विभाव बन सकती है; उसके रति का आस्वाद सामाजिक कर सकते हैं। भावना की विशेषता से सामाजिकों को अपने में दुष्यन्त पदवान् नायक भाव का भी परिज्ञान हो जाता है। उससे शकुन्तला रति का विषय मैं हूँ ऐसा सामाजिकों का मानस प्रत्यक्ष हो जाता है। वही रसास्वाद है। मानस प्रत्यक्ष दशा में शकुन्तला रति रस है। शब्द विशेषण वाला बोध आलङ्कारिकों को भी सम्मत है। रसगङ्गाधर के करणमाला प्रकरण में दूसरे प्रयोजन को लेकर वर्णन किया गया है। शब्द से होने वाला बोध भी किसी विषय को लेकर प्रत्यक्ष हो जाता है। यह आलङ्कारिक मान्य है। यह रस प्रकरण रसगङ्गाधर में **तत्वं वाक्यज बुद्धिवत्** इस शब्द से सूचित किया गया है। पहले का व्याकरण मत असत् का मान मानकर है। यह सभी ज्ञानों में शब्द विशेषण का भान मानकर है। इसका अन्त में भी स्वतन्त्र वर्णन किया जायेगा।

पण्डितराज जगन्नाथ ने अपनी विश्लेषण वाली बुद्धि से केवल अभिनव-गुप्त के मत को तीन प्रकार से विशद किया, और दो मतों का स्वयं उद्भावन किया। उससे समुत्साहित होकर मैंने भी चार प्रक्रियाओं का वर्णन किया। उसके बाद एक और प्रक्रिया दीख रहा हूँ जिसकी थोड़ी सामग्री अभी मिल पायी है। अत्यन्त दृढ़ नहीं है। आगे जैसी सामग्री मिलेगी वैसा होगा इस दृष्टि से प्रस्तुत कर रहा हूँ।

(१३) स्वयं महेश्वर रूप जीव अविद्या के कारण अल्पज्ञान, परतन्त्रता, लघुता आदि धर्मों से आक्रान्त होकर संसारी बना हुआ किसी समय विद्या का उदय होने पर सर्वज्ञान, स्वतन्त्रता, विभुत्व आदि महेश्वर के गुणों का अपने में विमर्श करता है, मैं वही महेश्वर हूँ ऐसी प्रत्यभिज्ञा करता है, वैसे ही सामाजिक सहृदय काव्यार्थ भावना से अपने में दुष्यन्त आदि नायक गुणों का विमर्श करते हैं,

वह शकुन्तला-रति वाला दुष्यन्त मैं हूँ ऐसी प्रत्यभिज्ञा करते हैं। ऐसा विमर्श ही रस और रसास्वाद है, विमर्श विषय रति-स्थायिभाव है। आत्मानन्द के विमर्श से आनन्द है और जो-जो कठिनाइयाँ हों उनका निवारण काव्यार्थ-भावना की महिमा से किया जायेगा।

इसमें कौन प्रक्रिया अच्छी है ?

यह विषय साधारण लोकप्रसिद्ध नहीं है, कल्पनाकुशल कवि पण्डितों की कल्पनाओं की दौड़ान से भरा है। मोक्ष-प्राप्ति के लिए जैसा दार्शनिक कल्पना सोपान बनी है वैसे ही रसास्वाद के लिए कल्पना सोपान सुसज्जित है। उसमें कौन श्रेणी ठीक है यह वास्तविक नहीं कहा जा सकता। सभी आचार्य अपनी प्रक्रिया में प्रतिष्ठित हैं।

कुछ आलोचकों का लेख है कि प्रथम चार प्रक्रियाएं ठीक हैं क्योंकि उसमें सामाजिक रति का आस्वाद है। इससे सहृदय को ही रसास्वाद होता है यह सिद्धान्त समन्वित होता है। रस-आस्वाद का कारण वासनावाला ही सहृदय होता है। अनुकार्य दुष्यन्त आदि के रति का आस्वाद कराने वाली जो पाँचवें से लेकर आगे की प्रक्रिया है उसमें सामाजिक सहृदयता का उपयोग नहीं। इसलिए जरन्मीमांसकों को भी रसास्वाद का प्रसङ्ग आजायेगा, जिससे सिद्धान्त का व्याकोप होगा। लेकिन ऐसी आलोचना मुझे पसन्द नहीं। आगे की भी सभी प्रक्रियाओं की काव्यार्थ-भावनाभित्ति बनायी गयी है। काव्यार्थ-भावना का प्रकर्ष तन्मयता होगी, तन्मयता सहृदयता-रसिकता के बिना हो नहीं सकती, इसलिए निर्वासन व्यक्ति में रस के आस्वाद का प्रसङ्ग नहीं है।

इसी प्रकार प्रत्यक्षज्ञान ही आह्लाद का जनक है परोक्ष ज्ञान नहीं। जिसके मत में अनुमिति रूप परोक्ष ज्ञान रसास्वाद है ऐसा श्री शङ्कुक का मत अच्छा नहीं; यह आलोचना भी मुझे पसन्द नहीं। श्री शङ्कुक के मत में विषय सौन्दर्यवश आनन्द है, वस्तु ज्ञान की परोक्षता या अपरोक्षता से कुछ फरक नहीं पड़ता। अनुमिति भी अपने अंश में परोक्ष नहीं प्रत्यक्ष है, विषय अंश में ही परोक्ष है। सुन्दर वस्तु का परोक्ष अनुभव भी आनन्द का हेतु है, असुन्दर का प्रत्यक्ष ज्ञान भी सुखद न होकर दुःखद

बनता है। अपेक्षित पुत्र आदि की समुन्नति के प्रत्यक्ष ज्ञान को तरह कुण्डली के अनुकूल ग्रहों के अनुसार परोक्ष ज्ञान भी सुखकारी होता है। क्या कागजातों के परिशीलन से कोषसमृद्धि का परोक्ष ज्ञान राजा के आनन्द के लिए नहीं होता। पुत्रादि की अवनति की अनुमिति की तरह प्रत्यक्ष भी क्लेशकारक ही होता है। वस्तु सौन्दर्य के कारण आनन्द है ऐसा श्री शङ्कुक का कथन ठीक है। यदि कहीं सुन्दर वस्तु की अनुमिति आह्लादजनक नहीं मालूम पड़ती हो तो वहाँ अनुमिति में अप्रामाण्य ग्रहका प्रभाव समझना चाहिए। इसी रस-प्रकरण में पण्डितराज का **विभावादिषु य एव चमत्कारी स एव रसः**, विभाव, अनुभाव तथा सञ्चारिभावों में जो चमत्कारी है वही रस है, वचन है, इससे मालूम होता है कि रस बनने वाली वस्तु स्वभाव से सुन्दर और आह्लादक होती है ऐसा आलङ्कारिकों का सिद्धान्त है। विषय सौन्दर्य के अधीन आनन्द है, इसका उच्च स्थान है।

यद्यपि अस्ति भाति प्रियं रूपं नाम चेत्यंश पञ्चकम् ।
आद्यं त्रयं ब्रह्मरूप जगद्रूपं ततोद्वयम् ।।

सत्, चिद्, आनन्द, रूप और नाम ये पाँच अंश हैं। इसमें तीन अंश ब्रह्म के हैं। उसके बाद के दो अंश जगत् के हैं। कहीं-कहीं माया के हैं ऐसा भी है। इस वेदान्त-सिद्धान्त के अनुसार सभी वस्तु ब्रह्म में अध्यस्त हैं, ब्रह्म ही एक आनन्द है, विषयों में ब्रह्मरूप आनन्द की ही अभिव्यक्ति होती है। आत्मानन्द सम्पर्करूप रसास्वाद मानना ठीक है, आत्मानन्द ही सामाजिकों को आह्लादित कर सकेगा, ऐसा किसी आलोचक का वर्णन है। तो भी विवेचन करने पर विषय-सौन्दर्यवश आनन्द ही ठीक बैठता है। इस वेदान्त-सिद्धान्त को ही देखो। ब्रह्म में अध्यस्त होने से आनन्द की अभिव्यक्तिवश वस्तु प्रिय हो तो सभी वस्तु का ब्रह्म में अध्यास है तब सभी प्रिय होना चाहिए, कुछ भी अप्रिय नहीं। ऐसा नहीं होता, किन्तु वस्तुओं का स्वभाव है कि किसी में आनन्द की अभिव्यक्ति होती है उससे वह वस्तु प्रिय होती ही है। जिसमें आनन्द की अभिव्यक्ति नहीं होती वह अप्रिय रहती है। दुःख का स्वभाव है कि उस में आनन्द की अभिव्यक्ति नहीं होती उससे वह सर्वदा अप्रिय ही रहता है। आनन्द की अभिव्यक्ति या आनन्द का अध्यास सुन्दर वस्तु में ही होता है, रति

आदि स्थायिभाव स्वभाव से ही सुन्दर हैं यही आनन्द के अनुभव का कारण है। सांख्य में सत्व परिणामसुख वस्तुसौन्दर्य से ही है। सत् से सुन्दर वस्तु बनती है।

पहले के तीनों मतों में स्थायिभाव का साक्षात्कार होता है अतः आत्मानन्द का उदय होता है। ऐसा हो तो घटादि वस्तुओं के साक्षात्कार में भी आत्मानन्द प्रकट होना चाहिए। ऐसा होने पर आत्मानन्द का अनुभव साधारण बन गया, काव्य अथवा काव्यार्थभावना का कुछ उपयोग नहीं हुआ, यदि कहा जाय कि घट आदि के साक्षात्कार के समय विषय प्रकाश के लिए चिदंश ही का प्राकट्य होता है आनन्द अंश का नहीं, काव्यस्थल में तो आनन्द की भी अभिव्यक्ति होती है तो प्रश्न होगा कि यह भेद क्यों होता है? काव्य अथवा काव्यार्थभावना से होता है ऐसा कहें तो पूछा जायेगा कि काव्य या काव्यार्थभावना क्या करती है? कहना होगा कि काव्य नूतन, अलौकिक शब्द अर्थ को उपस्थित करता है, काव्यार्थभावना उसके क्लेश, मोह के कारण अंशों को छाँटकर सुख–हेतु अंश को सामाजिकों के हृदय में उतारती है। इसीलिए निबन्ध-ग्रन्थों में लिखा है कि रज-तम का अभिनव और सत्त्वगुण का उद्रेक होता है। इसी कारण काव्यसमर्पित, सहृदयों की भावना से सुसंस्कृत शोक और जुगुप्सा आह्लाद ही करते हैं क्लेश नहीं देते। अतः काव्य और काव्यार्थ-भावना का विलक्षण वस्तु के समर्पण में उपयोग है, वही विलक्षण वस्तु सुन्दर है, उसी का अनुभव या आस्वाद आह्लाद का कारण है। वस्तु-सौन्दर्य से आनन्द है यह सिद्ध होता है।

पूर्ववर्णित नव्य मत में भी वस्तुसौन्दर्य से ही आनन्द होता है ऐसा गूढ़ अभिप्राय भीतर छिपा है। स्थायिभाव के प्रत्यक्ष में आनन्द का उदय है ऐसा उसमें कहा गया है। उसका खण्डन पहले हो चुका है, यदि साक्षात्कार से आनन्द हो तो भट्टलोल्लट की तरह दुष्यन्त आदि में रहने वाली रति का सामाजिकों द्वारा प्रत्यक्ष से ही नव्य लोग क्यों नहीं सन्तुष्ट होते? अनिर्वचनीय विलक्षण रति के उत्पाद में क्यों प्रयास करते हैं? ऐसा प्रश्न होगा। अनिर्वचनीय का साक्षात्कार आनन्द-कारण है व्यावहारिक का नहीं यह भी नियत नहीं। अपनी ही चाँदी में सीप का भ्रम हो जाने पर कैसा क्लेश होता है—सोच सकते हैं। भ्रमस्थल में अनिर्वचनीय का भान

होता है। व्यावहारिक सुन्दर वस्तु से आनन्द होता है ऐसा सर्वजन प्रसिद्ध है। यही अभिप्राय हो सकता है कि लौकिक सामग्री से सम्पन्न दुष्यन्त आदि में रहने वाली लौकिक रति क्लेश-मोह के कारण अंशों से भी समन्वित होने से सभी सामाजिकों को आह्लादित नहीं कर सकती, किन्तु सुखमात्र अंशवाली नूतन पैदा होने वाली रति ही सबको आनन्दित कर सकती है। अन्य अनिर्वचनीय की अपेक्षा इसमें विशेष सौन्दर्य काव्यार्थ-भावना से जन्म पाने की वजह से है। यद्यपि वेदान्त-प्रक्रिया में प्रत्यक्ष के लिए विषय पास में होने की अपेक्षा से अनिर्वचनीय का जन्म अपनाया गया है, किन्तु यहाँ मूल में वह नहीं लिखा है। अतः सौन्दर्य के लिए वर्णन हो सकता है।

भट्टनायक के मत में भी वस्तु सौन्दर्य के बिना आनन्द हेतु दूसरा नहीं सिद्ध हो पाता। सांख्य प्रक्रिया के अनुसार सुख-दुःखाकार रूप से परिणत बुद्धि का पुष्कर पलाशवत्, निर्लेप, असङ्ग पुरुष के साथ ऐक्याध्यास रूप भोग दुःखभोग का साधारण है उससे काव्यस्थल का भेद नहीं हो सकता। रज और तमका अभिभव होकर, सत्त्व का उद्रेक होकर, सत्त्व गुण का परिणाम सुख और सुखों की तरह साधारण लौकिक ही है, उससे कोई भी विशेषता नहीं आती, किन्तु काव्य से समर्पित सुन्दर वस्तु का स्वभाव है कि रज-तम का अभिभव सत्त्वगुण को और तरल कर देता है। इसी प्रकार एकदेशी 'परे तु' मत में दुष्यन्त आदि में रहने वाली रति आदि का मानस-प्रत्यक्ष आनन्द का कारण बताया गया है, वह भी विषय-सौन्दर्य से ही आनन्द होता है, इसी में समन्वित हो जाता है। श्री शङ्कुक के प्रतिपक्षी भट्ट लोल्लट के मत में आनन्द का कारण नहीं बताया गया है, उसमें भी श्री शङ्कुक की तरह वस्तु-सौन्दर्य के अधीन आनन्द है यही मान्यता ठीक है।

आनन्द का स्वरूप

वेदान्तियों का साधारण रूप से दो प्रकार का आनन्द कहा जा सकता है। पहला आत्मारूप परम आनन्द जो अलौकिक है। दूसरा चित्त की वृत्ति अथवा धर्म जिसको सुख कहते हैं।

इस पर ऐसा कह सकते हैं—अनेक प्रकार का सुख मानने में गौरव है। विषय-प्रकाश के लिए चिदंश में सभी का अध्यास अवश्य है ही। आनन्द अंश में

भी अध्यास मान लिया जाय तो आनन्द अंश की अभिव्यक्ति से सभी में प्रियता आ जायेगी। एक ही आत्मानन्द से सभी जगह प्रीति की सिद्धि हो जायेगी, अनेक सुख का स्वीकार व्यर्थ है। यदि कहें कि घट आदि के प्रत्यक्ष होने पर सभी जगह प्रीति नहीं हो पाती तो इस पर भी कहा जायगा कि आनन्द की अभिव्यक्ति का कारण दूसरा भी है। नैयायिकों की तरह यह मेरे लायक है, मुझे हो; ऐसी वासना या वृत्ति जहाँ होती है वहाँ प्रीति होती है और जहाँ यह मेरे लायक नहीं है, मुझे न हो, ऐसी वासना या वृत्ति होती है वहाँ द्वेष पैदा होता है अथवा दुःख होता है; प्रीति नहीं प्रकट होती।

इस पर भी कहा जाता है कि आनन्द को एक रहने पर भी उसका अभिव्यञ्जक अनेक मानने में गौरव है। घट आदि साधारण स्थल पर भी जिस आनन्द की अभिव्यक्ति होगी वह लौकिक ही होगा। अथवा यह विचार यहाँ आवश्यक नहीं, प्रसिद्ध, द्विविध सुख को मानकर व्यवस्था करनी है। पहले के तीन और नव्यमत में आत्मस्वरूप सुख का वर्णन है। वह भी रसस्थल में अन्य लौकिक सुख की अपेक्षा उत्तम होता हुआ भी लौकिक ही है। अतएव रसगङ्गाधर में 'सविधवर्ति' शब्द से ब्रह्मानन्द के सदृश बताया गया है। तथा 'विषय सम्वलित' शब्द से ब्रह्मानन्द से भिन्न कहा गया है।

सांख्यमत में बुद्धिसत्त्व का सुखाकार परिणाम भी लौकिक सुख ही है। दूसरे सुख भी वैसे ही हैं। वह चतुर्थ भट्टनायक मत में स्वीकृत है। सभी दर्शनों में कुछ कुछ आत्म स्वरूप में भेद होने पर भी सभी की आत्मानन्द और अनुकूल आत्मीय वस्तु में प्रियत्व को अभिव्यक्ति होती है ऐसा मैं सोचता हूँ, संस्कृत-हिन्दी पत्रिकाओं में प्रकाशित भी किया है। वेदान्त की तरह सांख्य-प्रत्यक्ष-प्रक्रिया में भी चैतन्य का सम्बन्ध है। अतः आत्मरूप आनन्द में वेदान्त-सांख्य प्रक्रिया का कुछ भेद नहीं है।

न्याय-मत में अनुकूल वेदना से पैदा हुआ आत्मा का विशेष गुण सुख लौकिक ही है। यह पञ्चम-षष्ठ-अष्टम मत में स्वीकृत है ऐसा उनकी प्रक्रिया के वर्णन से मालूम पड़ता है। इस प्रकार पहले के तीन मतो में अलौकिक और पाँच मतों में लौकिक आनन्द का परिग्रह हुआ। कहीं-कहीं इनमें अलौकिक शब्द का व्यवहार

वास्तविक नहीं किन्तु गौण है। काव्यार्थ-भावना में विलक्षणता के कारण वैसा व्यवहार हो जाता है। अलौकिक आनन्द अप्रसिद्ध है तथा उसका समन्वय भी नहीं होता।

वास्तव में पहले के तीनों मत में भी चित्तवृत्ति विशेष रूप लौकिक सुख का अनुभव मानना ही अच्छा है। मनः समाधि के विना आत्मानन्द-अनुभव में अधिकार नहीं है। शास्त्र और युक्ति का विरोध है। सहृदयों का हृदय रसास्वाद, आनन्द का अनुभव, इनकी विलक्षण सामग्री से उत्पाद, अन्य लौकिक सुखों से विलक्षणता और उत्तमता में साक्षी भले बने किन्तु सर्वथा परिचय के विना आनन्द की अलौकिकता में कैसे साक्षी हो सकता है? पण्डितराज ने तो अभिनवगुप्त पादाचार्य का काव्य नाटकों में आत्मानन्द के अनुभव में अभिनिवेश देखकर श्रुति को भी उद्धृत कर दिया। किन्तु अनेक निवन्धकारों ने काव्यरस को, 'रस्यमानता' सार वताया है, रस्यमानता आस्वाद्यमानता या आस्वाद है। वह आस्वाद विजली की चमक की माफिक चञ्चल, अस्थिर है। श्रुतिओं से वर्णित आत्मरूप रस अनुभव है, अनुभाव्य या अनुभव का विषय नहीं, वह स्थिर कूटस्थ है। आनन्द रूप रस को पाकर स्वयम् आनन्द ही रहता है। आनन्द आकार वाली लौकिक वृत्ति से जीव आनन्दी होता है। लौकिक रसिकों को लौकिक ही आनन्द होता है, ऐसी सूचना श्रुति आनन्दी-पद से देती हैं। बस इतना दिग्दर्शन के लिए पर्याप्त है।

ध्यान देने योग्य कुछ

अभी तक वतायी गयी सभी रसआस्वाद की प्रक्रियाएं समान रूप से आनन्द-अनुभव को धारण करती हैं, तथा भ्रमज्ञान के सहारे खड़ी है। किसी के कारण ज्ञानों में दूसरों के फलीभूत ज्ञान अथवा रस-आस्वाद में ही भ्रमत्व है। सहृदयता की सहायता से विकसित काव्य-अर्थ की भावना सभी में समान रूप से भ्रम की जननी बनी है। पहले के अभ्यस्त को भुला देती है और कुछ नया दिखा देती है। प्रथम आये हुए चार मतों में कारणज्ञान भ्रम हुआ है। क्योंकि ये आचार्य सामाजिकों को अपने-अपने रतियों के आस्वाद से रस-आस्वाद कराते हैं। सामाजिकों की रति आलम्वन अपनी-अपनी नायिकाएं हैं, काव्य-समर्पित शकुन्तला नहीं। एक

साधारणीकरण व्यापार जो भावनाविशेष ही है; उससे सामाजिक रति को साधारण कर देते हैं जिससे उन रतियों का आलम्बन साधारण नायिका बन सके। शकुन्तला को भी साधारण करते हैं जिससे कण्व-कन्या तथा दुष्यन्त-रमणी-भाव विलीन हो जाता है, और साधारण नायिका-रूप से शकुन्तला सामाजिकों की रति का आलम्वन बन जाती हैं। जिसकी रति अपने में है और जिसमें 'यह मेरी अगम्य है' ऐसी बुद्धि नहीं हो पाती, वही नायिका अपनी रति का आलम्बन बनती है। जिसका अभिगमन शास्त्र तथा शिष्ट आचार से निन्दित है वही अगम्य कही जाती है। साधारणीकरण व्यापार से यह अगम्य बुद्धि हटा दी जाती है जिससे काव्य-समर्पित शकुन्तला सामाजिकों की रति का आलम्बन बन जाती है, जिससे सामाजिक शकुन्तला रति का आस्वाद करते हैं। वास्तविक अपनी नायिका रति का आलम्बन शकुन्तला होना भ्रमज्ञान की क्रीडा है, भूल-भुलैया का खेल है। कारण ज्ञान में इस प्रकार भ्रम का स्थान समझना चाहिए। जिनके मत में दुष्यन्त में रही शकुन्तला रति का अनुभव सामाजिकों को होता है, उसके मत में फलीभूत ज्ञानरस-आस्वाद ही भ्रम है। क्योंकि अविद्यमान रति का अनुभव है। इसी प्रकार नट को दुष्यन्त समझना सामाजिकों में अपने को दुष्यन्त समझना भ्रमज्ञान आते हैं।

जैसे सीप में चाँदी भ्रम की जगह सीप के विशेष अंश का ज्ञान नहीं रहता सामान्य रूप से ज्ञान रहता है। वैसे ही साधारणीकरण व्यापार के द्वारा अपनी नायिका से शकुन्तला में जो विशेष है वह दुष्यन्त रमणीत्व; शकुन्तलात्व, अतीत होना, कण्व की पुत्री होना आदि सभी छिप जाते हैं और सामान्य नायिका रूप से शकुन्तला का परिज्ञान होता है।

(१) 'वैयाकरण-सिद्धान्त-लघु-मञ्जूषा' में शाब्दिक मत के अनुसार एक सत्-ख्याति का वर्णन मिलता है जो कहीं किसी समय सत् या विद्यमान है, उसका दूसरी जगह या दूसरे समय भी सन्निकर्ष के बिना ज्ञात होना सत्-ख्याति कहा जाता है।

भ्रमस्थल में 'ख्याति' नाम से दार्शनिकों की ज्ञान प्रक्रिया प्रसिद्ध है। काव्य समर्पित शकुन्तला आदि नायिकाओं में सामाजिकों का जो अपने विभावपन का परिज्ञान होता है उसी को लेकर कुछ ख्याति-प्रक्रियाओं का समन्वय किया जाता है।

वहाँ न रहते हुए का भान होता है, इसलिए इसको कोई असत्-ख्याति भी कह सकता है। यह स्पष्ट रूप से यहाँ गृहीत नहीं मालूम पड़ती, किन्तु रसगङ्गाधर में 'परे तु' मत के प्रसङ्ग में सभी सामग्री बतायी गयी है और सन्निकर्ष नहीं बताया गया है, इससे ग्रन्थकार का अभिप्रेत समझा जाता है। दूसरे प्रकार से भी उसका व्याख्यान पहले दर्शाया गया है। सामाजिकों का विभावत्व अपनी-अपनी नायिका में विद्यमान है, इसलिए वह सत् है। उसका शकुन्तला में ज्ञान सत्-ख्याति हुआ। शकुन्तला में सामाजिक-विभावत्व नहीं है, इसलिए असत् है। उसका शकुन्तला में ज्ञान असत्ख्याति भी कहा जा सकता है।

(२) विज्ञानवादी योगाचार द्वारा वर्णित आत्मख्याति दूसरी ख्याति है। आत्मा बुद्धि है, बुद्धि या वासना में रहने वाली वस्तुओं का बाहर में ज्ञान आत्म-ख्याति है। आन्तरिक वस्तु का बाह्यरूप से ज्ञान होता है, इसलिए इसको कोई अन्यथाख्याति भी कह देते हैं। अपनी बुद्धि में वासनारूप से रहने वाले अपने विभावत्व का काव्य-समर्पित शकुन्तला में ज्ञान आत्मख्याति हुआ। यह 'परे तु' मत में गृहीत कहा जा सकता है। वैयाकरण-सिद्धान्त में भी बौद्ध वस्तु मानी जाती है, इसलिए इसको व्याकरण-मत भी कह सकते हैं।

(३) नैयायिकों की अन्यथा-ख्याति है। अन्यथा = दूसरे रूप से ख्याति = ज्ञान ही अन्यथा ख्याति है। जैसे सीप चान्दी के रूप से मालूम होती है। इसमें ज्ञान-लक्षणा सन्निकर्ष का उपयोग होता है। शकुन्तला सामाजिक रति का आलम्बन नहीं है, और उसको आलम्बन मानकर रति का अनुभव करना अन्यथाख्याति हुआ। यह भट्टलोल्लट के मत में गृहीत है।

(४) सदसत्-ख्याति सांख्य की कही जाती है। जो कहीं किसी समय विद्यमान हो, उसको सत् कहा जाता है। उसी का दूसरी जगह या समय में सम्बन्ध असत् कहा जाता है, जैसे : सीप में चान्दी का ज्ञान। सत् दूसरी जगह रहने वाली चान्दी है, सीप की जगह चान्दी का सम्बन्ध न रहने से सम्बन्ध असत् है, दोनों का सीप की जगह ज्ञान होता है, इसलिए सद-सत्ख्याति है। अपनी नायिका में रहने वाले सामाजिक विभावत्व का शकुन्तला में ज्ञान होता है।

(५) वेदान्तियों की अनिर्वचनीय ख्याति है। प्रत्यक्ष में विषय रहना आवश्यक माना जाता है। सीप में चान्दी का प्रत्यक्ष भ्रम है। वहाँ चान्दी नहीं है, किन्तु भ्रमदशा में एक चान्दी वहाँ पैदा होकर प्रत्यक्ष होती है। वह चान्दी सत् नहीं, क्योंकि सीप का ज्ञान होने पर चान्दी का बाध हो जाता है। चान्दी शशशृङ्ग के समान असत् भी नहीं है, क्योंकि चान्दी का प्रत्यक्ष होता है, शशशृङ्ग का प्रत्यक्ष नहीं हो पाता। अतः सत्-असत् से विलक्षण अनिर्वचनीय चान्दी मानी जाती है। यहाँ सामाजिकों के मानस पटल पर अनिर्वचनीय शकुन्तला पैदा होती है, सामाजिक उसका मानस प्रत्यक्ष करते हैं। वह विभाव बनकर रसास्वाद का कारण बनती है। वह भावना के समय तक ही रहती है, भावना भङ्ग होने पर शकुन्तला भी नहीं रहती इसलिए सत् नहीं है। सामाजिक रति के उद्बोध का कारण बनती है, इसलिए शशशृङ्ग के समान असत् भी नहीं है। अतएव वह अनिर्वचनीय है।

(६) एक प्रभाकर मीमांसक हैं। वे भ्रमज्ञान नहीं मानते, व्यवहार को भ्रमरूप मान लेते हैं। उनका मत अख्याति है। इसका भावार्थ होता है भ्रमज्ञान न होना। सीप का प्रत्यक्ष और चान्दी का स्मरण दो ज्ञान यथार्थ ही होते हैं। 'यह चान्दी है' ऐसा तीसरा भ्रमज्ञान नहीं होता। इन दो ज्ञानों में तथा इसके विषयों में परस्पर भेद नहीं भासता, इसी कारण चाहने वाला उसको उठाने लगता है। प्रकृत में अपनी नायिका रूप विभाव का साधारण कान्ता रूप से स्मरण होता है। शकुन्तला का अभिनय प्रत्यक्ष है। भावना की प्रौढ़ि से अपने विभाव और शकुन्तला में भेद का भान नहीं हो पाता, इतने से ही सामाजिक-रति तरलित होकर अनुभूत होती है। इस प्रकार भ्रमज्ञान के बिना रसास्वाद का निर्वाह किया जाता है।

(७) प्रत्यभिज्ञा दर्शन की अपूर्ण ख्याति कहीं-कहीं उपलब्ध है। उसका पूर्ण उपपादन अभी नहीं मिला है। चान्दी में चान्दी का प्रत्यक्ष पूर्ण ज्ञान है, सीप में चान्दी के कुछ अवयव रहते हैं, इसलिए सीप में चान्दी की अपूर्ण ख्याति है। यद्यपि यह रामानुज-मत में मिलती है किन्तु रामानुज मत में इस ख्याति की चर्चा नहीं है। भावना की महिमा से शकुन्तला में अपने अपने विभाव का आभास हो जाने से सामाजिक रति का उद्बोध हो जाता है।

इस प्रकार शकुन्तला को सामाजिक विभाव बनाने के लिए ख्यातियों को दिखाया गया। फलीभूत रसास्वाद में भी इन ख्यातियों का समन्वय लेख बढ़ने तथा कोमल मति साहित्य प्रेमियों के लिए क्लेशकर होने से छोड़ दिया जाता है। मूल रसगङ्गाधर में दो ख्यातियों का स्पष्ट रूप से तथा औरों का कुछ सूचना रूप से वर्णन है, उनके अध्ययन से उसे कुछ आगे बढ़ाना आवश्यक था, अन्यथा ऋणी रहता। अतएव इसका यहाँ वर्णन किया गया।

शाब्दिक-मत से रसख्याति

वैयाकरण या शाब्दिक कहते हैं कि दार्शनिक शूरों के संग्राम की नीचे लिखी छह भूमिकाएं हो सकती हैं :

(१) नट-नटी के व्यापार रूप नाटक से दुष्यन्त-शकुन्तला और उनके व्यापारों का सामाजिकों को कैसे ज्ञान होता है ? यद्यपि सदृश वस्तुओं का दर्शन है, तो भी उतने से स्मरण नहीं हो सकता। बिना अनुभव का स्मरण सम्भव नहीं और अनुभव का कोई उपाय भी नहीं है।

(२) काव्य या नाटक से दुष्यन्त-नायिका रूप धर्म से शकुन्तला का और चक्रवर्ति राजारूप से दुष्यन्त का ज्ञान होता है। सामाजिकों को साधारण नायक नायिका रुप से उनका ज्ञान कैसे हो सकता है ?

(३) आस्वाद प्रत्यक्षज्ञान है, प्रत्यक्ष में बिषय इन्द्रिय-संयुक्त, वर्तमान होना आवश्यक है शकुन्तला, दुष्यन्त आदि विभाव तथा अनुभाव-सञ्चारिभाव अतीत एवं परोक्ष है। वे सामाजिकों को कैसे आस्वादित हो सकते हैं ?

(४) शकुन्तला की दुष्यन्त में रहने वाली रति का आस्वाद सामाजिकों द्वारा कैसे हो सकता है ? क्योंकि परोक्ष है।

(५) यदि सामाजिकों में वासना रूप से वर्तमान रति का ही आस्वाद अभिमत हो, तो उसका आलम्बन शकुन्तला कैसे बन सकती है ? शकुन्तला राज-रमणी है। शास्त्र द्वारा उसका शृङ्गार निषिद्ध है।

(६) दूसरी सामग्री से पैदा हुए शोक और जुगुप्साकी भावना क्लेश ही देती है, तो काव्यसमर्पित शोक और जुगुप्सा की भावना क्यों आनन्द बरसाती है ?

इन सन्देह-दोलाओं से प्रभावित विभिन्न दर्शनों की वासना से अनेक विचार वाले आलङ्कारिक जिन-जिन रसास्वाद की प्रक्रियाओं को दर्शाते हैं, उनसे सरल तथा उत्तम हमारी प्रक्रिया है, ऐसा शाब्दिक अभिमान करते हैं।

(१) प्रथम प्रश्न के विषय में आलङ्कारिक कहते हैं कि नट-नटी के अभिनयों द्वारा व्यञ्जना-व्यापार की सहायता से शकुन्तला, दुष्यन्त और उनके व्यापारों की अभिव्यक्ति होती है। शाब्दिकों का सिद्धान्त है कि सभी ज्ञानों में शब्द भासता है। नट आदि के व्यापारों को सामाजिक प्रत्यक्ष देखते हैं। वह प्रत्यक्ष शकुन्तला, दुष्यन्त आदि शब्दों को भी विषय करता है। उन शब्दों से विभाव आदि की प्रतीति हो जाती है। यद्यपि दूसरी जगह अर्थों में विशेषणीभूत शब्दों से शाब्दबोध की धारा हो जायगी, ऐसी आपत्ति देकर 'उच्चरित शब्द ही प्रतीति का जनक है, अनुच्चरित नहीं' इस रीति से उसका परिहार किया गया है, तथापि विभाव आदि की प्रतीति सिद्ध करने के लिए काव्यार्थभावना की महिमा से यहाँ अनुच्चरित शब्द से भी शाब्दबोध मान लिया जाता है।

(२) यद्यपि कुछ वैयाकरण व्यञ्जना मानते हैं, तो भी उसका विरोध नहीं मानना चाहिए, क्योंकि वह एकदेशी मत है। अथवा जो पदार्थ अभिधा-लक्षण से सर्वथा अस्पृश्य हैं, वे ही कुछ थोड़े व्यञ्जना के विषय हैं, बहुत नहीं। जैसे रस, भाव आदि सर्वथा वाच्यता को नहीं सहते। फिर व्यञ्जना के सभी विषय पदार्थ बुद्धि या वासना में रहने वाले हैं। उनका सहृदयता तथा भावना से मानस-प्रत्यक्ष होता है। जिसका प्रकार आगे बताया जायगा।

सभी ज्ञानों में शब्द का भान होने में प्रमाण

(१) स्वं रूपं शब्दस्याशब्द संज्ञा इस पाणिनीय सूत्र का महाभाष्य।

(२) न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमाद् ऋते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते॥

(वाक्यपदीय १. १२४)

संसार में ऐसा कोई भी ज्ञान नहीं है जो शब्द सम्बन्ध के बिना हो। सभी ज्ञान शब्द से जुटे हुए से मालूम पड़ते हैं।

(३) काणाद-सूत्रवृत्ति में दिङ्नागाचार्य ने सविकल्प का लक्षण किया है—'नाम और संसर्ग को विषय करने वाला ज्ञान।'

(४) बुद्धि में रहने वाले अर्थ और शब्द का विभाग नहीं हो सकता, इसलिए अभेद का अध्यास है। शब्द से अर्थ की वृत्ति होने पर शब्द उसमें अपने आकार का भी अर्पण करता है, यह युक्ति।

(५) शब्दस्य परिणामोऽयमित्याम्नायविदो विदुः।
छन्दोभ्य एवं प्रथममेतद् विश्वं व्यवर्तत॥
(वाक्यपदीय; १. ११२)

इस वाक्यपदीय से सूचित वेद-अंश।

(६) पस्पशाह्निक महाभाष्य। वहाँ 'गौ' इसमें शब्द क्या है? ऐसा प्रश्न करके द्रव्य, गुण, ऐसा संशय करके निराकरण किया गया है कि यह शब्द और अर्थ का विभाग न होने से है।

वृद्ध वैयाकरणों का यह सिद्धान्त आलङ्कारिकों द्वारा भी समादृत है। रस गङ्गाधर में कारण माला प्रकरण में इसका अच्छा उपपादन है। यद्यपि शाब्द ज्ञान में ही शब्द के भान का वर्णन है, तो भी उससे मान्यता में कमी नहीं कही जा सकती क्योंकि वहाँ उतने का ही उपयोग है।

द्वितीय प्रश्न के विषय में कोई कोई आलङ्कारिक सहृदयता से युक्त काव्यार्थ-भावना की विशेषता से शकुन्तला दुष्यन्त की साधारण नायक नायिका रूप से भावना बताते हैं। दूसरे उस भावना को 'साधारणीकरण व्यापार' भी नाम देते हैं। इसपर शाब्दिकों का नीचे लिखे प्रकार से चिन्तन है।

दुष्यन्त, शकुन्तला आदि शब्दों का आधुनिकों को प्रत्यक्ष से शक्ति ज्ञान नहीं है, क्योंकि उनके अर्थ प्रत्यक्ष नहीं हैं। जाति, व्यक्ति, गुण, धर्म आदि से युक्त विशेष वस्तु में शक्ति ज्ञान नहीं हो सकता, क्योंकि वे प्रत्यक्ष नहीं हैं। विशेष धर्मों का प्रत्यक्ष से ही भान होता है। अनुमान आदि परोक्ष प्रमाण विशेष धर्मों का ग्रहण नहीं कर पाते। उनसे साधारण में ही शक्तिज्ञान होता है। यहाँ शब्द से ही

शक्तिज्ञान होता है। जिस शब्द का शक्तिग्रह अर्थ में होता है, वह शब्द अर्थ में विशेषण हो जाता है। भाव यह हुआ कि शकुन्तला शब्द 'शकुन्तला' शब्द वाली नायिका का बोध कराता है, न कि 'दुष्यन्त रमणी' या 'कण्व-कन्या' का। अनुभव है कि शकुन्तला शब्दवाली शकुन्तला में शक्तिज्ञान होने पर 'प्रियंवदा सखी' या 'अनसूया-सखी' शब्द से शकुन्तला का बोध नहीं होता किन्तु प्रियंवदासखी शब्द वाली शकुन्तला में शक्तिज्ञान की आवश्यकता पड़ती है। शब्द से जो उपस्थित होता है, वह बाह्य-सदृश मालूम पड़ता है; क्योंकि शब्द और अर्थ का आध्यासिक तादात्म्य है। इसलिए काव्य शब्द से 'शकुन्तला' शब्द वाली शकुन्तला और 'दुष्यन्त' शब्द वाले दुष्यन्त नायक का बोध होता है। रस-आस्वादरूप जो सामाजिकों का मानस प्रत्यक्ष है, उसमें भी शकुन्तला शब्दवाली शकुन्तला और दुष्यन्त शब्द वाले दुष्यन्त का ज्ञान होता है। पुराण काव्यों से सुने गये गुण और समृद्धि आदि शब्द से युक्त ही बुद्धिस्थ या बौद्ध है। बाह्य दुष्यन्त रमणीत्वादि धर्मों वाले आकार से शकुन्तला शब्द वाली शकुन्तला का आकार भिन्न ही है। जैसे प्रयाग के एक विद्या और विद्वानों में श्रद्धालु पण्डित काशी निवासी किसी बड़े विद्वान् के सद्गुणों को सुनकर उनको दर्शनीय मानते थे। कदाचित् वे श्रद्धा पात्र काशी के विद्वान किसी प्रसङ्ग से उनके घर पहुँच गये और पूर्ण परिचय के पहले ही उनसे अपने श्रद्धा भाजन पण्डित का समाचार पूछने लगे। जब उन्होंने कहा 'कि मैं ही हूँ' तब प्रत्यक्ष से शक्तिज्ञान हुआ। पहले शब्द वाले में शक्तिज्ञान हुआ था। वह आकार बुद्धि में ही था। जब बाह्य आकार में शक्तिज्ञान हुआ तो श्याम, लम्बापन आदि विशेष बाह्यधर्मों में शक्तिग्रह सम्पन्न हुआ। भाव यह कि काव्य नाटक स्थल में शकुन्तला का कण्व कन्या, दुष्यन्तरमणी आदि विशेष रूप से शक्तिज्ञान या बोध नहीं होता, किन्तु शकुन्तला-शब्द विशेषण बनकर भान होता है। इसी प्रकार दुष्यन्त शब्द में भी समझना चाहिए। शब्द-विशेषण वाले आकार का मानस प्रत्यक्ष होता है 'कसं घातयति' इस प्रयोग के उपपादन के लिए प्रवृत्ति 'हेतुमति च' सूत्र का महाभाष्य इस प्रक्रिया को सूचित करता है उस अभिप्राय को नीचे लिखी हरिकारिका व्यक्त करती है :

शब्दोपहितरूपांश्च बुद्धेर्विषयतां गतान्।
प्रत्यक्षमिव कंसादीन् साधनत्वेन मन्यते॥

शब्द-उपाधि वाले, बुद्धि में विद्यमान कंस आदि अतीत पदार्थ प्रत्यक्ष सदृश मालूम पड़ते हैं तथा क्रिया के जनक, कारक माने जाते हैं।

(३) तृतीय प्रश्न के विषय में आलङ्कारिक लोगों ने सामाजिकों के मन में काव्यार्थ भावना से स्वप्न के घोड़े के समान शकुन्तला, दुष्यन्त आदि विभावों का अनिर्वचनीय-उत्पाद माना है ऐसा अभिनवगुप्तपादाचार्य के अनुयायियों के मतनिरूपण-प्रसङ्ग में रसगङ्गाधर का लेख है। इसपर शाब्दिकों का कहना है कि जो बाहर में अतीत अनागत और परोक्ष हैं वे भी बुद्धि में विद्यमान हैं। वैसे ही सहृदय साहित्य सेवियों की बुद्धि में दुष्यन्त शकुन्तला आदि विभाव विद्यमान हैं। काव्यार्थ भावना से वे उत्तेजित होते हैं और सामाजिकों के रस आस्वाद का कारण बनते हैं। उनका मानस प्रत्यक्ष होने में कोई कठिनाई नहीं है। योग वासिष्ठ के उपशम प्रकरण में गाधि के प्रति विष्णु द्वारा बौद्ध-पदार्थों का वर्णन है :

बहिर्न किञ्चिदप्यस्ति तेजोऽम्बूर्वीदिगादिकम्।
एतत्स्वचित्ते एवास्ति पत्रपुञ्जमिवाऽङ्कुरे॥

(श्लोक ५)

अर्थात् तेज-जल-पृथ्वी दिशा आदि कुछ भी बाहर नहीं है अपने चित्त में ही ये सभी हैं जैसे अङ्कुरों में पत्ते रहते हैं।

फलादि स्फारतामेति यथैव बहिरङ्कुरात्।
बहिःप्रकटनादेतत् तथा पृथ्व्यादिचेतसः॥

(श्लो० ४८)

अर्थात् जैसे अङ्कुरों में अन्तर्निहित पत्ते फूल और फल आदि अङ्कुरों से बाहर प्रकट होते हैं वैसे ही चित्त से पृथ्वी आदि प्रकट होकर बाहर स्थूल दीख पड़ते हैं।

सत्यं पृथ्व्यादि चित्तस्थं न बहिस्थं कदाचन।
आबालमेतत् पुरुषैः सर्वैरेवानुभूयते॥

(श्लो० ४९)

अर्थात् सचमुच पृथिवी आदि चित्त में ही हैं बाहर नहीं। बालकों से लेकर सभी पुरुष इसका अनुभव करते हैं।

स्वप्न - भ्रम - मदावेग-रागरोगादि-दृष्टिषु ॥

(श्लो० ५३)

अर्थात् बाहर न रहने वाली बौद्ध वस्तुओं का भी बाहर में ज्ञान होता है इसका उदाहरण इसमें है। स्वप्न, भ्रमज्ञान, नशा मनका आवेश-विशेष अनुराग, त्रिदोष आदि रोग और काच-कामल आदि दृष्टिदोष होने पर चित्त की वस्तुएं बाहर दीख पड़ती हैं। इसी प्रकार रस-भाव आदि के आस्वाद में सहृदयों के भावनामय मन का आवेग भी कहा जा सकता है। इस अभिप्राय वाले कूर्म पुराण आदि के वचन भी मिलते हैं।

पूर्व कथित रीति से जब बुद्धि में शब्द और अर्थ दोनों विद्यमान हैं तब निकट को छोड़कर बाहर दूरवर्ती के साथ सम्बन्ध कल्पना भी कैसे संभव होगी? अतः बुद्धि में रहने वाले शब्द और अर्थों का वाच्य-वाचक सम्बन्ध हो सकता है इसीलिए शब्द से बुद्धिस्थ का ही बोध होता है। शशशृङ्ग आदि शब्दों का बाहर कुछ अर्थ नहीं है तो भी वासनामय अर्थ से उन्हें सार्थक मानकर प्रातिपदिक संज्ञा की जाती है। अतीत और अनागत वस्तुओं का ज्ञान और इच्छा होती है। वे अतीत-अनागत बुद्धि में ही रहते हैं। प्रवृत्ति आदि यत्न का विषय भी बुद्धिस्थ है। घटादि को लेकर ही कुलाल आदि प्रवृत्त होते हैं। **बुद्धिसिद्धं तु तदसद्** इस गौतम सूत्र का यही अभिप्राय है। **उपदेशेऽजनुनासिक इत्** इस पाणिनीय सूत्र के महाभाष्य से यह सूचित होता है। **हेतुमति च, पङ्क्तिविंशति....** इत्यादि और मतुप् सूत्र के महाभाष्य तथा कैयट में स्पष्टतः मिलता है अतः बुद्धि में विद्यमान विभाव आदि का शाब्दिक रीति से सामाजिकों का आस्वाद सरल है।

(४) प्रायः चतुर्थ प्रश्न के विषय में भी यही प्रकार है। सामान्य नायक नायिका विषयक रति सहृदयों की बुद्धि में रहती है। उसमें शकुन्तलाविषयक दुष्यन्त में रहने वाली रति भी आ जाती है। वह काव्यार्थ भावना से उत्तेजित होकर सामाजिकों के मन में प्रत्यक्ष हो जाती है।

(५) पञ्चम प्रश्न के समाधान के लिए साधारणीकरण आदि व्यापार की अपेक्षा नहीं है। धर्मशास्त्र द्वारा अभिगमन निषेध का विषय बुद्धिस्थ शकुन्तला या 'शकुन्तला' शब्दगत नायिका नहीं है। जिसमें परस्त्री का भाव होगा उसी का निषेध होगा। वासनामय अथवा शकुन्तला शब्दवाली शकुन्तला निषेध का विषय नहीं है। वह सामाजिकों का विभाव बन सकती है। सामाजिकों द्वारा रस का आस्वाद होता है। वह आस्वाद शकुन्तला के सामाजिकों का विभाव बने बिना नहीं हो सकता। अतः शकुन्तला सामाजिकों का विभाव अवश्य है यह अर्थापत्ति प्रमाण से सिद्ध होता है। इसमें कोई निषेध काम नहीं कर सकता। अर्थापत्ति की सहायता से होने वाले ज्ञान को कोई बाधज्ञान रोक नहीं पाता—ऐसा वैयाकरण-सिद्धान्त 'लघुमञ्जूषा' में दर्शाया गया है। 'ऐसी महिला अभिगमन योग्य नहीं है' यह निषेध बुद्धि भले ही दूसरी बुद्धियों को रोक दे किन्तु काव्यार्थ की भावना से होने वाली बुद्धि को नहीं रोक सकती। जिस वस्तु की सिद्धि दूसरे की अनुपपत्ति से होती है उस सिद्धि को कोई भी विपरीत दृष्टि बाधित नहीं कर सकती क्योंकि अन्यथानुपपत्ति सबसे अधिक बलवाली है—ऐसा श्रीहर्ष ने 'खण्डन खण्ड खाद्य' में कहा है :

अन्यथाऽनुपपत्तिश्चेदस्ति वस्तुप्रसाधिका।
पिनष्टि दृष्टिवैमत्यं सैव सर्वबलाधिका॥

और भी देखें—शब्द और अर्थ दो आकारों वाली शकुन्तला है। शब्द विशेषण एवं अर्थप्रधान आकार वाली शकुन्तला आँख आदि से अनुभूत की जाती थी। अर्थविशेषण शब्दप्रधान शकुन्तला काव्य स्थल में समझी जाती है! उसमें निषेध शास्त्र अगम्यत्व बुद्धि नहीं करा पाता। जैसे अग्नेर्ढक् इस पाणिनीय सूत्र से बाहर अर्थ शून्य, अनर्थक अग्नि शब्द से ढक् नहीं होता और सूत्र में रहने वाले अग्नि शब्द से दाह भी नहीं होता।

(६) इसी प्रकार छठाँ प्रश्न भी समाहित होता है। लौकिक सामग्री से होने वाले शोक और जुगुप्सा शब्द गौण, अर्थप्रधान होते हैं, वैसे ही उनका आस्वाद होता है तथा वे विकल करते हैं। काव्य तो शब्द है, वह अपने समान शब्द प्रधान

अर्थविशेषण वाले शोक-जुगुप्सा को पैदा करता है, शब्दप्रधान का ही आस्वाद होता है, और वे आह्लाद ही पैदा करते हैं।

स्वं रूपं शब्दस्याशब्दसंज्ञा इस पाणिनीय सूत्र के महाभाष्य में इन दोनों आकारों को दर्शाया गया है। इन दोनों आकारों के समान लोकव्यवहार भी है: जैसे किसी चीज को देखता हुआ कोई कहता है कि 'देखता हूँ, किन्तु क्या है यह नहीं समझता।' अर्थात् अर्थ-आकार ज्ञात है और अज्ञात शब्द आकार की जिज्ञासा है, वैसे ही कोई कहता है कि 'जानता हूँ, किन्तु देखा नहीं हूँ!' इससे शब्द-आकार का ज्ञान और अर्थ-आकार का अज्ञान बताया गया। यह भी सूचित हुआ कि दोनों आकारों से वस्तु स्वरूप की पूर्ति होती है। अतः छठें प्रश्न का समाधान शब्द प्रधान आकार को लेकर आसान होता है। इति।



अयोध्यास्थ संस्कृतं पत्रे १३।८।१९५७ ईशाब्दमारभ्य अङ्कचतुष्टये प्रकाशितः प्रथमाङ्कः

अलङ्कारसामान्यलक्षणविचारः

प्राचीनैः पण्डितैः स्पृष्टमलङ्कारस्य लक्षणम्।
परीक्षितुमशक्तोऽपि चन्द्रालङ्कारमाश्रये॥

तत्र वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलङ्कृतिरिति भामहभणितिर्वक्राभिधानार्थस्य सर्वान् अलङ्कारान् व्याप्नुवतो गुणान् रीतीश्च विवेचयतो व्याख्यातॄणां विवेचनेनाऽपि अस्थास्नुतया वक्रैव। वक्रोक्तेः काव्यजीवत्वस्याभिनिवेशिनि निखिलालङ्कृतिमूलताया वादिनि वक्रोक्तिजीविते कतिपयप्रकारान् सोदाहरणान् प्रदर्श्यापि तां मूलतां न स्फोरयति केवलं सर्वनाम्ना शब्दार्थौ शरीरं परामृश्य।

उभावेतावलङ्कार्यौ तयोः पुनरलङ्कृतिः।
वक्रोक्तिरेव वैदग्ध्यभङ्गी भणितिरुच्यते॥

इत्युक्तम्। वैदग्ध्यं कविकर्मकौशलं तस्य भङ्गी विच्छित्तिस्तया भणितिः विचित्रैवाभिधा वक्रोक्तिरुच्यते एवं विवरणे वक्रोक्तिः प्रसिद्धाभिधानव्यतिरेकिणी

विचित्रैवाभिधा इति निष्कर्षं आकृष्टः। तत्राभिधापदेन प्रसिद्धा वृत्तिरभिधानमात्रं वा इति स्फुटं न प्रतिपाद्यते। उभयपक्षेऽपि रीति-गुण-रसान् न व्यवच्छिन्नत्ति, स्वरूपतः कयाचिद्वृत्त्या वाऽभिधानं समेषामविशेषः। विचित्रशब्द एव सर्वं तात्पर्यं निगूहति चेद् व्याख्यातृकृतं निर्वचनमपेक्षते। भङ्ग्यन्तरेणाभिधानमित्यादिशब्दैर्बहव आलङ्कारिकाः पर्यायोक्तमेवालङ्कुर्वन्ति, एवं बहूनां विदुषाम् अलौकिकभङ्गीनिविष्टत्वं वक्रत्वम् गौण्या वृत्त्या प्रतिपादकत्वञ्च, इति वचनं न निर्णयाधायकम्।

यद्यपि तृतीयोद्योते ध्वन्यालोके 'यतस्तावदयमतिशयोक्तिगर्भता' इत्यादि ग्रन्थेन समेषामलङ्काराणामतिशयोक्तिमूलकतां व्यवस्थाप्य—

सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।

यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना। इति भामहभणितिमाभाष्य च वृत्तौ साक्षात् परम्परया वा सर्वालङ्कृतिमूलकत्वं प्रतिपादितम्। विच्छित्तिविशेषाधायकत्वमतिशय इति टीकायां परिष्कृतम्। सर्वेषामलङ्काराणामुपमामूलकत्वपरं मतान्तरमिवेदमपि मतं प्रसिद्धम्। परमिदानीं बहुभिरलङ्काराणां विकासक्रममाश्रित्यैतिह्यविवेचनाचणैः कतिपयानां तेषां विरोधमूलकतां जल्पद्भिरल्पीयोऽलङ्कृतिव्यापकत्वमेवातिशयस्य परिशेष्यते न तु सर्वालङ्कारव्यापकत्वम्।

प्राचीनैः कैश्चिदनुगतातिशयस्यापरिष्कृतत्वात्, नूतनाः सर्वातिशयोक्तिष्वपि अनुगतं कमप्यतिशयमपश्यन्तोऽन्यतमत्वेनानुगमनं धिक्कृत्यालङ्कारान्तरतामुद्भावयन्ति स्पष्टं रसगङ्गाधरादिस्वपि। 'सर्वत्रैवंविधे विषयेऽतिशयोक्तिरेव प्राणत्वेनावतिष्ठते, तां विना प्रायेणालङ्कारत्वाभावात्' इति विशेषप्रसङ्गे काव्यप्रकाशोक्तिरपि प्रायोवादेनैव सन्मन्यते।

अलङ्कारान्तराणामप्येकमाहुः परायणम्।
वाणीशसहितामुक्तिमिमामतिशयाह्वयाम्॥

इत्यादिदण्डिदण्डोऽपि निर्वचनाभावेन प्रतिबद्ध एव स्यात्। काव्यशोभायाः कर्तारो गुणास्तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः इति वामनवचो विव्रियते चेत् ? तत्पदेन गुणकृतायाः शोभायाः परामर्शः शुद्धाया वा शोभायाः ?, प्रथमे स्वर्गप्राप्तिरनेनैवेत्यादिपद्ये प्रकृतरसानुगुणस्य गुणस्य कस्यचिदभावेऽपि विशेषव्यतिरेकयोरेव काव्यत्वनिर्वाहकत्वोक्त्या काव्यप्रकाशकृतैवाव्याप्तेरुद्भावनात्, रसरीत्योरतिव्यापनाच्च। न च संघटनात्मिकाया रीतेर्न पृथग्शोभाधायकत्व-

मिति वाच्यम् समीचीनशरीरावयवसन्निवेशस्य शरीरशोभाधायकतायाः प्रसिद्धत्वात्, तथापि शरीरशोभासम्पतयो रीतयो गुणान् अभिव्यञ्जयन्त्यो न गुणकृतशोभा अतिशाययन्तीति कथंचिद् उच्येत तथापि रसातिव्याप्तिस्तदवस्थैव। रसेन जीवनेन सर्वविधशोभातिशयस्य सर्वैरङ्गीकर्त्तव्यत्वात्। द्वितीये तु गुणेष्वतिव्याप्तिरिति विशेषः। न च धर्मा गुणा इति स्फुटमुक्तम्, न ह्यङ्गदादयः शरीरधर्मा इति वाच्यम् सामान्यतो धर्मपदस्य वृत्तिमति प्रसिद्धत्वात् पृथङ् निर्वचनमन्तरा तादृशपदस्याकिञ्चित्करत्वात्। लोके शूरत्वादिधर्माणां गुणानां समवायेन अवच्छेदकत्वेन वा कटकादिभूषणानाञ्च संयोगसम्बन्धेन वृत्तितावदत्र च काव्ये तादृशव्यवस्थाया असंभवोऽनुप्रासोपमादीनामपि संयोगस्यासम्भवात् प्रतिनियतार्थविषयस्य तार्किककल्पितस्य समवायस्य सर्वत्र कार्यकारित्वस्यासम्भवाच्च।

नापि गुणं विना काव्यं न संभवति अलङ्कारं विना तु न तादृगितिवासनया काव्यस्यासाधारणो धर्मो गुणः काव्यत्वसमनियत इति धर्मपदेन विवक्षितु शक्यम् गुणविहीनस्यापि काव्यप्रकाशकृता व्यवस्थापनात् तद्दोषतादवस्थ्यात्। एवं शूरत्वादीनामिव गुणानामयुतसिद्धत्वम् अङ्गदादिवदलङ्काराणां युतसिद्धत्वमिति व्यवस्थाऽपि, न हि अङ्गदादीनां शरीरं विहाय मञ्जूषायां स्वरूपस्थितिवद् अनुप्रासोपमादीनां शब्दार्थौ शरीरं विहायावस्थितिरसम्भवात्।

एवम् 'उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचिद्' इत्यत्र जातुचित्पदेनानियमेनेत्यर्थविवक्षणेऽपि न गुणादिव्यावृत्तिः काव्यप्रकाशकृताम्, चतुर्विधेष्वपि नियमेषु तेनैव व्यभिचारस्य प्रदर्शनात्। तथाहि—१. यत्र रसस्तत्र गुणोऽपि वर्तते, २. यत्र गुणस्तत्र रसोऽपि, ३. यत्र रसस्तत्र गुणोत्कृष्ट एव सः, ४. यत्र गुणस्तत्र रसमुत्कर्षन्नेव। स्वर्गप्राप्तिरनेनेत्यादौ ग्रन्थरीत्या प्रथमतृतीययोः, अद्रावत्र ज्वलत्यग्निरित्यादौ द्वितीयचतुर्थयोश्च व्यभिचारः। गुणविशेषा रसविशेषेषूपदिष्टः न तथाऽलङ्कारादयः, इति कस्यचिद्विवरणमपि न विनोदयति रीते रसविशेषायतत्वात्। अलङ्कारविशेषानियन्त्रितत्वेऽपि रसस्य शब्दार्थविशेषनियन्त्रितत्वात् तदनुरोधिनोऽलङ्कारस्यापि तादृशत्वात्। रसानुपयोगिनोऽलङ्कारा निवेशिता उदाहरणेषु प्रदर्शिता इति चेत् तादृशगुणा अपि प्रदर्शिताः। रसानुपकारकत्वस्य अलङ्कृतिषु स्वीकृतौ कस्य व्यावृत्तये एतल्लक्षणे 'उपकुर्वन्ति' इति विशेषणं न प्रतिभाति। अङ्गशोभाकारित्वमेव कथन्न पर्याप्तमासीत्।

२०।८।५७ ईशाब्दे द्वितीयं प्रकाशनम्

वामनमतविधूननमपि प्रकाशकृतामसम्यक्, तथाहि स्वर्गप्राप्तिरित्यादि काव्ये गुणाभावेनाव्याप्तिर्या वामनमते उद्भाविता, सा स्वमते कथं समन्वेया ? रसस्य सत्त्वेन काव्यत्वेष्टौ तत्समनियतस्य गुणस्याप्यङ्गीकारापत्त्या तन्मत-खण्डनासंभवात्। ओजसः सत्त्वादिति चेत्, वामनमतेऽप्येवम्, प्रकृतरसानु-गुण्यस्यौजस्यभावादिति चेत् तदपि न, त्वन्मतेऽपि तुल्यत्वात्। प्रकृतरसानु-कूल्याभावे रसोत्कर्षकत्वाभावस्य व्यापकविरुद्धस्योपलब्धेर्भवन्मते गुणत्वस्यैवा-नङ्गीकारात्। प्रसादस्यौजोऽनुविद्धत्वान्न कार्यकारित्वम्।

वामनीयकारिकास्थतत्पदेन गुणकृतकाव्यशोभायाः परामर्शे युक्तेर-भावात् काव्यशोभामात्रस्य परामर्शे काव्यप्रकाशकृत्खण्डनकुठार एवावसरं न लभत इति त्वन्यत्, एवञ्च अनियमपदघटितं टीकाकर्तृणां लक्षणं खण्डितं वेदि-तव्यम्। रसावृत्तित्वविशेषणेन गुणानां व्यावृत्तिः तेषां रसवृत्तित्वात्, आत्मनि शौर्यादिवत्। अलङ्कारास्तु कटकादिवदङ्गशब्दार्थवृत्तय इत्यप्यभ्युपगमवादे-नैव संभवति युक्तोस्तु न सहते। यद्यपि गुणानां रसवृत्तित्वं न वेति निबन्धान्तरे विवेचनीयमस्ति तथापि दिङ्मात्रन्त्वालोच्यत एव, स्थायिभावोपहितं चैतन्यं चैतन्योपधायकाः स्थायिभावा वा रस इति विशेषत आलङ्कारिकाणां सरणिः। तत्र प्रथमे न गुणास्तस्य निर्गुणस्वरूपत्वात्। अद्वैतमतेऽपि व्यवहारदशाया-मात्मनि गुणा अङ्गीक्रियन्त एवेति तद्रहस्यमविदुषां महान् भ्रम एव। व्यवहारदशायां केवलोपाध्यध्यासप्रयुक्तो व्यवहार एव। कदापि नात्मनि गुणास्तैरद्वैतिभिरङ्गीक्रियन्ते। ज्ञानस्वरूपेऽप्यात्मनि दीपस्य प्रकाश इव ज्ञान-स्वरूपः कश्चिद् गुणो विशिष्टाद्वैतिभिरङ्गीक्रियते, तथापि नैतादृशा गुणाः। न्यायविद्भिरपि आत्मनि परिगणिता गुणा अङ्गीक्रियन्ते न तेषु माधुर्याद-योऽन्तर्भवन्ति, नापि तेषां ज्ञानस्वरूप आत्मा, नापि द्वितीये तेषां चित्तवृत्त्यात्म-कतया माधुर्यादीनाञ्च चित्तवृत्तिहेतुत्वात्। दीप्त्यात्मविस्तृतेरित्यादिना काव्य-प्रकाशकृताऽपि वृत्तिहेतुत्वस्याङ्गीकारात्। पण्डितराजास्तु वृत्तेर्गुणतया तत्र गुणानामवृत्तित्वमभ्युपगच्छन्ति। किमुत, गुणानां रसवृत्तित्वमभ्युपगच्छन्तोऽपि बहव आलङ्कारिका एव प्रायशो गुणानामेवं लक्षणं निर्मिमते येन शब्दार्थ-वृत्तितैव स्फुटमायाति। तस्मात् सम्यगेव भामहेनाभाषि–गुणालङ्कारविवेक-प्रकारोऽपि गडुलिकाप्रवाह एवेत्यादि।

तमर्थमवलम्बन्ते येऽङ्गिनं ते गुणाः स्मृताः।
अङ्गाश्रितास्त्वलङ्कारा मन्तव्याः कटकादिवत्॥

इति ध्वन्यालोके काव्यप्रकाशवदेवाभाति तथापि न तादृशोऽभिनिवेशस्तेषां, बहुषु स्थलेषु शब्दार्थवृत्तित्वस्यैव गुणानां व्यवहारात्। तथाहि परं शृङ्गार एव परः प्रह्लादनो रस इत्यत्र वृत्तौ प्रह्लादहेतुत्वाद्विवरणेन प्रह्लादरूपे रसे प्रह्लादहेतुत्वस्यासंभवात्, स्फुटं रसावृत्तित्वं गुणानां सूचयति, पुनः श्रव्यत्वमोजसोऽपि साधारणमिति शब्देन शब्दवृत्तित्वमन्तरा श्रव्यत्वासंभवात्। वाच्यवाचकमात्राश्रयिणि प्रभृतिप्रथमोद्योतीयशब्देन सूच्यत एव। अग्रे च विवेचनपरम्परया संघटनावृत्तित्वमङ्गीकृतम्।

किञ्च रीतयो गुणाभिव्यञ्जिका इति मम्मटमतमपीति समानाधिकरणयोरेव प्रायशो व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावस्य दर्शनात्, रीतेरङ्गवृत्तितया गुणानामङ्गिवृत्तित्वं कथं तेभ्यो रोचेत ? गुणाभिव्यङ्ग्यतया रसवृत्तित्वं रोचयन्ते चेत् शब्दार्थरीत्यलङ्कृतीनामपि तादृशत्वं रोचतां कोऽवरुन्धे।

दीप्त्यादिचित्तवृत्तिविशेषहेतुताया आत्मवृत्तित्न्यसंभवात्, किमप्यन्यद् वस्तु लक्षीकृत्यैव चित्तवृत्तयो जायन्ते। भवतु यथा कथञ्चित् विवेकः परं रसवृत्तित्वं बहुभिर्नाद्रियते भामहवामनादिभिः स्फुटं तिरस्कारात्। तथैव तदनुयायिनो दर्पणकृतस्तट्टीकाकृतश्च लक्षणम्।

"शब्दार्थयोरस्थिरा ये धर्माः शोभातिशायिनः।"
रसादीनुपकुर्वन्तोऽलङ्कारास्तेऽङ्गदादिवत् ॥

साक्षात्परम्परया वा रसाद्युत्कर्षजनकत्वे सति अनियतशोभातिशायि काव्यधर्मत्वम् इत्यादि विवेचितम् अवसेयम् पूर्ववदेव रीतिगुणातिव्याप्तत्वात्।

इदानीमवच्छेदकताद्वयाद् बिभ्यद्भिः शुद्धालङ्कारिकंमन्यैरत्यादरेण समाश्रितं 'रसादिभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वे सति शब्दार्थान्यतरनिष्ठा या चमत्कृतिजनकतावच्छेदकता तदवच्छेदकत्वमिति कुवलयानन्दटीकाकर्तुर्लक्षणं विचारपथमवतरति। द्विविधो हि क्रमो व्यङ्ग्यालङ्कारविषये आलङ्कारिकाणां ग्रन्थेषु स्फुटं प्रतिभासते। एको हि अलङ्कारध्वनिः द्वितीयो व्यङ्ग्यस्य अलङ्कारस्य गुणीभूतता। तत्र प्रथमे प्रधानतया उपस्कारकत्वघटितस्यालङ्करणत्वस्योपस्कार्यस्याभावादसम्भवेन ब्राह्मण-श्रमणन्यायेन अलङ्कारत्वव्यपदेशः। द्वितीयायान्तु वाच्यस्य व्यङ्ग्यान्तरस्य वा उपस्कार्यस्य सत्त्वाद् वस्तुतोऽलङ्कारत्वव्यपदेशः। तत्र व्यङ्ग्यतायाः सत्त्वाद् रसादिभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वं नास्तीत्यव्याप्तिः, यथा काव्यप्रकाशे 'जनस्थाने भ्रान्त' मित्यादौ

व्यङ्ग्यस्याप्यलङ्कारस्य वाच्योपस्कारकत्वम्, समासोक्तेरप्रस्तुतप्रशंसायाश्च व्यङ्ग्यरूपत्वमेवेत्यादि। एवं साहित्यदर्पणे यो दीपकतुल्ययोगितादिषु उपमालङ्कारो व्यङ्ग्यः स गुणीभूतव्यङ्ग्य एवेत्यादि लिखितम्। प्राचीनैर्यद्यपि गुणीभूतस्यापि क्वचिद् ध्वनित्वमङ्गीकृतम् तथापि व्यङ्ग्यान्तरापेक्षया गुणत्वेऽपि वाच्यार्थापेक्षया यत्र प्रधानता वर्तते तत्रैव। यत्र तु वाच्यार्थगुणीभूतत्वं तत्रालङ्कारत्वं तेषामपि सम्मतम्। रसगङ्गाधरकृतस्तु दीक्षितोक्ताव्यङ्ग्यत्वविशेषणं खण्डयन्तो व्यङ्ग्योपमालक्षणस्य उदाहरणमप्यदुः, रूपके दीक्षितमतखण्डने सन्देहालङ्कारे च व्यङ्ग्यस्य गुणीभूतत्वमभ्यधुः।

किञ्च विशिष्टदलीया द्वितीयाऽवच्छेदकता तत्रैव प्रयाति येन विशिष्टयोः शब्दार्थयोर्भावना चमत्कृतिं जनयति शब्दार्थयोर्विशेषण इति भावः तत्र शब्दार्थाभ्यां प्रधानीभूतं व्यङ्ग्यमलङ्कारादि ध्वनेरपरस्याङ्गन्तस्यालङ्कारतेष्टा। तदुरःपाणिस्पर्शं विवेचयन्तु आलङ्कारिका यत् तदङ्गचमत्कारकरणे शब्दार्थाभ्यां स्वीयं प्राधान्यमाधत्त एवाथवा गुणतया परिणमति। द्वितीयं चेत् सम्यगेव, प्रथमञ्चेत्तत्रावच्छेदकता न प्रयातीत्यव्याप्तिः रीतिगुणयोस्तथातिव्याप्तिश्च।

एवं द्वितीयाऽवच्छेदकतायामवच्छेदकसम्बन्धानुपादानात् समेषामलङ्काराणां भिन्न-भिन्नसम्बन्धेनोपस्कारकत्वस्य सत्त्वादनुगतस्याभावेन निवेष्टुमशक्यतया अङ्गीभूतशब्दार्थासाधारणधर्मेऽतिव्याप्तिः। यदि च विशेष्यविशेषणभावे विनिगमनाविरहाद्गुरुधर्मावच्छिन्नकारणतापत्त्या स्वतन्त्रमेव अलङ्कारज्ञानं शब्दार्थज्ञानञ्च चमत्कृतिजनकमिति अनुभवपथमानीयते चेत् शब्दार्थविशेषणतया चमत्कृतिजनकत्वाभावात् प्राण एवापसरति लक्षणस्यास्य।

इत्थं नास्ति चेदलङ्कारसामान्यलक्षणम्, माभून्नाम व्यवहारस्य अनुगतलक्षणं विनाऽपि तत्तल्लक्षणेनैव सम्पन्नत्वात्। लक्षणस्य आवश्यकत्वे च कविसमयसिद्धानुप्रासोपमाद्यन्यतमत्वम्, मुक्तावल्यादौ प्रत्यक्षादिलक्षणवत् अनुगतव्यवहारसिद्धालङ्कारत्वजातिमादाय अनुप्रासोपमादिवृत्तिचमत्कारजनकतावच्छेदकजातिमत्त्वम्, गुणादेर्व्यावर्तनीयत्वे तत्साधारणजातिसत्त्वे च गुणाद्यवृत्तियमकोपमादिवृत्तिचमत्कारजनकतावच्छेदकजातिमत्त्वमित्यादि लक्षणमवसेयम्।

भामहस्तु किमप्यलौकिकं वस्तु भावयित्वैव सत्कवियंदि शब्दार्थरचनायां प्रवर्तते, तदेव रचितं वाक्यरूपं काव्यमलङ्कृतं सुन्दरं जायते। स्व-

भावोक्तिर्नोररीक्रियते। स्वीक्रियमाणायां वा सहृदयवेद्यं गौश्चलतीत्यादि साधारणवाक्यव्यावृत्तं किमप्यलौकिकं वर्त्तते एव। न माधुर्याद्यनुप्रासादीनां परस्परव्यतिरेकेऽभिनिवेशो विधेयः, येन केनापि प्रकारेण चारुत्वसम्पादनं कार्यम् इत्यभिप्रैति।

२७।८।५७ ईशाब्दे तृतीयं प्रकाशनम्

अतो बहुभिर्वक्रत्वस्यातिशयत्वेन व्याख्याततया 'शब्दार्थरचनाप्रयोजकीभूतचमत्कृतिकारणभावनाविषयातिशयत्वम्' इति लक्षणं फलति। यत्र शब्दापरिवृत्त्या अतिशयस्य भावना तत्र शब्दालङ्कारः, यत्र तद्भिन्नस्य तत्रार्थालङ्कार इति व्यवस्था, अतिशयश्च आहार्यारोप इति वैद्यनाथसूरयः, प्रत्युच्चारणं प्रत्यर्थं वा भिन्नेषु शब्देषु परस्परमभेदारोपः, अर्थे वा शब्दानांतादात्म्यारोपः शब्दालङ्कारताप्रयोजकः। अर्थेषु तु बहुविधः परस्परमारोपः स्फुट एव, यत्र तु गवेषणेनाप्यन्ततस्तादृशारोपो न मूलतामाश्रयते तत्र काव्यत्वमेव नास्ति, तत्त्वे वाऽलङ्कृतत्वं नास्तीति तत्सिद्धान्तः। यद्यपि रीत्यनुरूपाणां कतिपयशब्दालङ्काराणां प्रसिद्धरीतिविशेषत्वं रीत्यन्तरत्वैव वा, न तु शब्दा-लङ्कारत्वमिति मतविशेषोऽस्ति परमस्य निबन्धस्य विस्तरभिया न परीक्ष्यते।

स्वतन्त्रास्तु स्वच्छन्दोच्छलदच्छेत्याद्यधमकाव्येऽपि कविनिष्ठाया भागीरथीभक्तेर्व्यङ्ग्यतायामभिनिवेशं समीक्ष्य ध्वनियुगेऽस्मिन् यथाकथमपि व्यङ्ग्यस्पर्शं विना कविताकमनीयता दूर आस्ताम्। तत्र कविकर्मतायामेव कर्णौ धुन्वानाः, बहूनां वक्रोक्तिपदस्य गौण्या वृत्त्या प्रतिपादनमिति व्याख्यानमालक्ष्य च तत्स्वारस्येन शब्दार्थनिष्ठं व्यञ्जकत्वमेव काव्यालङ्कार इति भामहभाषाया अभिप्रायमभिलषन्ति। तच्चानुप्रासोपमादिरूपतां परित्यज्य व्यञ्जनास्वरूपमेवेति चेत्तथैवास्तु। व्यञ्जकत्वप्रकारभेदे च तत्तद्विशेषालङ्कारव्यपदेशोऽपि स्यादेव। व्यङ्ग्यार्थमादाय काव्यं सुन्दरमिति व्यवहारस्य सर्वसम्मतत्वात् तदलङ्कारताया अक्षुण्णत्वात् इति समर्थयन्ते च। यद्यपि—

उपमैका शैलूषी सम्प्राप्ता चित्रभूमिकाभेदान्।
रञ्जयति काव्यरङ्गे नृत्यन्ती तद्विदां चेतः॥

इति रीत्योपमाया अपि सर्वालङ्कारबीजत्वमप्पय्यदीक्षितादिभिरुद्घोषितम्। तद्रीत्या वक्रशब्दाभिधेयत्वं तस्या अपि वक्तुं शक्यम्, तथापि वक्रशब्दाभिधेयत्वम् अतिशयार्थे यथा स्वारस्यं धत्ते न तथोपमायाम्। एवं

तद्घटकसादृश्यसम्पत्तयेऽन्ततो भिन्नेष्वपि साधारणधर्मेषु तादात्म्यारोपस्य प्रसक्ततयाऽतिशयस्तन्मूलतां न व्यभिचरतीति बुद्ध्या नाचार्यसम्मतेति समवसीयते।

यदि चातिशयोऽपि स्वस्थितये सादृश्यमपेक्षत एवेति अनुभवस्तदा तदप्यस्तु व्याख्यान्तरं मतान्तरं वेति नेह विस्तार्यते। श्रीमद्वामनाचार्यवचस्त्विदं विलसितं यद् भूषयति श्रुतं वपुरिति रीत्याऽऽत्मन उत्कर्षसाधका अपि गुणा अलङ्काराश्च वपुर्भूषयन्त्येवेति अनुभवेन रसस्य व्यङ्ग्यान्तरस्य वा पुष्टौ पर्यवसायिनोऽपि गुणा अलङ्काराश्च काव्यं शोभयन्त्येव तत्र गुणेन या काव्यस्य शोभा तदपेक्षया संख्यया स्वरूपेण वोत्कृष्टा काव्यस्य शोभा अलङ्कारैः सम्पाद्यते। तथा च गुणप्रयोज्या या काव्यशोभा तदुत्कृष्टकाव्यशोभाप्रयोजकत्वमलङ्कारत्वम् इति लक्षणम्। उत्कर्षश्च यथाऽनुभवं द्विविधोऽपि ग्राह्यः। स्वर्गप्राप्तिरित्यादौ प्रसाद ओजसानुविद्धोऽपि अल्पीयसीं काव्यशोभां सम्पादयत्येव। ताञ्चालंकारावुत्कर्षयतः। रीतयस्तु गुणप्रयोज्यशोभा विलक्षणशोभां नार्जन्तीति ता नातिव्यापनीयाः। तथाङ्गिनोऽपि, यतो हि शरीरस्य शोभा सजीवत्वञ्चार्थान्तरम्। तथा च सजीवत्वसम्पादका अपि न शोभाधायकाः। तत्त्वे वा अलङ्कारत्वमेव नाङ्गित्वमिति विवेकः। यदि च सजीवत्वसम्पादनमपि शोभाधायकत्वमित्यनुभवस्तदाऽङ्गिभिन्नत्वेनापि विशेषणीयं लक्षणम्, परं गुणीभूतं व्यङ्ग्यं साधारणतया द्विविधम्। एकमलङ्काररूपं द्वितीयं वस्तुस्वरूपम्। तत्र यदि द्वितीयं रसादिभिन्नं वाच्योस्पकारकं च तदा तत्रातिव्याप्तिः स्थास्यति। न तदर्थं वैद्यनाथसूरिकृतं रसभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वनिवेशनं पर्याप्तमव्याप्तेः। नापि व्यङ्ग्यवस्तुभिन्नत्वम्, अलङ्कारस्यापि वस्तुत्वात्। अलङ्कारभिन्नपरकवस्तुपदप्रवेशेनापि न निर्वाहं आत्माश्रयापत्तेः। अलङ्कारत्वेन प्रवेशमकृत्वा उपमाद्यन्यतमभिन्नत्वेन प्रवेशे तादृशान्यतमत्वस्यैव पर्याप्ततया नूतनलक्षणकरणवैयर्थ्यम्।

तथापि वाच्योऽपि अलङ्कारः काव्योपस्कारकः, वस्तु तु व्यङ्ग्यतादशायामेव वाच्योपस्कारकम्। तेन स्वशोभाधायकताव्याप्यव्यङ्ग्यताकभिन्नत्वेन, स्वनिष्ठशोभाधायकताव्याप्यतासम्बन्धेन व्यङ्ग्यतावृत्तिभिन्नत्वेन वा लक्षणं विशेषणीयम्। रसवदाद्यलङ्कारस्य व्यङ्ग्यतादशायामेव शोभाधायकत्वात् संग्राह्यत्वे च तेन सम्बन्धेन रसादिभिन्नं यद् व्यङ्ग्यतावृत्ति तद्भिन्नत्वं देयम्। अनेनैव विशेषणेन गुणव्यावृत्तिसिद्धौ गुणप्रयोज्येत्यादि विशेषणं व्यर्थमिति न शंकनीयम्, रीतिव्यावर्तकतया सार्थक्यात्।

ननु पूर्वशोभापदेन गुणालंकारोभयप्रयोज्यशोभाया अपि धर्तुं शक्यतया तदतिशायकत्वं नालंकारस्येति न वाच्यम्, स्वपदेन अलङ्कारान् प्रवेश्य स्वाभावविशिष्टगुणप्रयोज्याया एव शोभाया विवक्षितत्वात्। अभावोयप्रतियोगितावच्छेदकः सम्बन्धः शोभाधायकताघटकः। स्वरूपघटितसामानाधिकरण्येन वैशिष्ट्यम्। अलङ्कारज्ञानं काव्यशोभाजनकं न स्वरूपेणालङ्कार इति विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नजनकतावच्छेदकत्वं निवेशनीयम्, जनकतत्त्वावच्छेदकसाधारणप्रयोजकत्वनिवेशेऽलङ्कारत्वेऽतिप्रसङ्गात्। तथा च अङ्गिभिन्नत्वे सति रसभिन्नव्यङ्ग्यताबृत्तिभिन्नत्वे सति स्वविशिष्टत्वमलङ्कारत्वमिति लक्षणं फलितम्। वृत्तिताघटकसम्बन्धस्तूक्त एव। वैशिष्ट्यञ्च स्वतादात्म्येन स्वाभावविशिष्टगुणप्रयोज्या या काव्यशोभा तदुत्कृष्टा या काव्यशोभा तन्निष्ठजन्यतानिरूपितजनकतानिरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वेन च। यद्यपि चमत्कृतिकरणमन्तरा न काचिदतिरिक्ता शोभा चमत्कृतिजनकतायाञ्च कोऽतिशयो वर्णितः स्यात्? इति चमत्कृतिघटितमेव लक्षणं समीचीनमिति बहूनामनुभूतिः, अत एव कुवलयानन्दटीकाकृता तथैव लक्षितन्तथापि काव्यशोभायाः स्फुटमाचार्येणोक्ततया तत्परित्यागे उदक्षरत्वापत्तेः। यद्यपि सुन्दरं काव्यं चमत्करोति इति प्रतीत्या कस्यचित् काव्यसौन्दर्यस्य चमत्कृतिजनकत्वभिन्नस्यानुभवसिद्धत्वम्, तथापि अनुपदमेवोक्तटीकाकृतो लक्षणस्य परिष्करिष्यमाणत्वात् न प्रतन्यते।

काव्यप्रकाशकृतां लक्षणस्यायमभिप्रायो यद् गुणा अङ्गशोभाद्वारा नियतमङ्गिनमुपकुर्वन्ति, कदाचित् तु तथाऽलङ्काराः। यदि गुणा अङ्गशोभाधायका न स्युः किन्त्वलङ्कारा एव तदा अङ्गशोभाधायकत्वमात्रस्यालङ्कारत्वे पूर्वार्धस्य वैयर्थ्यापत्तेः, अतो वामनमतवद् गुणस्यापि काव्यशोभाधायकत्वमिष्टमेव, तथा चाङ्गिनोऽङ्गशोभाधायकत्वे सति कदाचित् स्वप्रयोज्याङ्गशोभाप्रयोज्याङ्गिप्रत्युपकारकत्वाभावो लक्षणम्। तं सन्तमिति स्वारस्येन रसादिरूपाङ्गिविशिष्टत्वम् इति।

॥ ३।९।५७ ईशाब्दे ४ चतुर्थं प्रकाशनम् ॥

तदनुसारी परिष्कारः—वैशिष्ट्यञ्च स्वप्रयोजकाङ्गशोभानिष्ठजन्यतानिरूपितजनकतानिरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वनिरूपितावच्छेदकतावदधर्मवत्त्वस्वस्ववृत्तिकाव्यशोभाधायकतावच्छेदकधर्मावच्छिन्नविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकतानिरूपितजनकतानिरूपितजन्यतावच्छोभाप्रयोज्योपकार्यत्वाभाववत्त्वसम्बन्धावच्छिन्नस्वबृत्तित्वोभाभ्याम्। रीतिगुणयोरुक्तरससम्बन्धा-

भावान्नातिव्याप्तिः। अङ्गिनोऽनुपकारिष्वप्यलङ्कारेषु तादृशजनकतावच्छेदकतावच्छेदकालङ्कारत्वोपमात्वादिकमादाय लक्षणसमन्वयः। येन कदाऽप्यङ्ग्युपकारिता नासादिता तस्यालङ्कारत्वे मानाभावः। रसभावादि विनापि व्यङ्ग्यस्य वस्तुनः प्राधान्ये व्यङ्ग्यस्य वाच्योपस्कारत्वे सर्वथा व्यङ्ग्यस्पर्शशून्ये वा काव्यत्वाङ्गीकरणेऽपीदं लक्षणं समन्वेति। यदा कदाचित् कुत्रचित् प्रबन्धे तत्तदलङ्कारोपकृतिमद्रसादिध्वनिमादायैव सर्वालङ्कारेषु लक्षणप्रसरात्, नापि पूर्वोपात्ता दोषाः। कदाचित् रसोपकारिणोऽपि वाच्यशोभाधायकस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यवस्तुनो धर्मस्य तादृशजनकतावच्छेदकातिरिक्तवृत्तित्वात् न विशेषणान्तरापेक्षा। अङ्गिप्रयोज्या काव्यशोभा अन्यैव न तया अङ्गिन उपकार्यन्त इति न तत्रातिव्याप्तिः।

यत्र वीरादौ रसे माधुर्यादयः शृङ्गारादौ चौजसो विपरीतगुणस्य निवेशस्तत्रापकृष्टतया रसादिरूपाङ्गित्वमेव नाङ्गीकुर्वते अथवा रसापकर्षकतया दोषतया गुणतैव नेति न गुणेष्वतिव्याप्तिः। यदि च न नियतशास्त्राश्रयणमेव कवीनाम् तेन च स्फुटतरकारणान्तरकूटकौशलेन अनुगुणगुणस्याभावेऽपि तत्तद्रसपरिपोषसम्पत्तौ न नियतं गुणेषु रसावलम्बित्वम् तदेव च ध्वन्यालोके कविशक्तितिरोहितत्वादिनाऽभिहितम् तथापि ये गुणास्तत्तद्रसानुगुणाः कविसमयसिद्धास्ते काव्ये निवेशितास्तदीयरससद्भावे रसादीनुपकुर्वन्त्येव तथा च अङ्गिपदेन तेऽभिप्रेताः प्रकाशकृतां ये गुणैरुपस्कृता एव। तेन गुणविशिष्टरसादिरूपाङ्गिविशिष्टत्वं परिष्कारः। प्रथमवैशिष्ट्यं स्वव्यङ्ग्यत्वत्वव्यङ्ग्यत्वप्रकारककविसमयसिद्धिविशेष्यत्वोभाभ्याम्। द्वितीयवैशिष्ट्यञ्च पूर्ववदेव। यदि गुणा अङ्गिन्यैवोपकारका नाङ्गशोभाधायका प्रथमदलन्तु ग्रन्थकृतोक्तमङ्गिनो वारणायैवेति विभाव्यते तदा अङ्गिवैशिष्ट्यघटकद्वितीयसम्बन्धो न प्रवेश्यः।

श्रीवैद्यनाथसूरिलक्षणे रसभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वमित्यस्य स्थाने बहुसम्मतमुपस्कारकत्वविशेषणमेव पूर्वोक्तदूषणशोषणाय समीचीनम्। उपस्कारकत्वञ्च वाक्यतात्पर्यविषयीभूतार्थनिष्ठमुख्यप्रधानतानिरूपिताऽप्रधानत्वम्। नातोऽलङ्कारसमशीलतामादायात्माश्रयतादिदोषोद्भावनम्।

द्वितीयदोषवारणायान्यतरत्वघटकतया शब्दार्थनिष्ठावच्छेदकतानिरूपिता या भावनानिष्ठा जनकता तन्निरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वं निवेशनीयम्। शब्दार्थप्रधानीभूतालङ्कारभावना यत्र चमत्कृतिं जनयति तत्संग्रहायेति भावः। रीतिगुणयोरतिव्याप्तिवारणाय रीतिविशिष्ट-

भिन्नत्वं देयम्। स्वतादात्म्यस्वव्यङ्ग्यत्वान्यतरसम्बन्धेन। द्वितीयाऽवच्छेदकता च शोभाधायकतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना ग्राह्या। तेन न शब्दार्थवृत्तिधर्मेऽतिव्याप्तिः। अर्थात् येन सम्बन्धेन काव्ये वर्तमाना अलङ्काराः शोभा विदधति तत्सम्बन्धावच्छिन्ना। तथा चोपस्कारकत्वे सति रीतिविशिष्टभिन्नत्वे सति शब्दार्थान्यतरविशिष्टत्वमलङ्कारत्वं फलितम्। रीतिवैशिष्ट्यञ्च स्वतादात्म्यस्वव्यङ्ग्यत्वान्यतरेण। द्वितीयवैशिष्ट्यं स्वनिष्ठा या विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्ना चमत्कृतिजनकतावच्छेदकता तन्निरूपितशोभाधायकतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वम्। स्वनिष्ठा याऽवच्छेदकता तन्निरूपिता या भावनानिष्ठजनकतानिरूपिता विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकता तदन्यतरसम्बन्धेन। स्वतन्त्रकार्यकारणभावपक्षे तु सहकारिताघटितं लक्षणं विधेयम्। शब्दार्थभावनासहकार्य्यलङ्कारज्ञानं चमत्कृतिं जनयतीत्यभिप्रायात्, तथा च उपस्कारकत्वे सति रीतिविशिष्टभिन्नत्वे सति शब्दार्थभावनासहकारितानिरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वमलङ्कारत्वं फलितम्। शब्दार्थभावनाऽसमवधानेऽलङ्कारज्ञानं चमत्कृतिं न जनयतीति सहकारितापदाभिप्रेतम्। सव्यभिचारगदाधरीतट्टीकास्थसहकारिकारितालक्षणं विस्तरभयान्न परिष्क्रियते। इति।

विद्वद्दृष्टिप्रसारे विकलकलुषतां स्वे विचारे न मन्ये
धन्येयं मे प्रवृत्तिः कविवरवचसां स्याद्यदा चेद्विवृत्तिः।
रीतिः प्राचार्यसूतिर्मम हृदि नितरां सून्निता शंप्रसूतिः
स्फूर्तिर्व्याख्यां विनाऽस्या न हि भवति परिष्कारवाचाविविक्तिः॥



अयोध्या साप्ताहिक संस्कृतं पत्र अङ्क ४२ भाद्रकृष्ण तृतीया
विक्रमवत्सर २०१४ संस्कृतमय प्रकाशित

अलङ्कारसामान्यलक्षणम्

प्राचीनैः पण्डितैः स्पृष्टमलङ्कारस्य लक्षणम्।
परीक्षितुमशाणोऽपि चन्द्रालङ्कारमाश्रये॥

उसमें भामह कहते हैं कि अर्थ और शब्द का वक्र अभिधान वाणियों का अलङ्कार है। किन्तु इनका कथन भी वक्र है, क्योंकि वक्र अभिधान का क्या अर्थ

है ? जो सभी अलङ्कारों को व्याप्त करे और गुण तथा रीति को अपने से अलग रखे, इसका स्पष्टीकरण व्याख्याताओं के वचन से भी स्थिर नहीं हो पाता। वक्रोक्ति काव्य का जीवन है इस पर अभिनिविष्ट सभी अलङ्कारों का मूल कहने वाला वक्रोक्ति जीवितम् पुस्तक भी उदाहरण सहित कितने भेदों का वर्णन करके भी क्या वस्तु है ? कैसे और अलङ्कारों का मूल है ? इसको स्फुट नहीं करता, केवल सर्वनाम से शब्द और अर्थ शरीर का परामर्श करके नीचे का पद्य लिखते हैं।

उभावेतावलङ्कार्यौ तयोः पुनरलङ्कृतिः।
वक्रोक्तिरेव वैदग्ध्यभङ्गी भणितिरुच्यते॥

शब्द और अर्थ दोनों काव्य के शरीर अलङ्कारी हैं, इन दोनों का अलङ्कार वक्रोक्ति है, चतुराई से बनाये वचनों को वक्रोक्ति कहते हैं, अर्थ है। वैदग्ध्य कवि के कर्म का कौशल है, उसकी भङ्गी चमत्कार है, उससे भणिति वक्रोक्ति है, वह विचित्र अभिधा है, ऐसा विवरण किया गया, प्रसिद्ध अभिधान से भिन्न विचित्र अभिधा वक्रोक्ति है, ऐसा निष्कर्ष निकाला गया है। यहाँ यदि अभिधा शब्द से अभिधा वृत्ति लें तो वक्रोक्ति व्यङ्ग्य अलङ्कार को नहीं स्पर्श करती, यदि किसी प्रकार वर्णन मात्र है तो रीति, गुण और रसों की व्यावृत्ति नहीं करती, किसी वृत्ति से अभिधान सभी का है, कोई फरक नहीं है, विचित्र शब्द ही सभी अभिप्राय को छिपाया है ऐसा कहें तो उससे भी काम नहीं चलता, किसी प्रकार प्रकट होना चाहिये, व्याख्याकारों से उसकी स्फुटता होनी चाहिये, दूसरी भङ्गी से अभिधान इत्यादि शब्दों से बहुत आलङ्कारिक पर्यायोक्त अलङ्कार को ही सुशोभित करते हैं, इसी प्रकार अलौकिक भङ्गी में निविष्ट होना, गौणी वृत्ति से प्रतिपादन इत्यादि अनेकों का कथन निर्णय नहीं कर पाता।

यद्यपि ध्वन्यालोक तृतीय उद्योत में 'जो तब तक अतिशयोक्तिगर्भता' इत्यादि ग्रन्थ से सभी अलङ्कारों का अतिशयोक्ति मूल होना व्यवस्थित करके नीचे लिखे भामह वचन का संवाद दिये हैं—

सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयाऽर्थो विभाव्यते।
यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोलङ्कारोऽनया विना॥

यही सभी जगह वक्रोक्ति है, इसी से अर्थों की भावना होती है, कवि को इसी में प्रयास करना चाहिये, इसके विना अलङ्कार क्या है; अर्थ हुआ, वृत्ति में साक्षात् और परम्परा से अतिशय को सभी अलङ्कारों का मूल कहा गया है, चमत्कार विशेष को करने वाला अतिशय है ऐसा टीका में परिष्कार किया गया है। किन्तु सभी अलङ्कारों का उपमा मूल है यह भी मत प्रसिद्ध है, जैसे कि अप्पय्य दीक्षित—

उपमैषा शैलूषी सम्प्राता चित्रभूमिकाभेदान्।
रञ्जयति काव्यरङ्गे नृत्यन्ती तद्विदां चेतः॥

यह उपमा नटी चित्र अलङ्कारों की वेषभूषा की सजावट करके काव्यरूपी नाट्यशाला में नाचती हुई उसके जानकारों के चित्त को खुश करती है। इसको लिख कर उपमेय उपमा आदि कुछ अलङ्कारों में सादृश्य का समन्वय करके फिर लिखते हैं कि—

तदिदं चित्रं विश्वं ब्रह्मज्ञानादिवोपमाज्ञानात्।
ज्ञातं भवतीत्यादौ निरूप्यते निखिलभेदसहिता सा॥

शुद्ध ब्रह्मज्ञान से ब्रह्म सत् से समन्वित विचित्र संसार का श्रुति प्रतिपादित रीति से जैसे ज्ञान होता है वैसे ही उपमा मूल सादृश्य से अनुस्यूत सभी चित्र अलङ्कारों का उपमा ज्ञान से ज्ञान हो जाता है, ऐसी प्रतिज्ञा करते हैं, जिस किसी प्रकार सादृश्य वस्तु का संघटन सभी अलङ्कारों का मूल है ऐसा उनका अभिप्राय मालूम पड़ता है। सादृश्य ही अलङ्कार सामान्य है, सादृश्य विशेष और अलङ्कार हैं ऐसी सूचना भी पा सकते हैं। उनके ग्रन्थ सन्दर्भ से अर्थ चित्र शब्द सभी अलङ्कारों का सामान्य रूप से बोधक मालूम पड़ता है, जैसे कि चित्रमीमांसा में ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्यों के निरूपण के वाद जो व्यङ्ग्य न होते हुए भी चमत्कारी है वह चित्र है, ऐसा लक्षण और उदाहरण तृतीयकाव्य का देकर शब्दचित्र और अर्थचित्र और उभयचित्र यह विभाग किये, उसमें शब्दचित्र को नीरस बता कर बचे दोनों में अर्थ-चित्रत्व को अनुगत समझकर अर्थचित्र के लक्षण करने की इच्छा से अलङ्कारों का निरूपण करते हैं, और कोई अलङ्कार सामान्य का लक्षण नहीं करते, अलङ्कार सामान्य के लक्षण के ऊपर उनकी दृष्टि का अन्वेषण करें तो इस ग्रन्थ से अर्थ चित्र,

अलङ्कार है, जो व्यङ्ग्य न होने पर भी चमत्कारी है वह अर्थ चित्र हैं यह पाते हैं, व्यङ्ग्यता प्रयुक्त चमत्कार से भिन्न चमत्कार के जनक का नाम अलङ्कार हैं ऐसा निष्कर्ष आया। रस और गुण व्यङ्ग्य ही होकर चमत्कारी हैं इसलिये उनकी व्यावृत्ति हो जायेगी, शब्द चित्र चमत्कारी नहीं है, रीतियों की व्यावृत्ति के लिये कोई विशेषण देना चाहिये, वे श्रवण मात्र से चमत्कारी हैं, व्यङ्ग्य नहीं होते चमत्कारी हैं और व्यन्जक होती हैं, रीति भिन्न कहें, या श्रव्यताप्रयुक्त चमत्कार से भिन्न ऐसा चमत्कार में विशेषण दें, अथवा उनमें साक्षात् चमत्कारित्व न मानकर चमत्कार व्यवहार का उपपादक गुण की अभिव्यक्ति द्वारा माने। वाच्य-वस्तु भी चमत्कारी मिलता है किन्तु उसका उपस्कारक कोई व्यङ्ग्य रहता है तभी, अतः उसमें चमत्कार व्यङ्ग्यता प्रयुक्त हो जायेगा, इसको उनका सम्मत अलङ्कार का सामान्य लक्षण मानने पर पहले प्रदर्शित सादृश्यमूलकत्व को वहुविध अलङ्कार व्यापित्व में तात्पर्य मानकर ग्रन्थ समन्वय किया जायेगा, इसका विशेष ग्रन्थ समाप्ति न होने से संदिग्ध ही है।

इस समय तो अलङ्कारों का विकास क्रम का अनुसन्धान होता है, उनका वर्गीकरण चलता है, सादृश्य मूलक, अतिशय-मूलक, विरोध मूलक, श्रृङ्खला मूलक, लोकन्याय मूलक इत्यादि सात तक भेद करते हैं, वर्गीकरण में अपनी बुद्धि और वासना का उपयोग होने से कम बेश होना स्वाभाविक है, इस प्रकार सादृश्य या अतिशय को सभी अलङ्कारों में व्याप्त कैसे कहा जा सकता है।

विशेष के प्रसङ्ग में काव्यप्रकाशकार 'सभी जगह ऐसे विषय में अतिशयोक्ति प्राणरूप से रहती है. उसके विना प्रायः अलङ्कारत्व नहीं होता' आवेश के साथ कहते हैं किन्तु प्रायः शब्द देकर निर्णय प्रपञ्च से अलग रह जाते हैं।

अलङ्कारान्तराणामप्येकमाहुः परायणम्।
वागीशसहितामुक्तिमिमामतिशयाह्वयाम्॥

इस अतिशयोक्ति को दूसरे अलङ्कारों की परम एक गति कहते हैं। यह अर्थ हुआ। यह दण्डी का दण्डा भी निर्वचन न होने से कार्यकारी नहीं होता।

७

तो भी विद्यारसिकों को इतने से सन्तोष नहीं करना है, सभी अलङ्कारों में अतिशय या सादृश्य है या नहीं ? इसको सोचना चाहिये, सादृश्य व्याप्त है या अतिशय व्याप्त है ?, यदि दोनों का अंश मिलता है तो उस पर भी सोचना है कि दोनों में किसका कौन मूल है ?, वर्गीकरण से घबड़ाना नहीं चाहिये, प्रायः सभी जगह कुछ आरोप और आरोप का कारण किसी प्रकार का सादृश्य और सादृश्य का भी निष्पादक कुछ आरोप मिलता है, कुछ थोड़ा यह मेरे 'अलङ्कारिकाणां प्रस्थानभेदाः' निबन्ध में मिलेगा।

उसके बाद काव्य शोभा के कर्ता गुण हैं, और उस शोभा के कारण अलङ्कार हैं ऐसे वामन के वचन का विवरण करें तो उस शोभा से कौन शोभा लेते हैं ? गुण से हुई शोभा को लेने पर नीचे लिखे काव्यप्रकाश ग्रन्थ से ही अव्याप्ति दी गई है, स्वर्गप्राप्तिः इत्यादि काव्य में प्रकृत रस के अनुकूल गुण नहीं हैं इसलिये वहाँ गुणकृत शोभा नहीं है, तो भी विशेष और व्यतिरेक अलङ्कार काव्यता का निर्वाह करते हैं,

स्वर्गप्राप्तिरनेनैव देहेन वरवर्णिनी।
अस्या रदनच्छदो न्यक्करोतितरां सुधाम् ॥

यह श्रेष्ठ नायिका इसी शरीर से स्वर्गप्राप्ति है, इसका अधरबिम्ब सुधा को तिरस्कृत करता हैं, अर्थ, रस और रीति में अतिव्याप्ति भी है, रीति संघटनात्मिका हैं। रीति कोई शोभा को नहीं करती ऐसा कहना ठीक नहीं, शरीर का अच्छा संघटन शरीर शोभा को करने वाला समझा जाता है, तो भी रीतियाँ गुण की अभिव्यक्ति द्वारा शोभा सम्पादक हैं, गुणकृत शोभा बढ़ाने वाली नहीं हैं, तो भी रस में अतिव्याप्ति रहेगी ही, जैसे जीवन से शरीर की शोभा वैसे रस से काव्य की शोभा होती है, दूसरे पक्ष में काव्य शोभा कर्ता गुण में अतिव्याप्ति होगी, ऐसा कहें कि गुण को धर्म कहा गया है, लोक में अङ्गद आदि भूषण शरीर के धर्म नहीं होते शूरत्व आदि धर्म होते हैं, इसलिये धर्म भिन्न कहने से अतिव्याप्ति नहीं होगी, यह भी ठीक नहीं है, सामान्य रूप से धर्म पद का अर्थ रहने वाला है, वह गुण और अलङ्कार के लिये बराबर है, विशेष निर्वचन के विना किसी काम का नहीं है, लोक में शूरत्व आदि धर्म समवाय सम्बन्ध से अथवा अवच्छेदकता सम्बन्ध से रहते हैं, अङ्गद आदि भूषण

संयोग सम्बन्ध से रहते हैं, वैसी व्यवस्था काव्यमार्ग में नहीं होती, अनुप्रास उपमा आदि का शब्दार्थ शरीर के साथ संयोग नहीं हो सकता। तार्किक सम्मत समवाय के सम्बन्धी नियत हैं, समवाय को सभी जगह सम्बन्ध नहीं बनाया जा सकता, गुण के विना काव्य नहीं होगा, अलङ्कार के विना तो काव्य हो सकता है, काव्य का असाधारण धर्म गुण है काव्यत्व का व्यापक है, इस वासना से काव्यत्व के व्यापक धर्म से भिन्न विशेषण देकर गुण की व्यावृत्ति करें सो भी ठीक नहीं है, काव्य-प्रकाश-कार ही गुणविहीन काव्य को कहे हैं इसलिये वह दोष रह जायेगा, शूरत्व आदि के ऐसा गुण अयुत सिद्ध है, अङ्गद आदि के ऐसा अलङ्कार युतसिद्ध हैं ऐसी किसी की व्यवस्था ठीक नहीं है, अङ्गद आदि भूषण शरीर को छोड़कर पेटी में अपना स्वरूप रख पाते हैं, किन्तु अनुप्रास और उपमा आदि शब्दार्थ शरीर को छोड़कर कहाँ दीख पड़ते हैं ?।

इसी प्रकार 'उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचिद्', "जो काव्य में विद्यमान प्रधान रस आदि अङ्गी का शब्द और अर्थ रूप अङ्ग की शोभा द्वारा उपकार करते हैं," यह काव्य-प्रकाश का लक्षण देखें, इसमें जातुचित् शब्द से गुण की व्यावृत्ति की जाती है, क्योंकि गुण हमेशा रस आदि का उपकारी है, अलङ्कार तो सभी जगह रस का पोषक नहीं होते। यह भी ठीक नहीं है, वास्तव में ग्रन्थकार के मत में गुण की व्यावृत्ति नहीं हो पाती। जैसे कि कैसा नियम बनायेगें ?, १. जहां रस है वहाँ गुण भी है, २. जहाँ गुण है वहाँ रस भी, ३. जहाँ रस है वहाँ वह गुण से पोषित ही है, ४. जहाँ गुण है वहाँ गुण रस को पुष्ट करता ही है, ये चारों प्रकार के नियम नहीं हो सकते, स्वर्ग प्राप्ति इत्यादि लिखित पद्य में प्रथम और तृतीय का व्यभिचार है। 'अद्रावत्र प्रज्वलत्यग्निरुच्चैः प्राज्यः प्रोद्यन्नुल्लसत्येष धूमः', "इस पर्वत पर आग जल रही है, ऊँचा उठता हुआ बड़ा यह धूम मालूम पड़ता है।" यहाँ गुण रहने पर भी रस नहीं है, दूसरे और चौथे नियम का व्यभिचार है, रस विशेषों के लिये गुण विशेष का उपदेश है, ऐसे अलङ्कारों का उपदेश नहीं है, इस प्रकार किसी का विवरण भी सन्तोष नहीं देता, रीतियां रस विशेष के अधीन की गई हैं, रस विशेष अलङ्कार विशेष से नियन्त्रित न होने पर भी शब्दार्थ विशेष से नियन्त्रित है, उन

शब्दार्थ विशेष के अधीन किसी अलङ्कारों का भी संभव है, रस के अनुपयोगी अलङ्कार उदाहरणों में दिखाये गये हैं तो रस के अनुपयोगी गुण भी उदाहरणों में दिखाये गये हैं, अलङ्कारों का रस में उपयोग न माने तो किसकी व्यावृत्ति के लिये इस लक्षण में उपकुर्वन्ति इसका निवेश है ?, अङ्ग शोभा को करने वाला मात्र लक्षण क्यों नहीं पर्याप्त है ? ।

दूसरा २ प्रकाशन ४३ अङ्क माद्रकृष्ण दशमी संवत् २०१४

वामन मत का खण्डन भी काव्य प्रकाशकार का ठीक नहीं वैठता, जैसे कि स्वर्गप्राप्तिः इत्यादि में गुण नहीं होने से जो अव्याप्ति वामन मत में दी गई है वह अपने मत में कैसे संघटित होती है ?, रस होने से काव्य मानने पर रस का नियत गुण भी रह जायेगा अव्याप्ति कैसे होगी ?, ओज गुण से आपका समन्वय होगा तो वामन मत में भी होगा, प्रकृत रस के अनुकूल गुण न होना दोनो मत में वरावर है, प्रकृत रस के अनुकूल गुण यदि नहीं है तो गुण ही उनके मत में नहीं होता, क्योंकि रस का उत्कर्षक गुण होता है, यहाँ रस का उत्कर्षकत्वाभाव व्यापक का विरोध है, प्रसाद गुण तो ओज से अनुविद्ध होने से काम के लायक प्रकृत में नहीं रहा। वामन की कारिका के तत् शब्द से गुणकृत शोभा को ही पकड़ने में कोई बल वाली युक्ति न रहने से काव्य-प्रकाश का खण्डन कुठार ही कुण्ठित होता है, ऐसे ही अनियम पद से युक्त टीकाकारों का लक्षण भी खण्डित समझना चाहिये। रस में वृत्ति न होना ऐसा विशेषण देने से गुण की व्यावृत्ति होगी, शौर्य जैसे आत्मा में रहता है वैसे गुण भी रस में रहते हैं, अलङ्कार तो कटक कुण्डल आदि के ऐसा शब्दार्थ शरीर में रहते हैं, इत्यादि अभ्युपगमवाद है। युक्तियों को नहीं सहता, यद्यपि गुण रसवृत्ति है या नहीं ? यह विवेचन दूसरे निवन्ध के लायक है तो भी थोड़ा यहाँ प्रस्तुत करता हूँ।

स्थायिभाव से उपहित चैतन्य अथवा चैतन्य के उपधायक स्थायिभाव रस हैं ऐसा विशेष रूप से आलङ्कारिकों को सरणि है, प्रथम पक्ष में रस निर्गुण हैं उनमें गुणों का रहना संभव नहीं है, अद्वैत दर्शन वाले व्यवहार दशा में आत्मा में गुण मानते हैं ऐसा वेदान्त रहस्य के अनभिज्ञों का भ्रम है, वे किसी भी दशा में आत्मा

में गुण नहीं मानते, व्यवहार दशा में अध्यास के कारण व्यवहार मात्र मानते हैं विशिष्टाद्वैतियों के यहाँ ज्ञानस्वरूप आत्मा में प्रकाश या प्रभा नाम का गुण मानते हैं, ऐसे गुण आत्मा में संभव नहीं होते, नैयायिकों की आत्मा में परिगणित कुछ गुण रहते हैं, माधुर्य आदि गुणों का वहाँ संभव नहीं, उनके यहाँ ज्ञान स्वरूप आत्मा भी नहीं है, दूसरे पक्ष में स्थायिभाव चित्त वृत्ति रूप है, और माधुर्य आदि चित्तवृत्ति के कारण हैं, इसलिये स्थायिभाव में माधुर्य आदि गुण नहीं रह सकते, 'दीप्त्यात्म विस्तृतेः' इत्यादि से काव्य-प्रकाश में भी वृत्तिहेतुता स्वीकृत है। पण्डितराज जगन्नाथ तो वृत्ति गुण है, गुण में गुण नहीं रहता इसलिये गुणों को रस वृत्ति नहीं मानना चाहिये, और क्या कहें ?, अनेक आलङ्कारिक गुणों को रसवृत्ति मानकर भी ऐसे गुण का लक्षण करते हैं जिससे शब्द अर्थ में गुणों का रहना स्फुट होता है, इससे भामह ने ठीक कहा है कि यह गुण और अलङ्कार का विवेक गड्डलिया प्रवाह है।

तमर्थमवलम्बन्ते येऽङ्गिनं ते गुणाः स्मृताः।
अङ्गाश्रितास्त्वलङ्कारा मन्तव्याः कटकादिवत् ॥

"जो उस अङ्गी वस्तु का अवलम्ब करें वे गुण कहे गये हैं, कटक आदि के ऐसा अलङ्कार तो अङ्ग शब्दार्थ में रहने वाले हैं," 'ऐसा ध्वन्यालोक में काव्य-प्रकाश के ऐसा ही मालूम पड़ता है, तौभी उनका वैसा अभिनिवेश नहीं मालूम पड़ता, कहीं-कहीं गुणों के शब्दार्थवृत्तित्व का व्यवहार करते हैं, जैसे कि—'परं शृङ्गार एव परः प्रह्लादनो रसः', इस वृत्ति में 'प्रह्लादन का हेतु होने से' ऐसा विवरण किया गया है, प्रह्लादन स्वरूप रस में प्रह्लादन का हेतु नहीं रह सकता, इससे रस में अवृत्ति गुण की सूचना मिलती है, फिर 'श्रव्यत्वमोजसोऽपि साधारणम्' इस ग्रन्थ से शब्द वृत्ति ओजोगुण कहा गया, शब्द में रहे विना श्रव्य नहीं हो सकता, 'वाच्य वाचक मात्राश्रयिणि' इत्यादि प्रथम उद्योत के शब्द से भी सूचित ही है, आगे भी विचार परम्परा में संघटनावृत्ति भी कह चुके हैं।

इत्यादौ विशेषोक्तिव्यतिरेकौ गुणनिरपेक्षौ काव्यव्यवहारस्य प्रवर्तकौ' इति काव्यप्रकाशवचसा खण्डनम्, तेन काव्यशोभाया जनकावपि विशेषोक्तिव्यतिरेकौ न गुणकृतशोभाया जनकाविति सूचनात् । तत्र काव्यप्रकाशकृता अन्यप्रकारेण खण्ड्यते मया त्वन्यथेति त्वन्यत् । रसरीत्योरतिव्यापनाच्च, न च संघटनात्मिकाया रीतेर्न पृथक्-शोभाधायकत्वमिति वाच्यम् समीचीनशरीरावयवसन्निवेशेन शरीरशोभासम्पादनस्य प्रसिद्धत्वात् । तथापि शोभासम्पत्तयो रीतयो गुणान् अभिव्यञ्जयन्त्य एव शोभासम्पादिका न गुणकृतशोभा अतिशाययन्तीति कथञ्चिदुच्यते तथापि रसातिव्याप्तिस्तदवस्थैव, रसेन जीवनेन सर्वविधशोभातिशयस्य सर्वैरङ्गीकारात्, वामनमते काव्यस्य रसात्मकत्वासंभवेऽपि रसपदार्थस्यावश्यमङ्गीकारात्, अलंकारमध्येऽपठनाद् रसस्यालंकारत्वास्वीकारात् । द्वितीये तु गुणेऽतिव्याप्त्या गुणविवेकस्यासंभवात्, ननु च धर्मा गुणा इत्युक्तमेव, न हि अङ्गदादयः शरीरधर्मा भवन्तीति चेन्न सामान्यतो धर्मशब्दस्य वृत्तिमति प्रसिद्धत्वात्, विशेषनिर्वचनमन्तरा धर्मशब्दस्याकिञ्चित्करत्वात् अलंकाराः संयोगेन गुणाश्च समवायेन, गुणा अयुतसिद्धवृत्तयो नालंकाराः इत्यादि केषाञ्चिद् व्यवस्थापनमव्यवस्थितमेव, न्यायदर्शनस्य प्रसिद्धा एते शब्दाः परिभाषितनियतार्थका न शब्दार्थशरीरान्तर्वर्तिनो गुणान् अलंकारांश्च स्पृशन्ति । नापि गुणैर्विना काव्यं न संभवति अलंकारं विना तु न तादृगिति वासनया काव्यस्यासाधारणो धर्मो गुणः काव्यत्वव्यापकत्वं गुणस्य विवक्षितम्, प्रकृतार्थोपयोगिगुणाभावेऽपि स्वर्गप्राप्तिरित्यादौ काव्यत्वस्य पूर्वमुक्तत्वात् ।

'एवमुपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचिद्' इति काव्यप्रकाशस्थजातुचित्पदेन गुणव्यावृत्तेरसिद्धिः 'अद्रावत्र प्रज्वलत्यग्निरुच्चैः, 'प्राज्यः प्रोद्यन्नुल्लसत्येष धूमः' इत्यादौ गुणेषु सत्स्वपि काव्यव्यवहारस्यानिष्टत्वात् गुणविशेषा रसविशेषेषूपदिष्टा न तथाऽलंकारा इति कस्यचिद् विवरणमपि न विनोदावहम् रीतेरसविशेषायत्तत्वात्, रसानुपयोगिनोऽलंकाराः काव्यप्रकाशकृता समुदाहृता इति चेत्तादृशा गुणा अपि प्रदर्शिताः, रसानुपस्कारकत्वस्यालंकृतिषु स्वीकृतौ कस्य व्यावृत्तये 'उपकुर्वन्ति' इत्यादिविशेषणम् ? अङ्गशोभाकारित्वमात्रं कथन्न पर्याप्तमासीत् ? इति त्वन्यदेव ।

तथैव साहित्यदर्पणस्य तट्टीकायाश्च लक्षणम्—

शब्दार्थयोरस्थिरा ये धर्माः शोभातिशायिनः ।

रसादीनुपकुर्वन्तोऽलङ्कारास्तेऽङ्गदादिवत् ।। साक्षात्परम्परया वा रसाद्युत्कर्षजनकत्वे सति अनियतशोभातिशायिकाव्यधर्मत्वमित्यादि विवेचितमवसेयम् पूर्ववदेव गुणाद्यव्यावृत्तत्वात् ।

इदानीमवच्छेदकताद्वयाडम्बरादेव आलंकारिकंमन्यान् भापयमानानां श्रीवैद्यनाथसूरीणां लक्षणमपि आलोचनीयम् ।

तथाहि तद्ग्रन्थः—अलङ्कारत्वञ्च रसादिभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वे सति शब्दार्थान्यतरनिष्ठा या विषयितासम्बन्धावच्छिन्नचमत्कृतिजनकतावच्छेदकता तदवच्छेदकत्वम्, अनुप्रासादिविशिष्टशब्दज्ञानाद् उपमादिविशिष्टार्थज्ञानाच्च चमत्कारोदयात् तेषु लक्षणसमन्वयः, शब्दार्थयोर्ज्ञाननिष्ठचमत्कृतिजनकताया विषयतयाऽवच्छेदकत्वेन तद्विशेषणीभूतानुप्रासोपमादेस्तन्निष्ठावच्छेदकतावच्छेदकत्वात्, रसवदाद्यलङ्कारसंग्रहाय व्यङ्ग्योपमादिवारणाय च भेदद्वयगर्भसत्यन्तोपादानम् । इति ।

द्विविधो हि क्रमो व्यङ्ग्यालंकारविषये आलंकारिकसम्प्रदायसिद्धः, एकोऽलंकारध्वनिपरो व्यङ्ग्यालंकारस्य गुणीभूतता, तत्र प्रथमे प्रधानतयोपस्कारकत्वघटितस्यालंकरणत्वस्य उपस्कार्यस्याभावादसंभवेन ब्राह्मणश्रमणन्यायेनालंकारत्वव्यपदेशः, द्वितीयायां हि वाच्यस्य व्यङ्ग्यान्तरस्य वोपस्कार्यस्य सत्त्वाद् वस्तुतोऽलंकारत्वव्यपदेशः, तत्र व्यङ्ग्यतायाः सत्त्वाद् रसादिभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वं नास्तीत्यव्याप्तिः यथा काव्यप्रकाशे—

जनस्थाने भ्रान्तं कनकमृगतृष्णान्धितधिया
वचो वैदेहीति प्रतिपदमुदश्रु प्रलपितम् ।।
कृता लङ्काभर्तुर्वदनपरिपाटीषु घटना
मयाप्तं रामत्वं कुशलवसुता न त्वधिगता ।।

शक्तिमूलानुरणनरूपो रामेण सहोपमानोपमेयभावो वाच्याङ्गतां नीतः। चित्रमीमांसायामुपमाप्रकरणान्ते 'अलंकारोपमाध्वनिर्यथा—

यैर्दृष्टोऽसि चिरं ललाटपतितप्रासप्रहारो युधि
स्गीतासृक्स्रुतिपाटलीकृतपुरोभागः परान् दारयन्।
येषां दुःसहकामदेहदहनप्रोद्भूतदेहानल-
ज्वालालीभरभासुरे पुररिपावस्तं गतं कौतुकम्॥

अत्रान्यतकार्यं प्रकुर्वतोऽशक्यान्यवस्तुकरणात्मको विशेषालंकारः, उक्त-रूपं त्वां पश्यतो यथोक्तविशेषणविशिष्टपुररिपुदर्शनमासीदिति निबन्धनात् करणस्य क्रियासामान्यात्मनो दर्शनेऽपि सद्भावाद् यद्यप्ययमर्थो न वाच्यस्तथापि तस्मिन् कौतुकास्तमयवर्णनाद् व्यङ्ग्यः, तेन तदा त्वं तथाभूतः पुररिपुरिव स्थितोऽसीत्युपमा व्यज्यते।

प्राचीनैर्यद्यपि क्वचिद् गुणीभूतस्यापि ध्वनित्वमङ्गीकृतं तथापि व्यङ्ग्यान्तरापेक्षया यत्र प्रधानता वर्तते तत्रैव, यत्र तु वाच्यार्थगुणीभूतत्वं तत्रालंकारत्वन्तु तेषामपि सम्मतम्, रसगंगाधरकृतस्तु दीक्षितोक्ताव्यंङ्ग्यत्वविशेषणं खण्डयन्तो व्यङ्ग्योपमालंकारस्योदाहरणमप्यदुः।

किञ्च विशिष्टदलीयाऽवच्छेदकता शब्दार्थयोर्विशेषणीभूते तद्धर्मे प्रयाति, तदाऽसाधारणे शब्दधर्मेऽर्थधर्मे च कथं न प्रायात् ?' उपस्कारकत्वं विशेषणत्वञ्च अर्थान्तरम्, तेन वाच्यार्थस्योपस्कारके वाच्यार्थापेक्षया प्रधाने व्यङ्ग्येऽव्याप्तिः, रीतीनां शब्दगुणानामर्थगुणानाञ्च शब्दार्थविशेषणतयैव चमत्कारितया तत्र द्वितीयावच्छेदकता कथन्न प्रसरेत् ? शब्दालंकाराणाम् अर्थालंकाराणाञ्च शब्दार्थयोर्भिन्नसम्बन्धेन वृत्तितया अनुगतस्य एकस्य सम्बन्धस्य निवेशासंभवात् सम्बन्धान्तरेण शब्दार्थवृत्तिधर्मेऽतिव्याप्तिः, अलंकारशब्दार्थयोर्विशेष्यविशेषणभावे विनिगमनाविरहेण गुरुधर्मावच्छिन्नकारणताद्वयपरिहाराय अलंकारज्ञानं शब्दार्थज्ञानञ्च स्वतंत्रमेव कारणमिति यदा कल्प्यते तदा प्राण एवापसरत्यस्य लक्षणस्येति गुणालंकारविवेकप्रकारो गड्डुलिकाप्रवाह एवं इति भामहभणितिः सारवती।

(२) द्वितीये तु इत्थं वक्तुं शक्यते न भामहस्य गुणालंकारविवेकासंभवेऽभिनिवेशः, किन्तु गुणालंकारविवेको न कविकर्म, तटस्थस्य आलोचकस्य तु स्यात्। किमपि अलौकिकं वस्तु भावयित्वैव सत्कविः शब्दार्थरचनायां प्रवर्तते, तदेव वाक्यरूपं काव्यं रचितमलंकृतं सुन्दरञ्च जायते, स्वभावोक्तिर्नाङ्गी-

क्रियते, गौश्चलतीति वाक्यव्यावृत्तं सहृदयवेद्यं किमप्यलौकिकं वस्तु तत्रापि वर्तत इति वा कल्प्यताम् ।

वामनवचसस्तु इदमभिप्रेतम्-भूषयति श्रुतं वपुरित्यादिरीत्या आत्मन उत्कर्षसाधका अपि गुणालंकाराः काव्यं शोभयन्त्येव, तत्र गुणेन या काव्यशोभा तदपेक्षया स्वरूपेण संख्यया वोत्कृष्टा शोभा अलंकारैः सम्पाद्यते, तथा च गुणप्रयोज्या या काव्यशोभा तदुत्कृष्टशोभाप्रयोजकत्वमलकारत्वम् इति लक्षणम् । स्वर्गप्राप्तिरित्यादौ ओजसाऽनुविद्धोऽपि प्रसादोऽल्पीयसीं काव्यशोभां सृजत्येव । ताञ्चालंकारावुत्कर्षतः रीतयस्तु गुणप्रयोज्यकाव्यशोभाविलक्षणशोभां नार्जयन्तीति नातिव्यापनीयाः । अङ्गिनि रसादावपि नातिप्रसक्तिः । यतो हि शरीरशोभा सजीवत्वञ्च अर्थान्तरम्, सजीवत्वसम्पादकाश्च न शोभाधायकाः, शोभाधायकत्वे तु अलंकारत्वमेव नाङ्गित्वमिति विवेकः, रीतिस्तु तत्र मते काव्यात्मा, यदि संजीवत्वाधायिका अपि शोभाधायिका इत्यनुभवस्तदा-अङ्गिभिन्नत्वेनापि विशेषणीयं लक्षणम्, व्यङ्ग्यालंकारविषये वामनस्याभिप्रायोऽन्वेषणमपेक्षते, नैतावति लघौ निबन्धे तत्स्थानमर्हति, रसवदाद्यलंकारस्य व्यङ्ग्योपस्कारकस्य चालंकारस्य संग्राह्यत्वे अनुपस्कारकस्य व्यङ्ग्यालंकारस्य व्यावर्तनीयत्वे च 'रसभिन्नं यद् व्यङ्ग्यतावृत्ति तद्भिन्नत्वं देयम्', व्यङ्ग्यतादशायामेव यच्छोभाधायकम्, स्वनिष्ठशोभाधायकताव्याप्यतासम्बन्धेन व्यङ्ग्यतावृत्तित्वं बोध्यम्, अन्यानि वस्तूनि व्यङ्ग्यतादशायामेव काव्यशोभाधायकानि, अलंकारास्तु वाच्यतादशायामपीति धियेदं विशेषणम् । रीतिव्यावर्तनाय गुणप्रयोज्येत्यादि विशेषणमपि सार्थकम्, न च काव्यशोभाया अलंकारोत्कृष्टायां अपि धर्तुं शक्यतया तदतिशायकत्वाभावादलंकारेष्वव्याप्तिरिति वाच्यम् तदनुत्कृष्टशोभामादायैव लक्षणसमन्वयात्, अथवा स्वपदेन अलंकारान् प्रवेश्य स्वप्रयोज्यत्वाभावविशिष्टा काव्यशोभा निवेश्या, शोभा चमत्कृतिश्च अर्थान्तरम्, शोभा हि मानसचमत्कृतिजनिका शब्दार्थवृत्तिः, तथा च स्वरूपतोऽप्यलंकाराः काव्यशोभाधायका न ज्ञायमाना एव, चमत्कृतावेव स्वज्ञानमपेक्षते, अतोऽत्र विषयितासम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वादीनां निवेशस्य नावश्यकता ।

एवमेव काव्यप्रकाशलक्षणस्यापि व्याख्या कार्या, गुणस्यापि व्याख्या कार्या, गुणस्यापि काव्यशोभाधायकत्वमिष्टम्, तथा च अङ्गिनोऽङ्गशोभाधायकत्वे सति कदाचित् स्वप्रयोज्याङ्गशोभाप्रयोज्याङ्गि प्रत्युपकारकत्वाभावो लक्षणम्, अथवा तं सन्तमित्यादिस्वारस्येन, रसादिरूपाङ्गिविशिष्टत्वमलंकारत्वम्, वैशिष्ट्यन्तु

स्वप्रयोजकाङ्गशोभानिष्ठजन्यतानिरूपितजनकतानिरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकतावच्छेदकधर्मत्वम्, स्ववृत्तिकाव्यशोभाधायकतावच्छेदकधर्मावच्छिन्नविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकतानिरूपितजनकतानिरूपितजन्यतावच्छोभाप्रयोज्योपकार्यत्वाभाववत्त्वसम्बन्धावच्छिन्नस्ववृत्तित्वम् इत्युभाभ्यां सम्बन्धाभ्याम्, रीतिगुणयोरुक्तसंबन्धाभावान्नातिव्याप्तिः, अङ्गिनोऽनुपकारिष्वपि अलंकारेषु तादृशजनकतावच्छेदकतावच्छेदकोपमात्वादिकमादाय लक्षणसमन्वयः, येन कदाप्युपकारिता नासादिता तस्यालंकारत्वे मानाभावः, रसभावादि विनाऽपि व्यङ्ग्यवस्तुनः प्राधान्ये व्यङ्ग्यस्य वाच्योपस्कारकत्वे सर्वथा व्यङ्ग्यस्पर्शशून्यत्वे वा काव्यत्वाङ्गीकरणेऽपीदं लक्षणं समन्वेति, यदाकदाचित् कुत्रचित् प्रबन्धे तत्तदलंकारोपकृतिमद्रसादिध्वनिमादायैव सर्वालंकारेषु लक्षणसमन्वयात् ।

यत्र वीरादौ रसे माधुर्यादेः शृङ्गारादौ चौजसो विपरीतगुणस्य निवेशस्तत्रापकृष्टतया रसादिरूपाङ्गित्वमेव नाङ्गीक्रियते, अथवा रसापकर्षकतया दोषतया गुणत्वमेव नेति न गुणेऽतिव्याप्तिः, यदि च न नियतशास्त्राश्रयणमेव कवीनाम् तेन स्फुटतरकारणान्तरकौशलेनानुगुणस्य गुणस्याभावेऽपि तत्तद्रसपरिपोषसिद्धौ न नियतं रसेषु गुणालम्बितत्वं तदेव ध्वन्यालोके कविशक्तितिरोहितादित्यत्राभिहितं तथापि ये गुणास्तत्तद्रसानुगुणाः कविसमये सिद्धास्ते काव्ये निवेशितास्तदीयरससद्भावे रसादीनुपकुर्वन्त्येव, तथा चाङ्गिपदेन तेऽभिप्रेताः प्रकाशकृतां ये गुणैरुपस्कृता एव, तथा च गुणविशिष्टरसादिरूपाङ्गिविशिष्टत्वं परिष्कारः, स्वव्यङ्ग्यत्वस्वप्रकारककविसमयसिद्धिविशेष्यत्वाभ्याम्, प्रथमं वैशिष्ट्यम् द्वितीयन्तु पूर्ववदेव ।

श्रीवैद्यनाथसूरिलक्षणे रसभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वे सतीत्यस्य स्थाने बहुसम्मतमुपस्कारकत्वनिवेशनमेव पूर्वोक्तदूषणशोषणाय समीचीनम्, उपस्कारकत्वञ्च काव्यतात्पर्यविषयीभूतार्थनिष्ठमुख्यप्रधानतानिरूपिताप्रधानत्वम्, अतो नालङ्कारसमशीलमादाय आत्माश्रयादिदोषोद्भावनम् ।

रीतिगुणयोरतिव्याप्तिवारणाय स्वतादात्म्यस्वव्यङ्ग्यत्वान्यतरसम्बन्धेन रीतिविशिष्टभिन्नत्वं देयम्, अलंकारनिष्ठावच्छेदकता च शोभाधायकतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना ग्राह्या, अर्थाद् येन सम्बन्धेन काव्ये वर्तमाना अलंकाराः काव्यशोभां विदधति, शब्दार्थप्रधानीभूतालंकारभावना यत्र चमत्कृतिं जनयति तदर्थम् अन्यतरत्वघटकतया शब्दार्थनिष्ठावच्छेदकतया परम्परया निरूपिता या भावनानिष्ठचमत्कृतिजनकता तन्निरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नाच्छेदकत्वं निवेश्यम्, तथा चोपस्कारकत्वे सति रीतिविशिष्टभिन्नत्वे सति शब्दार्थान्यतर-

विशिष्टत्वम् अलंकारत्वं फलितम्, द्वितीयवैशिष्ट्यं स्वनिष्ठा या विषयित्व-सम्बन्धावच्छिन्ना चमत्कृतिजनकतावच्छेदकता तन्निरूपिता शाभाधायकता-वच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना अवच्छेदकता तद्वत्त्वम्, स्वनिष्ठावच्छेदकतया निरूपिता या भावनानिष्ठा चमत्कृतिजनकता तन्निरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेदकत्वम् एतदन्यतरसम्बन्धेन। स्वतन्त्रकार्यकारणभावपक्षे तु सहकारिता-घटितं लक्षणं विधेयम्, शब्दार्थभावनासहकृतमलंकारज्ञानं चमत्कृतिं जनयतीत्यभिप्रायात्, तथा च उपस्कारकत्वे सति रीतिविशिष्टभिन्नत्वे सति शब्दार्थ-भावनासहकारितानिरूपितविषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नावच्छेकता, फलिता, शब्दार्थभावनाया असमवधानेऽलंकारभावना चमत्कारं न प्रसूते इति सहकारितापदाभिप्रेतम् सव्यभिचारगदाधरीतट्टोकास्थसहकारित्वं विस्तरभयान्न परिष्क्रियते।

अन्येषामुपपादनं विशेषतस्तु अन्येषामुपरि उपढौकयन् संक्षेपेण किञ्चित्सूचयित्वा समापयामि।

(३) संभवति किञ्चिन्मूलबीजमलंकाराणां विशेषतोऽन्वेषणे, तच्च अतिशयत्वं सादृश्यं वा भवेत्।

(४) विरोधादिमूलेषु कुत्रचिदारोप आयाति, स्फुटविरोधादिकमादाय वर्गीकरणम्।

(५-६) पञ्चमषष्ठयोः सूक्ष्मतया निर्णयः कठिनः सर्वत्र कश्चिदारोपः, आरोपमूलान्वेषणे सादृश्यमपि मिलति, सादृश्यसम्पादने च आरोपोऽपि स्थानं लभते।

अन्यच्च किञ्चिद्विशेषतो विवेचनं मम 'अलंकार सामान्यलक्षणविचारः' इति निबन्धे प्राप्स्यते, स च अयोध्यास्थे संस्कृतं पत्रे साप्ताहिके २०१४ वैक्रमाब्दभाद्रकृष्णतृतीयाप्रभृतिषु ४२-४३-४४-४५ अंकेषु प्रकाशितो वर्तते।

●

चित्रमीमांसा का अर्थचित्र

संस्कृत में 'चित्रमीमांसाया अर्थचित्रम्' निवन्ध लिखा गया था, तथा १९६३ ई० फरवरी में गुजरात वड़ौदा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में पढ़ा गया था उनको दिया गया था, कहीं प्रकाशित नहीं मालूम पड़ता है, किन्तु इसके कुछ अंश 'आलङ्कारिकाणां प्रस्थानभेदाः' तथा 'अलङ्कारसामान्यलक्षणम्' में आया है। पीछे स्वरमङ्गला में छपा संस्कृत में है।

चित्रमीमांसा में ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य के निरूपण के बाद जो व्यङ्ग्य नहीं होता हुआ भी सुन्दर है यह चित्र है ऐसा तृतीय काव्य का लक्षण किया गया; तथा उदाहरण दिया गया, उसके बाद १ शब्दचित्र २ अर्थचित्र और ३ उभयचित्र ऐसा विभाग किया गया, उसमें शब्दचित्र को नीरस कहकर निरूपण के योग्य नहीं बताकर बचे हुए दोनों को अर्थचित्र मानकर उसका लक्षण करने की इच्छा वाले अप्पय्य दीक्षित अलङ्कारों का निरूपण करते हैं, उससे अर्थचित्रत्व सभी अलङ्कारों में व्याप्त धर्म मानते हैं ऐसा मालूम पड़ता है, उस में अर्थचित्रत्व क्या है ? ऐसा विचार आ पड़ा है, रस-अलङ्कार और दूसरी वस्तुओं में व्यङ्ग्यत्व प्रयुक्त चमत्कार नाम वाला चारुत्व है किन्तु अर्थचित्र स्वरूप अलङ्कारों में व्यङ्ग्यत्व प्रयुक्त चारुत्व से भिन्न विलक्षण चारुत्व है, उसके अनुसार व्यङ्ग्यत्व से होने वाले चारुत्व से भिन्न चारुत्व वाला अलङ्कार है ऐसा लक्षण हुआ, शब्दचित्र की यदि व्यावृत्ति करनी है तो व्यङ्ग्यत्व से होने वाले चारुत्व से भिन्न चारुत्व वाला अर्थ अलङ्कार है ऐसा लक्षण हुआ, इसके चारुत्व का परिचायक तथा गुण और रीति के चारुत्व का व्यावर्तक कोई रूप वर्णन कर सकते हैं या नहीं ?, जो रूप वर्णन किया जायेगा उसमें दीक्षित की सम्मति है या नहीं ?, इसकी खोज दृष्टि अपेक्षित है, उस पर कुछ दिशा प्रदर्शन करता हूं, अपनी रुचि के अनुसार अपनी अपनी पसन्दगी के मार्ग से आलोचना करनी चाहिये ।

(१) गुण और अलङ्कार का विवेक गड्डलिका प्रवाह है ऐसी भामह की भाषा के अनुसार इन दोनों का विवेक दीक्षित को भी पसन्द नहीं है, इसीलिये अलङ्कार सामान्य के लक्षण के विना ही चित्रमीमांसा या कुवलयानन्द में अलङ्कार विशेषों का लक्षण या उदाहरण देते हैं, चित्रमीमांसा में कहते हैं कि 'ध्वनि और गुणीभूत व्यङ्ग्य का प्रपञ्च मैंने दूसरी जगह किया है' 'अर्थचित्र की मीमांसा प्रसन्न और विस्तृत प्रस्तुत करता हूँ' इन दोनों वचनों से गुण और अलङ्कार के विवेक में उनका अभिनिवेश नहीं मालूम पड़ता, अन्यथा गुण से व्यावृत्त अलङ्कार सामान्य का लक्षण करते, कुवलयानन्द टीका में प्राप्त अलङ्कारसामान्य का लक्षण टीकाकार का है, उसमें दीक्षित का अभिप्राय नहीं कहा जा सकता, वैसे दूसरे

अलङ्कार सामान्य लक्षणों से भी गुण की व्यावृत्ति नहीं हो पाती, अलङ्कारसामान्य के लक्षण गुणों में अतिव्याप्त हो जाते हैं, वास्तव में गुण और अलङ्कारों का विवेक नहीं हो पाता इससे ही आलङ्कारिकों में 'गुण रस वृत्ति है, शब्दार्थ वृत्ति है' ऐसा विवाद चलता है।

(२) वामन आदि विद्वान् गुण और अलङ्कारों का विवेक करते ही हैं, दूसरों ने अलङ्कारसामान्य का लक्षण किया ही है, अथवा अलङ्कारसामान्य का लक्षण न भी हो, उपमा आदि को गिनाकर उनके अन्यतम को अलङ्कार कहेंगे, उसी से व्यवहार का उपपादन हो जायेगा, प्रामाणिक मम्मट आदि आचार्य गुण से व्यावृत्त अलङ्कार का लक्षण करते ही हैं, दोष आने पर विशेष विशेषणों से उसी का निर्दोष परिष्कार करना चाहिये, इसी से दीक्षित सामान्य लक्षण की उपेक्षापूर्वक विशेष लक्षणों का ही व्याख्यान करते हैं।

(३) अथवा अलङ्कारों का बीज सामान्य रूप से सादृश्य को दिखाने की इच्छा वाले दीक्षित—

उपमैषा शैलूषी सम्प्राप्ता चित्रभूमिकाभेदान्।
रञ्जयति काव्यरङ्गे नृत्यन्ती तद्विदां चेतः ॥

यह उपमा नटी चित्र अलङ्कारों के भूमिका विशेष को पाई हुई काव्य-रङ्ग मञ्च पर नाचती हुई उसके अभिज्ञ सहृदयों के हृदय को राग वाली करती है। इसको लिखकर उपमेय उपमा आदि कुछ अलङ्कारों में इसकी व्याप्ति दिखाकर तथा सभी का सादृश्य से अनुगम करके—

तदिदं चित्रं विश्वं ब्रह्मज्ञानादिवोपमाज्ञानात्।
ज्ञातं भवतीत्यादौ निरूप्यते निखिलभेदसहिता सा ॥

ब्रह्मज्ञान से जैसे सभी संसार का ज्ञान होता है वैसे ही उपमा ज्ञान से सभी चित्र अलङ्कारों का ज्ञान होता है, इत्यादि एक के ज्ञात होने से यह सब ज्ञात होता है इस श्रुति प्रतिपादित रीति से ब्रह्म रूप उपादान ज्ञान से प्रपञ्च ज्ञान के ऐसा सादृश्य रूप उपमा ज्ञान से सभी चित्र अलङ्कार विज्ञान की प्रतिज्ञा करते हैं, उस प्रकार जिस किसी रीति से सदृश वस्तु का संघटन सभी अलङ्कारों में व्याप्त है ऐसा

उनका अभिप्राय है, सादृश्य अलङ्कार सामान्य है, सादृश्य विशेष अलङ्कार विशेष हैं ऐसी सूचना देते हैं।

यद्यपि—**वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलंङ्कृतिः।**

अर्थ और शब्दों का वक्र कथन वाणियों का अलङ्कार है, ऐसा भामह कहते हैं, वक्रोक्ति काव्य का जीवन है इसमें अभिनिवेश वाले वक्रोक्ति सभी अलङ्कारों का मूल है इसको कहने वाली वक्रोक्ति जीवितम् पुस्तक में उदाहरण के साथ कुछ भेदों को दिखाकर एतत् शब्द सर्वनाम से शब्द और अर्थ का परामर्श करके—

उभावेतावलङ्कार्यौ तयोः पुनरलङ्कृतिः।
वक्रोक्तिरेव वैदग्ध्यभङ्गी भणितिरुच्यते।।

शब्द और अर्थ ये दोनों अलङ्कार्य हैं, इन दोनों का अलङ्कार वक्रोक्ति ही है, चतुराई से चमत्कारी कथन को वक्रोक्ति कहते हैं, ऐसा कहा गया है, अधिक लोग अतिशय वक्रता है ऐसा व्याख्यान करते हैं, आहार्य आरोप अतिशय है ऐसा वैद्यनाथ सूरि के निष्कर्ष से आता है।

विशेष के प्रसङ्ग में अतिशय प्राण है इसके समर्थन में काव्य प्रकाश आदि में—

सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयाऽर्थो विभाव्यते।
यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना।।

यही सभी जगह वक्रोक्ति है, इसी से अर्थ की भावना होती है। कवि को इसी में प्रयास करना चाहिये, इसके बिना अलङ्कार क्या है। इत्यादि भामह आदि की सम्मति दी गई है, और उस प्रकार शब्दार्थ रचना का प्रयोजक जो चमत्कार उसका जनक भावना उसका विषय अतिशय अलङ्कार है ऐसा मत आता है।

अलङ्कारान्तराणामप्येकमाहुः परायणम्।
वागीशमहितामुक्तिमिमामतिशयाह्वयाम्।।

इस अतिशय नाम वाली वागीश को भी खुश करने वाली इस वाणी को दूसरे अलङ्कारों का भी एक परमगति कहते हैं, ऐसा दण्डी का वचन भी इस के अनुकूल है, तो भी अतिशय की जगह सादृश्य को रखकर अलङ्कार का लक्षण किया

जायेगा, अथवा ग्रन्थों की एक वाक्यता के लिये वक्रता सादृश्य कह दिया जाय, अतिशय आरोप है, वह सदृश में दूसरे सदृश का प्रसिद्ध है, अतिशय का मूल भी सादृश्य हो जाता है, सादृश्य के अनुसार आरोप जागृत होता है, इस प्रकार सभी अलङ्कार का बीज सादृश्य है, ऐसा दीक्षित का अभिप्राय है।

(४) अथवा कितने कारणों को दिखाते हुए बहुत अलङ्कारों का वर्गीकरण पसन्द करते हैं, जैसे कि—

(१) सादृश्य मूल के भेद अभेद मुख्य वाले, अभेद मुख्य, गम्य औपम्य का आश्रय, सामान्य रूप से तीन भेद हैं,

(क) भेद अभेद—उपमा, उपमेय उपमा, अनन्वय, स्मृतिमान्।

(ख) अभेद मुख्य के आरोप मूल, अध्यवसाय मूल, दो भेद, आरोप मूल के—रूपक, परिणाम, सन्देह, भ्रान्तिमान्, उल्लेख, अपह्नुति। अध्यवसायमूलक के—आक्षेप, अतिशयोक्ति भेद हैं।

(ग) गम्य औपम्य आश्रय के—तुल्ययोगिता, दीपक, प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त, निदर्शना, व्यतिरेक, सहोक्ति, विनोक्ति, समासोक्ति, परिकर, श्लेष, अप्रस्तुत प्रशंसा, अर्थान्तरन्यास, पर्यायोक्ति, व्याज स्तुति, आक्षेप भेद हैं।

(२) विरोध मूलक के—विरोध, विभावना, विशेषोक्ति, अत्यन्त अतिशयोक्ति, असंगति, विषम, सम, विचित्र, अधिक, अन्योन्य, विशेष, व्याघात।

(३) शृङ्खला मूलक के—कारणमाला, एकावली, मालादीपक, उदार, सार, ये विशेष हैं।

(४) तर्कन्यायमूल के—काव्यलिङ्ग, अनुमान दो भेद।

(५) वाक्यन्याय मूल के—यथासंख्य, पर्याय, परिवृति, परिसंख्या, अर्थोक्ति, विकल्प, समुच्चय, समाधि भेद हैं,

(६) लोकन्यायमूल के—प्रत्यनीक, प्रतीप, मीलित, सामान्य, तद्गुण, अतद्गुण, उत्तर हैं।

(७) गूढ़ार्थ प्रतीति मूल के—सूक्ष्म, व्याजोक्ति, वक्रोक्ति, स्वभावोक्ति, भाविक, उदात्त, रसवत्, प्रेय, उर्जस्वी आदि, भावोदय, भावशान्ति, भावसंधि, भावशवलता, ये भेद होते हैं।

(८) संश्लेष मूल के—संकर, संसृष्टि। दो भेद होते हैं।

इसी प्रकार कोई अपनी-अपनी वासना के अनुसार तीन या चार ही प्रकार का विभाग करते हैं। ऊपर निर्दिष्ट में भी कुछ संकीर्णता आई है, कुछ अवान्तर विभाग और भी हो सकता है, जैसे तैसे भी हो, उसकी आलोचना यहाँ प्रस्तुत नहीं हैं, इतना ही दिखाना है कि सभी अलङ्कारों का मूल स्वरूप सादृश्य या अतिशय कोई नहीं है, इसी लिए अप्पय्य दीक्षित भी सादृश्य मूलक अलङ्कारों का उदाहरण देकर 'इस प्रकार अनेक अलङ्कार विवर्त वाली वह उपमा' ऐसा लिखते हुए कुछ अलङ्कारव्यापी सादृश्य है अथवा बहुतेरे अलङ्कारों का प्राण सादृश्य है ऐसा सूचित करते हैं, सभी अलङ्कारों की सादृश्य में व्यापकता में उनका भी तात्पर्य नहीं है ऐसा माना जायेगा।

रसगङ्गाधर और अलङ्कार कौस्तुभ तो पुराने प्रसिद्ध कितने अतिशयोक्ति विशेषों में भी अनुगत अतिशय को नहीं देखते, इसलिये अतिशयोक्ति भेदों को भिन्न अलङ्कार व्यवस्थित करते हैं, इसलिये सभी अलङ्कारों का अतिशय मूलकत्व भी अनेक आचार्यों का सम्मत नहीं है, यही दीक्षित का भी अभिप्राय मानें।

उसमें पहले पर कुछ कहा जाता है—वक्र अर्थ और शब्द की उक्ति वाणियों का अलङ्कार है इत्यादि प्राचीन लक्षणों में वक्र शब्द का अर्थ भी बहुत वक्र है, वक्रोक्ति जीवित में वैदग्ध्य कवि के कर्म का कौशल है, उसकी भङ्गी विच्छित्ति है, उससे भणिति, विचित्र अभिधा वक्रोक्ति है ऐसा विवरण मिलता है, उससे प्रसिद्ध अभिधान से भिन्न विचित्र अभिधा वक्रोक्ति है ऐसा सार निकाला जाता है, उस पर भी अभिधा प्रसिद्ध वृत्ति है या सामान्य अभिधान मात्र है? वृत्ति पक्ष में व्यङ्ग्य और उपस्कारक अलङ्कार का संग्रह नहीं होगा, जिस किसी प्रकार का अभिधान पक्ष में तो सर्वदा व्यङ्ग्य गुण और रस की व्यावृत्ति नहीं होती है, स्वरूप या जिस किसी प्रकार अभिधान तो सभी का समान है, केवल विचित्र शब्द से कुछ लक्षण के विना विषय साफ नहीं हो पाता, दूसरी भङ्गी के कथन इत्यादि शब्दों से बहुत आलङ्कारिक पर्यायोक्त को ही सुशोभित करते हैं, इसी प्रकार बहुतों का अलौकिक भङ्गी में निवेश करना या गौणीवृत्ति से प्रतिपादन वक्रत्व है इत्यादि वर्णन भी निर्णायक नहीं होता।

आलङ्कारिक आचार्यों का गुण, अलङ्कारों के विवेक का प्रयास भी सफल नहीं होता।

काव्यशोभायाः कर्तारो गुणास्तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः।

गुण काव्य की शोभा करते हैं, उसके अतिशय के कारण अलङ्कार हैं, इस वामन वचन का विवरण करें तो प्रश्न होगा कि किस शोभा के अतिशय को अलङ्कार कहते हैं ?, साधारण काव्य शोभा का अथवा गुण से कृत काव्य शोभा का ?, गुणकृत काव्य शोभा को लेने पर—

स्वर्गप्राप्तिरनेनैव देहेन वरवर्णिनि।
तस्या रदनच्छन्दरसो न्यक्करोतितरां सुधाम् ॥

इत्यादौ विशेषोक्तिव्यतिरेकौ गुणनिरपेक्षौ काव्यव्यवहारस्य प्रवर्तकौ॥

'यह श्रेष्ठ नायिका इसी देह से स्वर्गप्राप्ति है; इसके अधर का रस सुधा को नीचे करता है। इत्यादि में विशेषोक्ति और व्यतिरेक गुण की अपेक्षा के विना काव्य व्यवहार को करते हैं' इस काव्यप्रकाश के वचन से खण्डन है, यहाँ विशेषोक्ति और व्यतिरेक गुणकृत शोभा को बढ़ाने वाले नहीं हैं यह सूचित होता है, वहाँ काव्य-प्रकाशकार दूसरे प्रकार से खण्डन करते हैं, मैं दूसरे प्रकार से—यह दूसरी बात है, यहां गुण वैसी काव्य-शोभा का आधायक नहीं है। ये दोनों अलङ्कार काव्यशोभा को करते हैं इतना ही देखना है ? रस और रीतियों में अतिव्याप्ति भी होगी, रीतियाँ संघटन रूप हैं ये काव्यशोभा को नहीं बढ़ायेंगी ऐसा कहने से भी काम नहीं चलेगा, अवयवों के अच्छे संघटन से शरीर की शोभा प्रसिद्ध है, तो भी शोभा सम्पत्तियां रीतियां गुण की अभिव्यक्ति द्वारा काव्य शोभा को करती हैं, गुण कृत शोभा को नहीं बढ़ातीं ऐसा कहें तो भी रस में अतिव्याप्ति होगी ही। रस जीवन से सर्वविध शोभा मानी जाती है, वामन के मत में रस आत्मा न होने पर भी रस वस्तु है ही, साधारण काव्य शोभा को बढ़ाने वाले अलङ्कार हैं। इस पक्ष में गुण में अतिव्याप्ति होने से भी गुण और अलङ्कार का अविवेक जागृत हो जायगा, कारिका में गुण को धर्म कहा गया है, शूरत्व आदि जैसे धर्म हैं वैसे गुण धर्म है, जैसे अङ्गद आदि भूषण धर्म नहीं होते वैसे अलङ्कार भी धर्म नहीं हैं, ऐसा

कहने से भी काम नहीं चलेगा, साधारण रीति से धर्म शब्द का अर्थ रहने वाला है, कुछ विशेष वर्णन के बिना केवल धर्म पद कुछ करने वाला नहीं है, गुण समवाय सम्बन्ध से; अलङ्कार संयोग सम्बन्ध से रहने वाले हैं ऐसी किसी की व्यवस्था अधिक स्थूल है, संयोग और समवाय नियत अर्थ वाले हैं। उनके सम्बन्धी भी नियत हैं उनका यहाँ उपयोग संभव नहीं है, इसी गुणको अयुत सिद्ध और अलङ्कारों को युत सिद्ध कहना भी है, इनकी परिभाषायें यहाँ समन्वित नहीं होतीं, जैसे कुण्डल कटक आदि भूषण शरीर से उतरने पर भी बक्से में अपने स्वरूप को रखते हैं वैसे अनुप्रास और उपमा आदि शब्दार्थ से अलग अपने स्वरूप को नहीं दिखाते। गुण के बिना काव्य संभव नहीं है, अलङ्कार के बिना तो संभव है इस वासना से काव्य का असाधारण धर्म काव्यत्व समनियत गुण है ऐसा विवेक भी ठीक नहीं है, काव्यप्रकाशकार स्वर्ग प्राप्ति इत्यादि पद्य में प्रकृत रसके उपयोगी गुण के न रहने पर भी काव्य मानते हैं।

इसी प्रकार—**उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्—**

जो अङ्गशोभा के द्वारा कभी विद्यमान अङ्गी के उपकारी हैं वे अलङ्कार हैं' इस काव्यप्रकाश के जातुचित्—कभी शब्द से गुण व्यावृत्ति नहीं सिद्ध होती :—

अद्रावत्र ज्वलत्यग्निरुच्चैः प्राज्यः प्रोद्यनुल्लसत्येष धूमः।

इस पर्वत पर आग जल रही है, उच्चे से बहुत बड़ा यह धूम उठता हुआ सुशोभित हो रहा है, इसमें गुण रहने पर भी काव्य व्यवहार इष्ट नहीं किया गया है, गुण रस विशेष के लिये नियत बताये गये हैं अलङ्कार नहीं, ऐसा किसी का विवरण भी विनोद नहीं करता, क्योंकि रीतियों को रस विशेष के लिये नियत किया गया है, इसके अनुपयोगी अलङ्कार काव्यप्रकाश में उदाहृत हैं तो इसके अनुपयोगी गुण भी दिखाये गये हैं, अलङ्कार रस के उपस्कारक नहीं होते ऐसा मानें तो किसकी व्यावृत्ति के लिये कारिका में 'उपकुर्वन्ति' पद दिया गया है, अङ्गशोभा को करने वाला इतना ही लक्षण पर्याप्त क्यों नहीं था, यह तो दूसरी बात है।

उसी प्रकार साहित्य दर्पण और उसके टीकाकार के लक्षण—

शब्दार्थयोरस्थिरा ये धर्माः शोभातिशायिनः।
रसादीनुपकुर्वन्तोऽलङ्कारास्तेऽङ्गदादिवत् ॥

साक्षात् परम्परया वा रसाद्युत्कर्षजनकत्वे सति अनियतशोभातिशायि काव्यधर्मत्वम् अलङ्कारत्वम्। इति

शोभा को बढ़ाने वाले शब्दार्थ के अस्थिर धर्म रस आदिका उपकार करते हुए अङ्गद आदि के ऐसा अलङ्कार कहे जाते हैं; साक्षात् या परम्परा से रस उत्कर्ष को करते हुए अनियत शोभा को बढ़ाने वाले काव्यधर्म अलङ्कार हैं, इसका भी पहले के ऐसा विवेचन हो गया समझना चाहिये, पहले ही ऐसा गुण की व्यावृत्ति नहीं होती।

इस समय दो अवच्छेदकताओं से डरते हुए अपने को आलङ्कारिक मानने वालों से समादृत भी वैद्यनाथ का लक्षण विचारा जाय, जैसे कि—

'रसभिन्नव्यङ्ग्यभिन्नत्वे सति शब्दार्थाऽन्यतरनिष्ठा या विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्ना चमत्कृतिजनकतावच्छेदकता तदवच्छेदकत्वम् अलङ्कारत्वम्।

शब्द या अर्थ एक में रहने वाली जो विषयित्व सम्बन्ध से अवच्छिन्न चमत्कारजनकता की अवच्छेदकता उसका अवच्छेदक और रस आदि से भिन्न जो व्यङ्ग्य उससे भिन्न अलङ्कार है। अनुप्रास आदि से विशिष्ट शब्द ज्ञान तथा उपमा-आदि से विशिष्ट अर्थज्ञान चमत्कार का जनक है, उन ज्ञानों में चमत्कारजनकता है, ज्ञानों में विषयित्व सम्बन्ध से विशेषण शब्द तथा अर्थ है, इसलिए वैसे शब्द और अर्थ में विषयित्व सम्बन्धावच्छिन्न अवच्छेदकता है, शब्द में विशेषण अनुप्रास आदि शब्दालङ्कार हैं, एवं अर्थ में विशेषण उपमा आदि अर्थालङ्कार हैं, इसलिये अनुप्रास और उपमा अवच्छेदकता के अवच्छेदक हुए, तथा ये व्यङ्ग्य नहीं हैं इसलिये रस आदि से भिन्न जो व्यङ्ग्य उससे भिन्न हैं इस प्रकार लक्षण समन्वय हुआ। रसवत् आदि अलङ्कारों के संग्रह के लिये और व्यङ्ग्य अलङ्कारों के वारण के लिये दो भिन्न कहा गया है।

इस पर सोचा जाय—व्यङ्ग्य अलङ्कार के विषय में ग्रन्थों में स्फुट रीति से दो प्रकार मालूम पड़ते हैं, एक अलङ्कार ध्वनि, दूसरा व्यङ्ग्य अलङ्कार का

गुणीभूत होना, प्रथम पक्ष में अलङ्कार व्यङ्ग्य होते हुए वाक्यार्थ में प्रधान होता है, उपस्कार्य कोई नहीं मिलता, उपस्कारक नहीं होने से वास्तव में अलङ्कार नहीं होता, ब्राह्मण श्रमणन्याय से अलङ्कार का व्यवहार होता है, दूसरे में वाच्य या दूसरे व्यङ्ग्य का उपस्कारक होने से वास्तविक अलङ्कार है, रस आदि से भिन्न व्यङ्ग्य है, उससे भिन्न नहीं हुआ इसलिये अव्याप्ति होगी, जैसे कि काव्यप्रकाश में—

जनस्थाने भ्रान्तं कनकमृगतृष्णान्धितधिया।
वचो वैदेहीति प्रतिपदमुदश्रु प्रलपितम्॥
कृतालङ्काभर्तुर्वदनपरिपाटीषु घटना।
मयाप्तं रामत्वं कुशलवसुता न त्वधिगता॥

सोने के मृग के लोभ से अन्धबुद्धि वाला जङ्गलों में घूमा, तथा सोने के झूठे लोभ से संसार में घूमा, पगपग पर आंसू बहाता हुआ हे वैदेहि इस वचन का प्रलाप किया, तथा पगपग पर आंसू बहाता हुआ देव. दो. जरूर दो ऐसे वचन का प्रलाप किया, लङ्कापति रावण के मुख समूह में वाणों की घटना किया, तथा खराव राजाओं के मुख के सामने क्या क्या पूरी घटना नहीं किया, मैंने रामपना तो पाया किन्तु कुशलव सुत वाली को नहीं पाया, या अच्छी धनिकता नहीं पाया। यहां शब्द-शक्तिमूलक व्यञ्जना से राम के साथ उपमान उपमेय भाव व्यङ्ग्य हुआ और वह वाच्य का अङ्ग वना।

चित्रमीमांसा उपमा प्रकरण के अन्त में अलङ्कार से जैसे उपमा ध्वनि—

यैर्दृष्टोऽसि ललाटपट्टपतितप्रासप्रहारो युधि।
स्फीतासृक्स्रुतिपाटलीकृतपुरोभागः परान् दारयन्॥
येषां दुःसहकामदेहदहनप्रोद्भूतनेत्रानल-
ज्वालालीभरभासुरे पुररिपावस्तं गतं कौतुकम्॥

संग्राम में शिरपर गिरे हुए प्रास अस्त्र के चोट वाले चमकीले रक्त के टपकने से लाल आगे भागवाले शत्रुओं को मारते हुए आप जिन लोगों से देखे गये हो उन लोगों का कामदेव के देह को जलाने के लिये प्रकट नेत्र की आग की ज्वालामालाओं से

प्रदीप्त पुरारि में कुतूहल समाप्त हो गया। दूसरे कार्य करते हुए का अशक्य दूसरे कार्य को करना विशेष अलङ्कार है। वैसे लाल आगे भाग वाले तुमको देखने से उस प्रकार के पुरारि का दर्शन हुआ ऐसा कहा गया है, करना सामान्य क्रिया है वह दर्शन क्रिया से भी समन्वित होती है, यद्यपि यह अर्थ वाच्य नहीं है तो भी कौतुक समाप्ति से व्यङ्ग्य अवश्य है, उस समय आप पुरारि के ऐसा थे ऐसी उपमा भी व्यङ्ग्य होती हुई प्रधान होकर ध्वनि है।

यद्यपि प्राचीन लोग कहीं गुणीभूत का भी ध्वनि व्यवहार करते हैं तौभी सभी जगह नहीं, किन्तु दूसरे व्यङ्ग्य की अपेक्षा प्रधान है, जहां वाच्यार्थ का अङ्ग है वहां गुणीभूत व्यङ्ग्य उनका भी सम्मत है, रसगङ्गाधरकार तो दीक्षित के अव्यङ्ग्यत्व विशेषण के खण्डन के लिये व्यङ्ग्य उपमा अलङ्कार का उदाहरण भी दिये हैं।

और भी—विशिष्ट दल में जो दूसरी अवच्छेदकता है वह शब्दार्थ में विशेषण शब्दधर्म या अर्थधर्म में भी जाती है। उपस्कारक और विशेषण भिन्न भिन्न है, इससे वाच्यार्थ का उपस्कारक और वाच्यार्थ की अपेक्षा प्रधान व्यङ्ग्य में अव्याप्ति होगी, रीतियां शब्दगुण और अर्थगुण शब्दार्थ में विशेषण होकर चमत्कार पैश करते हैं, उसमें दूसरी अवच्छेदकता क्यों न जाय ?, शब्दार्थ में शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार भिन्न भिन्न सम्बन्ध से रहते हैं, उनका अनुगम नहीं होता अत: सम्बन्ध का निवेश नहीं होगा, तब दूसरे सम्बन्ध से शब्दार्थ में रहने वाले धर्म में अतिव्याप्ति होगी, शब्दार्थ और अलङ्कारों के विशेष्य विशेषण भाव में कोई विशेष विनिगमक नहीं है, दो कार्य कारण भाव होंगे, और उनके कारणतावच्छेदक गुरुभूत होंगे, लघु-भूत कारणतावच्छेदक के लिये दोनों को स्वतन्त्र रूप से चमत्कार का कारण कहना पड़ेगा, शब्दार्थ ज्ञान और अलङ्कार ज्ञान स्वतन्त्र कारण होंगे ऐसी कल्पना को जागृत होने पर इस लक्षण का प्राण ही चला जाता है, इसलिये गुण और अलङ्कार का विवेक गड्डुलिका प्रवाह है ऐसी भामह की भाषा सारवाली है।

(२) दूसरे में इस प्रकार कहा जा सकता है—सर्वथा गुण और अलङ्कार का विवेक असंभव है इस में भामह का अभिनिवेश नहीं है, उनका कहना है कि गुण

और अलङ्कार का विवेक कवि का काम नहीं है अपितु तटस्थ आलोचक का काम है, कोई अलौकिक वस्तु की भावना करके सत्कवि शब्दार्थ रचना में प्रवृत्त होता है, उससे रचा हुआ वाक्य सुन्दर अलङ्कृत काव्य होता है, स्वभावोक्ति नहीं मानते, मानते हैं तो गाय जाती है इत्यादि वाक्यों से व्यावृत्त कुछ अलौकिक उसमें भी रहता है।

अलङ्कारों का सामान्य लक्षण

श्री वामनाचार्य के वचन का यह विलास है कि जैसे शास्त्रों से शरीर की शोभा बताई जाती है उसी प्रकार आत्मा रस आदि के उत्कर्ष के साधक भी गुण और अलङ्कार शब्दार्थ काव्य शरीर की भी शोभा करते हैं, उसमें गुण से जो काव्य की शोभा होती है उससे अधिक या अच्छी शोभा अलङ्कारों से होती है, उसके अनुसार गुण से होने वाली जो काव्य की शोभा उससे उत्कृष्ट काव्यशोभा के प्रयोजक अलङ्कार हैं, यह लक्षण हुआ, स्वर्गप्राप्तिरनेन इत्यादि काव्य में ओजो गुण से अनुविद्ध भी प्रसाद थोड़ी काव्यशोभा को करता ही है, उसको दोनों अलङ्कार बढ़ाते हैं, रीतियां तो गुण से होने वाली शोभा से विलक्षण शोभा नहीं करती हैं इसलिये उसमें अति-व्याप्ति नहीं होगी, सजीवता और शोभा करना भिन्न वस्तु है, इसलिये सजीवता लाने वाले रस आदि में अतिव्याप्ति नहीं होगी, अथवा वे यदि शोभा के आधायक हैं तो अलङ्कार ही हैं ऐसा मत मानना होगा; यदि शोभाधायक हैं तथा अलङ्कार नहीं हैं तो लक्षण में अङ्गीभिन्न ऐसा विशेषण दिया जायेगा। व्यङ्ग्य अलङ्कार के विषय में वामन का मत विचारणीय है, इस छोटे निबन्ध में उसका स्थान नहीं है, रसवद् आदि अलङ्कार और व्यङ्ग्य उपस्कारक अलङ्कारों का संग्रह और व्यङ्ग्य अनु-पस्कारक अलङ्कार की व्यावृत्ति यदि अभीष्ट है तब 'रस से भिन्न जो व्यङ्ग्यता वृत्ति उससे भिन्न' ऐसा विशेषण देना होगा, जो व्यङ्ग्यता दशा में ही काव्यशोभा को करने वाले हैं वे व्यङ्ग्यतावृत्ति हैं जैसे रस, गुण तथा व्यङ्ग्य दूसरी वस्तु, अलङ्कार तो अव्यङ्ग्य होता हुआ भी वाक्यशोभा करता है, वह व्यङ्ग्यता वृत्ति भिन्न हैं, व्यङ्ग्यता में रहने का सम्बन्ध अपनी शोभाधायकता की व्याप्यता होगी, यद्यपि इसी विशेषण से गुण की व्यावृत्ति हो जायेगी तौभी रीति की व्यावृत्ति के लिये काव्यशोभा

में गुण से होनेवाली यह विशेषण सार्थक है, यद्यपि काव्यशोभा पद से अलङ्कार से होने वाली भी शोभा मिलेगी उसको बढ़ाने वाला अलङ्कार नहीं होगा, तोभी कोई काव्यशोभा लेकर लक्षण समन्वय हो जाने पर अव्याप्ति नहीं होगी। यदि लक्षण में निवेश करना हो तो अपने से नहीं होने वाली ऐसा विशेषण काव्यशोभा में दिया जायेगा? चमत्कृति और शोभा भिन्न-भिन्न वस्तु हैं, मन में रहने वाली चमत्कृति को पैदा करने वाली शब्दार्थ में रहने वाली काव्यशोभा हैं, चमत्कार ही पैदा करने में अलङ्कार ज्ञान की आवश्यकता है, शोभा में नहीं इसलिये यहाँ विषयित्व सम्बन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकता की जरूरत नहीं है, किन्तु वास्तव में सोचने पर स्वरूप से ही अलङ्कार शोभा नहीं करते, अनुप्रास आदि भी श्रावण प्रत्यक्ष की अपेक्षा करते हैं, अर्थालङ्कार भी अपने ज्ञान की अपेक्षा रखते हैं। इसलिये रसादि से भिन्न जो व्यङ्ग्यता वृत्ति उस से भिन्न होते हुए अपने से नहीं होने वाली जो गुण से होने वाली काव्यशोभा उसकी जनकता की जो विषयित्व सम्बन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकता उस अवच्छेदकता वाले अलङ्कार हैं ऐसा लक्षण होगा।

इसी प्रकार काव्यप्रकाश के लक्षण की व्याख्या करनी चाहिए। गुण भी काव्यशोभा करने वाला है ऐसा इष्ट है, उस प्रकार अङ्गी के अङ्ग शोभा का आधायक होते हुए कभी अपने से होने वाली को अङ्ग शोभा उससे अङ्गी का उपकारक न होना लक्षण होगा, अथवा तं सन्तमित्यादि मूल के स्वारस्य से रस आदि रूप अङ्गी से विशिष्ट अलङ्कार है, वैशिष्ट्य—अपना प्रयोजक या उपकारक जो अङ्ग शोभा उस शोभा की जो जनकता उसकी जो विषयित्व सम्बन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकता उसका अवच्छेदक धर्म वाला (१) अपने में रहने वाला जो काव्यशोभाधायकतावच्छेदक धर्म उससे अवच्छिन्न जो अवच्छेदकता उससे निरूपित जो जनकता उससे निरूपित जन्यता वाली जो शोभा उससे उपकार्यत्वा भाव वाला सम्बन्ध से अपने में वृत्तित्व (२) दो सम्बन्ध से, दूसरे सम्बन्ध में अपने पद से अलङ्कार लिया जायेगा, दूसरे ही सम्बन्ध के दूसरे अपने शब्द से अङ्गी लिया जायेगा, रीति और गुण में दूसरा सम्बन्ध नहीं घटने से अतिव्याप्ति नहीं होगी, जो अलङ्कार किसी उदाहरण में अङ्गी का उपकारी नहीं है उसमें भी अङ्गी के उपकारी अलङ्कार में रहने वाला जनकता के

अवच्छेदकता का अवच्छेदक उपमात्व आदि धर्म को लेकर लक्षण समन्वय हो जायेगा, जो कहीं भी किसी उदाहरण में अङ्गी का उपकारी नहीं हो पाया है वह अलङ्कार है यही प्रमाणित नहीं है, रस भाव आदि के विना भी व्यङ्ग्य वस्तु प्रधान होने पर, तथा व्यङ्ग्य को वाच्य का उपस्कारक होने पर या सर्वथा व्यङ्ग्य का सम्बन्ध न होने पर भी यदि काव्य है वहाँ भी उसके अलङ्कार में लक्षण समन्वय हो जायेगा, जहाँ कहीं भी किसी उदाहरण में रस आदि अङ्गी का उपकारक होने से लक्षण समन्वय हो जायेगा। जहाँ वीर आदि रस में, माधुर्य आदि शृङ्गार में, ओज आदि विपरीत गुण आये हैं, वहाँ उत्कर्षक गुण न होने से रस आदि अङ्गी ही नहीं है अथवा रस का अपकर्षक होने से दोष हो जायेगा गुण ही नहीं रहेगा, इससे गुण में अति-व्याप्ति नहीं होगी, यदि कवियों को नियत शास्त्र का अनुरोध नहीं करना है, स्फुट दूसरे अच्छे कारणों से अनुकूल गुण नहीं रहने पर भी रस का परिपोष हो सकता है, गुणों पर रसों का अवलम्ब नहीं नियत है, वही ध्वन्यालोक में कविशक्तितिरोहिताद् यहाँ कहा गया है, तौ भी जो जो गुण जिस जिस रस के उगयोगी कवियों के समय से सिद्ध हैं वे वे गुण उन उन रसों के रहते उपकारी होते ही हैं, उस प्रकार अङ्गीपद से वे ही काव्यप्रकाशकार को अभिप्रेत हैं जो गुणों से उपकृत हैं, उसके अनुसार गुण से विशिष्ट जो रस आदि रूप अङ्गी उससे विशिष्ट परिस्कार होगा, पहला वैशिष्ट्य दो सम्बन्ध से, १. अपने से व्यङ्ग्य २. अपने प्रकारवाली जो कवि समय की सिद्धि उसका विशेष्य, दूसरा वैशिष्ट्य पहले के ऐसा।

श्री वैद्यनाथ सूरि के लक्षण में रस भिन्न जो व्यङ्ग्य उससे भिन्न की जगह बहुतों का सम्मत उपस्कारकत्व ही पहले कहे गये दूषणों के शोषण में समर्थ है, काव्य तात्पर्य विषय अर्थ की मुख्य प्रधानता से निरूपित अप्रधानता का नाम उपस्कारकत्व है, इससे संभावित अलङ्कार के समान शील वाले उपस्कारकत्व के निवेश से आत्माश्रय आदि दोषों का उद्भावन नहीं होगा। रीति और गुण में अतिव्याप्तिवारण के लिये रीति विशिष्ट भिन्न विशेषण दिया जायेगा, वैशिष्ट्य अन्यतर सम्बन्ध से, १. स्वतादात्म्य और २. स्वव्यङ्ग्यत्व। अलङ्कार में रहने वाली अवच्छेदकता शोभाधायकता के अवच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न ली जायेगी, काव्यों में जिस सम्बन्ध से

विद्यमान अलङ्कार काव्य की शोभा को पैदा करते हैं वह सम्बन्ध शोभाधायकता का अवच्छेदक है, जहाँ शब्दार्थ में प्रधान अलङ्कार की भावना चमत्कार को पैदा करती है, वहाँ के लिए अन्यन्तर रूप से एक और सम्बन्ध जोड़ा जायेगा। शब्दार्थ में रहने वाली अवच्छेदकता से परम्परा से निरूपित जो भावना में रहने वाली चमत्कार की जनकता उससे निरूपित विषयित्व सम्बन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकता वाला होगा। उस प्रकार उपस्कारक होते हुए रीति विशिष्ट से भिन्न होते हुए शब्द और अर्थ अन्यतर से विशिष्ट अलङ्कार है ऐसा फलित हुआ, दूसरा वैशिष्ट्य १ अपने में रहने वाली जो विषयित्व सम्बन्ध से अवच्छिन्न चमत्कार जनकता की अवच्छेदकता उससे निरूपित शोभाधायकतावच्छेदक सम्वन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकत्व, अपने में रहने वाली अवच्छेकता से निरूपित जो भावना में रहने वाली चमत्कार की जनकता उससे निरूपित विषयित्व सम्वन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकत्व, इन दोनों में किसी एक सम्बन्ध से।

स्वतन्त्र कार्यकारण भावपक्ष में तो सहकारिताघटित लक्षण करना चाहिए, शब्दार्थ ज्ञान से सहकृत अलङ्कार ज्ञान चमत्कार पैदा करता है यह अभिप्राय है, और उसके अनुसार उपस्कारक होते हुए रीतिविशिष्ट से भिन्न होते हुए शब्दार्थ भावना की सहकारिता से निरूपित विषयित्व सम्वन्ध से अवच्छिन्न अवच्छेदकता वाला अलङ्कार है ऐसा लक्षण फलित हुआ। शब्दार्थ भावना के नहीं रहने पर अलङ्कार ज्ञान चमत्कार नहीं पैदा करता यही सहकारिता पद का अभिप्रेत है, सव्यभिचार गदाधरी और उसकी टीका में सहकारित्व आया है, विस्तार के भय से यहाँ उसको परिष्कृत नहीं किया जाता है।

इतने से वामन आदि आचार्यों से सम्मत गुण और अलङ्कार का विवेक दूसरा पक्ष संक्षेप से दिखाया गया इसमें भी चित्र मीमांसा का अभिप्राय कहा जा सकता है।

(३-४) तीसरे और चौथे में भी विशेष विवेचन अपेक्षित है, श्रोता तथा पाठकों के सामने केवल रखता हुआ विस्तार के भय से उसका व्याख्यान नहीं करता, याद रहे, किसी समय शायद कोई कुछ करें, विशेष अभिनिवेश हो तो तीसरी रीति से

सभी अलङ्कारों का मूल सादृश्य है ऐसा दीक्षित का अभिप्राय समझें, विरोध आदि मूलक अलङ्कारों में खोजें मनन करें, कहीं भी अन्त में सादृश्य मिलेगा, कवियों का सदृश वस्तु मे कल्पित विरोध आदि चमत्कारी होता है, ऐसी आशा रखता हूं।

और दूसरा कुछ विस्तृत इससे सम्वन्ध रखने वाला गुण रस वृत्ति हैं अथवा शब्दार्थ वृत्ति है ? इसका विवेचन मेरे अलङ्कार सामान्य लक्षण के विचार मे मिलेगा, जो बहुत पहले अयोध्या के साप्ताहिक संस्कृत पत्र में प्रकाशित है।

इस प्रकार यह अनेक प्रकार के विचारों से परिपूर्ण भी प्रधान रूप से अर्थालङ्कारों का विवेचन करने वाली चित्रमीमांसा बारह अलङ्काररूपी अङ्गुली पर्वो के बराबर वाली ही यह पिता से वियुक्त हुई ऐसा मालूम पड़ता है, छोटी आकारवाली भी यह प्राचीन भी प्रौढ आलङ्कारिकों को समीक्षा—कटाक्ष से आक्षिप्त हृदय वाला करती हुई असाधारण वैभव वाली लक्ष्मी के ऐसी जवान पण्ड़ितराज जगन्नाथ को मुग्ध कर दी, रसों से गङ्गाधर का अभिषेक कराई, यदि यह ऐसी प्रगट नहीं होती तो रसगङ्गाधर का उदय नहीं होता, यह दोनों ग्रन्थों का निष्पक्ष दृष्टि से परिशीलन करने वालों से नहीं छिपा है, अपूर्ण खण्डित भी यह अलङ्कार मीमांसक की मीमांसा श्री शिव शिर पर चन्द्रमा के सदृश आलङ्कारिकों को अलङ्कृत ही करती है।

अप्पय्यदीक्षित का कुवलयानन्द

यह पुराना लिखा हुआ अकस्मात् दृष्टिगोचर अप्पय्यदीक्षित का कुवलयानन्द हुआ है, चित्रमीमांसा का अर्थ चित्र संस्कृत में लिखा हुआ है उसके बाद यह भी संस्कृत में लिखा है, यह कहीं प्रकाशित नहीं मालूम पड़ता है, १९६३ ई० फरवरी में गुजरात बड़ौदा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में पढ़ा गया था तथा उसको अर्पित किया गया था, इसमें कुवलयानन्द और रसगङ्गाधर की आलोचना है, तथा दीक्षित का समर्थन है, यद्यपि मेरे ऐसी समालोचना वाले संस्कृत में १. आलङ्कारिकाणां मल्लायितम् २. आलङ्कारिकाणां कलहः। दो लेख प्रकाशित हैं, किन्तु इन स्थलों, का सम्बन्ध उसमें नहीं है इसलिए पृथक् प्रकाशन का प्रयास है। संस्कृत स्वरमङ्गला में प्रकाशित है।

कुवलय आनन्द के विना पीयूषवर्ष चन्द्रालोक को नहीं देखते हुए रसिक मीमांसक इस काव्य कौतुकी का यह कवियों को कुवलयानन्द चन्द्रालोक के पादों के

साथ सैंकड़े आलोकों को करता हुआ कुवलय का भी आनन्द है इसलिये इसके भी कुछ सौरभों का परिचय प्रस्तुत करता हूँ।

समासोक्ति प्रकरण में प्रस्तुत व्यवहार के सादृश्य से जहाँ अप्रस्तुत व्यवहार प्रतीत हो, उसका उदाहरण उत्तर रामचरित की श्रीराम की उक्ति लिखते हैं—

पुरा यत्र स्रोतः पुलिनमधुना तत्र सरिताम्।
विपर्यासं यातो घनविरलभावः क्षितिरुहाम्॥
बहोर्दृष्टं कालादपरमिव मन्ये वनमिदम्।
निवेशः शैलानां तदिदमिति बुद्धिं द्रढयति॥२।२७॥

पहले जहाँ नदियों की धारा थी वहाँ इस समय रेतीले तट हो गये हैं, पेड़ों का घना होना तथा छीटका अलग अलग होना बदल गया है, बहुत समय के बाद देखा हुआ यह वन दूसरे के ऐसा मालूम पड़ता है, पर्वतों का आकार वैसा बदला हुआ नहीं है इसलिये उसी के अनुसार वही नदी तथा वे ही वन हैं इस बुद्धिको दृढ करता है। यहाँ वन का वर्णन प्रस्तुत है, उसकी समानता से कुटुम्बियों में धन और सन्तान आदि की समृद्धि और असमृद्धि रूप परिवर्तन को पाये हुए उसके आश्रय ग्राम और नगर आदि का वृत्तान्त प्रतीत होता है, इतना मूल में है, गाँव में जहाँ पहले घर आदि थे वहाँ क्षेत्र जहाँ क्षेत्र थे वहाँ मकान, वाटिका आदि, कुटुम्बियों में जो पहले गरीब था वह इस समय धनी जो पहले धनी था वह इस समय निर्धन है, इसी प्रकार परिवार में भी, इस प्रकार ग्राम और नगर के वृत्तान्तों में समानता है, वह साम्य धन, विरलभाव, विपर्यास इत्यादि शब्दों से उपस्थित होता है, यह स्फुट अर्थ हुआ।

इस पर पण्डितराज जगन्नाथ का मुग्ध कलह सुने—समासोक्ति प्रकरण में इसको लेकर इस प्रकार उसकी वाणी का विलास है—जो कि कुवलयानन्द में सारूप्य से भी समासोक्ति देखी जाती है, यथा इत्यादि कुवलयानन्द मूल को उद्धृत करके कहते हैं—यह ठीक नहीं है, समासोक्ति का जीवन विशेषणों का साम्य है, वह यहाँ नहीं है इस लिये समासोक्ति नहीं है, विशेषण साम्य और सारूप्य से प्रस्तुत व्यवहार व्यङ्ग्य हो ऐसा लक्षण बनावे तो भी काम नहीं चलेगा, प्रस्तुत वृत्तान्त से अभिन्न

होता हो ऐसा भी समासोक्ति के लिए अपेक्षित है, ऐसा सर्वस्वकार का सम्मत है, आष भी प्रकृत धर्मी में अप्रकृत व्यवहार का आरोप होता है ऐसा कहते हैं, यहाँ नदी और पेड़ों का विपर्यास धन और सन्तान आदि के विपर्यास से अभिन्न नहीं है, प्रकृत धर्मो वन आदि में धन सन्तान आदि के विपर्यास रूप अप्रकृत व्यवहार का आरोप नहीं मालूम पड़ता, इस प्रकार और समासोक्तियों से विभेद रहने पर भी समासोक्ति ही है ऐसा शपथ करते हैं तो दूसरे अलङ्कारों को समासोक्ति के कुक्षि में रख दें, इस प्रकार है तो पुरा यत्र स्रोत इत्यादि में कौन अलङ्कार है ?, क्योंकि वाच्य अप्रकृत से प्रकृत व्यवहार की अभिव्यक्ति अप्रस्तुत प्रशंसा है, यहाँ प्रस्तुत ही वाच्य है, तो तुमने ठीक ही पूछा, विस्तार के साथ इसका समाधान अप्रस्तुत प्रशंसा प्रकरण में कहूंगा। अप्रस्तुत प्रशंसा प्रकरण में तो—इसमें अप्रस्तुत प्रशंसा नहीं है, क्योंकि प्रस्तुत की ही प्रशंसा है, समासोक्ति भी नहीं है, क्योंकि विशेषण साम्य नहीं है, समासोक्ति का जीवन विशेषण साम्य सभी आलङ्कारिकों का मान्य है, विशेषण साम्य प्रकार के ऐसा शुद्ध सादृश्यमूलक भी दूसरा भेद मानना ठीक नहीं है, समासोक्ति का एक स्वरूप ऐसा होना चाहिये जो सभी समासोक्ति भेदों में जा सके। ऐसा कोई सामान्य समासोक्ति का स्वरूप नहीं मानना तथा ऐसे धर्मों के समन्वय के बिना समासोक्ति मान लेना अनुचित हैं, और व्यवस्था करने वाले आचार्य इसको समासोक्ति का भेद नहीं कहते हैं। इसीलिये सादृश्यमूलक भेद को मानते हुए भी अलङ्कारसर्वस्वकार आदि शब्दसाम्य की उपेक्षा नहीं बल्कि रक्षा करते हुए दूसरे समास से सादृश्य मूलक का प्रदर्शन किये हैं, शब्द साम्य का विशेषण साम्य में तात्पर्य है, ऐसा कहते हैं जिससे समासोक्ति नहीं हो सकती तो यहां अप्रस्तुतप्रशंसा ही अलङ्कार है, अप्रस्तुत की प्रशंसा उसका अर्थ नहीं है किन्तु अप्रस्तुत से प्रस्तुत की प्रशंसा यह अर्थ है, वह अप्रस्तुत और प्रस्तुत वाच्य हो अथवा व्यङ्ग्य हो, उस प्रकार वाच्य या व्यङ्ग्य प्रस्तुत की जहाँ सादृश्य आदि किसी प्रकार से प्रशंसा हो वह अप्रस्तुतप्रशंसा है, वाच्य से व्यङ्ग्य ही की प्रशंसा ऐसा अर्थ नहीं है, इस प्रकार पुरा स्रोतो यत्र इत्यादि में अप्रस्तुतप्रशंसा ही होना चाहिये समासोक्ति नहीं होनी चाहिये ऐसा पण्डितराज जगन्नाथ का विजृम्भण है।

किन्तु दीक्षित का ऐसा मीमांसा प्रावीण्य है जिससे उनकी मीमांसा के श्रद्धालु लोग थोड़े प्रयास से दूसरे के मोह के मूल को और दीक्षित की सूक्ष्म दृष्टि को जल्दी ही समझ जाते हैं, इसीलिये उनके अनुगामी समर्थक विशेष देखे जाते हैं, उस पर गुरु मर्म प्रकाश में मितभाषी नागोजी भट्टमहोदय का गम्भीर आशय वाला वचन है, समासोक्ति प्रकरण और अप्रस्तुत प्रशंसा प्रकरण में—युक्ति न होने से यह चिन्त्य है, जैसे कि प्रशंसा यहां उत्कृष्ट करना है या ज्ञान कराना मात्र है ?, पहला ठीक नहीं, जिन उदाहरणों में प्रतीयमान अर्थ अध्यारोप का विषय नहीं है वैसे उदाहरणों में अव्याप्ति होगी, अध्यारोप के विना तटस्थ रूप से रहा हुआ अर्थ उत्कर्ष करने वाला नहीं होता, दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं है, यहां अप्रस्तुत से प्रस्तुत की प्रतीति नहीं है किन्तु प्रस्तुत वाच्य है, अन्यतम लगाकर अप्रस्तुत प्रशंसा से संग्रह ठीक नहीं है, अन्यतर लगाकर समासोक्ति से संग्रह ठीक है, अतिशयोक्ति आदि में अन्यतम लगाना चल पड़ा है नया नहीं है, इति। यहां अप्रस्तुत प्रस्तुत की प्रतीति में कुछ करता नहीं इसलिये अप्रस्तुत प्रशंसा का अवसर नहीं है, प्रस्तुत सादृश्य वश अप्रस्तुत प्रतीति में उपयोगी है इसलिये समासोक्ति का अवसर है, अतिशयोक्ति आदि के ऐसा अन्यतर लगाकर समासोक्ति का ही लक्षण बनाना चाहिये ऐसा भाव है।

अलङ्कारकौस्तुभकार विश्वेश्वर पण्डित तो इस पद्य को नहीं छूते हुए भी अप्रस्तुत प्रशंसा का ही अन्यतम से युक्त परिष्कार करते हुए तुल्य का तुल्य से इत्यादि व्याख्यान करते हुए करीब करीब रसगङ्गाधर का अनुकरण करते हुए प्रगट होते हैं।

अलङ्कारचन्द्रिकाकार श्री वैद्यनाथ सूरि तो—जहाँ प्रस्तुत वृत्तान्त वर्णन करते समय विशेषण साम्यवल से अप्रस्तुत वृत्तान्त की भी परिस्फूर्ति हो वहां समासोक्ति अलङ्कार है इस अभिप्राय वाले मूल के विशेषण साम्य बलात् पद से विशेषण साम्य से गम्य सादृश्य है उससे भी गम्य ऐसा अर्थ करके मूल से संग्रह कर लेते हैं। इनका अपने मूल ग्रन्थ से सादृश्यगमकता दिखाना प्रधान है, सादृश्य को लेकर समर्थन करते हैं, मूल का व्याख्यान भी उसी प्रकार संगत करते हैं, अन्यतर निवेश के विना ही मूल समर्थन का प्रयास करते हैं।

पण्डितराज कहीं दीक्षित लेख के ऊपर ही ऊपर तैरते हैं, खण्डन के लिए ऐसा परिकर बाधते हैं जिससे दीक्षित वचन की निस्सारता मालूम पड़ने लगती है। यदि मार्मिक विद्वान् दीक्षित के लेखों का आलोचन करते हैं तो ऐसा रत्न पाते हैं कि पण्डितराज का ऊपर ऊपर दौड़ना स्फुट हो जाता है, वैसा एक कुवलयानन्दविरोधी रसगङ्गाधर संन्दर्भ ४६९ पृ० काव्यलिङ्गप्रकरण का उपस्थित करता हूँ।

जो कि समर्थन के लायक वस्तु का समर्थक काव्यलिङ्ग है ऐसा कुवलयानन्दकार लक्षण किये हैं वह यदि सामान्य विशेषभाव से अनालिङ्गित विशेषण से रहित है तो अर्थान्तरन्यास में अतिव्याप्ति होगी। जो भी—

यत्त्वन्नेत्रसमानकान्ति सलिले मग्नं तदिन्दीवरम्।
मेघैरन्तरितः प्रिये तव मुखच्छायानुकारः शशी॥
येऽपि त्वद्गमनानुकारिगतयस्ते राजहंसा गताः।
त्वत्सादृश्यविनोदमात्रमपि मे दैवेन न क्षम्यते॥

जो तुम्हारी आँखों की समान कांतिवाला कमल था वह पानी में डूब गया, हे प्रिये, जो तुम्हारे मुख को छाया का अनुकरण करने वाला शशी था वह भी मेघों से ढका गया, जो तुम्हारी गति के अनुकरण करने वाले राजहंस थे वे भी चले गये, तुम्हारे सादृश्य से केवल विनोद को भी दैव नहीं सहता है।

मृग्यश्च दर्भाङ्कुर निर्व्यपेक्षास्तवागतिज्ञं समाबोधयन् माम्।
व्यापारयन्त्यो दिशि दक्षिणस्यामुत्पक्ष्मराजीनि विलोचनानि॥

दक्षिण दिशा में ऊपर उठी पपनी वाले नेत्रों को लगाती हुई कुश के अङ्कुरों को चरने में उदासीन मृगियां तुम्हारे गमन को नहीं जानने वाले मुझे बता दी। पहले पद्य में तीनों पादों के अर्थ अनेक वाक्यार्थ रूप चतुर्थ पाद के अर्थ में हेतु हैं, दूसरे पद्य में तो सम्बोधन में व्यापारयन्त्यः यह मृगी का विशेषण होने से अनेक पदार्थ हेतु कहा गया, ऐसा अलङ्कार सर्वस्वकार कहे हैं, और कुवलयानन्दकार उसका अनुमोदन किये हैं। ये दोनों ग्रन्थ ठीक नहीं हैं, अनुमान और अर्थान्तरन्यास के विषय में हेतु अलङ्कार नहीं होता यह सभी का सम्मत है, अन्यथा दोनों का उच्छेद हो जायेगा। और यह अनुभव का विषय है, चतुर्थ चरण में दैवरूप पक्ष में नायिका के

अङ्गसादृश्य के दर्शन से पैदा हुए सुख को नहीं सहना साध्य की तीन चरणों से ज्ञात उन उन अङ्गों के सादृश्याधार के विघटकत्व हेतु से सिद्धि स्फुट है, दैव नायिका के अङ्गसादृश्य के दर्शन से होने वाले मेरे इष्ट सुख को नहीं सहने वाला है, उन उन नायिका के अङ्गों के सादृश्य आधारका विघटक होने से मेरे शत्रु हुए यज्ञदत्त आदि के ऐसा, यह अनुमान प्रयोग है। मृग्यश्च इस दूसरे पद्य में यद्यपि वक्ता के सम्बोधन में मृगियों का नेत्र व्यापार ज्ञायमान होकर उत्पादक हैं तो भी वह उत्पादकता अनुमितिकारकता से विलक्षण नहीं है, इसलिये अनुमान अलङ्कार ही ठीक है, इतना फरक है कि पहले पद्य में अनुमिति व्यङ्ग्य है, इसमें तो बुध धातु का वाच्य है, मृगियां दक्षिण वायु सम्पर्क वाली है, दक्षिणाभिमुख विलक्षण नेत्र व्यापार वाला होने से, ऐसा अनुमान प्रयोग है, विलक्षणता उत्पक्ष्म इत्यादि से पद्य में कहा गया है, उस प्रकार अनुमान अलङ्कार का विषय होने से यह काव्यलिङ्ग का उदाहरण नहीं है वह इसका भाव है।

यत्त्वन्नेत्र इत्यादि पद्य कुवलयानन्द में प्रतीप के उदाहरण रूप से लिखा गया, काव्यलिङ्ग प्रकरण में उसका परामर्श है। दूसरे के उपपादक भी काव्यलिङ्ग का व्यङ्गय आदि उपपादक होते हैं ऐसे प्रसङ्ग पर दैव मेरे इष्ट सुख के असहिष्णु है इसका उपपादक जो एक वाक्यार्थ रूप उस नायिका के अङ्गसादृश्य आधार विघटकत्व काव्यलिङ्ग है, उसके भी उपपादक पदार्थ हेतु वाले इन्दीवर. शशी. हंस आदि विशेषण हैं। यह परामर्श का सन्दर्भ है, और उस प्रकार काव्यलिङ्ग का उदाहरण इसको माने हैं।

अर्थान्तरन्यास प्रकरण कुवलयानन्द में फिर इसका परामर्श है, अर्थान्तरन्यास के उदाहरण में काव्यलिङ्ग क्यों नहीं होता ऐसी शङ्का में समर्थन अपेक्षित होने पर काव्यलिङ्ग होता है, समर्थन अपेक्षित न होने पर अर्थान्तरन्यास होता है, ऐसी प्राचीनों की व्यवस्था द्वारा समाधान प्रसङ्ग पर जैसे यत्त्वन्नेत्रसमानकान्ति आदि उदाहरण में समर्थन की अपेक्षा है वैसी अर्थान्तरन्यास के उदाहरणों में नहीं है ऐसा कहा गया है, फिर इस प्राचीन व्यवस्था में व्यभिचार का उपपादन करके काव्यलिङ्ग के समर्थ्य समर्थक को सामान्य विशेष भाव से अनालिङ्गित होना चाहिये

इस अभिप्राय से उपसंहार किया गया है, अनुमान वारण के लिये काव्यलिङ्ग के प्रारम्भ में व्याप्ति-पक्षधर्मता आदि सापेक्ष नैयायिक के अभिमत लिङ्ग की व्यावृत्ति के लिये काव्यलिङ्ग में काव्य पद है, ऐसा कहा गया है, इस प्रकार अनुमान और अर्थान्तरव्यास की व्यावृत्ति मूल में ही की गयी है, लेकिन उसको पण्डितराज ने नहीं दर्शाया।

अलङ्कारकौस्तुभकार तो दूसरी रीति से व्यवस्था करते हुए काव्यलिङ्ग ही मानते हैं।

मर्म प्रकाश तो इस प्रकार उपपादन से अनुमान अलङ्कार की विषय व्यवस्था करने पर गम्य अनुमान अलङ्कार निर्विषय हो जायेगा, इसलिये अनुमान का बोधन होने पर अनुमान अलङ्कार और अनुमानगम्य होने पर काव्यलिङ्ग अलङ्कार ऐसी व्यवस्था करता है। उस प्रकार दीक्षित ने जो लिङ्ग का विशेषण काव्य पद दिया उसका अभिप्राय इससे दिखाया गया, ऐसी मूलव्याख्यान से ही सभी का समाधान दिखाता है।

और दूसरा विशेष विवेचन सभी विषयों पर मेरी रसगङ्गाधर संस्कृत टीका में है।



फरवरी १९६३ देहली २५ वर्ष २ अङ्क संस्कृत रत्नाकर प्रकाशितः

आलङ्कारिकाणां कलहः

शुभावसरोऽयं कतीनाञ्चिद् दिनानां संस्कृतभाषाचर्चाया यद् भारत-शासन-सहायतया काश्चन संस्कृतपत्रिका मासिकादिरूपेण प्रकाशितुं प्रवर्तन्ते वर्तते च तत्र लेखरत्नानामावश्यकता। संस्कृतभाषाचर्चायाः प्राक्तनानि स्थानानि ह्रासमुपगतानि, प्रथमं संस्कृतस्याध्येतार एव न सन्ति, संस्कृतविद्यालयादीनि संस्कृतसंस्थानानि संस्कृतचर्चां कुर्वन्त्यपि संस्कृतगिरं प्रायो न स्पृशन्ति। अधुना संस्कृत विद्यालयादिषु संस्कृतेतरभाषाभिरन्यविषयाणामध्यापनमुपक्रान्तम्। यत्र अधिका अध्यापकाः संस्कृतानभिज्ञास्तत्र कथं नाम व्यवहारबहिष्कृता संस्कृतगवो छात्रादिषु सञ्चारं लभेत। प्रबन्धसमित्यादिषु

अन्यभाषाभाषिणां बाहुल्येन संस्कृतबहिष्करणमापतितमेव। एवं पत्राचारादिष्वपि। अतो ये संस्कृतगिरं परिचिन्वन्ति, पठन्ति, लिखन्ति च तेषां संस्कृतपत्रिकाभिरवश्यं सम्बन्धो भवेत्। ये संस्कृतपण्डिताः शास्त्रव्यसनिनच्छात्राणामभावे उदासते, संस्कृतपत्रिकास्वेव तैः शास्त्रचर्चा आरभ्यताम्। आधुनिकरिसर्चादिनामभ्यो न भेतव्यम्। बहुलां हि सामग्रीं तेऽधिकुर्वते, अद्यत्वे एकस्मिन् विषये नानाग्रन्थेषु भेदमावहन्ति यानि मतानि, तेषामेकत्र निबन्धे संयोजनमेव रिसर्चाभिधानं गवेषणमन्वेषणं वा। तेषु मतेषु गुणदोषयोः खण्डनमण्डनयुक्तीनाञ्च स्फोरणमेव आलोचनम्। अवश्यञ्चैतत् कर्तव्यं भवति, अन्यथा शास्त्रऋणान्न मुक्तिः। प्राक्तना हि आचार्याः प्राचीनान् ग्रन्थान् अधीत्य ततः प्राप्तप्रखरधिषणाः खण्डनमण्डनाभ्यां व्याख्यानेन च शास्त्रं वृद्धिमनयन्। समालोचनाभ्यश्च अधिगतमतिवैशारद्याः शास्त्रोन्नयनाय अधमर्णाः सन्तः शास्त्रप्रचारपथे बलात्प्रवर्तिताः स्मः। तत एव अन्यान् विदुषो निवेदयन् किमपि दिग्दर्शनमिवोपस्थापयामि। दुःश्रवणोऽप्ययं कलहः कोमलं सरसञ्च काव्यमादाय विवदमानानामालङ्कारिणां प्रणयकलह इव प्रियो भवितेति विचारेण प्रथममुपतिष्ठते। रसपिच्छिलेऽस्मिन् काव्यालोचनापथे निकषोपल इव कठोर एषां विचारक्रमः। अलङ्कारशास्त्रमिदं समेषां शास्त्राणां सम्बन्धं दधद् व्याख्यानभेदानां मतभेदनां खण्डनमण्डनानां च गहनं वनम्। भ्रान्ति-संशयप्रभृतयोऽस्यालङ्काराः। अन्यशास्त्रेषु विषयविवेचनादिषु च यत्नतः परिहेय आरोपो वक्रोक्तिविधया सर्वालङ्कारबीजतां धत्ते सोऽपि च आहार्यते। एतादृशे विषये मम सदोषा स्याद् विवेचना, किमाश्चर्यम्। दोषमत्र पश्यन्तो दोषज्ञा एव, किं नूतनम्।

तथा च रसगङ्गाधरे परिणामप्रकरणे इत्थमस्ति—"यच्चाप्पय्यदीक्षितैर्वैयधिकरण्येन परिणामे उदाहृतम्—

तारानायकशेखराय जगदाधाराय धाराधर-
च्छायाधारककन्धराय गिरिजासङ्गैकशृङ्गारिणे।
नद्या शेखरिणे दृशा तिलकिने नारायणेनास्त्रिणे
नागैः कङ्कणिने नगेन गृहिणे नाथाय सेयं नतिः॥

अत्र चिन्त्यते—तारानायकशेखरायेति पद्ये गिरिजासङ्गैकशृङ्गारिणि भवे कविकर्तृका नतिः इति नद्या आरोप्यमाणशेखररूपतयैवोपयोगो न स्वरूपेण, एवं दृशोऽपि तिलकरूपतयेति रूपकमेव शुद्धं भवितुमर्हति। ननु परिणामे विषयाभिन्नत्वेन विषय्यवतिष्ठत इत्युक्तम्। प्रकृते च विषयवाचकेभ्यो

नद्यादिशब्देभ्यः परस्यास्तृतीयाया अभेदार्थकत्वात् शेखरादेश्च तदन्वितत्वात् कथं नात्र परिणाम इति चेत् न, विषयाभिन्नत्वेन विषयिणो भानेऽपि विषयात्मना प्रकृतानुपयोगाद् इति।

तारानायकश्चंद्रः, धाराधरेत्यस्य मेघश्यामलकन्धराय नीलग्रीवायेत्यर्थः। गिरिजासङ्गेन एकः शृङ्गारी, तस्मै। तेन "नद्या शेखरिणे" इत्यादिना समानता। गिरिजागङ्ग एकः शृङ्गारोऽस्यास्तीति विग्रहे तु न कर्मधारयान्मतुबर्थीयेत्यादिन्यायविरोधोऽपि स्यात्। नद्या शेखरिणे—इत्यादौ धान्येन धनवान्-इत्यादाविव एकदेशान्वयिन्यभेदार्थे तृतीया; नद्यभिन्नशेखरशालिने—इत्यादिरीत्यार्थः, द्विः समानार्थशेखरपदोपादानमुद्वेजयतीव—इति पदव्याख्या।

अत्र यात्वसाविति प्रतीके प्रदीपः महाप्रलयादिषु वर्णानुपूर्वीविनाशे पुनरुत्पद्य ऋषयः संस्कारातिशयाद् वेदार्थं स्मृत्वा शब्दरचनां विदधतीत्यर्थः। तद्भेदादिति प्रतीके आनुपूर्वीभेदादित्यर्थः। ततश्च कठादयो वेदानुपूर्व्याः कर्तार एव न तु स्थिततया एव सुशर्मादिवत् प्रवक्तारः, ततश्च छन्दस्यपि कृते ग्रन्थे इत्येव सिद्धः प्रत्यय इति भावः। यद्यप्यर्थो नित्यो प्रतीके उद्योतः- अंशेन वेदस्य नित्यत्वं स्वीकृत्य अंशेनानित्यत्वमाह इति।

अस्य भाष्यस्य अर्थविशेषविशिष्टः शब्दविशेषो वेदः, विशेषणीभूतार्थस्य नित्यत्वेऽपि विशेष्यशब्दस्य अनित्यत्वात् कठादिभ्यः कृते ग्रन्थे प्रत्ययो भवतीत्याशयः। शब्दार्थयोः समभावेन वेदत्वे शब्दार्थयुगलस्य वेदस्य अकृततया कथं प्रत्ययप्राप्तिरिति भाष्यं विरुध्यते, शब्दस्य प्राधान्ये तु घटत्वस्य अकृतत्वेऽपि विशेष्यद्रव्यस्य कृतत्वात् कृतो घट इति यथा भवति तथा अर्थस्याकृतत्वेऽपि विशेष्यशब्दस्य कृतत्वात्प्रत्ययः सिद्ध्यति, घटत्वमादाय अकृतो घट इति व्यवहारवारणाय पदार्थः पदार्थेनान्वेति न तु पदार्थैकदेशेन इति न्यायेन विशेषणे पदार्थान्तरान्वयवारणात्। तथापि उद्योतः—अनेन वेदत्वं शब्दार्थोभयवृत्तीति ध्वनितमिति, ब्रूते किं कर्त्तव्यम्।

षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्चेत्यादिश्रुतिरपि अर्थविशिष्टशब्दस्य वेदत्व एव संगच्छते, विशेष्ये शब्दे अध्ययनस्य सूपपादत्वात्, ज्ञेयत्वन्तु विशेषणविशेष्ययोरुभयोरपि संभवः। समानभावेन शब्दार्थयुगलस्य वेदत्वे तु शब्दाऽध्ययनम् अर्थे ज्ञेयत्वञ्चोपपादनीयम् तच्च न सम्भवति धवं पश्य, खदिरं छिन्धि, इति तात्पर्येण धवखदिरौ पश्य, छिन्धि चेति प्रयोगस्य साहित्याभावेन अव्युत्पन्नत्ववद् वेदरूपौ शब्दार्थौ अध्येयो ज्ञेयश्चेत्यस्याप्यव्युत्पन्नत्वात्। लक्षणया कथञ्चिदुपपादने च पण्डितराजवचस एव विजयः। शब्दार्थयुगलस्य वेदत्वे तस्य पाठासंभवस्तु प्रागेवोक्तः। वैयाकरणमूर्धन्यो महाभाष्यविज्ञो हरिरपि वेदस्य वाग्रूपतां व्याचष्टे—

"अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयंभुवा।
आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वाः प्रवृत्तयः॥"

एवञ्च शब्दविशेषस्य काव्यत्वमिति पण्डितराजस्योपपादनं सम्यक् प्रतिभातीति विवेचनीयं विद्वद्भिरिति निवेदनात्किमधिकेन।

विद्वन्महीन्द्रमहिमानमनुव्रजन्त्याम्
नैवाक्षिपन्तु कलुषं मम तद्विवृत्त्याम्॥
रत्नाकरस्य सरसां तरसा न किञ्चिद्
रूपं बिभर्ति गलितावयवं विनैव॥

गुरो त्वदीये मृदुले सरोजपादे कटु काव्यविचारमेनम्॥
समर्पयन् शिष्ययशो विलुम्पन् हीनो धिया दीनवचा नमामि॥

पटना संस्कृत सञ्जीवन संस्कृत पत्रिका के २२ बाइसवें वर्ष में संवत् २०१८ आश्विन पूर्णिमा तृतीय अङ्क में संस्कृत में प्रकाशित

शब्दार्थ या शब्द काव्य हैं

संस्कृत में इस शीर्षक का स्वरूप 'शब्दार्थौ शब्दो वा काव्यम्' हैं। वहाँ द्विवचन होने से अधिक स्फुट होता है। हिन्दी में द्विवचन न होने से वैसा स्पष्ट नहीं होता, शब्द और अर्थ दोनों समान भाव से काव्य हैं एक एक नहीं ऐसा एक मत है जो काव्यप्रकाश का प्रसिद्ध है। प्रधान रूप से शब्द काव्य है उसमें विशेषण अर्थ है ऐसा दूसरा मत है, जो पण्डितराज जगन्नाथ का रसगङ्गाधर में लिखा हुआ है। इसमें पहले मत की आलोचना के साथ दूसरे मत का महत्त्व बताया जाता है।

रमणीय अर्थ का प्रतिपादक शब्द काव्य है ऐसा रसगङ्गाधर का मूल काव्य लक्षण है। इसमें अर्थ शब्द से शब्द न लेना यह भूल कहा जायेगा। क्योंकि वहाँ मूल में ही, जिसकी भावना चमत्कार का कारण हो वह रमणीय अर्थ है ऐसा वर्णन किया गया है। शब्द की भावना से भी चमत्कार होता ही है अतः रमणीय अर्थ पद से शब्द विशेष भी लिया जायेगा।

और देखा जाय,—ग्रन्थों में उपमा के अनेक ऐसे उदाहरण दिये गये हैं जिनमें उपमा सम्पादक साधारण धर्म शब्द ही है, वहाँ उपमा का अङ्ग ही शब्द हुआ है, वहाँ उपमा की भावना शब्द की भी भावना है, इसलिये वहाँ रमणीय अर्थ शब्द भी है। यदि काव्य के लक्षण में शब्द से भिन्न ही अर्थ लिया जाय तो वैसी उपमा वाले काव्यों के उदाहरणों में काव्य लक्षण का अव्याप्ति दोष हो जायेगा, क्योंकि वहाँ शब्द भिन्न रमणीय अर्थ नहीं मिलेगा। वहाँ जो उपमा से चमत्कार है वह शब्द से भी है।

इतना ही नहीं—रसगङ्गाधर में आगे कारणमाला प्रकरण में 'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके' इत्यादि वाक्यपदीय कारिका के अनुसार सभी शाब्द बोधों में शब्द का

भान नव्य न्याय शैली से कार्यकारण भाव वर्णन के साथ दर्शाया गया है, उसके अनुसार सभी काव्यार्थं की भावना शब्द भावना है, अतः चमत्कार को पैदा करने वाली भावनाओं का विषय शब्द भी है इसलिये शब्द भी रमणीय अर्थ है। आलङ्कारिक ग्रन्थों को देखा जाय, यद्यपि सभी जगह शब्द और अर्थ दोनों को भावना अवश्य है किन्तु विशेष चमत्कार अन्वय व्यतिरेक से शब्द के अधीन बताया गया है, कोई उदाहरण वर्ण व्यञ्जकता का कोई पद का, दूसरे प्रकृति के अन्य प्रत्यय व्यञ्जकता के उदाहरण दिये गये हैं। भाव यह है कि यद्यपि शब्द अर्थ दोनों की भावना चमत्कार कारण है किन्तु कहीं अर्थ चमत्कार शब्द चमत्कार से बढ़ जाता है वहाँ भावना में अर्थ प्रधान और शब्द विशेषण हो जाता है, वहाँ अर्थचित्र का व्यवहार होता है। जहाँ शब्द चमत्कार अर्थ चमत्कार से बढ़ जाता है वहाँ भावना शब्द को प्रधान और अर्थ को विशेषण करके होती है वहाँ शब्द चित्र का व्यवहार होता है। इस प्रकार विशेष अर्थ वाला शब्द काव्य है ऐसा दूसरा मत सिद्ध होता है। जैसे आत्मा और शरीर में शरीर का शरीरी भाव है, शरीरी आत्मा से भिन्न शरीर है, वैसे ही शब्द और अर्थ काव्य का शरीर है ऐसा अभियुक्तों का व्यवहार है, यहां भी शरीर और शरीरी में कुछ भेद होना चाहिये, अर्थवान् शब्द को यदि काव्य माना जाता है तो शब्द और अर्थ शरीर हो सकता है, शरीरी काव्य शब्द है, शरीर में अर्थ अधिक का प्रवेश होने से शरीरी से भेद हो सकता है, शब्द अर्थ दोनों को समान भाव से काव्य मानने पर शरीरी काव्य और शरीर शब्द और अर्थ दोनों में भेद सिद्ध नहीं होगा, इसलिये काव्य का शरीर शब्द और अर्थ है ऐसा भेद व्यवहार नहीं बनेगा अथवा लाक्षणिक मानना पड़ेगा। इस मत के अनुसार रमणीय शब्द और अर्थ शरीर का प्रतिपादक शब्द काव्य है, ऐसा लक्षण का अभिप्राय होता है। जिससे कि शब्द रूप काव्य में अर्थ का भी प्रवेश स्फुट हो।

वाक्यपदीय में शब्द में भी अर्थ के ऐसा ग्राह्यत्व शक्ति का उल्लेख है, वैयाकरण भूषण आदि में छः प्रातिपदिकार्थ पक्ष चलाकर उस ग्राह्यत्व शक्ति का स्पष्ट उपपादन किया गया है। इस प्रकार शब्द का भी प्रतिपादक शब्द है यह सिद्ध है। शब्दार्थ शरीर है इसका अभिप्राय है कि अलङ्कार का आश्रय होता हुआ भावना का

विषय बनकर चमत्कार का कारण शब्दार्थ है, क्योंकि मानव शरीर में ही अलङ्कारों का उपयोग होता है न कि शरीरी में, उसी प्रकार काव्य शरीर शब्दार्थ में अलङ्कारों की भावना होती है। पण्डितराज के मत में शब्दार्थ में भी गुण की भावना हो सकती है यह दूसरी बात है। इससे यह सिद्ध हुआ कि 'शब्द को काव्य मानने पर शब्द में नहीं रहने वाले अर्थालङ्कारों का निरूपण अप्रासङ्गिक हो जायेगा' ऐसा किन्हीं व्याख्याताओं का रसगङ्गाधर पर आक्षेप पूर्व वर्णित लक्षण के अभिप्राय को नहीं समझने के कारण है।

कोई ऐसा भी व्याख्यान करता है कि 'प्रतिपादकता सम्बन्ध से रमणीय अर्थ वाला शब्द काव्य है' इसका भी 'अर्थविशेष वाला शब्द विशेष काव्य है' इसी में पर्यवसान है। इसमें भी शब्दार्थ शरीर वाला काव्य है ऐसा पहले के ऐसा ही समन्वय है, शरीर अंश में शब्दार्थ समान रूप से प्रविष्ट हैं तथा शरीरी काव्य में शब्द प्रधान है इसलिये किन्हीं आचार्य वचनों का विरोध नहीं है। पहले ही के ऐसा अर्थ शब्द से शब्द का ग्रहण समझना है।

व्याकरण शास्त्र में भी प्रसिद्ध है कि 'स्वंरूपं शब्दस्याशब्दसञ्ज्ञा' इस सूत्र से शब्द स्वरूप की उपस्थिति होती है और 'अथर्ववद्ग्रहणे नानर्थकस्य ग्रहणम्' इस परिभाषा से अर्थ की उपस्थिति होती है, दोनों में किसी का परित्याग नहीं होता, व्याकरण में शब्द से काम करना है इसलिये शब्द प्रधान हो जाता है, अर्थ उसका विशेषण बनता है, फलतः अर्थवान् शब्द का ग्रहण किया जाता है, इसलिये अनर्थक अग्नि शब्द से 'अग्नेर्ढक्' सूत्र से ढक् प्रत्यय नहीं होता। उसी प्रकार अर्थवान् शब्द को काव्य मानने पर अर्थ का प्रवेश काव्य में हो गया। अतः अर्थ के सम्बन्धी अलङ्कार और गुणों का निरूपण आवश्यक ही हुआ।

और देखा जाय। पशु शब्द का अर्थ वर्णन किया जाता है कि रोंआं वाला जो पूछ वैसे पूंछ वाले जानवर को पशु कहते हैं, चूहे के पूंछ में रोआं नहीं होता उसकी व्यावृत्ति के लिये वैसा विशेषण दिया जाता है, पशु के शरीर में पूंछ विशेषण और पूंछ में रोम विशेषण है, वहाँ पूंछ और रोम पशु के अङ्ग होते हैं तथा रोम-पूंछों के दूषित या अलङ्कृत होने पर पशु दूषित या अलङ्कृत होता है। उसी प्रकार

अर्थवान् शब्द रूप काव्य के अर्थ को गुणी, दूषित या अलङ्कृत होने पर काव्य भी गुणी, दूषित या अलङ्कृत होता है, अतः अर्थाश्रित गुण, दोष, अलङ्कारों का निरूपण प्रासङ्गिक ही होगा।

रसगङ्गाधर पर स्वर्गीय महामहोपाध्याय पण्डित श्री गङ्गाधर शास्त्री जी की टिप्पणी प्रकाशित है। उसमें लिखा हैं कि शब्दमात्र को काव्य मानने पर शब्दमात्र में रहने वाले दोष, गुण, अलङ्कार, ध्वनिओं का निरूपण उचित होगा अर्थ मे रहने वाले उन दोष आदि का निरूपण उन्मत्त प्रलाप हो जायेगा यदि रस का उपयोगी होने से उनका निरूपण कहें तौभी उचित नहीं होगा। काव्य के अङ्गों के निरूपण की प्रतिज्ञा करके इसके उपयोगी का निरूपण असंगत ही होगा। और क्या ? कवि के प्रयत्न के विषय शब्द और अर्थ दोनों हैं इसलिये दोनों को काव्य मानना चाहिये केवल शब्द को नहीं।

मेरी समझ में यह आक्षेप पण्डितराज को नहीं छुता। उन्होंने शब्द मात्र को काव्य नहीं कहा है, अर्थ विशेष से विशिष्ट शब्द विशेष को काव्य कहते हैं, काव्य का अङ्ग शब्द के ऐसा अर्थ भी है इसका उपपादन किया गया है। उनकी वैसी प्रतिज्ञा भी कहीं नहीं है। अर्थ वाला शब्द कवि के यत्न का विषय है इसमें कोई विवाद नहीं मालूम पड़ता।

इसी प्रकार ऋचा सूक्त आदि पदों का अर्थविशेष से युक्त शब्द ही शक्य है। 'आद्यन्तवदेकस्मिन्' सूत्र के महाभाष्य में निम्नलिखित अभिप्राय का शङ्का और समाधान किया गया है। एक वर्ण पद, एकपदा ऋक्, एकर्च सूक्त इत्यादि मुख्य व्यवहार नहीं हो सकता है, पद एक वर्ण रूप ही है। उससे भिन्न वहां कोई नहीं है तब एक वर्ण है जिस पद में ऐसे बहुव्रीहि समास में अन्य पदार्थ कौन हैं ? इसी प्रकार एक पद है जिस ऋचा में, एक ऋक् है जिस सूक्त में, अन्य पदार्थ कोई नहीं मिलता। रेफवर्णवाला रेफ से घटित राम पद यह मुख्य व्यवहार है, क्योंकि रेफ से भिन्न रामपद अन्य पदार्थ है। एकवर्णपद व्यवहार में एक वर्ण से अतिरिक्त कोई नहीं है जो अन्य पदार्थ हो सके, एक वर्ण पद का एक वर्ण से घटित पद अर्थ है, एक वर्ण रूप ही पद वास्तव में उसी से घटित नहीं हो सकता, किन्तु स्वयं अपने से घटित आहार्य आरोप

बुद्धिकरके व्यवहार है इसलिये वह मुख्य व्यवहार नहीं है। इसी भांति एक पद से घटित ऋचा और एक ऋचा से घटित सूक्त व्यवहार मुख्य नहीं है। अमुख्य व्यवहार होने से 'व्यपदेशिपदेकस्मिन्' परिभाषा के उपयोग की शङ्का करके समाधान किया कि यहाँ अर्थ से युक्त व्यवहार है, पद अर्थ है ऋक् अर्थ हैं सूक्त अर्थ है, अर्थ से युक्त व्यवहार इसमें अर्थ शब्द से निमित्त लिया गया है, व्यवहार निमित्त है आरोप मूलक व्यवहार नहीं है। यहां प्रदीप व्याख्यान करता है कि पद-ऋक्-सूक्त का जो अर्थ है वह अन्य पदार्थ है, उपचार से पद आदि के अर्थ को पद-ऋक् आदि शब्दों से कहा गया है। यहाँ अर्थ पद का अर्थवाला शब्द अभिप्रेत है, शब्द बोधक पदों की अर्थ युक्त शब्द में शक्ति मानी गई है। वृत्ति का विषय अर्थ कहा जाता है, उस प्रकार अर्थ वाला शब्द भी अर्थ हुआ। शब्दों की केवल शब्द स्वरूप में शक्ति नहीं है ऐसा पहले कहा गया है। इस तरह अर्थ वाला शब्द अन्य पदार्थ हुआ और केवल शब्द अवयव हुआ। इस भाष्य से अर्थ विशेष वाला शब्द. पद-ऋचा और सूक्त है, उसमें शब्द अर्थ समान भाव से हैं ऐसा बताने वाला भाष्य का कोई शब्द नहीं है, भाष्य से और प्रदीप से इतना ही कहा गया कि पद-ऋक्-सूक्तों को केवल शब्द नहीं समझना चाहिये किन्तु अर्थ युक्त शब्द समझना चाहिये, केवल शब्द समझने पर अन्य पदार्थ नहीं मिलता शङ्का है, अर्थयुक्त शब्द रूप मानना सिद्धान्त है, अर्थयुक्त शब्द अन्य पदार्थ हुआ केवल शब्द उसका अवयव है। उसी प्रकार अर्थ वाला शब्द काव्य है। जो यहाँ उद्योत में लिखा है कि पद आदि शब्दों के जो अर्थ हैं वे अर्थ से युक्त हैं। वह भी अनुकूल ही है, पद-ऋक्-सूक्त शब्दों से जिनका व्यवहार होता है वे अर्थ वाले है ही। समाधान भाष्य मुख्य व्यवहार बताता है, उसमें साक्षात् व्यवहार का निमित्त होना चाहिये इस अभिप्राय से ऐसा व्याख्यान करना चाहिए। प्रदीप ने केवल अर्थ को अन्य पदार्थ माना है ऐसा समझकर उद्योत ने प्रदीप का खण्डन किया है यह दूसरी बात है। यहाँ उद्योत में जो लिखा है कि पादत्व-सूक्तत्व आदि शब्द और अर्थ दोनों में रहते हैं वह अपनी मान्यता के अनुसार लिखा है भाष्य के अक्षर वैसे नहीं हैं। पण्डितराज के मत में भी भाष्य की योजना अच्छी ही होती है। इनके व्यवहार क्षेत्रों में कहीं भी समान रूप से शब्द और अर्थ दोनों का उपयोग नहीं होता। अर्थ वाले शब्द रूप से इनका व्यवहार कहीं भी बाधित नहीं है।

शब्द-अर्थ जोड़ा काव्य है ऐसा कुछ लोगों का व्यामोह इसलिये हुआ कि प्राचीन कुछ आलङ्कारिक ग्रन्थ स्फुट प्रतिपादन नहीं कर पाते, जैसे, काव्य प्रकाश को ले, अदोष-सगुण शब्द और अर्थ काव्य हैं घे शब्दार्थ कहीं कहीं अलङ्कार रहित भी होते हैं, इसका अधिकतर लोग लक्षण रूप से व्याख्यान का ही आग्रह करते हैं, इसीलिये मैं भी भिन्न प्रकार से लक्षण की भांति ही व्याख्यान करता हूं, वास्तविक विचार में तो यह लक्षण अभिप्राय वाला ग्रन्थ नहीं मालूम पड़ता, ऐसा लक्षण ग्रन्थ तो मिलता है कि मूल लक्षण में अतिव्याप्ति आदि दोष मालूम पड़ने पर और अन्य पदों का निवेश करके निर्दुष्ट लक्षण किया जाता है, किन्तु प्रतिष्ठित लक्षण ग्रन्थ यही मिलता है जिसमें अव्याप्ति दोष करने वाले शब्द लक्षण में प्रविष्ट किये गये हैं, और लक्षण में प्रविष्ट पदों को निकालकर निर्दुष्ट लक्षण करते हैं। दूसरे लोग जैसे तैसे भी समझें किन्तु मेरी श्रद्धा नहीं होती कि सदोष को काव्य मानता हुआ भी ग्रन्थकार लक्षण में अदोषपद दे, इसी प्रकार सालङ्कार निरलङ्कार दोनों को काव्य मानता हुआ भी लक्षण में 'कहीं पर अनलङ्कार' ऐसा लक्षण में कहे, और लोगों के व्याख्यान को देख कर ऐसी भावना उठती है कि ग्रन्थकार इस लेख से चमत्कार को करने वाले पदार्थों का परिचय देता है, अथवा लक्षण सुबोध होने से कैसे कैसे वस्तुओं का निरूपण करना है उसकी प्रतिज्ञा करता है, रहे यह, इसका विशेष विवेचन प्रासङ्गिक नहीं होगा। किन्तु इसकी अनेक प्रकार की व्याख्या धारा है उसमें शब्द को काव्य मानने वाली व्याख्यान धारा को भी देखना जरूरी है। मूल में तत् शब्द है, यतः पद का अध्याहार किया जायेगा, यत् और तत् शब्द से काव्य शब्द लिया जायेगा, जिससे प्रतिपाद्य अदोष सगुण अलङ्कार से उपलक्षित शब्दार्थ हो वह शब्द काव्य है। अथवा जिसका शरीर भूत अदोष सगुण अलङ्कार से उपलक्षित शब्दार्थ हो वह काव्य है। दूसरे लोग ऐसे भी कहते हैं कि भले व्याख्याता शब्दार्थ युगल को काव्य मानते रहें किन्तु जैसा इनका व्याख्यान है उससे सिद्ध होता हैं कि ग्रन्थ में शब्दार्थों शब्द से शब्द और अर्थ समान रूप से प्रधान नहीं हैं, किन्तु शब्द प्रधान है और अर्थ शब्द की अपेक्षा गौण है अर्थात् शब्द का विशेषण है। अर्थवान् शब्द काव्य है। व्याख्यान देखा जाय। शब्दार्थों शब्द में 'अजाद्यदन्तम्' सूत्र से अर्थ शब्द का पूर्व निपात क्यों नहीं हुआ ? ऐसा संदेह करके व्याख्याता स्वयं

समाधान करते हैं कि शब्द प्रधान होने से शब्द का पूर्व निपात हुआ। इससे सिद्ध हुआ कि काव्य में शब्द और अर्थ का समान भाव से सन्निवेश नहीं है, किन्तु अर्थवान् शब्द ही काव्य काव्यप्रकाश ग्रन्थ का भी अभिप्रेत हुआ।

काव्य प्रकाश के काव्य लक्षण पर रस गङ्गाधर मूल ऐसा कहता है, यहाँ यह सोचा जाता है—शब्दार्थ युगल काव्य शब्द का वाच्य नहीं है क्योंकि प्रमाण नहीं है, काव्य जोरों से पढ़ा जाता है, काव्य से अर्थ समझा जाता है, काव्य सुना अर्थ नहीं जाना, इत्यादि सभी जनों के व्यवहार से उलटे शब्द विशेष ही काव्य शब्द का अर्थ सिद्ध होता है, शब्द मात्र में काव्य शब्द का व्यवहार लक्षणा से सम्पन्न होगा ऐसा तब कहा जा सकता है जब कि शब्द और अर्थ जोड़े में काव्य पद को शक्ति साधने वाला कोई प्रबल प्रमाण उपस्थित हो, वैसा दीख नहीं पड़ता, विवादग्रस्त व्यवहार प्रमाणों में श्रद्धा नहीं होती।

इस प्रकार शब्दार्थ युगल में काव्य पद की शक्ति साधने वाले प्रमाण का अभाव होने पर अबाधित ऊपर बताये हुए व्यवहार प्रमाणों से शब्द विशेष में सिद्ध होने वाली काव्य पद की शक्ति को कौन रोक सकता है? इन प्रमाणों के रहने पर विनिगमक न रहने से शब्द अर्थ दोनों में शक्ति है यह कहना भी नहीं हो सकता, इस तरह शब्द विशेष काव्य पदार्थ सिद्ध होने पर उसी का लक्षण करना उचित है न कि स्वयं कल्पित काव्य पदार्थ का। यही गति वेद पुराण आदि के लक्षणों में भी है, नहीं तो वहाँ भी ऐसी दुरवस्था होय। जो कहा जाता है कि आस्वाद का उद्बोधक काव्य है, शब्द अर्थ दोनों आस्वाद के उद्बोधक हैं इसलिये शब्द अर्थ दोनों काव्य हैं, वह ठीक नहीं, क्योंकि राग आस्वाद का उद्बोधक है ऐसा ध्वनिकार आदि सभी आलङ्कारिकों को सम्मत है, राग भी काव्य हो जायेगा, उसका भी लक्षण से संग्रह और निरूपण आवश्यक पड़ जायेगा। अधिक क्या कहना नाट्यों के सभी अङ्ग प्रायः आस्वाद के उद्बोधक हैं, उन सभी का संग्रह आ पड़ेगा। इन्हीं कारणों से रस के प्राकट्य में समर्थ काव्य लक्ष्य है इत्यादि किसी का कथन आदरणीय नहीं है॥ इति॥

यहाँ रसगङ्गाधर में प्रत्युत शब्द से बाधक व्यवहार की अधिकता सूचित की गई है। काव्य ज्ञात हुआ इत्यादि व्यवहार शब्द अर्थ में समान रूप से संगत हैं।

शब्द विशेष को काव्य मानने के पक्ष में कोई आक्षेप ऐसा भी करने का साहस करता है कि शब्द नित्य है इस पक्ष में काव्य करों ऐसा व्यवहार नहीं बनेगा। अर्थ को काव्य मानने पर अर्थ का करना संभव होने से व्यवहार वन सकता है, इत्यादि, वह बहुत जल्दी वाजी की कल्पना मालूम पड़ती है, क्योंकि उस पक्ष में शब्द करों इस व्यवहार का जैसे उपपादन होगा वैसे काव्य करों का भी होगा, नहीं तो शब्दार्थ युगल काव्य पक्ष में वैसा दोष क्यों नहीं होता ? इस प्रकार शब्द विशेष को काव्य मानने में कोई बाधक व्यवहार नहीं मिलता।

इसी प्रकार अपने से भिन्न प्रमाणों द्वारा अज्ञात अबाधित अर्थ का प्रतिपादक शब्द वेद है। सर्ग प्रतिसर्ग आदि पाँच प्रकार के वस्तुओं का प्रतिपादक व्यास का शब्द पुराण है। अतीत अर्थ का प्रतिपादक इति-ह-आस आदि शब्द से घटित प्रमाण शब्द इतिहास है। इत्यादि शब्द प्रधान ही लक्षण करना चाहिये नहीं तो वेद का अध्ययन करता है पुराण को पढ़ता है इत्यादि व्यवहारों की मुख्यता नहीं होगी। मन्त्र और ब्राह्मण स्वरूप शब्द राशि वेद है ऐसा आपस्तम्ब मत है। उसी के अनुसार ऋग्वेद भाष्य अनुक्रमणिका में सायणाचार्य मानते हैं। वे ही दूसरी जगह अपौरुषेय वाक्य वेद है ऐसा बोलते हैं, यही पूर्व मीमांसा भाष्य सम्मत है, कुसुमाञ्जलि पञ्चम स्तवक में जिसका दूसरा मूल न मिलता हो ऐसे महाजनों से गृहीत वाक्य को वेद उदयनाचार्य कहते हैं। वहीं पर शब्द और शब्द से उपजीवी प्रमाण से अतिरिक्त जो प्रमाण उससे जन्य जो प्रमा उसका विषय जिसका अर्थ न हो और शब्द से नहीं होने वाला जो वाक्यार्थ का ज्ञान उससे जन्य प्रमाण शब्द को वेद वर्धमानोपाध्याय कहते हैं। समय बल से अबाधित जो परोक्ष उसके अनुभव का साधन आगम स्मृति है ऐसा सामणाचार्य कहते हैं। इस प्रकार अर्थवान् शब्द विशेष में जैसे वेद आदि की शक्ति का सम्प्रदाय है वैसे ही शब्द विशेष में काव्य के व्यवहार का सम्प्रदाय है, उसके उल्लंघन से अप्रमाणित लक्षण द्वारा किसी प्रकार के व्यवहार का उपपादन अनुचित है।

यहां के रसगङ्गाधर पर मर्म प्रकाश कहता है—इसी कारण वेदत्व आदि को शब्द और अर्थ दोनों में बताने वाले 'तदधीते तद्वेद' इस सूत्र का भगवान पतञ्जलि संगत होते हैं। इसके खण्डन में पहले बहुत लिखा जा चुका। भगवान् पतञ्जलि के

महाभाष्य की परीक्षा की जाय। यह वहां का महाभाष्य है—अध्ययन और वेदन इन दो अर्थों का उपदेश करते हैं सो क्यों ? जो पढ़ता है वह जानता भी है, जो जानता है वह अध्ययन भी करता है ऐसा क्यों नहीं मानते जिससे एक ही के निर्देश से दोनों ले सके ?। ऐसी शङ्का ठीक नहीं है दोनों का सन्निवेश आवश्यक है। ऐसा भी होता है कि कोई शब्द पाठ मात्र करता है अर्थ नहीं जानता, कोई देखता हुआ अर्थ का ज्ञान करता है शब्द परायण नही करता, यहाँ प्रदीप नय इति प्रतीक पर जो जिस ग्रन्थ को पढता है उसको स्वरूप से जानता भी है, जो स्वरूव से जानता है वह पढ़ता भी है यह भाव है। वैतयोरिति प्रतीक पर अर्थ का ज्ञान वेदन है केवल स्वरूप का ज्ञान नहीं, वहाँ परस्पर व्यभिचार होने से दोनों का ग्रहण है ऐसा अर्थ है। सं पाठ मिति प्रतीक पर अर्थ की अपेक्षा न करके स्वाध्याय पढ़ता है ऐसा अर्थ है। इस भाष्य से क्या वेदत्व शब्द अर्थ दोनों में है या अर्थवान् शब्द में है ? इसको सोचना चाहिये प्रदीप के अनुसार पूर्व और उत्तर दोनों पक्षों में वेदस्वरूप में प्रधान रूप से अर्थ का प्रवेश नहीं है यह स्फुट आता है क्योंकि अर्थ ज्ञान के विना भी वेद स्वरूप का वेदन वताता है, वह शब्द अर्थ दो स्वरूपवेद की मान्यता का विरोध करता है, यदि दोनों स्वरूपवेद हो तो दोनों का वेदन वेदस्वरूप वेदन होगा, केवल शब्द का वेदन वेदस्वरूप वेदन नहीं होगा। भाष्य विरोध भी देखा जाय अर्थ निरपेक्ष शब्द मात्र का पठन वेद पठन भाष्यकार मानते हैं। और शब्द निरपेक्ष अर्थ के वेदन को वेदन मानते हैं, शब्द और अर्थ दोनों स्वरूप वेद को मानने पर न वेद पाठ हुआ न वेद वेदन हुआ, मर्मप्रकाश की कैसी भाव्य भक्ति है ?। वेद पाठ आदि व्यवहारों का लक्षणा से चलाने पर उद्यत होना तव हो सकता है, जव कही व्यवहार में शब्दार्थ युगुल का वेद शब्द का वाच्यार्थ होना सिद्ध होय, खोजना चाहिये, यदि कही व्यवहार में शब्दार्थ युगल को वेदार्थ होना नहीं मिलता तव यह लक्षणा की आसक्ति विलक्षण होगी। इसलिये मर्मप्रकाश और उसके सहचरों के विना कहीं भी कोई वेदत्व को शब्द और अर्थ दोनों में व्यासक्त नहीं मानता है, किन्तु अर्थ विशेष से विशिष्ट शब्द विशेष वेद है यह सभी को अभिप्रेत है, शब्द मात्र वेद नहीं है किन्तु अर्थविशेष विशिष्ट शब्द वेद है इसमें यह भाष्य तथा दूसरे भाष्य भी प्रमाण हैं। श्री नागोजी

भट्ट महादेय वेदत्व शब्द और अर्थं दोनों में रहता है इस अपनी मान्यता पर 'तेन प्रोक्तम' ४।३।१०१ सूत्र के भाष्य को प्रमाण बनाते हैं। किन्तु भाष्य का विचार करने पर इतना ही आता है कि वेद केवल शब्द रूप नहीं है किन्तु अर्थ विशेष से युक्त ही शब्द वेद है, उससे यह निकलता कि समान रूप से शब्द और अर्थ दोनों वेद रूप हैं, अर्थ विशेप से विशिष्ट शब्द विशेप को वेद मानने पर भी इस भाष्य का समन्वय हो जाता है।

तेन प्रोक्तम् सूत्र का यह भाष्य है प्रोक्त ग्रहण अनर्थक है वहाँ नहीं देखने से, प्रोक्त ग्रहण अनर्थक है, क्या कारण है ? वहाँ नहीं देखना, गांव-गांव में काटक और कालापक कहे जाते हैं वहाँ प्रत्यय नहीं दीखता, ग्रन्थ में देखा जाता है, जहाँ ग्रन्थ अर्थ में प्रत्यय देखा जाता है वहाँ ग्रन्थ अर्थ में 'तत्र कृते ग्रन्थे' इस सूत्र से ही प्रत्यय सिद्ध है इस सूत्र का उदाहरण ही नहीं होगा। तव छन्द के लिये इस सूत्र को कहना चाहिये, छन्द के लिये भी कहने पर तुल्य है गांव-गांव में काठक कालापक कहे जाते हैं वहाँ प्रत्यय नहीं देखा जाता है, अरे छन्द के लिये कहा गया है कि छन्द नहीं किये जाते छन्द नित्य होते हैं, यद्यपि छन्द के अर्थ नित्य हैं किन्तु जो वह वर्णों की आनुपूर्वी है वह अनित्य है, उस आनुपूर्वी के भेद से काठक कालापक, मोदक, पैप्पालादक इत्यादि होते हैं। यहाँ यात्वसी प्रतीक पर प्रदीप कहता है–महाप्रलय आदि में वर्णों की आनुपूर्वी का विनाश होने पर फिर उत्पन्न ऋषि लोग विशेष संस्कार के कारण वेद के अर्थं का स्मरण कर शब्द रचना करते हैं। तद्भेदात् इस प्रतीक पर आनुपूर्वी भेद से, और इससे कठ आदि वेद की आनुपूर्वी के कर्ता ही है न कि स्थित वेद का सुशर्मा आदि के ऐसा प्रवक्ता हैं। और इससे छन्द में भी प्रत्यय तत्र कृते ग्रन्थे से ही सिद्ध है। यद्यप्यर्थो प्रतीक पर उद्योत कहता है–अंश से वेद को नित्य मानकर अंश से अनित्य कहते हैं।

वेदार्थं के शब्द अंश में ही प्रोक्त-कृत-काठक आदि इस प्रकरण के विशेषण समन्वित होते हैं अर्थं अंश में नहीं, अर्थं अंश में ये विशेषण बाधित हैं, अतः वेदार्थं में शब्द के समकक्ष प्रधानता से अर्थं का प्रवेश इस भाष्य को सह्य नहीं है। यह ध्यान में रखने लायक है। अतः अर्थंविशेषविशिष्ट शब्द विशेप वेदार्थं इस भाष्य का अभिप्रेत

है। विशेषणी भूत अर्थ को नित्य होने पर भी विशेष्य शब्द को अनित्य होने से कठ आदिक शब्दो से कृत अर्थ में प्रत्यय होता है ऐसा आशय है। वेदार्थ में अर्थ प्रधान मानने पर वह कृत नहीं होगा प्रत्यय कैसे होगा, वैसा मानना भाष्य विरुद्ध होगा। विशेषण घटत्व को अकृत होने पर भी विशेष्य द्रव्य अंश को कृत होने से जैसे घट कृत होता है वैसी ही विशेषण अर्थ के नित्य होने से अकृत होने पर विशेष्य शब्द को कृत होने से कठ आदि से कृत वेद विशेष हो सकता है। घटत्व में अन्वय के तात्पर्य से घट अकृत है ऐसे प्रयोगों के कारण के लिये पदार्थ पदार्थ के साथ अन्वित होता है पदार्थ के एक देश के साथ नही ऐसा न्याय प्रसिद्ध ही है। तो भी यहाँ उद्योत कहता है कि वेदत्व शब्द अर्थ दोनों में रहता है ऐसा इस भाष्य से ध्वनित है, तो क्या किया जाय?

निष्कारण ब्राह्मणों का षडङ्ग वेद अध्येय और ज्ञेय है इस अभिप्राय वाली श्रुति शब्द प्रधान और अर्थ विशेषण वाले वेद शब्द के अर्थ में ही समन्वित होती है, क्योंकि शब्द का ही अध्ययन 'तदधीते तद्वेद' सूत्र भाष्य से सिद्ध हुआ है, ज्ञेय तो शब्द अर्थ दोनों में समन्वित हो जाता है। व्यवहारों का किसी प्रकार लक्षणा द्वारा उपपादन करने पर भी पण्डितराज के वचनों की ही विजय होगी।

वैयाकरण मूर्धन्य महाभाष्यविज्ञ श्री भर्तृहरि भी वेद को वाक् शब्द से व्यवहृत करते हैं।

अनादि निधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयं भुवा।
आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वाः प्रवृत्तयः॥

इस प्रकार शब्द विशेष काव्य है ऐसा पण्डितराज का विवेचन ठीक मालूम पड़ता है इस पर विद्वानों को विचार करना चाहिये। इस निवेदन से अधिक क्या?। कहीं कुछ भेद या अधिक मेरी रसचन्द्रिका में मिल सकता है। इति॥



प्रयागस्थ संगमनीपत्रिकायाश्चतुर्थवर्षस्य चतुर्थाङ्के २०२५ सम्वत्सरे प्रकाशितम्

संभावनम्

संभावनं नाम ज्ञानमलंकारलक्षणेषु प्रविष्टं लोकव्यवहारविश्रुतं नैकैः प्राक्तनैश्चर्चितं कीदृशम् इति समासतो विवेचयितुं यथामति प्रयते।

संभावनं यदित्थं स्यादित्यूहोऽन्यस्य सिद्धये।
यदि शेषो भवेद् वक्ता कथिताः स्युर्गुणास्तव ॥

इत्यादिरीत्या अन्यसिध्यनुकूल - ऊहस्तर्कविशेषः संभावनं ज्ञानमिति आयाति। व्याप्यारोपेण व्यापकारोपस्तर्क इति तर्कसंग्रहानुसारं संभावनस्य आरोपरूपता च फलति। 'यदि इत्थं स्याद्' इति तस्य व्यवहारपरिचयवाक्यम्। शेषो यदि वक्ता स्यात् तव गुणाः कथिताः स्युरिति तदुदाहरणम्। धूमो यदि वन्हिव्यभिचारी स्याद् वन्हिजन्यो न स्यात्, अस्ति च वन्हिजन्यस्तस्मान्नास्ति वन्हिव्यभिचारी इति रीत्या यदि तव गुणाः कथनीयाः स्युस्तर्हि अन्येषामशक्ततया शेषो वक्ता स्यात्। नास्ति शेषो वक्ता तदा अनन्ततया विलक्षणतया वा तव गुणाः न कथनीया इत्यूहः। एवमारोपरूपतया तदभाववति तत्प्रकारकं ज्ञानं संभावनं फलितम्। आरोपात्मकं ज्ञानं संभावनशब्दस्यार्थः। अन्यसिद्ध्यनुकूल–इत्यादिविशेषणस्य तु अलङ्कारसंभावनपरिचायकतयोपयोगः प्रतिभाति।

कारकसिद्धान्तकौमुदीग्रन्थस्य 'अपिः पदार्थसंभावनान्ववसर्गगर्हासमुच्चयेषु' इति सूत्रस्योदाहरणेऽपि आरोप एव संभावना आयाति। संभावनाविषयस्य अस्धात्वर्थभवनस्य दौर्लभ्यमुक्तम्। दौर्लभ्यञ्च असत्त्वप्रयुक्तम् इति सर्पिषोऽपि स्यादित्युदाहरणे स्फुटम्। अपि स्तुयाद्विष्णुमित्यत्र विष्णुकर्मकस्तवनस्याभाव एव परिशिष्यते। अत एव तत्र 'संभावनं शक्त्युत्कर्षमाविष्कर्तुमत्युक्तिः' इत्युक्तिः। विषयमतिक्रम्य विषयाभावे यथोच्यते तथा नास्ति तथापि तथोक्तिरिति तदर्थः। व्याख्यातारोऽपि अवाङ्मनसगोचरं विष्णुमपि स्तुयादित्यधिकोक्तिः, एतादृशस्यान्यदीयस्तवने सामर्थ्यमस्तीत्यत्र किं वक्तव्यम्; इति ब्रुवते। इत्यतोऽन्यसिद्ध्यनुकूलताऽपि स्फुटेति। एवं 'संभावनेऽलमिति चेत् सिद्धाप्रयोगे' इति सूत्रव्याख्यायां 'संभावनं क्रियासु योग्यताऽध्यवसायः, इत्युक्तम्। तेन अपि स्तुयाद् विष्णुमित्यादौ स्तुतियोग्यतानिर्णयमात्रं फलं

तथा प्रतिपादनस्य। भवति च प्रत्येकं कारणस्य योग्यता, कार्योत्पत्तिश्च सामग्र्यधीना, अतो नावश्यं तथा कार्यम्।

रामं स्निग्धतरं श्यामं विलोक्य वनमण्डले।
प्रायो धाराधरोऽयं स्यादिति नृत्यन्ति केकिनः॥

इत्यत्र संभावनादपि ज्ञानात् केकिनां नर्तनं कार्यं स्वीकरोति उत्प्रेक्षा-प्रकरणे पण्डितराजः। तथा च आरोपात्मकेऽपि संभावनज्ञाने अन्यारोपविलक्षणं कार्योत्पादनमन्यसिद्ध्यनुकूलता च सिद्ध्यति। रामं स्निग्धतरमित्यत्र न भ्रान्तिः भ्रान्त्युदाहरणतया 'धाराधरधिया धीरं नृत्यन्ति स्म शिखावलाः' इति तेनैव विपरिणमनात्।

अतिशयोक्तेस्तृतीयभेदं 'यद्येवं स्यात्तथापत्तौ' इति वर्णयन् संभावना-लङ्कारञ्च तत्रैवान्तर्भावयन् असत्यार्थकम् आरोपात्मकमेव ज्ञानं संभावनमभि-प्रैति अलङ्कारकौस्तुभकृद् विश्वेश्वरपण्डितः। परं लेखे असंभावितशब्दोल्लेखेन न स्फुटं प्रदर्शयितुमशकत्। तथाहि तस्य लेखः—तृतीयभेदेऽपि कथञ्चिद् असंभावितार्थकल्पनप्रतिपत्तिरेव विवक्षिता। यथा अस्य क्षोणीपतेः परार्धपरया इत्यादि प्रसिद्धं पद्यम्। ततः परम् 'एतेन' इति कृत्वा 'संभावनं यदीत्थम्' इत्यादि—पृथगलङ्कारत्वमपास्तम्' इत्यन्तेन। एवं सोपज्ञटीकायां विश्वेश्वर-पण्डित एव—संभावनञ्च साधारणधर्मदर्शननिमित्तकं प्रकृतविशेष्यकं तादात्म्य-संसर्गकमप्रकृतप्रकारक निश्चयानात्मकं ज्ञानमिति लिखति। तत्र साधारणधर्म-दर्शननिमित्तकं निश्चयानात्मकं ज्ञानमिति संशयसाधारणं संभावनस्य लक्षणम्। अन्यच्चोत्प्रेक्षालक्षणाभिप्रायेण। यतः 'संभावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्' इति प्रकृतपदघटितं लक्षणं काव्यप्रकाशो ब्रूते।

इदं पण्डितराजस्योत्प्रेक्षालक्षणसूत्रम् - तद्भिन्नत्वेन तदभाववत्त्वेन प्रमितस्य पदार्थस्य रमणीयतद्वृत्तितत्समानाधिकरणान्यतरतद्धर्मसम्बन्ध-निमित्तकं तत्त्वेन तद्वत्त्वेन वा संभावनम् उत्प्रेक्षा। अत्र संभावनं पदं सामान्यज्ञानार्थकं प्रतिभाति। प्रमितान्तस्य आहार्यतां ग्रन्थकर्ता स्वयं ब्रूते। अन्यतरतद्धर्मपदेन संशय इव ज्ञानस्य निमित्तं सूचयति। लोकोत्तरप्रभावं तं मन्ये नारायणं परम् इति संभावनज्ञानस्योदाहरणं ददाति। लोकोत्तरप्रभावस्य नारायणत्वव्याप्यतासंभावनं विवृणुते। संभावनतया च अनुमितिं वारयति।

ततोऽनुमित्युपयोगिनो व्याप्तेर्निश्चयाद् वैलक्षण्यं सूचितम्। भ्रान्तेरपि वैलक्षण्यं संभावनस्याङ्गीकरोति। रूपकवित्तीत्यादावतिप्रसङ्गवारणाय संभावन-

मिति वदन् पण्डितराज आहार्यादपि वैलक्षण्यं सम्भावनस्य व्यक्तीकरोति, यतो भिन्नयोरुपमानोपमेययोराहार्यतादात्म्यनिश्चयो रूपकम् ।

अयथार्थज्ञानस्य 'संशय-विपर्यय-तर्काः' त्रया भेदाः प्रसिद्धाः । त्रितय-वैलक्षण्यं संभावनज्ञाने पूर्वोक्तरीत्या आयाति, संशय इव समविरुद्धकोटिद्वयं नास्ति, विपर्यये भ्रान्तौ आहार्यता नास्ति, सम्भावने आहार्यता विद्यते । तर्क इव सर्वत्र अन्यसिद्ध्यनुकूलता व्यापकबाधनिश्चयादिर्नास्ति । एवं विवेचने त्रितयसाम्यमपि वर्णयितुं शक्येत । तथा च कोदृग्लक्षणं संभावनज्ञानमित्य-वशिष्यते एव ।

अतएव रसगङ्गाधरव्याख्याने नारायणेनानेन भवितव्यमिति पण्डित-राजसाक्षिको जातिविशेषोऽथवा 'कदाचित् सम्पद्येत' इत्यादिसाधारणप्रतीति-साक्षिकजातिविशेषः संभावनत्वमिति लिखितवानस्मि । अन्यत्र च अप्रामाण्य-शङ्काकवलितं निश्चयात्मकं ज्ञानं संभावनमिति मम लेखे वर्तते ।

प्रशस्तपादीये अनध्यवसायोऽपि तृतीयोऽविद्याभेदोऽङ्गीकृतः, किरणावल्यां न्यायलीलावत्यादौ च वर्णितः । न्यायपञ्चाननादय आलङ्कारिकास्तमेव संभावनमामनन्ति । विशेषतोऽनुल्लिखितनानाकोटिकं हि ज्ञानं संभावनम् । कोटीनामुल्लेखाभावे एकस्याः कोटेर्वा अनुल्लेखे कोटीनां सामान्यत उल्लेखेऽपि विशेषतोऽनुल्लेखे सर्वथापि अनध्यवसायः. पनसफलं विशेषतोऽपरिचिन्वतो विदेशीयस्य किंस्विदयम् इति ज्ञानं यथा, किं शब्दप्रयोगादनिश्चयात्मकमिदम् । परं कोटेर्भानं नास्ति । अयमिति तु धर्मिनिर्देशः । अतो विशेषतः कोटेर-नुल्लेखात् संशयो न किन्त्वनध्यवसायः । किं पनसः स्विदयमित्युदाहरणे पनसत्वकोटेरुल्लेखेऽपि अपरकोटेः किञ्चित्त्वेनोल्लेखाद् विशेषत उल्लेखाभावा-ल्लक्षणसमन्वयः । मन्ये मुखं चन्द्र इत्याद्युत्प्रेक्षायां मुखत्वचन्द्रत्वकोट्योः शब्दबोधे भानेऽपि इदं चन्द्र इति एकचन्द्रत्वकोटिकसंभावनज्ञानस्यैव अलङ्कार-ताप्रयोजकत्वात् तस्य च शब्दबोधोत्तरं सुलभात् ।

तत्राहं ब्रवीमि—मन्ये मुखं चन्द्र इत्यत्र मुखत्वचन्द्रत्वयोः कोटित्वेन भानं नास्ति, चन्द्रस्य तादात्म्येनोत्प्रेक्षायां धर्मितावच्छेदकतया उद्देश्यता-वच्छेदकतया वा मुखत्वस्य भानम् । तादृशमेव इदं चन्द्र इति ज्ञानम् । मुखस्येदन्त्वेनोद्देश्यतेति विशेषः ।

यदपि अनुपलब्धपक्ष-विपक्ष—सपक्ष—सहचारस्य असाधारणधर्मस्य दर्शनम् अनध्यवसाये कारणं संशये चोपलब्धस्येत्यादि तदपि न मनोरमं संभावने ज्ञाने विषयविषयिसाधारणस्यैवोपयोगो न तु अन्यत्र सहचारस्य ।

आलङ्कारिक एव चक्रवर्तिमहोदयोऽनध्यवसायाद् भिन्नमेव संभावनमङ्गीकरोति परं संभावनस्य स्फुटलक्षणं किमपि न प्रदर्शयति; आहार्यतामात्रं ब्रूते ।

ये तु अनध्यवसायं सम्भावनं वा अतिरिक्तं नाङ्गीकुर्वन्ति किन्तु संशयविपर्ययावेव तेषां संशये विपर्यये वा संभावनस्य कुत्र कथमन्तर्भाव इति अवशिष्यत एव ।

अलङ्कारकौस्तुभस्तु संभावनपदस्य उत्कटकोटिकसंदेहार्थकतां ब्रूते । तथा च तन्मते संशय एव संभावनस्यान्तर्भावः । संशयो द्विविधः, उत्कटकोटिकोऽनुत्कटकोटिकश्च । प्रथमः संभावनम् । तथा च संशयविशेषः संभावनम्, उत्कटत्वञ्च कोटौ निर्वचनीयम् । संशये 'अयं स्थाणुः पुरुषो वा' इत्यादौ अयमिति धर्मिनिर्देशः । स्थाणुत्वपुरुषत्वयोः कोटित्वेन व्यवहारः, तत्रैव एकत्र उत्कटत्वं वर्णनीयम् । अपेक्षणीया कोटिरुत्कटेत्यवैमि । समीहितस्यैवापेक्षाज्ञानं जायते, यत्र संशयेऽन्यतरकोटेरुपेक्षा अपेक्षा वा नास्ति स संशयः समकोटिकः । प्राचीनन्यायग्रन्थे संशयलक्षणे 'विशेषापेक्षः' इत्युपलभ्यते । यद्यपि विभिन्नरूपेणापि तद्व्याख्यानं तथापि साक्षात्परम्परया वा अपेक्षासम्बन्धोऽनुभूयते, अपेक्षाविरहे संशय एव नोदेति । किन्तु क्वचित् निर्णयमात्रस्यापेक्षा उभयोरेव वा अपेक्षा तत्र समा कोटिः, यत्र तु अवान्तरस्यैव अपेक्षा, तत्रोत्कटकोटिरित्यवधेयम् ।

अहन्तु उत्प्रेक्षादिस्थलीयसंभावने कोटिद्वयमेव नानुभवामि, किन्तूद्देश्यविधेयभावेनान्वय इत्युक्तप्रायोऽस्मि, विरुद्धयोरुभयोर्युगपद्भाने एव कोटिताव्यवहारः । संशये विरुद्धयोरुभयोर्विरुद्धत्वेन भानमन्यथा समुच्चयः स्यात् । संभावने विरुद्धयोरुद्देश्यतावच्छेदकविधेयतावच्छेदकयोर्यद्यपि भानं परं न विरुद्धत्वेनेति दिशि सूक्ष्मा दृक् प्रसारणीया ।

आहार्यताऽप्यस्य संभावनस्य विलक्षणैव । बाधकालीनं हि इच्छाजन्यं ज्ञानमाहार्यं प्रसिद्धम् बलवत्तरविपरीतनिश्चयस्य बाधनिश्चयस्य सत्त्वे प्रकृतज्ञानं कथमपीच्छावशाज्जायतां नाम परं बाधकवलितं ज्ञानं कथं चमत्कारं जनयेत् ? बाधितस्य ज्ञानाय कथमिच्छापि भवेत् ? जानाति तत इच्छतीति रीत्या इच्छां प्रति ज्ञानस्य कारणत्वप्रसिद्धौ अत्र इच्छया ज्ञानोत्पादवर्णनं कथन्न विरुध्यत इति बहु विचारणीयं तथापि समासतः किञ्चिद् वर्ण्यते ।

बाधितज्ञानादपि चमत्कारोदयः, रूपकादावपि आहार्यमेव ज्ञानम्, परं विभिन्नं कार्यम्। यथा लोके गालीप्रदानादिना क्रोधादेर्बाधितातिशय-प्रशंसया च स्मितादेरुदयः। काव्यादौ च सहृदयस्य चेतसश्चमत्कारप्रवणता चमत्कारिशब्दार्थरचनादिभिः समेषां समाधानात्। चमत्कारिवस्तूपस्थापनायैव उत्प्रेक्षासंभावनायां लक्षणवाक्ये रमणीयतद्वृत्तितत्समानाधिकरणधर्म-निमितकत्वं रसगङ्गाधरे निवेशितम्। चमत्कारजनकज्ञानविषयीभूतं वस्तु रमणीयमुच्यते। अन्यत्र हृदयावर्जकं रमणीयं वर्तते। तेन चेतसश्चमत्कार-प्रवणता सूच्यते।

तत्रैवं मम प्रतिभाति—उत्कटचमत्कारसाधनं ज्ञानं बाधनिश्चयो न प्रतिबध्नाति उत्कटचमत्कारसामग्रीविरहितो हि बाधनिश्चयः प्रतिबन्धको न तु तादृशसामग्रीसत्त्वे। अथवा बाधनिश्चयो न प्रतिबन्धकः किन्तु स्व-विरोधि-ज्ञाने अप्रामाण्यज्ञानोत्पादकः, वर्णिता चैषा रीतिर्बहुषु ग्रन्थेषु। एनामेवाश्रित्य संभावनं लक्षितम्। तथा च बाधनिश्चयेऽपि काव्यादौ शब्दबोधो जायत एव। बाधकवलिताय चमत्कारिज्ञानायापि चमत्कारानुरोधेनैव इच्छाया उत्पादात्। विषयतासम्बन्धेनेच्छां प्रति विषयतासम्बधेन ज्ञानस्य कारणत्वम्। समान-विषयकत्वेनेति भावः। प्रकारान्तरेण इच्छाया अपि ज्ञानमनुमित्यादीन् प्रति कारणत्वं नैकस्थलेषु वर्जितमस्ति।

अहन्तु, चमत्कारिज्ञानस्य आहार्यतां न रोचये। आहार्यतोऽपि निकृष्टम् असंभविपदेन उत्प्रेक्ष्यं संभवनीय वस्तु व्यपदिशन्ति कतिपये आलङ्का-रिकाः। यथा काव्यप्रदीपः—संभविनोऽर्थस्य तादृशसंभविवस्तुरूपतया संभा-वनमुत्प्रेक्षा। संभविनो लोकसिद्धस्य, असंभवि लोकप्रसिद्ध्यभावेऽपि कविप्रति-भामात्रकल्पितम् इति तद्व्याख्या। मन्ये मुखं चन्द्र इत्यादौ तादात्म्यस्य असंभवित्वम्।

स वः पायादिन्दुर्नवबिसलताकोटिकुटिलः
स्मरारेर्यो मूर्ध्नि ज्वलनकपिशे भाति निहितः।
स्रवन्मन्दाकिन्याः प्रतिदिवससिक्तेन पयसा
कपालेनोन्मुक्तः स्फटिकधवलेनाङ्कुर इव।

इत्यादौ इन्दौ संभाव्यमानः कपालाङ्कुरोऽसंभवी कविप्रतिभामात्र-कल्पित इति वर्णयन्ति। तत्र कपालमङ्कुरश्च पृथक्प्रसिद्धावेव, कपालाङ्-कुरयोः सम्बन्ध एव कल्पितः। सर्वथाऽसंभवि वस्तु वर्णितं सामाजिकचेतसि नावतरेत्, अस्य क्षोणीपतेः परार्धपरयेत्यादिपद्यस्थ-प्रज्ञाचक्षुरवेक्षणीय-बधिर-

श्रव्य बन्ध्याजातमूकगेयादिपदार्थवत् सर्वथाऽसत्त्वधिया चमत्कारपुष्टिर्न स्यात्। अन्यथा स्वर्गनरकाद्यद्भुतवर्णनं काव्यापेक्षया अधिकप्रियं स्यात्। किन्तु सामाजिकवासनाविषयसजातीया एव पदार्थाः कविप्रतिभागुणगुम्फिता नूतना भवन्ति चेतश्चमत्कुर्वन्ति, अतः संभावनीयं वस्तु संभावनं ज्ञानञ्च न सर्वथा असद् असद्विषयकञ्च।



प्रयाग से निकलनेवाली संगमनी संस्कृत पत्रिका के चतुर्थ वर्ष चतुर्थ अङ्क २०२९ संवत् में संस्कृतमय प्रकाशित

संभावनम्

संभावना या संभावन नाम से एक ज्ञान अलङ्कार के लक्षणों में आता है, लोक व्यवहार में प्रसिद्ध है, अनेक प्राचीन विद्वान इसकी चर्चा किये हैं, वह कैसा ज्ञान है, इसकी संक्षेप से विवेचना के लिये बुद्धि के अनुसार प्रयास किया जाता है :

संभावनं यदित्थं स्मादित्यूहोऽन्यस्य सिद्धये।
यदि शेषो भवेद् वक्ता कथिताः स्युर्गुणास्तव ॥

हिन्दी—दूसरे की सिद्धि के लिए यदि इस प्रकार होता ऐसा ऊह तर्क संभावन है। उदाहरण—यदि शेषनाग वक्ता हों तो तुम्हारे गुण कहे जाय। इत्यादि रीति से दूसरे की सिद्धि के अनुकूल तर्क विशेष संभावन ज्ञान है ऐसा आता है, व्याप्य के आरोप से व्यापक का आरोप तर्क कहा जाता है इत्यादि तर्क संग्रह पुस्तक के अनुसार संभावन आरोप मालूम पड़ता है, यदि ऐसा हो इत्यादि व्यवहार के परिचय के लिये वाक्य है, न्याय में तर्क इस प्रकार समझाया जाता है कि धूम यदि वह्नि का व्यभिचारी हो तो वह्नि से जन्म नहीं हो, वह्नि जन्य है इससे वह्नि का व्यभिचारी नहीं है, उसी प्रकार यदि तुम्हारे गुण वर्णन करने लायक होते तो और कोई समर्थ नहीं हो पाता शेष वक्ता होते, शेष वक्ता नहीं हैं इसलिये तुम्हारे गुण वर्णनीय नहीं हैं, इस प्रकार आरोप रूप उसके अभाव वाले में उस प्रकार वाला संभावन ज्ञान फलित हुआ। आरोप ज्ञान संभावन शब्द का अर्थ है, दूसरे की सिद्धि के लिये इत्यादि विशेषण की उपयोगिता अलङ्कार संभावन के परिचय के लिये मालूम पड़ता है।

कारक सिद्धान्त कौमुदी ग्रन्थ के अपि: पदार्थ संभावनान्व सर्गगर्हा समुच्चयेषु इस सूत्र के उदाहरण में भी आरोप ही सम्भावना आती है, सम्भावना के विषय अस् धातु के अर्थ भवन को दुर्लभ कहा गया है, सर्पिभी होता इस उदाहरण में न होने से दुर्लभ होना स्फुट है, विष्णु की भी स्तुति कर सकता है, इस उदाहरण में विष्णु की स्तुति का अभाव ही वचता है, इसलिये वहाँ शक्ति की अधिकत्ता को प्रकट करने के लिये अधिक कथन को संभावना कहते हैं ऐसा कहा जाता है, विषय का अतिक्रमण करके विषय के अभाव में जैसा कहा जाता है वैसा नहीं है तो भी वैसा कथन है, यह उसका अर्थ है, व्याख्याता लोग भी वाणी और मन के अविषय विष्णु की भी स्तुति कर सकता है, यह अधिक कथन है, ऐसे का दूसरे की स्तुति में सामर्थ्य है इसमें क्या कहना है, ऐसा कहते हैं, इससे भी दूसरे की सिद्धि के अनुकूल होना स्फुट है। इसी तरह संभावनेऽलमिति चेत्सिधाप्रयोगे इस सूत्र की व्याख्या में क्रियाओं में योग्यता के निर्णय को संभावना कहते हैं ऐसा कहा गया है, उससे विष्णु की भी स्तुति कर सकता है ऐसे कथन का स्तुति क्रिया में योग्यता का निर्णय मात्र फल है। हर एक कारणों में योग्यता होती है, कार्य की उत्पत्ति तो सामग्री के अधीन है, इसलिये अवश्य कार्य होगा ही ऐसा नहीं है।

रामं स्निग्धतरं श्यामं विलोक्य वनमण्डले।
प्रायोधाराधरोऽयंस्यादिति नृत्यन्ति केकिनः॥

वन समूहों में सुन्दर सांवले राम को देखकर प्रायः मेघ होय इससे मयूर नाच करते हैं। पण्डितराज उत्प्रेक्षा प्रकरण में यहाँ सम्भावना ज्ञान से भी मयूरों के नाचना कार्य को मानते हैं उस प्रकार आरोप भी संभावना ज्ञान में दूसरे आरोपों से विलक्षणता है जिससे कार्य को उत्पत्ति तथा दूसरे की सिद्धि होती है, रामं स्निग्धतरम् इस में भ्रान्ति नहीं, भ्रान्ति के उदाहरण रूप से उन्होंने ही 'धाराधरधियाधीरं नृत्यन्तिस्म शिखावला:' मेघ समझने से मयूर धैर्य पूर्वक नाचते हैं ऐसा परिवर्तन किया है।

अलङ्कार कौस्तुभकार विश्वेश्वर पण्डित अतिशयोक्ति के तृतीय भेद को 'यद्येवं स्यात्तथापत्तौ' ऐसा वर्णन करते हुए संभावना का उसी में अन्तर्भाव करते हुए संभा-

वना ज्ञान को असत्य अर्थ वाला आरोप ही समझते हैं। लेकिन लेख में असंभावित शब्द होने से स्फुट नहीं दिखा सके, जैसे कि उनका लेख तृतीय भेद में भी असंभावित अर्थ की कल्पना का ज्ञान ही विपक्षित है, जैसे कि अस्य क्षोणीपतेः परार्धपरया इत्यादि प्रसिद्ध पद्य, उसके बाद 'एतेन' ऐसा करके संभावनं यदीत्थं स्यात्, इत्यादि पृथक् अलङ्कार मानना खण्डित हुआ, यहाँ तक इसी तरह स्वोपज्ञ टीका में विश्वेश्वर पण्डित ही साधारणधर्म ज्ञान से होने वाला प्रकृत विशेष्य वाला तादात्म्य सम्बन्ध वाला अप्रकृत प्रकार वाला निश्चय से भिन्न ज्ञान संभावना ज्ञान है ऐसा लिखते हैं। उसमें साधारण धर्म ज्ञान से होना तथा निश्चय भिन्न होना यह संशय साधारण संभावना का लक्षण है, और अंश उत्प्रेक्षा लक्षण के अभिप्राय से है। क्योंकि 'संभावनम् अथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्' प्रकृत का सदृश के साथ संभावना उत्प्रेक्षा है ऐसा काव्य प्रकाश प्रकृत शब्द से युक्त लक्षण कहता है।

यह पण्डितराज का उत्प्रेक्षा के लक्षण का सूत्र है—उससे भिन्न या उसके अभाव वाले प्रमाणित पदार्थ में रहने वाला या समानाधिकरण रमणीय धर्म उसके सम्बन्ध से उसकी अथवा उस वस्तु वाले की सम्भावना उत्प्रेक्षा है, यहां संभावना पद सामान्य ज्ञान अर्थ में मालूम पड़ता है, प्रमाणित यह विशेषण संभावना ज्ञान को आहार्य बताता है ऐसा वे स्वयं लिखते हैं, दूसरे उसके धर्म पद से संशय के ऐसा कारण को सूचित करते हैं, लोकोत्तरप्रभावं तं मन्ये नारायणं परम्। लोक से विलक्षण प्रभाव वाले उसको परम नारायण मानता हूँ, इसको संभावना ज्ञान का उदाहरण देते हैं, लोकोत्तरप्रभाव में नारायणत्वव्याप्ति की संभावना है ऐसा विवरण करते हैं।

उससे अनुमिति के उपयोगी व्याप्ति के निश्चय से विलक्षणता सूचित करते हैं। भ्रान्ति से भी भिन्न संभावना को मानते हैं, रूपक ज्ञान आदि में अति प्रसङ्ग वारण के लिये संभावना पद है ऐसा कहते हुए पण्डितराज आहार्य से भी विलक्षण संभावना को व्यक्त करते हैं, क्योंकि भिन्न उपमान और उपमेय के आहार्यतादात्म्यनिश्चय को रूपक कहते हैं।

अयथार्थ ज्ञान के संशय-विपर्यय और तर्क तीन भेद प्रसिद्ध हैं, पहले की रीति से तीनों से विलक्षणता संभावना ज्ञान में आती है, संशय के ऐसा समान विरोधी दो

कोटि ज्ञान नहीं है, विपर्यय भ्रान्ति में आहार्यता नहीं हैं, संभावना में है, तर्क के ऐसा सभी स्थल में दूसरे की सिद्धि की अनुकूलता नहीं है, व्यापक का बाध निश्चय आदि नहीं है, इस प्रकार विवेचन में तीनों का साम्य भी बताया जा सकता है, इसलिये संभावना ज्ञान का कैसा लक्षण हो यह अभी बचा ही है।

इसीलिये रसगङ्गाधर की व्याख्या में इनको प्राय: नारायण होना चाहिये इत्यादि प्रतीति से सिद्धि पण्डितराज साक्षी वाला जाति विशेष अथवा कदाचित् हो इस साधारण प्रतीति से सिद्धि जाति विशेष संभावनत्व है ऐसा लिखा हूँ, दूसरी जगह मेरे लेख में अप्रामाण्य शङ्का से आक्रान्त निश्चय भिन्न ज्ञान संभावना है ऐसा हैं।

प्रशस्त पाद भाष्य में अनध्यवसाय भी अविद्या का तीसरा भेद माना गया है, किरणावली तथा न्याय लीलावती में वर्णन है, न्याय पञ्चानन आदि आलङ्कारिक उसी को संभावना मानते हैं, विशेष रूप से नाना कोटि का उल्लेख जिसमें न हो ऐसे ज्ञान को संभावना ज्ञान मानते हैं, किसी भी कोटि का उल्लेख न हो, अथवा एक से अधिक कोटि का उल्लेख न हो, या सामान्य रूप से कोटि का उल्लेख होने पर विशेष रूप से कोटि का उल्लेख न हो, सर्वथा अनध्यवसाय है विशेष रूप से कटहर को नहीं पहचानने वाले किसी विदेशीय का जैसे यह क्या है? ऐसा ज्ञान अनध्यवसाय है, क्या शब्द के प्रयोग से निश्चय नहीं है, किन्तु कोटि का भान नहीं है, यह शब्द से धर्मी का निर्देश है, विशेष रूप से कोटि का उल्लेख न होने से संशय नहीं है किन्तु अनध्यवसाय है, क्या यह कटहर है? इस उदाहरण में एक कोटि पनसत्व का उल्लेख है, दूसरी कोटि का विशेष रूप से उल्लेख न होने से लक्षण का समन्वय होगा, मुख को चन्द्रमा मानता हूँ इस उत्प्रेक्षा में मुखत्व चन्द्रत्व कोटि का शाब्द बोध में भान होने पर भी यह चन्द्र ऐसा एक कोटि का ज्ञान ही अलङ्कारता लाता है, वह शाब्द बोध के बाद सुलभ है।

उस पर मैं कहता हूँ कि मुख चन्द्र मालूम पड़ता है इस उत्प्रेक्षा में मुखत्व और चन्द्रत्व का कोटि रूप से उल्लेख नहीं है, अभेद सम्बन्ध से चन्द्र की उत्प्रेक्षा में मुख धर्मी या उद्देश्य है, मुखत्व धर्मिता का या उद्देश्यता का अवच्छेदक है, उसी

प्रकार 'यह चन्द्र' संभावना ज्ञान है, इसमें मुख इदन्त्य रूप से उद्देश्य है, यह फरक है, इस प्रकार संशय का वैलक्षण्य संभावना में देखना चाहिए।

कोई अनध्यवसाय और संशय में फरक करता है कि जिसका पक्ष विपक्ष सपक्ष किसी में सहचार का ग्रहण न हुआ हो ऐसे असाधारण धर्म के दर्शन से अनध्यवसाय होता है, और जिसका सपक्ष-विपक्ष या पक्ष में सहचार का ग्रहण हुआ हो, उस असाधारण धर्म के दर्शन से संशय होता है, ऐसे अनध्यवसाय को संभावना कहते हैं। सो अच्छा नहीं मालूम पड़ता है, क्योंकि संभावना ज्ञान में विषय और विषयी के साधारण धर्म का ही उपयोग है और सहचारों का नहीं।

आलङ्कारिक भी चक्रवर्ती महोदय संभावना को अनध्यवसाय से भिन्न मानते हैं, किन्तु संभावना का कुछ स्फुट लक्षण नहीं करते, आहार्य है इतना ही कहते हैं।

जो लोग अनध्यवसाय या संभावना पृथक् ज्ञान नहीं मानते, संशय और विपर्यय दो ही अयथार्थ ज्ञान मानते हैं, उनके यहां संभावना का संशय और विपर्यय में किसमें अन्तर्भाव है ? यह विवेचना वचती ही है।

अलङ्कारकौस्तुभ तो संभावना पद का उत्कटकोटि वाला संशय अर्थ कहता है, उस प्रकार उनके मत में संभावना का संशय में ही अन्तर्भाव है, संशय दो प्रकार का हुआ, एक उत्कटकोटि वाला दूसरा समान कोटि वाला। उसमें पहला संभावन है, उस प्रकार संशय विशेष संभावना है, कोटि में उत्कट पना का कुछ विश्लेषण करना चाहिए 'यह स्थाणु है या पुरुष' इस संशय में यह धर्मी का निर्देश है, स्थाणुत्व और पुरुषत्व दो कोटि हैं, उसी एक कोटि में उत्कटत्व का वर्णन करना है, जिस कोटि की अपेक्षा है वह उत्कट कोटि है ऐसा मालूम पड़ता है इष्ट ही का अपेक्षा ज्ञान होता है जिस संशय में एक कोटि की उपेक्षा या अपेक्षा नहीं है, वह सम कोटि वाला है। प्राचीन न्याय ग्रन्थों के संशय लक्षणों में विशेपापेक्ष ऐसा आता है, यद्यपि उसका भिन्न-भिन्न प्रकार से व्याख्यान है तौ भी साक्षात् या परम्परा से अपेक्षा के सम्बन्ध का अनुभव होता है अपेक्षा न रहने पर संशय नहीं होता, किन्तु जहां निर्णय मात्र की अपेक्षा है अथवा दोनों कोटि की अपेक्षा हो वहाँ समकोटि है जहाँ एक कोटि की ही अपेक्षा हो वहाँ उत्कट कोटि है ऐसा निर्णय करना चाहिए।

मैं तो उत्प्रेक्षास्थल वाली संभावना में दो कोटि का भान ही नहीं समझता किन्तु उद्देश्य विधेय भाव से अन्वय है ऐसा प्रायः लिख आया हूँ दो विरुधों का एक साथ भान होने पर ही कोटि का व्यवहार होता है, संशय में विरुधों का विरोध भान होता है, नहीं तो समुच्चय हो जाय। संभावना में उससे फरक है, चन्द्रत्व और मुखत्व यद्यपि विरुद्ध है, और उद्देश्यता तथा विधेयता के अवच्छेद हैं, किन्तु उनका विरोध भान नहीं है, इस दिशा में सूक्ष्म दृष्टि देनी चाहिये।

इस संभावना ज्ञान की आहार्यता भी विलक्षण ही है, वाध के समय इच्छा से होने वाला ज्ञान आहार्य प्रसिद्ध है, वलवान् विपरीत निश्चय रूप बाध निश्चय के रहते प्रकृत का ज्ञान किसी प्रकार इच्छा से हो, किन्तु बाध से ग्रस्त ज्ञान चमत्कार कैसे करें ? वाधित ज्ञान के लिए इच्छा भी कैसे हो ? जब समझता हैं तब चाहता है इत्यादि अनुभव से इच्छा का कारण ज्ञान प्रसिद्ध है, यहां इच्छा को ज्ञान का कारण कहना कैसे विरुद्ध नहीं है ? इत्यादि वहुत विचार करने का है, तौ भी संक्षेप से ही कुछ का वर्णन करता हूँ।

वाधित ज्ञान से भी चमत्कार होता है, रूपक आदि में आहार्य ही ज्ञान है किन्तु ज्ञान की प्रक्रिया भिन्न है, जैसे लोक में गाली आदि बकने पर क्रोध आदि होते हैं, गालीयाँ प्रायः झूठ ही होती हैं झूठी अधिक प्रशंसा से मुसकुरान आदि होते हैं, काव्य आदि में सहृदयों के हृदयों की चमत्कार प्रवणता तथा चमत्कारी शब्दार्थों की रचना से सभी का समाधान हो जाता है। चमत्कारी वस्तु की उपस्थिति कराने के लिए ही उत्प्रेक्षा सम्भावना के लक्षण वाक्य में उसमें रहने वाला रमणीय धर्म तथा उसके समानाधिकरण रमणीय धर्म निमित्त होना चाहिए ऐसा रसगङ्गाधर में निवेश किया गया है, जिसका ज्ञान चमत्कार को पैदा करता है वह रमणीय कहा जाता है, दूसरी जगह मनको आकृष्ट करने वाला रमणीय है ऐसा है, उससे चित्त की चमत्कार प्रवणता सूचित होती है। उस पर मुझे मालूम पड़ता है—उत्कृष्ट चमत्कार के साधन ज्ञान का बाध निश्चय प्रतिवन्धक नहीं होता, उत्कट चमत्कार के साधन सामग्री से रहित ही बाध निश्चय प्रतिबन्धक होता है, उत्कट चमत्कार की साधन सामग्री रहने पर प्रतिबन्धक नहीं होता। अथवा बाध निश्चय प्रतिवन्धक नहीं होता

किन्तु अपने विरोधि ज्ञान में अप्रामाण्य ज्ञान करा देता है, यह शैली अनेक ग्रन्थों में वर्णित है, इसी को लेकर सम्भावना का लक्षण वताया हूँ, उस प्रकार बाध निश्चय होने पर भी काव्य आदि स्थल में शाब्दबोध होता ही है। बाध से कवलित चमत्कारी ज्ञान के लिये चमत्कार के अनुरोध से इच्छा पैदा हो जाती है, साधारण रूप से ज्ञान इच्छा का कारण है, जिसका ज्ञान होगा उसी की इच्छा होगी, ज्ञान का जो विषय होगा वही इच्छा का विषय होगा, दोनों का समान विषय होना नियत है, किन्तु दूसरी रीति भी है जिससे किन्हीं ज्ञानों का कारण इच्छा होती है, जैसे कि अनुमिति ज्ञान के प्रति अनुमिति की इच्छा कारण होती है, ऐसा भी अनेक जगह वर्णन है।

मुझे तो चमत्कारी ज्ञान की आहार्यता पसन्द नहीं पड़ती, कितने आलङ्कारिक आहार्य से भी नीचा सम्भावना के विषय वस्तु का असंभवी पद से व्यवहार करते हैं, जैसे कि काव्य प्रदीप संभवी वस्तु की वैसी असम्भवी वस्तु रूप से सम्भावना को उत्प्रेक्षा कहते हैं। लोक सिद्धि सम्भवी है, और लोक प्रसिद्धि न होने पर भी कवि की प्रतिभा से कल्पित असम्भवी है, ऐसी उसकी व्याख्या है। मुख चन्द्र मालूम पड़ता है इसमें दोनों का तादात्म्य असम्भव है।

सवःपायात् इत्यादि पद्य का अर्थ—वह चन्द्रमा आप लोगों की रक्षा करे, जो मानो स्फटिक के ऐसे उज्जवल कपाल से निकला अङ्कुर है, कपाल शिव ललाट। हन्डीया गमला में लगाये हुए बीज से भी उजला अङ्कुर निकलता है, नये कमल दण्ड के किनारे के ऐसा टेढ़ा है। तृतीय नेत्र आग से लाल शिव जी के ललाट पर रखा हुआ है, आग के पास भी बीज नहीं नष्ट हुआ क्योंकि कमल हमेशा गङ्गा के पानी से सीचा जाता है।

इत्यादि में चन्द्रमा में सम्भावित कपाल अङ्कुर असम्भव है कवि प्रतिभा मात्र से कल्पित है, ऐसा वर्णन करते हैं। वहां कपाल और अङ्कुर अलग प्रसिद्ध ही है, उनका सम्बन्ध ही कल्पित है। सर्वथा असम्भव वस्तु का वर्णन सामाजिकों के चित्त में न उतरे, अस्य क्षोणीयते इत्यादि पद्य से प्रतिपादित जन्मान्ध से देखने लायक, वधिर से सुनने योग्य, बांझ पैदा हुए मूक से गाने लायक पदार्थों के ऐसा सर्वथा अभाव बुद्धि होने से चमत्कार का परिपोष नहीं हो। अन्यथा स्वर्ग नरक आदि अद्भुत

वस्तुओं का वर्णन काव्य की अपेक्षा अधिक प्रिय हो, किन्तु सामाजिकों की वासना में विद्यमान पदार्थों के सदृश ही पदार्थ कवि प्रतिभारूपी सूत्र से गुत्थे गये नये हो जाते हैं तथा चित्त को चमत्कृत करते हैं। इसलिए सम्भावना की वस्तु और संभावना ज्ञान सर्वथा असत् और असत् विषय वाला नहीं है।



सागर विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग संस्कृत परिषत्प्रकाश्यमान सागरिका संस्कृत पत्रिकायामेकादशेऽब्दे प्रथमेऽङ्के १९७३ त्रिसप्तत्युत्तरैकोनविंशशतेशाब्दे प्रकाशितः

उपमोत्प्रेक्षाकलकलः

सर्वालङ्कारभूषा जयति भगवती योपमोमेव काव्यं
श्रव्यं दृश्यं सुवाना सहृदयहृदयाह्लादिनी पद्मिमो वा।
उत्प्रेक्षा प्रेक्षणीया हरति तदुदयं निर्दयं निर्विशन्ती
तत् तत्त्वं वेत्तुकामो गुरुपदकमलं मानसेऽलङ्करोमि॥

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता॥

इति मृच्छकटिकस्य तमसो वर्णनपद्यं नापरिचितं विपश्चिताम्। उत्तरार्धे उपमाया निर्विवादत्वेऽपि पूर्वार्धमुत्प्रेक्षोदाहरणीकृतमित्यपि न तिरोहितम्। अध्यवसानवशाल्लिम्पतिवर्षतिभ्यां व्यापनं प्रतीयते, तमःकर्तृकम् अङ्गकर्मकं व्यापनम् अङ्गकर्मकं लेपनमिव, तमःकर्तृकं नभःकर्मकं व्यापनं नभःकर्तृकम् अञ्जनकर्मकं वर्षणमिव। अत्र उत्प्रेक्षैव बहुभिराद्रियते नोपमेति किं कारणं तत्रेति विषयः। तत्र बहवो व्याकरणस्य कलहमुपस्थापयन्ति अपरे तद्रीत्यैव खण्डयन्ति च। तत्र जयरामभट्टाचार्याणामालङ्कारिकाणामित्थम् मतम्—

यत्रेवार्थः सादृश्यं संभवतिः तत्रैवोपमाया अवसरः। इवेन नित्यसमासो विभक्त्यलोपश्चेत्यादिना सादृश्यार्थकेवेन समासस्य नित्यतया यत्र नास्ति समासस्तत्र नेवार्थः सादृश्यं ततो नोपमा, अत्र च इवस्य तिङन्तसंगततया न समासावसरः। तदपरे न मन्यन्ते—तादृशसमासस्य नित्यत्वे मानाभावात्, सह-

सुपेत्यनेनैव समासस्य सिद्धतया वार्तिकस्य विभक्त्यलोपस्वरार्थतायाः कैयटादिभिर्व्यवस्थापितत्वाच्च। किञ्च यत्र समासस्तत्रैव इवार्थः सादृश्यमिति व्याप्तौ मानाभावः। संभावनायां सादृश्ये च बहुलं वाक्यस्य समासस्य च उपलब्धेः। तथा च समासाभावेऽपि उपमाया बाधकम् नास्तीत्येतावत्ता चिन्तितम्।

ततश्च समुचितोपमानाभावादेव नोपमेति दण्डिमतानुयायिनः। तथाहि चन्द्र इव मुखमित्यादौ चन्द्रेवपदयोः समभिव्याहारः। तयोः परस्परमन्वयः; इवार्थसादृश्यप्रतियोगित्वेन चन्द्रस्योपमानत्वम्, न तथाऽत्र वर्तते। लिम्पतेर्हि इवेन योगः, लिम्पतौ अंशद्वयम् धात्वर्था लेपनम्। तिबर्थश्च कर्ता, तिङाव्यवधानेन न धातुना इवस्य योगः। व्यवहितेऽपि सम्बन्धे नास्ति लेपनस्योपमेयम्। व्यापनस्य लिम्पतिनैव लक्षणयोपस्थानात्। शक्यार्थलक्ष्यार्थयोर्लेपनव्यापनयोर्युगपल्लिम्पतेरनुपस्थितेः। यदि तिङर्थः कर्ता उपमानं मन्येत तमो भवेदुपमेयम्। लेपनकर्तृसदृशं तम इति बोधः स्यात्। लेपनकर्तृतमसोः साधारणधर्मस्याप्रसिद्धतया नौपम्यमात्मानं लभेत। वैयाकरणमतेन कर्तुः 'तिङर्थस्तु विशेषणम्' इति भूषणकारिकानुसारं लेपनविशेषणतया इवार्थान्वयायोगश्च। न्यायनयेऽपि तिङर्थकर्तृत्वस्य इतराविशेषणीभूते प्रथमान्तपदोपस्थित एव अन्वयस्य व्युत्पन्नतया इवार्थेऽन्वयासंभवश्च। लेपनकर्तृत्वसदृशं तम इत्यप्युपमाबोधो न समीचीनः। कर्तृत्वस्य स्वाश्रयप्रतियोगिकत्वसम्बन्धेन इवार्थेऽन्वयस्वीकारे संसर्गाशे आश्रयस्य कर्तुः कथञ्चिल्लाभेऽपि अपदार्थतया समुचितोपमानलाभो न भवेत्। तथा च दण्डिवचः—

> कर्ता यद्युपमानं स्यान्न्यग्भूतोऽसौ क्रियापदे।
> स्वक्रियासाधनव्यग्रो नालमन्यद् व्यपोहितुम्॥ इति॥

यदि कर्ता उपमानतयाऽभिप्रेयेत न तथा संभवति, धात्वर्थभावनायां कर्ता असौ विशेषणीभूतः। कियायां विशेषणीभूतस्य कर्तुरिवार्थेऽन्वयासंभवः; इतरविशेषणीभूतस्य अन्यस्मिन्नन्वयायोगात्; इवार्थान्वयम् विना उपमानत्वासम्भवः। क्रियायाः कारकान्वयस्वभावादन्तरङ्गत्वात् स्वक्रियास्वरूपनिष्पत्तये च प्रथमम् कारकान्वयेन निराकांक्षस्य क्रियापदस्य इवार्थसादृश्यान्वये नापेक्षा।

ननु एकस्योभयाकांक्षायां भवत्युभयत्रान्वयः, युगपदुभयत्रान्वये च नापततति निराकांक्षता। यथा पृथिव्यामेव गन्ध इत्यस्य पृथिव्यन्यासमवेतः पृथिवीसमवेतश्च गन्ध इति बोधः। पृथिवीपदार्थस्य सप्तम्यर्थाधेयत्वे एवकारार्थान्य-

योगव्यवच्छेदघटकान्यत्वभेदे च युगपदन्वयः। एवमेव भुक्त्वा व्रजतीत्यादौ भोजनकर्ता भोजनोत्तरव्रजनकृतिमान् इत्यादिबोधे धात्वर्थभोजनस्य युगपदेव लकारार्थे क्त्वार्थानन्तर्ये च विशेषणत्वम्, लकारार्थकृतेरपि भोजनव्रजनयोर्युगपदेव विशेष्यत्वम्। तथैव आख्यातार्थस्य कर्तुर्भावनायां सादृश्ये च युगपदन्वयः सम्भवति, तेन लेपनकर्तृसदृशं तम इति तार्किकनयानुसारी, तमः कर्तृकलेपनं तमः कर्तृकव्यापनमिवेति शाब्दिकसरणिमनुसरन्नुपमाबोधः सम्भवत्येव इति चेत् न, न्यायनयिकबोधस्य कथञ्चित् सम्भवेऽपि भावनाविशेष्यकोपमाबोधस्यासंभवात्। व्यापनोपस्थापकपदाभावात्। लिम्पतिना लक्षणयोपस्थापने पुनः शक्यार्थलेपनस्य भानासंभवात्। शक्यार्थलक्ष्यार्थयोर्युगपद्बाधस्य परस्परमन्वयस्य चादर्शनात्। न्यायनयेऽपि आख्यातार्थकृतेरन्यविशेषणीभूतप्रथमान्तपदार्थेऽन्वयस्याव्युत्पन्नतया इवार्थसादृश्येऽन्वयो न संभवति।

पृथिव्यामेव गन्ध इत्यादौ पृथिवीपदार्थस्य शक्यार्थस्यैव द्विर्भानम्, न वा परस्परमन्वयः, यद्वा समभिव्याहृतपदार्थतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेदवत् सम्बन्धाभाव एव एवकारार्थः। तेन द्वितीयः पृथिवीपदार्थ एवकारार्थघटक एव। भुक्त्वा व्रजतीत्यादौ भोजनविशिष्टस्य व्रजनस्य भानम्। स्वोत्तरकालिकत्वस्वकर्तृकत्वाभ्याम्, अत्रैव समानकर्तृकयोः पूर्वकाले इत्यादेस्तात्पर्यम्, न भोजनस्य द्विर्भानम्। एवं पृथिवीविशिष्टो गन्धः पृथिव्यामेव गन्ध इत्यस्यार्थः। स्वान्यासमवेतत्वस्वसमवेतत्वाभ्याम् एतादृशसंसर्गद्योतकत्वमेव एवकारादेः।

इदञ्च विचारणीयमवदधतु दोषज्ञाः—एतादृशे प्रसङ्गे रसगङ्गाधरे स्वतन्त्रत्वेनालङ्कारिकतन्त्रस्य वैयाकरणमतविरोधस्यादूषणतां ब्रूते पण्डितराजः। अत्र च कारिकायाम् आलङ्कारिकाचार्यो दण्डी न्यग्भूतोऽसौ क्रियापदे इत्यदिना वैयाकरणमतमेव सिद्धान्तं मन्यते। आलङ्कारिकतन्त्रं तिङर्थप्राधान्याप्राधान्यविषये स्वतन्त्रं वैयाकरणमतपरतन्त्रं वा? पण्डितराजस्य प्रौढोक्तिः सिद्धान्तोक्तिर्वा। इति।

यद्यपि केचन लेपनकर्तृतमःसदृशो लेपनक्रियेत्युपमाबोधमाचख्युस्तदपि न समीचीनम्; आख्यातार्थकर्तुर्धात्वर्थलेपनविशेष्यत्वायोगात्, क्रियाकर्त्रोर्धर्मधर्मिभावतया उपमानोपमेयभावाभावात्। आख्यातार्थकर्तृप्रकारकबोधं प्रति धातुजन्यभावनोपस्थितेः कारणत्वात् कर्तुरिवार्थसादृश्येऽन्वयासंभवाच्च। एतदर्थकार्यकारणभावसंकोचस्य प्रमाणाभावाद् गौरवग्रस्तत्वात्। यदि लक्षणया इव-

देखा जाय, इस समय छात्रों में गुरुभक्ति विद्या की दृष्टि से नहीं दीख पड़ती, विज्ञ परिश्रमी गुरू वैसा गुरू नहीं माना जाता जैसा कि किसी बड़े पद पर आसीन अधिक वेतन पाता हुआ किसी प्रकार के लाभ में सहायक न पढ़ाये या थोड़ा पढ़ाये गुरु माना जाता है। दूसरे से पढ़ते हुए भी छात्र दूसरी जगह जाने पर किसी प्रतिष्ठित गुरू का नाम लेते हैं। और अध्यापक सौहार्द और विषयविशेष की विद्वत्ता की पूर्ति की इच्छा तथा परस्पर सहयोग भावना से शास्त्रचर्चा नहीं करते, सभी सबको नहीं जानता इसको व्यवहार से प्रकट नहीं करते, अबुध विद्यार्थीओं में जिस किसी प्रकार पण्डिताई दिखाकर गर्व करते हैं, विद्वानों के पास शास्त्र पाण्डित्य के प्रदर्शन को आवश्यक नहीं मानते, उससे प्रतिवर्ष आचार्य तक पढ़ाते हुए भी पाठ्य ग्रन्थों की योग्यता अच्छी नहीं कर पाते, सैंकड़ो छात्रों को अशुद्ध पढ़ाते हैं, छात्रों को परीक्षा पास करा कर बड़े पण्डित होते हैं। छात्र अशुद्ध ही शुद्ध मानते हुए संतोष पाते हैं क्या करें ?, यह कटु कथन भी सत्य ही है। यदि इस विषय में मेरा ज्ञान या अज्ञान है यही नहीं मालूम हैं तो योग्यता ही में बड़ा संशय है, यदि अज्ञान निश्चित है तो उसको कहने में क्या हानि है ?, छात्रों को असत्य में सत्य की भ्रान्ति न हो यह लाभ भी दीखता है। यद्यपि यह समस्या दूसरे शास्त्रों में भी है तौभी आलङ्कारिक ग्रन्थ कुछ विशेषता रखते हैं, प्रायः इन ग्रन्थों में दूसरे शास्त्रों के विषय पग-पग पर आया करते

हैं जैसा कि अन्य ग्रन्थों में नहीं आते, यद्यपि दूसरे शास्त्रों के पूर्ण पाण्डित्य की अपेक्षा नहीं है तौभी मूल सिद्धान्तों की कुछ व्युत्पत्ति अवश्य चाहिये। वह व्युत्पत्ति दो एक पुस्तकों के अच्छे अभ्यास से संभव है, उस अभ्यास को वास्तविकता परिक्षा पास प्रणाली से नहीं संभव है किन्तु अध्यापक के सन्तोष के अनुसार होना चाहिये। ऐसे अभ्यास के विरह में आलङ्कारिक शब्दों पर अनेक व्याख्याताओं की अनधिकार चेष्टा मालूम पड़ती है, व्यक्ति विवेक विवृत्ति पर मेरे शोधन प्रदर्शन का उद्देश्य व्याख्याता पर आक्षेप नहीं है किन्तु वास्तविकता के प्रदर्शन द्वारा शास्त्ररक्षा में विद्वानों का आग्रह हो यह उद्देश्य है ऐसा पाठकों को अवश्य स्वीकार करना चाहिये। ये दो पुस्तकें इस समय इस मनोवृत्ति को उठाई हैं अतः इतना ही थोड़ा इस विषय में सूचित करता हूं।

अभी तक मेरा व्यक्ति विवेक में वास्तविक श्रम नहीं हो पाया, आगे भी शायद ही हो, बहुत प्राचीन ग्रन्थ है, दूसरे प्राचीन ग्रन्थों से सम्बन्ध संभव ही है, श्रम करने पर कुछ विषय संदिग्ध कुछ दुर्बोध और अबोध भी संभव होंगे। इस समय उस पर अधिक नहीं कह सकता तथा चाहता भी नहीं हूँ, व्यञ्जना को अनुमान में गतार्थ करने की युक्तियों का प्रतिपादन करने वाला ग्रन्थ है, उसके प्रथम और द्वितीय प्रकरण में कहीं-कहीं अनुमान प्रयोग है, तृतीय प्रकरण में अधिक अनुमान प्रक्रिया का उपयोग है। प्राचीन उस ग्रन्थ पर नव्य न्याय का प्रभाव नहीं पड़ा है, किन्तु पक्ष, साध्य, साधन, व्याप्ति, तर्क, हेत्वाभास आदि का प्रयोग तथा परिचय अवश्य अपेक्षित मालूम पड़ते हैं, उसकी व्युत्पत्ति भाषा परिच्छेद अथवा तर्क संग्रह से की जा सकती है, विशेष लक्षणों के विचार की आवश्यकता नहीं है, तौभी मेरे आदरणीय मित्र विरचित विवृत्ति में आने से अधिक अनुमान प्रयोग अशुद्ध मालूम पड़ते हैं, कहीं हेतु को पक्ष वृत्ति होना चाहिये इसमें भी सावधानी नहीं रखी गई है। कहीं पर साध्य सिद्धि के लिये अनुपयोगी पद्य में कहे गये सभी को हेतु का विशेषण बना दिया गया है।

व्यञ्जना अनुमान, साधन, साध्य, सिद्धि अथवा अनुमिति है? किसमें ग्रन्थ का तात्पर्य है? इसको स्फुट बताने के लिये विवृत्ति टीका मुक्त हो जाती है। व्यञ्जना

का कार्य शाब्दबोध विशेष अनुमिति रूप मानकर ग्रन्थकार अनुमिति में अन्तर्भाव करते हैं ऐसा मैं समझता हूं, उसके अनुसार सन्दर्भ पाता हूं, विवृत्ति तो विपरीत विवरण देती है।

रसगङ्गाधर में तो प्रायः दश वर्ष पहले जयपुर में पांच-छः वर्ष निरन्तर कुछ न कुछ प्रयास किया, कुछ स्थलों में प्रायः ग्रन्थ पाठ की अशुद्धि से कठिनता का भी अनुभव हुआ, काशी में साक्षात् आकर दूसरी जगह पत्रों द्वारा उसके व्यवसायी विद्वानों से पूछा, कहीं निष्फल हुआ कहीं कुछ सफलता भी मिलो। यद्यपि इस समय विस्मरण विगलित है, पूर्ण अवलोकन का अवसर नहीं पाता हूं, तौभी शास्त्रों के प्रौढ़ नवीन युग में इसका आविर्भाव है, नव्य न्याय व्याकरण वेदान्त आदि का इस पर प्रभाव है, टीका सहित मुक्तावली व्युत्पत्तिवाद शक्तिवाद आदि की तुलना में नव्यन्याय की व्युत्पत्ति इसके लिये अपेक्षित है, वेदान्त परिभाषा की पटुता सदृश पटुता इसमें वेदान्त प्रक्रिया की अशुद्धि को हटा सकेगी। इन सहायकों के विना साहित्य की व्युत्पत्ति इसमें गिर सकती है। और क्या दूसरे शास्त्रों के कठिन विषयों पर विहार करने वाली पटुता साहित्य में सूक्ष्म सुझ को देती है ऐसा समझता हूं। इसीलिये आलङ्कारिक ग्रन्थों के निर्माता तथा प्रामाणिक व्याख्याता दूसरे शास्त्रों में प्रसिद्ध ही प्रसिद्ध हैं।

मैं अभी पूरी चन्द्रिका को नहीं देखता हूं, ग्रन्थ प्रेम के कारण पहले के कुछ अंशों को देखा हूं, वहीं का कुछ दिखाता हूं, काशी चौखम्भा प्रथम प्रकाशित की पृष्ठ संख्या यहाँ समझनी चाहिये।

(१) ८ अष्टम पृष्ट पर 'गुणालङ्कारादिभि निरूपणीये तस्मिन् विशेष्यतावच्छेदकम्' इत्यादि काव्य लक्षण का अवतरण मूल ग्रन्थ है। रमणीयार्थ प्रतिपादक शब्द काव्य को शाब्दबोध समझ कर उसका विशेष्यतावच्छेदक इत्यादि चन्द्रिका वर्णन करती है, वैसे शब्द बोध का यहाँ कोई सम्बन्ध नहीं है, आगे भी आवश्यकता नहीं है, ग्रन्थकार भी आगे कहीं उसका निरूपण नहीं किये हैं। यद्यपि आगे चन्द्रिका बिना समन्वय का निरूपण का अर्थ करती है, उसमें शाब्दबोध को भी कहती है, किन्तु उसका सम्बन्ध जोड़ने में असमर्थ है। बिल्कुल ग्रन्थ के अर्थ को नहीं जानती, गुण

अलङ्कार आदि प्रकार हैं जिसका रमणीय अर्थ का प्रतिपादक शब्द रूप काव्य विशेष्य हैं जिसका ऐसा जो निरूपण उसकी जो कर्मता विशेष्यता रमणीय अर्थ के प्रतिपादक शब्द रूप काव्य में हैं, उसका अवच्छेदक इत्यादि ग्रन्थ का अर्थ है, कर्म में हुए अनी-यर् प्रत्यय का अर्थ वहाँ विशेष्यता है। यद्यपि तृतीया के अर्थ में भी प्रकार का भेद संभव है तौभी निरूपणीय का अवयव जो अनीयद् उसके अर्थ विशेष्यता की ही यहाँ चर्चा है दूसरे की नहीं। यह निश्चित है। तृतीया के अर्थ के विषय में चन्द्रिका भी कुछ नहीं बोलती।

(२) ११ ग्यारहवें पृष्ठ पर 'यत्प्रतिपादितार्थविषयकभावनात्वं चमत्कार जनकतावच्छेदकं तत्वम्' इत्यादि मूल में काव्य लक्षण है। प्रायः यहाँ हिन्दी टीका सावधान है, भावना पद का फल विवेचन में नागेश के कथनानुसार क्लेश पाती हुई मालूम पड़ती है। आपात काव्यार्थ ज्ञान से चमत्कार नहीं होता किन्तु बार-बार अनुसन्धान रूपी भावना से होता है। भावना को छोड़कर ज्ञान पद देने पर आगे अनतिरिक्त वृत्ति स्वरूप अवच्छेदकत्व का अनुसरण करने पर काव्य में अव्याप्ति रहेगी, यहाँ क्लेश व्यर्थ है। यद्यपि बार बार अनुसन्धान भी समान विषय वाला ही होगा, विलक्षण विषय भेद होने पर धारावाहिक नहीं कहायेगा, बार बार का अनुसन्धान में भी ज्ञान में विशेषता नहीं होगी, संस्कार में दृढ़ता आदि हो सकती है, अन्तिम ही ज्ञान चमत्कार प्रयोजक है ? आदि और मध्य ज्ञान भावना है या नहीं ? भावनात्व व्यासज्य वृत्ति है क्या ? कुछ नियत संख्या वाले ज्ञान में भावनात्व है क्या ? इत्यादि भावना को लेकर बहुत विचारणीय हैं, कोई इसको छूता नहीं, वह सभी की न्यूनता है किसी एक की नहीं।

चन्द्रिका का लक्षण व्याख्यान अधिक खेदकर है, भावार्थ को छु भी नहीं पाती, पदार्थ ज्ञान से बहुत दूर है, अशुद्ध पदार्थों को लिखती है, छात्रों को गढ़े में गिराती है स्मरण समूहालम्बन नहीं होता ऐसा प्रलाप करती हुई कैसे अशुद्ध का प्रचार करती है ?; नीचे लिखा हुआ बारहवें पृष्ठ पर लक्षण समन्वय का इसका लेख स्फुट पदार्थ ज्ञान शून्यता का दृष्टान्त है, 'जिस आनुपूर्वी वाले शब्द से प्रतिपादित बोधित अर्थ में निष्ठा वृत्ति वाली जो विषयता उससे निरूपित जो भावना में रहने

वाली विषयिता, उसका अवच्छेदक भावनात्व, चमत्कार में रहने वाली जन्यता से निरूपित जो भावना में रहने वाली जनकता उसका विषयता सम्बन्ध से अवच्छेदक है' इसका कैसा साहस है ? भावना में रहने वाली विषयिता का अवच्छेदक भावनात्व बताती है, भावना में विषयता सम्बन्ध से रहने वाला भावनात्वं जानती है, इसका अधिक विश्लेषण से क्या लाभ ?

(३) प्रायः न्याय व्युत्पत्ति रहित साहित्य के अध्येताओं में न्याय के पाण्डित्य का प्रदर्शन के लिये अपरिचित तथा अपेक्षा के विना दूसरे ग्रन्थों से लेकर लिखती है। पाठक देखें पचीसवें पृष्ठ पर मूल की पंक्ति 'प्रतिभात्वं काव्य कारणतावच्छेदकतया सिद्धो जातिविशेषः' इत्यादि। इस मूल का अधिक विस्तार से चन्द्रिका व्याख्यान करती है। अनुमान प्रयोग दिखाकर उसका समन्वय करती है, किन्तु मूल में कहे गये काव्यकारणतावच्छेदकत्व हेतु का जाति सिद्धि में उपयोग नहीं करती, कैसा व्याख्यान है ? मूल में कहा गया नहीं छुआ जाता दूसरा लिखा जाता है, यद्यपि दिनकरी आदि के लेख को न समझकर बहुत समय से किसी के द्वारा संचालित भेड़िआधसान मुक्तावली के पठन-पाठन में भी चल पड़ा है, तौभी उसकी यहां क्या जरूरत है ? अनुमान प्रयोग दिखाने की इच्छा होने पर मूल में कहे गये पक्ष साध्य हेतु का ही संक्षेप से उपयोग क्यों नहीं करते ? अन्य पुस्तकों की सहायता से टीका बढ़ाने का प्रयोजन मेरे कहे हुए से दूसरा क्या है ? पदार्थ परिज्ञान रहने पर टीका का विस्तार सुन्दर होता है, इसमें तो व्युत्पत्ति है ही नहीं, वहां कि 'स्वविषयक ज्ञान समवायित्व सम्बन्ध से काव्य के प्रति समवाय सम्बन्ध से प्रतिभा कारण है' यह पंक्ति अनधिकार चेष्टा को स्पष्ट दीखाती है। मूल में काव्य का कारण प्रतिभा कही गयी है, चन्द्रिका काव्यज्ञान का कारण प्रतिभा व्याख्यान करती है, इसका सम्बन्ध योजना का सीख अनोखा है, साहित्य का पाण्डित्य भी धन्य है, तीस वर्ष तक रसगङ्गाधर पढ़ाना भी वैसा ही निकला। चन्द्रिका तो अन्याय वंश में पैदा ही है किन्तु न्यायकुल प्रसूत हिन्दी व्याख्या भी अन्याय का अभिसरण करती है यह चन्द्रिका का प्रभाव है।

(४) वेदान्त परिभाषा की व्युत्पत्ति से वञ्चित चन्द्रिका रस प्रकरण से साक्षि भाष्य का कैसा परिष्कार करती है ? इसके लिये ८४ चौरासी पेज पर चन्द्रिका का

लेख देखा जाय—'वेदान्त में अन्तःकरण के धर्म ज्ञान आदि साक्षात् आत्मा से भास्य होने से साक्षि भाष्य है, बाहरी जो अन्तःकरण के धर्म नहीं हैं ऐसे घट पट आदि पदार्थ अन्तःकरण के सम्बन्ध द्वारा परम्परा सम्बन्ध से आत्मा से भास्य होने से अन्तःकरण भास्य माने जाते हैं' इत्यादि। वेदान्त में ऐसी व्यवस्था नहीं है। साक्षी चैतन्य विशेष से भास्य अर्थ है, साक्षी पद का अर्थ साक्षात् नहीं है, अन्तःकरण जड़ है उससे भास्य कोई वस्तु वहां नहीं माना जाता। कितनी पदार्थों की अशुद्धि है क्या क्या दिखाया जाय? साक्षि भास्य का लक्षण तो वेदान्त परिभाषा आदि में प्रसिद्ध ही है अतः छोड़ता हूँ।

(५) दूसरा भी वेदान्त परिचय का अशुद्धि निदर्शन वही रस प्रकरण में छीआसी पृष्ठ पर देखिये। 'स्थाय्युपहित स्वरूपानन्दाकारा समाधाविव योगिनश्चित वृत्ति रूपा जायते' इत्यादि मूल है, उस पर चन्द्रिका का कलङ्क—'स्व आत्मा सच्चिदानन्द लक्षण वाला स्वरूप है जिसका' इत्यादि। ओह चित्त वृत्ति के साथ आत्मा के भेद को नहीं जानती है, कैसा साहित्य का पाण्डित्य है? कैसा रसगङ्गाधर का परिशीलन है?

(६) दूसरा भी वही ८७ सतासी पृष्ठ पर 'आनन्दोह्ययं न लौकिक सुखान्तर साधारणः अनन्तः करण वृत्तित्वात्' मूल है। सुख दुःख अन्तःकरण का धर्म होने से अन्तः करण के वृत्ति स्वरूप है, वे लौकिक हैं, रस स्वरूप सुख चैतन्यरूप अन्तः करण वृत्ति रूप नहीं हैं अतः लौकिक सुख से भिन्न है, यह स्पष्ट ग्रन्थ का अर्थ है, पंक्ति कठिन नहीं है, तो भी चन्द्रिका पदार्थ परिचय से दूर बहुत अशुद्ध लिखती है, अशुद्ध के उद्धरण से लेखनी संकोच करती है, पाठक स्वयं आँखों को तृप्त करें।

(७) चन्द्रिका का साहित्य मार्मिकत्व भी २५ पचीसवें पृष्ट पर कुछ समझें। 'तस्य कारणं कविगता केवला प्रतिभा, साच काव्य घटनानुकूल शब्दार्थोपस्थितिः' इत्यादि मूल है। पण्डितराज जगन्नाथ सदृश स्फुट वादी कोई आलङ्कारिक पहले नहीं उत्तरा यह निश्चित है, इनका उतरना भी सूक्ष्म विचारों का प्रवर्तक नवीन दार्शनिक युग में हुआ, इसीलिये प्राचीन अलङ्कार ग्रन्थ में प्रतिभा काव्य का कारण शक्ति है या क्या पदार्थ है? यह नहीं प्रकाशित हो पाया था। उसी से एक भी काव्य प्रकाश

पङ्क्ति का अनेक प्रकार से परस्पर विरुद्ध बड़े बड़े विद्वानों के व्याख्यान मिलते हैं ?, यहां उपस्थिति ज्ञान रूप प्रतिभा है, उसका विषय शब्द और अर्थ है, वे शब्द अर्थ और उपस्थिति काव्य रचना के अनुकूल ही हो, स्फुट प्रतिपादन हुआ, ऐसी शब्द अर्थ उपस्थिति प्रतिभा के बाद या साथ काव्य रचना के लिये किस कैसे कारण की अपेक्षा है ? विवेचक स्वयं विचार करने में समर्थ होंगे।

प्राचीन ग्रन्थों में कही गई निपुणता अनुकूल शब्द और अर्थ की उपस्थिति के बिना क्या करती है ? अभ्यास भी क्या करता है ?, प्राचीन पुस्तकों में लिखे हुए निपुणता और अभ्यास ऐसी उपस्थिति के कारण कहे गये हैं न कि ऐसी उपस्थिति के बाद अपेक्षित हैं, काव्य प्रकाश में स्वीकार किया गया शक्ति आदि तीन कारणता-वाद ऐसी उपस्थिति के द्वारा काव्य के कारण हैं ऐसे अभिप्राय से है। ऐसी उपस्थिति के विना शक्ति आदि तीनों काव्य का पैदा करते हैं यह भ्रम ही है। किसी बड़े के लेख से वस्तु के स्वभाव में विपरीत नहीं हो सकता। इस लिये इन दोनों ग्रन्थों का मार्ग भिन्न है। नये नये उन्मेष स्वभाव वाली प्रतिभा प्रसिद्ध है, किन्तु इसका अर्थ ज्ञान कितने को हैं यह संसिग्ध है, यह काष में कही गई प्रतिभा रसगङ्गाधर में कही गई प्रतिभा रूप ही है या उसका कारण है ? प्रथम पक्ष मे उन्मेष पद का कुछ अर्थ बताना कठिन है, स्मृति ही प्राचीन विषय वाली होती है, सभी अनुभवों के नये नये विषय होते हैं तो नया नया क्या होगा ?, दूसरे पक्ष में अन्तःकरण या संस्कार अथवा अदृष्ठ विशेष है ऐसा विवरण करना योग्य है, तब इस विषय में चन्द्रिका आदि को अशुद्धि है।

(क) २५ पचीसवें पृष्ठ पर 'काव्य में प्रतिभा मात्र को कारण मानना ठीक नहीं है, अनुग्रहसनीय काव्यत्व से अवच्छिन्न कार्यता से निरूपित कारणता दण्डचक्र आदि न्याय से प्रत्येक प्रतिभा आदि तीनों में अनिवार्य है वैसे शास्त्री जी कहते हैं' इत्यादि चन्द्रिका का लेख ग्रन्थों के प्रतिपाद्य विषयों को न समझने के कारण है। क्योंकि तीन कारण मानने वालों की प्रतिभा तथा रसगङ्गाधर की प्रतिभा अत्यन्त भिन्न है। काव्य प्रकाश और रसगङ्गाधर दोनों ग्रन्थों की व्युत्पत्ति चन्द्रिका में दुर्बल है ऐसा कहना निर्दोष है।

(ख) नये नये सूझ वाली कोश में कही प्रतिभा और रसगङ्गाधर की प्रतिभा में भेद है, कोश की प्रतिभा में रसगङ्गाधर का तात्पर्य बताना चन्द्रिका आदि की दूसरी अशुद्धि है।

(ग) नये नये सूझवाली प्रतिभा केवल काव्य का कारण नहीं है किन्तु दूसरे विषयों की भी सूझ कराती है, प्रकृत ग्रन्थ की प्रतिभा तो केवल काव्य का कारण है, इन दोनों को एक बताना चन्द्रिका आदि की तीसरी अशुद्धि है।

(८) दूसरा भी चन्द्रिका के अलङ्कारिकता का निदर्शन संक्षेप से पाठकों के लिये उपहार करता हूँ, उसके लिये सर्वथा टीका आदि के उद्धरण से लेख बढ़ेगा, सूचना मात्र दिखाता हूँ, पाठक गण पुस्तक लेकर समन्वय करने की कृपा करें, ६१ एकसठ पृष्ट पर द्वितीय उत्तम गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्य का लक्षण और पदकृत्य है, 'यत्र व्यङ्ग्यम प्रधानमेव सच्चमत्कारणं तद् द्वितीयम्, वाच्यापेक्षया प्रधानीभूतं व्यङ्ग्यान्तरमादाय गुणीभूतं व्यङ्ग्यमादायाति व्याप्ति वारणायावधारणम्, तेन तस्य ध्वनित्वमेव' इत्यादि मूल है। निश्शेषच्युतेत्यादि ध्वनिकाव्य एव पद का व्यावर्त्य है, वापी स्नान आदि वाच्य की अपेक्षा प्रधान और दूसरे व्यङ्ग विप्रलम्भ रति को लेकर अप्रधान रमण व्यङ्ग्य को लेकर अतिव्याप्ति होगी इसलिये एव पद दिया गया है, एव पद देने पर सर्वथा अप्रधानता अभिप्रेत होती है, रमण व्यङ्ग्य वाच्य की अपेक्षा प्रधान है इसलिये अतिव्याप्ति नहीं हुई। यहां तस्य ध्वनित्वं प्रतीक पर इस समय कहा हुआ ऐसा नागोजी भट्ट टीका करते हैं। मूल में सर्वथा पूर्व में निश्शेषच्युत इत्यादि काव्य की चर्चा है, यहाँ चन्द्रिका आदि के व्याख्यान में छ तरह से दोष संक्षेप में सूचित किया जाता है।

(१) ऊपर मेरे द्वारा सूचित मूल का अभिप्राय न समझना।

(२) अयं सरशनोत्कर्षी इत्यादि पद्य के विषय म नीचे लिखे नागेश के लेख हैं-- यहाँ भी वाच्य की अपेक्षा शृङ्गार प्रधान नहीं है, शोक के उत्कर्ष को करने से शृङ्गार रूप व्यङ्ग की अपेक्षा वाच्य ही चमत्कारी है, और प्रधानता का नियम चमत्कार करता है, वह वाच्य का ही है व्यङ्ग्य को नहीं, इसलिये एव पद का

व्यावर्त्य यह नहीं है, यह उसका तात्पर्य है। उसका खण्डन चन्द्रिका करती है—व्यङ्ग्य की अपेक्षा वाच्य को प्रधान करने पर चमत्कार का उत्कर्ष होने में प्रमाण नहीं है, इनसे व्यङ्ग्य की अपेक्षा वाच्य को प्रधान मानने पर चमत्कार संभव नहीं ऐसा चन्द्रिका का अभिप्राय है। चमत्कार के उत्कर्ष के अनुसार ही प्रधानता और अप्रधानता की व्यवस्था होती है इस आलङ्कारिक सिद्धान्त को नहीं जानती हुई चन्द्रिका ऐसा कहती है।

दूसरे ग्रन्थों के परिशीलन का पाण्डित्य भी चन्द्रिका का दर्शनीय है—काव्यं प्रकाश पञ्चम उल्लास की टीका में प्रधानता से व्यवहार होता है इसके व्याख्यान प्रसङ्ग में नागेश से वर्णित रीति से ही प्रधानता का प्रयोजक चमत्कार है ऐसा सिद्धान्त किया गया है। वहीं पर दूसरे प्रसङ्ग में 'वाच्य की अपेक्षा अचमत्कारि होना ही व्यङ्ग्य का गुणीभूतत्व है' यह कहा हुआ है।

(३) अयंसरशनोत्कर्षी इत्यादि पद्य एव पद का व्यावर्त्य नहीं है इस अभिप्राय से नागेश ने लिखा है, चन्द्रिका एव पद का व्यावर्त्य यह पद्य है ऐसा मानती है, नागेश के अभिप्राय को न समझना दोष है।

(४) एव पद के न रहने पर अयं सरशनोत्कर्षी पद्य में वाच्य की अपेक्षा से प्रधान और व्यङ्ग्य करुणं लेकर अप्रधान व्यङ्ग्य शृङ्गार को लेकर अतिव्याप्ति है, एव पद देने पर अतिव्याप्ति नहीं है, इत्यादि व्याख्यान करती है, व्यङ्ग्य करुण लेकर ध्वनि काव्य है, गुणीभूत शृङ्गार का स्थायि रति को लेकर अपराङ्ग गुणीभूत है ऐसा सिद्धान्त करती है, किन्तु बहुत प्रमाद है। एव पद का निवेश करने पर शृङ्गार को लेकर गुणीभूत व्यङ्ग्य रूप द्वितीय काव्य का लक्षण नहीं जाता है ऐसी अपनी प्रक्रिया में अव्याप्ति नहीं देखती।

(५) प्रदीप और सुधा सागर में 'शृङ्गार के उचित काञ्ची को खींचना आदि विलास का स्मरण हृदय को पीघलाने से शोक के आवेग को अधिक पैदा करता है' इत्यादि कहा गया है। उसका शृङ्गार रस चमत्कारी है ऐसा तात्पर्य नहीं है। वैसा ताप्पर्य होने पर रशना खीचना तथा विलास पद व्यर्थ हो जायेंगे। शृङ्गार रति को

२१

चमत्कारी समझने पर शृङ्गार के उचित इस विशेषण का उपयोग नहीं है, किन्तु वाच्य विलास ही चमत्कारी है यही तात्पर्य है, इसको नहीं समझना दोष है। और क्या वहां प्रदीपोद्योत सुधा सागर आदि में स्पष्ट भी कहा गया है—शृङ्गारमुख से ही करुण चमत्कारी है, गुणीभूत व्यङ्ग्य ही है ध्वनि नहीं, इत्यादि। ऐसे सिद्धान्त का ज्ञान न होना भी दोष है।

(६) यहां आलम्बन के विनाश का परिज्ञान है, आलम्बन शून्य रति का आस्वाद नहीं होता, ऐसे आलङ्कारिक सिद्धान्त का परिज्ञान न होना दोष है। बस

श्री केदारनाथ ओझा विरचित विद्यावैजयन्ती निबन्धमाला द्वितीय भाग

आलङ्कारिक निबन्धमाला समाप्त

विद्यावैजयन्तीनिबन्धमाला द्वितीयभागस्य आलङ्कारिक निबन्धमालाया अशुद्धिशुद्धिपत्रम्

प्रायिकम् : (१) उपरितनो रेफः ँ अनुस्वारवद् आभासते ।

(२) उपरिस्थितायाः ै मात्राया एकरेखेव े प्रतिभाति तेन सन्धिविच्छेदे इवपदम् एवपदं वेति अनुसन्धनमपेक्षते ।

(३) अपदान्तस्याप्यनुस्वारस्य परसवर्णः न कृतः संस्कृतोपेक्षायाः मुद्रणालयस्य प्रभावस्य मम शरीरशौथिल्यस्य च सर्वमिदं विलासितम् ।

पृष्ठम्	पंक्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
२	१४	संगत्वात्	संभवात्
४	३	रीत्यार्मपि	रीयामपि
,,	२३	साहनोचनं	सालोचनम्
५	७	रीत्यादृष्ट	रीयादृष्ट
८	१७	धनञ्चेता	धमञ्चती
१०	१०	वाग्भट्टमतं	वाग्भट्टमते
,,	१५	विधातमं	विधातृम
,,	२५	भृशात्पत्ति	भृशोत्पत्ति
११	१०	कोत्राऽप्रा	कोचोऽप्रा
१२	७	त्वबाधक	त्ववाधके
,,	२२	बाधकादः	वाधकादिः
१८	९	कारणभोजन	करणयोजन
२८	२१	हृटाना	दृष्टान्त
३६	९	समधिपू	समृद्धिपू
,,	,,	ऽनुमायतः	ऽनुमीयमानः
,,	१७	चेत्यशप	चेत्यंशय
३७	२९	मसोऄभि	मसोअभि
४०	१२	मालोकिक	मालौकिक
,,	२४	संश्चेत्	संश्चेत्

पृष्ठम्	पंक्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
,,	२७	अनिवचनी	अनिर्वचनी
४२	२३	व्यक्तात्किय	व्यक्तीक्रिय
,,	२५	विषयकमव	विषयकमेव
४३	२२	विशेषधमण	विशेषधर्मेण
४४	११	आबालमत	आबालमेत
,,	१६	अवद्यमान	अविद्यमान
४४	१९	मतुपसूत्रषु	मतुप्सूत्रेषु
४५	१२	कुलदमन	कलदर्शन
४८	१३	दशकानां	दर्शकानां
,,	१९	प्रक्रयामूल	प्रक्रियामूल
,,	३०	धुरविधाय	धुर्रविधीय
५३	४	दांशस्थासीति	दांशस्यापीति
,,	६	दयताल्लसिता	दयतोल्लसिता
,,	२१	हृष्यताति	हृष्यतीति
,,	३९	वन्निलवेऽस	वन्निर्लयेऽस
५६	१२	समनुयन्ति	समन्वेति
,,	१४	नभङ्गाकृत्या	नभङ्गीकृत्या
६६	१२	बोद्धोंकी	बौद्धोंकी
६७	२	अज्ञानहै	अज्ञातहै
,,	१३	कालेकर	कोलेकर
,,	१६	कामान	काभान
,,	२४	घमोसे	धर्मोंसे
,,	२५	सवज्ञान	सर्वज्ञान
६९	४	मोन्दय	सौन्दर्य
,,	१७	सन्पकरूप	सम्पर्करूप
७०	१३	अभिनव	अभिभय-
७६	१०	केउद्वाध	केउद्बोध
८०	२४	कसंघात	कैसंघात
८६	२५	षेषूवदिष्टः	येषूपदिष्टाः
,,	२९	स्वीकृतो	स्वीकृती

पृष्ठम्	पंक्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
८७	१९	णास्तरद्वति	णास्तैरद्वैति
,,	२३	वस्तृतेरि	विस्तृतेरि
८८	१२	दाप्त्यादिचि	दीप्त्यादिचि
९२	३१	त्रित्वाभाम्याम्	त्रित्वोभाम्याम्
९३	२८	वच्छेकता	वच्छेदकता
९५	८	वलङ्कायो	वलङ्कायौ
११२	६	शिष्टाभय	शिष्टोभय
११३	११	उपमेका	उपमैका
,,	,,	शेलूषी	शैलूषी
,,	१८	धंप्रति	नं प्रति
११४	१८	पातिशयोक्ति	पातिशयोक्तौ
१२१	९	ममाक्षकैः	समीक्षकैः
,,	१५	नोदेष्यदि	नोदैष्यदि
१२६	६	रशवृत्तित्वंवेति	रसवृत्तित्वं शब्दार्थवृत्तित्वंवेति
१२९	२४	कारध्वनिपरो	कारध्वनिरपरो
१३३	२	शाभाधाय	शोभाधाय
१३५	१६	कापाई	कोपाई
१३६	२५	भीड्सके	भीड़सके
१३७	१२९	येविशष	येविशेष
१४२	७	वंदेहीति	वैदेहीति
,,	१९	यद् ष्टोऽसि	येद् ष्टोऽसि
१४३	१	दूसरेकायं	दूसरेकार्यं
,,	३	कादशन	कादर्शन
१४५	१६	होनेवालीको	होनेवालीजो
१६१	५	यत्र	अत्र
१६६	२	प्रतिष्ठिता	प्रतिष्ठा
१८१	१५	मालूल	मालूम
१७७	२१	ताच्यार्थं	वाच्यार्थं
१८४	५	होयेसे	होनेसे
१८६	१६	विदग्ष	विदग्ध

पृष्ठम्	पंक्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
१८७	१२	संसोल्लुण्ठन	सोल्लुण्ठन
१८९	५	अनुमात	अनुमान
,,	६	असाधारसता	असाधारणता
१९२	६	दुग्धतिव	दुग्धमिव
१९४	३०	भूयाद्भ्रमः	भूमान्भ्रमः
१९७	२	करने हैं	करते हैं
२०९	१०	ज्ञेयश्येत्यादि	ज्ञेयश्चेत्यादि
२१९	४	यह निकलता	यह नहीं निकलता
२२०	७	प्रयंगों के कारण के	प्रयोगों के वारण के
२२२	३	त्रयाभेदाःप्रसिद्धाः	त्रयोभेदाःप्रसिद्धा
२२६	२०	से लन्म नतीं	से जन्य नहीं
२२८	३	विपक्षित	विवक्षित
,,	१०	प्रकृतस्थ समेन	प्रकृतस्य समेन
२२९	६	से सिद्धि	से सिद्ध
,,	७	से सिद्धि	से सिद्ध
२३०	१	इदण्त्य	इदन्त्व
२३१	३	में विरोधों का	में विरुद्धों का
२३२	२५	बांझ पैदा	बांझ से पैदा
२३३	१०	पद्मिमी वा	पद्मिनी वा
२४०	१२	कारे तूर्वोक्त	कारे पूर्वोक्त
,,	३०	समभिहरे	समभिहारे
२४१	३२	तृणां व्युत्प	तृणां व्युत्प
२४४	८	इस पक्ष में	इस पद्य में
२४८	२७	इस भाय्य	इस भाष्य
२५३	२२	से आख्यान	से आख्यात
२५६	१६	इस गङ्गा	रसगङ्गाधर
२६२	१४	लक्षण व्यञ्जक	लक्षक व्यञ्जक
,,	३१	वाख्यातार्थधी	वाक्यार्थधी
२८५	११	कारस्वावच्छिन्न	कारत्वापच्छिन्न
२८६	२१	जन्यप्रयत्य	जन्यप्रयत्न

पृष्ठम्	पंक्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
३०३	११	चतुरङ्केः	चतुरङ्कैः
,,	१५	परमवृद्धनां	परयवृद्धानां
,,	२०	प्रतिविक्यं	प्रतिविषयं
२९१	३	श्रियोराजराजस	श्रियोराजस
३०८	२	प्रयोज्जं	प्रयोजनं
,,	१८	नाङ्गीक्रितो	नाङ्गीक्रियते
,,	१९	वेदान्द	वेदान्त
,,	३१	जिहेति	धिह्नेति

आलङ्कारिक निबन्धमालाया अकाराद्याद्यवर्णानुक्रमेण पद्यानां पृष्ठसंख्या

अ—अस्तिभाति प्रियं ३६-५२-६९
अन्यथानुपय ४४-८३
अलङ्कारान्तराणाम ८५-९७-११४-१२६-१३६
अद्रावत्र ज्वलत्यग्नि १४०
अनादिनिधना २०९-२२०
आ—आलङ्कारिकसाग १
आविष्ट्याययया २८०
उ—उभावेतावलङ्का ८४-९५-११३-१२७-१३६
उपमैषाशैलूपी ९०-९६-११३-१२६-१३५
उपकुर्वन्ति संसन्तं —
उन्मूलितः सहनदेन २९०-२९६
क—कविकुल हृदय १-१३
कर्तायद्युपमानंस्या २३४
किं कुर्वते दरिद्राः २५७
कुरङ्गीवाङ्गानिस्तिमि १५९-१६७
केषाञ्चिद् उपमाभ्रान्ति २३७
ग गुरोत्वदीये मृदुले २०९
गुरोत्वदीयेन नयेन २४२
ज—जनस्थाने भ्रान्तं १०३-११७-१२९-१४२
त—तमर्थमवलम्वन्ते ८७-१०१
तदिदं चित्रं विश्वद ९६-११३-१२६-१३५
तरानायक्तशेश्वराय १५५-१६७
तद्दोषौ शब्दार्थौ १०५
न—नैसर्गिकी च प्रतिभा ४-१८
न सोऽस्ति प्रत्ययो ७८
निश्शेषच्युतचन्दन १७२-१८७
निर्भिद्यक्ष्मारूहाणाम २९७
प—प्रतिभाकारणं २५-९
प्रतिमैव श्रुताभ्यास ११-२८
प्राचीनैः पण्डितैः ८४-९४
प्राची सन्ध्या समुद्यन्म २९०
पुरायत्र स्रोतः पुलि १२१-१४९
पुरः पुरस्तादरिभूतीनां २९३

ब—बहिर्न किञ्चिद	४४-८१
म—मनसि च सुसमा	६-२१
मृगयश्चदर्भाङ्कुर	१५२
मीनवती नयनाभ्यां	१५८-१६७
महर्षेर्व्यासपुत्रस्य	१६०-१७०
य—यथा बहुद्रव्यच्युतं	३५-५५-६९
यदिलेपनमेवेष्टं	२३६
येनैवहेतुनाहंसः	२३८
यैर्दृष्टोऽसि ललाट	१०२-११७-१३८-१४२
यत्त्वन्मेत्र समानकान्ति	१२१-१५१
र—रत्यादिज्ञानता	१९९
रामं स्निग्धतरं श्यामं	२२२-२२७
ल—लिम्पतीव तयोङ्गानि	२३३
व—विषयविशयजा	१०३
विद्वन्यहीन्द महिमा	२०९
श—शम्भोभास्वर	१
श्रीबालकृष्णगु	३५
शब्दस्य परिणामो	७९
शब्दार्थयोरस्थिरा	८८-१०२-११६-१४०
स—सहजोत्पाद्या च सा	६-२१
सरसहृदय	३५
संभावनं यदित्यं	२२१-२२६
सैषा सर्वत्र वक्रो	८५-९५-११४-१२६
स्वर्गं प्राप्तिरजेनैत	११६-१२८-१३९
सर्पोलङ्कारभूषा	२३३-१३६
सवःपायादिन्दु	२२५
स्वर्गापवर्गयो	२३७

विद्यावैजन्ती निबन्धमाला तृतीयभाग व्याकरणनिबन्धमाला

इसके निवन्ध करीव ३५ वर्ष पहले संस्कृतंपत्र में प्रकाशित हुए है, बहुत कम उसका प्रचार हो पाया, उसके बाद की हिन्दी पुस्तकों में एक ही जगह इसका प्रभाव दीख पड़ा कि जिस क्रिया के साथ चाहिये का प्रयोग होता है वैसे वाक्यों में उस क्रिया के कर्ता का चिन्ह को लगता है, जैसे छात्रों को पढ़ना चाहिये। समर्थों को दुर्बलों पर दया करनी चाहिये। इत्यादि। लेकिन मेरी देखी गई हिन्दी पुस्तक हिन्दी माध्यम से संस्कृत शिक्षण अनुवाद की किसी से लिखी गई आदि और अन्त में फटी हुई थी, हिन्दी व्याकरण पुस्तकों में यह स्थान पाया कि नहीं यह संदिग्ध ही है, मेरा तभी से अन्वेपण भी ऐसा नहीं हुआ। इसी दृष्टि से इसका हिन्दी सहित प्रकाशन का पुनः प्रयास भी हुआ, हिन्दी को आशा है कुछ लोग अधिक पढ़ेंगे।

प्रथम भाग दार्शनिक तिवन्धमाला को उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान ने पुरस्कृत किया है इससे सम्भावना है कि कुछ लोग उसकी हिन्दी पढ़े हैं तथा हिन्दी भाषा से भी उसका कुछ उपयोग होगा, उसी प्रकार इस व्याकरण निबन्धमाला की हिन्दी से भी कुछ हिन्दी व्याकरण के तथा संस्कृत हिन्दी विलक्षणता और दोनों के साम्य के प्रेमी विज्ञ कुछ इससे पा सकेंगे।

क्रियाविशेषणों में पाणिनीय व्याकरण के अनुसार कैसी विभक्ति उचित है इस विपय में मेरा लेख करीब बीस वर्षों से चल रहा है, उसका कोई वाक्य प्रयोग में उपयोग नहीं है, वाक्यों के स्वरूप का भेद उससे बहुत कम जगह हो पाता है, किन्तु वैयाकरण विद्वानों के एक परिशीलन का विपय है, तथा थोड़े जगह उपयोगी ज्ञान भी विद्वानों को लेना ही है, इसी दृष्टि से उसको चलाया गया था, हिन्दी भाषाभिज्ञों को उसको देखना चाहिये क्यों कि उसमें अर्थांश भी कुछ आये हैं उनका हिन्दी भाषा में क्या स्वरूप होगा, इसको सोचना चाहिये।

इधर सारस्वती सुषमा ३४ वर्षीय अङ्क में 'द्वितीया विचारे तण्डुलंपचति' एक संस्कृत लेख प्रकाशित है, वह मेरे निबन्ध विषय से शम्बन्ध रखता है, किन्तु यह विचारसरणि दूसरी है, मेरे निबन्ध की रीति दूसरी है, इसलिये साक्षात् कोई सम्बन्ध नहीं है। इसके लेखक प्रसिद्ध पण्डित प्रकाण्ड वृद्ध अयोध्या वाले आदरणीय श्री रुद्र प्रसाद अवस्थी जी हैं। २० वर्ष पहले अयोध्या के संस्कृतंपत्र में जब इसके लेख निकले थे, उस में बहुत थोड़ा भाग वे भी लिये थे, संस्कृतंपत्र के कार्यालय तथा सम्पादक से

उनका विशेष सम्बन्ध था, संभव है उस समय के सभी प्रकाशित पत्र उनके पास अभी तक सुरक्षित हो, मेरे पास के सभी नष्ट हो गये, जो हैं वे सभी प्रकाशित हो रहे हैं।

मेरे लेख में आया हैं कि अकर्मक धातुओं का फल और व्यापार दो अर्थ नहीं मानना चाहिये उसका ज्ञान में व्यवहार में उपयोग नहीं होता, देवदत्त चावल पकाता हैं, यहाँ पचति का पकाता है यह अर्थ है पकाता है इस में दो अंश हैं, पकना और पकाना, पकना अंश चावल में है ? जिसको डभकना खुदुकना मोलायम होना रंग बदलना आदि समझते हैं। इसको संस्कृत में विक्लृति आदि शब्द से कहते हैं, पकना को फल कहते हैं, उसके लिये आग जलाना, आँच घुसकाना, पानी में छोड़ना आदि अनेक क्रियायें कर्ता में होने वाली पकाना शब्द में लिया जाता है, पकाना कर्ता में ही रहेगा चावल कर्म में नहीं, अत: देवदत्त आदि कर्ता होंगे कर्म नहीं, पकना चावल में होगा देवदत्त आदि में नहीं अत: चावल कर्म होगा देवदत्त आदि कर्म नहीं। इस रीति से फल पकना और पकाना व्यापार एक जगह नहीं भिन्न-भिन्न जगह रहते हैं, इसी को फल और व्यापार को व्यधिकरण होना समझते हैं। अकर्मक स्थल स्तोकं तिष्ठति देवदत्तः देवदत्त थोड़ा ठहरता है, स्तोकमेधतेदेवदत्तः देवदत्त थोड़ा पढता है, इत्यादि में ठहरना में दो अंश नहीं मालूम पढ़ना जो एक कर्ता देवदत्त में रहे और दूसरा अंश दूसरी जगह रहे। इसी तरह बढ़ना में भी दो अंश नहीं मालूम पड़ता, ठहरना बढ़ना आदि एक ही है उसको फल कहें या व्यापार कहें, यदि दोनों कहें तो दोनों में भेद न करें, स्तोक थोड़ा आदि ठहरना बढ़ना क्रिया के ही विशेषण हैं। फल और व्यापार का दो जगह अन्वय करने पर दोनों में भेद होगा, दो वस्तुयें मालूम नहीं पड़ती, दो वस्तु नहाँ भिन्न भिन्न धातु का अर्थ माना जाना व्यर्थ है। ऐसा मेरे लेख में है।

अवस्थी जी के लेख में धातुओं का फल और व्यापार दो अर्थ माना गया, दोनों में भेद मानकर दो जगह अन्वय किया गया, स्तोकं तिष्ठति थोड़ा ठहरता हैं, इस उदाहरण में फल को तादात्म्य सम्बन्ध से स्तोक में मानकर स्तोक को कर्म वताया गया, तथा ठहरना क्रिया वाला देवदत्त आदि कर्ता है ही। इस प्रकार फल और व्यापार दो जगह रह गये इस से सकर्मक धातु हो जायेगा ऐसा सदेह भी किया गया, उसके समाधान का भी प्रयास किया गया, किन्तु समाधान जल्दी में लिखा गया, समाधान हो नहीं पाया, गलती हो गई, पण्डितो को समझकर पढ़ना चाहिये।

उनके समाधान में स्तोक्त और स्वार्थ फल और व्यापार में विशेषण दिया गया तथा उसके अनुसार सकर्मक और अकर्मक का लक्षण किया गया है, उसका भाव

है कि सकर्मक अकर्मक के लक्षण में फल और व्यापार एक ही धातु का दोनों अर्थ हों, सो वैसा ही करके उनका संदेह है, इससे समाधन्न नहीं हो पाया। मेरे सिद्धान्त लेख में अकर्मक धातु का फल व्यापार दो अर्थ होता नहीं, कहीं दो अर्थ लिखा भी हो तो दोनों का दो जगह अन्वय करके उनमें भेद नहीं किया जाता, भेद करने पर सकर्मक हो जायेगा, यद्यपि कुछ सम्बन्धों का हेर-फेर करके ऐसा लक्षण सकर्मक आदि का पण्डित करके इस दोष का वारण कर सकते हैं तो भी उस पर जाना ठीक नहीं, क्योंकि यह शब्दार्थ विचार है, वैसा ही वस्तु शब्द का अर्थ हो सकता है जिसको व्यवहार विज्ञव्यक्ति समझ सके तथा उसको समझा सके, वैसा धातु का दो अर्थ सकर्मक का मिलता है अकर्मक का नहीं।

इस पर हिन्दी भाषा स्वभावविज्ञों से निवेदन है कि इस पर सोचें कि सकर्मक धातु का जैसे दो अर्थ वस्तु एक कर्ता और एक कर्म में रहने वाला होता हैं, वैसा अकर्मक धातु का दो अर्थ मिलता है या नहीं, नहीं मिलता तो निश्चय करें तथा उस को लेखबद्ध करके प्रसिद्ध करें कि अकर्मक धातु का एक ही अर्थ होता है जो कर्ता में रहता है, दूसरा कोई अर्थ नहीं होता जिसको कर्ता से भिन्न में रखा जा सके। अकर्मक धातु के योग में जो क्रिया विशेषण होता है उसका अन्वय कर्ता में रहने वाली क्रिया ही में होता हैं, जैसे थोड़ा ठहरता है यहां ठहरना का विशेषण होता हैं।

'फलान्वयी क्रिया विशेषण को हिन्दी भाषा सहती है या नहीं' इस शीर्षक पर विचार करने के लिये हिन्दी भाषा वैज्ञानिकों से प्रार्थना करता हूं। संस्कृत भाषा में फलान्वयी क्रियाविशेषण तथा व्यापारान्वयी क्रियाविशेषण दो तरह के प्रसिद्ध हैं। उनके उदाहरण पढ़ने पर मेरे क्रियाविशेषण विभक्ति विचार में मिलेंगे।

इस पर दो संस्कृत वाणी परिस्थितिओं को ध्यान में रखकर विचार करना उपयोगी होगा।

(१) क्रियापद तथा कारक पदों के चिन्ह और अर्थ स्वभाव को लेकर आगे पीछे पद नहीं रहने पर भी व्यवहित पदों के अर्थों का अन्वय हो जाता है। उस तरह का व्यवधान हिन्दी भाषा के लिये नहीं चाहिये, जैसे स्तोकंतण्डुलंपचति देवदत्तः यह भी वाक्य संस्कृत का ठीक हैं, थोड़ा चावल पकाता है देवदत्त यह हिन्दी वाक्य आदरणीय नहीं है, तथा थोड़ा यह विशेषण चावल के पहले रहेगा तो चावल का विशेषण हो जायेगा, चावल में जो पकना फल है उसका विशेषण नहीं होगा, यह संस्कृत में फलान्वयि क्रियाविशेषण का उदाहरण हैं।

(२) संस्कृत वाक्यों में कर्ता और कर्म का क्रियाविशेषण होना प्रसिद्ध हैं, कर्ता और कर्म के विशेषण उनके समान लिङ्ग वचन होते हैं, यदि वाक्य में कर्ता कर्म

का विशेषण होने के अयोग्य क्रिया से सम्बन्धी विशेषण होता है उसको क्रियाविशेषण कहते हैं, जैसे देवदत्तः स्तोकं तण्डुलं पचति में स्तोकं क्रियाविशेषण है, वह भी फलान्वयी क्रियाविशेण है. अर्थात् चावल में जो पकता डभकना, खुदुकना उसका विशेषण है।

इस पर यही सोचना है कि हिन्दी के किसी प्रकार के शुद्ध वाक्य से थोड़ा यह बिशेषण चावल के पकना का मालूम पड़ सके तो हिन्दी में फलान्वयी क्रिया-विशेषण का उसको माना जाय, यदि हिन्दी में वैसा शुद्ध वाक्य नहीं वन सकता तो यही सिद्धान्त किया जाय कि हिन्दी में फलान्वयी क्रियाविशेपण नहीं होता। व्यापारान्वयी क्रियाविशेषण तो देवदत्त चावल को धीरे पकाता है, इस में होता है, धीरे पकाना क्रिया का विशेपण हैं, चावल थोड़ा पकता हैं, यहाँ थोड़ा पकना क्रिया का विशेषण है, यहाँ पकना क्रिया क्रिया है क्रिया का फल नहीं है, पकना अकर्मक क्रिया केवल कर्ता चावल में रहती है, उसका कोई कर्म नहीं है। यह भी व्यापारान्वयी क्रियाविशेषण का उदाहरण है। चावल थोड़े पके हैं इसमें थोड़े शब्द चावल के बाद है, तो भी चावल ही का विशेपण हैं जैसे पके थोड़े चावल हैं। पकना क्रिया में अन्वय करें तो भी व्यापारान्वयी क्रियाविशेषण का उदाहरण है फलान्वयी क्रिया विशेषण का नहीं। वहाँ चावल कर्ता में रहने वाली अकर्मक पकना क्रिया भूतकाल कृदन्त का पके ऐसा रूप है ? वहां पकना फल नहीं है। 'स्तोकं पक्वाः तण्डुलाः' इस संस्कृत वाक्य में तो फलान्वयी क्रियाविशेषण स्तोक है, वहाँ पकाना अर्थ वाले सकर्मक धातु से कर्म में क्त प्रत्यय है, वहाँ चावल में पाकरूप फल का भान होता है, उसमें थोड़ा यह विशेषण हो जाता है। इस प्रकार फलान्वयी क्रियाविशेपण हिन्दी में नहीं होता ऐसा मालूम होता है।

पाणिनीय दर्शन

वाक्यपदीय कारिका में विवर्त और परिणाम की कुछ संकीर्णता देखकर शुद्ध चेतन ब्रह्म को ही शब्द भी मानकर अविकृत परिणामवाद द्वारा ब्रह्म के विकार का वारण करना ऐसा भी मेरा लेख कहीं मिल सकता है, किन्तु इस व्याकरण निवन्ध-माला के मुद्रण की करीव २ समाप्ति के समय एक परिस्थिति ऐसी आई जिसके अनुसार मुझे एक संस्कृत में "वैयाकरणानां शब्दाद्वैतम्" निवन्ध लिखना पड़ा तथा किसी की आज्ञा का वशंवद होकर उसको दे देना पड़ा, उसका प्रकाशन छ मास में तो कम संभव है एक वर्ष में हो जायेगा।

उत्तरप्रदेश संस्कृत अकादमी लखनऊ की १९७८-७९ स्मारिका में एक संस्कृत निबन्ध 'शब्दाद्वैतम्' पढ़ने को मिला, उसके लेखक बहुत प्रसिद्ध बड़े विद्वान् मित-

भाषिता तथा मित लेखन से विश्वसनीय रूप से विदित तथा मेरे परिचित गम्भीराशय स्वर्गीय श्रीमान् सुब्रह्मण्यम् ऐय्यर महोदय हैं। वह शब्दाद्वैत वाक्यपदीयकारिका ये धेनुओ का दुग्धामृत हैं, उसके दोग्धा प्रसिद्ध आचार्य अभिनव गुप्त पादाचार्य है, इन कारिकाओं से प्रभावित ईश्वर प्रत्यभिज्ञाविर्शिनी की कारिकायें भी है। अभिनव गुप्त पादाचार्य के परवर्ती आचार्य भी उसका अनुमोदन समर्थन करते हैं। जगत् का मूल कारण चेतन ब्रह्म शब्दरूप है ऐसा उसका सिद्धान्त है। अध्ययनशील दार्शनिक विद्वानों का पठनीय और मनन के योग्य वह दर्शन है। मैं तो यहाँ उसका विशेष संक्षिप्त ४ चार प्रतिज्ञायें तथा उनमें उद्धृत दो हरिकारिकाओं को ही दीखा कर छोड़ दूँगा।

(१) जो यह जगत् का मूल कारण ब्रह्म है वह शब्द तत्त्व है ऐसी पहले प्रतिज्ञा की जाती है।

(२) यह शब्द तत्त्व ब्रह्म एक और अभिन्न है, तो भी इसकी बहुत शक्तिआं है, जिनसे वह भिन्न के ऐसा मालूम पड़ता है, शक्तिओं से पृथक् के ऐसा रहता है।

(३) ब्रह्म में भेद को दिखाने वाली ब्रह्म की काल शक्ति को निमित्त करके जन्म आदि छ विकार होते हैं, वे छ विकार वस्तुओं के भेद का कारण होते हैं।

(४) इसी एक सभी का कारण ब्रह्म की भोक्ता-भोक्तव्य और भोग रूप से स्थिति और व्यवहार की व्यवस्था है ऐसा अनुभव किया जाता है। ब्रह्म शब्दतत्व है यह तत्व वेद और आगम से सिद्ध है।

इन चारों ४ प्रतिज्ञाओं में पहली प्रतिज्ञा का ही यह वैयाकरणानां शब्दाद्वैतम्' निबन्ध भेद करता है, और तीनों प्रतिज्ञाओं में कुछ विशेष चर्चा नहीं करता, ये प्रतिज्ञायें हरिकारिकाओं के अनुसार आयेगी।

स्मारिका के लेख शब्दाद्वैतविमर्श में उद्धृत व्याख्यात वाक्यपदीय कारिका—

सैषा संसारिणाँ संज्ञा बहिरन्तश्च विद्यते।
तन्मात्रामव्यतिक्रान्तं चैतन्यं सर्वप्राणिषु॥

अन्त में कही जातिषु कहीं जन्तुषु पाठ भेद है। वह यह परावाग् रूप ब्रह्म संसारिओं की संज्ञा चैतन्य है, भीतर अपना परिचय विचार ऊहापोह करने वाली है, तथा बाहर बहिरिन्द्रिय द्वारा जो व्यवहार शब्द, अर्थ, ज्ञान जो व्यवहार है वह उसी से होता है। सभी जीवों में रहने वाला चैतन्य उस शब्द तत्त्व का अतिक्रमण नहीं करता। इस में चैतन्य संज्ञा दोनों उस शब्द तत्त्व के लिए आ गया है, इसलिये यह निबन्ध चैतन्य को शब्द रूप मानता है।

इस पर वैयाकरणों का शब्दाद्वैत कहता है कि यह संसारी प्राणि जीवों की संज्ञा सृष्टि के बाद यह संज्ञा है, शब्द, अर्थ, ज्ञान आदि का परस्पर सम्बन्ध से व्यय-हार साधक संज्ञा है, जिसका साधारण भाषा में होश-हवाश शब्द से व्यवहार होता है, जैसे कि आत्म चैतन्य का कार्य जीवनयोनि द्वारा स्वास प्रश्वास प्राण संचार होने पर भी वैसा परावाक् का कार्य न होने से वेहोशी का व्यवहार होता हैं, अन्तःकरण का अंश परावाक् का व्यवहार शुरू होने पर होश आ गया ऐसा कहा जाता है। वह संज्ञा चैतन्य जगत् मूलकारण का नहीं है। सभी वस्तु नाम रूपात्मक है, आंख से देखने से रूप आकार अंश का ज्ञान होने पर भी नाम का ज्ञान न होने पर वस्तु स्वरूप का ज्ञान नहीं हो पाता उसी प्रकार कान से नाममात्र का भान होने पर भी आकार अंश का भान न होने से वस्तु स्वरूप का पूरा ज्ञान नहीं हो पाता, आंशिक ज्ञान न कम्मा है उससे कोई पुरुष का प्रयोजन नहीं सिद्ध होता इत्यादि वैयाकरण सिद्धान्त लघु-मञ्जूषा सच्चित सिद्धान्त रत्न प्रकाशित करते हैं,

उसकी दूसरी कारिका---

वाग्रूपता चेदुत्क्रामेदवबोधस्य शास्वती।
न प्रकाशः प्रकाशेत सा हि प्रत्यवमर्षिणी॥

इन्द्रियों द्वारा जो विषयों का अवभास है उसमें यदि वाग्रूपता न रहे तो वह विषयों का प्रकाशक होते हुए भी विषय या अपना प्रकाश नहीं हो सकता। वह सभी का वागरूप हो शाश्वत है क्योंकि मूल कारण ब्रह्म रूप है। क्योंकि वह वाग्-रूपता उपयोगी विमर्श ज्ञान को करने वाली है। परस्पर सम्बद्ध शब्दार्थ वस्तु स्वरूप ज्ञान के साथ आत्मा के सम्बन्ध का ज्ञान विमर्श कहा जाता है, वही पूर्ण ज्ञान है, वही किसी कार्य या व्यवहार का उपयोगी है, जिस आत्मा से ज्ञान व्यापार सुरू हुआ वह वस्तु ज्ञान अवमर्ष उस आत्मा के साथ उसका सम्बन्ध प्रत्यवमर्श हुआ।

वैयाकरणों के शब्दाद्वैत के अनुसार इसका प्रायः वैसा ही व्याख्यान हुआ, उसके मत में भी शब्द अर्थ दोनों स्वरूप का ज्ञान ही वस्तु के पूर्ण स्वरूप का ज्ञान है, उसका आत्मा के साथ सम्बन्ध ज्ञान होने पर ही उपयोगी होता है, किन्तु वाग्रूपता मूलचेतन ब्रह्मरूप नहीं है, माया का विकसित एक वस्तु है, सृष्टि से प्रलय तक रहने वाली है इसलिये उसको शाश्वत कहा गया है।

इसी पुस्तक द्वितीय भाग आलङ्कारिक निबन्धमाला में 'अभिनव गुप्तस्य रस-स्वरूपम्' निबन्ध है। उसमें विमर्श का स्वरूप स्फुट मिल सकेगा।

इसका अध्ययन जीर्ण-शीर्ण रुग्ण कम्पनशील शरीर वाले मोतीआबिन्दु से विभूषित नयनों से प्रत्यक्ष में भी अविश्वासी मुझे जो कुछ लिखने के लिये प्रेरित किया, मानो अभागे मेरे पाप का फल जग गया, वाक्यपदीय पाणिनीय व्याकरण का ग्रन्थ है, सूत्र वार्तिक और भाष्यों का तात्पर्य व्यवहार के उपयोगी भाषा विज्ञान रीति से विशद करता है, भाष्य के बाद सभी व्याख्याता कैयट आदि प्रायः सभी जगह हरिकारिका को उद्धृत करते हैं, उन लोगों में अनेक शास्त्रों में प्रसिद्ध विद्वान् दार्शनिक श्री नागोजी भट्ट महोदय अपने ग्रन्थ में पग पग पर हरिकारिका का समन्वय करते हैं, तो हरिकारिका प्रसूत प्रत्यभिज्ञा दर्शन वासना परवश आचार्यो से संपोषित यह शब्दाद्वैत दर्शन वैयाकरणों का है क्या ? अथवा दूसरे तरह का है; यह चिन्ता चित्त को जकड़ ली नहीं छोड़ी। यदि यहीं शब्दाद्वैत वैयाकरणों का ही तो दार्शनिक नागोजी भट्ट की हरिकारिका भक्ति तथा उनके वैयाकरण सिद्धान्त लघुमञ्जूषा सञ्चित सिद्धान्त रत्नों की क्या दशा होगी ?, जो जगत् का उपादान कारण शुद्ध ब्रह्म चैतन्य केवल प्रकाशस्वरूप है, और सभी ऐश्वर्य आदि मायावश है ऐसी घोषणा करते हैं, मञ्जूषा ग्रन्थ में मायास्वरूप तथा अनिर्वचनीय उत्पाद में कुछ फरक करके शाङ्कर वेदान्त की रीति से ही मूल कारण ब्रह्म और जगत् की व्यवस्था है, शाङ्कर वेदान्त और प्रत्यभिज्ञा दर्शन का विरोध मेरे शिव ब्रह्माद्वैत निबन्ध में आया है उस पर नहीं जाता हूँ पाठक उसी के अनुसन्धान का कष्ट करें' किन्तु मञ्जूषा में शारीरक अध्यास भाष्य का उल्लेख करके अध्यस्य मिथुनी-कृत्य के बाद 'अहम्' इसका उल्लेख करके प्रत्यभिज्ञा दर्शन की प्रक्रिया का साक्षात् विरोध किया गया है, अर्थात् अहम् उल्लेख को मायिक बनाया है, प्रत्यभिज्ञा दर्शन में सदाशिव अवस्था में माया के पहले विद्या विषय में अहम् का उल्लेख वर्णन किया जाता हैं। यदि कहे कि नागेश का मञ्जूषा के अनुसार एक दूसरा शब्दाद्वैत है तो परस्पर विरुद्ध दो दर्शनों को एक हरिकारिका कैसे पैदा करती है ?, यदि पैदा भी कर सके तो दो विरुद्ध वैयाकरणों का दर्शन कैसे हुआ ? फिर भी मन में आया कि मेरी दृष्टि में अथवा मेरे ऐसे और कुछ लोगों की दृष्टि में वाक्यपदीय व्याकरण ग्रन्थ है, हमसे हो पं० श्रीकान्तिचन्द्र पाण्डेय जी कहे थे कि वाक्यपदीय शैव दर्शन का ग्रन्थ है। ऐय्यर साहब ने तो ऐसा नहीं लिखा, वे तो इतना ही लिखते हैं कि इस प्रकार इन लोगों के समन्वय से ऐसा शब्दाद्वैत मालूम होता है वे आग्रह नहीं करते। वाक्यपदीय के आरम्भ ही में शब्द प्रमाण के समर्थन और उपपादन में, जो पूरा प्रयास है, किन्तु बौद्ध विद्वान् शब्द प्रमाण के खण्डन में वाक्यपदीय की अनेक कारिकाओं से सहायता लेते हैं, तथा व्याख्यान करते हैं, इसी वर्ष ३४ वर्षीय सारस्वती सुषमा के वाक्यार्थस्य प्रतिभात्वं

निबन्ध के अन्त में कमलशील के कारिका व्याख्यान को दिखाया गया है, उसी में भी शब्दप्रमाण का खण्डन के लिये शब्दों का शब्दार्थों के साथ साक्षात् सम्बन्ध नहीं है ऐसा अभिप्राय लेख है, भर्तृहरिबौद्ध थे ऐसा एक अङ्ग्रेजी पुस्तक में किसी अन्वेषक का लेख है, ऐसा बहुत पहले सुना हूँ। इस प्रकार वाक्यपदीय बहुत पुराना बहुत बड़ा ग्रन्थ हैं, उसमें प्रसङ्गवश बहुत विषय है, प्राचीन दार्शनिक भाषा में लिखी गई है, प्रकीर्ण उसकी अनेक कारिकायें उसके बाद के अनेक पुस्तकों में मिलती हैं, अपनी-अपनी वासना तथा उपलब्ध सामग्री के अनुसार अनेक परस्पर विरुध व्याख्यायें भी हुई हैं। सभी शब्द सभी अर्थ के वाचक हैं अपनी वासना तथा अपने उपलब्ध सामग्री की सहायता से अर्थविशेष में नियन्त्रित होते हैं ऐसा मञ्जूषा का सिद्धान्त रत्न भी है।

किस शब्दाद्वैत में वाक्यपदीय का अच्छा परिशीलन है ? ऐसा भी प्रश्न उठ सकता है, उसको उठा हुआ ही छोड़ देता हूँ, उभयतः कुशलं की भावना जगाता हूँ, वह बहुत बड़ा काम है, विशेष अध्ययन का कार्य है, छोटे निबन्ध से नहीं हो सकता, बहुत बड़ी पुस्तक हो जायेगी, वैसा कौन करे, कुछ इस लेख में भी आई गया।

वैयाकरणों के शब्दाद्वैत का आधार वैयाकरण सिद्धान्त लघुमञ्जूषा है, उसीके सञ्चित सिद्धान्त रत्नों से इसको सजाना है। यह पुस्तक प्रसिद्ध है, वैयाकरणों के पठन-पाठन में प्रचलित है। उसके उद्धरण से लेख बढ़ाना नहीं चाहता, आवश्यक कुछ सूचित करके इसको समाप्त करूँगा।

नागोजिभट्ट का महाभाष्य परिशीलन विद्वानों को विदित है, व्यवहार-अध्यास-न्याय और दार्शनिक महाभाष्य वचनों को चुनते हैं, पूर्वापर समन्वय की अनुपपत्ति से ज्ञापित करते हैं, पारम्परिक अभिप्रेत को ध्वनन से समझते हैं। एक प्रपञ्चसार पुस्तक को अपनाये हैं जो शुद्ध एक ब्रह्म चैतन्य सत् और सभी मिथ्या मायिक हैं इसका प्रचार करती है। अपने अभिप्राय के विषय में ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्य-भामती टीका प्रटीका का अच्छा समन्वय इस ग्रन्थ में हैं। प्रमाणरूप से श्रुति-स्मृति-पुराण-महाभारत-श्रीमद्भागवत आदि का उल्लेख अच्छा मिलता है।

वैयाकरणों का शब्दाद्वैत

आधार—वैयाकरण सिद्धान्त लघुमञ्जूषा का स्फोट निरूपण विशेष रूप से शब्दब्रह्म निरूपण, शक्ति का आश्रय कैसा शब्द है ? ऐसा प्रसङ्ग लेकर प्रलय-सृष्टि-माया और पुरुष का प्रादुर्भाव परमेश्वर की मायावृत्ति रूप सृष्टि का संकल्प के वर्णन के बाद नीचे लिखित अभिप्राय वाली मूल पंक्तियां हैं—उससे त्रिगुण विन्दु रूप

अव्यक्त पैदा होता है। यही शक्ति तत्त्व है। उस विन्दु का अचित् अंश बीज है; चित् अचित् दोनों अंशों से मिला जुला नाद है, चिदंश विन्दु है, अचित् शब्द से शब्द और अर्थ दोनों के संस्कार रूप अविधा कही जाती है, उस विन्दु से चेतन से मिश्रित नाद मात्र पैदा होता है, वह नाद ज्ञानप्रधान सृष्टि के उपयोगी अवस्था विशेष है, उसीका शब्दब्रह्म दूसरा नाम है। यह जगत् का उपादान शब्दब्रह्म ही 'र व' परा' आदि शब्दों से व्यवहार में आता है।—

विन्दोस्तस्माद्भिद्यमानाद्रवोऽव्यक्तात्मकोऽभवत्।
स एव श्रुतिसम्पन्नैः शब्दब्रह्मेतिगीयते ॥

प्रपञ्चसारपटल १।४३। ऐसा कहा गया।

अनुवाद—वह विन्दु अव्यक्त रवरूप से परिणत हो जाता है, उसीको वेद-शास्त्र के अध्येता लोग शब्दब्रह्म कहते हैं। यह रवरूप शब्दब्रह्म सर्वव्यापी होता हुआ भी प्राणियों के मूलाधार संस्कृत वायु के सञ्चार से प्रगट होता है, जानी हुई वस्तु को कहने की इच्छा वाले पुरुष की इच्छा से पैदा हुए यत्न के सम्बन्ध से ही मूलाधार के वायु का संस्कार होता है, उसमें अभिव्यक्त शब्दब्रह्म अपने स्वरूप में जब निष्क्रिय रहता है तव परावाक् कहा जाता है। उसीको हरि ने कहा है—

अनादिनिधनं 'ब्रह्म शब्दतत्त्वं' यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतोयतः ॥

—वाक्यपदीयप्रथमकारिका

अनुवाद—शब्दब्रह्म आदि और अन्त से रहित है, परिणामी नहीं है, अर्थरूप से वही प्रगट होता है, जिससे जगत् की सृष्टि है, यह मञ्जूषा का मूल है।

इतने से शब्दब्रह्म का निरूपण किया गया। इसीका नाम रव-परा-नाद कहा गया। नाद को ज्ञान प्रधान स्पष्ट कहा गया, माया उपाधिवाला ब्रह्म चैतन्य ईश्वर, अव्यक्त विन्दु उपाधि वाला ब्रह्म चैतन्य हिरण्यगर्भ आदि दूसरे नाम वाला होगा; नाद परावाग् उपाधि वाला ब्रह्म चैतन्य शब्दब्रह्म हुआ ऐसा निष्कर्ष मालूम होता है। स्वरूप में शब्दब्रह्म निष्पन्द कहा गया है, ईश्वर के भी उपधेय अंश चैतन्य में क्रिया नहीं होती। मायापरिणामरूप अध्यस्त परमेश्वर की सर्जन क्रिया है। उसी प्रकार शब्दब्रह्म चैतन्य में क्रिया नहीं होती। किन्तु मूलाधार के संस्कार वाले पवन से नाद के अचित् अंश का संस्कार होने पर उसका परिणाम होता है।

उसका चैतन्य में अध्यास होने से शब्दब्रह्म सृष्टि करता है ऐसा व्यवहार है। नाद उपाधि के सादि या परिणामी होने पर भी उपधेय चैतन्य को लेकर वाक्यपदीय

के अनादि निधन अक्षर आदि विशेषणों का समन्वय है। अव्यक्त से सृष्टि का प्रारम्भ है।

इस प्रकार वेदान्त के ऐसा ही कार्य उपादान रूप हैं उपादान कार्यरूप नहीं होता, शब्दब्रह्म की सृष्टि में आने वाले शब्द, शब्दार्थ, अन्तःकरण, ज्ञान आदि सभी शब्दात्मक आसानी से हों उसके पहले के अव्यक्त-माया-ईश्वर-ब्रह्म शब्दरूप कैसे हों। यदि शब्दरूप न हों तो शब्दाद्वैत कैसे होगा ? इत्यादि प्रश्न इसमें नहीं हो सकेंगे, शब्द और अर्थ का परस्पर तादात्म्य सम्बन्ध माना गया है। जहाँ भी जिस शब्द का प्रयोग है वहाँ उस शब्द का तादात्म्य है। इस पुस्तक में तत्त्वमसि इत्यादि महावाक्यों का शुद्ध ब्रह्म के साथ तादात्म्य बताया गया है क्योंकि अखण्डाकारवृत्ति द्वारा शुद्ध ब्रह्म के बोधक हैं। उस तादात्म्य की सिद्धि दो प्रकार से की गई है।

(१) लोक व्यवहार में शब्द और शब्दार्थ में अभेद व्यवहार होता है, तादात्म्य के बिना उसकी अनुपपत्ति होगी, (२) और शक्तिओं का खण्डन करके वाच्यवाचकभाव शक्ति की स्थापना की गई है। उसका नियमन तादात्म्य के बिना नहीं होगा, इसलिये तादाम्य है, उस तादात्म्य को भेद और अभेद अंशों से युक्त करके तथा आध्यासिक विशेषण देकर सभी अनुपपत्तिओं का वारण किया गया है।

इस प्रकार जब तक व्यवहार या अध्यास है तब तक मूल कारण ब्रह्म में शब्दत्व इष्ट है आपत्ति नहीं, व्यवहार तथा अध्यास के बाद की दशा में उसका शुद्ध प्रकाश स्वरूप सुरक्षित है। यद्यपि हरिकारिका में शब्द स्वरूप प्रकाश का भी प्रभाव पूरा वर्णित है, तो भी चैतन्य के ऐसा नहीं है श्रोत्र इन्द्रिय ग्राह्य है ही, परावाक् की भी मूलाधार संस्कृत पवन से अभिव्यक्ति होती है, संयत मन से उसका प्रत्यक्ष माना जाता है। इति।

इस प्रकार बड़ी कठिनाई से विद्यावैजयन्ती निबन्धमाला के तृतीय भाग व्याकरणनिबन्धमाला का हिन्दी सहित प्रकाशन हो रहा है, विज्ञों से प्रार्थना है कि इसको अपनायें, जिससे मेरे द्वारा जो दोष आये हैं तथा गुरु कृपा और शास्त्रों की सहायता से जो गुण हैं, उनका अच्छा छानवीन चल सके। इति।

प्रार्थी

केदारनाथ ओझा

मुमुक्षु भवन—काशी

विद्यावैजयन्तीनिबन्धमालातृतीयभागव्याकरणनिबन्धमालायाः

विषयाणां पृष्ठसूची

विषयाः	पृष्ठानि संस्कृतम्	पृष्ठ हिन्दी
पाणिनीयं व्याकरणं तदुपरि आक्षेपाश्च	१	३२
भाषाया अनादित्वम्	४	३६
परिष्कारभाषा	८	४२
अधुना व्याकरणस्य उपरि आक्षेपाः अष्ट	९	४३
प्रथमाक्षेपविचारः	१०	४५
द्वितीयाक्षेपविचारः	१२	४९
तदर्थं किञ्चिन्निवेदनम्	१३	५०
तृतीयाक्षेपविचारः	१४	५१
चतुर्थाक्षेपविचारः	१५	५३
पञ्चमाक्षेपविचारः	१७	५५
व्याकरणनिर्माणेऽवधातव्यम्	१८	५६
पञ्चमाक्षेपस्य निष्कर्षः	१९	५७
षष्ठाक्षेपविचारः	२०	५९
सप्तमाक्षेपविचारः	२१	६०
अष्टमाक्षेपविचारः	२२	६१
व्याकरणम्	२३	
प्रातिशाख्यकार्यम्	२४	
निर्वचनकार्यम्	२५	
भाषाया अनादित्वम्	२७	
पाणिनीयं व्याकरणम्	६२	७५
अस्य निर्माणे पाणिनेरुद्देश्यम्	६४	७६
प्रातिशाख्यकार्यम्	६६	८०
स्वरसञ्चारः	६६	८०
वैदिकप्रक्रिया	६७	८३

विषयाः	पृष्ठानि संस्कृतम्	पृष्ठ हिन्दी
उपनिषदनुकूलदर्शनस्वरूपविवरणम्	६८	८४
व्याकरणनिर्माणप्रक्रियाज्ञानम्	७०	८६
सर्वशास्त्रोपकारः	७२	८९
क्रियाविशेषणविभक्तेः पाणिनीयताविचारः	९३	१०९
एते निष्कर्षा दश	९४	११०
प्रथमनिष्कर्षः	९५	१११
द्वितीयनिष्कर्षः	१०४	१२३
तृतीयोनिष्कर्षः	१०५	१२४
चतुर्थनिष्कर्षः	१०५	१२५
पञ्चमनिष्कर्षः	१०६	१२५
षष्ठनिष्कर्षः	१०६	१२६
सप्तमनिष्कर्षः	१०७	१२७
अष्टमनिष्कर्षः	१०७	१२७
नवमनिष्कर्षः	१०८	१२९
दशमनिष्कर्षः	१०८	
संस्कृत भाषा के क्रियाविशेषण में पाणिनीय व्याकरण के अनुसार विभक्ति		१२९
छात्री छात्रा वा	१४८	१५१
पाणिनीयसूत्राणामुपरिकात्यायनवार्तिकानि	१६०	१६७

श्री काशी विश्वनाथो विजयते

विद्यावैजयन्ती निबन्धमाला

तृतीय भागः

व्याकरणनिबन्धमाला

नाना पुष्पनिबन्धगुम्फितल सन्माला शिवायार्पिता
शुद्धा व्याकरणे नवा गिरिजया प्राप्ता गुणैरञ्जिता ।
सद्योबालगणेशशुण्डशिखरात् सर्वत्र सञ्चारिणी
सेवेताविरलं नयं त्रिमुनिकं सारस्वतं सुन्दरम् ॥

अयोध्यास्थ संस्कृतं पत्रे नानाङ्केषु प्रकाशितानां पुनस्तेनैव लघुपुस्तक-रूपेण १९५० ईशाब्दे प्रकाशितः

पाणिनीयं व्याकरणं तदुपरि आक्षेपाश्च

यस्य व्याकरणं विभाति करणं शब्दार्थयोरादिमं
जीवाध्यक्षतया प्रविश्य हृदये यो व्याकरोद् वाग्मिताम् ।
शब्दव्याकरणे विमर्शशरणे स्वीये सदा सोद्यमं
स्फोटं विन्दुपरावताररसिकं देवं भजे तं विभुम् ॥

"हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि" इति ६।३।२ छान्दोग्यश्रुत्या शब्दार्थयोः सूक्ष्मं व्याकरणं सृष्टेरादिमा कृतिः । सृष्टेरनादिप्रवाहे व्याकरणस्यापि अनादिप्रवाहः । अस्य पाणिनीयानुशासनस्य पाणिन्युपज्ञत्वेऽपि वेदप्रवाहस्यानादित्वे वेदव्याकृतेः, वेदव्युत्पादकलौकिकभाषायाः श्रुतिभाषासमायाश्चानादित्वेन तद्व्याकरणस्याप्यनादित्वात् । शब्दार्थव्याकरणं शब्दार्थयोर्विश्लेषणं व्याख्याभेदेन शब्दार्थकल्पना वा । परमर्थविश्लेषणेऽधुना केचनैव व्याकृतिपदं प्रयुञ्जते । विशेषतः प्रकृतिप्रत्ययविश्लेषण एव व्याकरणपदमुपयोजयन्ति बहवः । प्राचीनानि व्याकरणानि उपजीव्य दिव्यशक्त्या चर्षिदृष्टमिदं त्रिमुनिव्याकरणं शब्दार्थौ व्याकुर्वत् पूर्वोक्तश्रुतिप्रयुक्तं व्याकरणपदं वस्तुतो बिभर्ति । अर्थङ्गाकृतिश्च व्याङ्क्रिकृते लक्षश्लोकात्मके

संग्रहे, भर्तृहरिनिर्मिते वाक्यपदीये वैयाकरणलघुमञ्जूषायाञ्च न सर्वाङ्गपूर्णाऽपि वहुभिरवयवैः स्फुटा लभ्यते तामेव च पाणिनीयदर्शनस्फोटवादस्फोटायनोपवर्षमुनिमतैर्दर्शनान्तराणि स्वीये ग्रन्थ उत्थापयन्ति प्रक्षिपन्ति च। दर्शनान्तराणाञ्चार्थमात्रं व्याकुर्वतां दर्शनेति नाम्ना प्रसिद्धया अवशिष्टायां शब्दव्याकृतावेव व्याकरण पदं रूढम्। शब्दव्याकरणञ्च नाक्षिपन्ति शास्त्रान्तराणि अपितु आदरदृष्ट्या पश्यन्ति। अत एव व्याकरणप्रामाण्याय पूर्वमीमांसायाम् १।३।९ अधिकरणम्। सर्वशास्त्रोपजीव्यत्वेनैव "काणादं पाणिनीयञ्च सर्वशास्त्रोपकारकम्" इत्यादि वस्तुतो वचनम्। शब्दवदर्थस्यापि व्याकरणात् पदवाक्यार्थयोरपि वर्णनमस्य शास्त्रस्य मुख्यमेवाङ्गम्। वाक्यार्थविचारायैव महतां वादानामत्र सन्निवेशः। यतो न्यायशास्त्रं शब्दखण्डद्वारा प्राधान्येन लौकिकौ पदार्थवाक्यार्थौ विशदयति। पूर्वमीमांसाशास्त्रञ्च प्राधान्येन वैदिकवाक्यार्थं निर्णयति। अस्ति च तत्र अल्पीयान् मतभेदः।

लौकिकानां वैदिकानाञ्चानुगतया प्रक्रियया स्वरूपं सम्यग् व्याकुर्वत् परिपूर्णं व्याकरणमद्यावधि पणिनीयमेव। महताऽन्वेषणेनापि इतः प्राचीनानि कानिचिदांशिकानि एव व्याकरणानि सिद्धयन्तु नाम परं न सर्वाङ्गानीति निरुक्तालोचनमेवासाधयत्। तत्र नास्ति वक्तव्यम्। अत्र लेखे विवेचनास्थानाभावेऽपि संक्षेपतः सूचयामि यत्-समेषां यौगिकानां योगरूढानां कतिपयरूढानामपि च पदानां शक्तिग्राहकम्, वाक्यार्थनिरूपकम् सामान्यतो विशेषतश्च वेदानां स्वरसंस्कारयोर्निर्वाहकम्; लौकिकानामिव वैदिकानामपि शब्दानां निर्वाचकञ्च भवतु इदमित्युद्देश्येन प्रादुर्भूय तथैव च दीर्घकालमवतस्थे। दृश्यते च न्याये नव्य एव शब्दखण्डस्य स्फुटतया निर्देशः। उत्तरमीमांसापि पूर्वा इव वैदिकवाक्यानामनुकूलतर्काद्युपस्थापकाधिकरणद्वारा वाक्यार्थनिर्णयहेतुस्तात्पर्यनिर्णायिकैव नतु पदार्थानां परस्परं संबन्धरूपवाक्यार्थप्रतिपादिका। अग्रे च तत्र वाक्यार्थप्रतिपादकत्वस्यापि सन्निवेशो जात एवास्ति। स्वरसंस्कारसम्पादकानि प्रातिशाख्यानि पाणिनेः प्राङ् न प्रचरितानीति निरुक्तालोचनं (३ पृष्ठे) साधयत्येव। तथा च प्रातिशाख्यकार्यमपि निर्वाहयत्समय इदमेव पाणिनीयं शास्त्रं प्रवभूव। अतएव प्रातिशाख्यविषयाः केचन अष्टाध्याय्यामपि उपलभ्यन्ते। प्रातिशाख्यस्य व्याकरणान्तरत्वे तस्य प्रसिद्धौ च तद्विषयाणां सूत्रे सन्निवेशः पाणिनेर्व्यर्थ एव स्यात्। पश्चाच्च सूत्रप्रणयनाच्चिरेण प्रादुर्भूता बहवः प्रातिशाख्यविषयाः सूत्रव्याख्यानेनापि अगतार्थाः शास्त्रान्तरतां ग्रन्थान्तरतां च प्रयोजयामासुः।

किञ्च लक्षश्लोकात्मकस्य संग्रहस्य कर्त्ता व्याडिः पाणिनीय इति विदितचरम (झ्रू) पृष्ठस्थनिरुक्तालोचनरीत्या स एव यदि विकृतिवल्ल्या विधाता, स एव च शौनकीये प्रातिशाख्ये स्मृत इति मन्यते तदा नूनमसौ महान् वैदिकः, संग्रहे च महाग्रन्थे वैदिकविषयौ सम्यक् पर्यालुलोचे। व्याख्यातृतया च बहवो विषयाः सूत्रेभ्य एव प्रसारयामास, इत्यादि कल्प्यते तदा पाणिनेरनन्तरमपि अल्पादल्पतरमपि पञ्चषशताब्दीं यावदवश्यं पाणिनीयं प्रतिशाख्यकार्यं निर्वाहयाञ्चकार। पतञ्जलिसमये तु प्रातिशाख्यानां स्वतन्त्रतया प्रसिद्धौ पतञ्जलिप्रभृतीनां वैयाकरणानामुपेक्षेति त्वन्यत्।

यदपि—पाणिनेः प्रागपि प्रतिशाख्यनाम्नाऽन्यनाम्ना वा प्रतिशाख्यविषयाः प्रचलिता आसन् अत एव इदानी-मुपलभ्यमानप्रातिशाख्यसूत्रेषु तदाचार्याणां नामान्यनुववृतिरे। कानिचिच्च पाणिन्यष्टकेऽपि इति मतम् ऐतिहासिकानाम्, आस्तां तत्, तथापि तदानीन्तनास्ते विषयाः पाणिनिना समाग्राहिषतेत्यङ्गीकारे न बाधकम्। कथमन्यथा वेदविशेषशाखाविशेषोद्देश्यकानि व्याकरणसूत्राणि प्रादुर्बभूवुः ?

लौकिकानामिव वैदिकशब्दानामपि निर्वाचनसाधक पाणिनीयं शास्त्रं, न किञ्चिदवशिष्यते निरुक्तेन सम्पादनीयम् अत एव प्रसिद्धानां लोकवेदयोर्निष्णातानां प्राचामपि वैयाकरणानां निरुक्तशास्त्रे उपेक्षा संगच्छते।

तथाहि—समेषामेव यौगिकानां शब्दानां प्रकृतिप्रत्ययौ तदर्थांश्च विवृणोति व्याकरणं तर्हि किमवशिष्यते निर्वचनस्य ? विग्रहोऽपि प्रदर्शनीय इति चेत्प्रदर्शनमन्तरापि परिज्ञेयस्य प्रदर्शनं ग्रन्थवृद्धिमात्रम्। तथैव च पाणिनिर्यदि व्याकरिष्यदल्पा एवाध्येष्यन्त तद्ग्रन्थम्। रूढानान्तु अप्रसिद्धैः प्रकृतिप्रत्ययैर्विवृत्यापि किं क्रियेत ? वाच्यार्थग्रहमात्रमपेक्षितम्। तदर्थमेव निर्वचनमिति चेद् निर्वचनस्य किं मूलम् ? अर्थमनुसृत्यैव निर्वक्तव्यम्, तथैव च तस्याचार्यस्योपदेशः, अनुसर्त्तव्यश्चानुसरणात् प्रागेव सिद्ध्यति, स च येन प्रमाणेन तदेवार्थज्ञापकं न निर्वचनम्।

निर्ववचनस्याऽप्यपेक्षायां तदुणादिप्रकरणेन व्याकरणस्य गतार्थम्। यथा शब्देषु आवश्यकतावशान्नूतना धातवः प्रत्यया अनुबन्धाश्च कल्पनीया इति निरुक्तस्य समयस्तथोणादिप्रकरणस्यापि 'संज्ञासु धातुरूपाणि' त्यादि कारिका तद्विषयिणी नाद्य प्रचरिता। उणादयो बहुलमित्यत्र बहुलग्रहणस्य प्रयोजनभाष्यमपि तथैव दृश्यते। पाणिनेः प्रागपि कानिचिदुणादिसूत्राणि आसन्नित्यपि भाष्यपरिशोलिनां नाविदितम्। अन्येषामुणादिसूत्राणि निरुक्त-

मनुष्याः कदा वक्तुं प्रारभन्तेत्यपि इतिहासस्यैव विषयः। तद्विशेषविचारेऽपि प्राक्तनाः सर्वे मानवाः मूका आसन् इतिस्वीकृतौ किं प्रमाणम् ? यथाऽधुना न सर्वे मूकास्तथा प्रागपीति कथन्नावसीयते ? ननु विदेशीयं युक्तियुक्तं विकाशवाददर्शनं समुपजृम्भते, तद्रीत्या यथा मर्कटान्मानवास्तथा मूकाद् वाग्मिन इति प्रथमभाषोद्गमप्रकारश्चिन्तनीय इति वाच्यम्। तर्हि नूनं विदेशीयदर्शनश्रद्धा वैदिकी अश्रद्धा च खेदातिशयप्रयोजिका। स विकाशक्रमोऽपि प्रचलतः सर्गस्य क्रमवर्णनं नतु सृष्टेरादिमः क्रमः। तत्रापि मर्कटान्मानव इत्यादि तु निरङ्कुशवचनस्य निदर्शनम्, अधुना तु स विकाशवादो विदेशीयैरपि नैकैर्दर्शनकोविदैः खण्ड्यते।

भारतीयानां दर्शने तु महता संरम्भेण शब्दार्थयोस्तादात्म्यं वर्णितमास्ते। अस्तु, तदाध्यासिकं सा वार्ता अन्या. तादात्म्यन्तु अस्त्येव, तेन यदा अर्थस्तदा शब्द इति शब्दपूर्विका सृष्टिस्तर्कमूलाऽपि। विदेशीयदर्शनेष्वपि विचारे शब्दस्य प्रधानं स्थानमिति प्राप्यते।

"न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमाद् ऋते।

अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते।" इति भारतीयानां परमप्राचीनदर्शनम्। तेन यदा ज्ञानं तदा शब्द इति व्याप्तिरपि। किमुत प्रथमं शब्दः पश्चादर्थ इति शब्दविवर्तदर्शनमपि प्राक्तनम्। शैवदर्शनेऽपि एवमुपलभ्यते, भर्तृहरिकारिकाद्वारा नागोजीभट्टो लघुमञ्जूषायां शब्दार्थ ज्ञानानां तादात्म्यं साधितवान्। तथा च शब्दा अनादयः।

ननु मूकानां ज्ञानमर्थश्च भवति न शब्द इति पूर्वोक्तव्याप्तिषु व्यभिचार इति वाच्यम् महान्भ्रमोऽयं मूकत्ववाग्मित्वस्वरूपग्रहणे, मूकानामपि शब्दो भवतीत्यवधीयताम्। तथाहि पाञ्चभौतिकं मूकानामपि शरीरम्। तत्रान्यभूतानां गुण इव गगनगुणः शब्दोऽपि विराजते। सांख्यवेदान्तिनये शब्दतन्मात्रांशस्य पृथिव्यादिचतुष्वंपि विद्यमानत्वान्मूकशरीरेऽपि वर्तते एव। चत्वारि वाक्परिमिता पदानीत्यादि ऋच ऋग्वेदीयायास्तृतीये पादे गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति इति वर्तते।

महाभारतेऽपि—प्राणापानान्तरे देवी धाग्वै नित्यं स्म तिष्ठति।

स्थानेषु निवृते वायौ कृतवर्णपरिग्रहा।
वैखरी वाक् प्रयोक्तृणां प्राणवृत्तिनिबन्धिनी;
केवलं बुद्ध्युपादानक्रमरूपानुपातिनी

अविभागा तु पश्यन्ती सर्वतः संहृतक्रमा ।
स्वरूपज्योतिरेवान्तः परा वागनपायिनी । इत्यादि

प्रपञ्चसारतन्त्रपटलादिषु, संगीतरत्नाकरे, तन्त्रपुस्तके शिक्षाप्रभृतिषु च समेषां समानः शब्दानां सन्निवेश आयाति । अल्पावधानेनापि परीक्षितुं शक्यते यद् वाग्मिन इव मूकस्यापि विवक्षा । तत आन्तरिकी चेष्टा, मूलाधारतो मुखपर्यन्तं काचित् क्रिया व्यवहारसमये अवलोक्यते । किन्तु वाग्मिनो ध्वनिना सह वर्णा अपि प्रादुर्भवन्ति मूकस्य ध्वनिमात्रम् । यथा व्याख्यानं विना ध्वनिप्रसारकं यन्त्रं न शब्दान् प्रसारयति तथा मुलाधारतो मुखपर्यन्तं शब्दोत्पत्तिमन्तरा कण्ठोऽपिकुण्ठति, यथा च व्याख्याने सत्यपि दूषितं यन्त्रं न प्रसारयति तथाऽभ्यन्तरं शब्दसत्त्वेऽपि मूकानां कुण्ठितः कण्ठः । कण्ठस्थसूक्ष्मयन्त्रस्य विकृतिमात्रान्मूकता नतु भाषाया अभावात् । नच ध्वनिजननशक्तिसिद्धावपि भाषाशक्तौ मूकानां किं प्रमाणमिति वाक्यम् । समेषां मूकानां श्रवणशक्तिराहित्ये मानाभावात् । श्रवणे च सति भाशाशिक्षकस्य व्यवहारस्य जागरूकत्वे भाषाया अनिवार्यत्वात् । प्रथमं सम्पन्नसकलकरणस्य पश्चान्मौनत्वे भाषाया दुर्निवारत्वात् । मूकवाग्मिनोऽन्येऽवयवाः समे समानाः । अत एव मूकसन्ताने रूषाकृत्यादिसमन्वयेऽपि मूकतासमन्वयो न नियतः ।

आधुनिकानां भाषोद्गमविचारशालिनां जन्मजातपरिजनानुकरणास्तिकादिकतिपयवादाः प्रसिद्धाः । तेषां परस्परं खण्डनं मण्डनञ्च प्रचलति । प्रायस्ते समेऽपि केनचिदंशेन वस्तुतः, यथा करणशक्तिर्मस्तिष्कशक्तिश्च मूलकारणं जन्मजातपदेन व्याख्यायताम् । परिजनव्यवहारादिना शिक्षणमनुकरणादिकं सहकारिकारणं मन्यते तदा कथमपि व्यवस्थितं कर्तुं शक्यते । परमेषां विचारप्रणाली सर्वथा अव्यवस्थिता । संस्कृते शास्त्रविचारशालिनां सम्मुखे विचारपदव्यपदेशमपि न सहते ।

यथा जन्मजातवाद एव ध्रियताम् शरीरविशेषेण सह सम्बन्धविशेषस्य जन्मेति नामास्ति । तथा च प्राकृतिकादहष्टविशेषाद् मस्तिष्कविशेषाद् विलक्षणशरीराद् वा भाषोद्गम् इति जन्मजातवादस्य स्वरूपं स्यात् । अत एव समानैरपि शिक्षणैः बृक्षो विडालः कुक्कुरो वा न मानुर्षी भाषां व्युत्पद्यते, मनुष्यः शुकः सारिका च आदधाति । मानवादिष्वपि अदृष्टविशेषान्मस्तिष्कविशेषाद् वा मन्दतया तीव्रतया च शरीरनिगूढा भाषाशक्तिः शिक्षणाद्युपायैरुद्भवति, न शक्ति विना शिक्षणाद्युपायाः किञ्चित्कराः । न वोपायान् विना शक्तेरुद्भवः,

शिक्षणञ्च परिजनानामनुकरणादिना, परमाधुनिकानां विचारस्तु सहकारितामकल्पयित्वा एकैकस्य कारणतया प्रचलति, सा च निष्फला।

जन्मजातवादस्य खण्डनमपि यदेभिः क्रियते तदपि अवलोकनीयमास्ते। तथाहि कदाचन केनचिद् विदेशीयेन राज्ञा जात एव कश्चिद् बालः शब्दशून्ये रहसि स्थापितः, प्रतिदिनञ्च जीवनाय भोजनं दातुमेव पुरुषो नियुक्तो यः प्रतिदिनम् एकमेव वाक्यं भोजनग्रहणायोवाच। यदासौ अष्टादशवर्षीयो जातस्तदा बहिर्निस्सार्यं परीक्षणे प्रतिदिनं श्रुतमेव वाक्यं ब्रूतेस्म। तदर्थमेव चावगच्छति स्म ततो निर्णीतं यन्न कश्चिज्जन्मत एव भाषां जानाति प्रत्युत शिक्षणादिना; इति।

परं कष्टमात्रफला परिहासास्पदेयं परीक्षा, सर्वत्र परिजनेषु सर्वे सदा अनुभवन्ति यद् बालो यानि पदानि वाक्यानि वाऽसकृच्छृणोति तेष्वेव पदवाक्येषु व्युत्पद्यते अन्येषु न। न चान्यभाषासु, न बालस्यैवं स्वभावोऽपि तु यूनामपि। एतावानेव तेषु विशेषो यदूहापोहशीला परिचितपदैर्वाक्यानि नूतनान्यपि विरचयन्ति, परं तान्यपि श्रुतैरभ्यस्तैः पदैरेव। नूतनानि अश्रुतानि च पदानि व्याकरणविद एव कल्पयितुं प्रभवन्ति।

परीक्षापरिणामोऽपि न रमणीयः। अनया परीक्षया इदमेव कल्पनीयमासीद् यत् परिजनशिक्षणादीनि भाषोद्गमस्य सहकारिकारणानि न तु एकाकीनि। अन्यथा परिजनशिक्षणादिना बालेन सह गृहे वसन्तः पशवो वृक्षादयो वा कथं न भाषिणो भवेयुः।

श्रीबाबूरामसक्सेना महोदय इत्थमभिप्रैति। अद्यावधि भाषोद्गमविचारप्रवाहस्य विश्रामाय भूमिरास्तिकतावाद एव लभ्यते। ईश्वरो हि सृष्टेरादौ ऋषिभ्यो भाषा उपदिशतीत्यादि, अन्ये च वादा विचारनखनिकृन्तनमपि न सहन्ते इत्यादि।

कथमपि एते आस्तिकवादं समाश्रयन्ति। एतेन अवश्यं धन्यवादार्हाः परं स्थूलविचारेणैवेति न समाश्वासस्य तत्रावसर इत्यवधेयम्।

दुर्गमं हि आस्तिकशास्त्रशिबिरम्, तीक्ष्णविचारवर्मणामेव तत्र कथमपि प्रवेशः। ईश्वरोऽहि अपाणिपादो जवनो गृहीतेत्यादिना शरीरेन्द्रियादिरहितः समेषां कार्याणां साधारणं कारणं स्तूयते। स्वयं शक्तिमतोऽपि तस्य मुखादिकरणं विना कथमुपदेशः येन अन्ये भाषिणो भवेयुः?, तथा च प्राक् निर्दिष्ट संसारस्येव भाषाया अपि प्रवाहानादित्वमेव आयाति। पुराणमाश्रित्य चिन्त्यते

चेत् विष्णोर्नाभेः समुद्भूतो ब्रह्मा प्रजापतीनां वेदाध्यापको यदीश्वरपदेन अभिप्रेयेत तर्हि तस्य वेदाः कथमभान् ? स्वयमिति चेत्, जातमात्रस्य भानात् जन्मजातवादो जीवेत् । प्रजापतीनां कृते शिक्षणवादः प्रसरेत् । तद्द्वारा परिजनानुकरणादिरपि । शरीरमन्तरा च भाषोद्गमे आधुनिकाः प्राकृतकं भाषोद्गमं मन्येरन् ।

आस्तिकनास्तिकयोरपि नात्र विशेषः । जैनबौद्धादयोऽपि जन्मान्तरमङ्गीकुर्वाणा नाधुनिकानां नास्तिकाः । जीवस्य जन्मान्तरमनङ्गीकुर्वत् चार्वाकदर्शनं चिराद्विलुप्तम् । खण्डनीयतया यादृशं मतं तस्य मिलति तेन व्यवहारोऽपि न निर्वहति ।

●

पाणिनीय व्याकरण और उसपर आक्षेप

प्रायः १९५० ई० के लगभग जब मैं जयपुर था तब संस्कृतं पत्र अयोध्या में मेरा 'पाणिनीयं व्याकरणं तदुपरिआक्षेपाश्च' एक संस्कृत निबन्ध कई अङ्कों में प्रकाशित हुआ, उसका संकलन करके संस्कृत पत्र सम्पादक स्वर्गीय श्री पं० काली प्रसाद जी एक छोटी ४२ पृष्ठ की पुस्तक प्रकाशित कर दिये, उसी का हिन्दी के साथ पुनः प्रकाशन का प्रयास है ।

यस्य व्याकरणं विभाति करणं शब्दार्थयोरादिमं,
जीवाध्यक्षतया प्रविश्य हृदये यो व्याकरोद्वाग्मिताम् ।
शब्दव्याकरणे विमर्शशरणे स्वीये सदासोद्यमं,
स्फोटं विन्दुपरावताररसिकं देवं भजे तं विभुम् ।।

उस प्रकाशस्वरूप विभु परमात्मा का भजन करता हूँ, जिसकी व्याकरण नाम की शब्द और अर्थ की पहली सृष्टि है, 'योऽन्तःप्रविश्य मम वाचमिमां प्रसुप्ताम्' इत्यादि श्रीमद्भागवत प्रसिद्धि के अनुसार जीवों में अन्तर्यामी होता हुआ जीवों के हृदय में प्रवेश करके भाषण शक्ति को विकसित किया है, जो प्रत्यभिज्ञा दर्शन प्रसिद्ध विमर्श शक्ति के अधीन शब्दात्म जगत् की सदा सृष्टि में उद्यत है, और जो स्फोट रूप होते हुए भी विन्दु-परा-पश्यन्ती आदि अनेक रूपधारण करने का रसिक है ।

ओ: मैं और ये तीनों देवना जीव रूप आत्मा के साथ प्रवेश करके नाम और रूप को व्याकृत करें इस प्रकार छान्दोग्य श्रुति के अनुसार शब्द और अर्थ का सूक्ष्म व्याकरण सृष्टि की पहली कृति है, सृष्टि के अनादि प्रवाह में व्याकरण का भी अनादि प्रवाह है, यद्यपि यह पाणिनीय अनुशासन पाणिनि से चला है तो भी वेद प्रवाह अनादि होने से वैदिक व्याकरण अनादि है, वेद में व्युत्पत्ति कराने वाली लौकिक भाषा वेद भाषा के ही ऐसी अनादि है, उसी प्रकार उसका व्याकरण भी अनादि है। शब्दार्थ व्याकरण शब्द और अर्थ का विश्लेषण या स्फुटीकरण है, दूसरी व्याख्या में शब्द और अर्थ की कल्पना है, लेकिन अर्थ विश्लेषण में शायद ही कोई इस समय व्याकृति या व्याकरण शब्द का प्रयोग करता हो, विशेषकर बहुत लोग प्रकृति-प्रत्यय आदि के विश्लेषण ही में व्याकरण पद का उपयोग करते हैं। प्राचीन व्याकरणों की सहायता से प्रगट हुआ ऋषिओं से देखा गया यह त्रिमुनि पाणिनीय व्याकरण शब्द और अर्थ की व्याकृति करता हुआ पूर्वोक्त छान्दोग्य श्रुति में प्रयुक्त व्याकृति का वास्तविक स्वरूप को धारण करता है, अर्थ का व्याकरण व्याडिकृत लक्ष श्लोक परिमाण वाले संग्रह नाम के ग्रन्थ में भर्तृहरिकृतवाक्यपदीय में और वैयाकरण सिद्धान्त लघुमञ्जूषा में सर्वाङ्गपूर्ण न होता हुआ भी बहुत अवयवों से युक्त स्फुट मिलता है। उसी को पाणिनीय दर्शन-स्फोटवाद-स्फोटायनमत उपवर्ष मुनि-मत शब्दों से लेकर दूसरे दर्शन उठाते हैं और खण्डन करते हैं, दूसरे अर्थमात्र की व्याकृति करते दर्शन जब दर्शन नाम से प्रसिद्धि पाये तब बची हुई शब्द व्याकृतिमात्र में व्याकरण शब्द रूढ हो गया। दूसरे शास्त्र शब्द व्याकरण पर आक्षेप नहीं करते किन्तु आदर दृष्टि से देखते हैं, इसीलिए व्याकरण की प्रमाणता को लेकर पूर्वमीमांसा में १।३।९ अधिकरण है, सभी शास्त्रों का सहायक होने से 'काणाद और पाणिनीय सभी शास्त्रों का उपकारक हैं' ऐसा वास्तविक कथन है। शब्द के ऐसा अर्थ का भी व्याकरण होने से पदार्थ और वाक्यार्थ का भी निरूपण इसका मुख्य विषय है। वाक्यार्थ विचार के लिये ही यहां बड़े-बड़े वादों का सन्निवेश है, क्योंकि न्यायशास्त्र शब्द खण्ड के द्वारा लौकिक पदार्थ और वाक्यार्थ को विशद करता है, और पूर्वमीमांसा शास्त्र प्रधान रूप से वैदिक वाक्यार्थों को निर्णीत करता है, उसमें बहुत थोड़ा मतभेद भी है।

लौकिक और वैदिक शब्दों में समन्वित होने वाली प्रक्रिया से दोनों प्रकार के शब्दों को अच्छी तरह प्रदर्शित करता हुआ परिपूर्ण व्याकरण आजतक पाणिनीय यही है, बहुत खोज से भी इससे प्राचीन कुछ आंशिक व्याकरण सिद्ध हो, किन्तु सर्वाङ्गपूर्ण नहीं था, इसको निरुक्तालोचन ही सिद्ध किया है, उसमें कुछ नहीं कहना है, इस लेख में विशेष विवेचन का स्थान न होने पर भी संक्षेप में कुछ सूचित करता हूँ कि सभी यौगिक-योगरूढ और कुछ रूढों का भी शक्ति का ग्राहक, वाक्यार्थ का निरूपण करने वाला, सामान्य और विशेष रूप से वेदों के स्वर तथा संस्कार का निर्वाह करने वाला, लौकिक शब्दों के ऐसा वैदिक शब्दों का भी निर्वचन करने वाला यह हो, इस उद्देश्य से यह प्रगट होकर बहुत समय तक वैसा ही रहा, नव्य न्याय में ही स्फुट शब्द खण्ड का निर्देश देखा जाता है, उत्तर मीमांसा के ऐसा पूर्वमीमांसा भी वैदिक वाक्यों के अनुकूल तर्क की उपस्थिति कराने वाले अधिकरणों द्वारा वाक्यार्थ निर्णय के हेतु तात्पर्य के निर्णय को ही करती है, पदार्थों के परस्पर सम्बन्ध रूप वाक्यार्थ का निरूपण नहीं करती हैं। पीछे उसमें वाक्यार्थ के प्रतिपादन का भी सन्निवेश हो ही गया है। स्वर और संस्कारों के प्रतिपादक प्रातिशाख्यों का पाणिनि के पहले प्रचार नहीं था ऐसा निरुक्तालोचन (ॠ) पृष्ठ पर सिद्ध करता है। उस प्रकार प्रतिशाख्य कार्य का भी निर्वाह करता हुआ वैसे समय में यह पाणिनीय शास्त्र ही समर्थ था। इसीलिये प्रतिशाख्य के कुछ विशेष विषय अष्टाध्यायी में भी मिलते हैं, प्रतिशाख्य यदि दूसरा व्याकरण हो और प्रसिद्ध हो तो पाणिनि के सूत्रों में प्रतिशाख्य विषयों का सन्निवेश व्यर्थ हो जायेगा। सूत्रों की रचना के वाद प्रकट हुए प्रातिशाख्य विषय सूत्र व्याख्यानों से गतार्थ नहीं होते हुए दूसरे ग्रन्थ या दूसरे शास्त्र के कारण बने।

और क्या—लाख श्लोक परिमित संग्रह का कर्ता व्याडि पाणिनीय थे यह प्रसिद्ध है, (ऋ) पृष्ठ के निरुक्तालोचन की रीति से वे ही यदि विकृतिवल्ली के विधाता हैं तथा शौनकीय प्रतिशाख्य में उन्हीं का स्मरण है ऐसा माने तब वे अवश्य बड़े वैदिक थे, और संग्रह महाग्रन्थ में वैदिक विषयों की विशेष आलोचना किये थे। व्याख्याता होने से अनेक विषयों को सूत्रों के व्याख्यानों से ही निकाले होंगे, इत्यादि

कल्पना करें तो पाणिनि के बाद भी कम से कम ५ शताब्दी तक अवश्य पाणिनीय व्याकरण प्रातिशाख्य कार्य का निर्वाह किया था। पतञ्जलि के समय तो स्वतन्त्र प्रातिशाख्यों की प्रसिद्धि हो जाने पर पतञ्जलि आदि वैयाकरणों की उपेक्षा हो गई, यह तो दूसरी बात है।

कुछ ऐतिहासिक कहते हैं कि पाणिनि के पहले भी प्रातिशाख्य नाम से या दूसरे नाम से प्रातिशाख्य के विषय प्रचलित थे, इसीलिये इस समय के प्रातिशाख्य सूत्रों में उन-उन आचार्यों के नाम आ रहे हैं, पाणिनि की अष्टाध्यायी में भी वैसे कुछ नाम आते हैं। इत्यादि। हो ऐसा, तो भी उस समय के वे विषय पाणिनि से संगृहीत कर लिये गये ऐसा मानने में कोई बाधक नहीं है। नहीं तो कैसे वेद विशेष तथा शाखा विशेष को उद्देश्य करके पाणिनि के सूत्र पैदा हुए। लौकिकों के ऐसा वैदिक शब्दों का भी निर्वचन का साधक पाणिनि शास्त्र है, निरुक्त का काम कुछ नहीं बचता, इसीलिये प्रसिद्ध लोक और वेद में निष्णात प्राचीन वैयाकरणों की निरुक्त शास्त्र में उपेक्षा संगत होती है।

जैसे कि—जब सभी यौगिक शब्दों के प्रकृति-प्रत्यय और उनके अर्थों को व्याकरण बता देता है तो निर्वचन का क्या बच जाता है? विग्रह भी दिखाना प्रयोजन कहना ठीक नहीं है, बिना दिखाये विग्रह मालूम पड़ जायेगा विग्रह दिखाना केवल ग्रन्थ का आकार बढ़ाना है; वैसा ही यदि पाणिनि व्याकरण बनाते तो बहुत थोड़े लोग उनके ग्रन्थ को पढ़ते। रूढ़ों के तो अप्रसिद्ध प्रकृति-प्रत्यय आदि के विवरण से भी क्या करता है? उनका अर्थ ज्ञान केवल अपेक्षित है, अर्थ ज्ञान के लिये निर्वचन की अपेक्षा है यह भी कहना ठीक नहीं, क्योंकि विग्रह करने का मूल क्या है? अर्थ के अनुसार विग्रह करना होता है, वैसा ही निरुक्ताचार्यों का उपदेश है, जब अर्थ के अनुसार विग्रह होता है तब विग्रह से पहले अर्थ सिद्ध है, वह अर्थ जिस प्रमाण से सिद्ध है वही अर्थ का ज्ञापक है विग्रह नहीं।

विग्रह की भी अपेक्षा हो तो व्याकरण के उणादि प्रकरण से वह गतार्थ है, जैसे शब्दों में आवश्यकतावश नये धातु-प्रत्यय-अनुबन्ध की कल्पना करना निरुक्त का समय है वैसे ही उणादि प्रकरण का भी 'संज्ञाओं में धातुरूपों की कल्पना करना, उनके

पर में प्रत्ययों की कल्पना करना, कार्यो के अनुसार अनुबन्धों की कल्पना करना यही उणादि में शास्त्र है, कारिका आज नहीं प्रचलित हुई है, उणादयो बहुलम् सूत्र के बहुल ग्रहण का प्रयोजनभाष्य भी वैसा ही मिलता है, पाणिनि के पहले भी कुछ उणादि सूत्र थे ऐसा महाभाष्य परिशीलन से मालूम होता है, दूसरों के उणादि सूत्रों को तथा निरुक्त शास्त्र को देखकर पाणिनि ने इस व्याकरण को बनाया ऐसा है तो यही कहना होगा कि वैयाकरणों की कल्पना क्रीडा है ऐसी बुद्धि से उणादि में उनकी उपेक्षा ही सिद्ध होगी।

यद्यपि सत्यव्रत सामश्रमी मानते हैं कि पाणिनि यास्ककृत निरुक्त को नहीं देखे थे तो भी दूसरे निरुक्तों को नहीं देखे थे इसमें कोई प्रमाण नहीं है, क्योंकि निरुक्त शास्त्र प्राचीन है, इसी से यास्क के निरुक्त में प्राचीन निरुक्ताचार्यों का निर्देश संगत होता है, और दूसरे ऐतिहासिक यास्क के बाद पाणिनि हैं ऐसा मानते हैं, इतिहास के विचार निपुणों के लिये प्राचीन इतिहास निशाकाल में भाषा का विकास क्रम दीप का काम करता है, चाहे वह मेरे मत में व्यभिचरित भी है। उस रीति से तो पाणिनि के पहले यास्क हैं, क्योंकि पारिभाषिक शब्दों से भरी पुरी सूत्र रूप भी अष्टाध्यायी पहले के पारिभाषिक शब्दों का अच्छा परिज्ञान करके पढ़ने में जैसे स्फुटार्थ है वैसा भाष्य भी निरुक्त नहीं है। 'व्याकरणस्य कार्त्स्न्यम्' इस निरुक्त के व्याकरण पद से पाणिनीय व्याकरण को बहुतों का समझना ठीक नहीं मालूम पड़ता, क्योंकि निरुक्त व्याकरण का काम स्वर संस्कार योग कहता है, पाणिनीय शास्त्र में वैसा प्रयोजन वाक्य नहीं मिलता है, इस समय भी प्रातिशाख्य सूत्र में वैसा ही प्रयोजन वाक्य मिलता है। तथा प्राचीन प्रातिशाख्य में वैसा संभव है, उणादि प्रकरण की व्युत्पत्ति और निरुक्त का विग्रह करना इस समय के सभी भाषा शब्दों को संस्कृत बनाना सीखाता है, महाभाष्यकार जो साधु शब्दों के परिज्ञान को परायण से असंभव बताते हैं वह भी इसके अनुकूल है यह दूसरी बात है।

भाषा अनादि है

वैदिकों के यहाँ मनुष्यों के ऐसा उनकी भाषा भी अनादि है, सृष्टि का प्रवाह अनादि है तथा हरएक सृष्टि में नाम और रूप की साथ ही सृष्टि होती है। वेद

अनादि है, वेद का स्मरण करके वैदिक शब्दों से प्राचीन पदार्थों को समझकर सृष्टि होती है, जैसे 'ये प्रजापति आदि देवों की सृष्टि किये, उसके बाद असृक् आदि से मनुष्यों की सृष्टि किये इत्यादि ऋचायें हैं, वह भूः ऐसा बोला और भूमि की सृष्टि किया, तै०ब्राह्मण२।२।४।२। यज्ञ से वाणी की पदवी को प्राप्त किये, इत्यादि ऋक्संहिता १०।७।१।३।' स्मृतिआं भी–आदि और अन्त से रहित वेदरूपी नित्यवाणी को स्वयंभू ने छोड़ा, उससे सभी प्रवृत्तिआं चली। भूतों के नाम और रूप को और कर्मों की प्रवृत्ति को पहले-पहल महेश्वर वेद शब्दों से ही बनाये, मनुसंहिता १।२१। श्रीकृष्ण द्वैपायन भी कहते हैं—स्वयंभू से आज्ञा पाये महर्षि लोक तप से युग के अन्त में छीपे हुए इतिहास सहित वेदों को पाये। उस प्रकार सृष्टि के पहले भी भाषा है तथा भाषा के अनुसार सृष्टि ऐसा वैदिकों का सम्प्रदाय है। ऐसा होने पर किसके अनुसार इस समय भाषा-विज्ञान के विद्वान् भाषा का उद्गम, उसका समय, उसका क्रम आदि के खोज में बड़ा श्रम करते हैं ? यह नहीं मालूम पड़ता, वेदशास्त्रों को छोड़कर दूसरे उपायों से भाषा के उद्गम के खोज के लिये श्रम करते हैं ऐसा कहना ठीक नहीं होगा, क्योंकि भाषा-ग्रन्थों को छोड़कर भाषा के उद्गम विचार के और कौन उपाय होंगे ? संस्कृत–भिन्न भाषा के ग्रन्थ से करें तो वेद से प्राचीन दूसरी भाषाओं में कौन ग्रन्थ मिलेंगे ?, यदि मिलते हैं तो वैसे वैसी उनकी प्राचीनता में क्या प्रमाण है ?, वैसा करे भी तो इतिहास से ही गतार्थ हो गया इसमें भाषा विज्ञान शास्त्र का क्या प्रयोजन है ? प्राचीन निबन्धों के निर्माण का समय उसके भाषा व्यवहार का भी समय है, उसके पहले क्या था ? यह नहीं कहा जा सकता ऐसा ऐतिहासिक भी कहते हैं। भाषा विज्ञानी यदि कल्पना से पहले भी चलें तो ऐतिहासिक भी चलते हैं, इस प्रकार भाषा के उद्गम समय का विचार ऐतिहासिक विचार से ही गतार्थ है, मनुष्य कब बोलना शुरू किये यह भी विचार भाषा विज्ञान का असाधारण नहीं है वहाँ इतिहास भी फैलता है, उस पर विशेष विचार भी संभव नहीं क्योंकि मनुष्य सभी मूक थे ऐसा किसका लेख है जिस पर विचार हो, वैसे लेख में भी क्या मूल होगा ? विदेशीय किसी महाविद्वान् से प्रचार किया गया है ऐसा कहा जाय तो ठीक है मालूम हुआ, अवश्य ही विदेशीय श्रद्धा और वैदिक साहित्य पर अश्रद्धा इस विशेष श्रम का कारण हुई है, नहीं तो जैसे

इस समय सभी मनुष्य मूक नहीं हैं वैसे पहले भी थे ऐसी श्रद्धा क्यों न हो। जैसे वानर से नर हुए वैसे मूक से वाचाल बने यह सजातीयों का शास्त्र है, इनका समान फल भी है, दूसरा क्या—शब्द और अर्थ का आध्यासिकतादात्म्य अनादि है, जिससे जब जब अर्थ तब तब शब्द है, 'ऐसा कोई भी ज्ञान नहीं जो शब्द सम्बन्ध के बिना हो' इत्यादि सिद्धान्त के अनुसार जब जब ज्ञान तब तब शब्द ऐसा भारतीयों की परम प्राचीन मान्यता है, आधुनिक विचारक इस पर क्या अधिक विचार करते हैं।

इस समय मूकों का अर्थ और ज्ञान है किन्तु शब्द नहीं है ऐसा पूर्वोक्त सिद्धान्तों का व्यभिचार दिखाना ठीक नहीं है, क्योंकि मूक और वाचाल के स्वरूप परिज्ञान में भी बड़ा भ्रम है, मूकों के भी शब्द होते हैं ऐसा निश्चय करना चाहिये। मूकों का भी शरीर पञ्चभूतों का है, और भूतों के ऐसा आकाश का गुण शब्द है, सांख्य-वेदान्तियों की रीति के अनुसार पञ्चीकरण प्रक्रिया से पृथिवी आदि भूतों में शब्दतन्मात्रा का अंश रहता ही है।

चत्वारिवाक् परिमिता इत्यादि ऋग्वेदीय ऋचा के तृतीय पाद में गुहा में तीन वाणी रहती है बाहर नहीं मालूम पड़ती, ऐसा आता है। महाभारत में—यह वाग् देवी प्राण अपान के अन्दर हमेशा रहती है, स्थानों में वायु फैलने पर वर्ण स्वरूप को धारण की हुई प्रयोग करने वालों की वैखरी वाणी हो जाती है, वह प्राण की वृत्ति के अनुसार मन्द तीव्र हुआ करती है, उसके कारण बुद्धि के क्रम के अनुसार उसमें क्रम मालूम पड़ता है, प्राण वृत्ति के क्रम से ही मध्यमा वाणी शुरू होती है; पश्यन्ती वाणी विभाग और क्रम से रहित होती है। नित्य परावाक् ज्योति स्वरूप से ही भीतर रहती है, प्रपञ्चसारतन्त्र पटल, संगीत रत्नाकर, तन्त्र ग्रन्थ और शिक्षा आदि में शरीरों के अवयवों में शब्दों का सन्निवेश आता है जो सभी के लिये बराबर है, थोड़ी सावधानी से परीक्षा की जा सकती है कि वाचाल के ऐसा मूक के चेष्टा आदि से व्यवहार के समय मूलाधार से लेकर मुख तक भीतर कोई चेष्टा होती है, लेकिन वाचाल को ध्वनि के साथ वर्ण भी प्रगट होते हैं मूक को केवल ध्वनि। जैसे व्याख्यान के बिना ध्वनि प्रसारकयन्त्र कुछ काम नहीं करता वैसे मूलाधार से हृदय तक शब्द की उत्पत्ति के

बिना कण्ठ भी निकम्मा है, जैसे व्याख्यान होने पर भी दूषित ध्वनि प्रसारक यन्त्र ध्वनि का प्रसार नहीं करता वैसे भीतर शब्द रहने पर भी मूकों का कण्ठ वर्णों को बाहर नहीं प्रगट कर पाता, कण्ठ के सूक्ष्म यन्त्र के विकार मात्र से मूक होता है, दूसरे अवयव समान ही हैं, इसलिये मूकों के संतान में रूप आकृति आदि का समन्वय होने पर भी मूकता का समन्वय नहीं नियत है।

आधुनिक भाषा के उद्गम का विचार करने वालों के जन्मजात परिजनों का अनुकरण आस्तिक आदि अनेकवाद प्रसिद्ध हैं, उनका परस्पर खण्डन, मण्डन भी चलता है, प्रायः वे सब किसी अंश में वास्तविक हैं, किन्तु विचार प्रणाली अव्यवस्थित है, संस्कृत में शास्त्र विचारशालीओं के सामने वे विचार शब्द से व्यवहार के क्षम नहीं हैं। जैसे जन्म जातवाद को लीजिये शरीर विशेष से सम्बन्ध विशेष का नाम जन्म है, उस प्रकार स्वभाव से अदृष्ट विशेष से या शरीर विशेष से भाषा का उद्गम है, उसमें भी मस्तिष्क विशेष को और भी सहकारी कारण मानना चाहिये। इसीलिये समान शिक्षण से भी वृक्ष विलार, कुक्कुर, आदि मनुष्य भाषा को नहीं ग्रहण करते, मनुष्य, शुक, सारिका आदि ग्रहण करते हैं, मनुष्य आदि में भी मस्तिष्क विशेष से अथवा अदृष्ट विशेष से कहीं मन्द कहीं तेज भाषा का ग्रहण होता है, शरीर में छीपी हुई शक्ति भी शिक्षण आदि उपायों से प्रगट होती है, शिक्षण आदि उपायों के विना शक्ति भाषा को नहीं प्रगट कर पाती, तथा शक्ति के बिना उपाय भी कुछ नहीं कर पाते, शिक्षण अथवा पारिवारिक सदस्यों का अनुकरण आदि उपाय होते हैं, लेकिन आधुनिकों का विचार परस्पर सहकारिता की कल्पना के विना एक-एक को लेकर चलता है, इस जन्म जातवाद का खण्डन भी जो इस समय किया जाता है वह भी देखने लायक है, किसी समय किसी विदेशी राजा के द्वारा कोई पैदा हुआ ही बालक शब्द शून्य एकान्त में रख दिया गया, जीवन के लिये प्रतिदिन भोजन देने के लिए एक ऐसा पुरुष नियुक्त हुआ जो भोजन लेने के लिये हर एक रोज एक ही शब्द कहता था, जब वह १८ अठारह वर्ष का हुआ बाहर निकाला गया, परीक्षा की गई प्रतिदिन सुने हुए ही वाक्य को बोलता था, उसी का अर्थ भी समझता था, उससे निर्णय किया गया कि कोई जन्म से ही भाषा नहीं जानता किन्तु शिक्षण आदि उपायों

से जानता है। किन्तु इस परीक्षा का परिणाम केवल कष्ट है, अधिक देखें तो बुद्धि की मंदता निकलेगी, सभी परिवारों में सभी जगह हमेशा सभी अनुभव करते हैं कि बालक जिन शब्दों को बार-बार सुनता है उन्हीं पदों को धारण करता हुआ देखा जाता है दूसरे पदों को नहीं, तथा दूसरी भाषा को भी नहीं समझता, और यह बालकों की ही बात नहीं है किन्तु जवानों में भी है, उनमें इतनी ही विशेषता है कि उनमें ऊहापोह शक्ति अधिक होने से परिचित पदों द्वारा नूतन वाक्यों की रचना में जल्दी प्रवीण हो पाते हैं। किन्तु उनके भी वे वाक्य परिचित और अभ्यस्त पदों से ही हो पाते हैं। नूतन अश्रुत पदों की कल्पना तो वैयाकरण ही कर सकता है।

इस परीक्षा से जो निर्णय किया गया कि शिक्षण भाषा के उद्गम का कारण है, वह ठीक नहीं है, अकेले शिक्षण भाषा के उद्गम का कारण नहीं हो सकता, अन्यथा पारिवारिक शिक्षण से बालक के साथ रहने वाले पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, लता आदि वैसे ही वक्ता क्यों नहीं हो जाते, किन्तु इस परीक्षा से परिणाम निकालना चाहिये कि केवल जन्मजात शक्ति भाषा के उद्गम का कारण नहीं है अपितु परिजनों से शिक्षण आदि भी सहकारी कारण हैं।

श्री बाबूराम सक्सेना महोदय लिखते हैं कि आजतक चलते हुए भाषा के उद्गम के कारण विचार प्रवाह का विश्राम स्थान आस्तिकतावाद ही मिलता है, ईश्वर ही सृष्टि के आरम्भ में ऋषियों को भाषा का उपदेश करते हैं इत्यादि। और वाद-विचार के नोहरनी को भी नहीं सहते इत्यादि।

किसी प्रकार ये आस्तिकवाद का आश्रय लेते हैं इससे धन्यबाद के पात्र अवश्य हैं, किन्तु स्थूल विचार ही पर जाते हैं, अतः विचार पर आस्था का अवसर नहीं है।

आस्तिक शास्त्र का शिविर दुर्गम है, तीक्ष्ण विचार रूपी कवच वालों का ही उसमें प्रवेश संभव है, पुराणों को लेकर भी विचार का पार नहीं पा सकते, विष्णु के नाभि से प्रगट ब्रह्मा प्रजापतिओं को वेद पढ़ाये, उस ब्रह्मा को ही वेदों का भान कैसे हो पाया ? स्वयं वेदों का भान हुआ माने तो ब्रह्मा को जन्म से ही भान हुआ इसलिये जन्मजातवाद अवसर पाया, परमेश्वर का शरीर धारण तो रामकृष्ण आदि अवतार

से होता है, उनके अवतार के पहले भी भाषा थी, कहीं पर परमेश्वर की स्तुति में आता है कि भाषा का उद्‌गम परमेश्वर से होता है किन्तु वहीं ईश्वर का शरीर राहित्य भी आता है, शरीर के विना भाषा का उद्‌गम होने पर आधुनिक भाषा के उद्‌गम को प्रकृति संभव मानें।

आस्तिक और नास्तिक से भी इसमें फरक नहीं पड़ता, जैन बौद्ध भी जन्मान्तर मानने वाले आधुनिकों के लिये नास्तिक नहीं हैं, जीवों का जन्मान्तर नहीं मानने वाला चार्वाक दर्शन बहुत पहले लुप्त हो गया, खण्डन के लिये प्राचीन ग्रन्थों में जो चार्वाक मत मिलता है उससे व्यवहार का भी निर्वाह नहीं हो पाता। जैसा मिलता है वह भारतीय दर्शन का स्वरूप नहीं हो सकता। मैं तो जैसा व्यवहार निर्वाहक चार्वाक दर्शन मानता हूँ उसके अनुसार जन्मान्तर न होने पर भी संसार अनादि होने से उनके मत में भी पहले के ऐसा जन्मजातवाद का निर्वाह हो जाता है, बस अधिक से क्या ? इस प्रकार भाषा अनादि होने से सभी उपलब्ध भाषाओं से परम प्राचीन यह संस्कृत भाषा सिद्ध होती है, यह श्रद्धा से नहीं बल्कि इसमें प्राचीन साहित्य देखने से तथा दूसरी भाषाओं में वैसा नहीं मिलने से, यद्यपि कुछ थोड़े ऐतिहासिक लोगों के मत में दूसरी भी कोई भाषा इससे पहले हुई सुनी जाती है, लेकिन व्यक्तिगत विचारधारा है, बलवान् प्रमाणों से नहीं सिद्ध होने के कारण सभी की मान्यता का स्थान नहीं पा सकी है।

वैदिक भाषा भी संस्कृत भाषा है, किंतु वैदिक ग्रंथों का परिवर्तन न होने से उनकी भाषा की एकरूपता आज तक रही है, व्यवहार में तो सभी भाषा का स्वभावतः परिवर्तन होता है, क्रमशः कुछ कुछ परिवर्तन पाई हुई लौकिक भाषा वैदिक भाषा की अपेक्षा कुछ परिवर्तन से दूसरी भाषा की ऐसी बन गई। इसीसे पाणिनि के सूत्रों में भी लोके वेदे, इत्यादि भेद उपस्थित हो गये।

यह भी लौकिक संकृत भाषा कतिपय कारण वश साधारण व्यवहार में नहीं रह पायी, यह व्यवहार बहिष्कार भी क्रमशः हुआ, पाणिनि के समय प्रचलित भी कुछ शब्द पतञ्जलि के समय अप्रचलित हो गये। पाणिनीय शास्त्र के परिशीलनकर्ता लोग ध्यान देंगे तो उनको मिलता है कि पाणिनीय प्रक्रिया से साधु प्रयोग भी पीछे के

व्याकरण ग्रन्थों में 'अनभिधानात्' कहकर असाधु माने गये हैं। नूतन पदों का व्यावहारिक होना तो असंभव हो गया।

इसकी प्रदान शक्ति को तो दूसरे भी भाषा विज्ञानी विद्वान् मानते हैं, इसकी आदान शक्ति को तो अन्य शब्दों को भी संस्कृतीकरण द्वारा आज भी प्रसिद्ध करने के लिये व्याकरण हाथ उठाकर घोषणा करता है।

परिष्कार भाषा

बहुत समय तक परतन्त्र भारत में स्वतन्त्रता से होने वाली दूसरे प्रकार की भौतिक आविष्कारों की उन्नति करने में समर्थ नहीं होते हुए भारतीय मनीषी ग्रन्थबद्ध प्राचीन विषयों में सूक्ष्म विचार की शैली चला ही दिये। वह सूक्ष्म विचार क्रमशः ऐसा स्वरूपधारण किया जिसको प्रगट करने के लिये दूसरी भाषा तो पास ही नहीं आ सकती दूर हो भागती थी, संस्कृत भाषा भी कुछ नये परिवर्तन के बिना उसको प्रगट करने के लिये समर्थ नहीं हुई, उसके लिये जो परिवर्तन हुआ उसका परिणाम परिष्कार भाषा हो गई।

यह प्रायः सोलहवीं शताब्दी में अपने स्वरूप को धारण की; बीशवीं शताब्दी के प्रथम भाग में इसका कुछ परिपोष भी हुआ, इस समय भी इसके परिपोषण की आवश्यकता है, किन्तु आगे विदेशीय राजभाषा का अधिक प्रचार हो गया, विदेशीय विद्वानों के साथ अधिक सम्पर्क हो गया, भारतीय अध्ययन प्रणाली शिथिल हो गई, पाश्चात्य विद्वानों के ऐसा ही भारतीय विद्वानों का भी शास्त्रों का अध्ययन चल पड़ा, अर्थ विचार के बिना ही शब्द से ही प्राचीन पुस्तकों का अवलोकन चल पड़ा, कौन शब्द है ? कहाँ-कहाँ इसका प्रयोग है ? इस ग्रन्थ का लेखन कब शुरू हुआ या हुआ इत्यादि का वैदुष्य प्रतिष्ठा को पा लिया, एक विषय में भी अभिनिवेश के साथ विचार परम्परा से निष्कर्ष निकालना ह्रास को पा लिया, इस सूक्ष्म विचार के रुकावट से इस समय प्रायः इसका पोषण नहीं चलता। लेकिन इसके अवतार प्रभाव से इसके उपासक ठीक ही अभिमान करते हैं कि इसकी कृपा के बिना संस्कृत साहित्य के कुछ विषयों का मर्म नहीं जाना जा सकता, हम लोगों की शिष्यता के बिना दर्शन और कुछ विषय नहीं समझे जा सकते। इति।

इस समय क्रमशः क्षीण इस संस्कृत भाषा का प्यारी पुत्री होने के कारण सर्वस्व हरण करने वाली उत्तर अधिकारी हिन्दी विराजने लगी, इस समय इसका अमरत्व भी संदिग्ध हो गया।

इस समय व्याकरण के ऊपर आक्षेप

(१) व्याकरण का विस्तार व्यर्थ है, साधु प्रयोगों का परिज्ञान मात्र व्याकरण का प्रयोजन है, उसके अनुपयोगी शास्त्रार्थ या परिष्कार का सन्निवेश इस शास्त्र में फजूल है, इन सबों के न रहने पर भी प्राचीन विद्वान् यहा वैयाकरण हो सके, नहीं तो इस समय की कल्पनाओं का क्या मूल होगा ?

(२) अर्थ विचार के लिये दूसरे शास्त्र हैं, जैसे कि न्यायशास्त्र का शब्द खण्ड, वाक्यार्थ विचार के लिये पूर्व मीमांसा शास्त्र, इसीसे न्याय भाष्यकार ने कहा है— पद स्वरूप वाणी का निरूपण व्याकरण है, अर्थ वाली वाणी के लिये अर्थ लक्षण है, मोक्ष पथ के प्रतिपादक भारतीय अनेक आस्तिक और नास्तिक परस्पर विरोधि दर्शन विद्यमान हैं, तब पदार्थ आदि के प्रतिपादन के द्वारा और बिवेचनों से दूसरा दर्शन बनाकर व्याकरण को जटिल करना व्यर्थ ही नहीं अनर्थकारी है। इस प्रकार वाक्य-पदीय-भूषण-मञ्जूषा आदि शक्ति के ह्रासकारक ही हैं।

(३) सिद्धान्त कौमुदी मात्र के अध्ययन से प्रयोग व्युत्पत्ति पूरी हो जाती है, ऊहापोह के लिये थोड़े विचार की आवश्यकता हो तो उदाहरण बहुत होने से महा-भाष्य का किसी प्रकार अध्ययन आ पड़े, किन्तु दूसरी पुस्तकें तो व्यर्थ ही हैं।

(४) स्वतन्त्रता सभी प्रकार उन्नतिओं का कारण है, इस न्याय से यदि संस्कृत वाणी स्वतन्त्र हो जाय तो बाल-वृद्ध सभी के जीभ पर ज़ल्दी से नाचे, कठिन व्याकरण सीकड़ से पदों को बाँध देने पर खींसक भी कैसे सके ? उस प्रकार व्याकरण के विषय भाषा प्रसार के विरोधी हैं।

(५) संस्कृत भाषा का अध्यापन शुरुआत भी व्याकरण से ही करते हैं, वह व्याकरण बहुत कठिन है, उस प्रकार संस्कृत भाषा दुर्ग के दरवाजे पर व्याकरण गहरी परिखा खाई है।

(६) व्याकरण शास्त्र को स्वायत्त करना घोखने आदि के विना नहीं हो सकता, इसलिये यह शास्त्र मस्तिष्क शक्ति का शत्रु है।

(७) व्याकरण पढ़ने वालों की संस्कृत भाषा द्वारा भाषण और लेखन में वैसी पटुता नहीं होती, दूसरे शास्त्रों को पढ़ने वालों में वैसी पटुता देखी जाती है।

(८) पाणिनीय व्याकरण की साधुत्व प्रक्रिया बहुत कठिन है, प्रक्रिया व्याकरण की साधुत्व प्रक्रिया वैसी नहीं है, इस प्रकार के अनेक ये आक्षेप थोड़ो की नहीं हैं किन्तु बहुतों की हैं।

इस पर मेरी साधारण रीति से समझ इस प्रकार है—सभी प्राणिओं की मनोवासना भिन्न-भिन्न है, उसके अनुसार पसन्द की वस्तु कोई नापसन्द वस्तु वह भी भिन्न ही है, सभी के लिये सभी चीजें पसन्द या नापसन्द नहीं होती, व्यवहार कसौटी पर भी सभी पदार्थ सदोष और सगुण सिद्ध होते हैं, पसन्द आनेवाली वस्तुओं में मनुष्य गुणों को देखने के लिये दीर्घदर्शी हो जाते हैं, नापसन्द वस्तुओं में दोषगण को ही देखते हुए गुण दर्शन के समय जात्यन्ध हो जाते हैं, यह सब व्यवहार शास्त्र का प्रमेय है, इसमें वेद वचनों की आवश्यकता नहीं है, पसन्दगी भी स्वाभाविक सुख या दुःखाभाव मात्र में है और जगह में नहीं, और वस्तुओं में इष्ट का साधन होने से पसन्दगी जाती है, संस्कृत भाषा में इष्ट साधनता जब नहीं मालूम पड़ती तब पसन्दगी कैसे हो ? व्यर्थता के विश्वास से द्वेष कैसे न हो, संस्कृत भाषा में इष्ट साधनता क्यों नहीं मालूम पड़ती ? इस प्रश्न का इतना ही उत्तर है कि इष्ट सिद्ध नहीं होता। पहले कैसे इष्ट सिद्ध होता था ? इस प्रश्न के उत्तर में कहना है कि इस समय वैसा इष्ट नहीं है, देश-काल-परिस्थिति के परिवर्तन के अधीन इष्ट का भी परिवर्तन हो जाता है, संस्कृत भाषा से जैसा इष्ट पैदा किया जाता है वह आधुनिकों को नहीं चाहिये, जो आधुनिकों को चाहिये वह संस्कृत वाणी से नहीं किया जाता, इस प्रकार संस्कृत वाणी में मनुष्यों की अभिरुचि नहीं है, अधिक विवेचन से क्या ? संस्कृत भाषा की अभिरुचि होने पर उसके परिमार्जन के लिये अथवा उसमें प्रौढ़ि के लिये व्याकरण उपयोगी होता, स्वामिनी संस्कृत भाषा के उपालम्भ के समय सेवक व्याकरण पर पाद प्रहार में क्या विस्मय है ?, इसी प्रकार यह आक्षेप है, इसी प्रकार संस्कृत

भाषा का प्रसार न होने से व्याकरण के ऊपर कटु उक्तियाँ है, व्याकरण पर वास्तव में आक्षेप नहीं है।

प्रथमाक्षेप विचार

जो अंश विस्तृत है उस अंश की विफलता बिना सिद्ध किये विस्तार का वैयर्थ्य नहीं सिद्ध होता, तब किसी अंश का वैयर्थ्य बताकर ही व्याकरण विस्तार का वैयर्थ्य बताना चाहिये, शास्त्रार्थ यदि व्यर्थ है तो कौन शास्त्रार्थ व्यर्थ है ? यह बताना चाहिये, मेरी दृष्टि में तो अनुशासन वचनों के फल-अफल के विचार में ही वहुत शास्त्रार्थ है, जिस शास्त्र में अंशों के फलाफल का विशेष विचार किया जाता हो, जहाँ 'वैयाकरण एक मात्रा के लाघव से पुत्रोत्सव मानते हैं' ऐसी परिभाषा रखी गई, वह शास्त्र इन आक्षेपों का लक्ष्य कैसे हो सकता है ? इसका कोई अंश व्यर्थ है, इसमें फलाफल का विचार नहीं है, निष्फल की उपासना है, इत्यादि आक्षेपों का लक्ष्य पाणिनीय-व्याकरण नहीं हो सकता, ये आक्षेप इसके बहुत विपरीत हैं।

वर्णों के सार्थक्य के लिये शास्त्रार्थ हो, किन्तु उन शास्त्रार्थों का प्रयोगों के साधुत्व और असाधुत्व में उपयोग नहीं है ऐसा भी कहना व्याकरण नहीं पढ़ने वालों का ही है, वास्तव में सभी जगह वर्णों का सार्थक्य विचार में किसी साधु पद की असाधुत्व की तथा असाधु के साधुत्व की ही आपत्ति का उपपादन किया जाता है, ऐसा देखा जाता है, जब सभी विचार साधुत्व और असाधुत्व को लेकर होते हैं तब उनका साधुत्व-असाधुत्व में उपयोग नहीं यह कैसे कहा जा सकता है ? इतने बड़े प्राचीन विचार से भी श्रद्धा करें कि बड़े ऋषिओं के वचन वर्ण और मात्रा से भी सार्थक हैं, इस समय के विचार से क्या ? प्रयोगों के परिज्ञान में प्रयत्न करें ऐसा यदि आक्षेप करने वाले का उपदेश हो तो प्रश्न होंगे कि ? उन विचारों को समझकर श्रद्धा करें ? २. या विना समझें। ३. अथवा आक्षेप करने वालों के वचनों पर श्रद्धालु होकर। पहला यदि है तो विचारों के परिज्ञान के लिये शास्त्रार्थ-ग्रन्थों के अध्ययन आ गये। दूसरा भी नहीं हो सकता क्योंकि विना समझे श्रद्धा मूर्खता कही जाती है। तीसरा भी कैसे संभव है ? नहीं तो संसार में मतभेद ही न रहे।

दूसरा भी शास्त्रार्थ का क्षेत्र देखें—पाणिनि के सूत्र हैं, सूचना देने से सूत्र कहे जाते हैं, पूरे वाक्य के ऐसा स्फुट प्रतिपादन नहीं करते, इससे यह सूचित होता है यह नहीं, इसमें विरोध है, यह अनुकूल है, इत्यादि विचारों से हीन उससे कुछ सूचना नहीं पा सकता, इन्हीं सभी का विचार शास्त्रार्थ शब्द से कहा जाता है, मानस शक्ति के भेद से विचार का भेद होता है, विचारभेद होने पर उस की समीक्षा की जाती है, सभी शास्त्रों में और भाषाओं में यही रीति है, व्याकरण अधिक क्या करता है ? जहां ही कल्पना का प्रसार होता है वहाँ मतभेद आता है, मतभेद पर विचार परम्परा चलती है, व्याकरण नया क्या करता है ? व्याकरण में सभी विचारों का साक्षात् प्रभाव प्रयोगों पर पड़ता है, परिष्कार भी एक प्रकार की भाषा है संस्कृत के अन्तर्गत है, जिनको उसका परिचय नहीं है उनका कठिनता का भ्रम है, जब तक साधारण भाषा से काम चल जाता हैं तब तक वैयाकरण परिष्कार का प्रयोग नहीं करते, और वहाँ भी प्रयोगों के साधुत्व और असाधुत्व की ही आपत्ति या उपपत्ति दी जाती है, लेख के विस्तार के भय से यहां उदाहरण नहीं दिया जाता, वार्तिक का भी अनुशासन वचन सूत्र के ऐसा ही संक्षिप्त है, केवल वाच्यम् इत्यादि अधिक कहा जाता है, वार्तिक भी व्याख्यान चाहता है, महाभाष्य यद्यपि विशाल ग्रन्थ हैं तौ भी सभी प्रयोगों के लिये अपेक्षित व्याख्यानों के उपयोगी वस्तुओं को साफ शब्दों से नहीं कह देता, किन्तु कहीं तात्पर्य वर्णन से कहीं ध्वनन से दूसरी जगह प्रयोग फलवाले अविरोधी अनुसन्धान से नियम निकाले जाते हैं, उससे भाष्य की न्यूनता नहीं आती, आज तक संसार में कोई भी पुस्तक नहीं पैदा हुई जो अपने प्रधान उपयोगी सभी विषयों का स्फुट शब्द से प्रतिपादन करती हो, उससे व्याकरण में कोई भी विचार या प्रयास प्रयोग का अनुपयोगी नहीं हैं।

आगे प्रगट होने वाले विचारों के प्रवाह यदि वास्तविक और सफल हैं तो इनके पहले हुए विद्वान् महावैयाकरण कैसे हुए क्योंकि वे इनसे परिचित नहीं थे, इस प्रकार उनका महावैयाकरणत्व विरुद्ध होता है, उस पर कहा जायेगा कि उनका महावैयाकरणत्व विरुद्ध नहीं है, क्योंकि पीछे के विचारप्रवाह भी उनके ग्रन्थों के अध्ययन और परिशीलन से ही पैदा हुए हैं, उन्हीं का देन है, पीछे के वैयाकरणों के

वे गुरु हैं इसलिये महावैयाकरण है, उसी प्रकार प्रसिद्ध है कि यह त्रिमुनि व्याकरण है, शिष्टों से प्रयुक्त साधु शब्द और ये तीनों मुनि व्याकरण में स्वतः प्रमाण हैं, त्रिमुनि से भिन्न विद्वानों का सयुक्तिक व्याख्यान परतः प्रमाण है, उसीसे तीनों मुनी का उपदेश करने से गुरुत्व है और वैयाकरणों का उन उपदेशों के अभिप्राय प्रदर्शन से गुरुत्व है।

यदि आक्षेप का अभिप्राय ऐसा कहें कि अर्वाचीनों से उद्भाषित नये विषय प्राचीनों को ज्ञात थे कि नहीं ? यदि ज्ञात थे तो वे अपने ग्रन्थों में क्यों नहीं लिखें ? अज्ञात थे तो उनमें अल्पज्ञता आजावेगी, इस पर पहले यह समझ लेना चाहिये कि यह आक्षेप केवल व्याकरण पर नहीं है, किन्तु क्रमशः उन्नत हुए सभी शास्त्रों पर है, उत्तर में समझें कि वे विषय उनके अज्ञात नहीं थे तौ भी वे सभी उनके ग्रन्थ में नहीं लिखे गये, कोई भी विषय एक उपदेश या ग्रन्थ से समाप्त नहीं होता, ऐसा प्रायः लिख आया हूँ, इस समय भी किसी जीवित के पुस्तक में या उपदेश में संशय होता है, और लोग साक्षात् जाकर पूछते हैं तथा संशय का निवारण उन्हीं से किया जाता है, लेखक के मरने पर यदि दूसरे लोग संशय का निवारण करते हैं तो वही विशेष व्याख्या या दूसरा ग्रन्थ हो जाता है।

परिष्कार प्रणाली प्राचीन नहीं है यह सत्य है किन्तु उसके विषय प्राचीन हैं, अतएव प्राचीनों से प्रदिपादित विषय परिष्कार से विरुद्ध नहीं होते किन्तु समन्वय को पाते हैं, उसके शब्द भी प्राचीन हैं किन्तु उनकी विन्यासशैली नई है, तौ भी प्राचीनों की न्यूनता आई तो यह समस्या इसी शास्त्र में नहीं है वल्कि बहुत शास्त्र तथा विषयों में है, उसके लिये परमार्थ दर्शन के वार्तिकों को ही उद्धृत करता हूँ।

अपश्यतां पितृषु समस्तवेदितामतिष्ठतामपि च सुत प्रतीक्षया।
पदे पदे निखिलपरीक्षिणां महान् समुद्यमोऽद्य परमार्थदर्शिनाम् ॥१॥

पुराने पिता आदि में सर्वज्ञता को नहीं देखते हुए लड़के आदि आगे के लोग करेंगे इस प्रतीक्षा से नहीं ठहरते हुए पद पद पर सभी की परीक्षा करने वाले वास्तविक वस्तु को देखने वाले मनुष्यों का इस समय बड़ा उद्योग है।

प्रवर्तयन् सरणिमिमां परीक्षया विशोधयन्थ इह कृतस्थितिभ्रमान् ।
नवं नवं प्रणयति शास्त्रमात्मवान् प्रयात्वसौ पितृभृणनिष्कृतिं कृती ॥२॥

जो कुशल आत्मसंयमी विद्वान् इस रीति को चलाते हुए पुराने विचारों में जो भ्रम स्थान कर लिये हैं उनकी परीक्षा से शुद्धि करते हुए नये नये शास्त्रों को बनाता है वह पिता आदि पूर्वजों के ऋण से मुक्ति पाता है ।

चिरन्तना निशितधियोऽप्यसाधना
दधुश्चिरादपि किल नातिविज्ञताम् ।
महाढचतां वहतु महोद्यमोऽपि सन्,
वणिग्जनो ननु कथमल्पभाण्डकः ॥३॥

पुराने लोग तीक्ष्ण बुद्धि वाले भी विशेष विज्ञान के साधनों से हीन थे इसलिये बहुत दिनों में भी बहुविज्ञ नहीं हो पाये, बड़ा परिश्रमी उद्योगी भी बनिया भाण्ड आदि व्यापार की बहुत कम सामग्री वाला बड़ा धनवान् कैसे हो सकता है ?

चिरन्तनैरुपकृतमद्य तु क्रमाद्वहन्
सुधीर्महदिह विज्ञताधनम् ।
निरस्य तद् भ्रमनिकरं परीक्षया,
महीयसीः प्रथयति शास्त्रपद्धतीः ॥४॥

पुरानों ने बड़ा उपकार किया कि आज बहुत बड़ा विज्ञान धन क्रमशः मिला, इस समय उसको धारण करता हुआ विद्वान् परीक्षा से पुरानों के भ्रम-समूह को हटाकर बहुत बड़ी शास्त्रों की सरणि को प्रसिद्ध करता है ।

कलिरयमिह का स्यादुन्नतिर्हन्त जन्तो,
रतिबलवति दैवे पौरुषं किं नु कुर्यात् ।
अवनतिरवराणां निश्चिता पूर्वजेभ्यो,
भुवि भवदपि दुःखं शर्मणेऽमुत्र शश्वत् ॥५॥

यह कलिकाल है, इसमें जीवों की क्या उन्नति हो सकती है ? भाग्य बहुत बलवान् है, पुरुषों का उद्योग क्या करेगा ? पहले के लोगों की अपेक्षा पीछे के लोगों

की अवनति निश्चित हैं, इस समय यहां होने वाला दुःखों का सहन परलोक में नित्य सुख के लिये होगा।

अतनिषत चिरत्ना दिव्यशक्त्या निबन्धान्,
कइह मनुजशक्तिस्तादृशानद्य कुर्यात् ।
शिशुजनमिह वादैर्मोहयन्तः समन्तादरिपव
इदमधन्यं भारतं नाशयन्ति ।।६।।

पुराने ऋषि दिव्यशक्ति से वड़े वड़े शास्त्रों को वनाये हैं, दिव्यशक्ति के विना मनुष्य शक्ति वाला कौन इस समय वैसे शास्त्रों को कर सकता है ? ऐसे व्याख्यानों से चारो तरफ मन्द बुद्धि वाले वालस्वभाव जनों को मोह में डालते हुए शत्रु हैं, उन से भारत अधन्य है, वे लोग भारत का नाश करते हैं।

दूसरे आक्षेप पर विचार

पहले कहा गया है कि शब्द और अर्थ की साथ ही सृष्टि है, व्यवहार में भी शब्द अर्थ का वहुत नजदीकी तादात्म्य सम्वन्ध है, ग्रन्थों में तादात्म्य को सिद्ध करने के लिये युक्तिआँ भी हैं, इस प्रकार अभिन्न या अत्यन्त सम्वद्ध शब्द और अर्थों का अलग-अलग भिन्न शास्त्रों से विवरण करना कैसे युक्त है ? शक्तिग्रहं व्याकरणोय इत्यादि कारिका की रीति से व्याकरण का शक्तिग्राहकत्व आज नहीं चला है, अर्थ विचार व्याकरण में नहीं रहेगा तो व्याकरण से शक्तिग्रह कैसे होगा ? आधुनिक वैयाकरण व्याकरण में अर्थविचार को आज नहीं उतारे हैं, किन्तु सूत्रों में सभी प्रकृति प्रत्ययो का वहुतेरे पदों का कुछ वाक्यों के अर्थ दिये गये हैं, भाष्यकार उसके विचार में कुछ विस्तार दिये हैं, उन्हीं मूलों को लेकर स्फुट करने के लिये आगे के ग्रन्थ हैं।

और दूसरा—जव अर्थ विचार आवश्यक है, उसको यदि दूसरे शास्त्रों के ऐसा व्याकरण भी करता है तो कैसे अपराधी होता है ? वास्तव में व्याकरण का ही अर्थ विचार प्रधान कर्तव्य है, क्योंकि शब्द का निरूपण करता है, इसीसे नवीनों द्वारा न्यायशास्त्र में प्रवेश हुआ है, इसीसे न्यायसूत्र भाष्य आदि में वहुत थोड़ा ही इसका उल्लेख है, शक्ति ग्राहकों में व्याकरण के ऐसा न्याय और मीमांसा शास्त्रों का ग्रहण नहीं है, पूर्व मीमांसा भी प्रधान रूप से वैदिक वाक्यों के उपयोग के लिये विनि-

योग के उपयोगी वाक्यार्थ का वर्णन करती है, उनमें भी प्रधान वैदिक वाक्य ही हैं, वैदिक शब्दों की व्युत्पत्ति के लिये उपाय रूप से कुछ लौकिक अर्थों को लेता है। इससे आज भी लौकिक पद-वाक्यों का प्रधान रूप से अर्थ विचार पूर्व मीमांसा में नहीं आया है।

वास्तव में परिष्कार भाषा से वाक्यार्थ वर्णन द्वारा जो शाब्दबोध का प्रकार न्याय और व्याकरण में है, उसका मर्म नहीं जाने, ठीक समझ में नहीं आने से कुछ फल नहीं पाते हैं, निष्फल है इसकी घोषणा करते हुए इस शास्त्र से ही द्वेष करते हैं। उस पर अधिक नहीं कहता, पढ़ने पर भी परिश्रम से समझने योग्य उसको छोटे लेख से नहीं समझाया जा सकता, मानेंगे भी नहीं, संस्कृत भाषा से उत्पन्न ये विचाररत्न संस्कृत पण्डितों की अनभिज्ञता से उपेक्षित होते हैं तथा आक्षेप के पात्र होते हैं, जीते हुए दूसरी भाषा के पण्डित हैं जो इन रत्नों को चाहते है, धीरे २ कुछ लिये हैं औरों को लेना चाहते हैं, इस दशा को देखकर दुःखी भी इतने से प्रसन्न होता हूँ कि इस उपेक्षा का मूल्य पीछे देंगे। ऐसी संभावना का मार्ग मालूम पडता है।

उसके लिये कुछ निवेदन

व्याकरण के अर्थों के भाग का विरोधी होते हुए हिन्दी भाषा के विशेष सरल छोटी व्याकरण पुस्तकें जो कुछ निकली हैं या निकल रही हैं उनको देखें, उन छोटी पुस्तकों में कितने समय में किन-किन विषयों का सन्निवेश हो रहा है? उनका प्रयोजन है या नहीं? प्रयोजन न होने पर उनमें क्रमशः वृद्धि क्यों हो रही है? लक्षणा-व्यञ्जना सहित वे विषय किस कक्षा की व्याकरण पुस्तकों में है? वैसी कक्षाओं में रहने वाले संस्कृत छात्र क्या उन विषयों में व्युत्पन्न किये जाते हैं? देखने से मालूम पड़ेगा कि इसी साल या सन्निहित गत वर्षों में स्कूल में पाठ्य हिन्दी व्याकरण पुस्तक में आकांक्षा, योग्यता, सन्निधि का परिचय मात्र से सन्निवेश है। इस प्रकार हिन्दी भाषा इसी तरह सुविधा पाती हुई जल्दी-जल्दी आगे पर बढ़ाती हुई होगी तो संस्कृत पढ़ने वालों को ये विषय हिन्दी पुस्तकों से पढ़ने पड़े ऐसी आपत्ति होगी। और व्याकरण की उपेक्षा का फल प्रत्यक्ष दीख पड़ेगा। इसके बाद लेख विस्तार के भय से संक्षेप से सूचित करता हूँ।

व्याकरण दर्शन तो शायद पाणिनि के पहले उपवर्ष मुनि तथा स्फोटायन मुनि से दिखाया गया था। महाभाष्य की इसमें उपेक्षा ही मालूम पड़ती है, महाभाष्य में उसकी सूचना मात्र मिलती है, दर्शन का कोई अभिप्राय स्फुट नहीं भासता, पीछे भर्तृ-हरि तो उस दर्शन का स्मरण कराते हैं, परिपूर्ण दर्शन का स्वरूप तो इस समय वैया-करणों के सामने नहीं है, सर्वदर्शन संग्रहकार तो यद्यपि दर्शन रूप से इसको लेते हैं किन्तु दर्शनता के लिये अपेक्षित सभी पदार्थों का वर्णन नहीं करते, मञ्जूषा ग्रन्थ के बोद्धार्थ निरूपण में दर्शनता के उपयोगी कुछ पदार्थों को सिद्ध किया है किन्तु दर्शन रूप से उनकी योजना नहीं किया है, उस प्रकार इस समय व्याकरण दर्शन हम लोगों के सामने विकलाङ्ग ही है, काशीस्थयोगीवर चिरञ्जीवी श्री गोपीनाथ कविराज जी के मुख से सुना था कि शब्द ब्रह्मवादी मीमांसक भिन्न कोई मण्डन मिश्र थे जिसका कुछ लेख उपलब्ध है, ब्रह्म सूत्र के उपर शब्द ब्रह्मरूप से भर्तृहरि की कोई वृत्ति विदेश में प्रकाशित है, महाभाष्य में उद्धृत श्रुतिओं में और दूसरी जगह कुछ श्रुतिओं में इसका दर्शन के अनुकूल सम्बन्ध मिलता है, इतिहास पुराणों में भी इसके पदार्थों का अनादर नहीं है। प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत १२ स्कन्ध अध्याय ४० और ४४ श्लोकों में इसका उल्लेख है।

आक्षेप के ऊपर इतना ही कहना है कि इसका दर्शन स्वरूप नूतनों से उद्भा-वित नहीं है, इस पर प्रायः उपेक्षा ही देखी जाती है, जैसे बहुतेरे भारतीय दर्शन है वैसे एक यह भी रहे तो क्या हानि है? यदि कहें कि एक ही दर्शन से मोक्ष संभव है, और व्यर्थ हैं तो क्यों अनेक हैं? और क्यों उनकी रक्षा की जाती है? इससे मोक्ष नहीं सिद्ध होगा औरों से सिद्ध होता है ऐसा किसने प्रत्यक्ष किया है?

तीसरे आक्षेप का विचार

सिद्धान्त कौमुदी मात्र के अध्ययन अथवा महाभाष्य के अध्ययन से प्रयोगों की व्युत्पत्ति समाप्त नहीं होती, इतने से क्या? आचार्य परीक्षा तक परीक्ष्य ग्रन्थों के अध्ययन से भी नहीं समाप्त होती है, केवल नमूना मात्र उपस्थित कर देता हूँ—सिद्धान्त कौमुदी अजन्त पुल्लिङ्ग प्रकरण में शुद्धधियौ प्रयोग आता है, वहाँ धुद्धकारक नहीं है, इसलिये यण् नहीं होता ऐसा मूल में लिखा है, वहीं पर तत्त्वबोधिनी कहती है कि

गुद्धंध्यायतीति विग्रह करेंगे, गुद्ध को ध्यान क्रिया का कर्म बनाने पर कारक होने से यण् इष्ट है, कौन सिद्धान्त कौमुदीमात्र के अध्ययन से कहां कारकत्व है? कहां कारकत्व नहीं है यह समझ सकता है? शेखर में भी कारकत्व के अभाव के उपपादन में जिन शब्दों का प्रयोग है उनके अर्थ को समझने में कितने व्याकरणाचार्य स्वयं समर्थ नहीं हो पायेंगे, क्या यह प्रयोग परिज्ञान का उपयोगी नहीं? समर्थः पदविधिः सूत्र पद सम्बन्धी विधिओं को सामर्थ्य निमित्त वाला बताता है, देखें कौन सूत्र पद सम्बन्धी नहीं है? सभी सूत्र तो पदों का ही संस्कार करते है, पदनिमित्त वाला कहें तो भी सन्धि प्रकरण में बहुत सूत्र पद और पदान्त निमित्त वाले हैं, उनकी सामर्थ्य न रहने पर भी प्रवृत्ति इष्ट है, सिद्धान्त कौमुदी में कहां लिखा है कि सन्धिप्रकरण में समर्थ सूत्र नहीं लगता? समास में भी पदत्वरूप में पद निमित्त नहीं है किन्तु सुवन्तत्व रूप से, नामधातु प्रत्यय भी कोई प्रातिपदिक से ही होते हैं कोई सुवन्त से भी, वहां सामर्थ्य अपेक्षित हैं, पदविधित्व का लक्षण भी मनोरमा या शेखर के मूल में नहीं है किन्तु शेखर की टीका में है, वह भी अभी तक मुद्रितरूप और वृत्तिओं में रमता हुआ भी एक शेख वृत्ति को नहीं छता, उसकी भी प्रवृत्ति सामर्थ्य रहने ही पर प्रसिद्ध है, इसुतोः सामर्थ्ये सूत्र भी नामार्थ में अभेद सम्बन्ध से अन्वय होने पर नहीं लगता और आख्यातार्थ में अभेद सम्बन्ध से अन्वय होने पर लगता है, यह सब प्रयोग के उपयोगी यहां नहीं लिखे गये हैं, छात्र शब्द का स्त्रीलिङ्ग में सिद्धान्त कौमुदी, मनोरमा, शेखर मूल पढ़ने से छात्री यही मालम पड़े किन्तु छात्री असाधु है छाशा साधु है ऐसा दूसरी जगह उपपादन के साथ लिखा है। इतने से क्या, भावार्थक बहुवचन तिङन्त किया, तिङन्त क्रिया के विशेषण स्त्रीलिङ्ग बहुवचन। कौमुदी पढ़ने वाले को ता मृदु पचति इसमें प्रथमा या द्वितीया है इसीमें विवाद है।

थोड़े ऐसे प्रयोग हैं, ये प्रयास थोड़े फल वाले हैं, ऐसे किसी के वचन पर मैं यहां लेख में क्या लिखूं? संस्कृत भाषा से ही कितने सेर फल मिलते हैं इस विवाद पर मेरा यह तोलना कैसा होगा? कौन श्रद्धा करेगा? संस्कृत भाषा के फल का निर्णय होने पर मैं भी शायद तोल सकूं। लेकिन संकोच छोड़कर कहूँ तो लाख से अधिक प्रयोगों की व्युत्पत्ति बच जाती है।

चतुर्थ आक्षेप पर विचार

पाणिनीय व्याकरण आरम्भ से ही सीखाता है कि पहले भाषा तब व्याकरण का उद्गम्, भाषा का प्रसार प्रयोग करने वालों के व्यवहार के अधीन है, व्यवहार वश फैली भाषा का व्याकरण अनुगम करता है, अशुद्ध बोलने वालों को अध्यापक, अध्यक्ष, परीक्षक अथवा राजा दण्ड देता है व्याकरण नहीं, व्याकरण तो इतना ही समझाता है कि आज तक शिष्ट लोग ऐसा बोलते थे ऐसा नहीं। यदि वक्ता नहीं मानता है, दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं तो उपेक्षा करता है, यदि अनुकरण करने वाले बहुत हो जाते हैं तो उन्हीं को शिष्ट मान कर पहले असाधु शब्द से घोषित शब्दों को भी फिर साधु शब्द से व्यवस्थित करता है, व्याकरण बड़ा उदार है, जाति परिवर्तन में भी थोड़ी भी लज्जा नहीं करता, शब्द अनन्त हैं, एक के घर में या पुस्तक में नहीं समाते, सभी शब्दों को कोई जानता भी नहीं, हरएक पद या प्रतिवाक्य व्यवहार देखने से समस्त आयु की समाप्ति में भी कोई व्यवहार निपुण नहीं हो सकता, उस पर व्याकरण नियमों द्वारा सामान्य रूप से सभी का संग्रह दिखा देता है।

व्याकरण उद्गम भी किसी एक से नहीं होता किन्तु कोई अंश किसी किसी से, इस प्रकार बहुतों से, एक कोई तो सभी का संग्रह करके ग्रन्थरूप करता है, ग्रन्थकार का पाण्डित्य तो शब्दों के संग्रह में-शब्दों तथा नियमों के अनुगम में, सरल तथा संक्षिप्त नियमों की रचना में है। सूझ-बूझ वाले व्यवहार विधाता लोग अपनी प्रतिभा से पैदा हुई किन्हीं शब्दविन्यासों में अच्छाई को समझ कर उसका ठीक व्यवहार करते हैं, दूसरों को भी सीखाते हैं, अधिक लोग उसका अनुसरण करने लगते हैं, वही एक नियम बन जाता है, ऐसे ही अनेक नियमों का प्रचार होने पर संग्रह के लिये ग्रन्थ हो जाता है, जैसे हिन्दी भाषा को व्याकरण शिक्षा में पहले आकांक्षा आसत्ति का सन्निवेश नहीं था, तो भी चिरप्रख्यात मैथिलीशरण की कविता में पद्यबन्ध में भी इनका परित्याग नहीं हुआ, इससे उसका बहुत आदर हुआ, उसके बाद सभी उन गुणों को समझें, प्रायः इसी दृष्टि से आगे की व्याकरण शिक्षा पुस्तकों में आकांक्षा आदि का सन्निवेश कर दिया गया। शब्द, सौष्ठव भाव आदि गुणों से

आह्लादित करती हुई भी नीचे दीखाई गई कवि सम्राट् की कविता आकांक्षा आदि के परित्याग से मुसेहरी से युक्त कोमल तोषक पर सोये हुए सुन्दरीओं के व्यंजन पवन से सेवित राजा की शय्या में एक उड़ीस के प्रवेश के समय सम्भावित लीला को ले लेती है।

जैसे कि–मुहुर्मुहुः श्वाससमूहसर्पसे कलिन्दजा का कपता प्रवाह था।
असंख्य फूत्कारप्रभाव से तदा विषाक्त होता सरिता सदम्बु था।
प्रवाहिता जो कमनीयधार है कलिन्दजा का भवदीय सामने।
विदूषिता जो पहले अतीव थी विनाशकारी विषकाल नाग से।
अत: करूंगा यह कार्य मैं स्वयं स्वहस्त में प्राणस्वकीय के लिये।
स्वजाति और जन्मधरा निमित्त मैं न भीत हूंगा विषकाल नागसें।

यहाँ पहले पद्य में सर्प के श्वास समूह से कम्पन का अभिप्राय है, किन्तु विभक्ति सर्प से लगायी गई, पहले पीछे की आकांक्षा का परित्याग किया गया, हिन्दी भाषा भी नाम के वाद ही विभक्ति को सहती है, बहुव्रीहि और कर्मधारय समासों से समर्थन करना चाहेंगे तो उद्देश्य विधेय भाव ठीक न बनने से विधेयाविमर्श दोष होगा, सर्प से ही कम्पन का अभिप्राय रखने पर श्वास समूह शब्द व्यर्थ हो जायेगा अधिक पदत्व दोष होगा, तत्पुरुष समास में प्रधान का पूर्व निपात अपने निपात के ऐसा हिन्दी भाषा नहीं मानती। यद्यपि ये दोष प्रायः संस्कृत साहित्य के ग्रन्थों में दिखाये जाते हैं, तो भी सामान्य रूप से वाक्यों के दोष व्याकरण की उपेक्षा के फल हैं, इसी प्रकार विनाशकारी इस पाद में विषकाल नाग से इस पद में ऐसे दोषों को समझना चाहिये, यदि ऐसा हिन्दी भाषा का परिष्कार प्रवाह किसी विघ्न से विपरीत न पड़े तो युग नहीं कुछ वर्षों में ही ऐसे व्याकरण विषयों का सन्निवेश हिन्दी पुस्तक में देखा जायेगा। ऐसे व्याकरण के उद्गम और स्वभाव पर विश्वास होने पर अवश्य ही पाठक मानेंगे कि व्याकरण भाषा प्रसार का विरोधी नहीं है, किन्तु अपनी प्राचीनता छोड़ने के लिये तथा नया यौवन लेने के लिये वह हमेशा भाषा के प्रसार को चाहता है, प्रसार से भाषा परिवर्तन द्वारा व्याकरण का भी परिवर्तन आ ही जाता है, यहाँ संस्कृत भाषा का वक्ता कौन है ? अनुकरण करने वाले कौन हैं ? इस प्रकार

गोचर न होने से संस्कृतगण्वी पदों को सिकोड़ी हुई ग्रन्थ दुर्ग से बाहर दर्शन नहीं देती। व्याकारण से मार्ग का परिष्कार होने पर भी संकुचित हुई पदों को नहीं चलाती।

ऐसा तो होता है कि व्याकरण यदि भाषा का ठीक अनुगमक होता है तो भाषा के स्वभाव के ऐसा हो जाता है, तब भाषा-भाषिओं की वासना बन जाती है कि व्याकरण के बिना भाषा ही नहीं है, आरम्भ से व्याकरण का शिक्षण भी शुरू करते हैं, उस पर कुछ सूचित करूंगा।

अथ पञ्चम आक्षेप पर विचार

ये आक्षेपक तो बड़े उदार हैं कि शिक्षा पद्धति पर आक्षेप करते हैं न कि व्याकरण पर। शिक्षापद्धति में मेरा भी वैमत्य है, वह तो दूसरे लेख के योग्य है, यहाँ तो व्याकरण ही विषय है, मैं भी मानता हूँ कि इस समय जैसे दूसरे भाषा की शिक्षापद्धति किसी गुण को पाई है वैसी संस्कृत की नहीं, किन्तु यह भी सत्य है कि जैसी सुविधा दूसरी भाषाओं को मिलती है उसका शतांश भी इसके लिए नहीं है, उदासीनता आदि तो है ही इस पर द्वेष भी है ऐसा पहले सूचित किया हूँ, सभी प्रकार का सुधार धन के अधीन है, इस भाषा के निर्धन ही क्षेत्र हैं, पद्धति पर दिया हुआ आक्षेप व्याकरण को नहीं छूता यहीं इस आक्षेप का उत्तर अच्छा मानता हूँ। यह व्याकरण का अनुशासन नहीं है कि दूसरे प्रकार से भाषा में प्रवेश संभव होने पर भी जबरन, आरम्भ में व्याकरण पढ़ना ही, व्याकरण के बिना भाषा में प्रवेश होता ही नहीं इसी कारण पढ़ाते हैं, तब भी भाषा का स्वभाव या दोष हो किन्तु व्याकरण कैसे अपराधी है ?

वास्तव में इस समय कोई भी भाषा व्याकरण के बिना नहीं सीखी जाती इसको देखें, पाठशाला में प्रवेश के बाद ही अध्ययन नहीं होता, पुस्तक द्वारा अभ्यास ही अभ्यास नहीं है, वैसा यदि संस्कृत के लिये किया जाता तो उसमें सरलता मालूम होती, इंग्लिश भाषा का कठिन व्याकरण शुरू में ही पढ़ाया जाता है, संस्कृत में तो पदों का उच्चारण ही सीखाया जाता है, पद सुनने पर कौन-कौन वर्ण हैं यह स्वयं मालूम पड़ जाते हैं, केवल वर्णों का परिचय होने पर पदों का परिचय लेख देखने से ही हो जाता है, इंग्लिश भाषा के तो वर्णों का उच्चारण और पदों

का उच्चारण भिन्न-भिन्न हैं इसलिए घोखने पड़ते हैं, ये ये अक्षर हैं, पद को ऐसा बोलना चाहिये, ऐसा पढ़ाया जाता है, क्या उतने श्रम से कोई संस्कृत रटता है? यदि रटे तो कभी लिखने में या बोलने में अशुद्धि न आ सके, उस प्रकार संस्कृत सरल है कठिनता का भ्रम दूसरे कारण से हैं इसका विस्तार छोड़ा जाता है।

व्याकरण बनाने में भी सावधानी चाहिये

भाषा का अच्छा परिशीलन के बिना व्याकरण बनाना व्यर्थ होता है, इस समय हिन्दी भाषा का व्याकरण निर्माण चलता है, उसमें संस्कृत व्याकरण में निष्णात विद्वान् यदि हिन्दी भाषा का व्याकरण बनावें तो अधिक सफलता मिलेगी, क्योंकि संस्कृत व्याकरण से संस्कृत भाषा हरएक अवयव में व्याप्त है, संस्कृत से हिन्दी भाषा का अधिक सन्निधान है, उस प्रकार संस्कृत भाषा के जो जो नियम हिन्दी भाषा में समन्वित होते हैं उन सभी का हिन्दी में आदर होना चाहिये, उस पर भी ध्यान देना होगा कि उस नियम का संस्कृत में कितना उपयोग है? वैसा उपयोग यदि हिन्दी भाषा में न हो तो हिन्दी भाषा में स्वतन्त्र ही नियम बनना चाहिये, संस्कृत के जो नियम हिन्दी में समन्वित नहीं होते वहां हिन्दी के स्वतन्त्र ही नियम बनें, इंग्लिश भाषा के नियमों के अनुकरण की आवश्यकता नहीं देखता, इंग्लिश भाषा नहीं जानने से मेरा भ्रम भी सम्भव है तो भी अनुभव के अनुसार कह सकता हूँ कि इंग्लिश भाषा के कुछ संज्ञा शब्द आ गये हैं तो आ जांय किन्तु इंग्लिश भाषा के नियम हिन्दी भाषा के अनुकूल नहीं होंगे। जैसे पठन और पाठन के लिये इंग्लिश टीच-रीड-भिन्न-भिन्न धातु माने गये हैं, उनके यहाँ धातु भेद होने से एक कर्मक, दो कर्मक यह भेद व्यवहार भी होगा, किन्तु संस्कृत के पठन-पाठन के ऐसा हिन्दी के पढ़ना-पढ़ाना में अ-आ का फरक है, इसलिये हिन्दी में धातु भेद नहीं मानना चाहिये, संस्कृत के ऐसा प्रेरणा को प्रत्ययार्थ ही मानना ठीक है, क्योंकि पठति-पाठयति को भले हीं न लें किन्तु पठन-पाठन-पाठना आदि को तो हिन्दी में लेना हीं है, वहाँ धातु का भेद मानना किसी को पसन्द नहीं आयेगा। भाषा का अध्ययन होता है, भाषा अधीत होती है इत्यादि में भावार्थक और कर्मार्थक की व्यवस्था के लिये इन शब्दों को रूढि मान नहीं सकते, हिन्दी व्याकरण की पुस्तकों में भाव कृदन्त का सन्निवेश देखा जाता है।

और दूसरा—धातुओं के द्विकर्मक होने से संस्कृत में केवल द्वितीया विभक्ति फल नहीं है बल्कि और फल हैं, हिन्दी में केवल द्वितीया विभक्ति होना ही फल है, ब्राह्मणाय गां ददाति का हिन्दी अनुवाद ब्राह्मण को गाय देता है, ब्राह्मण के लिये गाय देता है, दोनों प्रकार से किया जाता है, दोनों अवस्था में भी ब्राह्मण सम्प्रदान ही कारक है, ऐसा नहीं कि को लगाने पर कर्मकारक हो जाय, और के लिये कहने पर सम्प्रदान हो, सम्प्रदान का ही को-के लिये दोनों चिन्ह मानना चाहिये। उतने से दा धातु से युक्त सम्प्रदान कारक नाम का भी सदुपयोग होता है, हिन्दी व्याकरण पुस्तक में भी सम्प्रदान का चिन्ह को शब्द माना गया है, इस प्रकार विचार ठीक है तब श्री रामकुमार गुप्त से बनायी गई हिन्दी निर्माण पुस्तक में पिता जी ने शीला को नई साड़ी दी इस वाक्य में को चिन्ह से शिला को कर्म मानकर द्विकर्मक धातु का उदाहरण दिया गया, यह सज्जनों के हृदय में नहीं प्रवेश करे। उनके गौण और मुख्य कर्म के लक्षण भी ठीक नहीं बैठें। क्रिया से क्या उत्तर में आने वाले कर्म को मुख्य कर्म कहते हैं, और किसको के अर्थ में आने वाले कर्म को गौण कर्म कहते हैं, पिता जी चन्द्रकान्त को पुकारा इस वाक्य में उन्होंने चन्द्रकान्त को मुख्य कर्म माना है, उसमें भी उनका गौण कर्म का लक्षण चला गया, मुख्य कर्म के लक्षण में उत्तर शब्द और गौण कर्म के लक्षण में अर्थ शब्द लिखते हैं। हो यह व्याकरण से सम्बन्ध नहीं रखता, हिन्दी भाषा मर्मज्ञों से निवेदन है कि ठीक विचार करें कि हिन्दी में द्विकर्मक भेद मानने की आवश्यकता है या नहीं ? संस्कृत में लिये गये द्विकर्मकों के प्रयोगों का हिन्दी में दूसरे कारकों से समन्वय हो सकता है, इंगलिश में शायद दान को द्विकर्मक कहा गया है, उसका अनुकरण ही हिन्दी में भी दान को द्विकर्मक कहने का कारण मालूम होता है।

पञ्चम आक्षेप का निष्कर्ष

इसके विषय सभी प्रायः पहले विचारों में आ गये हैं, कोई भाषा व्याकरण के बिना नहीं सीखी जाती यह भी कहा ही गया है, वैसा व्याकरण संस्कृत में नहीं पढ़ाया जाता यह अध्यापन का दोष है उस पर व्याकरण का आक्षेप ठीक नहीं है, जिस रीति से पढ़ाने में सरलता हो वही रीति अपनानी चाहिये, व्याकरण का कोई आग्रह नहीं

है, लघुकौमुदी पुस्तक प्रथमा परीक्षा में रखी गई है, लघुकौमुदी के सभी विषयों को जिस किसी प्रकार जानना चाहिये, इतना ही इसका तात्पर्य है। उसमें सुधार नहीं होता इसका कारण संस्कृत भाषा में जनता और राज्य की उदासीनता है, यह भी पहले दिखाया गया है।

यह तो अवश्य सोचना चाहिये—जितने संस्कृत ज्ञान के बिना छात्र लघुकौमुदी को नहीं समझ सके उतने संस्कृत में व्युत्पत्ति लघुकौमुदी के बिना पहले करा देना चाहिये। लेकिन लघुकौमुदी को पढ़कर जब काव्यों को पढ़ता है, काव्य पढ़ने में भी पठित व्याकरण का अनुसन्धान करता है, उस समय जो लाभ है वह पीछे वहुत लाभ होने वाला है, वह विशेष अपेक्षित है, जैसे कि काव्य में चकार शब्द आने पर जो छात्र व्याकरण नहीं जानता वह चकार शब्द का ही अर्थ जानेगा, जो व्याकरण जानता है वह कृ धातु से अनुसन्धान द्वारा सैकड़े शब्दों की व्युत्पत्ति पायेगा। और क्या? दूसरी भाषा का जैसे तैसे हो किन्तु संस्कृत भाषा के ऊपर पूरा अधिकार व्याकरण के बिना नहीं हो सकता यह जरूर है, उसमें कारण परिस्थिति का भेद और व्याकरण तथा भाषा की विशेषता है, जैसे कि—जो भाषा साधारण से प्रचलित है, वह हमेशा व्यवहार में सामने नाचती रहती है, उसको सुनने से तथा बोलने से सैकड़ों पदों की व्युत्पत्ति अनायास हो जाती है, संस्कृत भाषा तो व्यवहार में नहीं है, उसकी व्युत्पत्ति तो पढ़ने से ही करनी पड़ती है, वह पढ़ना अनुगम कर व्याकरण के बिना नहीं संभव है, क्योंकि संस्कृत भाषा में अनन्त शब्द हैं किसी प्रकार गिने नहीं जाते, इन्द्र पढ़ने वाले थे, बृहस्पति पढ़ाने वाले थे, दिव्य वर्षों का एक हजार आयु था, तो भी शब्दों का अन्त नहीं पाये, इत्यादि महाभाष्य में जो प्रतिपद पाठ से संस्कृत भाषा के ज्ञान का खण्डन किया गया है वह वास्तविक है, मेरे ऐसे छोटे वैयाकरण भी इस समय भी सिद्ध कर सकते हैं कि संस्कृत के शब्द गिने नहीं जा सकते, व्याकरण के बिना काव्य के अध्ययन से भी संस्कृत शब्दों का ज्ञान करीव करीव प्रतिपद पाठ के ऐसा ही है, कोषों की क्या बात है? वे तो अनन्त शब्दों के भण्डार को परिमित कर देते हैं, वह भी संस्कृत शब्दों की असंख्यता व्याकरण परिज्ञान से ही समझा जाता है, व्याकरण लुप्त होने पर शब्दों की अनन्तता भी लुप्त हो जायेगी, जितने संस्कृत के ग्रन्थ

इस समय उपलब्ध हैं उनका परायण तो कोई दीर्घजीवी कर सकता है बृहस्पति को क्या कहना है ? इस समय भी व्याकरण से शब्दों के अनुगम की परीक्षा की जा सकती है; एक व्याकरण को नहीं जानने वाला दूसरा लघुकौमुदी में अच्छा व्युत्पन्न दोनों को साथ ही दश १० श्लोक काव्य का अच्छी तरह पढ़ाइये, पहला जितने शब्दों को धारण करेगा उससे चौगुना अधिक शब्दों को दूसरा अवश्य धारण करेगा। कोष में जिसके दश पर्याय मिलते हैं उनका सहस्र पर्याय बना देना सत्य है, अर्थवाद नहीं। उस प्रकार व्याकरण अनन्त शब्दसागर के भीतर तल में पहुंचने के लिये विस्मय पैदा करने वाला यन्त्र है, इस प्रकार का विस्तार छोड़ा जाता है।

अब छठे आक्षेप पर विचार

यह भी आक्षेप विना विचारे सुन्दर है, आज भी भारतीय बालकों को इंग्लिश भाषा पढ़ने में अक्षरों के नाम उनका क्रम और पदों का उच्चारण बोलने में जितने अक्षर होते हैं जो कण्ठस्थ करने पड़ते हैं, उससे अधिक अक्षर व्याकरण पढ़ने वालों के घोषणा के लायक व्याकरण की अष्टाध्यायी में भी नहीं हैं, अष्टाध्यायी में भी आधे से अधिक सामान्य सूत्र हैं, जिनका प्रयोग साधन में सैकड़ों बार अनुसन्धान होता है उसीसे याद होते हैं पृथक् रटना नहीं पड़ता।

इसी प्रकार साधारणजनों से सरल माने गये साहित्य पर भी सोचें, आरम्भ से लेकर आचार्य तक जितने गद्य और पद्य पढ़ाये जाते हैं, उनका चौथाई भी याद न रहने पर क्या उस शास्त्र का पण्डित हो सकता है या नहीं ? यदि नहीं तो उससे अधिक व्याकरण के अंश रटने लायक नहीं पड़ते, सभी व्याकरण ग्रन्थों का रटना दूसरे शास्त्र के ग्रन्थों के ऐसा ही नहीं समझने के कारण हैं। और भी—धारणा मस्तिष्क का शक्तिविशेष है, जिससे विषयों का धारण होता है, वह किसी की तीव्र और दूसरों की मन्द होती है, इसीसे कोई जल्दी और दूसरे देरी से विषयों को पकड़ पाते हैं, किन्तु वह मन्द या तीव्र सभी विषयों के लिये समान है, व्याकरण याद करते समय सभी की मन्द ही नहीं हो जाती जिससे व्याकरण का दोष हो।

और क्या—विषयों के धारण के लिये एक विषय का बार-बार अनुसन्धान घोषण है, वही अभ्यास है, वह भी मस्तिष्क शक्ति को विकसित करने के लिये हैं, यदि

कहें कि अनुसन्धान घोषण नहीं हैं किन्तु मुख से बोलना है, उसमें श्रम का अनुभव होता ही है, तो कहा जायेगा कि ठीक सोचे, मुख से जोरों से बोलता हुआ भी सामने कौतुकों को देखकर खुश होता है, कभी विपरीत सोचता हुआ विषाद पाता है ऐसा मुख की आकृति से समझा जाता है, उससे उसका चित्त दूसरी तरफ है मुख से बोले जाते अक्षरों के क्रमिक विन्यास पर नहीं है ऐसा समझा जाता है, जब चित्त दूसरी तरफ है तब मस्तिष्क का श्रम कैसे हो सकता है ?

अब सप्तम शब्द आक्षेप पर विचार

इस आक्षेप पर भी यही कहा जायेगा कि लोकव्यवहार में संस्कृत भाषा का उपयोग नहीं है, इसी से लेख और भाषण आदि में उपेक्षा है प्रवृत्ति नहीं होती, दूसरे शास्त्रों को पढ़ने वालों की तरह व्याकरण पढ़ने वालों का भी लेख-भाषण आदि में शैथिल्य है, व्याकरण ज्ञान के बिना संस्कृत भाषा में पटुता तो हो ही नहीं सकती, किन्तु थोड़े व्याकरण जानकार भी काव्य-नाटक आदि के पढ़ने से लेख-भाषण आदि में अभिरुचि तथा उत्साह से किसी की अपेक्षा किसी में अधिक पटुता मालूम पड़ती है, उस प्रकार के अभ्यास से वैयाकरणों में भी पटुता होती ही है। व्याकरण सहायता के बिना संस्कृत भाषा में प्रवीण नहीं इत्यादि तो कहा ही गया, उसी प्रकार कुछ विचार करते हैं, जैसे कि व्याकरण साधु शब्दों के परिज्ञान के लिये है, लेख-भाषण आदि में इसका क्या काम है ? वैसे उपयोग के बिना शब्दों का परिज्ञान प्रमाणित नहीं होता तो कैसे विषय में लेख-भाषा आदि अपेक्षित हैं ? क्योंकि वे विषय भेद से भिन्न हैं, व्याकरण विषय पर वैयाकरणों का लेख-भाषण आदि होते ही हैं, सभी विषयों में सभी का तो नहीं देखा जाता, यदि कहें कि वैयाकरण केवल सूत्र नहीं पढ़ते किन्तु लौकिक साधु शब्दों के ज्ञाता हैं; अतः उनके लिये लेखन और भाषण आदि आवश्यक पड़ता है, सो ठीक नहीं, सभी विषयों में या अपने विषय में ?, इत्यादि पहले के विकल्प यहां भी आयेंगे, वास्तव में यह व्याकरण पर आक्षेप हो नहीं पाता। जिन व्यवहारों को वैयाकरण करते हैं, उनको मातृ भाषा से प्रकाश करते हुए भी संस्कृत भाषा से व्यवहार में समर्थ नहीं होते ऐसा आक्षेप भी वैयाकरणों पर नहीं लग सकता, वैयाकरण नूतन यौगिक शब्दों की तुरत रचना करके व्यवहार कर डालते हैं, वैसे

शब्दों से वैयाकरण ही समझते हैं ऐसा कहें तो उसमें भी व्याकरण पर आक्षेप नहीं आया, नहीं समझने वालों का व्याकरण नहीं जानना दोष हुआ। पुराने रुढ शब्द उनको लेना चाहिए ऐसा भी विचार ठीक नहीं वैसे शब्दों में व्याकरण का उतना सम्बन्ध ही कहां है ?

और भी—प्राचीन प्रसिद्ध कुछ शब्दों से संस्कृत में साधारण व्यवहार हो ही जाता है फिर लेख-भाषण आदि में अभिनिवेश क्यों करें ? वैयाकरण मूढ नहीं हैं कि व्यर्थ भी काम किया करें, प्रतिष्ठा हो तो उससे भी बड़ी प्रतिष्ठा लोक सेवा में है, स्वार्थ को छोड़कर लोक सेवा से बड़ी प्रतिष्ठा होती है, तो क्या सभी उसको करते हैं ? जीविका के लिये करते तो आज तक वैसे जीविका के क्षेत्र नहीं बने, यदि बनेंगे तो बहुत जल्दी वैयाकरण गुरु के बिना ही निर्बाध संस्कृत वाणी के व्यवहार में समर्थ हो जायेगा। इस समय तो जैसा पढ़े हैं उसमें त्रुटि नहीं है।

और दूसरा—बड़े विद्वानों को उन उन शास्त्रों के अध्ययन से जैसी व्युत्पत्ति कराना इष्ट है उसके उपयोगी ग्रन्थों को पाठ्य-पुस्तक निश्चित करके उसके अध्ययन की भी परीक्षा करते हैं, दूसरों के विश्वास के लिये एक राजकीय प्रमाण-पत्र देते हैं, प्रमाण-पत्र लेने पर वैसी व्युत्पत्ति इन्होंने नहीं कमाया है, इसमें क्या प्रमाण है ? लेख-भाषण आदि नहीं देखे जाते तो वे शास्त्र पढ़ने के फल हैं इसी में क्या प्रमाण है ? इसीलिये उसके बिना भी परीक्षा में उत्तीर्ण किये गये हैं, उस परीक्षा को नहीं मानते तो न मानिये, किन्तु वह अनुचित है, राज की आज्ञा है, पसन्द नहीं आता तो न आवे, लोगों की भिन्न-भिन्न रुचि है, किसी को पसन्द ही है, इसीसे राजमान्य महाविद्वानों द्वारा वह परीक्षा चलाई जाती है।

अब अष्टम आक्षेप पर विचार

कठिनता का आक्षेप व्याख्यानों के विस्तार से है या सूत्रों के अधिक होने से ? अथवा बहुत संक्षेप होने से ? पहला ठीक नहीं क्योंकि वह पहले के आक्षेपों से ही गतार्थ हैं, और उसका उद्धार भी किया गया है, प्रयोगों की प्रक्रिया में अर्थों की शिक्षा को लेकर सूत्रों की अधिकता अधिक फल के लिये हैं वे आक्षेप के योग्य नहीं हैं, अधिक फलद कैसे नहीं हैं ? इसका विचार उदाहरण देकर हो सकता है, वैसा

इस निबन्ध में नहीं संभव होने से यहाँ विचार नहीं किया जाता, सूत्रों से सूचित प्रयोगों के उपयोगी परिभाषा रूप, वचन, वाक्यार्थ के विचारों की पद्धति-धर्मशास्त्र और पूर्वमीमांसा में प्रधान रूप से अपेक्षित उनकी अपेक्षा विशेषता से वर्णित नियम परिसंख्या आदि रीति से अपवाद और उत्सर्ग शास्त्रों के अर्थ का वर्णन मोक्ष, फल वाले स्फोट परिज्ञान का उपाय-स्वर और वैदिक प्रक्रिया से वैदिक वाङ्मय का व्याकरण इत्यादि विषय दूसरे व्याकरणों से संगृहीत नहीं हुए हैं, इसलिये यह पाणिनीय व्याकरण परिपूर्ण सफल तथा आक्षेप योग्य नहीं हैं।

शास्त्रार्थभाषया क्वापि शास्त्रस्यार्थं न्यरूपयम्।
अन्वयं विषमं केचित्पश्यन्ति चेद्रुचिस्तथा॥

कहीं शास्त्र का प्रयोजन अर्थ ननु-नच-वाच्यम्-चेत् आदि शब्दों को लगाकर शास्त्रार्थ की भाषा से निरूपण किया हूँ, उसमें अन्वय समता या विषमता अपनी रुचि से देखते हैं। शास्त्र के अर्थ के साथ शास्त्रार्थ भाषा का अन्वय है, निबन्ध लेख में शास्त्रार्थ भाषा विषम है।

●

सारस्वती सुषमा

३१ वर्षः ज्येष्ठभाद्रपदपूर्णिमे, वि० सं० २०३३ १-२ अङ्कौ

पाणिनीयं व्याकरणम्

मुनीन् तथाचार्यपदाब्जरेणुकामुपास्य चित्तेन करोमि कौतुकम्।
अनन्तशाखावरपाणिनीयकं द्रुमं समरोढुमना यतेऽपि खन्॥

शब्दं व्याकरणं जगज्जनिकरं सर्वान्तरं भास्वरम्,
वाचां साध्वनुशासनेन कुरुते वृद्धिं गुणं वस्तुनः।
सर्वात्मीयपरस्य रूपमधुरं ज्योतिः परं यच्छति,
तं देवं विभुमात्मरूपसकलव्याप्तं सदा भावये॥

पाणिन्युपज्ञमपीदं वर्तमानं व्याकरणं न व्याकरणान्तरमिव व्याकरणमेव, अपि तु संस्कृतवाङ्मयस्य प्रधानमेकं शास्त्रम्, प्राधान्यं तु सर्वशास्त्रोपकारितया, शास्त्रस्वातन्त्र्यमप्यैहिकं लौकिकं पारलौकिकञ्च मार्गं निर्मीति, व्याख्याति, परिष्कुरुते च। वेद-वैदिकसाहित्य-संरक्षण-पोषण-व्याख्यानादिद्वारा परलोकोपयोगित्वमस्य 'रक्षोहागमलघ्वसंदेहाः प्रयोजनम्' इत्यादिमहाभाष्येणैव वर्णितम्।

अत्र भर्तृहरिप्रभृतिव्याख्यातृसूचितलौकिकैहिकपारलौकिकसकलवस्तुसर्जनव्यवस्थापनविवरणादिभिः शब्दाद्वैतस्य, शब्दात्मकचैतन्यवादस्य, शब्दब्रह्मणोऽविकृतपरिणामस्य, विवर्तस्य वा प्रचारद्वारा मोक्षोपयोगिशास्त्रत्वमपि अभिधित्सितम्। पाणिनीयमिति विशेषणमपि लौकिकप्रसिद्धिसुबोधतया, न तु पाणिनिप्रारब्धार्थकतया, येषां वैयाकरणानां नामग्राहं सस्मार पाणिनिः, येभ्योऽधीतवान्, येषां लेखेन वचोभिर्वा पाणिनिमुनेरेतदुपयोगिनी बुद्धिः प्राचीकटत् तेषां समेषां बुद्धि-कृतिभ्याम् अङ्कुरितम्, पल्लवितम्, कुसुमितञ्चेदं सर्जनात्मकं व्याकरणमभिप्रेतम्।

हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि इतो व्याकरवाणि शब्दाद् व्याकरणशब्दः प्रारभत।

'अस्ति-भाति-प्रियं रूपं नाम चेत्यंशपञ्चकम्' इत्यादिवेदान्तप्रसिद्धपद्येन सत्-चित्-आनन्दः प्रियत्वं वाऽस्मिन् जगति अनुभूयमानाः प्रथमास्त्रयः सच्चिदानन्दा ब्रह्मणोंशो न सृज्यमानवस्त्वन्तर्भूताः पदार्थान्तराणि। 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशद्' इत्यादिरीत्या मूलब्रह्मणो जायमानेषु पदार्थेषु सच्चिदानन्दात्मकस्य ब्रह्मणः संक्रमोऽभिव्याप्तिर्भवति। यावदनुभूयमानं सच्चिदानन्दात्मकं लाधवतर्केणैकं मूलकारणब्रह्मरूपमेव, ब्रह्मणः सर्वत्राभिव्याप्ततया व्यवहारस्यान्यविधस्य वा कार्यस्योपपत्तावनेकसच्चिदानन्दानां कल्पना गौरवग्रस्ता व्यर्था च।

रूपम् = आकारः, नाम व्यवहारसाधकः शब्दः, अंशद्वयमिदं मायाया इति वेदान्ते वर्ण्यते। व्यावहारिकशब्दानां मिथ्यात्वमभिप्रेतञ्चेत्। तथैवास्तु, यदि व्यावहारिकशब्दानां सत्यत्वम्, तदा 'मूलकारणब्रह्मणः' एवांशो नाम, आकारस्याप्यर्थस्यामिथ्यात्वे सोऽपि ब्रह्मण एव। यथाकथमपि नामरूपयोरेव सृष्टिः। तस्यापि द्विधा व्याख्यानम्। रूपस्यार्थस्य व्याकृतिर्व्याकरणम्, न्यायवैशेषिकादयो दर्शनानि, शब्दव्याकरणञ्चेदं साध्वनुशासनं नाम व्याकृतिः। यदि चेदं व्याकरणं दर्शनमपि 'विवर्ततेऽर्थभावेन' जगतः प्रक्रिया न शब्दमात्रस्येति हरेरभिप्रायेण नामरूपयोरुभयोर्व्याकृतिरिदं व्याकरणम्।

अस्य निर्माणे पाणिनेरुद्देश्यम्

लौकिकानां वैदिकानां च रूढशब्दानामर्थानुसारं निर्वचनं निरुक्तकार्यम्। अनन्तशब्दात्मके जगति केचन जनपदस्यान्ये प्रान्तस्यापरे राष्ट्रस्य च शब्दा व्यवहारबाहुल्यात् संस्कृते मिश्रिताः, नानादेशे प्रचलिता एकत्र सङ्गृहीताः पर्यायतां गताः, न ते सर्वे प्रसिद्धधातुप्रत्ययानुबन्धादिभिर्व्युत्पादयितुं शक्यन्ते। यथाऽमरकोषरामाश्रमीटीकायां बहवः पर्यायशब्दा अर्थानुसारं विगृहीता उणादिप्रक्रियानुसारं साधिताश्च।

यद्यपि तत्समये विशेषविषयाण्युणादिसूत्राण्युपलब्धानि। एषु चोणादिसूत्रेषु प्रत्यया नूतना ऊहिताः, अनुबन्धाश्च पाणिनेरनुसारमेवोपयोगिनः कल्पिताः। पाणिनिप्रसिद्धधातुभिरेव तेषां साधनमपि प्रक्रान्तम्। कस्यचिद् गवेषकस्य धिया पञ्चषा नूतना धातवः कल्पनीया जायन्ते। परम् एवं सूत्राणां निर्माणे पाणिनीयोऽभिप्रायो नासीत्। तेषां तूणादयो बहुलमिति सामान्यत एव सङ्ग्राह्यमासीत्।

संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे।
कार्याद्विद्यादनुबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु॥

इति पतञ्जलेः प्राक्तनं क्रियत् प्राचीनमिति संशयास्पदमपि प्रामाणिकम्। एतदनुसारं धातवोऽपि नूतनाः कल्पनीया निर्दिष्टाः।

आधुनिकै र्भाषाविज्ञानशालिभिः प्रचलितधातुभ्योऽपि सूक्ष्मा बहुध्वनुगताः कतिपये धातवः कल्पिताः। केचन आधुनिकाः संस्कृतज्ञा भारतस्य दक्षिणोत्तरप्रदेशेषु भ्रमणशीला वार्तालापप्रसङ्गे संस्कृतस्य पर्यायशब्दास्तत्तद्देशीयभाषासु प्रसिद्धाः, कतिचन नामग्राहमप्युक्ताः। एवं प्राचीना रूढिशब्दाः प्राय इदानीन्तनैरुणादिविशेषसूत्रैर्व्युत्पादिताः सरलाः सञ्जाताः। चिराद् व्यवहारात् पृथक्कृता सुरगवी न नूतनं व्यावहारिकं प्रयोगं धासं प्राप्तवतीति दुर्बला न नूतननिर्वचनस्यावश्यकतां धत्ते। प्रसिद्धानां यौगिकशब्दानां च किमपि निगूहितं निर्वचनं प्राचलत्। ततो भाषाभेदोऽपि अल्पीयान् जजागार।

कालिदास-भारवि-माघ-श्रीहर्षभाषास्वपि क्रमशो भेदः समायातः। स च यौगिकशब्दनिर्वचनमूलकनूतनशब्दनिर्माणप्रयोगकृत इति मम प्रतिभाति। परमेषामुपरि दृष्टिपात एव करालकलिकालभिया दुर्लभो विशेषपरिचयोऽध्ययनं गवेषणं वा कथमुदीयात्, कस्य पुरो वक्तव्यम्? कश्च कथं विश्वसीत?

तथाप्येवं प्रार्थयामि विश्वासार्थम्-दश हिन्दीवाक्यानि एवं चेतव्यानि येषां संस्कृतानुवादो रघुवंशस्य द्वितीयसर्गस्थैरेव व्यावहारिकैः शब्दैः सम्भवेत्

क्रियेत च। स च अनुवाद आधुनिकानां पञ्चानां संस्कृतनिपुणानां पुरः क्रमशोऽवस्थाप्येत। ते च पञ्च परस्परमन्यस्याभिप्रायमजानाना एवानुवादं शोधयेयुः। कश्च कस्य शब्दस्य परिवर्तनं समीहते इत्यवगच्छेत् ? शब्दपरिवर्तने चावगते नूनं भाषा परिवर्तिता अवगम्यते। कालिदाससमयेऽस्यार्थस्य वाक्यार्थस्य वोपयोगि अयं शब्दोऽधुना चेतादृश इति परिज्ञानमेव भाषापरिवर्तनज्ञानम्। श्रीतुलसीदासमानसस्य भूयः प्रचारात् किमप्यनुसन्धातुं शक्ष्यन्ति अनुसन्धानशीलाः। क्रव्यादः, असृप इति संस्कृतशब्दाधारेण मांस-रुधिरपर्यायैः अद्-खाद्-अश्-पाधातुभिश्च प्रसिद्धाः सुबोधाः कियन्तः शब्दा महात्मना समुद्भासिताः, ये प्राचीनसंस्कृतशब्देषु शुद्धा अपि न प्रयुक्ताः। आधुनिका अपि संस्कृतज्ञा न तान् सर्वान् गृह्णन्ति, परं ग्रहीष्यन्तीति निश्चितम्।

चत्वारिंशतो वर्षेभ्यः प्राक्कालिको महाविद्वान् स्वर्गीयः पं० श्रीरामावतारशर्मा कालिदासप्रभृतिकविषु कस्य पद्यं निर्माणीति पृष्ट्वा तादृशमेव पद्यं निर्मांति स्म, तस्य भाषायां महान् अधिकार इति शृणोमि। इदं तु पश्यामि—तस्य परमार्थदर्शनस्य प्रारम्भिकं प्रयोजनमाष्यमल्पं मुद्रितं प्राप्तं वर्तते। तदवलोकनेन महाभाष्यपतञ्जलेर्भाषाया विलक्षणोऽनुगमस्तस्य चेतोऽभ्यसितुम् आगृह्णाति। एतावत्यालं सुरगिरोऽल्पीयःकलेवरसूक्ष्मपरिवर्तनसूचनया।

रूढिशब्दानां व्युत्पत्तेः कृते रचितान्युणादिसूत्राणि विद्वद्भिरनादृतानीति पश्यामि। मन्ये संक्षिप्तेन पाणिनिसूत्रेणैव अतोषि। अत एव परीक्षापाठ्यपुस्तकेषु व्यर्थश्रमतया न निहितानि। परीक्ष्यच्छात्रानादृतापि स्वरवैदिकप्रक्रिया परीक्षापाठ्यत्वेनादृता विद्वद्भिः। यद्यपि छात्रा एवाध्यापका भवन्ति समयेन, स्वरसञ्चारप्रक्रियाह्रासोऽपि वैदिकेषु वैयाकरणेषु च पण्डितमण्डल्याम्। विशेषजिज्ञासूनामाङ्ग्लभाषाभिज्ञानां पाणिनिसूत्रसमन्वयपुरस्सरं साररूपेण च मैकडोनललिखिता स्वरसञ्चारप्रक्रिया तोषकरी जायत इति सर्वदा बुभुक्षितस्य भारतस्य कृते न खेदकरम्।

यास्कादिनिरुक्ताचार्याणां वैदिकशब्दानां निर्वचनं संक्षेपेण सूचितागादिप्रक्रियया सङ्ग्राह्यमभिप्रैति पाणिनिः। निरुक्तनिर्वचनेन नूतना धातवो दृष्टावायान्ति, तथा पाणिनिरपि नूतनधातुकल्पनामनुमनुते। प्रासङ्गिकार्थानुसन्धानन्तु निरुक्तस्य पाणिनीयस्याप्यवश्यमभिप्रेतम्।

कश्चित्तु निरुक्तस्य 'व्याकरणस्य सर्वस्वम्' इति लेखं दृष्ट्वा सर्वं धनं निरुक्तं व्याकरणस्य पूर्णताकारि इति व्याख्याय च पाणिनीये व्याकरणे न्यूनता-

मङ्गीकरोति, तन्न सम्यक् प्रतिभाति। स्वरसंस्कारयोगो हि व्याकरणस्य प्रयोजनं कार्यं वा निरुक्त आयाति। प्रातिशाख्ये च स्वरसंस्कारयोगः कार्यं शब्दत उपात्तम्, प्रातिशाख्यमपि व्याकरणमभिधीयते। तथा च प्रातिशाख्यव्याकरणस्य पूरकं 'निरुक्तम्' सम्भवति च निर्वचनमनुसृत्य स्वरसंस्कारयोगः। न चास्ति प्रातिशाख्ये निर्वचनसाधनम्।

(२) प्रातिशाख्यकार्यम्

अनेनैव व्याकरणेन निर्वाह्यमित्यपि पाणिनेरभिप्रेतं कल्पयितुं शक्यते। शाखामुद्दिश्य विहितं व्याकरणकार्यं प्रातिशाख्यमुच्यते। एकां शाखामुद्दिश्य विरचितं प्रातिशाख्यम्। पाणिनेरष्टाध्यायामपि शाखाविशेषोद्देश्यकप्रक्रिया, सा नोपपद्येत तादृशाभिप्रेतं विना, केनचनान्वेषणेनापि प्रायः पाणिनिसूत्रैरेव गतार्थं जायते। पाणिनिसूत्राणि संक्षेपस्य प्रतीकभूतानि श्रमेण व्याख्येयानि। चतुशब्दा अपि बहूनर्थान् द्योतयन्ति कियन्ति निर्देशेनैव साध्यन्ते, ज्ञापनेन नियमेनोत्सर्गापवादादिविचारैश्च बहवः साधवो भवन्ति। किमपि अदसीयसूत्रैरगतार्थं चेत् श्रमेण स्याद् गतार्थम्। पश्चाद् वा प्राचलत्तदिति कल्प्यताम्।

पाणिनीयव्याकरणस्य महान् ग्रन्थः सङ्ग्रहनाम्ना महाभाष्यसूचितः। लक्षश्लोकपरिमितः सः। व्याडिश्च तस्याचार्य इति किंवदन्ती परम्परा। निरुक्तसामश्रमी विकृतिवल्लीकर्तारं व्याडिं स्मरति घनजटादयः पाठपद्धतयो विकृतय उच्यन्ते। तेनासौ व्याडिर्वैदिकवाङ्मयस्यासाधारणधीमान्। सङ्ग्रहेऽवश्यमसौ सर्वाः स्वरसंस्कारप्रक्रिया वेदानां पाणिनिसूत्रैस्तद्व्याख्यानोपव्याख्यानैश्च समुद्भासिताः स्युरित्यपि कल्पना।

(३) स्वरसञ्चारः

अपौरुषेयवैदिकपदवाक्ययोः स्वरसञ्चारं शिक्षयति व्याकरणम्। स्वरविशेषाधीनोऽर्थविशेष इति नापरिचितं यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधादित्यादिपरिशीलननिपुणानाम्। अपौरुषेयवाक्येषु स्वरसञ्चारश्च मन्त्रद्रष्टृभिर् ऋषिभिरेव विहितः। तेषां स्वराणां परिज्ञानाय लघुमुपायमनुगमद्वारा व्यधुः पाणिनिप्रभृतयस्तदेव व्याकरणम्। तथा च शब्दरूपवेदस्य यथाऽध्यापकपरम्परा तथा तदर्थरूपवेदार्थस्यापि तादृश्येव परम्परा शब्द इव वेदार्थोऽपि अनादिः। यद् बहुभिर्लौकिकवाक्यमिव स्वशब्दार्थव्युत्पत्यनुसारं यथाकथमपि वेदा व्याख्यायन्ते, न स वेदार्थः, किन्तु वैदिकपरम्पराप्राप्त एव। तादृशपरम्पराया व्युत्पत्तये पूर्वमीमांसासूत्राणि, अधिकरणानि, निघण्टु-निरुक्त-स्वरवैदिकप्रक्रियाप्रभृतयः।

तथा चैताननुसृत्य कृतो वेदार्थो न वेदार्थः स्वरसमन्वयं विना कृतोऽर्थोऽनर्थं इति भावः।

बहवश्च हिन्दुजातेरितिहासं वेदान्निःसारयन्तो वेदव्याख्यानायाभिमन्यन्ते, तान् किं कुर्मः शास्त्ररहस्यानभिज्ञान्? अनधिगतार्थगन्तृत्वं हि प्रामाण्यम्। प्रमाणान्तरेण ज्ञातान् अर्थान् यदि वेदा ज्ञापयेयुस्तदा प्रमाणान्येव न भवेयुरिति न जानन्ति। प्रायः पञ्चाशतो वर्षेभ्यः प्राग् लेखपरम्परा आङ्ग्लभाषायाः, निरुक्ते 'अनर्थका मन्त्रा' इति वाक्यमायाति, तच्च मीमांसापूर्वपक्षसूत्रमिव ब्राह्मणवाक्यैरेव कर्मसमवेता अर्थाः स्मर्यन्ताम्, किं प्रयोजनं मन्त्रैरेव स्मरणस्य? इत्यभिप्रायकं वर्तते। किन्तु तदेवाधीत्य केचन विदेशीया एवमभ्यमन्यन्तालिखँश्च। अनर्थका मन्त्रा इति निरुक्तसन्दर्भेण भारते वेदार्थपरम्परा विच्छिन्नाभूदित्यायाति। अधुना यो हि वेदार्थो भारते स नूतनैः कृतो नूतनः।

एवं सति यथा तै र्वेदा व्याख्यायन्ते, तथा अस्माभि र्विदेशीयै रपि, यथा तेषामर्थो मान्यस्तथाऽस्माकमपीति। तदानीम् आङ्ग्लभाषाभिज्ञा द्वित्रा भारतीया विद्वांसो निरुक्तवाक्यतात्पर्यविश्लेषणपुरस्सरं वेदपरम्परेव वेदार्थपरम्पराऽपि अस्माकं भारतीयानामिति आङ्ग्लभाषायां लिलिखुः। विदेशीयवेदव्याख्यातृभिः प्रचारितो भारतीयैः समादृतो हिन्दूनामितिहासः 'आर्या उत्तरीयध्रुवादत्र समायाताः, अत्रत्यान् मूलवासिनो दस्यून् कथमपि पराजित्यावसन्' इति ममाध्ययनकालेऽपि निर्विचिकित्सित आसीत्। ततो दशभ्यः पञ्चदशभ्यो वा वर्षेभ्योऽनन्तरं विदेशीया अलिखन्। कथमभिमन्यन्ते भारतं मम देशः, विदेशीया इतो गच्छन्तु इति, आर्या अपि उत्तरीयध्रुवदेशादेव समागताः। यथा भवतां भारतं तथा ममापि। तदा भारतीयानां दृष्टेरुन्मीलनं जातम्, अलिखन् च भारतीयाः—न वयं ध्रुवप्रदेशादागताः। अस्माकं मूलदेशोऽयमेव, तदाभासकवेदमन्त्रस्यान्य एवार्थ इत्यादिकम्। तथा चैवंविधवेदव्याख्यानं वेदेन सह क्रीडनं वेदाध्ययनम्। सहसा समुत्पद्येत सद्य एव परिवर्तेत, एतादृशोऽनादेरपौरुषेयस्य वेदस्यार्थो न भवति। तथा च तादृशोपयोगिनी स्वरप्रक्रिया पाणिनीयव्याकरणस्य निर्वाह्यो विषयो व्याकरणान्तराणां नास्ति।

(४) वैदिकप्रक्रिया

वेदवेदार्थयो रक्षायां विशेषोपकारिणी यामसाधारणरीत्या पाणिनीयं व्याकरणं सञ्चालयति। एनं स्वरसञ्चारञ्च विहाय कतिपये वैयाकरणाः सरलसुबोध-संक्षिप्तशरीरलोभेन नूतनं व्याकरणं रचयाञ्चक्रुः। आशशंसुश्चाग्रिमाः

संस्कृतजिज्ञासवोऽनेन मम लघुना व्याकरणेन कृतकृत्या महति गहने पाणिनीयेऽनुशासने नैव समीहां सञ्चारयिष्यन्ति, परं विपरीतं जातम्, तेषां व्याकरणम् इतिहासमण्डनमेवाभूत्, नैकविपरीतवात्याहतमपि कथमपि संस्कृतसाहित्यं समेधयत्यलङ्करोति च पाणिनीयम्। महति महनीया गुणा अपि विराजन्ते गुणविद्वेषश्च न चिरं राजेत केवलं लौकिकभाषाव्याकरणं वैदिकवाङ्मयं दूरं व्यधात्।

अनादिभारतीयसाहित्यावलुलोकयिषा लोकानां स्वाभाविकी तां बन्ध्यामकरोत्। ततः कियत्कालं रुचिपात्रं तिष्ठेत्? वैदिकलौकिककालिन्दी-भागीरथ्योः सङ्गमोऽयं पाणिनीयं शास्त्रं स्वपरिसरमवर्द्धयत्। कतिपये प्राचीनाः कवयः स्वकाव्यनिकुञ्जे कतिपयवैदिकप्रयोगकुसुमान्यपि व्यकासयन् अग्रेतनास्तेन निरङ्कुशाः कवय इति भणित्याऽभूषयन्। सहैव भाषाद्वयस्य परिचयः, अपरिवर्तनीयनिश्चलवैदिकशिलातो नित्यनूतना सर्वदा प्रवहन्ती लौकिकी संस्कृतभाषाधारा कथं प्रास्रवत् कथञ्च प्रावहदिति विज्ञातुमेनमेवादाय प्रभवति मेधावी। अधिकारानुवृत्तिसंज्ञापरिभाषादिभिरेतावत्संक्षिप्तसूत्रेषु भाषाद्वयस्य संगोपनं क्व मिलेद् द्रष्टुमन्यत्र?

(५) उपनिषदनुकूलदर्शनस्वरूपविवरणम्

शब्दार्थयोरुभयोरपि जगतोर्व्याख्यानम्—

शब्दस्य परिणामोऽयमित्याम्नायविदो विदुः।
छन्दोभ्य एव प्रथममिदं विश्वं व्यवर्तत॥

इति हरिकारिकयैव तुष्यन्तु पाठकाः श्रोतारश्च, लघुनि निबन्धे छन्दसां मया समुद्धरणं न समीहन्ताम्। परिणामो विवर्तश्च हरिग्रन्थे समुपलभ्यते प्रतिभाति च समानार्थकता एतयोर्हरेरभिप्रेता।

आधुनिकदार्शनिकध्वनी विरुद्धौ ऋतू परिणामविवर्तौ दधाति। साङ्ख्यस्य वस्तुतः परिणामवादः कार्यकारणयोस्तादात्म्यमुभयोः सत्त्वञ्च बिभर्ति न जगन्मिथ्यां ब्रूते वेदान्तस्य मायापेक्षया परिणामः साङ्ख्यस्येव प्रायः, परं मायाया एव मिथ्यात्वेन मायापरिणतस्य विश्वस्य मिथ्यात्वं कारणादेवायाति। मायाया जडत्वात् तत्परिणामस्यापि जडतया चैतन्यसम्बन्धं विना प्रकाशो न स्यात्। श्रुतिसम्मतचेतनकारणवादस्योपपत्तये च ब्रह्मोपादानकमपि जगदभिप्रैति, ब्रह्मणश्च निर्विकारित्वरक्षायै परिणामस्य हेयतया विवर्तोपादानमलं स्थापयति। रज्जौ सर्पदण्डजलधारामालादिवद् ब्रह्मणि एकस्मिन्नध्यस्तं नैकविधमिदं विश्वम्। अध्यस्ततया विश्वस्य मिथ्यात्वमायाति।

वैयाकरणानां सम्मुखं समस्या-विश्वं वेदान्तवन्मिथ्या विवर्त आदेयोऽथवा साङ्ख्यवद्विश्वं सत्यं परिणामः तृतीयो वा पन्थाः ? बह्वी लेखा बहूनां विदुषां परं लेखा एव न परिपूर्णं दर्शनस्वरूपम्। समस्यामेतामनुसन्धाय न केनापि प्रदर्शितम्। बह्वो बोधकशब्दं स्फोट निरूपयितुं प्रवृत्ता नादं बिन्दुञ्च विवृत्य विरताः। आदिमूलकारणस्वरूपम्, ततो बिन्दोः स्वरूपं मूलकारणेन तस्य सम्बन्ध इत्यादिकं न विवृत्तम्। अत्र च नाधुना विशेषेण विश्लेषयिप्यामि, अविकृतपरिणामवादे च दृष्टिं निधाय विवरितुं विनिवेदयामि विदुषः। शब्दार्थयोस्तादात्म्यम्, सर्वत्र च सहभानम्, व्यवहारानुसारं विशेषणविशेष्यभावः। विलक्षणोऽयं विशेष्यविशेषणभावस्तादात्म्यञ्च। श्रोत्रेण ग्राह्यत्वे शब्द एव विशेष्यम्, घटं स्पृशतीत्यादौ शब्दो विशेषणमेवार्थ एव विशेष्यम्। अत्र विशेषणस्य विशेष्यान्वयिनि अन्वयित्वं नास्ति।

नैयायिका अर्थं विषयं बिना भानं न भवतीति मन्यन्ते, वैयाकरणाः शब्दं विना भानं न भवतीति। तथा च सर्वत्र शब्दार्थयोर्भानम्। उभयोरंशयोः शब्दार्थयोः परिज्ञानं विना पूर्णवस्तुज्ञानमेव न मन्यन्ते व्यावहारिकाः, शब्दमात्रे श्रुते अर्थस्य, अर्थे च दृष्टे शब्दस्य जिज्ञासा नियता एवमेव। एतादृशकाठिन्यमनुसन्धायाध्यासिकं तादात्म्यमिति नागेशभट्टमहोदया व्यवस्थापयामासुः, किन्तु तत्रापि वैलक्षण्यम्। अधिष्ठानाध्यस्तयोर्हि आध्यासिकः सम्बन्धः, अध्यस्तापेक्षयाऽधिष्ठानस्याधिका सत्ता अपेक्षिता। अत्र तु समसत्ताकयोरध्यासः, अधिष्ठानाध्यस्तभावोऽपि बिनिगमनाविरहादुभयोः। तथा च जगति प्रचलितान्यसम्बन्धापेक्षया विलक्षणयोः शब्दार्थयोः सम्बन्धस्य वैलक्षण्यमवसेयं नाम च यत् किमपि भवेत्।

अस्योपयोगम् अन्ये शास्त्रिणोऽपि कुर्वन्ति, यथा कारणसालाप्रकरणे रसगङ्गाधरे न्यायभाषया कार्यकारणभावनिरूपणपुरस्सरमुपस्थितो शाब्दबोधे च शब्दार्थयोर्व्यवस्थितं भानमुपपादितम्। एकस्यैवार्थस्य पर्यायान्तरेण बोधे शब्दविशेषणतया बोधवैलक्षण्ये जाते अर्थस्य प्रत्यभिज्ञा दृढा न भवति, शिथिला जायते। अथादर्थस्यैक्यमपसरति, ऐक्यानपसरणमर्थाभेदो दृढतादाम्यं बिना न भवेत्। अतस्तत्र कथितपदत्वं गुणाय अवाकल्प्यत। आलङ्कारिकाध्वनि तु महान् सहायकोऽयं सिद्धान्तः। समानार्थकावपि कपालिपरमेशशब्दौ सुधाकरदोषाकरशब्दौ च बलादेव विलक्षणविच्छित्तिकरौ।

ग्रन्थार्थसमन्वयायापि महास्त्रमयं वादः। साहित्यदर्पणे रसगङ्गाधरे च शब्दः काव्यमित्यायाति, काव्यप्रकाशे च शब्दार्थयुगलौ। शब्दार्थयुगलतायाः

परित्यागाभावे क्व विरोधः? काव्यप्रकाशो विशेष्यविशेषणभावौ न विवृणोति, काव्यं शृणोतीत्यत्रार्थगुणकः शब्दः श्रावणविषयः। क्वचिच्च शब्दगुणकोऽर्थो विषयः। अग्नेर्ढगिति पाणिनिसूत्रेण न निरर्थकाङ्लक् न वा शब्दानालिङ्गितादग्नेर्दाहः।

(६) व्याकरणनिर्माणप्रक्रियाज्ञानम्

पाणिनीयव्याकरणं परिशीलयतां विदुषां वैदिकलौकिकभाषयोः सहैव व्याकरणनिर्माणं तस्य गले पतितम्, कदाचन तस्माच्चिरं प्राग् एकैव भाषाऽऽसीत्। परं चिरकालाल्लौकिकी भाषा पृथक् कृताऽऽसीत्, यस्यानेकानि व्याकरणानि अनुगमकारीणि जातान्यभूवन्। जनभाषात्वेन व्यवहारक्षेत्रमवतीर्णा सा नित्यनूतना व्यराजत। परिवर्तनेन प्राचीनं व्याकरणं शिथिलं नूतनमन्यन्निर्मीयते स्म। एवमनेकानि व्याकरणानि तां निगडितुं वाञ्छन्ति स्म, परं सा अग्रे धावति स्म। तस्या धारा बाल्मीकितटमपि कियत् परित्यक्तवती। एतादृश्या भाषायाः सूत्रैर्बन्धनमासीत् कर्तव्यम्।

वैदिक्याः परिवर्तनाभावेन अभङ्गुरैव तस्याः प्रक्रिया स्थापिता। सापि यदि लौकिकप्रक्रियातः पृथङ्निरूप्येत, महान् ग्रन्थराशिर्भवेत्। विदूरे च तिष्ठेत् संस्कृतज्ञेभ्यो, वैदिकी भाषा। वाल्मीकिप्रभृतीनां प्राचीनार्षसाहित्येषु नृत्यन्ती इयमेव लौकिकी भाषा। परं तस्याः कश्चिदंशो न गृहीतः। यामाधुनिका आर्षं प्रयोगं निरङ्कुशाश्च कवीन् मत्वा समादधति। तत्परित्याग आसीत् कारणम्। भाषाया धारा भवति परिचेया भाषाविदाम्। अतीते साहित्ये परिचलति वा साहित्ये समायाताः कतिपये शब्दा भवन्ति, अनुसरणीया व्याकरणनिर्मातॄणाम्। कीदृशी भाषाया धारा भविष्यति च काले कीदृशं भविष्यति धारायाः क्षेत्रम्? तदानीमपि भाषानुगमो मम व्याकरणं मार्गप्रदर्शकं भवतु इत्यादिविज्ञानं समीहा च भवतो हृद्गते व्याकरणलेखकस्य।

भाषापरिचयो हि विज्ञानं न समेषां भवति भाषया व्यवहरतां लिखतां कवयतां वा। कवित्वमन्यद् भाषानुगमात्। तथा च तादृशविज्ञाननिपुणः पाणिनिर्व्याकरणमेवं निर्ममौ यदद्यापि व्याख्यानोपव्याख्यानेनं पूर्णं न व्याख्यातम्। बहुलां भाषासमस्यां समादधाति च। पाणिनिः स्वसमयस्य भाषाप्रवाहम् अनुजगाम। तदनन्तरं कियता कालेन प्रवहन्ती भाषाधारा क्वचित् कृशताम्, क्वचिद्विपुलतां च प्राप्ता, तां कात्यायनो वार्त्तिककारः पाणिनिसूत्रैः समयोजयत्। ततोऽपि विपुले समये व्यतीते जातं कियत्परिवर्तनं पतञ्जलिरन्वगमत्। अनुगमनसमाधाने च मुनिद्वयस्य विशेषतो व्याख्यानेन अल्पे च

नूतनवचोभिः । तेन मूलं पाणिनेरतिष्ठत्, पाणिनीयमेव व्याकरणम्, कात्यायनीयं पातञ्जलञ्च नाभवत् ।

इदं ममोपपादनम् ऐतिहासिकसरण्या भाषास्वभावपर्यालोचनया च । प्राचीने भारते विदूरव्यवहारस्य कठिनतया इतिहाससामग्री नाभवत् सुसङ्घटा । समुपस्थिते च विषये मनीषिणां मनांसि न तिष्ठन्ति क्रियां विना, किमपि कल्पयन्ति, प्रचारयन्ति, कवयन्ति च ।

यथा आद्यशङ्कराचार्यभगवताम् अनेके दिग्विजयाः कतिपयविरुद्धघटनाः काव्यगुणगुम्फिताः सरसा वाग्विलासा ऐतिहासिकत्वे मूलान्तरमपेक्षमाणाः, तथा मुनित्रयस्यापि चरितम् । तदधुना नान्वसरम् ।

अधुना च भाषया अनुगमं विना हिन्दीभाषाया व्याकरणनिर्माणं दुर्दशाग्रस्तं प्रतिभाति । चिराद् बहूनि हिन्दीव्याकरणानि निस्सृतानि, कानिचन पुस्तकानि मम दृष्टिपथमुपगतानि, तेषु हिन्दीभाषास्वभावपरिचयस्य न्यूनताऽपि संस्कृतव्याकरणस्य आंग्लभाषाव्याकरणस्य च के केंऽशा अत्र ग्राह्या इति विषये सयत्ना अपि व्याकरणनिर्मातारो न सफला भाषास्वभावपरिचयं बिना प्रतिभान्ति । एकं हिन्दीव्याकरणपुस्तकमवलोक्य जयपुर एव प्रायः पञ्चचत्वारिंशे गते ईशाब्दे अयोध्यासंस्कृतमिति पत्रेऽलिखम्, हिन्द्यां द्विकर्मकधातून् परिगणय्योदाहरणानि ददाति स्म । मम विचारे हिन्द्यां न द्विकर्मकधातूनाम् आवश्यकता, तदुदाहरणानां कारकान्तरैः सरला गतार्थता स्फुरति, तथा च संस्कृतानुकरणेनेदमनिष्टम् । एवम् आंग्लभाषाव्याकरणे 'टीच्' 'रीड' धातुद्वयं दृष्ट्वा हिन्द्यां 'पढ़ना' पढ़ानाधातुद्वयमकल्पयत् । तदपि न सम्यगभात् । पठनं पाठनमपि हिन्दया गृहीतम् । किं तत्रापि पठपाठौ द्वौ धातू स्याताम् । अतो हिन्द्यां प्रेरणाकृते धातुभेदो नाश्रयणीयः, प्रेरणायाः प्रत्ययार्थतयैव हिन्द्याः प्रक्रिया साधीयसी ।

ऐषमो निबन्धमिमं लिखन्नेव हिन्दीव्याकरणपुस्तकमुच्चैः पठतो बालकस्य मुखाच्छ्रुतम् । 'द्वितीयाश्रितातीतपतित' इत्यादिसूत्रानुसारं कर्मकारकतत्पुरुषमासवर्णनं हिन्द्याम् । आपाततो मनस्यभूद् न कर्मकारकत्वेन समेषां हिन्द्यां वर्णनं सम्यक् ।

कानिचिदेव हिन्दीव्याकरणपुस्तकान्यापाततो दृष्टानि न सर्वाणि, अतोऽद्यापि मम मनसि निम्नाङ्कितः संशयो जागर्ति । छात्रैः 'अध्ययनान्न प्रमदितव्यम्' इत्यस्यानुवादे हिन्द्यां कर्तुः 'को' चिह्नं सङ्गृहीतं न वा केनापि व्याकरणनिर्मात्रा ।

(७) सर्वशास्त्रोपकारः

अनुवृत्त्या सन्निहितसङ्गतिरधिकारेण दूरसङ्गतिः प्रतिभाति, अन्यपदेनापि आसत्तिः कल्प्यते, एतादृशव्युत्पत्तिमूलकविशेषव्युत्पत्तिशालीश्रीवल्लभाचार्यमहाभागः श्रीमद्भागवतस्य सप्त अर्थान् व्यधात्। उत्सर्गापवादसामान्यविशेषशास्त्रव्युत्पत्त्या धर्मशास्त्रार्थविगमसामर्थ्यम्, विशेषशास्त्रार्थसङ्कुचितोत्सर्गशास्त्रोद्देश्यपरिज्ञानेन शास्त्रयोर्विरोधपरिहारः। पूर्वमीमांसामीमांस्या पूर्वनियमपरिसंख्यादिविधिविवेकः। रीतिश्चैषा न शास्त्रव्याख्यान एवोपयुज्यते, अपि तु निबन्धादिलेखने व्युत्पादने च। परस्परं सम्बद्धानां दशानामपि वाक्यानां महावाक्यत्वकल्पना महावाक्यार्थबोधश्चोद्देश्यविधेययोः सामान्यविशेषयोश्च परिज्ञानं विना न सम्भवतः। महावाक्यत्वासम्भवे च प्रबन्धस्य शीर्षकसूचितमेकोद्देश्यं वाक्यानां परस्परसङ्गतिश्च विहन्येत।

इदानी संस्कृतभाषाया ह्रासात् परित्यक्ताऽपि व्याकरणसम्बन्धिपरिष्कारभाषा अतीवोपयोगिनी कथमन्यथा व्याकरणबुधो नूतननिबन्धग्रन्थेषु धर्मशास्त्रीयेषु अधिकुर्वीत, रसगङ्गाधरप्रभृतीश्चालङ्कारग्रन्थान् अध्यापयेत्। आसीद् हि समयश्चिरं रूढः—अल्पीयांसः साहित्ये परीक्ष्याः सर्वाधिकाश्च व्याकरणे वैयाकरणस्य नैकशास्त्रेष्वधिकारात्। साक्षात्कृतश्च छात्रावस्थायां लेखकेन व्याकरणपरिष्कारव्युत्पन्नो वैयाकरणोऽनधीतन्यायग्रन्थी दिनकरीं सम्यगध्यापयन्।

अलङ्कारशास्त्रेण तु व्याकरणस्य प्राचीनसम्बन्धः। न केवलं ध्वनिकारकृतवैयाकरणबुधेति समादरस्मरणेनैव, किन्तु अलङ्कारव्यवस्थायामाचार्यदण्डिवचो विविच्यताम्—

कर्ता यद्युपमानं स्यान्न्यग्भूतोऽसौ क्रियापदे।
स्वक्रियासाधनव्यग्रो नालमन्यद् व्यपोहितुम्॥

'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः' इत्यादिमृच्छकटिकपद्य उपमावारणे व्यापारमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधवादिवैयाकरणसिद्धान्तेन ब्रूते—तिङर्थः कर्ता, उपमानं न सम्भवति, अङ्गकर्मकलेपनकर्तृसदृशं तम इत्याद्युपमाबोधस्यासम्भवात्। धात्वर्थलेपने आख्यातार्थकर्तृविशेषणतया इवार्थसादृश्येऽन्वयस्याभावात्। व्याकरणानुशासनादरोऽपि दण्डिनो दर्शनीयः—

केषाञ्चिदुपमाभ्रान्तिरिव श्रुत्येह जायते।
नोपमानं तिङन्तेनेत्यतिक्रम्याप्तभाषितम्॥

सम्भावनामिवशब्दार्थमजानतः कस्यचिद् इवशब्देन सादृश्यार्थकत्वभ्रमो जायते। सोऽपि भ्रमो बलवत्तरः, न तिङन्तेनोपमानमस्तीति आप्तेन महाभाष्यकारपतञ्जलिना भाषितम् अतिक्रम्य जायते।

लिम्पतीत्यादिपूर्वपद्यविषय एवेयं कारिका धातोः कर्मणः समानकर्तृकादिच्छायामिति सूत्रे लुलुठिषते इव लुलुठिषते, पिपतिषतीव पिपतिषतीत्यादावचेतनेऽपि सादृश्यवशाद् भविष्यति सन्नित्यभिप्रायकं 'उपमानाद्वा सिद्धम्' इति वार्त्तिकं खण्डयितुं न वा तिङन्तेनोपमानमस्तीति महाभाष्यम्। अत्र विशेषविवेचनं सागरविश्वविद्यालयीयसागरिकापत्रिकाप्रकाशिते 'उपमोत्प्रेक्षाकलकलः' नामनि लेखे वर्तते। अत्र तु महत् पाणिनीयं शास्त्रं वहुविषयपूरितं महावैदुष्यसम्पादकं न कौमुदीभिर्न वा परीक्षानिविष्टैः कतिपयग्रन्थैर्ग्रन्थांशैर्वा गतार्थं जायते। सुबोधस्य कस्यचिदेव व्याकरणाचार्यस्य तत्राध्ययनाधिकारो जायते। बहवस्त्वनधिकारिण एव तिष्ठन्ति। यथात्रैव महाभाष्यमिदमनुशासनं वस्तुस्वभावानुवादकं वा? किमलङ्कारव्यवस्था अनुशासनाधीना वस्तुतन्त्रा वा? तिङन्तस्थले तिङर्थो धात्वर्थो वा। कीदृशो यत्रोपमायोग्यता नास्ति। एतादृश एव प्रसङ्गे रसगङ्गाधर आलङ्कारिकतन्त्रस्य स्वतन्त्रत्वेन वैयाकरणमतविरोधस्यादूषणतां ब्रूते, विधत्ते चाख्यातार्थकर्तृत्वम्।

दण्डी च व्याकरणमतमनुरुन्धे, समीहते च धात्वर्थस्य विधेयताम्। अत्र किं युक्तम्? आलङ्कारिकतन्त्रं तिङर्थप्राधान्याप्राधान्यविषये स्वतन्त्रं व्याकरणपरतन्त्रं वा? पण्डितराजस्य प्रौढोक्तिः सिद्धान्तोक्तिर्वा? ब्राह्मणवदधीते क्षत्रिय इत्यादावुपमानता स्वीकारात्, न वै तिङन्तेनोपमानमस्तीति भाष्यस्य कीदृशोऽर्थः? कूलं पिपतिषतीत्यादावाशङ्कायां सन् विहितः। आशङ्का सम्भावनेति कैयटो लिखति, संदेहभ्रमभिन्ना सम्भावना कीदृशं ज्ञानम्? इवशब्दप्रयोगे अध्यारोपस्तु वर्तते, रोदितीव गायति, नृत्यतीव गच्छति देवदत्त इति कैयटः। अध्यारोप उत्प्रेक्षेत्युद्द्योतः। रोदितीव गायतीत्यादावुपमा कथन्नोत्प्रेक्षा कथम्? तत्र प्रथमान्तार्थविशेष्यको वोधो न्यायसम्मतश्चमत्कारी धात्वर्थविशेष्यको वा? इत्यादयो बहवो विषया विवेचनीयाः सन्ति। विचारशक्तिः शास्त्ररसिकता चापेक्षिता। सम्भावनाज्ञानविषये मम लेखः प्रयागस्थसंगमनी इति पत्रे प्रकाशितः।

नानारत्ननिधेरस्य पाणिनितन्त्रस्य अन्यदेकं निदर्शनं दृश्यताम्—सार्वधातुके यगिति सूत्रमहाभाष्ये अकर्मकधातोर्भाववाच्यक्रियायां सोपपादनं बहुवचनम्। उष्ट्रासिका आस्यन्ते, हतशायिकाः शय्यन्ते इति। उष्ट्राणां नाना-

विधान्यासनानि तत्सदृशानि आसनानि, हतानां ताडितानां ताड्यमानानां वा नानाविधानि शयनानि, तत्सदृशशयनानि इति क्रमशो बोधः। विशेषणवशाद् धात्वर्थासनादीनि अनेकानि जातानि, तद्रूपा एव भावा अनेके तिङर्थं इति बहुवचनम् इत्युपपादनम्। प्रथमं बहुवचनमेव नूतनम्, ततोऽपि क्रियाविशेषणे स्त्रीलिङ्गप्रथमान्तबहुवचनस्य प्रयोगः। महावैयाकरणश्रीनागोजीभट्टः प्रथमेति ब्रूते। कस्तुलामर्हति अस्य व्याकरणस्य? कियतीश्च व्याख्या अपेक्षते शास्त्रम्? शास्त्ररसिकानां महाविदुषां श्रमं लभमानमिदं कियन्तं विस्तरं यास्यति?

आख्यातार्थसङ्ख्यान्वयव्यवस्थायामपि कोलाहलः समुपस्थितः, आख्यातार्थे कर्तरि, कर्मणि वा आख्यातार्थसङ्ख्यान्वयं समीहन्ते भूषणादयः। अत्र आख्यातार्थकर्तृकर्मणोरभावः। कार्यकारणभावोऽपि तथैव तेषाम्। अत्राख्यातार्थभावे सङ्ख्यान्वयः, उपपादनेन धात्वर्थव्यापारस्यात्रानेकत्वम्, धात्वथव्यापारा एव भावा अत्राख्यातार्थः। किम् आख्यातोपस्थितेषु कर्तृकर्मभावान्यतमेषु सङ्ख्यान्वयः। अथवा सर्वत्र धात्वर्थव्यापार एव आख्यातार्थसङ्ख्यान्वयः। अन्यत्र धात्वर्थव्यापारस्यैक्येऽपि कर्तृकर्मरूपाश्रयभेदाद् व्यापारभेदात्। कर्तृकर्मगतसङ्ख्यां व्यापारे समारोप्य तत्र आख्यातार्थसङ्ख्यान्वय इति किं युक्तमिति वैयाकरणानां विचारणीयं व्यवस्थापनीयञ्च विद्यते, परं द्वितीयपक्षे छात्रैरास्यताम् इत्यादौ बहुवचनवारणाय पराक्रमान्तरमपेक्ष्येत। नैतावद्भिरेव ग्रन्थैः शास्त्रस्य समाप्तिर्जायते। न्यायविदामपि न व्यवस्थितमार्गेण गतार्थता। इतरविशेषणत्वेन तात्पर्यविषये प्रथमान्तार्थे आख्यातार्थसङ्ख्यान्वयो व्यवस्थापितः। क्रियाविशेषणप्रथमान्तार्थो ह्यत्र क्रियाविशेषणमेव नेतराविशेषणम्। व्याकरणान्तररीत्या द्वितीयान्तत्वे बालकैरुष्ट्रासिका आस्यन्त इत्यादिवाक्येषु प्रथमान्तपदस्यैवाभावः। प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यकशाब्दबोधस्य सिद्धान्तस्यात्रावश्यकत्वं वैयाकरणैरापादनीयम्।

महाभाष्यसन्दर्भार्थसमन्वयासक्तिविधुराणां यथाकथमपि पदलक्षणया वाक्यार्थोपपादनधुरन्धराणां न्यायमनीषिणां कस्यचित् पदस्य व्यर्थताप्रायतात्पर्यग्राहकताङ्गीकारपुरस्सरं प्रथमान्तार्थालिङ्गितधात्वर्थप्रथमान्तपदेनोपस्थाप्य तत्राख्यातार्थसङ्ख्यान्वयाय अभिद्रावणम्। फलान्तर्भाविन सकर्मकक्रियायां क्रियाविशेषणस्य कर्मतामुपपाद्य नागेशो भाष्यार्थानारूढतया अत्यजदिति त्वन्यत्। अस्य भाष्यसन्दर्भस्य सूचनां क्रियाविशेषणविभक्तिविमर्श-

प्रसङ्गेन पञ्चदशभ्यः प्रायो वर्षेभ्यः प्राग् अयोध्यास्थसंस्कृतं पत्रे गतपञ्चाब्द्यामेव काशीस्थे सूर्योदयपत्रे प्रादाम्, समापयामि चैतावतैव ।

मुनिवरविपिने का शेमुषी मन्थरा मे,
नयपिकपरिज्ञानेऽचिन्त्यवल्लीविताने ॥
प्रतिपदमतिखिन्ना वस्तुलाभेऽपि दीना,
विरमति शुभकामा प्राञ्जलिः सप्रणामा ॥

पाणिनीय व्याकरण

पाणिनि से प्रसारित यह वर्तमान व्याकरण दूसरे व्याकरण के ऐसा केवल व्याकरण नहीं है बल्कि संस्कृत वाङ्मय का एक बड़ा प्रधान शास्त्र है, प्रधानता इसलिए है कि सभी शास्त्रों का उपकार करते हुए स्वतन्त्र भी बड़ा शास्त्र है, स्वतन्त्र ही इस लोक का तथा परलोक का मार्ग बनाता है वर्णन करता है और परिष्कृत करता है, वेद और वैदिक साहित्य का संरक्षण, पोषण और व्याख्यान आदि के द्वारा इसका परलोक के लिये उपयोग तो 'रक्षोहागमलघ्वसंदेहाः प्रयोजनम्' इत्यादि महाभाष्य से ही वर्णित है, इसमें भर्तृहरि आदि के व्याख्यानों से सूचनाओं से लौकिक अलौकिक ऐहिक और आमुष्मिक वस्तुओं की सृष्टि व्यवस्था और विवरण दिये गये हैं, उनके द्वारा शब्दाद्वैत शब्दात्मक चैतन्यवाद और शब्द ब्रह्म का अविकृत परिणाम अथवा विवर्त का प्रचार हुआ है, जिससे इसको मोक्ष शास्त्र कहना अभिप्रेत होता है, यहाँ व्याकरण में पाणिनीय यह विशेषण लोगों को शीघ्र पहचान में आने के लिये हैं न कि पाणिनि से प्रारम्भ बताने के लिये, यथार्थ में भाषा के साथ लगा हुआ यह व्याकरण है, जिन वैयाकरणों के नामों को पाणिनि मुनि याद करते हैं, जिनसे पढ़े, जिनके लेख या वचनों से पाणिनि की इसके उपयोगी बुद्धि प्रकट हुई, उन लोगों की बुद्धि तथा प्रयास से यह सृष्टि स्वरूप व्याकरण अङ्कुरित हुआ पत्ता वाला हुआ तथा पुष्पित हुआ ऐसा व्याकरण यहाँ शीर्षक से अभिप्रेत है।

'हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि' (ओ मैं और ये तीन देवता इस जीव के आत्मरूप से प्रविष्ट होकर नाम और रूप की सृष्टि करता हूँ स्थूल बनाता व्यवहार के लायक करता हूँ) यहाँ व्याकरवाणि शब्द से व्याकरण शब्द सुरू हुआ।

'अस्ति भाति प्रियं रूपं नाम चेत्यंश पञ्चकम्' (सत्ता, प्रकाश, प्रियता, आकार, शब्द ये पांच अंश सभी वस्तुओं के हैं) इत्यादि प्रसिद्ध वेदान्त पद्य से सत्, चित्, आनन्द ये पहले के तीन अंश सभी जगह संसार में मालूम पड़ते हैं वे ब्रह्म के हैं, वे वस्तुओं के अन्दर दूसरे पदार्थ नहीं हैं और उनकी सृष्टि नहीं होती, 'तत्सृष्ट्वा तदेवानु प्राविशत्' (उसकी सृष्टि करके उसी में घुस गया) इत्यादि रीति से ब्रह्म से प्रगट हुए पदार्थों में सच्चिदानन्द ब्रह्म की अभिव्याप्ति होती है। वस्तु भेद से सत्, चित्, आनन्द का आपाततः भेद मालूम होता है, किन्तु प्रत्येक वस्तुओं में उनकी उत्पत्ति तथा उनके कारणों की कल्पना में अधिक गौरव है। लाघव तर्क की सहायता से सभी जगह विभिन्न प्रतीतिओं का विषय एक ही सच्चिदानन्द ब्रह्म माना जाना है। रूप आकार और व्यावहारिक शब्द नाम है। इन नाम रूप दोनों अंशों को वेदान्त के ऐसा माया का परिणाम मानकर मिथ्या माने तो वैसा ही रहे, यदि व्यावहारिक शब्द को सत्य मानना है तो उसको भी ब्रह्म ही का अंश माना जाय। यदि अर्थ को भी सत्य मानना है तो उसको भी ब्रह्म अंश ही मानना होगा। किसी प्रकार नाम की ही सृष्टि का उपपादन करना होगा। उसका भी दो प्रकार से व्याख्यान है, अर्थ का व्याकरण न्याय वैशेषिक आदि दर्शन हैं, शब्द व्याकरण साधुत्व का अनुशासन यह नाम व्याकृति है। यदि यह व्याकरण दर्शन भी है, 'विवर्ततेऽर्थ भावेन' इत्यादि भर्तृहरि के वचनों से जगत् की भी प्रक्रिया बतानी है तो नाम रूप दोनों का व्याकरण यह व्याकरण है।

इस व्याकरण रचना में पाणिनि का उद्देश्य

(१) लौकिक और वैदिक रूढ़ शब्दों का अर्थ के अनुसार विग्रह दिखाना जो निरूक्त कार्य है उसका इस व्याकरण से निर्वाह करना। अनन्त शब्द रूप यह संसार है, अधिक व्यवहार के कारण कुछ जनपद के कुछ प्रान्त के कतिपय राष्ट्र के प्रचलित

शब्द समय से संस्कृत में मिल गये, अनेक देशों में प्रचलित विविध शब्द एक जगह संग्रह करने पर पर्याय बन गये, उन सभी का प्रचलित और परिगणित धातु अनुबन्ध तथा प्रत्ययों से उनकी व्युत्पत्ति नहीं की जा सकती। जैसे अमरकोष रामाश्रमी टीका में पर्याय शब्दों का अर्थ के अनुसार विग्रह किया गया, उणादि प्रक्रिया के अनुसार उनकी साधना की गई है। संभव है उस समय विशेष शब्दों के लिये उणादि सूत्र अधिक प्रचलित हों, किन्तु आधुनिक उणादि सूत्रों से नये प्रत्ययों की कल्पना की गई है। पाणिनि सूत्रों के उपयोगी अनुवन्धों की प्रक्रिया रखी गई है, प्रायः पाणिनि परिगृहीत धातुओं से ही उनके साधन का प्रयास किया गया है। कुछ लोग गवेषणा प्रयास से कुछ और पाँच छ धातुओं की आवश्यकता तक गये हैं। किन्तु ऐसे बहुत अधिक उणादि सूत्रों के निर्माण में पाणिनि का अभिप्राय नहीं मालूम पड़ता। 'उणादयो बहुलम्' ऐसे सामान्य रूप से ही सभी उणादि का संग्रह में तात्पर्य है।

'सञ्ज्ञासु धातु रूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे। कार्याद् विद्यादनुबन्धम् एतच्छास्त्रमुणादिषु (रूढि शब्दों में धातु का स्वरूप उसके बाद प्रत्यय और कार्य के अनुसार अनुवन्ध समझना चाहिये, यहीं उणादिओं में शास्त्र है)। यह पतञ्जलि के पहले की प्रसिद्धि है, शायद पाणिनि के समय में भी हो। उणादि से प्रत्यय क्रिया डलक, डीया, डोलना। मा धातु से साध लिया मलक, मीआ, मोलना। इसको भी साठ वर्ष से सुन रहा हूँ, कुछ और भी पुराना होगा ही। उपरलिखित से अर्थ के अनुसार धातुओं की भी कल्पना आती है। आधुनिक भाषाशास्त्री लोग बहुत सूक्ष्म कुछ मूलभूत धातुओं की कल्पना करते भी हैं। कुछ दक्षिण उत्तर प्रदेशों में घूमने वाले ऐसा भी कहते हैं कि संस्कृत के पर्याय शब्द दूसरे देश में प्रसिद्ध हैं, अग्नि का नाम किसी देश में कुछ है, दूसरी जगह दूसरा शब्द है, एकत्रित करने से पर्याय हो गये हैं। प्राचीन रूढि शब्द इस समय के उणादि सूत्रों से सिद्ध करने से सरल हो गये हैं।

संस्कृत सुरगवी तो चिरकाल से व्यवहार गोचर से भगाई गई है, नये प्रयोग चारे घासो को पाती नहीं दुर्बल पड़ी है, शब्दों के निर्वचन पागुरी कैसे करे ? तो भी प्रसिद्ध यौगिक शब्दों का ही छीपा हुआ निर्वचन थोड़ा थोड़ा चला है। समयानुसार कुछ नये शब्दों का प्रचार हुआ है, बहुत थोड़ा भाषाओं में परिवर्तन भी जगा है।

कालिदास भारवि, माघ, श्रीहर्ष की भाषाओं में भी विशेषता झलकती है। यौगिक शब्दों के निर्वचन द्वारा अभिनव शब्द का निर्माण और प्रयोग आता है। किन्तु सुरगवी का बहुत विरोधी विकराल काल है, भारतीय बुभुक्षित विज्ञ इस पर दृष्टि भी देना नहीं चाहते, दृष्टि पड़ जाने पर फसने का भय करते हैं, विशेष परिचय, अध्ययन तथा अन्वेषण कैसे उठे, किसके सामने कहा जाय? कौन विश्वास करेगा? तो भी यदि किसी की जिज्ञासा जागे तो विश्वास पाने के मार्ग का निवेदन करता हूँ, केवल रघुवंश के द्वितीय सर्ग को कई वार पढ़कर शब्द और वाक्यों के अर्थ को ठीक-ठीक समझने का प्रयास करें, उसके वाद इस समय के व्यावहारिक विषयों के छोटे-छोटे ऐसे हिन्दी वाक्य वनावें जिनका संस्कृतानुवाद कालिदास के उस द्वितीय सर्ग के शब्दों द्वारा हो सकें, ऐसे आठ दस संस्कृत वाक्यों को इस समय संस्कृत भाषा द्वारा व्यवहार में निपुण आठ दस विद्वानों को अलग-अलग दें, और प्रश्न करें कि? यह अनुवाद ठोक है कि नहीं? यदि ठीक है तो इसमें किसी पदों के स्थान पर किस दूसरे पद को रखने से अच्छाई आ सकती है? यदि ठीक नहीं है तो क्या ठीक है? इस प्रकार परीक्षा में मतभेद हुआ तो भाषा का परिवर्तन हुआ। कालिदास के समय अमुक अर्थ के लिये अमुक शब्द या वाक्य उपयोगी था, इस समय यह शब्द या वाक्य उपयोगी है ऐसा पहचान ही भाषा परिवर्तन ज्ञान है। महात्मा तुलसीदास जी के मानस का बहुत प्रचार है, उस पर भी कुछ आजमाईस कर सकते हैं। क्रव्याद, असृप, ये संस्कृत शब्द आधार हैं, इस पर मांस रुधिर के पर्यायों को लेकर और अद्, अश्, भक्ष, खाद, पा धातुओं को लगाकर किन-किन शब्दों को वनाया गया? वे सरल सुबोध हैं, उनको प्राचीन संस्कृत कविओं ने नहीं लिया, प्रायः आधुतिक संस्कृत पण्डित भी नहीं लेते किन्तु लेगें।

करीब ४० वर्ष पहले के महाविद्वान् स्वर्गीय म० म० पं० श्री रामावतार शर्मा जी संस्कृत भाषा के सूक्ष्म अनुगम में बड़े निपुण कहे जाते थे, पद्य रचना के प्रसङ्ग में वे पूछते थे कि कालिदास की भाषा का अथवा भारवि, माघ आदि के भाषा का श्लोक बनाऊँ? उस पर उसके अनुसार ही बनाते थे। उनकी भाषा भेद करने वाली सूक्ष्म दृष्टि थी। यह अधिकतर सुना हुआ है साक्षात्कार का अवसर नहीं

मिला, किन्तु परमार्थदर्शन का प्रारम्भिक थोड़ा सा मुद्रित प्रयोजनभाष्य मिला, उसके पढ़ने से पतञ्जलि की भाषा का उनका अद्भूत अनुगम है ऐसा मालूम हुआ। इस प्रकार थोड़ी-सी सूक्ष्म भाषा परिवर्तन की सूचना हो गई।

रूढि शब्दों के निर्वचन के लिये उपलब्ध उणादि सूत्र बहुत वर्षों से विद्वानों द्वारा अनादृत देखता हूँ, मालूम होता है संक्षिप्त पाणिनि के सूत्र से ही गतार्थ करने में संतोष पाया गया है। इसीलिये परीक्षा से बहिष्कृत करके अध्ययन रोका गया है, क्योंकि छात्रों से उपेक्षित भी स्वरवैदिकी प्रक्रिया विद्वानों का अपेक्षित ही होकर परीक्षा में प्रविष्ट है, यद्यपि उसका फल नहीं है तो भी आदर पाने का लक्षण तो है। स्वर सञ्चार तथा वैदिक भाषा से कोई अपेक्षा न रहने से उसका अभ्यास और मनन नहीं किया जाता, कम से कम नम्बरों से भी किसी प्रकार उतीर्णता अभिप्रेत रहती है, और छात्र ही अध्यापक होते हैं, पण्डित मण्डली के वैदिक और वैयाकरण विद्वानों में स्वरसञ्चार प्रक्रिया नहीं के बराबर है। इङ्लिश भाषा में मैकडोनल द्वारा पाणिनीय सूत्रों के समन्वय के साथ स्वर सञ्चार प्रक्रिया मुद्रित प्रचलित है, विशेष जिज्ञासु आङ्लाध्यापक उसीसे सन्तोष पाते हैं। विद्या विरक्त भारतीयों के लिये यह खेदकर नहीं है।

यास्क आदि निरुक्ताचार्यों द्वारा वैदिक शब्दों का जो निर्वचन है वह संक्षिप्त एक उणादि सूत्र से गतार्थ है यह पाणिनि का अभिप्राय है, निरुक्त निर्वचन से यदि कुछ नये धातुओं का आभास होता है तो उपर लिखित पद्य के अनुसार नये धातुरूप की कल्पना से पाणिनि भी सहमत है। प्रासङ्गिक तथा इष्ट अर्थ का अनुसन्धान तो निरुक्ताचार्यों का तथा वैयाकरणों का भी अपेक्षित है।

निरुक्त ग्रन्थ में 'व्याकरणस्य सर्वस्वम्' को देखकर पाणिनीय व्याकरण का सभी धन निरुक्त है, व्याकरण को परिपूर्ण करता है, ऐसा वर्णन करके कुछ लोग पाणिनीय व्याकरण की न्यूनता बताते हैं सो ठीक नहीं है, क्योंकि निरुक्त के व्याकरण-शब्द से पाणिनीय व्याकरण नहीं लिया जाता, प्रातिशाख्य भी व्याकरण है, प्राति-शाख्य से निरुक्त का सम्बन्ध स्फुट है। निरुक्त में व्याकरण का कार्य या प्रयोजन स्वर संस्कार योग शब्द से वर्णित है। प्रातिशाख्य में भी स्वर-संस्कारयोग कार्यशब्द से

कहा गया है। संभव भी है कि निर्वचन के अनुसार स्वरसंस्कार योग हो; और निर्वचन का साधन प्रातिशाख्य में नहीं है।

(२) प्रातिशाख्य का कार्य इसी व्याकरण से चलाना पाणिनि को अभिप्रेत है। शाखाविशेष को उद्देश्य बना कर विहित व्याकरण कार्य प्रातिशाख्य कहा जाता है, अष्टाध्यायी में भी शाखाविशेष के लिये सूत्र हैं। यदि पाणिनि का वैसा अभिप्राय न हो तो वैसे सूत्र व्यर्थ हो जायेंगे।

प्रातिशाख्य में विहित कार्य अधिकतर पाणिनि के लौकिक वैदिक प्रक्रिया से संपन्न हो जाते हैं। किसी ने अन्वेषण भी किया, पाणिनीय प्रक्रिया से गतार्थता ही परिणाम निकला।

और भी देखें कि पाणिनि के सूत्र संक्षेप के प्रतीक हैं, इनके व्याख्यान में बुद्धिबल की अपेक्षा है, श्रम के अनुसार व्याख्यान बढ़ता है और उनके नये कार्य दीख पड़ते हैं। जिनमें च-तु आदि निपात भी अनेक अर्थों के द्योतक होते हैं, कुछ प्रयोग सूत्र प्रयोगों के निर्देश से भी सिद्ध हो जाते हैं। ज्ञापन-नियम-उत्सर्गापवाद रीति संकोच, उस विषय की परिभाषाओं द्वारा कुछ अर्थविशेष प्रकट हो जाता है, अभी कोई प्रातिशाख्य का विषय न भी सिद्ध होता हो तो पीछे व्याख्यानों द्वारा सिद्ध हो जायेगा, अथवा पाणिनि के समय वह प्रातिशाख्य विषय नहीं प्रचलित हो पाया था, बहुत थोड़े विषयों के लिये अनेक समाधान संभव हैं।

पाणिनीय व्याकरण का महान् ग्रन्थ संग्रह नाम का महाभाष्य से सूचित होता है, एक लाख श्लोक उसका परिमाण सुना जाता है, व्याडि आचार्य उसके रचयिता थे यह भी परम्परा है। निरुक्त सामश्रमी व्याडि को विकृतिवल्ली विधाता बताता है। पद-क्रम-धन-जटा आदि पाठ पद्धतिआं विकृति कही जाती हैं। इससे विश्वास किया जा सकता है कि व्याडि वैदिक साहित्य के बड़े विद्वान् थे तथा संग्रह ग्रन्थ में वैदिक विषयों का विशेष विश्लेषण होगा। प्रातिशाख्य विषय भी पाणिनि सूत्रों के अनुसार व्यवस्थित सम्भव है।

(३) स्वर सञ्चार। व्याकरण अपौरुषेय वैदिक पद वाक्यों के स्वरसञ्चार की शिक्षा देता है। यथा इन्द्रशत्रुःस्वरतोऽपराधात्, इत्यादि के परिशीलन के निपुणों को

भाषाविज्ञानशास्त्रविरोधश्च—न प्रयोगरचनायै शब्दानामर्थाः कल्प्यन्ते, किन्तु शब्दार्था व्यवस्थिताः। शब्दार्थनिर्णये न केवलं मुनयस्त्रयः शाब्दिका वा प्रमाणम्। किन्तु तद्भाषाव्यवहारपटुः पांसुलपादो हालिकोऽपि। लाघवगौरवतर्कौ आवापोद्वापौ अनन्यलब्धः शब्दार्थ इत्यादिरेव। अकर्मकस्थले फलव्यापारयोः पृथग्भानाभावे क्रियाविशेषणकर्मार्थं फलस्य पृथक् प्रतीतिः स्वीकर्तुं न शक्यते। प्रतीतिर्हि न प्रयोगाधीना, पुरुषाधीना कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं शक्या वा। श्रीशङ्करभगवत्पादैरनुभवानुसारमेव उपपादितत्वात्। षष्ठी शेषे सूत्रस्थेन 'नहि शब्दकृतेन नामार्थेन भवितव्यम्, अर्थकृतेन नामशब्देन भवितव्यम्' इति भाष्येण एतद्भाषाविज्ञानमेव उद्घोष्यत इतिः।

६. षष्ठ-निष्कर्षः

पादप्रक्षेपादौ तीव्रतां शिथिलताञ्च समीक्ष्य 'द्रुतं गच्छति, मन्दं गच्छती'ति प्रयुज्यते। उत्तरदेशसंयोगदौ फले न द्रुतत्वमन्दत्वे अवगच्छन्ति व्यवहर्तारः। तथापि क्रियाविशेषणस्य कर्मसञ्ज्ञायै द्रुतमन्दपदार्थयोः फलेऽन्वयो न समुचितः। ये क्रियाविशेषणमात्रस्य कर्मसञ्ज्ञां द्वितीयान्तताञ्च मन्वते, ते मन्यन्तां नाम पाणिनीयशास्त्रविरुद्धां द्वितीयान्तताम्। परं केषाञ्चित् फले द्रुतत्वमन्दत्वान्वयवादो भाषास्वभावानभिज्ञतामूलक एव। फलान्वयिनो विशेषणस्य कर्मसञ्ज्ञां व्यवस्थापयतो व्यापारान्वये च मौनस्य नागेशस्य मते व्यापा-

रान्वयिक्रियाविशेषणात् प्रथमैव युक्ता। अर्थात् नागेशमते व्यापारान्वयिक्रिया-विशेषणात् प्रथमायाः पाणिनीयता। मम मते तु क्रियाविशेषणमात्रात् प्रथमायाः पाणिनीयशास्त्रसिद्धतेति।

७. सप्तम-निष्कर्षः

विक्लित्यनुकूलो व्यापार इत्यादिरीत्या पचादिधात्वर्था वर्ण्यन्ते। तत्र अनुकूलत्वं जनकत्वं साधनत्वं प्रयोजकत्वं वा न व्यापारे विशेषणम्। विशेषणस्योपस्थित्याद्यपेक्षायां गौरवात्। किन्तु जन्य जनकभावः, साध्यसाधनभावः, प्रयोज्यप्रयोजकभावो वा फलव्यापारयोः संसर्गो भवति, लाघवात्। तद्घटकेषु जन्यत्व-साध्यत्व-प्रयोज्यत्वादिषु न फलत्वं संभवति, व्यापारनिष्ठविशेष्यता-निरूपितप्रकारत्वाभावात्, तत्तज्जन्यत्वादिफलमादाय क्रियाविशेषणस्य केषाञ्चित् कर्मत्ववर्णनं प्रमाणशून्यमनुभवविरुद्धमनुचितञ्च।

केचन विक्लित्युत्पत्त्यनुकूलो व्यापार इति रीत्या उत्पत्तिघटितं धात्वर्थं वर्णयन्ति जन्यत्वजनकत्वादिभावेन अन्यथासिद्धत्वाद् अनन्यलभ्यो हि शब्दार्थं इति न्यायविरोधाद् गौरवाद् अनुकूलत्वात् पृथगुत्पत्तिभानस्य अनुभवविरोधाच्च अनुचितम्। उत्पत्तिं विक्लित्तिञ्च फलमादाय द्विकर्मकत्वापत्तिश्च। तद्वारण-प्रयासोऽप्रामाणिकः स्यात्।

अपरे विक्लितिमिव विक्लितित्वमपि फलं वक्तुमुत्सहन्ते। तेषामहो पाण्डित्यं शरणम् जन्यत्वसाध्यत्वादिकं विक्लितित्वे नास्तीति ते न जानन्ति। विक्लितित्वस्य विशेष्यत्वप्रकारतया भाने विक्लितित्वत्वस्यापि भानापत्तिरित्यनुभवशरणा संकुचेयुः।

८. अष्टम-निष्कर्षः

लः कर्मणि च भावे चाकर्मकेभ्यः, कर्तृकर्मणोः कृति इति सूत्रे प्रणयन् पाणिनिः क्रियाविशेषणं कर्म न जानातीति सूत्रविरोधः। अन्यथा 'स्तोकस्तण्डुलं पच्यते, स्तोकस्य पाकः' इत्याद्यापत्तिः। फलाश्रयतण्डुलादिरिव क्रियाविशेषण-स्तोकादिर्न कर्तुरीप्सिततमं कर्म इति सूत्रेण कर्मतया परिभाषितः। अन्यथा समानया परिभाषया परिभाषयितुः पाणिनेः पूर्वोक्तसूत्राभ्यामेकस्य ग्रहणमपरस्य चाग्रहणं न सङ्घटते। कर्तृसाहचर्येण भेदान्वयिकर्मणो ग्रहणं सूचयति सूत्रकार इति चेत् कर्मसाहचर्येण फलाश्रयः कर्ता कर्मतयैव गृह्यते इति कथन्न सूचयति? न तादृशाः प्रयोगा दृश्यन्त इति चेद्, एवमेव मार्गमनुसर। कीदृशेन चक्षुषा स्तोकं पचति इत्यत्र कर्मसंज्ञा दृश्यते?, कं वा पाणिनिः स्वप्ने स्तोकमित्यस्य

कर्मसञ्ज्ञामाह ? बहूनां लेखात् स्तोकस्य कर्मसञ्ज्ञां प्रत्येमीति चेत्, यस्य लेखं पश्यसि स कर्मसञ्ज्ञां मनुत इति मन्यस्व, पाणिनिर्मनुते इति भ्रमं त्यज।

वार्तिककारोऽपि क्रियाविशेषणस्य कर्मतां न जानाति, अन्यथा उभयोः सूत्रयोः 'न क्रियाविशेषणे इति वाच्यम्' इत्युपसंख्यायेत।

किञ्च—कर्मणि द्वितीयार्थमेव क्रियाविशेषणस्य कर्मसञ्ज्ञा आचार्येभ्यो न रोचेत, अनेकस्थले समानव्यवहाराय हि संज्ञा क्रियते। ततो वरं फलविशेषणेभ्यो द्वितीयेति वचनं स्यात्।

नापि भाष्यकारो जानाति, अन्यथा अपूर्ववचनेन कर्तुं साहचर्येण वा उक्तयोः सूत्रयोः क्रियाविशेषणकर्मणोः ग्रहणं वारयेत्। प्रचुरप्रयोगविषया हि क्रियाविशेषणानि। तत्र कर्मसञ्ज्ञां न जानाति त्रिमुनि-व्याकरणमिति मम विषयः। अपरे मन्वते न वेत्ति त्यजामि। समर्थः पदविधिः, कर्मवत्कर्मणा तुल्यक्रियः, सार्वधातुके यक् इति सूत्रस्थभाष्यविरोधः प्रथमनिष्कर्षे प्रदर्शितोऽत्रानुसन्धेयः।

अपरोऽपि कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे इति सूत्रस्थभाष्यविरोधो दृश्यताम् देशकालभावादिकर्मणाम् अकर्मकाणामपि सत्त्वात् सर्वथा कर्मरहिता अकर्मका न भवन्तीति असम्भववारणाय 'न च केचित् कालभावादिभिरकर्मकाः, त एवं विज्ञास्यामः—क्वचिद् येऽकर्मका इति' इति भाष्यं व्यवस्थापयति। यदि क्रियाविशेषणं कर्म जानीयात्, तदपि पर्युदस्याद् भाष्यकार इति।

९. नवम-निष्कर्षः

स्तोकं पचतीत्यत्र फलेन साकं स्तोकपदार्थस्याभेदसम्बन्धेनान्वय इति समेषामभिमतम्। अभेदे साध्यसाधनभावस्यासंभवात् क्रियाकारकभावेनान्वयो न संभवति। तेन फलं प्रति स्तोकस्य कर्मत्वासंभवः। प्रथमनिष्कर्षे कर्मवत्कर्मणा तुल्यक्रिय इति सूत्रस्थभाष्येण स्फुटमभेदे साध्यसाधनभावस्य विरोधः प्रदर्शितोऽस्ति। नेह पुनः प्रपञ्चः क्रियते। यद्यपि अनेकस्थले बुद्धिसिद्धपदार्थमादाय क्रियाकर्मभावः प्रतीयते, परं बुद्धिसिद्धस्यापि साधनत्वस्य भानं युगपदभेदभानेन विरुद्ध्यत एवेति।

१०. दशम-निष्कर्षः

'सुपां कर्मादयोऽर्थाः' इति भाष्यानुसारम् 'आश्रयोऽवधिरुद्देश्य' इति भूषणकारिकया कर्मकारकद्वितीयाया आश्रयत्वम् आश्रयो वाऽर्थो व्यवस्था-

पितः। तथा च अभेदार्थिका क्रियाविशेषणकर्मद्वितीया व्याकरणसिद्धान्त-विरुद्धा। एवञ्च क्रियाविशेषणं कर्म अप्रामाणिकमिति शम्।

श्रीपाणिनेश्चरणयोः प्रणिपातपूर्वं
कात्यायनस्य वचनं हृदये निधाय।
पातञ्जलाब्धिपरिमग्नमनाः प्रकुर्वे
पाठार्पणं स्वगुरवे प्रभवे कृतार्थः॥



काशीस्थ संस्कृत-मासिक सूर्योदय पत्र के ४५वे वर्ष १०वे अङ्क अक्तुबर १९६९ ई० से आरम्भ करके क्रमशः तीन अङ्कों में प्रकाशित संस्कृतमय

क्रियाविशेषणविभक्तेः पाणिनीयताविचारः

यद्यपि इस विषय पर एक और हिन्दी में लेख साथ ही है, बहुत विषय मिलते भी हैं तो भी उससे यह सर्वथा गतार्थ नहीं होता इसलिये पृथक् लिखा जाता है, सम्पादक लेख-बिहार प्रदेश-गम्हरिया-सारन के निवासी सुप्रसिद्ध दार्शनिक वैयाकरण विद्वान् श्री ओझा महोदय क्रियाविशेषण विभक्ति विषय को लेकर प्राचीन तथा नवीनों की सभी विरुद्ध विचारों को उपस्थित करके सूत्र-भाष्य-वार्तिकों के अध्ययन बल से इस निबन्ध में दस निष्कर्ष सिद्ध किये हैं, जो अवश्य व्याकरण समुद्र के तलरत्नों को खोजने वाले कुछ विद्वानों के प्रमोद को करने वाले होंगे ऐसा सादर दृढ़ समझता हुआ भी मैं स्थान के संकोच से क्रमशः दो तीन अङ्कों में प्रकाशित कर रहा हूँ, सम्पूर्ण निवन्ध के प्रकाश के बाद यदि कोई इस निबन्ध की समीक्षा भी भेजेगा तो उसका भी सहर्ष प्रकाशन करूँगा, ऐसा निवेदन करना है। —सम्पादक

प्राचीन तथा नवीन वहुत आचार्यों के विपरीत व्याख्यान के वचनों की उपेक्षा करके सूत्र-वार्तिक और भाष्य को ही प्रमाणरूप से मानकर वचन से सिद्ध अनुपत्ति-अर्थापत्ति से मालूम हुए और ज्ञापक से निकले हुए सिद्धान्तों को स्वीकार करके यह अध्ययन चला है। उसमें नीचे लिखे गये संक्षिप्त निष्कर्ष हैं।

(१) क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा में पाणिनीय सिद्धान्त के अनुसार कोई विधि-वचन नहीं है।

(२) कुछ व्याख्यान करने वाले आचार्य क्रियाविशेषण को कर्म संज्ञा कहते हुए भी शेखर और शब्दरत्न को छोड़कर कोई भी क्रियाविशेषण की कर्मसंज्ञा के लिये 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' इस सूत्र का समन्वय नहीं करते, शेखर-शब्द रत्न के बाद के व्याख्याताओं के व्याख्यान तो इन्हीं की सहायता से हैं।

(३) नागेश आदि फल में अन्वय वाले विशेषण को कर्म मानते हैं व्यापार में अन्वय वाले विशेषण को नहीं, उनका अधिकतर लेख वैसा ही है, कहीं इससे विपरीत लेख हो तो वह भूल से है, वह भूल नागेश से हुई हो या ग्रन्थ प्रतिलिपि कर्ताओं ने किया हो।

(४) किसी ने क्रियाविशेषण को द्वितीयान्त होने में ज्ञापक दिया है, वह अन्यथा सिद्ध है मानने लायक नहीं है।

(५) अकर्मकस्थल में व्यापार के साथ अन्वय के विना केवल फल में विशेषण का अन्वय करना व्याकरणशास्त्र सिद्धान्त से तथा भाषा विज्ञान शास्त्र सिद्धान्त से विरुद्ध है।

(६) द्रुतं गच्छति = जल्दी जाता है, मन्दं गच्छति = धीरे जाता है इत्यादि वाक्यों के व्यापार में ही जल्दी और धीरे का अन्वय है फल में नहीं, किसी का फल में अन्वय करना भाषा स्वभाव की जानकारी के विना है तथा भाषा विज्ञान विरुद्ध है।

(७) धातुओं के अर्थ वर्णन में फल और व्यापार में जो साध्य साधन भाव या जन्यजनक भाव अथवा अनुकूलत्व मालूम पड़ता है वह संसर्ग ही है विशेषण नहीं, उसमें साध्यत्व साधनत्व-जनकत्व आदि सभी संसर्ग ही है प्रकार नहीं। प्रकार मानने पर गौरव है तथा अनुभव का विरोध है, उसको प्रकार ही मानकर कुछ लोग साध्यत्व-उत्पत्ति और फलतावच्छेदक विक्लित्तित्वादि को फल मानते हैं, वह प्रमाण से शून्य है तथा अनुभव से विरुद्ध है, केवल कल्पना है।

(८) क्रियाविशेषण को कर्म मानने पर दोष है, और सूत्र भाष्य आदि का विरोध है।

(९) क्रियाविशेषण कर्म का धात्वर्थ में अभेद सम्बन्ध से अन्वय करना क्रिया कारक के साध्य-साधनभाव से विरुद्ध है तथा साध्य-साधनभाव प्रतिपादक भाष्य से विरुद्ध है। यद्यपि अनेक जगह बुद्धि सिद्ध वस्तु को लेकर साध्य-साधनभाव का वर्णन होता है तो भी एक ही साथ भेद अभेद विरुद्ध ही होगा।

(१०) कर्म द्वितीया का कहीं भी अभेद अर्थ नहीं किया गया किन्तु आश्रयत्व या आश्रय किया गया है।

इन पर संक्षेप से कुछ विचार करता हूँ, और अध्ययनशील विद्वान् पाठकों से निवेदन करता हूँ कि इसमें सूत्र-वार्तिक और भाष्य से यदि कुछ विरोध मालूम पड़े तो विरोध प्रदर्शन के साथ किसी प्रकार मुझे सूचित करने की कृपा करें। दूसरों के विरोध प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं, उस पर मेरा ध्यान नहीं है।

(१) पहला निष्कर्ष—व्युत्पत्तिवाद में अनेक जगह पाणिनीय सूत्रों का उल्लेख करते हैं कहीं महाभाष्य का भी दिर्देश देते हैं तो भी गदाधर भट्टाचार्य क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा के लिये पाणिनीय सूत्रों को नहीं देखते हुए दूसरे अनुशासन की तरह लिखते हैं, व्युत्पत्तिवाद की कृष्णं भट्टी टीका इसके लिये पाणिनीय अनुशासन नहीं है ऐसा स्फुट कहती है। दूसरे टीकाकार अति देश सिद्ध कर्मत्व का व्याख्यान करते हैं, पाणिनीय अनुशासन नहीं रहने के कारण ही शब्द शक्ति प्रकाशिका में जगदीश तर्कालङ्कार कर्म संज्ञा नहीं मानते हुए दूसरे प्रकार से द्वितीया साधन का क्लेश करते हैं, पाणिनीय सूत्रों के अनुसार ही कारकों के अर्थों का व्याख्यान करने वाले खण्डदेव आदि मीमांसक अनुशासन नहीं होने से ही किसी प्रकार द्वितीया सिद्ध करते हैं। पाणिनीय व्याकरण के व्याख्याता आचार्य ग्रन्थों में अनेक जगह कुछ कुछ भेद करके लिखते हैं, कहीं क्रियाविशेषण कहीं क्रियाविशेषण कर्म, कहीं २ क्रियाविशेषण द्वितीयान्त लिखते हैं। इस प्रकार क्रियाविशेषण द्वितीयान्त का विशेष प्रचार मालूम पड़ता है। किन्तु द्वितीया विधान में प्रक्रिया का भेद संभव है।

भूषणसार दर्पण धात्वर्थ निरूपण में ऐसा आया है—दूसरे लोग तो 'ओज: सहाम्भसा वर्तते' इसके अधिकार में 'तत्प्रत्यनुपूर्वमीपलोमकुलम्' इस सूत्र में द्वितीयान्त तत् शब्द का ग्रहण क्रियाविशेषण से द्वितीया का ज्ञापक है, स्तोक आदि अर्थ की कर्म संज्ञा भी नहीं है, फल फलका आश्रय नहीं हो सकता, इन लेखों से मालूम होता है कि पाणिनीय वैयाकरणों का भी कोई सम्प्रदाय क्रियाविशेषण को कर्म नहीं मानता, शेखर शब्द रत्न की प्रक्रिया को पसन्द नहीं करता।

प्राय: १९३६ ई० में काशी में स्वर्गीय पूज्यपाद महामहोपाध्याय श्री हाराणचन्द्र भट्टाचार्य जी नीचे लिखे की तरह कहें—क्रियाविशेषण की कर्मसंज्ञा के लिये कोई पाणिनीय अनुशासन अथवा महाभाष्य का स्वारस्य नहीं है, पाणिनीय व्याकरण के अनुसार प्रतिपदिकार्थ में प्रथमा ही ठीक है, शेखर आदि में द्वितीया प्रसिद्धि का अनुरोध करके नागेश आदि फल के अन्वयी क्रियाविशेषण की तरह कर्म संज्ञा करते हैं, उनके मत में भी व्यापार में अन्वयी क्रियाविशेषण में उनके मत से भी प्रथमा ही होती है, शेखरकार 'तत्प्रत्यनुपूर्वमीपलोमकुलम्' सूत्र में प्रथमा ही कहे हैं, मेरा यह गुरु परम्परागत विषय है।

उसी समय काशी में प्रसिद्ध पाँच छ: महावैयाकरणों के पास आकर पूछा, उस सम्प्रदाय का अनुमोदन वे लोग नहीं किये, तथा क्रिया-विशेषण की कर्मता में भाष्य का स्वारस्य भी नहीं दिखाये।

शब्देन्दुशेखर कारकशेखर दीपक नाम की टीका में इस प्रसङ्ग पर सप्तम निष्कर्ष में कथित फल वर्णन की रीति से क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा की गई है, उसी आधार पर कलकत्ता विशुद्धानन्द विद्यालय के अध्यापक अनेक उपाधिओं से विभूषित पं० श्री सीताराम शास्त्री जी ने क्रियाविशेषण तत्वं नाम की एक छोटी पुस्तक लिखीं, वह 'मञ्जूषो' नाम की संस्कृत पत्रिका में प्रकाशित है, १९५७ ई० अयोध्या के संस्कृत पत्र में इस विषय पर अनेक अङ्कों में अनेक लेख प्रकाशित हुए हैं, उसमें मेरे भी अनेक लेख प्रकाशित हुए। किन्तु विवेचक विद्वान् विचार के दूसरे मार्ग पर चलने लगे, उससे मेरा पूरा सन्तोष नहीं हुआ, इसीसे फिर प्रस्तुत करता हूँ।

पं० श्री नित्यानन्द पर्वतीयकृत शेखर दीपक में इस प्रकार लिखा है—फल की कर्म संज्ञा न हो तो भी 'नीलंघटमानय' इत्यादिवाक्यों में नील की कर्म संज्ञा नहीं होने पर भी कर्मवाचक घटपद का समानाधिकरण होने से उसमें द्वितीया जैसे होती है वैसे ही फलवाचक पद से भी द्वितीया हो जायेगी। कर्मत्व से इतर जो करणत्व सम्प्रदानत्व आदि उससे अनवच्छिन्न जो प्रकारता उसका प्रयोजक पद से द्वितीया होती है ऐसा इस पक्ष में कर्मणि द्वितीया सूत्र का अर्थ होगा, स्थूल भाव ऐसा होगा कि कर्म से भिन्न कोई कारक न हो तो भी द्वितीया हो, उससे कुछ सूक्ष्मभाव होगा कि करणत्व आदि सम्बन्ध से जो दूसरे में विशेषण न होता हो उससे द्वितीया होती है। ऐसा दूसरे लोग कहते हैं।

इन दोनों अन्ये-परे तु लेखों से इतना समझा जा सकता है कि शेखर की प्रक्रिया में इन लोगों का असन्तोष होगा तभी दूसरी कल्पना करते हैं, असन्तोष का कारण भाष्य स्वारस्य न होना हो। तथा कर्मत्व न होने पर भी द्वितीया में आग्रह है। यह कल्पना दुर्बल है, भाष्य स्वारस्य विहीन अप्रामाणिक गौरवग्रस्त है, कर्मणि द्वितीया के ऐसा ही कर्तृकरणयोस्तृतीया का भी करणत्व से इतर जो कर्मत्वादि उस से अनवच्छिन्न प्रकारता का प्रयोजक इत्यादि अप्रामाणिक गौरव चलेगा। वैयाकरण कर्तृत्व कर्मत्व आदि का प्रकार होकर ही भान मानते हैं संसर्ग होकर नहीं, कोई संसर्ग माने भी तो शेषत्व विवक्षा में षष्ठी स्थल में 'सतां गतं मातु-स्मरति' आदि में, इस प्रकार यह असंभवग्रस्त है, 'कर्मपि कर्म भीष्ममपिकर्म' इत्यादि भाष्य से विरुद्ध भी होता है, इस रीति से कल्पना करने पर प्रातिपदिकार्थ प्रथमा का भी वैसा ही अर्थ होगा, कर्मत्वादि सम्बन्ध से अनवच्छिन्न प्रकारता प्रयोजक होने से प्रथमा हो जायेगी, जहां कर्मत्व आदि अर्थ नहीं रहेगा वहाँ प्रथमा द्वितीयादि का बाधक हो जायेगी।

और इस प्रकार सुपो का कर्म आदि अर्थ हैं ऐसे भाष्य स्वारस्य से फलाश्रय की ही कर्म संज्ञा होती है फल या फल में अभेद सम्बन्ध से विशेषण की कर्म संज्ञा नहीं होती, अतः अवशिष्ट प्रातिपदिकार्थ मात्र में प्रथमा ही मुझे ठीक मालूम पड़ती है।

जो कोई प्रथमा स्वीकार करने पर दोष देने का प्रयास करता है उससे भी कुछ विशेष नहीं होता—'निपुणस्त्वं पचति मृदुत्वा राजा द्रविणंन योजयति' इत्यादि में 'सपूर्वायाः प्रथमायाविभाषा' इस सूत्र से विकल्प आदेश की आपत्ति लगेगी, किन्तु यह आपत्ति है या इष्ट है इसी का अभी निर्णय नहीं हुआ, धात्वर्थ में अभेद सम्बन्ध से अन्वयी विशेषण को कर्म संज्ञा होती है, ऐसा त्रिमुनि से नहीं कहा गया है, तथा उक्त प्रयोग में विकल्प आदेश इष्ट नहीं है' यह भी नहीं कहा गया है। व्यापार से अन्वयी विशेषण में शेखरकार भी प्रथमा ही मानते हैं। क्रियाविशेषणमात्र की द्वितीयान्तता लोकप्रसिद्धि का परित्याग शेखरकार से ही शुरू है।

गदाधर भट्टाचार्य यदि कोई दूसरे व्याकरण का अनुशासन मानते हों तो उस पर विचार नहीं है, यदि अतिदिष्ट कर्मत्व समझते हों तो मुनित्रय सम्मत न होने से पाणिनीयों का आदरणीय नहीं है।

'उभसर्वतसोः कार्या धिगुपर्य्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाऽऽम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते।।'

इस वार्तिक के 'अन्यत्रापि दृश्यते' खण्ड से भाष्य सम्मति के विना द्वितीया विधान पाणिनीयों का सम्मत नहीं है। इससे जगदीश तर्कालङ्कार और खण्डदेव आदि की व्यवस्था पाणिनीय नहीं है। इस प्रकार क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा तथा द्वितीयान्त होने में तीनों मुनिओं की सम्मति नहीं है।

जो भी सक्रल्वौ प्रयोग में सकृत् की कर्म संज्ञा न होने पर गतिकारक से इतर हो जायेगा उससे यण् नहीं होगा ऐसा दोष देना है, वह भी बहुत दुर्वल है, प्रातिपदिकार्थ सूत्र भी क्रियायोग में प्रवृत्त होता है, क्रिया के साथ अन्वयिरूपकारत्व निर्वाध है।

'तत्प्रत्युनुपूर्वमीपलोमकूलम्' इस सूत्र में वर्तते के योग में द्वितीयान्ततत्पद है, ऐसा वहुतों का व्याख्यान भाष्य के अनुकूल न होने से अशुद्ध है, इसी कारण शेखर में प्रथमायुक्त है ऐसा कहा गया। वर्तते अकर्मक है, व्यापार में ही तत्पद के अर्थ का अन्वय होगा, नागेश के व्याख्यान से भी प्रथमा ही ठीक है, प्रथमान्त मानने में भाष्य आदिका विरोध नहीं है।

तृतीय निष्कर्ष से सम्बन्ध वाले नागेश मत का यह भी उदाहरण है। चतुर्थ निष्कर्ष की अन्यथा सिद्धि भी इसी प्रकार समझनी चाहिये। इसका सम्बन्ध पञ्चम निष्कर्ष के निरूपण में भी आयेगा।

'करणे स्तोकाल्पकृच्छ्रकतिपयस्यासत्ववचनस्य' इस सूत्र में करण पद का 'स्तोकं पचति' यह प्रत्युदाहरण दिया जाता है, इस पर कुछ लोग लिखते हैं कि क्रिया-विशेषण को कर्म नहीं मानने पर उसकी असंगति होगी, किन्तु वह व्यर्थ है, कर्म-संज्ञा न होना प्रथमा होना भी मानने पर कुछ भी असंगति नहीं है, केवल असत्व-वचन की आवश्यकता है, वह साध्यावस्थापन्न धात्वर्थ क्रिया में विशेषण होने से हो जायेगा।

कोई 'पूजनात् पूजितमनुदात्तम्' सूत्र के व्याख्यान से क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा निकालता है, मलोप का विधान है इससे यह समास न होने पर प्रवृत्त होता है 'दारुणम् अध्यापक' इसमें दारुणं यह क्रियाविशेषण कर्म है, 'दारुणः अध्यापक' इस अवस्था में प्रवृत्ति संभव होती तो विसर्गलोप का उपसंख्यान होता। वह भी ठीक नहीं, प्रातिपदिकार्थ प्रथमा होने पर नपुंसक क्रियाविशेषण होना ही है, म् मिलेगा विसर्ग नहीं, द्वितीया लोप का विधान नहीं हैं कि प्रथमा का विरोध हो, जैसी द्वितीया वैसी नपुंसक प्रथमा, दोनों पक्ष में एकदेशान्वय है, क्रियाविशेषण द्वितीयान्त ऐसा और लोगों का व्याख्यान है भाष्यकार का नहीं, मलोप प्रत्याख्यान पक्ष में भी द्वियीयान्त से तथा प्रथमान्त से कर्मधारय में कोई फरक नहीं है, प्रथमा तो पहले उपस्थित है, 'स्तनाभ्यां स्तोकनम्रा' इत्यादि के ऐसा अध्यापन में दारुण्य का अन्वय है।

'स्तोकं पचति' अर्थ में 'कर्मण्यण्' सूत्र नहीं लगता, ऐसा प्रायः सभी मानते हैं, कोई ऐसा भी लिखता है कि त्रिमुनि की सम्मति न होने से 'कर्मण्यण्' नहीं लगता, उसीको इस प्रकार कहें कि—स्तोकं पचति में क्रियाविशेषण को कर्म मानना त्रिमुनि की न्यूनता बताना है, क्योंकि यहां यदि कर्म संज्ञा होती तो कर्मण्यण् के निषेध के लिये त्रिमुनि का कोई वचन आवश्यक होता।

'समर्थः पद विधिः' सूत्र का भाष्य प्रदीप-उद्योत देखा जाय—

वहाँ विधि शब्द में कर्मसाधन कहकर भाष्यकार कहते हैं, किसका विधान है ? उत्तर—समास-विभक्तिविधान और पराङ्गवद्भाव, इति । वहां एक वचनान्त क्रिया का प्रत्येक में अन्वय करके 'विभक्ति विधानं विधीयते' ऐसा अवान्तर वाक्य फलित होता है, वहां विधान का विधान कर्म विरुद्ध मानकर प्रदीप कहता है—विभक्ति विशेषण से विशिष्ट विधान कर्म है, विधान क्रिया सामान्य है, जैसे सामान्य पुष्टि का अवयव पुष्टि कर्म है। इति । इस प्रकार भाष्य और प्रदीप में क्रियाविशेषण होने से कर्म ऐसा नहीं कहा गया है, अब प्रदीप के 'विभक्त्यवच्छिन्न' प्रतीक पर उद्योत लिखता है। इस प्रकार 'पाकं पच्यति' के ऐसा सामान्य विशेष भाव होने से अन्वय है ऐसा भाव है और क्रियाविशेषण होने से कर्म है।

यह वहाँ विचारणीय है—विभक्तिविधानं विधीयते में कर्म विधान को विभक्ति से विशिष्ट बनाकर विशेष बनाया गया, पाकं पच्यति में कर्मपाक को कैसे विशेष बनाया गया, यदि परस्पर भिन्न घञर्थ धात्वर्थ का विशेषण विशेष्यभाव से विशिष्ट घञर्थ विशेष हुआ कहा जाय तो प्रदीप का विशेषण विभक्ति का प्रभाव करना व्यर्थ हो जायेगा, धात्वर्थ को ल्युडर्थ में विशेषण होने से ही पाक के ऐसा विधान विशेष हो जायेगा। प्रदीप में यथोक्त करके 'कर्मवत्कर्मणा तुल्य क्रियः' सूत्र के भाष्य का ग्रहण है, उसका व्याख्यान वहीं देखना है।

वास्तव में 'सार्वधातु के यक्' सूत्र भाष्य के अनुसार कृत् से अभिहित भाव द्रव्य के ऐसा होता है, क्रिया का समवायी होता है, पाक विधान आदि फलाश्रय कर्म हैं क्रियाविशेषण कर्म नहीं हैं। सामान्य विशेष भाव या अभेद का किसी प्रकार आश्रत्व के वैलक्षण्य में उपयोग है, 'कर्मवत्कर्मणा तुल्य क्रियः' का भाष्य धातु के उत्तर कर्म प्रत्यय का अर्थ होना तथा धातु का अर्थ होना एक वस्तु में विरुद्ध माना गया है, ऐसे स्थलों में विलक्षण कृत् अर्थ भाव फलाश्रय कर्म है, यही भाष्य सम्मत है, विभक्ति विधानं विधीयते यह कर्मलकार का उदाहरण है, क्रियाविशेषण कर्म में लकार नहीं होता, ऐसा नागेश भी दूसरी जगह लिखते हैं। नहीं तो स्तोकस्तण्डुलं पच्यते भी साधु हो जाय। कर्मलकार में क्रियाविशेषण कर्म का वर्णन भाष्य विरुद्ध है, क्रियाविशेषण को कर्म मानने वाले भी उसमें लकार या षष्ठी नहीं मानते। यहां

नागोजी भट्ट का अपने कथन का भी विरोध है। कोई इस भाष्य को क्रियाविशेषण की कर्मसंज्ञा में उपयोग करते हैं किन्तु विपरीत है, यहाँ का भाष्य उसका विरोध करता है। इसको अष्टम निष्कर्ष के निरूपण में भी जोड़ना चाहिये।

नवम्बर ११ अङ्क

इसी प्रकार 'कर्मवत्कर्मणा तुल्य क्रियः' सूत्र के उद्योत में नागोजी महोदय क्रियाविशेषण को कर्म कहे हैं, जहाँ-जहाँ नागोजी भट्ट भाष्य व्याख्यान संन्दर्भ में क्रियाविशेषण को कर्म कहे हैं उन-उन भाष्य को कुछ लोग क्रियाविशेषण कर्मता में प्रमाण मान बैठे हैं, किन्तु वहाँ-वहाँ का भाष्य वास्तव में क्रियाविशेषण की कर्मता का विरोधी है। 'सकर्मकाणां प्रतिसेधो वक्तव्यः' इस वार्तिक के प्रत्याख्यान के लिये 'तपस्तपः कर्मकस्यैव' इस सूत्र को दो बार नियमार्थ कहा गया है। द्वितीय नियम के प्रतिपादक भाष्य का भाव निम्नलिखित है—

उस तपः कर्मक का ही, उस तपः कर्मक का ही कर्ता कर्मवद् होता है अन्य कर्मक का नहीं ? यह तपः कर्म क्या है ? तप धातु से औणादिक भाव साधन अस् प्रत्यय है।

प्रकृति का अर्थ क्या ? प्रत्यय का अर्थ क्या है ?, वही सन्ताप, वही प्रकृति का अर्थ और वही प्रत्यय का अर्थ कैसे हो सकता है ?, सामान्य तप का अवयव तप कर्म होता है, वह जैसे 'स एतान् पोषानपुषत्, गौपोषमश्वयोषं रैयोषमिति सामान्यपुषे रवयव पुषिः कर्म भवति' वह इन पोषों को पोषा, गोपोष को अश्व पोष को धनपोष को, सामान्य पुषि का अवयव पुषि कर्म होता है। इसी प्रकार यहां भी सामान्य तपिका अवयवतपि कर्म होता है।

'तपेर्वा सकर्मकस्य वचनं नियमार्थम्' इस भाष्य वार्षिक को लेकर इस विषय में मेरा नीचे लिखा प्रकार है, तपः इस योग विभाग से नियम करते हैं ऐसा भाव है, तप्यते तपस्तापस इसमें कर्मस्थ क्रिया से तुल्य क्रिया वाला कर्ता नहीं है, उपवास आदि तप कर्ता होगा तो तप धातु का दुःख अर्थ होगा, तापस कर्ता होगा तो अर्जन अर्थ होगा, यह दोष नहीं है, शरीर सन्ताप स्वरूप क्रिया तुल्य है, दोनों अवस्था में शरीर सन्ताप स्वरूप अर्जन तापस का व्यापार है। कः प्रत्ययार्थः इस भाष्य प्रतीक

पर 'तापसेन तपस्तप्यते यहाँ कर्म में लकार होने पर प्रकृति का अर्थ क्रिया प्रत्यय का अर्थ मालूम पड़ता है, क्रिया कर्म का साध्य साधन भाव है, वहाँ दोनों में भेद होना चाहिये, यहां भेद न होने से प्रकृति और प्रत्यय का एक अर्थ अनुपपन्न है, अथवा तपः कर्मकस्य इसी में प्रकृति के अर्थ को कर्म किया है। अवयव तपि इस भाष्य प्रतीक पर विशेष तपि ज्ञान रूप तप अर्थ है।

दोनों का सारांश—अभेद में साध्यसाधन भाव, क्रियाकर्म भाव और धात्वर्थ कर्म प्रत्ययार्थ की अनुपपत्ति पूर्व पक्ष में दीखाई गई है, सामान्य तपि का अवयव तपि कर्म है इस उत्तर वाक्य से भाष्यकार धात्वर्थ और कर्म में भेद दिखाते हैं, भाष्य में सामान्य पद होने पर भी विशेष पद नहीं है, सामान्य विशेषभाव वर्णन करना हो तो अभेद की आपत्ति होगी, तथा पूर्व पक्ष बना रह जायेगा। प्रदीप अवयव शब्द की जगह विशेष शब्द यद्यपि देता है तो भी ज्ञान लक्षण अनुवाद करता है, धात्वर्थ अर्जन अथवा संताप से तप कर्म का भेद व्यक्त करता है, यदि सामान्य विशेष भाव से प्रदीप का अभेद वर्णन में तात्पर्य हो तो उसका ज्ञान लक्षण भेद का वर्णन व्यर्थ हो जायेगा, भेद में सामान्य विशेष भाव वर्णन अनुपपन्न हो जायेगा। भाष्य या प्रदीप में क्रिया-विशेषण कर्म नहीं कहा जाता, कर्मलकार का यह उदाहरण है। क्रियाविशेषण कर्म में कर्मलकार नहीं होता, इस रीति से तप को क्रियाविशेषण कर्म कहना भाष्य आदि से विरुद्ध है।

मैं तो ठीक मानता हूँ कि भाष्यकार शीघ्र आगे कहते हैं, तप यह क्या है? तप धातु से भाव साधन उणादि अस् प्रत्यय है, उसी के अनुसार उत्तर वाक्य में अवयव शब्द बोलते हैं, नहीं तो इस प्रसङ्ग में तपःशब्द के व्युत्पादन का क्या उपयोग होगा?, उस प्रकार अवयव तप् धातु है जिसमें ऐसा भाव साधन अस् प्रत्ययान्त तपः शब्द उसका अर्थ कर्म है, वह धात्वर्थ से विशिष्ट अस् प्रत्ययार्थ भाव द्रव्य कल्प है, द्रव्य के ऐसा क्रिया समवाय—फलाश्रयत्व प्राप्त करता है, धात्वर्थ तो साध्यावस्थापन्न अद्रव्य क्रिया समवाय को नहीं पाता, इस प्रकार फलाश्रय कर्म कर्मलकार का अर्थ है, क्रियाविशेषण कर्म नहीं है, और देखें—तप् सकर्मक है, क्रियाविशेषण को लेकर सकर्मक नहीं होता, अतः फलाश्रय कर्म कोई भी होना चाहिये, तपः पदार्थ के बिना दूसरा फलाश्रय कर्म सूत्र भाष्य आदि के अनुकूल क्या होगा।

ऊपर लिखित प्रदीप के प्रतीकों पर नीचे लिखा उद्योत है।

कैयट में शरीर सन्ताप पद से वह व्यापार ही, वही अर्जन है ऐसा समझना चाहिये, वहां क्रियाविशेषण होने से स्तोक मेधते इत्यादि के ऐसा तप कर्म है, प्रकृत्यर्थस्यैव इस प्रतीक पर सन्ताप का ही अर्थ है, वही तपः पद का अर्थ है, प्रत्ययार्थत्वं प्रतीक पर तिङ् प्रत्यय का अर्थ कर्मत्व अर्थ है, यद्यपि क्रियाविशेषण रूप कर्म में लकार नहीं होता, कर्ता के साहचर्य से धात्वर्थ में भेद से अन्वयी ही कर्म का ग्रहण है। तो भी भाष्य प्रमाण से सामान्य विशेष भाव से अन्वयी क्रियाविशेषण कर्म में लकार होता ही है, इसी से स्तोकम् इत्यादि क्रियाविशेषण में एकत्व और नपुंसकत्व भी है। एतान् पोषान् अयुषत् इत्यादि में पुंस्त्व बहुवचन समझना चाहिये। ज्ञान लक्षणं तपः इस प्रतीक पर ज्ञान को पैदा करने वाले उपवास आदि रूप ऐसा अर्थ है। भाष्य के एतान् पोपान् इसके विशेष को बताने के लिये गाय का पोषण घोड़े का पोषण इत्यादि घञ् प्रत्ययान्त समझना चाहिये। इति

स्तोकम् एधते ऐसा दृष्टान्त देना चिन्तनीय है, दृष्टान्त में एध अकर्मक है, तप सकर्मक है, अकर्मक वृतु धातु के योग में 'तत्प्रत्यनुपूर्वमीपलोभकूलम्' यहाँ प्रथमान्त स्वीकार किये हैं, इससे अकर्मक धातु के योग में क्रियाविशेषण कर्म नहीं मानते, यद्यपि परम लघुमञ्जूषा में अस्. भू. वृत्. का व्यापार मात्र अर्थ है, वृतु के योग में फल के साथ अन्वय न होने से व्यापार के साथ अन्वय है क्रियाविशेषण कर्म नहीं होगा प्रथमान्त ही है, एध के योग में वृद्धि फल में अन्वय करके क्रियाविशेषण कर्म बनाना ठीक नहीं है, अकर्मक स्थल में फल और व्यापार का भिन्न जगह अन्वय करने पर सकर्मक हो जायेगा। इसीलिये धात्वर्थ निरूपण लघु मञ्जूषा में वृद्धि रूप क्रिया एध धातु का अर्थ किया गया है, वृद्धि क्रिया एक ही वस्तु है उसका दो जगह अन्वय कैसे होगा। वृद्धि को फल रूप से स्तोक में अन्वय करेंगे तो उसी का व्यापार रूप से कर्ता में अन्वय कैसे होगा?

मेरी रीति से स्तोक मेधते में क्रियाविशेषण प्रथमान्त ही है, तापसेन तपस्तप्यते इसमें क्रियाविशेषण कर्म मानकर नागोजी भट्ट बहुत क्लेश पाते हैं, कर्म में लकार के लिये भाष्य पर भार देते हैं, मेरे व्याख्यान में अभेदान्वय नहीं क्रियाविशेषण

कर्म नहीं किन्तु फलाश्रय कर्म है। कृत्प्रत्यय का अर्थ भाव धातु के अर्थ से भिन्न है, भेद सम्बन्ध से अन्वय है, अभेदान्वयि धात्वर्थ विशेषण कोई कर्म नहीं होता, मुख्य फलाश्रय दूसरे मिलते हैं तब ससहाय में व्यपदेशिवद्भाव से फलाश्रयत्व की कल्पना अनुचित है, इत्यादि में यह भाष्य प्रमाण है। धात्वर्थ के साथ अभेदान्वयि कर्म में लकार मानने में स्तोकस्तण्डुलं पचति प्रयोग की आपत्ति होगी। यहाँ उद्योत का सामान्य विशेष भाव कहना कोई विशेष नहीं व्यक्त करता, सभी जगह सामान्य और विशेष का ही अभेदान्वय होता है, सामान्य दो का या विशेष दो का नहीं होता ऐसा मुझे मालूम पड़ता है। अब भाष्य में आये सएतान् पोषान् अपुषत् इत्यादि दृष्टान्त के अर्थ को सोचे—यहाँ पोष पद का अर्थ द्वितीयार्थ कर्मता में अन्वयी है या धात्वर्थ क्रिया में ? धात्वर्थ क्रिया में अन्वय से पुंस्त्व बहुवचन कैसे होंगे ?, घञन्त को नियत लिङ्ग मानने पर भी बहुवचन की उपपत्ति नहीं, इसलिये यह क्रियाविशेषण कर्म नहीं है, इसके अनुरोध से तप को क्रियाविशेषण कर्म मानना अयुक्त है। पोषण में भी कोई पुष्टि रहती है, फलाश्रय कर्म ही है, इसी प्रकार गाय के पोषण को पोषता है इत्यादि में भी गोकर्म वाला जो पोषण उस कर्म वाला पोषण इत्यादि रीति से अर्थ है। कोई गोपोषम् में स्वेपुषः का णमुल् उदाहरण देते हैं, उनका वचन्त यह उद्योत ही प्रतिकूल है, ठीक भी नहीं मालूम होता, 'यथाविध्यनुप्रयोगः' सूत्र आदि में उदपेषं पिनष्टि इत्यादि का कौमुदी आदि में पानी से पीसता है ऐसा अर्थ किया गया है, उसके अनुसार गोपोषं पुष्णाति का गाय से पोषता है अर्थ होगा। तब धात्वर्थ का दो बार भान का प्रसङ्ग नहीं है कि क्रिया कर्म भाव से अन्वय का प्रसङ्ग हो, सामान्य विशेष भाव का भी प्रसङ्ग नहीं।

धातु का अर्थ भाव तथा कृत्प्रत्यय का अर्थ भाव में फरक बताने वाला सार्वधातु के यक् सूत्र का भाष्य इस प्रकार है। कृत्प्रत्यय से उक्त भाव तथा तिङ् से उक्त भाव में कुछ फरक अवश्य है, कृत् से कहा गया भाव द्रव्य के ऐसा होता है, द्रव्य के ऐसा होने से क्या होगा, द्रव्य क्रिया के साथ समवाय को पाता है, किस समवाय को पाता है ? द्रव्य क्रिया की सिद्धि में साधन होता है, वैसे ही कृत् से अभिहित भाव होता है, जैसे पाक है, क्रिया के ऐसा नहीं होता, क्रिया के ऐसा क्या ?, क्रिया क्रिया

के समवाय को नहीं पाता, पकाता है पढ़ता है, वैसा कृत् से कथित भाव का नहीं होता, पाक होता है।

यहाँ समवाय भेद सम्बन्ध प्रसिद्ध ही है, साधनता को पाता है इससे भेद स्फुट होता है, इससे कृत् अभिहित भाव का धात्वर्थ में अभेदान्वय भाष्य विरुद्ध है, किन्तु साधनत्व कर्तृत्व आदि से, इस प्रकार 'पाकं पक्ष्यति. तापसेन तपः तप्यते पोषान् अपुपत् इत्यादि में धात्वर्थ फल में घञन्त के अर्थ का अभेद सम्बन्ध नहीं ठीक है, किन्तु द्वितीया के अर्थ कर्म में तिङ् के अर्थ आश्रय कर्म में अन्वय योग्य है।

धात्वर्थ में अभेद सम्बन्ध से विशेषण भावकृदन्त का अर्थ प्रथमा बहुवचन और भाव आख्यात में बहुवचन का उदाहरण—भाव कृदन्त में द्विवचन बहुवचन होता है भाव आख्यात में नहीं, उसमें कारण है कि जहाँ दूसरे कारणों से धात्वर्थ भाव में भेद मालूम हो वहाँ द्विवचन होता है, जहाँ धात्वर्थ भाव का भेद न मालूम हो वहाँ एकवचन होता है, ऐसी व्यवस्था करते हुए भाष्यकार कहते हैं- तब तिङ् से अभिहित भाव में भी बहुवचन सुना जाता है, उष्ट्रासिका आस्यन्ते = ऊट के विलक्षण बैठकी के ऐसा बैठते हैं? हतशायिकाः शय्यन्ते = पीटे हुए के लोट पोट के सुतने के ऐसा सुतते हैं, ऊँट जैसे बैठते हैं वैसा देवदत्त बैठता है, जैसे पीटे हुए सोते हैं वैसा देवदत्त सोता है, ऊँट कर्ता है जिसका ऐसे जो अनेक प्रकार की बैठकी उसके सदृश देवदत्त कर्ता वाला बैठना है ऐसा 'देवदत्तेन उष्ट्रासिका आस्यन्ते' वाक्य का अर्थ है। पीटे हुए कर्ता वाला जो अनेक प्रकार लोटपोट शयन उसके ऐसा देवदत्त कर्ता वाला शयन ऐसा 'देवदत्तेन हतशायिकाः शय्यन्ते' वाक्य का अर्थ है। सादृश्य वाचक पद न रहने पर भी रूपक के ऐसा अथवा लुप्त उपमा के ऐसा सादृश्य का बोध है, उपमान बैठना और सोना अनेक प्रकार के अनेक हैं, इससे उपमेय भी अनेक हैं, उससे धातु के अर्थ का भेद मालूम होना बहुवचन का कारण बना। यहाँ व्यापार में अन्वयि क्रियाविशेषण नागेश मत के अनुसार भी प्रथमान्त है।

इस पर प्रदीप—उष्ट्रासिका आस्यन्ते इस भाष्य प्रतीक पर यहाँ आश्रय ऊट के भेद से अनेक प्रकार के अनेक बैठना है, उनके सामानाधिकरण्य से आख्यात से वाच्य

क्रियाओं का भी भेद हो जाता है, इसी कारण आस्वन्ते में बहुवचन है ऐसा अर्थ है, इव शब्द के प्रयोग के बिना भी इव के अर्थ सादृश्य का ज्ञान होता है, इससे यह अर्थ है, जैसा ऊंटों का अनेक प्रकार का बैठना है वैसा ही बैठना देवदत्त आदि करते हैं आप लोग बैठते हैं इत्यादि में आश्रय के भेद से आश्रित भाव का भेद नहीं माना जाता कोई प्रयोजन नहीं है इससे यहाँ भाव का भेद नहीं होता अतः एकवचन होता है, जैसे पलाशों में ताम्र राग हुआ, सभी जगह आश्रय भेद से आश्रित भेद का भान नहीं होता, घटान् पचति घड़ा को पकाता है आदि में एक ही पाक मालूम पड़ता है, कोई उष्ट्रासिका आस्यन्ते में कर्म में लकार चाहते हैं, उष्ट्रासिका स्वरूप भाव कर्म है, जैसे गोदोहः सुप्यते, आदि में, इस प्रकार तो दूसरे अर्थ की विपक्षा में होता ही है, भाष्यकार भाव में भी लकार होने पर बहुवचन का उपपादन किये हैं।

'गोदोहं स्वपिति' यहाँ 'अकर्मक धातुभिर्योगे देशः कालो भावोगन्तव्योऽध्वा च कर्मसंज्ञक इतिवाच्यम्' इससे कर्म संज्ञा होने पर कर्म लकार में 'गोदोहः सुप्यते' प्रयोग होता है, उसी प्रकार उष्ट्रासिका रूप भाव का कर्म लकार में प्रयोग है ऐसा किसी का मत है ऐसा अर्थ है, व्यापार में अन्वयी क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा होती तो यहाँ भी द्वितीया बहुवचन नहीं होता।

इस भाष्य पर उद्योत-भाष्य का अवतरण—जहाँ तिङ् वाच्य भाव का किसी कारण भेद का ज्ञान हो जाता है वहाँ बहुवचन होता ही है इससे कहा भाष्य में तिङ् अभिहितेत्यादि। प्रदीप पर उद्योत—उष्ट्रासिका इत्यादि में आख्यात वाच्य भाव में कैसे भेद का ज्ञान है इस पर कहा अत्राश्रयाणामिति प्रदीप। तत्साम्याच्च प्रतीक एक आसन में अनेक आसनों का साम्य संभव नहीं है, तथा एक आसन के प्रतिपादन में फल भी नहीं है, तत्समानाधिकरण्याच्च पाठ पक्ष में भी यही अर्थ है, उपमान और उपमेय का सामानाधिकरण्य होता है ऐसा अर्थ है। साम्य के वाचक इव पद नहीं रहने से कैसे साम्य का ज्ञान होगा इससे प्रदीप कहता है इव इत्यादि, दूसरे अर्थ में दूसरे शब्द का प्रयोग ही तत्सदृश परक होता है इत्यादि न्याय से। प्रयोजनाभावात् प्रतीक-यहाँ साम्य प्रतीति प्रयोजन है, यथा प्रतीक-पलाश रूप आश्रय भेद होने पर भी रागः में एकवचन है। वास्तव में यहाँ एक जातीय राग का प्रतिपादन होने से एक-

वचन है, आश्रय भेद से आश्रित का भेद सभी जगह नहीं होता इससे वह भाव आख्यातस्थल में द्विवचन आदि का निमित्त नहीं होता, इसको कहता है न च सर्वत्रेति प्रदीप। इस प्रकार आसिका आदि क्रियाविशेषण प्रथमान्त हैं। क्तिन् अधिकार में पढ़े णमुल् में स्त्रीत्व होने से 'सामान्येनपुंसकम्' इसकी प्रवृत्ति नहीं होती। उपमान जो ऊटों का बैठना उससे अभिन्न बैठना ऐसा बोध होता है, बहुत्व का निर्णय हो जाने से एकवचन नहीं हुआ, कर्मणि इति प्रदीप—इस पक्ष में आख्यान के अवयव आस् आदि धातुओं का परिच्छेदकत्व का निरूपक आसन में शक्ति है, परिच्छेदकत्व रूप फल का आश्रय की कर्म संज्ञा होगी। दृष्टान्त में व्याप्ति रूप फल का आश्रय के ऐसा, सादृश्य से परिच्छेद होगा, यह भाष्य का अर्थ नहीं है ऐसा कहता है एवं तु यह प्रदीप। विवक्षान्तरेप्रदीप—आस् धातु के अर्थ में परिच्छेदक का निवेश पक्ष में। भाव में लकार करने पर भाष्यकार जिस बहुवचन का उपपादन किये हैं उसका उपपादन नहीं हो सकेगा। इस प्रकार पाक के भेद को समझकर जैसे पाक शब्द से द्विवचन आदि होते हैं वैसे ही आसन क्रिया के भेद से आस्यन्ते इसमें बहुवचन हुआ ऐसा भाष्य का अर्थ है। आख्यात वाच्य क्रिया में असत्व लिङ्ग और कारक से अन्वय न होने अर्थ में हैं, संख्या का अन्वय हो जाता है, कारक से अन्वय न होना तात्पर्य है कि कर्म कर्ता आदि कारक नहीं बनती। इति

इस प्रकार यहाँ के ऐसे भाष्य-प्रदीप-उद्योत के सन्दर्भ धात्वर्थ में अभेद सम्बन्ध से अन्वयि विशेषण की कर्म संज्ञा नहीं होती इसका द्योतन करते हैं। अकर्मक धातुभिर्योगे इत्यादि वार्तिकको कर्तुरीप्सिततमं सूत्र से गतार्थ करने के प्रकार के अनुसार परिच्छेदकत्व घटित आस् धातु के अर्थ का उद्योत वर्णन किया है। यह प्रथम निष्कर्ष हुआ।

दिसम्बर १२ अङ्क

द्वितीय निष्कर्ष :

क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा मानने वाले भी कुछ व्याख्याता आचार्य उस प्रकार से कर्तुरीप्सिततमं सूत्र का व्याख्यान नहीं करते, फल और फलाश्रय की कर्म संज्ञा होती है ऐसा नहीं लिखते, फलाश्रय कर्म का ही व्याख्यान करते हैं। अतः प्राचीनों के कर्मसंज्ञा के प्रकार में संदेह है, अथवा गतानुगतिकन्याय से कर्मसंज्ञा

मान लेते हैं, सप्तम निकर्ष की रीति से धात्वर्थ का भेद या फल भेद करके फलाश्रय कर्म संज्ञा का वर्णन प्राचीन आचार्यों का नहीं संभव है, कल्पना स्वतन्त्र प्रयोग मात्र का अनुसरण करने वाले अर्थ दृष्टिहीन नवीनों का ही है, इस पर सप्तम निष्कर्ष में विचार करूंगा। फल में अन्वयि क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा के लिये शब्दरत्न और शेखर में जो प्रक्रिया ली गई है उसमें भाष्य स्वारस्य नहीं मिलता, अतः वह प्रामाणिक नहीं है, फल को फलाश्रयता वर्णन में किसी का विरोध पहले सूचित किया गया है, सकर्मक धातु के योग में फल में अन्वयि विशेषण कर्म द्वितीयान्त और व्यापार में अन्वयी विशेषण प्रथमान्त ऐसी व्यवस्था नागोजी मत में फलित होती है, अकर्मक स्थल में संदेह होता है, वृतु, शीङ्, धातु के योग में प्रथमान्त और एध् के योग में द्वितीयान्त शेखरकार के लेख में मिलता है। अकर्मक धातुओं का उनके मत के अनुसार प्रायः एक ही अर्थ सिद्ध होता है, एक ही फल और व्यापार दोनों स्थान पर रहता है, जहां दो भी अर्थ हो वहाँ वे फल और व्यापार में अभेद मानते हैं, जैसे कि लादेश के अर्थ निरूपण के प्रसङ्ग में परमलघुमञ्जूषा में वृद्धि से अभिन्न क्रिया एध् का अर्थ निरूपण किये हैं, वहां व्यापार रूप से अन्वय होने पर प्रथमा और फल रूप से अन्वय होने पर द्वितीया ऐसा किसी प्रकार कर सकते हैं। उस तरह सभी जगह क्रियाविशेषण की कर्म सञ्ज्ञा के लिये पाणिनीय अनुशासन नहीं है, व्युत्पत्तिवाद आदि के ऐसा दूसरा व्याकरण संभव है।

जो वैयाकरण कर्म सञ्ज्ञा का उल्लेख नहीं करते द्वितीया का ही व्यवहार करते हैं उनके लिये दूसरी गति है—'ततोऽन्यत्राऽपि दृश्यते' यह वार्तिक का खण्ड, पहले लिखा गया भूषणसार दर्पण में कहा गया ज्ञापक, शेखर दीपक में वर्णित कर्म संज्ञा न होने पर भी कर्म संज्ञा की तरह विभक्ति का विधान आदि समझना चाहिये। श्री नागोजी भट्ट के बिना सभी द्वितीयावादी फल तथा व्यापार में अन्वयी सभी विशेषणों में द्वितीया ही मानते हैं।

तृतीय निष्कर्ष :

द्वितीयाकारक कर्मसंज्ञा प्रसङ्ग में फल को ही व्यपदेशिवद्भाव से फलाश्रय मानकर नागोजी भट्ट कर्मसंज्ञा करते हैं, व्यापार की तो नहीं, इससे स्पष्ट हैं कि

व्यापार में अन्वयी क्रियाविशेषण में प्रथमा होगी, तत्प्रत्यनुपूर्व सूत्र शेखर में वृतु धातु के योग में प्रथमा लिखते भी हैं, सार्वधातु के यक् सूत्र के प्रदीपोद्योत में उष्ट्रासिका का आस्यन्ते आदि में क्रियाविशेषण प्रथमान्त कहते हैं। कर्मवत्कर्मणा सूत्र के प्रदीपोद्योत में स्तोकम् एधते और तप्यतेतपस्तापसेन आदि में क्रियाविशेषण तप आदि में कर्मसंज्ञा लिखते हैं। उस पर फल में अन्वय है या व्यापार में, ग्रन्थकार अथवा लेखक का प्रमाद है ? इत्यादि का निर्णय छोड़ा जाता है। और दूसरा प्रथम निष्कर्ष के ऐसा समझ लेना चाहिये।

चतुर्थ निष्कर्ष :

इसका विवेचन भी प्रथम निष्कर्ष से गतार्थ है, तत्प्रत्यनुपूर्वमीप सूत्र में द्वितीयान्त तत्पद के ग्रहण में प्रमाण नहीं, प्रथमान्त से काम चल जायेगा, क्रियाविशेषण की द्वितीयान्तता में ज्ञापक नहीं संभव है।

पञ्चम निष्कर्ष :

अकर्मक स्थल में प्रायः एक ही धात्वर्थ रहता है, वह फल हो या व्यापार, परमलघुमञ्जूषा का बुद्धि से अभिन्न क्रिया आदि का पहले उल्लेख किया गया है, वहीं पर धात्वर्थ निरूपण में अस्-भू-वृतु आदि का व्यापारमात्र अर्थ है फल नहीं, एक अर्थ मानने पर फल में अन्वय या व्यापार में अन्वय है ऐसी भेद कल्पना नहीं संभव है, फल में अन्वयी को कर्म मानते हैं तो फल ही व्यापार होने से व्यापारान्वयी होकर कर्ता क्यों न हो।

जिसके मत में अकर्मक धातु का फल व्यापार दो अर्थ है, उस मत में भी फल और व्यापार का अलग अन्वय नहीं होता, पृथक् अन्वय से व्यधिकरण हो जायेगा धातु की सकर्मकता की आपत्ति होगी। अस्त्यादावाश्रयधर्म्यंशे इत्यादि भूषण कारिका के उत्तरार्थ से फल का समानाधिकरण होने से फल और व्यापार की पृथक् प्रतीति नहीं होती ऐसा मालूम होता ही है, भूषणसार में स्पष्ट है। अलग अन्वय होने पर पृथक् प्रतीति दुर्वार ही है, उसका व्याख्यान भूषणसार दर्पण में लिखा है कि यहाँ आश्रयता का बोध दोनों मत में सिद्ध है, आश्रयता का ही साध्यतारूप से कथन

होने से वही व्यापार है। इस प्रकार अकर्मक स्थल में केवल फल में किसी का अन्वय व्याकरणशास्त्र विरुद्ध है।

भाषा विज्ञानशास्त्र का विरोध है, प्रयोग रचना के लिये शब्दों के अर्थों की कल्पना नहीं की जाती; शब्दों के अर्थ व्यवस्थित हैं, शब्दों के अर्थ निर्णय में केवल तीन मुनि या वैयाकरण प्रमाण नहीं हैं, किन्तु धूली धूसर उस भाषा से व्यवहारपटु-हल्वाह भी, लाघव गौरव तर्क तथा अवाप उद्वाप आदि प्रक्रिया, दूसरे से लब्ध से भिन्न शब्द का अर्थ होता है इत्यादि बुद्धिव्यायाम काम आते हैं, फल और व्यापार का पृथक् मान नहीं होता ऐसा सिद्धान्त होने पर क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा के लिये उसकी पृथक् प्रतीति नहीं मानी जा सकती। प्रतीति प्रयोग के अधीन नहीं, करे न करें दूसरे प्रकार से करें ऐसा पुरुष के अधीन भी नहीं, इसको श्री शङ्कराचार्य भगवत्पाद अनुभव के अनुसार उपपादन किये हैं, षष्ठी शेषे सूत्र के भाष्य में शब्द का अर्थ शब्द पर ही निर्भर नहीं रहता किन्तु अर्थवश भी शब्द का अर्थ होना चाहिये, इत्यादि अर्थ को अनुसरण करने वाली प्रतीति होनी है इस भाषा विज्ञान की घोषणा करते हैं। इति।

षष्ठ निष्कर्ष :

पैरों के सञ्चालन में तीव्रता देखकर जल्दी जाता है, शैथिल्य देखकर मन्द चलता है ऐसा व्यवहार होता है, व्यवहारपटु लोग उत्तर देश संयोग आदि फल में द्रुतत्व तथा मन्दत्व को नहीं समझते, तो भी क्रियाविशेषण की कर्मसंज्ञा के लिये फल में अन्वय करना उचित नहीं हैं, जो लोग क्रियाविशेषण मात्र को कर्मसंज्ञा तथा द्वितीयान्त मानते हैं वे मानें, किन्तु पाणिनीयशास्त्र के विरुद्ध मानते हैं यही कहना है, किसी का फल में द्रुतत्व मन्दत्व का अन्वय करना भाषा स्वभाव की अनभिज्ञता के कारण ही है। फल में अन्वयी क्रियाविशेषण की कर्मसंज्ञा की व्यवस्था करने वाले व्यापार में अन्वयी के लिये मौन नागेश के मत में व्यापार में अन्वयी क्रियाविशेषण से प्रथमा ही युक्त है, अर्थात् नागेश के मत में व्यापार में अन्वयी क्रिया-विशेषण से प्रथमा में पाणिनीयता है। मेरे मत में तो सभी क्रियाविशेषणों से प्रथमा पाणिनीयशास्त्र सिद्ध है। इति।

सप्तम निष्कर्ष :

विक्लिति के अनुकूल व्यापार इत्यादि रीति से पच् आदि धातुओं के अर्थ का वर्णन होता है, उसमें अनुकूलत्व जनकत्व साधनत्व प्रयोजकत्व आदि व्यापार में विशेषण नहीं है, विशेषण की उपस्थिति आदि की कल्पना में गौरव है, किन्तु जन्य-जनकभाव आदि फल और व्यापार के सम्बन्ध हैं, उनका संसर्गता रूप से भान होता है, उनके घटक जन्यत्व साध्यत्व आदि फल नहीं हो सकते, व्यापार में जो विशेषण होते हुए धात्वर्थ हो तथा व्यापार का प्रयोज्य हो वही फल होता है, वैसा जन्यत्व आदि नहीं हैं। ऐसे जन्यत्व आदि को फल लेकर किसी का क्रियाविशेषण को कर्म बनाना प्रमाणशून्य-अनुभव विरुद्ध अनुचित है।

कोई विक्लति भी उत्पत्ति उसका अनुकूल व्यापार इत्यादि रीति से धात्वर्थ को उत्पत्ति घटित वर्णन करते हैं, जन्यत्व जनकत्व के कुक्षि में आ जाने से, अन्य लब्ध शब्दार्थ नहीं होते, इस न्याय के विरोध से, गौरव से, अनुकूलत्व से पृथक् उत्पत्ति भान के अनुभव विरोध से वह अनुचित है, उत्पत्ति-विक्लिति दो फल को लेकर धातु की द्विकर्मकता की आपत्ति होगी, उसके वारण का प्रयास अप्रामाणिक होगा, दूसरे लोग विक्लिति के ऐसा विक्लितित्व को फल कहने का साहस करते हैं। उनका पाण्डित्यशरण विलक्षण है, जन्यत्व-साध्यत्व आदि विक्लितित्व में नहीं हैं इसको वे नहीं जानते, विक्लितित्व को विशेष्य या प्रकार बनाने पर विक्लितित्वत्व के भी भान की आपत्ति होगी, इस पर अनुभव पर बल देने वाले संकोच करेंगे।

अष्टम निष्कर्ष :

पाठक ध्यान दें कि मेरे ऊपर कितना भार है ? मैं तीनों व्याकरण मुनिओं के ज्ञान में कितनी न्यूनता की कल्पना करू ?।

'लः कर्मणि भावेचाकर्मकेभ्यः' इस सूत्र को पाणिनि जी बनाते हुए क्रिया-विशेषण को कर्म नहीं जानते थे, यदि जानते तो उसकी यहाँ व्यावृत्ति के लिये कोई शब्द जोड़ते, व्यावृत्ति नहीं करने से स्तोकस्तण्डुलं पच्यते की आपत्ति है।

इसी प्रकार 'कर्तृ कर्मणोः कृति' सूत्र को बनाते हुए पाणिनि क्रियाविशेषण कर्म को नहीं जानते थे, यदि जानते तो उसकी व्यावृत्ति के लिये कोई कर्म में विशेषण देते, व्यावृत्ति न करने से स्तोकस्य पाकः प्रयोग की आपत्ति होगी।

ऐसे ही 'कर्मण्यण्' सूत्र के विषय में भी है, यदि क्रियाविशेषण को कर्म जानते तो उसकी व्यावृत्ति करते, उसकी व्यावृत्ति नहीं करने पर स्तोककारः की आपत्ति होगी।

इसी रीति से कात्यायन भी नहीं जानते थे, यदि जानते तो इन सूत्रों में क्रियाविशेषणकर्म का ग्रहण नहीं होता ऐसा वार्तिक पढ़ते, यही हालत भाष्यकार पतञ्जलि की है जानते तो व्यावृत्ति के लिये इष्टि पढते या सूत्र व्याख्यानों से व्यवस्था करते। अप्रसिद्ध विषय भी नहीं जिससे छुट जाने का अवसर हो, क्रियाविशेषण भाषा का प्रधान विषय है, अधिकतर वाक्यों में आने वाला है, इसको यदि त्रिमुनि कर्म मानते तो कहाँ यह कर्म गृहीत है कहां नहीं है इसकी व्यवस्था करते, व्यवस्था नहीं किये इससे मालूम होता है इसको कर्म नहीं मानते, क्रियाविशेषण ठीक है किन्तु कर्म नहीं, द्वितीया नहीं, किन्तु प्रथमा है। नियत लिङ्ग अपने स्वभाव से रहता है, अनियत लिङ्ग सामान्य होकर नपुंसक हो जाता है। फलाश्रय कर्म के ऐसा क्रियाविशेषण की कर्तुरीप्सिततमं कर्मसूत्र से कर्मसंज्ञा नहीं होती, पहले वर्णित तीन सूत्रों में फलाश्रय कर्म लिया जाता है क्रियाविशेषण कर्म नहीं लिया जाता, एक ही सूत्र से विहित संज्ञा के ग्रहण में कोई लिया जाय कोई न लिया जाय ऐसा नहीं होता। कर्तृकर्मणोः कृति सूत्र में कर्ता के साहचर्य से भेद सम्बन्ध से अन्वयी कर्म का ग्रहण है ऐसा सूत्रकार सूचित करते हैं ऐसा किसी का कथन सुनने मात्र से सुन्दर है कुछ बल नहीं रखता, कर्म के साहचर्य से फलाश्रय कर्ता कर्म ही लिया जाय ऐसी कल्पना क्यों न किया जाय? यदि कहें कि इस कल्पना के उपयोगी प्रयोग नहीं दीख पड़ते तो ठीक है कुछ रास्ते पर आवे, कल्पना का मूल प्रयोग को तो देखें, कैसी आँख से कोई स्तोकं पचति में कर्म संज्ञा को देखता है? किसको स्वप्न में पाणिनि स्तोकं की कर्म संज्ञा कहे हैं, बहुतों के लेख से कर्म संज्ञा जानते हैं तो जिनका लेख है वे कर्म संज्ञा मानते हैं तो मानें, व्याकरण त्रिमुनि कर्म संज्ञा मानते हैं इस भ्रम को छोड

देना चाहिये। अनेक स्थान पर समान व्यवहार के लिये संज्ञा की जाती है, केवल कर्म में द्वितीया के लिये क्रियाविशेषण की कर्म संज्ञा नहीं की जाती, उसके लिये तो क्रियाविशेषण से द्वितीया इतना ही वचन होता है। समर्थः पदविधिः— कर्मवत्कर्मणातुल्यक्रियः सार्वधातु के यक् सूत्रों के भाष्यों से विरोध प्रथम निष्कर्ष में दीखाया गया यहां जोड़ना चाहिये।

और भी 'कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे' सूत्र के भाष्य का विरोध देखें। कोई कर्म न हो ऐसा अकर्मक असम्भव है, इसको भाष्यकार कहते हैं कि कालभाव आदि से कोई अकर्मक नहीं है, इसके बाद व्यवस्था करते हैं कि कही जो अकर्मक हों, यदि क्रियाविशेषण को कर्म जानते तो देश-काल-भाव आदि के ऐसा क्रियाविशेषण कर्म का भी पर्युदास करते।

नवम निष्कर्ष :

स्तोकं पचति यहां फल के साथ स्तोक का अभेद सम्बन्ध से अन्वय होना सभी मान्य है, अभिन्न वस्तुओं का साध्य-साधन भाव या क्रिया कारक भाव नहीं होना, इसलिये फल का स्तोक कर्म नहीं हो सकता। प्रथम निष्कर्ष में कर्मवत्कर्मणा सूत्र भाष्य के अनुसार अभेद में साध्य-साधन का विरोध दीखाया गया है, फिर उसका प्रपञ्च नहीं करता, यद्यपि कई जगह बुद्धि सिद्ध पदार्थ को लेकर क्रिया कर्म भाव मालूम होता है, तो भी बुद्धि सिद्ध पदार्थ का एक साथ साधन भाव और अभेद विरुद्ध ही है।

संस्कृतभाषा के क्रियाविशेषण में पाणिनीय व्याकरण के अनुसार विभक्ति

जैसे सभी की शिक्षा होती है उसी प्रकार मेरी शिक्षा भी संस्कृत वाक्य रचना के समय क्रियाविशेषण में द्वितीया एकवचन नपुंसक लिङ्ग का उपदेश मिला। वही बहुत दिन तक चलता रहा। जब शब्दरत्न और शेखर कारक प्रकरण पढ़ने का अवसर मिला, उस समय बहुत थोड़ा परिवर्तन हुआ, धातु के दो अर्थ होते हैं, फल और व्यापार, फल में जहां विशेषण अभेद सम्बन्ध से होता है वहां

द्वितीया की व्यवस्था इन दोनों पुस्तकों में मिली। कर्तुरीप्सिततमं कर्म इस सूत्र से अभेद सम्बन्ध से फल के अन्वय को भी कर्म संज्ञा की गई। जैसे स्तोकं पचति। विक्लृति का अनुकूल व्यापार पच् धातु का अर्थ हैं। चावल आदि के खुदकना आदि जो विकार या परिवर्तन होता है उसको विक्लिति कहते हैं, उसके लिये जो-जो क्रिया कर्ता से की जाती हैं उसको व्यापार कहते हैं। यहाँ स्तोक=थोड़ा विक्लिति का विशेषण है। अतः कर्म संज्ञा द्वितीया एकवचन नपुंसक हुआ।

इसके वाद स्वाभाविक था कि व्यापार के विशेषण में कौन विभक्ति होगी। जैसे—मन्दं गच्छति धीरे जाता है। यहाँ संयोग के अनुकूल व्यापार को गम् धातु का अर्थ बताते हैं, ग्राम जाने में आने वाले कर्ता का संयोग होता है, जाने वाले कर्ता में जो क्रियायें हैं पैर चलाना, तैयार होना, सवारी पर चढ़ना आदि वे व्यापार कहे जाते हैं। कर्ता के साथ ग्राम का संयोग मन्द या तेज नहीं हो सकता, इसलिये मन्द यह विशेषण क्रिया में ही होगा। मन्द अभेद सम्बन्ध से संयोग वाला नहीं हुआ इसलिये कर्म नहीं होगा, तव द्वितीया कैसे होगी ?, इसी प्रकार अकर्मक क्रिया के विशेषण में द्वितीया कैसे होगी ?, व्यापार का कर्ता में अन्वय होता है, फल का यदि दूसरी जगह अन्वय करेंगे तो फल और व्यापार दोनों व्यधिकरण हो जायेगें अकर्मक नहीं रहेगा, जैसे 'प्रतिपद्याधिकं वभौ' इस रघुवंश में 'अधिकं शेते' इस वाक्य में, नये राजा रघु को पाकर पृथिवी अधिक शोभी, अधिक सोता है। यहाँ फल का अधिक में अन्वय और व्यापार का कर्ता में अन्वय होगा तो अकर्मक कैसे रहेगा ? कुछ अकर्मक की परिभाषा वना लें किन्तु साधारणतः अकर्मक सकर्मक परिचय में वाधा पड़ेगी ही, अतः अकर्मक क्रिया में ही विशेषणों का अभेद सम्बन्ध मानना पड़ेगा, तव वहां भी विशेषण फलाश्रय नहीं होगा कर्म संज्ञा नहीं तो द्वियीया कैसे होगी ?

इस पर थोड़े लोगों का समाधान मिला कि ऐसी जगह प्रातिपदिकार्थ सूत्र से प्रथमा होती है, नपुंसक होता ही है इसलिये रूप में कुछ फरक नहीं पड़ता। किन्तु कोई बड़ो का लेख नहीं दिखाया। अधिक लोग व्यापार और फल के अन्वयों में फरक नहीं समझते थे, एक मेरे विस्मृत नाम वाले व्याकरण में क्रियाविशेषणों की कर्म संज्ञा और नपुंसक लिङ्ग का वचन है, उसका कहीं-कहीं उल्लेख और पण्डितों में अधिकतर

संस्कार देखा गया, उसी प्रकार वैयाकरणों में भी पाया गया। मेरा जितना ज्ञान हुआ उतने ही से प्रायः सन्तुष्ट रहता था। परीक्षा की पुस्तकें पढ़नी थी, परीक्षा से इसका सम्बन्ध नहीं था, विशेष जानकारी के विना कोई बाधा नहीं आती थी।

प्रायः १९३४ से १९३६ ई० समय का प्रसङ्ग है कि महामहोपाध्याय प्रसिद्ध वैयाकरण काशी के पं० श्री हाराणचन्द्र भट्टाचार्य जी से वार्तालाप का प्रसङ्ग हुआ। वे बड़े प्रसिद्ध काशी के विद्वान् थे किन्तु अर्थकृशता से ७-८ वर्ष तक कलकत्ता गवर्नमेंट संस्कृत कालेज की सेवा करनी पड़ी थी, ऐसी प्रसिद्धि थी कि स्व० स्वनामधन्य पं० श्री शिवकुमार शास्त्रीजी के अनन्य व्याकरण-छात्र थे, सिद्धान्तकौमुदी से लेकर सम्पूर्ण व्याकरण उन्हीं से पढ़े थे। मेरा पहले से परिचय था, किसी अवकाश में काशी अगस्तकुण्डा में अपने घर आये थे, दर्शनार्थ मैं गया, दूसरी व्याकरण विषय की चर्चा के प्रसङ्ग से इसकी भी चर्चा आ पड़ी, उन्होंने कहा—पाणिनीय व्याकरण के अनुसार क्रियाविशेषण में प्रथमा विभक्ति ही होती है, मेरे गुरुजी भी यही कहते थे, शब्दरत्न शेखर में जो फल में अन्वयी विशेषण को कर्मसंज्ञा करने के लिये यो व्याख्यान किया गया है उसमें कोई भाष्य स्वारस्य नहीं दिया गया है न मिलता है, व्युत्पत्ति-वाद की कृष्णंभट्टी टीका में साफ लिखा गया है कि पाणिनीय व्याकरण के अनुसार प्रथमा होती है, क्योंकि कर्म संज्ञा करने के लिये कोई वचन नहीं है। नागेश जी फलान्वयी विशेषण में ही कर्म संज्ञा करते हैं व्यापारान्वयी विशेषण में प्रथमा ही मानते हैं। 'तत्प्रत्यनुपूर्वमीपलोमकुलम्' सूत्र के शेखर में प्रथमा उन्होंने लिखा है, जब कि दीक्षित वहाँ द्वितीया लिखे हैं, अकर्मक धातु का प्रसङ्ग है। इत्यादि।

इतने से मैं बहुत प्रभावित हुआ, बड़ी सूझ मिलने का हर्ष हुआ, यद्यपि इससे लौकिक व्यावहारिक लाभ नहीं तो भी मैं व्याकरण आचार्य तक पढ़कर वैयाकरण बना, मेरा कर्तव्य सामने आया कि मुझे इसका अध्ययन करना चाहिये, किन्तु सरल नहीं है, उस विषय को सामने रखकर सम्पूर्ण महाभाष्य का परिशीलन तो कम से कम छ मास का श्रम चाहे ही, वह तो नहीं हो सका, किन्तु विषय सर्वदा सामने रहता था, उस समय इतना ही हो सका कि ५-६ काशी के प्रसिद्ध वैयाकरणों के यहाँ जाकर सुनाया, किसी का मुझे इस पर पहले का परिश्रम नहीं मालूम हुआ, कोई

आश्वासन या उत्साह भी नहीं दर्शाया कि मैं निकालूँगा तथा आपको सूचित करूँगा। काशी में वैयाकरणों के पास घूमने में मेरे साथ दो तीन स्थान पर मेरे मित्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय व्याकरणाध्यक्ष पद विरत पं० श्री निरीक्षणपति मिश्र जी थे। उसके वाद मेरा काशी से वाहर रहना हुआ, काशी से वाहर दो विद्वानों से समागम हुआ, चर्चा किया, विद्या प्रायः उतनी ही रही। विषय सर्वदा ध्यान में रहता था, इसके अध्ययन की इच्छा भी रहती थी।

करीव २० वर्ष वाद १९५६ ई० में इसके कुछ अध्ययन का प्रसङ्ग आया, राजस्थानीय विद्वान् कलकत्ता विशुद्धानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक पं० श्री सीताराम मिश्र जी अध्ययन व्यसनी परिश्रमी थे, वे मेरे पूर्व परिचित भी थे। आठ विषयों में तीर्थ और तीन विषयों में आचार्य परीक्षा पास थे। वे इस विषय पर क्रियाविशेषणतत्वं नाम की छोटी पुस्तक मुद्रित ग्यारह पृष्ठ की लिखकर प्रकाशित किये। उसकी चर्चा अयोध्या वाले संस्कृत साप्ताहिक पत्र में देखकर पत्र लिखकर पुस्तक मँगवाया, मञ्जूषा नाम की संस्कृत पत्रिका के द्वारा प्रकाशित थी, आठ आना उसका मूल्य था। मिलने का पता--श्री विश्वनाथ चट्टोपाध्याय–८ भूपेन्द्र वसु आभेन्यू–कलकत्ता ४ है। अध्ययनव्यसनी मननशील वैयाकरणों को पढ़ना चाहिये। मेरा उससे उपकार हुआ, उस पण्डित जी का अध्ययन मेरे अध्ययन में सहायता दिया। यद्यपि उनके सिद्धान्त मेरे माननीय नहीं हैं तो भी मेरी सिद्धान्त घोषणा में उनका लेख सहायक वना है।

मैं पहले सूचित किया हूँ कि दूसरे व्याकरण के वचन का प्रचार था, उसका प्रभाव व्याकरण के व्याख्याताओं के ऊपर भी था, कोई क्रियाविशेषण मात्र लिखा, कोई क्रियाविशेषणं द्वितीयान्तं लिखा, किन्तु १६ वीं शताब्दी के पहले के व्याख्याता विद्वान् क्रियाविशेषण की कर्मसंज्ञा का सूत्रों से समन्वय का प्रयास नहीं किया, शब्दरत्न और शेखर ही पाणिनीय व्याकरण के अनुसार कर्मसंज्ञा करने के प्रयास किये जो आधा कर पाये, व्यापार विशेषण की कर्मसंज्ञा रही गई। कुछ अन्य शास्त्रकार वचन मानकर इसी वचन से कर्मसंज्ञा किये हैं, कुछ कर्मसंज्ञा में श्रद्धा न रखते हुए प्रकारान्तर से द्वितीया विधान किये हैं।

प्रस्तुत क्रियाविशेषण तत्वं पुस्तक में जितने व्याख्याता पाणिनीय व्याकरण के क्रियाविशेषण में द्वितीया का व्यवहार करते हैं उनके कुछ स्थलों का संग्रह करके क्रियाविशेषण की कर्तु रित्यादि प्रसिद्ध सूत्र से कर्म संज्ञा में तात्पर्य माना गया है, जहाँ के भाष्य वार्तिक और सूत्र से सम्बन्ध वे व्याख्याये हैं उन सूत्र वार्तिक भाष्यों का भी उसमें तात्पर्य मान लिया है। इससे केवल पाणिनीय व्याख्याताओं की सन्मति ही नहीं बल्कि त्रिमुनि सम्मत कर्मसंज्ञा है ऐसा दावा किया है, नागेश ने फलान्वयी विशेषण में जहां कर्म संज्ञा किया है उसको अपना पोषक मानते हुए व्यापारान्वयी अथवा अकर्मक क्रियाविशेषण में जहां प्रथमा लिखा है उसको नागेश का प्रमाद मानता है। अकर्मक क्रियाविशेषण में भी कहीं फलाश्रय मानकर कर्मसंज्ञा करता है। सकर्मकता की आपत्ति को लक्षण संकोच करके निवृत्त करता है। क्रियाविशेषण में प्रातिपादिकार्थ में प्रथमा करने पर उसको कारकत्व नहीं होगा उससे प्रयोगों की अनुपपत्ति दिखाता है। प्रथमा मानने पर सपूर्वायाइत्यादि सूत्र से अविद्यमानवद् भाव दोष देता है। इत्यादि अनेक विषयों को दिखाकर मन्दं गच्छति इत्यादि वाक्यों में भी किसी प्रकार मन्दत्व का फल में ही अन्वय करके सभी जगह फलाश्रय कर्म की व्यवस्था की गई है, जहाँ वैसे उपयोगी फल धात्वर्थ में नहीं मिलते वहाँ धात्वर्थ में उत्पत्ति-साध्यता आदि मिलाकर अन्ततः विक्लितित्व को भी फल मानकर फलाश्रय कर्म का उपपादन है।

इसके सिद्धान्तों पर मेरा विशेष असन्तोष रहा, जो सामग्री इस पुस्तक में प्रस्तुत की गई हैं उसके परिशीलन से क्रियाविशेषणों में प्रथमा का पक्ष ही दृढ़ मालूम हुआ। विचार की शैली में निम्नलिखित न्यूनता मुझे मालूम पड़ी हैं :—

(१) पाणिनीयशास्त्र त्रिमुनि प्रमाण वाला है। सूत्र-वार्तिक-भाष्य तीन प्रमाण हैं। इनसे साक्षात् वचन द्वारा बोधित तो ग्राह्य हैं ही किन्तु अनुमित-ज्ञापित-ध्वनित आदि भी प्रमाण माने जाते हैं। जिन सिद्धान्तों के अनुसार तीनों के पदपदार्थ-वाक्यार्थ-तात्पर्यार्थ विरुद्ध नहीं पड़ते वे इन तीनों में नहीं कहे भी मान्य होते हैं। तथा इन तीनों में साक्षात् शब्द द्वारा नहीं कहे गये हैं, किन्तु उनकी स्वीकृति के विना इन तीनों के कोई-पदपदार्थ-वाक्यार्थ-तात्पर्यार्थ समन्वित नहीं हो पाते, वे भी

प्रमाण माने जाते हैं। जिस कल्पना या सिद्धान्त के अनुसार इन तीनों के पदपदार्थ आदि का विरोध है वे प्रमाण नहीं हैं। यह प्रस्तुत ग्रन्थ क्रियाविशेषण को कर्म न मानकर प्रथमा स्वीकार करने से एक भी उदाहरण नहीं दे पाया जिसमें सूत्र-वार्तिक-भाष्यों के पद-पदार्थ-वाक्यार्थ या तात्पर्यार्थ का विरोध स्पष्ट हो। इसलिये मैं उसके सिद्धान्तों को पाणिनीय व्याकरण के अनुसार नहीं मानता। हाँ व्याख्याताओं के वचन तथा अभिप्राय भी कुछ उद्धृत किये हैं, वे यहाँ कार्यकारी नहीं बनते। हाँ व्यवहार में विशेष रूढ अथवा आर्षों के थोड़े आये हुए कुछ प्रयोगों को भी प्रमाण माना जाता है किन्तु पूर्ण नहीं आंशिक। उनके साधुत्व का मार्ग निकालने का पूरा प्रयास किया जाता है, यदि उस मार्ग में तीनों प्रमाणों का विरोध नहीं आता तो वह मार्ग प्रमाणित मान लिया जाता है, यदि विरोध आता है तो 'निरङ्कुशाः कवयः' अपाणिनीयम्' आर्षं छान्दसम्' इत्यादि पदवी देकर साधारण व्यवहार धारा से हटाने का प्रयास किया जाता है। ऐसा यहाँ प्रयोग का प्रसङ्ग नहीं है, प्रथमा के अविद्यमानवद् भाव का उदाहरण प्रमाणित नहीं है। जब तीनों मुनिओं ने क्रिया-विशेषण में कर्मसंज्ञा की व्यवस्था नहीं की, उनकी साधारण व्यवस्था से प्रथमा निकलती है तब द्वितीया के अनुसार व्यवस्था द्वारा माने गये उदाहरण त्रिमुनि सम्मत कैसे हो सकेंगे। लोक-व्यवहार से उसका निर्णय हो नहीं सकता, त्रिमुनि के अनुयायी व्याख्याता दूसरे शास्त्रों तथा व्याकरण का अनुसरण करने लगे हैं।

इसी अनुसरण के क्रम में शब्दरत्न और शेखर पाणिनीय व्याकरण के अनुसार समन्वय का प्रयास किया, जितना ही हो सका उतना ही अच्छा माना, यद्यपि मेरी प्रक्रियायें त्रिमुनि के पदों का स्पष्ट स्वारस्य नहीं है तो भी विरोध नहीं है ऐसा सोचा होगा। किन्तु वह सर्वसम्मत नहीं होगा। मेरी समझ से क्रियाविशेषण में कर्म संज्ञा मानने पर तीनों मुनिओं में विशेष न्यूनता की आपत्ति है। देखा जाय—एक तो अभेद सम्बन्ध से फल के आश्रय की कर्मसंज्ञा नहीं सूझी, दूसरा कर्म लकार-कर्म षष्ठी, कर्म उपपद प्रत्यय विधायक सूत्रों में बहुत जगह क्रियाविशेषण कर्म ग्रहण का निषेध करना भी नहीं सूझा। इतनी न्यूनता व्याख्याताओं के बल पर कैसे मानूं ? व्याख्याता लोग सञ्ज्ञा करके अनेक जगह निषेध करते हैं। तीनों मुनिओं में अधिक

सूझ थी, कर्मसञ्ज्ञा की जरूरत नहीं प्रथमा होगी ही, निषेधों का अनेक जगह प्रसङ्ग ही नहीं।

(२) इस पुस्तक में आया है कि प्रथमा करने पर कारक नहीं होगा, उसके अनुसार प्रयोग में दोष दिखाया गया है, एक दूसरे विद्वान् भी इस तरह लिखने का साहस किये हैं। मेरी समझ है, क्रिया में अन्वय होता है तो कारक है ही, क्रियान्वयि को कारक मानने पर जो दोष होगा उसका निवेश प्रवेश से वारण हो जायेगा। उसके लिये सिद्धान्त परित्याग की आवश्यकता नहीं। क्रियायोग में प्रातिपदिकार्थ सूत्र की प्रवृत्ति सम्मत है, यहाँ क्रियायोग है।

(३) मन्दं गच्छति आदि में मन्दता फल में नहीं है किन्तु व्यापार में है, इससे विपरीत नहीं माना जा सकता क्योंकि वस्तु स्वभाव है, उसमें किसी का कथन कुछ नहीं कर सकता चाहे वक्ता जो हो, आरोप से काम चलाना एक आग्रह या दुर्बलता है। जब प्रथमा अनायास सिद्ध है, तब कर्मसञ्ज्ञा की कल्पना उसके लिये व्यावहारिक क्षेत्र में आरोप मानना अच्छा नहीं है, धीरे-धीरे पैर चलाना आदि व्यापार को देखकर वैसा प्रयोग किया जाता है तथा उससे वैसा समझा जाता है। उसमें समझदार दूसरे लोग भी प्रमाण हैं। वह भी आरोप जिसमें तीनों मुनिओं का कुछ भी इशारा नहीं है।

(४) धातुओं के अर्थ में उत्पत्ति अथवा साध्यता आदि मिलाकर उसको फल मानकर फलाश्रय की कर्मसञ्ज्ञा करने का जो प्रयास किया गया है वह मार्ग नहीं है, इस समझ की जरूरत है कि किसी शब्द का शक्यार्थ निर्णय करना किसी व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर नहीं करता, व्यवहार के अधीन शक्यार्थ का निर्णय है, व्यवहार का अनुभवी विद्वान् व्यवहार को दिखाकर उसका उपपादन कर सकता है, उसमें गौरव लाघव आदि तर्क सहायक होते हैं, क्रियाविशेषणों की कर्मसञ्ज्ञा के लिये प्रसिद्ध धात्वर्थों में परिवर्तन उचित नहीं है, जब कि त्रिमुनि प्रमाण वाले पाणिनीय शास्त्र में कर्मसञ्ज्ञा के तीनों मुनिओं के किसी प्रकार के अभिप्राय की खोज कर रहे हैं।

(५) विक्लितित्व को फल मानने पर उसका उल्लेख होने से विक्लितित्वत्व का भान, उसका निर्वचन, उसका गुरुभूत शरीर, शक्यतावच्छेदक में गौरव, शक्ति का

अननुगम, विक्लिंति पचति प्रयोग के वारण का प्रयास आदि नहीं अनुभव करके वैसा साहस किया गया है।

(६) श्रीनागोजी भट्ट लोकशास्त्रों के अनुभवी बड़े विद्वान् हैं, वे जहाँ फल में विशेषण है वहाँ कर्मसञ्ज्ञा की व्यवस्था करके भी व्यापार के विशेषणों में प्रथमा लिखा, उन्होंने लौकिक अनुभवों का परित्याग नहीं किया क्योंकि वे शब्द शब्दार्थ के विद्वान् हैं, वे कैसे सभी जगह फल में ही विशेषणों का अन्वय कह सकते हैं ? उनके मार्ग का भी परित्याग कर शब्द-शब्दार्थ परिज्ञान में अपनी अक्षमता दर्शायी गई है, ऐसे और भी करते हैं।

इन दृष्टियों से मेरा एक लेख संस्कृतं पत्र साप्ताहिक में छपा। उसका शीर्षक 'क्रियाविशेषणे विभक्तिः' है। १।१।५७ ई० से सुरू करके ११।१२।१३ तीन अङ्कों में प्रकाशित हुआ था। कुछ दीमक से तथा खराव कागज होने से ये मेरे पास के अङ्क नष्ट प्राय हैं, क्रिया-विशेषण तत्त्व पुस्तक भी सभी पृष्ठों में आधे वाम भाग में दीमक भुक्त दशा में हैं।

इस मेरे लेख को पढ़कर पं० श्री सीताराम मिश्र जी का उसी पत्र में 'क्रिया-विशेषणे विभक्तिविमर्शः' लेख निकला। जो ९।३।५७ ई० से सुरू करके २०।२१ वें दो अङ्कों में छपा है। इसी प्रसङ्ग में इन्हीं लेखों को देखकर 'क्रियाविशेषणे विचारः' शीर्षक लेख पं० श्री रुद्रप्रसाद अवस्थी जी लखनऊ का ५।२।५७ ई० वाले १५।१६वें अङ्कों में प्रकाशित हुआ था, अवस्थी जी वाला १५ वां अङ्क अब मेरे पास नहीं है, दूसरा १६ अङ्क अभी है। इसके वाद 'क्रियाविशेषण विभक्ति विमर्शो नास्त्यपरं नूतनम्' शीर्षक लेख मेरा २।४।५७ ई० को श्री सीताराम जी के खण्डन में निकला। 'क्रिया-विशेषण विभक्तिविमर्शे नूतनता' शीर्षक लेख मेरा इसके पहले १९।३।५७ ई० से २२।२३ वें दो अङ्कों में मिश्र जी के लेख पर ही निकला था। अवस्थी जी के लेख का खण्डन मेरा 'हेय एष विचारः' शीर्षक २६।२।५७ ई० १९वें अङ्क में निकला था। मेरे विचार की कसौटी पूर्ववर्णित ६ प्रकार की इन लोगों के व्याख्यान को न मानने का कारण हुई-है। नहीं तो पण्डितों के लेख में कुछ रहता ही है तथा उसके खण्डन में भी कुछ नया मिलेगा ही, लेकिन प्रस्तुत विचार में उपयोगी न समझ कर उनकी

उपेक्षा करता हूं। सभी का अनुवाद करने पर बहुत बड़ा हो जायेगा। इसलिये संक्षिप्त उपयोगी वस्तुओं का निर्देश करके समाप्त करना है।

मिश्रजी विमर्श लेख में कर्मवत्कर्मणा तुल्य क्रियः सूत्र के भाष्य में क्रिया-विशेषण की कर्मसञ्ज्ञा स्फुट लिखी है, भाष्य में कुछ भी देखने पर नहीं मिलता, नागोजी भट्ट के लेख से सम्बन्ध का आभास होता है, अतः इस पर स्फुट विचार करने की आवश्यकता समझकर मेरे लेख में शीर्षक में नूतनता जोड़ा गया है। इस भाष्य में क्रिया-विशेषण का कोई सम्बन्ध नहीं है, नागेश के अन्वय का जो प्रकार है वह क्रिया-विशेषण का भ्रम पैदा करता है, इस भाष्य के प्रत्येक पदार्थों पर पूरा ध्यान देने पर यह भी निकलता है कि क्रियाविशेषण की कर्मसञ्ज्ञा भाष्य विरुद्ध है। क्योंकि भाष्य में क्रिया कारक भाव या साध्य साधन भाव भेद होने पर ही होता है अभिन्न में नहीं होता इस पर बल दिया गया है, क्रियाविशेषण का धातु के अर्थ के साथ अभेद सम्बन्ध होता है, कर्म होने पर कारक होकर साधन होगा, धातु का अर्थ क्रिया है। क्रिया से अभिन्न वस्तु साधन या कारक नहीं हो सकता। इसलिये क्रियाविशेषण कर्म नहीं हो सकता। द्वितीया का अर्थ कर्मत्व करने से कर्मत्व में विशेषण होगा क्रिया में विशेषण नहीं होगा। द्वितीया का कुछ अर्थ नहीं करेंगे तो साधुत्व के लिये प्रथमा का एकवचन होगा। कुछ लोग कहते हैं कि कारक में द्वितीया पहले उपस्थित है तो द्वितीया का एकवचन हो सो ठीक नहीं है, कारक होने पर इसकी संभावना की जा सकती है, कारक है तो उसका कुछ अर्थ भी है ही, प्रातिपदिकार्थ मात्र में प्रथमा ही उपस्थित है। विभक्तिओं में प्रथम वहीं उपदिष्ट है, किसी अर्थ विशेष की अविवक्षा में प्रथमा एकवचन की व्यवस्था की गई है।

नियत लिङ्गों में क्रियाविशेषण होने पर भी पुल्लिङ्गादि होते हैं ऐसा सामान्ये नपुंसकम् के व्याख्यान में आता है। आगे के अध्ययन में स्त्रीलिङ्ग प्रथमा बहुवचन का प्रयोग क्रियाविशेषण में मिलता है। इससे प्रमाणित होता है कि क्रियाविशेषणों की कर्मसञ्ज्ञा और नपुंसक होना यह सामान्य प्रसिद्धि अथवा दूसरे व्याकरण का वचन पाणिनीय व्याकरण के विरुद्ध अप्रमाणित है। पाणिनीय व्याकरण में महाभाष्य एक ऐसा समुद्र है जिसके मथन से नयी वस्तुओं की प्राप्ति चलती रहती है। उसके मथन के बिना न्यूनता का आभास होता है।

कर्मवत्कर्मणा तुल्यक्रियः सूत्र का भाष्य देखा जाय। अर्थांश का सम्बन्ध होने से कर्मकर्तृप्रकरण स्वभाव से दुर्बोध है, संक्षेप में सरलता से उपपादन का प्रयास करता हूं। तपस्तपः कर्मकस्यैव इस प्रसिद्ध सूत्र का सम्बन्ध है। सकर्मकाणां प्रतिषेधो वक्तव्यः इस वार्तिक का प्रत्याख्यान के लिये (तपः) (तपः कर्मकस्यैव) ऐसा योग विभाग किया गया। उनसे दो नियम किये गये। कर्म बनाया हुआ जो तपः शब्द है तप्यते तपस्तापसेन इस वाक्य में, उसके प्रकृति प्रत्यय और उनके अर्थ को पूछता हुआ आगे का भाष्य चलता है—'किमिदं तप इति ? तपेरयमौणादिकोऽस्कारो भाव साधनः, कः प्रकृत्यर्थः ? कः प्रत्ययार्थः ? स एव सन्तापः, कथं पुनः स एव नाम प्रकृत्यर्थः ? स्यात् स एव च प्रत्ययार्थः ? सामान्यतपेरवयवतपिः कर्मभवति, तद् यथा एतान् पोषान् अपुषत्, गोपोषम् अश्वपोषम् रैपोषम् इति सामान्यपुषेरवयव पुषिः कर्म भवति। एवमिहापि सामान्यत'पेरवयवतपिः कर्म भवति' ये भाष्य के अक्षर हैं। तापसेन तपस्तप्यते यह कर्मकर्तृप्रत्ययान्त वाक्य विषय है। यह तपः क्या है ? तप् धातु से उणादि भाव में अस् प्रत्यय है। प्रकृति का क्या अर्थ ? प्रत्यय का क्या अर्थ ? वही सन्ताप। वही प्रकृति का अर्थ और प्रत्यय का अर्थ कैसे हो सकता है ? सामान्य तप धातु का अवयव तप् धातु है जिसका ऐसा अस्प्रत्ययान्त तपः कर्म है। जैसे सामान्य पुष् धातु का अवयव पुष् धातु वाले घञ् प्रत्ययान्त पोषण मुल् प्रत्ययान्त गोपोषम् अश्वपोषम् रैपोषं कर्म होता है। वैसे ही यहाँ सामान्य तप् धातु का अवयव तप् वाला अस्प्रत्ययान्त तपः कर्म होता है, ऐसा भाष्य का शाब्दिक अनुवाद हुआ।

स्फुटार्थ—तापसेन तपस्तप्यते यहां कर्म में लकार नहीं होगा, क्रिया कर्म भाव भेद में नियत है, यहाँ धातु का सन्ताप क्रिया अर्थ है, तपः शब्द का भी सन्ताप है वही कर्म है, वही कर्म लट् प्रत्यय का अर्थ है, तप्यते में ते प्रत्यय का अर्थ कर्म और प्रकृति तप् धातु का अर्थ क्रिया एक हो गई। क्रिया कर्म में भेद नहीं हुआ। इसी सूत्र में इससे पहले 'हन्ति आत्मानम् आत्मा' इसमें कर्ता कर्म अभेद होने पर कर्तृकर्म भाव नहीं बनेगा इसकी आशङ्का करके 'द्वौ आत्मानौ अन्तरात्मा शरीरात्मा च' इत्यादि भाष्य से कर्ता कर्म का भेद सिद्ध किया गया है। वैसे ही यहां क्रिया कर्म का अभेद होने पर क्रिया कर्म भाव नहीं होगा ऐसा सन्देह करते हैं और सामान्य अवयव

दोनों में विशेषण देकर क्रिया कर्म का भेद सिद्ध बताते हैं। यहां नीचे दिये हुए कैयट के अक्षर इसी भाव के मालूम पड़ते हैं। 'तापसेन तपस्तप्यते इति कर्मणि लकारोत्पत्तौ प्रकृत्यर्थस्यैव क्रिया रूपस्य प्रत्ययार्थत्वं दृश्यते, क्रिया कर्मणोश्च साध्य साधन भावाद् भेदेन भाव्यम्। इहतु भेदाभावात् प्रकृति प्रत्ययार्थानुपपत्तिः क्रिया कर्मभावानुपपत्तिरित्यर्थः। एवमभेदे क्रिया कर्म भावासम्भवं मत्वा समाधानमाह भाष्ये सामान्यतपेरित्यादि! दृष्टान्तमनुरूपमाह स एतानित्यादिना, यथा क्रिया वाचकः पुष् धातुः कर्मवाचकश्च भाव प्रत्ययान्तः स एव। तथा प्रकृतेऽपि अवयवतपिः तपः, सामान्यतपिस्तप्यते इत्यत्र तप् धातुः'।

ऊपर लिखित समाधान भाष्य का अभिप्राय सावधानी से विचारे। क्या अभेद में भी क्रिया कर्म भाव मानकर इष्टा पत्ति की गई है? अथवा दृष्टान्त तथा प्रकृत में क्रिया कर्म का भेद दिखाया गया है, प्रथम नहीं संभव है, पूर्वपक्ष के स्वीकार के लिये कोई शब्द नहीं है, क्रिया में सामान्य और कर्म में अवयव विशेषण देना व्यर्थ होगा। भेद वर्णन में ही विशेषण सार्थक होंगे। अभेद वर्णन के लिये विशेषण नहीं दिये जाते, विशेषण व्यावृत्ति = भेद सिद्ध करते हैं। अतः यहाँ क्रिया कर्म का भेद सिद्धान्त किया गया है। जैसे कि हन्ति आत्मानम् आत्मा में कर्ता कर्म का भेद सिद्ध किया गया है। प्रकृत में कर्मवाचक तपः शब्द अवयव तपि से लिया गया है, वहाँ असप्रत्यार्थ सिद्धावस्थापन्न द्रव्य के ऐसा लिङ्ग संख्यान्वयी सत्व का निर्देश है, सामान्य तपि से तप् धातु का आध्यावस्थापन्न असत्व भूत लिङ्ग सङ्ख्या रहित क्रिया का निर्देश है। इस प्रकार क्रिया कर्म का भेद मानकर तापसेन तपस्तप्यते प्रयोग का उपपादन भाष्यकार करते हैं।

पाक आदि भाव प्रत्यय के उदाहरणों में पच् धातु का साध्यावस्थापन्न क्रिया और घञ् का सिद्धावस्थापन्न क्रिया अर्थ है, स्तोक का धातु के अर्थ में अन्वय की विवक्षा में स्तोकं पाकः और घञ् के अर्थ में अन्वय करने पर स्तोकः याक होता है यह स्मरण कर लेना चाहिये जो भूषण आदि में व्यवस्थित है। कैयट भी क्रिया कर्म के भेद में ही भाष्य का तात्पर्य लगाते हैं यह उनके शब्दों में स्पष्ट है। उन्होंने यहाँ तक भी किया कि ज्ञान स्वरूप तप को कर्म कह दिया। अवयव तपि के व्याख्यान में

लिखा है। कैयट के वाक्यों को अपने मन के अनुसार लगाने का प्रयास नागोजी भट्ट ने किया यह दूसरी बात है।

मैं तो आगे दूसरे भाष्य के अनुसार प्रकृति प्रत्यय के अर्थ क्रियाओं का भेद स्फुट करने वाला हूँ।

इस भाष्य पर विचार करने वाले विद्वान् विशेष ध्यान दें। यहाँ क्रियाविशेषण का क्या सम्बन्ध है ? स एतान् पोषान् अपुषत् इत्यादि में एतान् पोषान् इत्यादि क्रिया-विशेषण कर्म हैं क्या ? तापसेन तपस्तप्यत इसमें तपः क्रिया-विशेषण कर्म है क्या ? यदि तपः क्रिया विशेषण कर्म है तो फलाश्रय कर्म कौन है ? क्या तप् धातु अकर्मक है कि उसका क्रियाविशेषण ही कर्म होगा फलाश्रय कर्म नहीं होगा ? क्रियाविशेषण को कर्म मानने वाले भी फलाश्रय कर्म से ही सकर्मक मानते हैं। क्रियाविशेषण कर्म रहने पर भी अकर्मक ही मानते हैं। अन्यथा अकर्मक का विलोप हो जायेगा। तापसेन तपस्तप्यते इसको छोड़कर दूसरी जगह क्या क्रियाविशेषण कर्म से सकर्मक मान कर कर्म में लकार देखा जाता है ? यदि दूसरी जगह नहीं देखा जाता तो यहां क्रिया-विशेषण कर्म मानने की क्या जरूरत है ? फलाश्रय कर्म मानकर कर्म में लकार मानने में क्या हानि है ? कैसे भाष्य का समन्वय नहीं होता ? सकर्मक तप् धातु का प्रसङ्ग है सकर्मक ही लेना है। तत्प्रत्ययनुपूर्वेत्यादि सूत्रों में अकर्मक क्रिया के प्रसङ्ग में क्रिया में अभेदान्वय के प्रसङ्ग में प्रथमा मानते हैं नागेश, यहां वैसा प्रसङ्ग नहीं है। यहां अभेदान्वय का क्या प्रसङ्ग है ? कर्म और धात्वर्थ को सामान्य विशेष मानकर अभेदान्वय करना है ऐसा कहें तो कहें भाष्य कार नहीं कहते, भाष्यकार तो क्रिया कर्म में भेद सिद्ध करते हैं, भेद होने पर अभेदान्वय कैसे ? प्रकृत्ति और प्रत्ययार्थ में भाष्यकार भेद क्यों सिद्ध किये ? क्या अभेदान्वय के लिये ? अभेदान्वय करने पर कर्मलकार का कर्मत्व कर्म आश्रयत्व आश्रय वृतित्व आदि कुछ भी अर्थ होगा या नहीं, यदि कुछ अर्थ नहीं होगा तो कर्मत्व अनुक्त रहेगा कर्म में द्वितीया क्यों नहीं होगी ? यदि कुछ अर्थ होगा तो उसका अन्वय कहाँ होगा ? यदि तपः आदि कर्म में होगा तो लकारार्थ में तपः कर्म का अन्वय हुआ धात्वर्थ में अन्वय का क्या प्रसङ्ग है ? एतान् पोषान् अपुषत् में यदि कर्म और धात्वर्थ में अभेदान्वय हो तो द्वितीया का

क्या अर्थ है ? कहाँ अन्वय है ? यदि निरर्थक है तो साधुत्व मात्र के लिये पाणिनीय व्याकरण में प्रथमा एकवचन की व्यवस्था है द्वितीया बहुवचन कैसे ? यदि द्वितीया का कुछ अर्थ है तो द्वितीयार्थ ही में पोषकर्म का अन्वय है धात्वर्थ में अन्वय का क्या प्रसङ्ग ? सभी प्रायः अभेदान्वय करते हैं और लिखते हैं तो करें लिखें, भाष्यकार क्रिया कारक में साध्य साधन भाव मानते हैं, अभिन्न में साध्य साधन भाव नहीं होता, अतः भाष्यकार कारक और क्रिया में अभेदान्वय का विरोध करते हैं, यदि तप में क्या तप ? पोष में क्या पोष यह कठिनता है तो वह दूसरी बात है, शब्द के अर्थ निर्णय करने की रीति से अर्थ करेंगे, उसमें लोक व्यवहार देखना है भाष्य की जरूरत नहीं, कैयट ज्ञान लक्षण कहे ही हैं, गाय का पोषण धन का पोषण पोषण का पोषण प्रस्ताव का पोषण आदि भिन्न-भिन्न स्वरूप वाला है किन्तु सभी पोषण हैं क्योंकि सभी का पोषण शब्द से व्यवहार है। इतना ही उत्तर है।

यहां ध्यान रखा जाय कि इस भाष्य के उद्योत में श्री नागोजी भट्ट सामान्य विशेषभाव को मान कर अभेदान्वय करते हैं और उसमें जो कठिनाई पड़ती है उसको भाष्य के सामर्थ्य पर समाधान करते हैं। मैं उसका विरोध करता हूँ, वे भाष्य को अपूर्व मानते हैं, मैं यहाँ भाष्य को अपूर्व न मानकर वैज्ञानिक लोक सिद्ध वस्तु स्वभाव का अनुवादक मानता हूँ, अनुवादक होने से इस लोक सिद्ध वस्तु को भाष्य सम्मत समझता हूँ, क्योंकि लोक में भी कारक क्रिया को अभिन्न नहीं माना जाता साध्य साधन भाव माना जाता है।

यहां अर्थांश पण्डितों के लिये ऊपर लिखित वाक्यों का फल व्यापर और उनके अन्वय का प्रकार देकर शाब्दबोध लिखना अच्छा होता किन्तु हिन्दी में उसके लिये बड़ी शब्दावली होगी और प्रधान नहीं हैं इसलिये छोड़ देता हूँ।

यह भी इतने अध्ययन का परिणाम हुआ कि क्रियाविशेषण की कर्मसञ्ज्ञा इस भाष्य से विरुद्ध है यह कहने में समर्थ हुआ कि क्रियाविशेषण का क्रिया में अभेद सम्बन्ध होता है, कर्मसञ्ज्ञा होने पर कारक होगा, कारक का क्रिया में अभेद सम्बन्ध भाष्य और लोक विरुद्ध है।

और भी देखें—यहां भाष्यकार तपः शब्द में प्रकृति और प्रत्यय और उनके अर्थों का प्रश्न उत्तर क्यों करते हैं ? इसीलिये करते हैं कि तपः शब्द में और तप्यते क्रिया में वही तप् धातु प्रकृति है, दोनों का अर्थ एक है, अभिन्न में साध्य साधन भाव नहीं होगा, अस् प्रत्यय कृत् है, उसका अर्थ धात्वर्थ क्रिया से भिन्न भाव अर्थ है, वह द्रव्य ऐसा है, वह क्रिया का साधन हो सकता है। 'कृदभिहितो भावो द्रव्यवत् प्रकाशते' इस प्रसिद्ध सिद्धान्त का स्मरण करें। यदि सामान्य विशेष भाव होने ही से अभेदान्वय हो तो धात्वर्थों का ही हो जायेगा बीच में भावकृत् लाने की क्या आवश्यकता ? पाको वर्तते इत्यादि में भी पाक और वर्तन क्रिया का सामान्य विशेष भाव से अभेदान्वय हो तो कर्तृलकार का क्या अर्थ होगा ? यहां जैसे पाक लकारार्थ कर्ता में अन्वित होता है वैसे ही तापसेन तपस्तप्यते इत्यादि में लकारार्थ कर्म में तप का अन्वय होगा क्रिया के साथ अभेदान्वय का क्या प्रसङ्ग है ?

पहले लिखा गया है कि धात्वर्थ क्रिया साध्यावस्थापन्न असत्त्व भूत है उसमें लिङ्ग-संख्या-फल-व्यापार आदि का सम्बन्ध नहीं होता, भाव कृत् का अर्थ क्रिया सिद्धस्वरूप सत्त्वभूत द्रव्य के ऐसा होता है, वह व्यवस्था के अनुसार तीनों लिङ्ग एक दो और बहुत फलाश्रय व्यापाराश्रय द्रव्य के ऐसा होता है, इसके लिये 'सार्व धातु के यक्' सूत्र का भाष्य यह है—'अस्ति खल्वपि विशेषः कृदभिहितस्य भावस्य तिङभिहितस्य च, कृदभिहितो भावो द्रव्यवद्भवति, किमिदं द्रव्यवदिति ? द्रव्यं क्रियया समवायं गच्छति, कं समवायं गच्छति ?

द्रव्यं क्रियाऽभिनिर्वृत्तौ साधनत्वमुपैति, तद्वच्चास्य भावस्य कृदभिहितस्य भवति पाको वर्तते इति क्रियावन्न भवति, किमिदं क्रियावदिति ? क्रिया क्रियया समवायम् न गच्छति पचति पठतीति, तद्वच्चास्य कृदभिहितस्य न भवति पाको वर्तत इति'।

भाष्य का अनुवाद—कृत्प्रत्यय का अर्थभाव और तिङ् प्रकृति धातु का अर्थ भाव में फरक अवश्य है। कृत् का अर्थ भाव द्रव्य के ऐसा है। यह द्रव्य के ऐसा क्या है ? द्रव्य क्रिया के साथ समवाय को पाता है वैसे ही कृत् का अर्थ भाव भी क्रिया का सम्बन्धी होता है। वह क्रिया के साथ समवाय या सम्बन्ध क्या है ? जो द्रव्य पाता

है ? क्रिया साध्य है उसमें द्रव्य साधन बनता है। वैसे ही कृदर्थ भाव भी क्रिया का साधन (कारक) हो जाता है। पाको वर्तते इत्यादि में ते प्रत्यय से कर्ता कहा जाता है, पाक कर्ता है, व्यापाराश्रय कर्ता होता है तो पाक वर्तन क्रिया का आश्रय है। साध्य क्रिया के ऐसा नहीं होता। साध्य क्रिया के ऐसा क्या होगा ? साध्य क्रिया क्रिया के समवाय=साधन भाव कारकत्व को नहीं पाती, जैसे पकाता है, पढ़ता है, इन क्रियाओं में एक दूसरे का साधन या कारक नहीं होती, वैसी कृदर्थ क्रिया नहीं है पाक कर्ता होता है।

यहां भाष्य में समवाय शब्द देकर कृदर्थ क्रिया में भी धात्वर्थ क्रिया का अभेद सम्बन्ध नहीं हो सकता ऐसा उपदेश दिया जाता है, क्योंकि समवाय भेद सम्बन्ध रूप से ही प्रसिद्ध है, आगे क्रिया कारकों का प्रश्न उत्तर से साध्य साधन दिखा कर भेद सम्बन्ध को स्पष्ट कर दिया गया है। सामान्य विशेष भाव से भी अभेदान्वय का विरोध किया गया, क्योंकि वहां भी साध्यसाधनभाव नहीं हो सकता, अभेदान्वय करने पर पाको वर्तते में लकार कर्तावाचक नहीं होगा निरर्थक हो जायेगा, अभेद वाचक मानने पर अपसिद्धान्त होगा, कर्ता अनुक्त होने से तृतीया की आपत्ति आदि कहा गया है।

गोपोषम् अयुपत् इत्यादि वाक्यों में द्वितीया के अर्थ में गोपुष का अन्वय है, द्वितीयार्थ का धात्वर्थ में अन्वय होता है, अभेदान्वय भाष्य विरुद्ध है, इसी प्रकार तापसेन तपस्तप्यते इत्यादि में लकार का अर्थ कर्म का तपः में अन्वय और लकारार्थ कर्म का धात्वर्थ में अन्वय होता है, नागोजी भट्ट से वर्णित अभेदान्वय भाष्य विरूद्ध है।

इसी सूत्र पर इससे पहले आया हुआ भाष्य देखा जाय—'तिङभिहिते चापि तदा भावे बहुवचनं श्रूयते, तद्यथा उष्ट्रासिका आस्यन्ते, हतशायिकाः शय्यन्ते' इत्यादि भाष्य मनन करने लायक है। तिङ् से उक्त भाव में भी बहुवचन सुना जाता है, ऊँट के बैठने के ऐसा बैठना, मारे हुए के शयन के ऐसा शयन, आस्यन्ते शय्यन्ते यह भाव वाच्य क्रिया है यह भाष्यकार ही कहते हैं, वस्तुस्थिति ऐसी है कि दूसरी जगह भावतिङ् में प्रथम पुरुष एकवचन ही होता है यहां बहुवचन

होता है, भाष्य में बहुवचन भी लिखा है, यहां आसनं=बैठना, शयन=सोना अनेक बताना है उसके लिये बहुवचन जरूरी है, जो एक ही प्रकार का निश्चल बैठना है वह उसके बैठने के ऐसा नहीं है, ऊँट जल्दी जल्दी अनेक प्रकार से बैठता है, अत: अनेक प्रकार का अनेक बैठना ही ऊँट के बैठने के ऐसा है। उसी प्रकार चोट खाया आदमी छटपटाता है पड़ा हुआ भी जल्दी जल्दी करवट फेरता है, उसके ऐसा सोना अनेक प्रकार का अनेक होगा, उसके लिये बहुवचन जरूरी है। उसके साथ उष्ट्रासिका: हतशायिका: स्त्रीलिङ्ग बहुवचन कौन कारक है ? सोचिये। यदि कर्ता प्रथमान्त मानेंगे तो कर्तृवाच्य क्रिया चाहिये, उसमें यक् नहीं रहेगा, आसते शेरते होगा। यदि द्वितीया बहुवचन कर्म माने तो उसके लिये कर्तृवाच्य सकर्मक क्रिया प्रथमान्त कर्ता चाहिये। यदि प्रथमा बहुवचन कर्म माने तो उसके लिए सकर्मक क्रिया चाहिये, तृतीयान्त कर्ता चाहिये। बच गया भाववाच्य क्रिया मानिये। तृतीयान्त कर्ता का अध्याहार कीजिये, इन प्रथमान्तों को धात्वर्थ क्रिया में अभेदान्वय करके क्रियाविशेषण कहिये। इससे निष्कर्ष निकाले कि जो कोई कारक नहीं हो पाता वही क्रियाविशेषण होता है, जो धातु के अर्थ में अभेद सम्बन्ध से अन्वित होता है वह कोई कारक नहीं होता, कारक पद से कर्ता कर्म आदि लेना, क्रिया में अन्वय होने से कारक तो क्रियाविशेषण भी है। जिसका विभक्त्यर्थ या लकारार्थ कारक से सम्बन्ध नहीं होता उसीका अभेद सम्बन्ध से धात्वर्थ क्रिया में अन्वय होता है। अत: तापसेन तपस्तप्यते यहां तप: का अभेद सम्बन्ध ले धात्वर्थ क्रिया में अन्वय नहीं किन्तु लकारार्थ कर्म में अन्वय है। यदि धात्वर्थ में अभेदान्वयी क्रियाविशेषण कर्म होता और उस कर्म में लकार होता तो आस्यन्ते शय्यन्ते में भाव में लट् करके बहुवचन उपपादन का भाष्यकार का श्रम व्यर्थ होता। अत: तापसेन तपस्तप्यते इत्यादि में नागेश भट्ट का अभेदान्वय आदि इस भाष्य से भी विरुद्ध है। यहां तो नागेश भट्ट 'एवञ्चासिका इत्यादि क्रियाविशेषणं प्रथमान्तम्' इत्यादि उद्योत में ठीक ही लिखते हैं। वहां का उनका ग्रन्थ इस उनके ग्रन्थ से भी विरुद्ध है। यहां ऐसा अर्थ के लिये इव शब्द नहीं है। इसलिये उष्ट्रासिका शब्द का ऊँट के बैठने के सदृश बैठना इतना अर्थ है, हतशायिका का पीटे हुए के सोने के ऐसा सोना अर्थ है। देवदत्तेन उष्ट्रासिका

आस्यन्ते, हतशायिकाः शय्यन्ते इत्यादि संस्कृत वाक्य होंगे, देवदत्त के ऊंट के बैठने के ऐसे बैठने हैं, पीटाये हुये के सोने के ऐसे सोने हैं ऐसा अनुवाद होगा। यह नया विषय है कठिन भी है आख्याततार्थ संख्या के अन्वय आदि का विचार बहुत होगा इसलिये इसको छोड़ता हूं। इसके बाद का मेरा 'नास्त्य परं नूतनम्' वाला छोटा ही छपा है, उसमें कोई इस अंश में आवश्यकीय नहीं मालूम पड़ता इसलिये उसका यहां नहीं देता। उसके भी बाद मिश्र जी का 'अहो आग्रहातिरेकः' शीर्षक वाला लेख १८।६। ५७ ई० से संस्कृतं पत्र के ३८।३५ अङ्कों में प्रकाशित हुआ।

गोपोषमपुषन् इत्यादि में तथा उसके समान और जगह नागेश तथा अन्य लोग अभेदान्वय करते हैं मिश्र जी को सूत्र भाष्य आदि स्वारस्य भी उसमें मिलता है तब उसको मेरे ऊपर अधिक आग्रह के आरोप की सामग्री मिलती है अतः वे वैसा आरोप करते हैं। भाष्य प्रमाण है और व्याख्याता लोग प्रमाण नहीं हैं, अभेदान्वय भाष्य विरुद्ध है, अप्रमाणिक अभेदान्वय के विरोध में मेरा वस्तुतः आग्रह है, इसीलिये बार-बार प्रकाशित करता हूं कि इन दोनों भाष्यों पर विवेचक लोग विचार करें, जिसको देखकर मैं अपनी समझ की परीक्षा करूं, मुझे जिज्ञासा है, मैं व्यर्थ की बातों पर जाऊंगा नहीं तथा किसी के आक्षेप के भय से अपनी जिज्ञासा को छिपाऊंगा नहीं। हां यहां तक मिश्र जी पढ़ते हैं कि सामान्य विशेष में भेद अभेद दोनों रहते हैं, भाष्य से व्यक्त भेद को उस अभेद में गुणीभूत भेद से गतार्थ कर दिया जाय। किन्तु उस समन्वय का अवसर मुझे नहीं मिलता, भाष्य का सन्दर्भ ऐसा है कि अभेद प्राप्त है, उसमें साध्य-साधन की अनुपपत्ति दिखाकर भेद का सिद्धान्त किया गया है वह गुणी-भूत नहीं हो सकता प्रधान रहेगा। द्वितीया और लकारों के अर्थ कर्म और कर्ता का सर्वथा परित्याग अनुचित कहा हो गया। इस जगह दूसरी कठिनाई इन लोगों की हो गई है कि 'सामान्य तपेरवयवतपिः कर्म' इस भाष्य में सामान्य शब्द से पास रहने के कारण अवयव शब्द का अर्थ विशेषकर डाले यह बड़ा अनर्थ है। अवयव का अर्थ विशेष नहीं है विशेष में सामान्य शब्द का प्रयोग होता है, विशेष तपितप् है किन्तु अवयव तपि तप् नहीं है बहुत फरक है, अन्य पदार्थ प्रधान बहुव्रीहि है। अवयव है तप जिसका ऐसा तपः प्रातिपदिक धातु ही नहीं, धातु प्रातिपदिक नहीं होता, तप् धातु

कैसे ? भाष्यकार कह रहे हैं कि तप् धात्वर्थ क्रिया का कर्म तप धात्वर्थ नहीं किन्तु अवयव तप् है जिसका ऐसा तपस् प्रातिपादिक का अर्थ कर्म है, इसी प्रकार गोपोषम् इत्यादि में पुष् धात्वर्थ क्रिया का कर्म पुष् धात्वर्थ नहीं किन्तु पुष् अवयव है जिसका वैसा पोषं अथवा गोपोषम् प्रातिपदिक का अर्थ कर्म है। इस प्रकार मिश्र जी के लेख में पाणिनीय शास्त्र के व्यवस्थित प्रमाण आदि के अनुसार विवेचन नहीं है इसको दिखाने के लिये मेरा 'आग्रहातिरेके अहो पाणिनीयता' लेख १६।७।५७ ई० से प्रारम्भ करके ३९।४०।४१ तीन अङ्कों में संस्कृतं पत्र में प्रकाशित हुआ है।

उसमें पाणिनीय शास्त्र के सिद्धान्तों का विरोध मिश्र जी के लेखों में दिखाया गया है, मुख्य विषय जो क्रियाविशेषण की कर्मसञ्ज्ञा नहीं होती, कारक का क्रिया में अभेदान्वय नहीं होता, इत्यादि में कोई विशेषता उससे नहीं होती, मेरे प्रतिपाद्य सिद्धान्त की पुष्टि के लिये इतना ही है।

जो लोग तापसेन तपस्तप्यते, गोपोषमपुषत् इत्यादि में क्रिया कर्म का अभेद मानते हैं वे लोग भाष्य विरूद्ध कहते हैं यह तो तीन भाष्यों से दिखाया गया है, उसके अतिरिक्त कुछ प्रसिद्ध सिद्धान्तों की अवहेलना करते हैं, और मेरे प्रतिपादित क्रिया कर्म का अभेदान्वय नहीं होता, क्रियाविशेषण की कर्मसञ्ज्ञा नहीं होती, क्रिया-विशेषण में प्रथमा होती है इत्यादि सिद्धान्तों में तीन भाष्यों का अभिप्राय बता ही दिया गया है, और सिद्धान्तों का समादर होता है, उनका दिग्दर्शन कराकर समाप्त किया जायेगा। उससे कौन पक्ष प्राचीन है ? कौन अर्वाचीन है ? यह विचार पाठकों के हृदय में उदय पायेगा।

(१) भाव में विहित कृत् प्रत्यय सार्थक है। धात्वर्थ की अपेक्षा कृदर्थ विलक्षण है। प्रसङ्ग होने पर भी मिश्र जी का लेख इस सिद्धान्त को भूल गया, मेरे विचारों में इसका उपयोग किया गया।

(२) स एतान् पोषान् अपुषत्, इत्यादि में मिश्रजी का लेख पोषान् पुल्लिङ्ग-बहुवचन को क्रियाविशेषण कहता है, ऐसा क्रियाविशेषण संस्कृत भाषा में अप्रसिद्ध है, उस पर भी क्रियाविशेषण का विशेषण एतान् को बनाता है यह अत्यन्त अप्रसिद्ध

है। मेरा लेख पोषान् को कर्म कारक अनभिहित मानता है जो बहुत प्रसिद्ध है, और उसका विशेषण एतान् को कहता है।

(३) वैयाकरण भूषण आदि ग्रन्थों में विरोधिओं के मत खण्डन के साथ कर्म द्वितीया का तथा कर्म लकार का आश्रयत्व या आश्रय अर्थ सिद्धान्त किया गया है, अभेद अर्थ नहीं बताया गया है, मिश्र जी का लेख उसका अनादर करता है, मेरे लेख में उसका समादर है।

(४) तापसेन तपस्तप्यते में कर्म का जैसे धात्वर्थ में अभेदान्वय करते हैं वैसे पाको वर्तते में अभेदान्वय हो जायेगा, कर्तृलकार का कर्ता अर्थ सिद्धान्त भङ्ग होता है, मेरे लेख में ऐसे अन्वय का विरोध है।

(५) जो लोग क्रियाविशेषण को कर्म मानते हैं वे लोग भी वैसे कर्म में लकार नहीं मानते, मिश्र जी का लेख वैसे तपः कर्म में लकार का समर्थन कर अपने पक्ष का भी विरोध करता है, मेरे लेख में उसका अवसर ही नहीं। इति।

इसके बाद भी पक्ष प्रतिपक्ष भाव के विना प्रचार के लिये संस्कृत में लिखा था। उसका शीर्षक 'क्रियाविशेषण विभक्तेः पाणिनीयता विचारः' है। १९६९ ई० में काशी के सूर्योदय पत्र में प्रकाशित हुआ था। अब इस समय संस्कृत पत्र के वे सभी अङ्क तथा मिश्र जी की छोटी पुस्तक सभी नष्ट हो गये, कुछ भी आधार मेरे पास नहीं बचा है, इसीके प्रकाशन का प्रयास है।

संस्कृत में केवल सूर्योदय का अभीं बचा है उसका भी प्रकाशन पुनः संभव है।

सुप् विभक्तिओं का कर्म आदि अर्थ है, ऐसा महाभाष्य कहता है, आश्रयोऽवधिरुद्देश्य इत्यादि भूषणकारिका के अनुसार कर्मकारक द्वितीया का अर्थ आश्रयत्व या आश्रय व्यवस्थित है, उसके अनुसार क्रियाविशेषण कर्म द्वितीया का अर्थ अभेद मानना व्याकरण सिद्धान्त से विरुद्ध है। इस प्रकार क्रियाविशेषण कर्म अप्रामाणिक तथा पाणिनीय व्याकरण से विरुद्ध है। इति।

अयोध्यास्थे संस्कृतं पत्रे २८ वर्ष १४ अङ्क २२-१-५७ ईशाब्दे प्रकाशितम्

छात्रा छात्री वा

छत्रं शीलमस्या इत्यर्थे केचन छात्राशब्दम् अपरे छात्रीशब्दं प्रयुञ्जा ना अस्यां विंशशताब्द्याम् अवलोक्यन्ते। अर्थान्तरे नैकधा छात्रीशब्दस्य संसिद्धिः संभवतीति नातिरोहितं वैयाकरणानाम्। अलमत्र तत्प्रसारेण। तच्छीलार्थे अज्ञातकारणेन अस्माकं दौर्भाग्येन वा प्राचीना लेखकाः प्रसिद्धोपयोगिनोऽस्य शब्दस्य स्त्रीलिङ्गे प्रयोगं श्रमेण परिजह्रुः इति प्रतिभाति। कदाचन संदिहाना एव तेऽपि आसन्। अधुना च द्विधा व्यवहारे प्राचीनप्रसिद्धप्रयोगाभाव एव निबन्धनमिति चिरादनुभवामि। यद्यपि अस्ति विस्तृतं परिपूर्णं निर्णायकं पाणिनीयं व्याकरणं तथापि तत्र स्थितस्य गतिश्चिन्तनीया' इति न्यायेनैव बहुधा कार्यनिर्वाहः क्रियते इति तस्य स्वभावं वैयाकरणा अनुभवन्ति। स्वतस्तु तत्र मुनित्रयवचनस्यैव प्रामाण्यम् अन्ये च व्याख्यतारः, व्याख्याभेदे प्रमाणाविरोधिनि युक्तायुक्तत्वनियामको व्याख्यानविशेषस्य निःसंदिग्धः प्रयोगविशेषः साधुत्वेन समीहितः। ज्ञापनमपि प्रयोगसाधुत्वानुकूलम् अन्यथा प्रत्याख्यानमेव वचनस्य। अनित्यत्वस्वीकारोऽपि प्रयोगसाधुत्वायैवेत्यादि जानन्त्येव वैयाकरणाः। व्याकरणमुनिभिरुदाहरणतया छात्री छात्रा वेति नाभिहितम् व्याख्यानभेदश्च द्विधाऽपि संभवति इति पश्चाद् वक्ष्यामि। प्रथमं स्वीयमनुभवं प्रदर्शयामि।

प्रायो गते चतुर्विंशे १९२४ ईश्वीयेऽब्दे काश्यां सिद्धान्तकौमुदी मधीयानो बाल एव स्त्रीप्रत्ययप्रकरणे ताच्छीलिकेणेऽपि चौरी इत्यादिपङ्क्तिव्याख्याने पूज्यगुरुश्रीशिवबालकशुक्लमुखाब्जेभ्यः श्रुत्वा अभ्यस्य च अद्यावधि अविच्छिन्नमध्यापयामि इदं धारयामि च परिभाषाया नित्यत्वे सर्वत्रैव ताच्छीलिकेणे स्त्रियां ङीप इष्टत्वे मात्रालाघवाय परिभाषाया अकरणलाघवाय च 'छत्रादिभ्योऽण् इत्येव कर्तव्यमासीत् 'छत्रादिभ्योणः' ४।४।६२' इति गुरुभूतो न्यासो व्यर्थीभूय परिभाषाया अनित्यत्वं ज्ञापयति तेन छात्रा इत्येव ङीवभावे टाप् सिद्ध्यतीति।

प्रायो गते पञ्चचत्वारिंशे १९४५ खीष्टाब्दे जयपुरे व्याकरण मध्यापवती निर्णयसागरमुद्रितकादम्बरीटिप्पणीगतपण्डितप्रवरश्रीभट्टमथुरानाथकविलिखि-तच्छात्रीशब्दं दर्शयितुं तत्राभिमतञ्च ज्ञातुं सपुस्तकमेकं छात्रं म. म. पण्डित-

प्रवरश्रीगिरिधरशर्मचतुर्वेदवृद्धिचन्द्रशर्माणौ ममान्तिके प्रेषयताम्, अहञ्चगुरोः सकाशाद् यथा अधीतमासीत् तथा पूर्वसूचितं सन्दिश्य प्रहितवान्। ततश्च 'एवमेव अहमपि स्मरामि परं कश्चिल्लेखोऽस्मिन् विषये अन्विष्यताम्' इति चतुर्वेदमहाशयाः पुनरपि सूचितवन्तः। तदानीमेव लेखान्वेषणे प्रवृत्तः परिभाषेन्दुगदाटीकायां प्रदीपोद्योते च विषयममुमवापम्, तेभ्योऽदर्शयञ्च। तत्र च प्रायो ममाधीतरीतिरेव अस्ति। अल्पीयानेव प्रकारभेदः उद्योतग्रन्थञ्चोदाहरामि—

कार्मस्ताच्छील्ये ६।४।१७२। भाष्यम् किमर्थमिदमुच्यते नस्तद्धिते इत्येव सिद्धम १, न सिद्धयति, अनणीति प्रकृतिभावः प्रसज्येत, अणीत्युच्यते। णश्चायम, एवं तर्हि सिद्धे सति यन्निपातनं करोति तज्ज्ञापयत्याचार्यः ताच्छीलिके णेऽणकृतानि भवन्तीति। किमेतस्य ज्ञापने प्रयोजनं चौरी तापसीति। अणन्तादितीकारः सिद्धो भवति इति।

तदुपरि कैयटप्रदीपः—ताच्छीलिके इति एवं च छत्रादिभ्योऽण् इति लाघवाय कर्तव्यम्, ण वचने प्रयोजनाभावात्, प्रज्ञा श्रद्धेति, ज्वलितिकसन्तेभ्य, इति तदस्यां प्रहरणमिति ण वचने ङीबभावः प्रयोजनमिति। एवञ्चेति प्रदीपप्रतीके नागेशोद्योतः—ज्ञापके हि ज्ञापकसिद्धस्यासार्वत्रिकत्वाच्छात्रेति सिद्ध्यति इति चिन्त्यमिदमित्यन्तेन इति।

कैयटप्रदीपाभिप्रायः—णप्रत्ययविधाने अण्प्रत्ययकार्यार्थं परिभाषायाः स्वीकारे गौरवान् अणप्रत्ययविधानमेव युक्तम, परिभाषा च न कर्तव्या। छत्रादिभ्योऽण् इति न्यासेन छत्रादिभ्यो ण इति न्यासस्य परिभाषायाश्च प्रत्याख्याने भाष्यतात्पर्यमिति कैयटोऽभिप्रैति, तथा च अभिधाने सति अविशेषात् सर्वेभ्यश्छत्रादिभ्यस्तच्छीले स्त्रियां ङीबिस्ट इति छात्री आयाति।

नागेशोद्योताभिप्रायः—अपूर्ववचनेन ज्ञापकसिद्धपरिभाषया वा ङीव् विधाने न फलैक्यं किन्तु फलवैषम्यम्। साक्षाद्वचनं सार्वत्रिकम्। ज्ञापकसिद्धं न सवत्रेति सिद्धान्ताद् ज्ञापिता परिभाषा क्वाचित्की, तथा च परिभाषाज्ञापनार्थं यथाश्रुतन्यासस्य परिभाषायाश्च आवश्यकत्वे न प्रत्याख्याने भाष्यतात्पर्यम्, ज्ञापिता च परिभाषा चौरी तापसीत्यादौ ङीपं प्रवर्तयिष्यति अनिष्टं छात्राशब्दे ङीपं न प्रवर्तयिष्यति इति।

इदन्त्वत्र अवधेयम्-अत्रत्यन्यासयोर्मात्रालाघवविचारो बहूनां न शोभते, उभयोष्टीकयोः परिभाषाकरणाकरणलाघवगौरवाभ्यामेव समन्वयात्, अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते इत्यादिपरिभाषायाः शेखरग्रन्थस्य तत्स-

म्बद्धभाष्यतट्टीकाग्रन्थानाञ्च पर्यालोचनया एतादृशमात्रालाधवस्य भाष्यकृद्भिर्बहुत्र अवहेलनाच्च ।

उद्योते अन्ये इति शब्देन नागेशानभिमतत्ववर्णनं न सम्यक् । अन्ये केचिदादिशब्दमन्तरा स्फुटता न स्यात् प्रदीपाभिप्राय एव प्रसज्येत, वर्तते च प्रदीपविरुद्धम् इति तादृशशब्दानामावश्यकता । केचनेति अपेक्षया अन्ये शब्देन आदर एव विद्योतते ।

अनेन स्वीयानुभवप्रकाशनेन छात्रेति प्रयोगाध्यापनस्य अस्ति वैयाकरणानां काचित् परम्परेति विवक्षामि । अधमपि निष्कर्षोऽवश्यमवधातव्यः—

१—छात्रीति इष्यते तदा कैयटव्याख्यानं सम्यक् छात्रेति इष्यते तदा नागेशव्याख्यानम् । इष्टत्वानिष्टत्वोर्मूलन्त्वन्यदेव, तादृशञ्च नोपलभ्यते ।

२—कैयटमते सर्वत्रैव ङीप्, नागेशमते च कुत्र ङीप्कुत्र टाबिति नियामकान्तरमन्वेषणीयम्, शिक्षाशीलमस्या इत्यर्थे शैक्षो शैक्षा वेति निर्णयो न भवति ।

३—इदन्त्ववश्यमस्ति यदा नागेशसदृशस्य प्राचीनस्य प्रसिद्धस्य चान्यस्य विदुषः छात्री छात्रा वा प्रयोगो नोपलभ्यते नागेशेन च स्फुटं छात्राशब्दः प्रयुक्तः साधितश्च, कैयटग्रन्थे च छात्राशब्दो न दृश्यते कदाचन प्रयोगनिर्णये अनवहितोऽपि कैयटो भाष्यतात्पर्यनिर्णय एव व्यापृतः स्यात्, नागेशेन च अन्यत्र कुत्राऽपि छात्राशब्द उपलब्धो भवेत्, इत्यादि संभाव्यते चेदधुना अस्माकं नागेशव्याख्यानादर एव श्रेयान् इति ।

मम च परिचितौ महापण्डितौ वैयाकरणौ च छात्रीशब्दं प्रयुञ्जानौ जयपुरीयभट्टमथुरानाथपाटलिपुत्रस्थहरिशङ्करपाण्डेयमहाशयौ दृष्टौ उभावपि नातिप्रसिद्धे प्रयोगे अनुशासनानुसन्धानेनैव प्रयोगं कुरुतः । अनुशासने च सूत्रे वार्तिके भाष्ये च छात्राशब्दो न दृश्यते । सिद्धान्तकौमुदीमनोरमाशेखरादिग्रन्थावलोकनेन यथा चौरी तथा छात्री इति आयाति तथा च ताभ्यां प्रयुज्यत इति कोऽपराधः । नागेशस्य एका पंक्तिस्ताभ्यां नावलोकिता न वा स्मृता तेन तयोर्वै दुष्यस्य वैयाकरणताया वा उपघातो न संभवति । अन्यथा जगति केऽपि वैयाकरणा न स्युः । यदि तौ अधुना आग्रहिलौ तदा प्रमाणं मम सविधे नास्ति । तथापि मनोवैज्ञानिकशास्त्ररीत्या परिचितस्य विषयान्तरालापैरनुक्तोऽपि मनोभावश्चतुरैरवाप्यते इति मन्येत तदा इदमवश्यं वक्ष्यामि यद् नागेशपंक्तिस्ताभ्यामप्रथममवलोकिता अभविष्यच्चेत् छात्राशब्दोऽवश्यं प्रायोक्ष्यत इति ।

ऐषमश्च एकोमित्रं विद्वान् मया साकं चर्चया नागेशपंक्ति दृष्ट्वा एकस्मै डाक्टरोपाधित्रिभूषिताय अत्रत्यसंस्कृतविदुषे अवाबोधयत् स च मासद्वयात् प्राक् प्रकाशिते राष्ट्रभाषापरिषदः प्रकाशमानस्य साहित्यनामकहिन्दीत्रैमासिकपत्रस्य अङ्के लेखं प्राकाशयत्, वैयाकरणस्य सहायतया च बहून् व्याकरणांशान् प्रादर्शयत्, तथापि लेखपठनेन नासौ वैयाकरण इति सुखेन वैयाकरणा अवगन्तुं प्रभवन्ति। महाभाष्यस्यैव व्याख्यानेन प्रयोगाः कल्प्यन्ते। अन्येषान्तु व्याख्यानं प्रयोगानुसारितया आद्रियते न तु तेन प्रयोगः कल्प्यते इति व्याकरणमर्यादां नासौ अवबुध्यते, कैयटाभिप्रायञ्च नावदधाति। इत्यादिवर्णनं परित्यज्यते स्वयमवलोकनेन व्यक्तं भविष्यति। स तु इतिहासमपि विस्मृतवानिति प्रतिभाति, यतः परिभाषेन्दुशेखरः सिद्धान्तकौमुद्याः प्रसिद्धा टीकेति स्फुटं लिखति। तादृशस्य पत्रस्य तादृशा लेखका एव शोभाकराः यतो हि शास्त्रीयविषयेऽपि एम० ए० डाक्टरोपाधिधरानेव विदुषो मन्यन्ते पत्रकाराः संस्कृतविदुषोऽविदुषः अवगच्छन्ति। शास्त्रीयविषयेऽपि पण्डितानां लेखं न प्रकाशयन्ति इति।

●

पटना साहित्यपत्र ८ वर्ष ३ अङ्क अक्तुवर १९५७ ई० प्रकाशित

'छात्रा' या 'छात्री'

वर्त्तमान-काल में 'छत्र शील है जिसका' इस अर्थ में, स्त्री-लिङ्ग 'छात्रा' शब्द का हिन्दी में प्रयोग किया जाता है। कुछ आधुनिक भारतीय भाषाओं में, जैसे वंगला में, 'छात्री' शब्द का व्यवहार करते हैं। अन्य अर्थों में अनेक प्रकार से 'छात्री' शब्द की सिद्धि संभव है, यह वैयाकरणों को अविदित नहीं है, इसलिए उस पर विस्तार करना व्यर्थ है। किसी अज्ञात कारण से, अथवा हमलोगों के दौर्भाग्य से, प्राचीन लेखकों ने शील अर्थ में प्रसिद्ध और उपयोगी इस शब्द का स्त्री-लिङ्ग में प्रयोग सोच-समझकर छोड़ दिया है, ऐसा प्रतीत होता है। शायद ये लोग भी सन्देह ही में थे।

आधुनिक दो तरह के व्यवहारों का कारण प्राचीन प्रसिद्ध प्रयोगों का न होना ही है, बहुत दिनों से ऐसा मेरा विचार रहा है। यद्यपि पाणिनीय व्याकरण विस्तृत, परिपूर्ण तथा निर्णायक है, तथापि साधुत्व-प्रसिद्धि के अनुसार ही किसी

तरह निर्वाह करना उसका स्वभाव है, यह वैयाकरण जानते हैं। तीनों मुनियों का वचन ही प्रमाण है, और आचार्य व्याख्याता हैं, स्वयं प्रमाण नहीं। यदि प्रमाण के अविरोधी दो व्याख्यान हों, तो उनके युक्तायुक्तत्व के विवेचन में निःसन्दिग्ध साधु-प्रसिद्ध प्रयोग-विशेष ही सहायक होता है, प्रसिद्ध प्रयोग के अनुसार ही व्याख्यान युक्त माना जाता है। किसी तरह का ज्ञापन भी प्रयोगविशेष के साधुत्वानुकूल ही ग्राह्य होता है, प्रयोग का साधुत्व फल न होने पर वचन का प्रत्याख्यान ही माना जाता है, ज्ञापन नहीं। किसी वचन को अनित्य भी तभी माना जाता है, जब उसका प्रयोग-निर्वाह में उपयोग हो, अर्थात् व्याख्यान साधु रूप से व्यवहृत प्रसिद्ध प्रयोग का अनु-सरण करता है। व्याकरण के मुनियों के उदाहरण-वचनों में 'छात्री' या 'छात्रा' का प्रयोग नहीं आया है। भाष्य का व्याख्यान दो तरह से संभव है, जिसे आगे कहूँगा; पहले अपना अनुभव बताना चाहूँगा।

प्रायः सन् १९२४ ई० में सिद्धान्त-कौमुदी पढ़ते समय छोटी अवस्था में ही 'ताच्छीलिके णेऽपि चौरी' इस पंक्ति के व्याख्यान में पूज्य गुरु श्रीशिवबालक शुक्लजी से यह पढ़ा था—'ताच्छीलिके णेऽपि' यह वचन यदि नित्य माना जाय, तो ण और अण् में फल-भेद नहीं है, तब 'छत्रादिभ्योऽण्' यही न्यास ठीक है, क्योंकि मात्रालाघव है तथा परिभाषा नहीं करनी पड़ेगी। ण प्रत्यय का विधान व्यर्थ होकर ज्ञापन करता है कि परिभाषा अनित्य है, जिससे छात्रा में टाप् होता है। इसका तभी से, प्रायः पन्द्रह वर्षों तक, मैं बराबर अध्यापन करता रहा।

प्रायः सन् १९४५ ई० में मैं महाराजा-संस्कृत-कालेज (जयपुर) में व्याकरण का प्रधानाध्यापक था। उस समय का एक प्रसङ्ग है। कविशिरोमणि पं० श्रीभट्ट मथुरानाथजी की टिप्पणी-युक्त, निर्णयसागर-मुद्रित, कादम्बरी में 'छात्री' प्रयोग देख-कर मेरा अभिप्राय जानने के लिए म० म० श्री गिरिधरशर्माजी तथा पं० वृद्धिचन्द्र शर्माजी ने पुस्तक के साथ एक छात्र को मेरे पास भेजा। मैंने अपने अध्ययन के अनु-सार 'छात्रा' शब्द का साधुत्व बताकर विद्यार्थी को वापस कर दिया। मुझे भी ऐसा ही स्मरण है, किन्तु कोई लेख भी ढूँढिए, ऐसा म० म० गिरिधरशर्माजी का सन्देश आया। उसी समय मैं अन्वेषण में प्रवृत्त हुआ और परिभाषेन्दुशेखर, गदा-टीका तथा

प्रदीपोद्योत में इस विषय को पाया, जो प्राय: मेरे पढ़े हुए की तरह है, बहुत थोड़ा ही प्रकार-भेद है। उद्योत-ग्रन्थ का उद्धरण नीचे प्रस्तुत है—

कार्मस्ताच्छील्ये ६।४।१७२ सूत्र, भाष्य—"किमर्थमिदमुच्यते नस्तद्धिते इत्येव सिद्धम्। न सिद्धयति, अनणीति प्रकृतिभाव: प्रसज्येत, अणीत्युच्यते, णश्चायं, एवं तर्हि सिद्धे सति यन्निपातनं करोति तज्ज्ञापयत्याचार्य: ताच्छीलिके णेऽण्कृतानि भवन्तीति, किमेतस्य ज्ञापने प्रयोजनं चौरी तापसीति।"

इस पर कैयट के प्रदीप-ग्रन्थ में लिखा है—'ताच्छीलिक इति, एवञ्च छत्रादिभ्योऽण् इति लाघवाय कर्त्तव्यं, ण-वचने प्रयोजनाभावात्, प्रज्ञाश्रद्धेति, ज्वलिनि कसन्तेभ्य इति, तदस्यां प्रहरणमिति ण-वचने ङीवभाव: प्रयोजनमिति।"

एवञ्च, इस प्रतीक पर नागेशभट्ट के उद्योत-ग्रन्थ में कथन है—'ज्ञापके हि ज्ञापक-सिद्धस्यासार्वत्रिकत्वाच्छात्रेति सिद्धयति इति चिन्त्यमिदमित्यन्ये इति।'

भाष्य का अनुवाद—इस सूत्र को क्यों कहते हैं, नस्तद्धिते सूत्र से टिलोप सिद्ध होता है, नहीं सिद्ध होता, अनणि इस प्रतिषेध से प्रकृतिभाव प्रसक्त है, वह अण् परे रहते प्रतिषेध करता है, यह तो ण है, इस तरह सिद्ध होने पर जो निपातन आचार्य करते है, वे बताते हैं कि तत्शील अर्थवाला ण प्रत्यय होने पर अण् के कार्य होते हैं। फल चौरी, तापसी है।

प्रदीप का अनुवाद—इस तरह लाघव के लिए 'छत्रादिभ्योऽण्' ऐसा ही न्यास करना चाहिए, ण-प्रत्यय-विधान में प्रयोजन नहीं है, प्रज्ञा, श्रद्धा इत्यादि तीन सूत्रों के उदाहरणों में ङीप् न हो, इसलिए ण-प्रत्यय का विधान सार्थक है।

उद्योत का अर्थ—ज्ञापक होने पर ज्ञापकसिद्ध वचन सभी प्रयोगों में लगनेवाले नहीं होते, अर्थात् अनित्य होते हैं, इस तरह ज्ञापकसिद्ध 'ताच्छीलिके णेऽपि' परिभाषा अनित्य है। इसलिए, छात्रा में अण्कार्य ङीप् न होकर टाप् होता है। कैयटोक्त न्यास से 'छात्र' शब्द में ण-प्रत्यय नहीं हो सकेगा, अण् ही होगा। अण् होने से 'टिड्ढाणञ्' इत्यादि नित्य वचन द्वारा ङीप् होने लगेगा, और अनिष्ट 'छात्री' शब्द की आपत्ति तथा इष्ट 'छात्रा' शब्द की असिद्धि हो जायगी। इसलिए, भाष्य का तात्पर्य

है कि 'छत्रादिभ्यो णः' ऐसा ही न्यास रखना चाहिए और चौरी, तापसी के लिए परिभाषा करनी चाहिए। ण-प्रत्यय करके परिभाषा करना और अण्-प्रत्यय-विधान करके परिभाषा नहीं करना --इन दोनों में कैयट का समान फल समझना तथा अण-प्रत्यय-विधान करके परिभाषा के प्रत्याख्यान में भाष्य का तात्पर्य समझना अच्छा नहीं है, क्योंकि दोनों में फलभेद है, यह सोचना चाहिए, ऐसा दूसरे लोग कहते हैं। कैयट का अभिप्राय—परिभाषा को सभी जगह लगनेवाली और नित्य मानते हैं, ऐसा ही समझ कर भाष्य का अभिप्राय लगाते हैं, ण-प्रत्यय का विधान करते हैं, और अण्-कार्य की सिद्धि के लिए परिभाषा माननी पड़ती है, इससे अच्छा है कि अण्-प्रत्यय का ही विधान करें, परिभाषा न करें, ऐसा भाष्य का अभिप्राय बताते हैं, (१) छत्र आदि से ण-प्रत्यय करना और प्रकृत परिभाषा को मानना, (२) छत्रादि से अण्-प्रत्यय ही करना, परिभाषा को न करना, इन दोनों व्यवस्थाओं में फल-भेद नहीं मानते, दूसरी व्यवस्था से अण् प्रत्यय होने पर सभी छत्रादि से ङीप् ही होगा, इसलिए 'छात्री', शिक्षाशील अर्थ में 'शैक्षी', इत्यादि प्रयोग निर्विवाद हैं। इसी तरह परिभाषा को नित्य मानकर पहली व्यवस्था में भी ऐसा ही प्रयोग होगा, इस तरह कैयट का भाष्याभिप्राय वर्णन करना यदि ठीक है, तो निश्चित है कि सभी छत्रादि से ङीप् ही होगा, 'छात्री', 'शैक्षी' यही साधु हैं, 'छात्रा' या 'शैक्षा' इत्यादि किसी के भी प्रयोग हों, असाधु हैं। इस तरह कैयट के अनुसार प्रयोगान्वेषण की आवश्यकता नहीं, निश्चित अनुमति मिल जाती है।

पाणिनीय शास्त्र के परिशीलनपटु पण्डितों की समर-भूमि यही है कि कैयट का व्याख्यान ठीक है या नहीं। नहीं है तो कैसे ? इसीसे निर्णय हो सकता है, और सब लिखना व्यर्थ है। नागेश-मत तो प्रसिद्ध प्रयोग की अपेक्षा करता है, प्रयोग न मिलने पर निर्णायक नहीं बनता, कैयट-मत सर्वथा निरपेक्ष निर्णायक होता है। कैयट के व्याख्यान का खण्डन दो ही तरीकों से संभव है—(१) कैयट-वर्णित भाष्य-तात्पर्य में किसी त्रिमुनि-वचन का विरोध बताना और (२) ऐसा न मिलने पर प्रसिद्ध प्रयोग का विरोध बताना। मेरी समझ में, यदि किसी शास्त्रीय वचन का विरोध नहीं मालूम पड़ता, तो प्रयोग-विरोध ही कैयट-मत के खण्डन में उपयोगी हो सकता है।

प्रसिद्ध 'छात्रा' शब्द का प्रयोग मिलता नहीं, इसलिए कैयट मत का खण्डन कैसे किया जाय ? कैयट-मत के खण्डन के विना 'छात्री', 'शैक्षी' इत्यादि प्रयोग ही साधु हैं। "छात्रा' शब्द के अतिरिक्त छत्रादिगण-पठित ण-प्रत्ययान्त किसी भी शब्द का टावन्त प्रयोग प्रसिद्ध मिलता हो, तो कैयट-मत अनुपादेय हो सकता है; लेकिन वह निर्णय अन्वेषणसाध्य है। वैभाषिक दर्शन में किसी साधक-विशेष के लिए शैक्षी, अशैक्षी नाम आते हैं, आपाततः इससे कैयट-मत 'अनुप्राणित होता है, लेकिन वे पुल्लिङ्ग मालूम पड़ते हैं, तथा कुछ रूढि-शक्ति का आभास उनमें मिलता है। विद्वान् इस पर विचार करें।

नागेश भट्ट के खण्डन का निष्कर्ष—नागेश भट्ट कहते हैं कि यहाँ कैयट-ग्रन्थ भ्रममूलक है। ज्ञापक-सिद्ध तथा प्रत्यक्ष वचनों की समान मर्यादा मानना कैयट का भ्रम है। भ्रम का कारण यह है कि इस स्थल पर ज्ञापकसिद्ध और प्रत्यक्ष वचनों में भेद बताने वाला भाष्य नहीं है। तथा कोई उदाहरण उपस्थित नहीं, जिसमें इन दो तरह के वचनों के भेद का उपयोग हो। और दूर दूसरी जगह, भाष्य में आये हुए ऐसे वचनों का उपयोग-भेद विस्मृत हो गया। ज्ञापक-सिद्ध वचन सार्वत्रिक नहीं होता, यह दूसरी जगह भाष्य में आया है, इसलिए पूर्वोक्त दो व्यवस्थाएं नहीं हैं, केवल पहली ही व्यवस्था है—ण-प्रत्यय करना तथा परिभाषा की सहायता से अण्-कार्य करना। अन्ये पद का उपयोग—जो मूल लेखक नहीं हैं, केवल टीकाकार हैं, उन्हें टीका में यदि मूल ग्रन्थ के विपरीत कुछ भी लिखना पड़ता है, तो अन्ये, केचित्, वयम् इत्यादि शब्द का अवश्य उपयोग करना पड़ता है, अन्यथा मूल का अभिप्राय है, ऐसा भ्रम हो जायगा। इस तरह नागेश के लेख में भी आता है और वह नागेश का मत माना जाता है। केचित् पद की अपेक्षा अन्ये पद में आदर-व्यञ्जकता अधिक मालूम पड़ती है। जो कुछ हो, यहाँ नागेश कैयट-मत का खण्डन करके दूसरे मत को स्थापित करते हैं, अपना कोई मत नहीं लिखते। तब जरूर मानना पड़ेगा कि उनके लेख में जो निर्दोष हो, वही उनका अभिमत है। इसपर विवाद भी उपयोगी नहीं मालूम पड़ता। किसी का भी मत हो, जो युक्त है, वही ग्राह्य है।

नागेश-मत में कठिनाई—ज्ञापकसिद्ध होने से ताच्छीलिके णेऽपि परिभाषा अनित्य हुई, लेकिन कहाँ लगेगी, कहाँ नहीं—यह प्रश्न होगा। इष्ट स्थल में लगेगी,

अनिष्ट में नहीं। फिर प्रश्न होगा कि कौन इष्ट और कौन अनिष्ट ? उत्तर होगा कि प्रचलित प्रसिद्ध प्रयोग इष्ट है, अन्य अनिष्ट, अर्थात् व्याकरण और उक्त परिभाषा भी प्रचलित प्रयोग की अपेक्षा करती है। तब तो व्याकरण की कुश्ती खत्म हुई, निर्णय प्रयोक्ताओं के हाथ में आ गया। व्याकरण की यही आज्ञा कि जैसा प्रयोग होता हो, वह साधू है। कैसा प्रयोग होता है ? इसका अन्वेषण किसी वैयाकरण पर निर्भर नहीं है, दूसरे लोग भी अन्वेषण कर सकते हैं। प्राचीन कोई प्रयोग मिलता नहीं, नागेश ने स्पष्ट 'छात्रा' शब्द का उपपादन किया है, इसलिएँ 'छात्री' की अपेक्षा छात्रा का उपादान करना अच्छा है, लेकिन उसमें नागेश का उपयोग व्याकरणाचार्य रूप से नहीं है, अपितु प्रयोगकुशल संस्कृतज्ञ के नाते है। 'छात्रा' शब्द में नागेश की अनुमति मिलने पर भी, शिक्षा शील है जिसका, इस अर्थ में शैक्षी, शैक्षा क्या साधु है ? इस विषय में अभी तक अन्धकार ही है, व्याकरण की निर्णय-धारा यहाँ कुण्ठित हो जाती है।

आधुनिक लोगों के 'छात्री' शब्द के प्रयोग में विशेष कारण भी है। विशेष प्राचीन कैयट ने अपने व्याख्यान से परिभाषा को नित्य बनाया। उसके वाद के वैयाकरण उदासीन रहे। वहुत पीछे नागेश हुए, जिन्होंने शेखर आदि मूल ग्रन्थों में ऐसा नहीं लिखा। लिखा भी, तो वे ग्रन्थांश परीक्षाओं के पाठ्य-ग्रन्थों से दूर हैं। इसलिए, कौमुदी, मनोरमा, शेखर आदि प्रसिद्ध ग्रन्थों से 'चौरी' की तरह 'छात्री' सिद्ध है, इसलिए अनुशासनप्रिय वैयाकरण विद्वानों ने 'छात्री' का प्रयोग अपनाया। नागेश की इन दोनों पंक्तियों को न देखने से ही वैयाकरणता चली जाय, तो संसार में वैयाकरण ठहरेंगे ही कितने !

कैयट के मत का समर्थन-प्रकार—यद्यपि निर्णय प्रसिद्ध प्रयोग पर निर्भर करता है, यह लिख चुका हूँ, तथापि 'छात्री' के पक्षपाती शास्त्रार्थ के क्षेत्र में निम्नलिखित तर्क उपस्थित कर सकते हैं—'ज्ञापकसिद्धं न सर्वत्र' यह परिभाषा भी ज्ञापकसिद्ध होने से सार्वत्रिक नहीं है, 'ताच्छीलिके णेऽपि' इस ज्ञापकसिद्ध परिभाषा में भी यह नहीं लगेगी, इसलिए प्रकृत परिभाषा नित्य हो जायगी। परिभाषा नित्य होने पर अण्-प्रत्यय-विधान से बराबर ही सभी जगह ङीप् होगा। अण्-प्रत्यय से भी हो सकता

है, अर्थात् पूर्वोक्त दोनों व्यवस्थाओं में फलैक्य हो जायगा। अण्-प्रत्यय-विधान में लाघव है। यदि भाष्य का तात्पर्य परिभाषा-प्रत्याख्यान में न माना जाय, तो भाष्य की न्यूनता होगी; क्योंकि फलैक्य तथा लाघव का उनको परिज्ञान नहीं है। इसलिए, अण्-प्रत्यय-विधान द्वारा परिभाषा-प्रत्याख्यान में भाष्य का तात्पर्य मानना पड़ेगा, जैसा कैयट ने लिखा है। इस पर भी कहा जाय कि परिभाषा नित्य होने पर लाघव के लिए सूत्रकार को अण्-प्रत्यय का विधान करना चाहिए। क्यों ण-प्रत्यय का विधान सूत्रकार ने किया ? इससे सूत्रकार में न्यूनता आती है। इस न्यूनता के परिहार के लिए परिभाषा को अनित्य मानना पड़ेगा। इस तरह एक पक्ष में भाष्य-बल और दूसरे पक्ष से सूत्र-बल उपस्थित होता है। इस पर व्याकरण का नियम है कि पूर्व और उत्तर मुनियों में विवाद होने पर उत्तर मुनि ही प्रमाण हैं - 'यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्'।

इस समर्थन-प्रकार में भी निर्णय का मूल प्रसिद्ध प्रयोग है, इसे भूलना नहीं चाहिए; क्योंकि किसी भी अनित्य वचन की प्रवृत्ति-अप्रवृत्ति के लिए दूसरा उपाय नहीं है।

नागेश का प्रभाव----नागेश का व्याकरण पढ़ने वालों पर बहुत बड़ा प्रभाव है। इतना विवाद विषय होने पर भी, नागेश के लेख में 'छात्रा' शब्द को देखकर, कोई 'छात्री' शब्द का प्रयोग नहीं करता, बहुत थोड़े लोग, अथवा मेरी जानकारी में दो ही सज्जन, 'छात्री' शब्द का प्रयोग करते हैं। यदि वे आग्रह करें, तो कोई बलवती युक्ति भी नहीं है कि उन्हें मनाया जाय। दोनों सज्जन मेरे परिचित हैं, 'अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः'---इस न्याय में विषयान्तर के वार्त्तालाप से विषयान्तर में भी किसी का कुछ अभिप्राय समझा जा सकता है, इसकी कुछ शक्ति मुझ में मानी जाय तथा इसके प्रकाशन का अधिकार भी मुझे हो, तो मैं कह सकता हूँ कि नागेश की ये दो पंक्तियाँ मात्र, बहुत अप्रसिद्ध स्थल में होने से सन्देह के अवसर पर उपस्थित न हो सकीं। यही कारण है कि 'छात्री' शब्द का प्रचार होने लगा। इन दोनों पंक्तियों के अतिरिक्त और ग्रन्थों को उन्होंने देख लिया था तथा अच्छी तरह सोच लिया था, यह तो निर्विवाद ही है। यह लेख, 'साहित्य' के प्रथम 'छात्रा'-विषयक

लेख को देखकर लिखा गया था किसी कारणवश 'साहित्य' में तुरत बाद प्रकाशित नहीं हो पाया।

जाति मानकर 'छात्री' का साधुत्व नहीं—साहित्य में, बाद में, 'जातेरस्त्री विषयाद्' इत्यादि सूत्र से ईकारान्त छात्री शब्द का साधुत्व देखने में आया। क्रमशः दोनों व्यक्तियों ने उसके बाद मेरे सामने चर्चा भी की। इससे निम्नलिखित धारणाएँ बंधीं—

पहले तो मालूम हुआ कि 'लिङ्गानां च न सर्वभाक्' इतना ही जाति का लक्षण मान लिया गया है, अर्थात् जो तीनों लिङ्ग न हों, वे जातिवाचक हैं, किन्तु उसके साथ 'सकृदाख्यातनिर्ग्राह्या' यह भी है। इससे उसका भी समन्वय हो गया। एक व्यक्ति में छात्रत्व का उपदेश कर देने पर दूसरे व्यक्ति में आसानी से ज्ञात हो जाय, ऐसा इसका अभिप्राय है। एक व्यक्ति में छात्रत्व का उपदेश होने पर दूसरे में भी छात्रत्व मालूम हो जाता है, ऐसा समन्वय हुआ। इस पर मैंने कहा कि वृषलत्वादि जाति मातृ-पितृ-जाति-प्रयोज्य है, इसलिए एक व्यक्ति को वृषल बताने पर उसके भाई-बहनों में वृषलत्व मालूम हो सकता है, छात्रत्व में तो ऐसी बात नहीं है। तब उस तरफ से छात्रत्व आकार-व्यंग्य है, इत्यादि अव्यवस्थित बातें सुनाई पड़ीं, इसलिये यह प्रसंग समाप्त करता हूँ।

इस पर विवेचक पाठकों से इतना ही निवेदन करना है कि वृषलत्वादि के समान मातृ-पितृ-जाति-प्रयोज्य तथा वृक्षत्व आदि के सदृश आकृतिग्राह्य छात्रत्व नहीं है, अपितु शील-विशेष मानसिक वस्तु है।

इसके बाद एक व्यक्ति से और भी चर्चा हुई, जो पहले से कुछ प्रभावित थे। उन्होंने दो समस्याएं रखीं (१)—जाति शब्द, गुण शब्द, क्रिया शब्द—तीन ही तरह के शब्द हैं, छात्र शब्द गुण और क्रिया में नहीं आ सकता, तो जाति शब्द ही कहा जायगा। (२) जैसे हिन्दी में भी व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है, वह जातिवाचक संज्ञा कही जाती है, वैसे ही 'छात्र' शब्द व्यक्तिवाचक न होने से जातिवाचक ही है। इस पर मैंने जो कुछ कहा, उससे उन्हें सन्तोष हुआ।

छात्र शब्द को पहली व्यवस्था में संग्रह करना चाहेंगे, तो शील-प्रवृत्तिनिमित्त होने से गुण शब्दों में आयगा। छत्र शब्द को गुरु के दोष के आवरण का प्रवृत्तिनिमित्त

मानें, तो क्रियाशब्दों में आयेगा। छत्र शब्द के अनेक अर्थ ग्रन्थों में आते हैं, तथा योगरूढि में जाना पड़ता है। इसलिए, इसका विशेष विवेचन स्वतन्त्र लेख में हो सकता है। अतः, इसे छोड़ देता हूँ।

दूसरी जाति जो हिन्दी में व्यवहृत होती है उसका व्याकरण में 'भिन्नेष्वभिन्नाभिधानप्रत्ययनिमित्तम्' शब्द से व्यवहार किया गया है। भिन्न व्यक्तियों में अभिन्न शब्द-प्रयोग तथा अभिन्न प्रतीति का निमित्त जाति है, ऐसा इसका अर्थ है। इस लक्षण का तथा कुछ और जाति-लक्षणों का व्याकरण-ग्रन्थ में स्पष्ट निषेध किया गया है—ऐसी जातियाँ 'जातेरस्त्रीविषयाद्' इत्यादि सूत्र में नहीं ली जाती हैं।

इस पर विचार करने की प्रार्थना करूँगा—छात्र शब्द जातिवाचक है, तो मुण्ड शब्द क्यों नहीं, जो सिद्धान्तकौमुदी में जाति का प्रत्युदाहरण है? पहले लिखे हुए कैयट-ग्रन्थ में स्पष्ट लिखा है कि ङीप् न हो, इसलिए उक्त सूत्रों में ण का ही विधान करना चाहिए। उन सूत्रों के उदाहरणों को देखें कि प्राज्ञा, श्राद्धा, आर्चा, ज्वाला, दाण्डा आदि जातिवाचक नहीं हैं। सो क्यों? 'मुखरा' आदि तद्धितान्त प्रयोग कैसे व्यावृत्त किये जायेंगे? पुष्पहरा वगैरह कृदन्त 'छात्रा' शब्द के समान शील अर्थ में साधु होते हैं, वे जातिवाचक क्यों नहीं हैं? इस तरह मनमानी जाति मानने से स्त्रीप्रत्यय के अनेक सूत्र व्यर्थ होंगे, इसे भी ध्यान में रखना चाहिए।

प्रमाणप्रिय पाठकों से प्रार्थना करूंगा कि वे महाभाष्य को देखें। उसमें इस सूत्र में ग्राह्य दो जाति-लक्षणों का उपपादन किया गया है। पहला सिद्धान्तकौमुदी में लिखा हुआ है। वे दोनों जाति-लक्षण पतञ्जलि के पहले से प्रसिद्ध हैं। दोनों की थोड़ी आलोचना से भाष्य में थोड़ा भेद भी बताया गया है। इन लक्षणों के कुछ व्याख्यान-भेद पतञ्जलि के बाद भी हुए हैं, किन्तु 'छात्रा' शब्द के साथ उन व्याख्यानों का थोड़ा भी अनुकूल सम्बन्ध नहीं है। इस प्रकार नागेशभट्ट जी को छात्रा प्रयोग उपलब्ध था ऐसा मानना चाहिये। इसी अङ्क में काशी के पं० रमाशङ्कर भट्टाचार्य जी का भी लेख है, उनको प्रक्रियासर्वस्व में छात्री उदाहरण मिला है। इति।

पाणिनीयसूत्राणामुपरिकात्यायनवार्तिकानि

चिरं पाणिनीयसूत्राणि पुस्तकरूपेण लिखितानि अध्यापकानाम् अध्येतृणां च सविधे आसन्, कण्ठस्थीकरणञ्चतावतामेव क्रमबद्धनाम्, अर्थं विधानं व्याख्यानम् उदाहरण-प्रत्युदादारणे च सर्वाणि मुखेनैव प्रचलितानि, लेखस्य समुचित सामाग्र्यभावात्पत्रच्छेदना दिनाच काठिन्येन चिरेण च सम्पादयितुं-शक्यत्वाच्च ।

एवं कतिपयशताब्दीषु व्यतीतेषु पाणिनिरिव महामेधावी कात्यायनः प्रादुर्बभूव । पाणिनीयानि सूत्राणि सम्यक् पपाठ, ऊहापो हौ विश्लेषणं च कृत्वा महावैयाकरणो जातः, सविधे संप्राप्याणि व्याकरणान्तराणि-शास्त्रान्तराणि च व्यालुलोड, श्रमेण प्राप्तव्यानि दूरस्थितानि अपिपुस्तकनि अधिजगे, यथा स्थानं स्थिताः सामयिकाःये शिष्टाः प्रसिद्धा स्तान् अन्विष्यतान् संगम्य वादं च विधाय संस्कृतभाषाशास्त्रस्य महामनिषी जातः, पाणिने र्भाषाया अनुगमे स्वाभाविकवैज्ञानिकत्वे सूत्र रचनाकौशले च श्रद्धा भारेण भुग्नो जातः, व्याकरणान्तरं निर्मातुं न समुत्सेहे, कदाचिदेव केन चिद् एवं सर्वाङ्गपूर्णं संज्ञापरिभाषा प्रत्याहारादिकलाललितं शास्त्रं संकलितं संभवेदिति चिचिन्त, तदवश्यं संरक्षणं संयोषणं सम्बर्धनं प्रसारश्चार्हति शब्दानुशासनमिदमिति निश्चिकाय । तथैव च वार्तिकानि निर्ममौ ।

लघुनः सम्बर्धनम् अपुष्टस्य पोषणमिति रीत्या काश्चित् न्यूनतां जग्राहेत्ति प्रतिभात्येव । सा च न्यूनतां मानवसहजया विस्मृत्या मनोऽनवधानेन पाणिनिना अलक्षितपुस्तकानां कात्यायनेनेक्षणात्, तदसंगतशिष्टसंगत्या शिष्टपरीक्षान्यूनतया सर्वविश्वव्यवहारे प्रवहमानायाः संस्कृत गिरः स्वरूपपरिवर्त्तनेन वा लक्षिता । एवमेवोक्तानुक्तविवेकघटितं वार्तिकप्रयोजकं पौराणिक वार्तिक लक्षणम् ।

शिष्टपरीक्षाऽपि व्याकरणे आयाति, शिष्टान् परीक्षितुं शिष्टा एव प्रभवन्ति, वैयाकरणपुङ्गवा वा, वैयाकरणाहि अनुशासनानुसन्धानपुरस्सरं साधून् शब्दान् प्रमुञ्जते शिष्टा हि साधूनेव प्रयुञ्जते न च शब्दानुशासनम् अनुसन्दधते, व्याकरणानधीतिनोऽपि शिष्टान् साधुशब्दप्रयोगेण परिचिन्वन्ति ।

एवञ्च अतिसंक्षिप्तानि सूत्रस्थपदैः संयुज्यैकवाक्यतायोग्यानि वाच्य-यक्तव्योपसंख्यानादिघटितानि वार्तिकानि विरचयांचक्रे कात्यायनः। तथा च सूत्रवार्तिकघटितं पाणिनीयं व्याकरणं बभूव। सूत्रैः सह वार्तिकानि लिखित्वा पुस्तकमेकं जातम्, तस्यैवाध्ययनाध्यापने प्रचेरतुः, अर्थविधानं व्याख्यानमुदाहरणप्रत्युदाहरणे सर्वाणि मुखस्थानि एव प्राचलन् गणपाठादयो मुखस्था ग्रन्थान्तराणि वा आसन्।

अनेन क्रमेणास्य दूरे विदूरे प्रतिलिपिपरम्परा कुत्रचित् कण्ठस्थमेवा-धीत्य गृहं गत्वा पुस्तकलेखनम्, तेन कश्चित्पाठभेदः समायातः, कुत्रचित् व्याख्याने प्रयुक्तानि गुरुवचनपदानि ग्रन्थे लिखितानि। केषाञ्चिन् महाविदुषां महत्या शिष्यप्रशिष्यपरम्परया सम्प्रदायो-जातः, तेन वार्तिकानां स्वरूपभेदोऽपि स्थानमापन्, यथा महाभाष्ये नाम्ना वार्तिकेषु सम्प्रदायविशेषा आयान्ति, वार्तिकस्वरूपभेदस्य च भूयसी सूचना महाभाष्ये। भाष्यस्यैतादृशवार्तिक विषये उल्लेखेन बहव एवं वदन्ति लिखन्ति च यत्समये समये अन्यैरपि वार्तिकानि रचितानि न सर्वाणि कात्यायनस्यैव।

एवमिदं पाणिनीयं बहूनि शतकानि भाषाशास्त्रमनुशशास। मध्ये कस्य-चित्संक्षिप्तस्य वृत्तिग्रन्थस्यावसर आयाति। तेषु अवसरेषु भारतस्य स्थितिरपि परिवर्तिता, अन्याअपि भारतीया भाषा उदायन्त, शासकानां भूयसां परिवर्तनं जातम्, कतिपये विद्वांसो राजसाहाय्यमलभन्त, नागरिकव्यवस्था जाता, पुस्तकालयानां संयोजनं जातम्, राजसभासु पण्डितानां सम्मेलनम्-नानाशास्त्र विरचनं कश्चिद्विदेशसम्बन्धश्च प्राचलत्।

ततश्च नानाभाषाविहङ्गमोवार्ताशास्त्रपटुर्नीतिनिपुणो भाषावैज्ञानिको भगवान् पतञ्जलिः पाणिनीयमनुशासनं व्याख्यातवान्, व्याख्यानमपि भाष्यम्, स्वपदानि च वर्ण्यन्ते इतिरीत्या स्वमभिप्रेतं संक्षिप्ततरशब्दैः प्रतिपाद्य पुन-स्तस्य व्याख्यानमिति भाष्यशैली जाता, तथा च व्याख्यातव्यमिदं संक्षिप्त-वाक्यं भाष्यस्य कात्यायनस्य वार्तिकं वेति संदेहो जग्रास। उक्तानुक्तविचिन्तां तु भाष्यमपि करोति, सूत्रं सूत्रस्थपदानीव पूर्वसिद्धं व्याख्यातव्यमिदं संक्षिप्त-वाक्यं न व्याख्यानोपक्रमवाक्यमिति न सर्वाबुद्धिः सुखेन निर्णेतुमर्हति।

एवं भाष्यं व्याख्या सर्वाभिव्याख्यानकलाभिः परिपूर्णा अवश्यं सूत्र-तत्पदानामिव वार्तिकानामपि अपूर्वत्वम् अन्यथासिद्धत्वञ्च विचिन्तयेत्, अन्यथासिद्धिविचारे च सूत्राणां तत्सूत्रस्थपदानाञ्च ज्ञापनादिना आवृत्त्या अनु-वृत्त्या निवृत्त्या योगविभागेन च सूत्राणां भूयानुपयोगः समायाति, ततश्चापातः

प्रवादो जातो यत्सर्वाणि प्रायो वार्तिकानि सूत्रैर्गतार्थानि, भाष्यीयवार्तिकप्रत्याख्यानैः समुत्साहिता अग्रेतना अपि न्यासपदमञ्जरीप्रभृतयो ग्रन्था इत्थं प्रागल्मन्त, इदानीन्तनोऽपि एकोव्याकरणमनीषी एकत्र गोष्ठयां वार्तिकप्रत्याख्यानानि लिखितुमवोचत्। यद्यपि सूत्रं सूत्रपदञ्च प्रत्याख्यातं परं तत्र गौणता नागता यथा वार्तिकेषु। सूत्राणि वार्तिकानि च समानमेवोपयुज्यन्ते तथाऽपि अष्टाध्याय्या यथा पाठमहिमा न तथा सवार्तिकायाः मुद्रितानि पुस्तकान्यपि तथैव, इदानीन्तनाः कतिपयपुस्तकसम्पादका हृदि सूत्रवार्तिकसहोपयोगप्रयोजनम् अनुसन्दधते इति लक्ष्यन्ते परं रूढं सूत्रमात्रप्रचारं पश्यन्तो विपरीताचरणे संकुचन्त इव सूत्रैः सहैव वार्तिकानि न मुद्रापयन्ति किन्तु टीप्पणमिवाधस्तात् निर्दिशन्ति।

एवं गौणताबुद्धया वृत्तिपरम्परायां सिद्धान्तकौमुदीपरम्परायां च वार्तिक स्वरूपभेदः समजनि, क्वचिद् वार्तिककार्यं स्ववचसा निर्दिश्यते ग्रन्थकृता न वार्तिकस्वरूपप्रदर्शनेन, सम्पादकबुद्धिवैक्लिव्यादपि वार्तिकस्वरूपभेदः पुस्तकेषु जातः,

यद्यपि महाभाष्यादनन्तरं लेखकानां महावैयाकरणनामपि क्वचिद्कात्यायनवार्तिकं भाष्यस्यापूर्ववचनमिति संशयः समाधानञ्च आयाति तथापि तत्रत्यमाषासन्दर्भेण तेषां कश्चिन्मनःसंस्कारोऽनुभूयते वार्तिकभाष्यवचनयोर्विवेके।

महाभाष्यात् प्राक्तनः कश्चन सूत्रवार्तिकग्रन्थ उपलभ्येत संशय एवनोदियान्, उपलभ्यते च व्याख्यानेन सहैव महाभाष्ये। ततः संशयो बहून् पीडयति। प्रथमम् अधीतं श्रुतं वा वाच्यवक्तव्योपसंख्यानादिघटितं कात्यायन वार्तिकम् इष्यते इष्ट इष्टि प्रभृतिपदघटितं भाष्यस्यापूर्ववचनमिति कोलाहलेऽस्मिन् प्रायिकं जातम्। सूत्रावयवमिव पूर्वसिद्धं व्याख्यानार्हं कात्यायनवचनं व्याख्यानाय स्वीयं संक्षिप्तंमुपन्यस्तं भाष्यस्थ वचनं परिचेतुं स्थलद्वये अन्यैरुपस्थापिते परिचेतुं प्राभवम्। कुत्रचिदनुपदमेव व्याख्यानस्यावलोकनेनान्यत्र दूरतरं व्याख्यानस्य समन्वयेन निर्णयो भवति, परं व्याकरणपरिशीलननिपुणा अभ्यासपटुरेव बुद्धिस्तत्रप्रभवति न सर्वेत्यप्यन्वभवम्। एवं 'सिद्धयति परमपाणिनीयन्तु भवति' इत्यादिभाष्यरीत्या यथा सूत्रानुपूर्वी संरक्षणीया तथा कात्यायनवचसामपि स्वरूपाणि। अन्यथा महाविदुषः कात्यायनस्य काले सुरगिरः स्वरूपं केन पथा परिचीयेत। कात्यायनपतञ्जलिमध्ये भूयान् कालो नानाविधपरिवर्तनसंकुलः।

किञ्च-वार्तिक तदंश वैयर्थ्यं विचारे कुत्रचिद् योगविभागः, कुत्रचिच्च-कारानुकर्षणम् अन्यत्र पदावृत्तिप्रभृतय उपाया विधीयन्ते, किं ते उपायाः कात्यायनवार्तिकमदृष्ट्वैव प्रागेव केनचित् कृता वार्तिकं दृष्ट्वैव वा ? न प्रथमः प्रमाणाभावात्, द्वितीये तु प्रत्याख्यातॄणाम् उपायेषु प्रवृत्तिप्रयोजकं लक्ष्याणामुपेयानां ज्ञानमर्जयद्वार्तिकं व्यर्थमिति आत्मानमनवगच्छतो प्रलपनं स्यात्। उपायेषु योगविभागो न सार्वत्रिकः, ज्ञापकसिद्धं न सर्वत्र, इत्यादि समुच्चार्यते, तत्किं व्यवस्थापकं भवति ? इति चिन्त्यताम्, वार्तिकन्तु विधि-वाक्यं यद्यदुद्देश्यं तत्र तत्र सर्वत्र प्रवर्तते, शब्दतोऽर्थतश्चाभ्यस्तम् एवं प्रयोगः साधुरन्यादृशोऽसाधुरिति व्यवस्थापयति, प्रत्याख्यातॄणाम् असार्वत्रिकं ज्ञापक-सिद्धं योगविभागादिकञ्च किं व्यवस्थापयति ?, इष्टस्थले प्रवृत्तिरनिष्ट स्थले वा प्रवृत्तिरेतावताऽध्येता कान् कियतश्च प्रयोगान् अवगच्छेत् ? किमिष्टं किम-निष्टमिति कुतः पुस्तकाद् निश्चिनुयात्, गुरुरपि पृष्टो वार्तिकं विना किं प्रदर्श-येत् ?। लक्ष्यं शिष्टप्रयोगं वा दृष्ट्वा निर्णेष्यते इति चेच्छनकैरेवगंस्यते, लक्ष्यदर्शननिपुणः प्रत्याख्याता लक्ष्यैकचक्षुष्कः, लक्ष्यैकचक्षुष्काणां कृते नो-पयोगीति ब्रूते, तथ्यं वक्ति, लक्षणैकचक्षुष्काणां कृते कृतं वार्तिकं कथं लक्ष्यैक-चक्षुष्कमुपकुर्वीत, तथापि भ्रान्तः प्रतिभाति, लक्षणैकचक्षुष्काणां कृते कृतानि लक्षणानि शब्दानुशासनमिति न जानाति। वार्तिकमेव प्रत्याख्याति न सूत्रम्। सार्वज्ञमन्तरा लक्ष्यैक चक्षुष्कता संभवन्ती सर्वज्ञेनैव निर्णीयेत।

शिष्टा एव के ? साम्प्रतं येषां प्रयोगेण साधुत्वम् अङ्गीकार्यम्। आर्ष-त्वेन नानिष्टोत्पादका ऋषिप्रयोगा नान्येषां प्रयोक्तृत्व्या मन्यन्ते वैयाकरणैः। काशिकाकारादारभ्य श्रीनागोजीभट्टमहोदयादीनां ग्रन्थेषु बहूनां महाकवीनां वाक्यानि विचारितानि, कष्टेनापि नैकविधप्रक्रियाप्रवीणानां व्याकरणलक्षणानां समन्वयेनैव साधूनि वर्णितानि, न तु शिष्टप्रयोगा एव एते साधवोऽन्यैरपि अनुसर्त्तव्या इत्युक्तम्, शब्दानुशासनसमन्वयमन्तरा असाधुत्वमेवोद्घोष्यते। यद्येते महाकवयो नाधुना शिष्टास्तदा के शिष्टाः ? कथञ्च तेषां परिचयः ?, तस्मात्सूत्राणीव वार्तिकानि अपि लक्षणानि यत्नेनैव संरक्षणीयानि।

महाभाष्यस्य खण्डनमण्डनप्रकारोऽन्यतात्पर्यकः, वार्तिकं यदि न भवेत्तदुद्देश्यभूतानि लक्ष्याणि अनया रीत्या साधूनि कर्तुं सूत्रादीनां व्याख्यानं विधातुं शक्यते इति। तादृशमपि पाण्डित्यं बहुफलमत्यावश्यकम्। तदपि काशीस्थवैयाकरणानां साम्प्रदायिकं विशेषवैदुष्यम्, काश्याः पण्डितसभायां शास्त्रार्थं समुत्साह संपोषितं व्याकरणाभ्यासस्य निकषः, भारतीयसर्वविद्वद्भि-

दितमभूत्। काश्यां व्याकरणशास्त्रार्थे प्रौढा व्याकरणपण्डिता अन्यत्र आमन्त्रिताः सभासु विजयन्ते स्म। तादृशपाण्डित्यस्यासाधारणफलं विधिवचननिर्माणम्। यत्र न्यूनता अधिकता गौणी वृत्तिश्च स्थानं न लभते स्फुटञ्च भवेत्।

एवमपि कात्यायनविषयेऽवधातव्यं यत्तेन सूत्राणां व्याख्यानं न कृतं किन्तु सूत्रेषु आवश्यकं परिवर्तनं योजनीयं पूरणीयं वस्तु संक्षिप्तेन वाक्येन सूचितम्, एवमेव महाभाष्योत्तरप्रणीतवैयाकरण ग्रन्थेषु उपलभ्यते।

व्याख्यानं व्याख्यानाङ्गं वा यन्न भवति एवंभूतं सूत्रमिव व्याख्यातव्यत्वेन पूर्वसिद्धं सूत्रैकवाक्यतार्हं कात्यायनवार्तिकम् अन्यच्च व्याख्यातव्यत्वेन निर्दिष्टं भाष्यवार्तिकम् भाष्यं वा, अन्यच्च सर्वं भाष्यम्।

प्रौढान् अध्ययनशीलान् वैयाकरणान् एवं प्रार्थये। श्रीमन्तोऽत्र अवश्यमवदधतु, पूर्वोक्तोमम निष्कर्षोऽध्ययनेन श्रीमद्भ्यो रोचते तदा महासागराद्भाष्यात् कात्यायन वार्तिकानि समुद्धरन्तु. तत्प्रकारं गणनाञ्च संस्कृते हिन्द्याम् इङ्ग्लिसभाषायाञ्च प्रकाशयन्तु। अन्यथा तु संस्कृतपण्डिता न किमपि अधीयते, केवलं कथमपि जीविकां पालयन्ति। अल्पीयस्सु स्ववर्ग्येषु प्रतिष्ठया मोदन्ते, इति निन्दां सहन्ताम्।

ऐषम एको विलक्षणोऽध्ययनाभासः श्रवणं बलादापतत्। एको वार्तिकेषु विशेषम् अधिजिज्ञासुः बहूनि पुस्तकानि इङ्ग्लिसभाषाया हिन्द्याः संस्कृतस्य च असमर्थाय दुर्बलाय रुग्णाय सुखं शयानाय मह्यमश्रावयत्, न प्राक् न च पश्चादवलोकितानि पुस्तकामि, संस्कृतस्य च कदाचनैवाग्रगमनावरोधप्रसङ्गे हस्ते गृहीतानि अवलोकितानि पुनरग्रे पठितुं दत्तानि, व्याकरणसंस्कृतपुस्तकान्यपि बहूनि तेषु अनधीतानि आसन्, अधीतान्यपि विस्मृतप्रायाणि प्रत्यभासिषुः।

तत्र नातिप्राचीनो महामनीषी धन्यो जर्मनदेशीयो विद्वान् महाभाष्यमालोडयितुं प्रावर्तत, इङ्ग्लिसभाषायां लिलेख च। तादृशः सम्प्रदायः प्राचलत्, इङ्ग्लिसभाषायां बाहुल्येन हिन्द्याम् अपि क्वचित् तत्प्रामाण्यं प्रसिषेध। बहूनि कात्यायन वार्तिकानि गणयामास। व्याख्यानवाक्यानि भाष्यस्य संक्षिप्तव्याख्येय वाक्यानि च कात्यायनस्य अजगणत्, तदनुसरतः स्वर्गीयराजस्थानसंस्कृतशिक्षानिदेशक श्रीकृष्णमाधवमनीषिमणेः पुस्तकस्य श्रवणेन एवं प्रत्यभाद्यत् पूर्वपक्षे महाभाष्ये समायातं सर्वं मतं कात्यायनस्येत्यारोपितम्। तादृक् तु नास्ति, वृत्तिविषये एव पाणिनीयानामेकार्थीभावसामर्थ्ये आग्रहोऽन्यत्र च सामर्थ्यं व्यपेक्षेस्यादिकं प्रसिद्ध पाठ्य ग्रन्थेषु एव असकृदायाति।

एवञ्च काशिका सिद्धान्तकौमुदीशेखरमनोरमाभूषणमञ्जूषादिपाठ्य-प्रसिद्ध ग्रन्थेषु व्युत्पन्नाः अभ्यासेन ऊहापोहाभ्यां च प्रौढा एव वैयाकरणाः शीघ्रं निर्णेतुं शक्ष्यन्ति। एष श्रीकृष्णमाधवमहोदयोऽध्ययनसमये सम्यगेव कतिपय व्याकरणग्रन्थान् अधिकृतवान्, परं पश्चाद् व्यवसायस्तस्य मार्गान्तर-माश्रितस्य न यातः, अतस्तस्य तादृशवैदुष्यस्य तत्र प्रभावोनालक्ष्यत।

वाक्यपदीय विषयमवलम्ब्य इङ्ग्लिसभाषायां सर्वदर्शनसंग्रह व्याख्या-विधातृ महापण्डित श्रीवासुदेवाभ्यङ्कर सुपुत्रस्य श्रीकाशीनाथाभ्यङ्करस्य लेखाः श्रुताः, सोऽपि प्रक्रियाग्रन्थानां विद्वान् गुजरात कालेजस्य एम० ए० परीक्षायां परिभाषेन्दुशेखरं नवाह्निकं भाष्यञ्चाध्यापयन्दृष्टः। परं वार्त्तिकविषये तद्वि-चारो नोपलब्धः।

एवं संस्कृतपाणिनीयव्याकरणपुस्तकानां श्रवणे प्राग्ज्ञाते विषये यन्महत्वमुदैत तदेव संक्षिप्तं संसूच्य समापयामि लेखम्।

कर्मणा यमभिप्रैति ससम्प्रदानम् इति सूत्रे क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम् इति कात्ययन वार्तिकं सुप्रसिद्धम्, तस्य व्याख्यानं बहुषु व्याकरण-ग्रन्थेषु श्रुतम्। काश्यां विंशतेर्वत्सरेभ्यः प्राक्शरीरेण सततव्याकरणाध्यापन-क्रियेण तिवारीजी नाम्ना सर्वैः सादरं व्यवह्रियमाणाः प्रधाना महावैयाकरणा आसन्, तेषां वास्तवं नाम बहवो न जानन्तिस्म, मयाऽपि श्रीहरिनारायणत्रिपाठी-ति बहु श्रुतं परमेकत्र प्रसङ्गे श्रीदेवनारायणत्रिपाठीति। छात्रावस्थायां काश्या-मेव दूरे वसन् तेषां सविधेऽधिकमध्येतुं सुविधां नावापम्, परं तेषां सकाशाद-धीत्य आगतस्य छात्रस्य मुखादस्य व्याख्यानमश्रौषम्, पश्चाच्च चर्चया अनेके ततोऽधीयानाः समार्थयन्नेवमध्यापनम्, मह्यमपि तदानीं स्फुटतागुणेनारोचतैव, इदानीन्तु बहूनां व्याख्यानश्रवणेन तत्रासाधारण्यं स्फुरति।

स्फुटतायामेवं चिन्तनीयं विद्वद्भिः—सूत्रवार्तिकयोः सर्वं समानम्, कर्मणा-क्रियया एतावानेव भेदः, तयोश्च समानमेव अन्वयप्रकारोऽभिप्रैति-पदार्थे। तथा च विप्राय गां ददातीत्यत्र विप्रोगोमान् भवतु-गोसम्बन्धवान् भवतु, इत्यादि यथा कर्तु रभिप्रायस्तथा वार्तिकोदाहरणे पत्ये शेते पत्नीत्यत्र पतिःशयनवान् भवतु-पतिःशयनसम्बन्धवान् वा भवतु, इत्यादिरभिप्रायः पत्न्या युज्यते, तेन च पतिशयनोद्देश्यकं पत्न्याः शयनम्, पतिःशेतामेतदर्थं पत्नी शेते इत्याद्यर्थं वर्णनं युक्तम्, न केनापि तथा कृतम्। पत्युरुद्देशेन पत्न्याः शयनमि-त्यादि लिखन्ति, पत्युःशयनोद्देश्यकं पत्न्याः शयनमिति न केऽपि वर्णयन्ति।

एतत्काठिन्यं श्रीतिवारीजीमहोदयैरपि अनुभूतम्, ततएव कथा विरचय्य बोधयितुं प्रयतितम् ।

इद्दशी च कथा—गोरक्षपुरमण्डलस्यैकश्छात्रः परीक्षानन्तरं गृहंगतस्तत्र द्विरागमनं विधाय शीघ्रमेवाध्येतुं काश्यामागतः, अत्र बहून्मासान् स्थित्वा अधीत्य परीक्षां च समाप्य पुनर्गृहं प्राप । पत्नीसविधे च काश्यां सोपानयुतमुपलमयं गङ्गाघट्टं तत्र सुखेन स्नानं ततश्च सुवर्णाच्छादिते मन्दिरे विश्वनाथस्य दर्शनं स्नापनञ्च, तत्सविध एव अन्नपूर्णामन्दिरमिति प्रभृतिवर्णने प्रावर्तत । पत्नी अचिन्तयत्, एवं वर्णनेऽस्य समुत्साहः प्रतिभाति, यात्रयाविनिद्रः श्रान्तश्च, यावच्च मम हुंकारादिना श्रवणसमर्थनं तावन्न विरंस्यति, मयि शयिते च श्रोतुरभावाद्वर्णनाद्विरतः शयीत इत्यभिप्रायेणोच्यते पत्ये शेते इति पतिः शेतां तदर्थं पत्नी शेते इतिभावः ।

व्यवहारसिद्धमत्र वस्तु भाषान्तरेऽपीदं व्याकरणम् । क्रीडासक्ता बुभुक्षिता अपि बालाः प्रायः क्षुधां न प्रदर्शयन्ति, अन्यस्य आत्मीयस्य कस्यचित् भोजन क्रियां दृष्ट्वा बुभुक्षन्ते, तादृशे प्रसङ्गे भुक्तवती अपि माता बटुं दर्शयन्ती भोक्तुं प्रवर्तते, दृष्टप्राग्भोजनया अन्यया कथं पुनरिति पृष्टा बटवे खादामीति ब्रूते । 'बालकके लिये खाती हूँ' इति हिन्द्यामनुवादस्तादर्थ्यं चतुर्थ्याः, मातृभोजनेन बटोरुपकारः प्रतीयते, बटु को खाने के लिये खाती हूँ' इति सम्प्रदानस्यानुवादः ।

व्याकरणनिबन्धानां माला सौरभशोभिनी ।
अर्चायार्पिता तेन प्रीणन्तु गुरुदेवताः ॥१॥

इति श्रीरामगोविन्दोझातनूज श्रीयमुनादेवीगर्भजकेदारनाथोझाकृता व्याकरणनिबन्धमाला ।

श्रीविद्यावैजयन्ती गुरुवरमनसः संप्रसूता त्रिभागा ।
मालारूपाऽपि लब्धी कथमपि दयया तस्य पुण्येन पूर्णा ॥
तूर्णं भूयात्स्वधायै तनुधनमनसां शक्तयो मे विकीर्णाः ।
उत्तीर्णः स्यां शरीराद्विकलकरणकाद्विश्वनाथाङ्घ्रि पुर्याम् ॥१॥

इति श्रीरामगोविन्दोझातनुजन्मश्रीयमुनादेवीगर्भज केदारनाथोझा कृतिर्भागत्रयात्मिका श्रीविद्यावैजयन्तीनिबन्धमाला ।

रसगङ्गाधररसचन्द्रिका-विद्यावैजयन्तीनिबन्धमालारचयितुः केदारनाथोझाशर्मणो जन्मजनपदवंशयोः संक्षिप्ता सूचना—

विहारनवमण्डलं शुभ 'सिवान' नामादृतं ।
निवेजकुलकाश्ययो लसति गम्हरीयाभिधः ॥१॥
तत्राजनि धरासुरे सुगमनाम हर्षोमणिः ।
पितामह सुजन्मदो मम तदीयपुत्रोऽभवत् ॥२॥
रामप्रकाशनाम्नाभूज्जयरामाग्रजश्च सः ।
ज्येष्ठस्य ज्येष्ठपुत्रोऽसौ रामभवननामकः ॥३॥
हरदेवः कनिष्ठश्च ज्येष्ठस्य ज्येष्ठदेहजो ।
रामगोविन्दनामासौ रामहरिकनिष्ठकः ॥४॥
तस्यायं संस्कृते लग्नः केदारनाथनामको ।
विद्यानाथानुजस्तस्य राज्यसेवाप्रतिष्ठितः ॥५॥
सीमार्थक सिवानेति भोजपुरी प्रतिष्ठितम् ।
तीरहुतावधौ देशौ विभाजयति सीमतः ॥६॥
द्विसहस्त्रोत्तरेऽष्टात्रिंशेऽब्दे विक्रमचालिते ।
त्रिशून्याङ्केन्दुशाकस्य गुरुपूर्णातिथौ शुभम् ॥
पूजावसरशोभाढ्यं मुद्रणमन्तमाप्तवत् ॥७॥

पाणिनि सूत्रों के ऊपर कात्यायन के वार्तिक

बहुत दिनों तक पाणिनि के केवल सूत्र लिखित रूप से अध्यापक और छात्र के पास रहते थे, उन्हीं क्रम वद्धों का कण्ठस्थ करने का भी प्रचार था, सूत्रों का अर्थ वर्णन व्याख्यान 'उदाहरण' और प्रत्युदाहरण सभी कण्ठस्थ ही प्रचलित थे, अच्छी लेखन सामग्री न होने से तथा पत्तों को छेदमा पड़ता था इत्यादि कठिनाई से बहुत देर में थोड़ा लिखा पाता था ।

इस प्रकार अनेक शताब्दी वीतने पर पाणिनि के ऐसा बड़े बुद्धिमान कात्यायन प्रगट हुए, वे पाणिनि के सूत्रों को भली भांति पढ़े, उसपर ऊहापोह तथा विश्लेषण करके व्याकरण शास्त्र का बडा ज्ञाता हो गये, पास में प्राप्त दूसरे व्याकरण तथा शास्त्रों का आलोडन किये, परिश्रम से दूर में भी प्राप्य पुस्तकों का अध्ययन किये । अपने अपने स्थानों पर रहने वाले उस समय के प्रसिद्ध शिष्ट विद्वानों को खोजकर उनके साथ सम्पर्क तथा विचार विमर्श करके संस्कृत भाषा शास्त्र के बड़े पण्डित हुए,

पाणिनि के संस्कृत भाषा का अनुगम स्वाभाविक विज्ञान और सूत्र रचना की कला में उनकी बड़ी श्रद्धा हुई, जिससे दूसरे व्याकरण रचना का उनका उत्साह नहीं हुआ, उनके मन में हुआ कि शायद ही किसी से कभी ऐसा सभी अङ्गों से परिपूर्ण संज्ञा परिभाषा प्रत्याहार आदि कलाओं से ग्रथित शास्त्र थोड़े आकार में विरचित हो सके, इस कारण यह शास्त्र अवश्य संरक्षण सम्पोषण उन्नति और प्रसार के योग्य है, इसी दृष्टि से विशेष संक्षिप्त शब्दों में वार्तिकों की रचना किये। पाणिनि की शैली के अनुसार व्याख्यान आदि से विस्तार नहीं चाहे और न किये।

और शास्त्रों के वार्तिक ग्रन्थ से इस वार्तिक में संक्षेप अंश विशेष है तथा वह सकारण है, अन्य शास्त्रों के वार्तिक ग्रन्थ सूत्र और भाष्य दोनों पर लिखे गये भाष्य व्याख्यान है, इससे वार्तिक में भी व्याख्यान आया, तथा व्याख्या करने के लिये ग्रन्थ अधिक हो गये, भाष्य की व्याख्यान शैली वार्तिक में भी आ गई, कात्यायन को वार्तिक केवल सूत्र पर लिखना पड़ा, और शास्त्रों के सूत्रों की अपेक्षा पाणिनि के सूत्र अधिकार अनुवृत्ति संज्ञा परिभाषा आदि कलाओं से अधिक नियन्त्रित तथा व्यवस्थित हैं, उन नियन्त्रण या व्यवस्था के अनुसार जहाँ जो जितना सूचनीय मालूम पड़ा उतना ही संक्षिप्त शब्दों से सूचित किये हैं? इससे थोड़े शब्द तथा कम संख्या वाले उनके वार्तिक पाणिनीय व्याकरण को परिपूर्ण तथा समृद्ध कर सके। व्याख्या को तो और पढ़ने पढ़ाने वालों पर कात्यायन छोड़ गये। इन वार्तिकों से परिपूर्ण पाणिनीय व्याकरण पतञ्जलि को मिला, इसी कारण उनको अपूर्व वचन बहुत थोड़े बनाने पड़े।

छोटे को बढ़ाना तथा कमजोर को पुष्ट करना आदि रीति से विचार करने पर कात्यायन को कुछ न्यूनता सूत्रों में झलकी ऐसा कहा जा सकता है, उस न्यूनता के कारण अनेक हो सकते हैं। मानव दृष्टि से विस्मरण पूरी सावधानी न होना, पाणिनि से अप्राप्त पुस्तकों का अध्ययन, पाणिनि से अप्राप्त शिष्टों का कात्यायन से सम्बन्ध होना, व्याकरण ग्रन्थों में आये शिष्ट शब्द का आधुनिक भाषा शास्त्र रीति से संस्कृत भाषा शास्त्र में वैज्ञानिक दृष्टि वाला अर्थ समझा जा सकता है। शिष्ट की परीक्षा में न्यूनता, और सभी व्यवहारों में चलती हुई संस्कृत वाणी में कुछ परिवर्तन होना, इत्यादि हो सकते हैं।

शिष्टों की परीक्षा भी व्याकरण में आती है, शिष्ट की परीक्षा शिष्ट ही कर सकते हैं, अच्छे वैयाकरण भी करते हैं, व्याकरण के विद्वान् शास्त्रों के अनुसन्धान के साथ साधु शब्दों का प्रयोग करते हैं। शिष्ट लोग साधु शब्दों का ही प्रयोग करते हैं किन्तु व्याकरण अनुशासन का अनुसन्धान नहीं करते। वैयाकरण साधु शब्दों का प्रयोग अनुशासन के अनुसन्धान का अभाव एक जगह देख कर शिष्ट को पहचान लेते हैं।

इस प्रकार बहुत संक्षिप्त सूत्रों के साथ मिल कर एक वाक्यता वाले अनुवाद तथा व्याख्यान वाक्यों से भिन्न वाच्य वक्तव्य उपसंख्यान आदि पदों से युक्त वार्तिकों को कात्यायन ने बनाया, उससे सूत्र और वार्तिक से युक्त पाणिनीय व्याकरण हुआ, सूत्रों के साथ वार्तिकों को लिखकर एक पुस्तक हो गई, उसी के पठन पाठन का प्रचार हुआ, सूत्रों का अर्थ करना व्याख्यान और उदाहरण प्रत्युदाहरण आदि कण्ठस्थ ही चलते थे। गणपाठ आदि कण्ठस्थ और दूसरी पुस्तक रूप से चलते होंगे,

इस रीति से दूर से दूर पुस्तक प्रतिलिपिओं की परम्परा चली, कहीं कोई कण्ठस्थ ही पढा, घर जाकर पुस्तक लिखा, इससे कुछ पाठ भेदों को स्थान मिला, कहीं पर व्याख्यान में प्रयुक्त गुरु के पद कात्यायन के वार्तिकों में मिलकर लिखा गये, किसी किसी बड़े वैयाकरण विद्वानों की बड़ी गुरु-शिष्य-प्रशिष्य परम्परा से सम्प्रदाय हो गया, इस रीति से महाभाष्य में वार्तिकों का आकार भेद तथा सम्प्रदायों के नाम आने की योग्यता बन गई, महाभाष्य में वार्तिकों का इस प्रकार स्वरूप भेद तथा सम्प्रदाय भेद मिलने से अनेक विद्वान् कहने तथा लिखने लगे कि समय समय पर दूसरे विद्वान् भी वार्तिकों को बनाये, सभी वार्तिक कात्यायनकी ही नहीं हैं।

इस प्रकार यह पाणिनीय व्याकरण बहुत शताब्दीओं तक भाषा शास्त्र का शासन किया। मध्य में अति संक्षिप्त वृत्ति ग्रन्थ का अवसर आया है, उन अवसरों में भारत की कुछ परिस्थिति भी बदली, दूसरी भी भारतीय भाषायें प्रगट हुईं, बहुतेरे शासकों का परिवर्तन हुआ, अनेक विद्वान् राज्य सहायता को पाये, कुछ नागरिक व्यवस्थायें बनीं, कुछ पुस्तकालय भी सजाये गये, राजसभाओं में विद्वानों का सम्मे-

लन होने लगा, अनेक शास्त्रों के अनुसार पुस्तकें लिखी जाने लगीं, किसी प्रकार का विदेश का भी सम्पर्क हो गया।

उसके बाद बहुत भाषाओं के विशेष विज्ञ वार्ता शास्त्र निष्णात राजनीति निपुण भाषा वैज्ञानिक भगवान् पतञ्जलि पाणिनीय अनुशासन का व्याख्यान किये, व्याख्यान भी महाभाष्य, भाष्य के लक्षण मे 'स्वपदानि च वर्ण्यन्ते' इत्यादि आता है, उसके अनुसार अत्यन्त संक्षेप से अपने वक्तव्य को कहकर फिर उसका व्याख्यान करना यह शैली हो गई, पहले से सूत्र और वार्तिक रूप में पाणिनीय व्याकरण ग्रन्थ प्रसिद्ध हो चुका था, दोनों का साथ व्याख्यान हुआ, उस भाष्य में व्याख्यान के योग्य संक्षिप्त वाक्य दो प्रकार के हो गये, एक भाष्य का दूसरा कात्यायन का, दोनों पाणिनि के सूत्रों से सम्बन्ध रखते हैं, इससे यह कात्यायन वार्तिक है या भाष्य वचन है ऐसा संशय का ग्रास हो गया, उक्त और अनुक्त की चिन्ता कार्य वार्तिक का भाष्य भी करता है, सूत्र तथा सूत्रों के पदों के ऐसा पहले से प्रसिद्ध व्याख्यान करने के योग्य यह संक्षिप्त वचन है, व्याख्यान के आरम्भ का संक्षिप्त वाक्य नहीं है ऐसे निर्णय को सभी बुद्धि आसानी से नहीं कर सकती।

इस प्रकार यह भाष्य व्याख्या सभी व्याख्यान कलाओं से परिपूर्ण है। सूत्र और सूत्रपदों की तरह वार्तिकों पर भी यह अपूर्व है या अन्यथा सिद्ध है? इत्यादि विचार अवश्य करेगा। अन्यथा सिद्धि के विचार में सूत्र और सूत्र पदों को ज्ञापक बनाना आवृत्ति अनुवृत्ति निवृत्ति तथा योगविभाग आदि में सूत्रों का बहुत उपयोग आता है, इस तरह का विचार अधिकांश वार्तिकों पर हुआ, उससे एक साधारण प्रवाद उठ गया कि सभी वार्तिक सूत्रों से गतार्थ हैं, इन भाष्य में वार्तिकों के प्रत्याख्यानों से उसके बाद के भी कुछ लोग प्रोत्साहित हुए। न्यास पदमञ्जरी आदि ग्रन्थ भी घृष्ट हो गये, इस समय के भी एक वैयाकरण विद्वान् एक गोष्ठी में वार्तिकों के प्रत्याख्यानों को लिखने के लिये कहे थे। यद्यपि सूत्र और सूत्र पदों का भी प्रत्याख्यान है तो भी सूत्रों में गौणता नहीं आइ, जितनी कि वार्तिकों में गौणता आई, सूत्रों और वार्तिकों का समान उपयोग होने पर भी जितनी अष्टाध्यायी पाठ की महिमा है उतनी वार्तिक सहित अष्टाध्यायी पाठ को नहीं, मुद्रित अष्टाध्यायी पुस्तकें भी वैसी ही मिलती है, इस

समय के कुछ पुस्तक सम्पादक हृदय में सूत्र और वार्तिकों का साथ में उपयोगको समझते हुए भी प्रसिद्ध सूत्र मात्र के प्रचार को देखते हुए मानो विपरीत आचरण सें संकोच करते हो सूत्रों के साथ वार्तिकों का मुद्रण नहीं कराते किन्तु टिप्पणी के ऐसा नीचे निर्देश करते हैं।

इस प्रकार गौण बुद्धि से ही वृत्ति परम्परा तथा सिद्धान्त कौमुदी परम्परा के वार्तिकों के स्वरूप में विभेद आ पड़ा है, कहीं कहीं ग्रन्थकार वार्तिक कार्यको अपने वचनों से निर्देश कर देते हैं, वार्तिक स्वरूप का प्रदर्शन नहीं करते। सम्पादक की बुद्धियों के विभेद से भी पुस्तकों में वार्तिक स्वरूप विभेद दीख पड़ता है।

यद्यपि महाभाष्य के वाद के लेखक महावैयाकरणों के ग्रन्थ में भी कही कात्यायन वार्तिक है अथवा भाष्य का अपूर्व वचन है ? ऐसा सन्देह एवं समाधान भी आता है तौभी उनको वहाँ की भाषा के सन्दर्भ से मालूम पड़ता है कि भाष्य अपूर्व वचन तथा कात्यायन वार्तिकों के विवेक के लिये उनकी कोई मानसिक दृढ़ वासना अवश्य है। महाभाष्य के पहले का सूत्र वार्तिक वाला पाणिनीय व्याकरण ग्रन्थ मिलता तो संशय ही नहीं पैदा होता, जो भी मिलता है वह महाभाष्य में ही है, वह भी व्याख्यान जाल से घीरा हुआ है। अतः इसका संशय बहुतों को कष्ट दे रहा है। पहले का सुना पढ़ा-वाच्य-वक्तव्य-उपसंख्यान आदि से युक्त काव्यायन वार्तिक और इष्यते-इष्ट-इष्टि से युक्त धाष्य का अपूर्व वचन होता है, इत्यादि आगे चलने पर प्रायिक होकर निर्णायिक नहीं हो पाता, सूत्र के अवयव पदों के ऐसे पहले से प्रसिद्ध व्याख्यान योग्य व्याख्यान से भिन्न सूत्रों से एक वाक्यता वाले संक्षिप्त वाक्य कात्यायन वार्तिक है, व्याख्यान के लिये अपना रखा हुआ व्याख्यान का अङ्ग संक्षिप्त वाक्य भाष्य वचन हैं, इसका विवेक स्फुट व्याख्यान का भाव समझने वाला ही सभी जगह कर सकता है, पूरा अभ्यास कर समन्वय के साथ ऊहापोह चतुर ही इसका अधिकारी है। दूसरे लोग मुझे दो ऐसे स्थल को दिये, एक का तो थोड़े ही अवलोकत से निर्णय हो गया, किन्तु दूसरे के निर्णय के लिये दूर तक व्याख्या देखना पड़ा तथा समन्वय करना पढ़ा। तथा मालूम पड़ा कि व्याकरण परिशीलन में निपुण तथा अभ्यास पटु बुद्धि ही इसमें समर्थ है दूसरी नहीं।

सूत्र या सूत्रांशों की अन्यथा सिद्धि के विचार में जो महाभाष्य में 'सिध्यति अपाणिनीयं तु भवति सिद्ध होता है किन्तु पाणिनीय व्याकरण तो नहीं रहता' कहा गया है वह सूत्र और वार्तिक दोनों में समान रूप से लागू हैं, सूत्र और वार्तिक दोनों मिले जुले व्याकरण हैं, कात्यायन या पातञ्जल व्याकरण का विशेषण नहीं हैं, पाणिनीय यही व्याकरण का विशेषण है। सूत्रों की आनुपूर्वी के ऐसा कात्यायन वार्तिकों के स्वरूप का संरक्षण भाष्याभिप्रेत मालूम पड़ता है, नहीं तो बड़े विद्वान् कात्यायन के समय में संस्कृत भाषा का क्या स्वरूप था इसका परिचय किस मार्ग से होगा। कात्यायन और पतञ्जलि के बीच में महान् काल है तथा अनेक प्रकार के परिवर्तन से व्याप्त है।

और भी—वार्तिक या वार्तिक के अंशों के वैयर्थ्य विचार के समय कहीं योग विभाग कहीं चकार का अनुकर्षण पदों की आवृत्ति-अनुवृत्ति और निवृत्ति आदि उपाय किये जाते हैं, उस पर सोचना चाहिये—ये सभी उपाय कात्यायन के वार्तिक को देख कर किये जाते हैं ? या वार्तिक के पहले से किये हैं, दूसरे पक्ष में तो कोई प्रमाण नहीं है पहले पक्ष में वार्तिक व्यर्थ कैसे हुए ? जब कि उसने लक्ष्य स्वरूप उपेय ज्ञान कराकर व्याख्याताओं की उपायों में प्रवृत्ति का कारण बना, ऐसे फलवाले वार्तिकों को व्यर्थ कहना आत्मविस्मरण है। उपायों में योग विभाग सार्वत्रिक नहीं है, ज्ञापक सिद्ध सार्वत्रिक नहीं है, इत्यादि कहा जाता है, तब व्यवस्था कैसे होगी ? प्रत्याख्यान करने वालों का सभी जगह नहीं प्रवृत्त होने वाला योग विभाग या ज्ञापन कैसी व्यवस्था करता है ? यह सोचे, वार्तिक तो विधि वाक्य है जो जो उद्देश्य है वहाँ वहाँ प्रवृत्त होता है, शब्द रूप से तथा अर्थ रूप से अभ्यस्त वार्तिक ऐसा प्रयोग साधु है ऐसा असाधु है इस प्रकार व्यवस्था करता है। प्रायाख्यान करने वालों का ज्ञापन या योग विभाग आदि सर्वत्र नहीं लगने वाले क्या व्यवस्था करेंगे, इष्ट स्थल में प्रवृत्ति तथा अनिष्ठ स्थल में प्रवृत्त नहीं होना कहने से पढ़ने वाला किस और कितने प्रयोगों को समझ सकेगा ?, कौन इष्ट है ? कौन अनिष्ट है ? ऐसा किस पुस्तक से पढ़कर निश्चय कर सकेगा। गुरु से भी पूछने पर वार्तिक के बिना क्या दिखायेंगे ?, लक्ष्य या शिष्ट प्रयोगों को देखकर निर्णय करेंगे ऐसा कहो तो धीरे धीरे समझोगे, प्रत्याख्याता यदि

लक्ष्यको देखने में निपुण है तो लक्ष्य चक्षु वाला है, लक्ष्य चक्षुवालों के लिये उपयोगी नहीं है वार्तिक तो ठीक ही कहता है, जो सूत्र आदि लक्षणों के द्वारा प्रयोगों की साधुत्व व्यवस्था में समर्थ है ऐसे लक्षणैकचक्षु वालों के लिये किया गया यह वार्तिक जो लक्षणों के विना ही लक्ष्यों को समझने में समर्थ ऐसे लक्ष्यैक चक्षुवालों का कैसे उपकार कर सके। तौ भी भ्रम में पड़ा है, लक्षण मात्र चक्षु वालों के लिये ये लक्षण अनुशासन बने हैं लक्ष्य मात्र चक्षु वालों के लिये नहीं यह नहीं जानता। वार्तिकों का प्रत्याख्यान करता है सूत्रों का नहीं, लक्ष्य मात्र चक्षुष वाला होना यदि संभव है तौभी वह सर्वज्ञ दृष्टि को ही विदित है। शिष्ट ही कौन हैं ? जिनके प्रयोगों को देख-कर साधुत्व स्वीकार किया जाय कुछ प्रयोगों को आर्ष मानकर पाप के कारण असा-धुत्व को हटा कर भी वैयाकरण दूसरे को उसके, प्रयोग से वर्जित करते हैं, काशिका से लेकर श्री नागोजी भट्ट के ग्रन्थों तक महाकवीओं के वहुत वाक्यों के विचार आये हैं, अनेक कठिनाईओं के साथ अनेक प्रक्रियाओं में समर्थ व्याकरण लक्षणों के समन्वय से ही साधुत्व का समर्थन किया गया, ऐसा नहीं कहा गया कि ये शिष्ट प्रयोग से साधु हैं, इसका दूसरे भो अनुसरण करें। जहाँ लक्षण अनुशासनों का समन्वय नहीं हो पाता वहाँ असाधुत्व की ही घोषणा करते हैं, यदि ये महाकवि इस समय शिष्ट नहीं होंगे तो कौन शिष्ट कहा जायगा ?। यदि कोई शिष्ट है भी तो उसका परिचय कैसे हो ? इससे सूत्रों के ऐसा वार्तिक भी लक्षण यत्न पूर्वक रक्षणीय है प्रत्याख्यान प्रयासों से उपेक्षणीय नहीं हैं।

महाभाष्य के खण्डन-मण्डन प्रकारों का दूसरा तात्पर्य है। यह वार्तिक नहीं रहता तौ भी इन उद्देश्यों की सिद्धि के लिये इन सूत्रों का इस रीति से व्याख्यान किया जा सकता है। ऐसा पाण्डित्य भी वहुत फल वाला है तथा आवश्यक है। वह भी काशिक वैयाकरणों का साम्प्रदायिक विशेष वैदुष्य है, काशी पण्डित सभा में शास्त्रार्थ के समुत्साह से परिपुष्ट होता है तथा व्याकरण के अभ्यास की कसौटी है। इसको भारतीय सभी विद्वान् जानते हैं, काशी के व्याकरणशास्त्रार्थ में प्रौढ़ व्याकरण पण्डित काशी से वाहर पण्डित सभाओं में सादर आमन्त्रित होते थे तथा विजय पाते

थे, ऐसे पाण्डित्य का विशेष फल तो वहाँ है जहाँ विधिवचनों का निर्माण करना पड़े, जिसमें कमी या बेशी और गौणी वृत्ति का स्थान न देना पड़े तथा वचन स्फुटार्थ हो।

कात्यायन के विषय में यह भी ध्यान देना चाहिये कि उन्होंने सूत्रों का व्याख्यान नहीं किया किन्तु सूत्रों में जो-जो आवश्यक परिवर्तन जोड़ना तथा पूरा करना मालूम हुआ उसको संक्षिप्त वाक्य से सूचित कर दिये हैं। इससे महाभाष्य में आये हुए व्याख्यान से सम्बद्ध वाक्य कात्यायन के नहीं हैं किन्तु पतञ्जलि के हैं ऐसा समझना चाहिये। महाभाष्य के बाद प्रणीत व्याकरण ग्रन्थों में प्राप्त वार्तिक स्वरूप का परिचय इसी प्रकार होता है, वैसे ही वार्तिक मिलते हैं।

व्याख्यान या व्याख्यान के अङ्ग न हो, सूत्रों के ऐसा पहले प्रसिद्ध व्याख्यान के योग्य हों, तथा सूत्रों के साथ एकवाक्यता के योग्य हो, ऐसा संक्षिप्त वाक्य कात्यायन वार्तिक हैं, और दूसरे व्याख्यान के योग्य वाक्य भाष्य वार्तिक या भाष्य हैं, और भी सभी भाष्य हैं।

प्रौढ अध्ययनशील वैयाकरणों से ऐसी प्रार्थना है कि आप इस पर अवश्य सावधान हो, अभी लिखा गया मेरा निष्कर्ष यदि आपके अध्ययन से पसन्द है तो अवश्य इस पर सावधान हो, महाभाष्य सागर से कात्यायन वार्तिकों का किसी प्रकार उद्धार करें, उसके पहचान का प्रकार उनकी संख्या को संस्कृत-हिन्दी तथा इङ्लिस में प्रकाशन का पूरा प्रयास करें। नहीं तो संस्कृत पण्डित अध्ययनशील नहीं होते किसी प्रकार केवल जीविका की रक्षा करते हैं, छोटे से अपने वर्ग में प्रतिष्ठा से खुशी मनाते हैं, इत्यादि निन्दाओं को सहें।

इस वर्ष एक अध्ययन का आभास रूप सुनना जबरन आ पड़ा, एक वार्तिकों पर विशेष अध्ययन का अभिलाषी आया, असमर्थ दुर्बल रोगी आराम से लेटे हुए मुझे इङ्लिस-हिन्दी और संस्कृत की अनेक पुस्तकों को सुनाया, पहले या पीछे कभी भी पुस्तकों को लेकर मैं स्वयं नहीं पढ़ा हूँ, संस्कृत व्याकरण पुस्तकें तो कभी-कभी गति रुकने पर सुनते ही समय हाथ में लेकर लौटा देता था, संस्कृत व्याकरण की पुस्तकों में कुछ अनधीत कुछ कभी दृष्ट भी थे, कुछ पहले के पढ़े हुए भी अब विस्मृतप्राय मालूम पड़े।

कुछ पुराना जर्मन देश का महाविद्वान् महाभाष्य का आलोडन किया, इङ्ग्लिस भाषा में पुस्तक लिखा। उसका एक सम्प्रदाय हो गया, इङ्ग्लिस तथा हिन्दी में उसकी प्रामाणिकता प्रचलित हुई। कात्यायन वार्तिकों को अधिक संख्या में निर्णीत किया। व्याख्यान वाक्यों को भाष्य के संक्षिप्त व्याख्येय वाक्यों को भी कात्यायन का वार्तिक मान लिया, उसके अनुगामी भूतपूर्व राजस्थान संस्कृत शिक्षा निदेशक स्वर्गीय श्रीकृष्णमाधव शर्मा मनीषीमणि के पुस्तक के श्रवण से मालूम हुआ कि महाभाष्य के विचारों में जितने पूर्व पक्ष हैं वे सभी कात्यायन मत हैं ऐसा मान लिया गया। वैसा नहीं है, व्यपेक्षावादी कात्यायन हैं और एकार्थीभाववादी पतञ्जलि हैं ऐसा नहीं हैं, पाणिनीय व्याकरण के पतञ्जलि के बाद के आचार्य ऐसा नहीं मानते. वृत्ति विषय में भी व्यपेक्षावादी नैयायिक को कहते हैं, पाणिनीयों का एकार्थी भाव का आग्रह वृत्तिविषयों में ही है, दूसरी अनेक जगहों पर व्यपेक्षा सामर्थ्य का ग्रहण प्रसिद्ध पाठ्य-पुस्तकों में भी आता है। इस रीति से काशिका-सिद्धान्तकौमुदी-शेखर मनोरमा-भूषण-मञ्जूषा आदि प्रसिद्ध पाठ्यपुस्तकों में व्युत्पन्न अभ्यास के साथ ऊहापोह में प्रौढ़ ही वैयाकरण इसका शीघ्र निर्णय कर सकेंगे। ये श्री कृष्णमाधव शर्मा जी अध्ययन समय में कुछ ग्रन्थों में अच्छा अधिकार पाये थे, किन्तु दूसरे मार्ग में चले जाने से, पीछे उनका उसमें व्यवसाय नहीं हो पाया, इससे उनका उसमें वैसा वैदुष्य का प्रभाव नहीं मालूम पड़ता। श्री वासुदेव अभ्यङ्कर के सुपुत्र श्री काशीनाथ अभ्यङ्कर भी इङ्ग्लिस में व्याकरण पर लिखते हैं, वे अच्छे वैयाकरण हैं, अहमदाबाद में मैं उनको परिभाषेन्दु शेखर पढ़ाते देखा था, किन्तु उनका वार्तिकों पर लेख नहीं मिला, वाक्यपदीय पर मिला।

इसी प्रकार संस्कृत पाणिनीय व्याकरण पुस्तकों को सुनने पर एक पहले से ज्ञात वस्तु का जो महत्त्व व्यक्त हुआ उसको संक्षेप से सूचित करके इस लेख को समाप्त करता हूँ।

'कर्मणायमभिप्रैति स सम्प्रदानम्' इस सूत्र पर -- 'क्रियया यमभिप्रैति सोपि सम्प्रदानम्' ऐसा वार्तिक प्रसिद्ध है। अभी से करीब २५ वर्ष पहले काशी में हमेशा व्याकरण पढ़ाने वाले सभी के आदरणीय तिवारी जी नाम से प्रसिद्ध प्रधान वैयाकरण

थे। उनका वास्तव नाम बहुत लोग नहीं जानते थे, मुझे हरिनारायण त्रिपाठी मालूम हुआ, पहले उनका ग्राम गया जिले में था, अब औरंगाबाद जिले में है, औरंगाबाद में एक उनके कुल का मिला वह देवनारायण त्रिपाठी कहा, उस ग्राम में सरयू पारिणों की वस्ती अच्छी वताया।

१९२३-२५ ई० का समय है मैं काशी में दूर रहता हुआ उनसे अधिक अध्ययन का लाभ नहीं ले सकता था, किन्तु उनके वैदुष्य तथा उदारता के साथ स्फुट समझाने वाले पाठन प्रणाली से प्रभावित था, इस स्थल सिद्धान्त कौमुदी को पढ़ लिया था तथा अभ्यास किया था, प्रसङ्गवश तिवारी जी से पढ़कर अभ्यास किये हुए छात्र से समागम हुआ, उसने तिवारी जी से पढ़े का अनुवाद किया, कथा सुनाया, वह स्फुटता की रीति मुझे बहुत पसन्द आई, उत्सुकतावश कुछ दिनों में तीन चार छात्रों द्वारा इसका समर्थन मिला, तभी से पसन्दगी रहीं, इस समय तो बहुतों के व्याख्यान श्रवण से उसमें असाधारणता झलकी है।

स्फुटता के लिये विद्वानों को इस प्रकार सोचना चाहिये, सूत्र और वार्तिक में सब समान है, कर्मणा और क्रियया इतना ही भेद है, अभिप्रैति पद के अर्थ अभिप्राय में दोनों का समान ही अन्वय है।

यह भी ध्यान रखना होगा कि इस सम्प्रदान चतुर्थी का अर्थ तादर्थ्य चतुर्थी के अर्थ से विलक्षण हो। जैसे सूत्र के उदारण विप्राय गां ददाति में गाय कर्म है, वैसे वार्तिक के उदाहरण पत्ये शेते में शयन क्रिया है, जैसे वहाँ विप्र गाय वाला हो या गाय के सम्बन्ध वाला हो ऐसा अभिप्राय लिया जाता है, वैसे यहाँ पति शयन वाला हो या शयन सम्वन्ध वाला हो ऐसा अभिप्राय लिया जायेगा। पति सोये इस अभिप्राय से पत्नी सोती है ऐसा किसी ने नहीं किया, पति के उद्देश्य से पत्नी का शयन ऐसा ही लिखते हैं, पति के शयन के उद्देश्य से पत्नी का शयन ऐसा कोई नहीं लिखता, जो लिखते हैं वह तादर्थ्य चतुर्थी के ऐसा होता है। अब मुझे मालूम पड़ा है कि तिवारी जी इस कठिनाई का अनुभव करके ही कथा बनाकर समझाने का प्रयास किये।

कथा इस प्रकार है—गोरखपुर जिले का एक छात्र छुट्टी में घर गया, वहाँ गवना हो जाने के बाद ही शीघ्र पढ़ाई शुरू होने के कारण उसको काशी में आना पड़ा, काशी में कई मास रहकर पढ़ा परीक्षा दिया तब घर गया, वहाँ पत्नी के पास काशी का वर्णन करने लगा, पत्थर का गङ्गा घाट, वहाँ नहाना, कपड़ा फीचना, सन्ध्या करना, उसके बाद विश्वनाथ मन्दिर सोने के पत्तर से उसका आछादन, विश्वनाथ दर्शन, विश्वनाथ का अभिषेक, पास में अन्नपूर्णा जी का मन्दिर आदि के वर्णन में तत्पर हो गये। पत्नी सोचती है—इस प्रकार वर्णन में इनका बड़ा उत्साह मालूम पड़ता है, गत रात्रि की यात्रा से जागरण और थकावट है, जब तक मेरा हुँ हुँ आदि शब्दों द्वारा सुनने का समर्थन होगा तब तक ये इस वर्णन को रोकेंगे नहीं, मेरे सो जाने पर सुनने वाला न रहने से स्वयं इस वर्णन को छोड़ेंगे तथा सोयेंगे, इस अभिप्राय से पत्नी सोती है, उसी अभिप्राय से पत्ये शेते पत्नो यह उदाहरण है, पति सोए इसलिये पत्नी सोती है, ऐसा इसका अर्थ है।

इसमें व्यवहार सिद्ध वस्तु है, दूसरी भाषाओं में भी ऐसे उदाहरण हो सकते हैं। पति के लिये सोती है ऐसा हिन्दी का वाक्य साधारण तादर्थ्य चतुर्थी का है, जहाँ किसी भी तरह पत्नी का सोना पति का उपकारी है ऐसा तात्पर्य है, पति को सोने के लिये पत्नी सोती है, इस तात्पर्य से भी पति के लिये पत्नी सोती है ऐसा वाक्य हो सकता है वह सम्प्रदान चतुर्थी का उदाहरण होगा।

दूसरी क्रियाओं में भी उदाहरण संभव है—भूखा हुआ भी खेल में मस्त बालक अपने भूख को नहीं प्रगट करता, दूसरे अपने आदमी को खाते देखकर भोजन करना चाहने लगता है, ऐसे अवसर खा चुकी हुई माता क्रीडा सक्त भूखे बालक के खाने के लिये उसको दिखाती हुई खाने लगती है, उसके प्रथम भोजन को देखने वाली पड़ोसीन पूछती है—फिर यह क्यों ? उत्तर पाती है, बटु के लिये खाती हूँ, बटु खाय इसके लिये खाती हूँ इस अभिप्राय से वह उत्तर सम्प्रदान चतुर्थी का उदाहरण है।

भाषा शास्त्र के महान् विज्ञ कात्यायन इस वार्तिक के द्वारा एक भाषा के स्वरूप को भी सामने लाते हैं, आगे के आचार्य कर्म पद से क्रिया का भी ग्रहण करके सूत्र से संग्रह का उपाय भले करें किन्तु इस भाषा स्वरूप का प्रदर्शन कात्यायन की प्रथम दृष्टि है।

प्रथम प्रणाम करू पाणिनि चरण कमल धरि माथ।
कात्यायन की कथा सभी हृदय संभारी साथ॥
महाभास्यवारिधिकरिमञ्जन कलुषहीन मन मोर।
अपने गुरू प्रभु पाठदे भुक्तभया ऋण छोर॥
व्याकरणनिबन्ध सुम माला रचीकरी देहूं।
प्रीतहोऊ सब देवतापितर पण्डित वर लेहूं॥

श्रीराम गोविन्द ओझा तनय श्री य ा देवी गर्भज केदारनाथ ओझा कृत व्याकरण निबन्ध माला समाप्त।

विद्या वैजयन्ती गुरु मन की उपज अनोखी।
तीन लर मालाभई तभी लागत छोट निरेखी।।
बड़े यतन धन गुरु कृपा पुण्य पुञ्ज करि पार।
काशीपुरी जो तनुतजि पाऊ निवृति अपार।।

श्री यमुना देवी श्रीराम गोविन्द ओझा माता पितृक केदारनाथ ओझा कृत तीन भाग वाली विद्या वैजयन्ती निबन्धमाला समाप्त।

रसगङ्गाधर रस चन्द्रिका तथा विद्या वैजयन्ती निबन्धमाला के रचयिता केदारनाथ ओझा के जन्म जनपद तथा वंश का संक्षिप्त निर्देश —

विहारनवभण्डल 'सिवान' ख्यात सीमा पर।
अवध तीरहुत प्रान्तको जुटाता सौभ्य तत्पर।।
सरयू पारीणब्राह्मणों का काश्यपनिवेज सुधाम।
छोटा सा बहुवासयुत 'जम्हरिया' है ग्राम।।
हरखओझाधरि नाम के ब्राह्मण पुंगव जान।
रामप्रकाश जयरामदो उनके तनय बखान।।
रामप्रकाश के तनयदो रामभवन हरदेव।
रामभवनके तनय दो रामगोविन्दबड़लेव।।
रामहरि छोटो भयो कन्यावंशकदेव।
रामगोविन्द के तनय दो केदारनाथ बड़जान।
विद्यानाथ कनिष्ठ है राज्य सेवा यश खान।।
दो हजार अड़तीस विक्रम ओ उन्नीस सौ तीन शाक।
गुरु पूर्णिमा पूजा के अवसर अन्तभयो मुद्राङ्क।।

●

विद्यावैजयन्ती निबन्धमालातृतीयभागव्याकरणनिबन्धमालायाः

अशुद्धिशुद्धिपत्रम्

मुद्रणालयस्वभावसिद्धाः उपरि (ॅस्थाने) ॅ रेफस्याभावः, अपदान्तस्यापि अनुस्वारस्य परसवर्णाभावः, लृस्वरस्याभावः, इत्यादिका अशुद्धय उपेक्ष्यन्ते। अन्या एव निर्देश्यन्ते।

पृष्ठम्	पङ्क्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
५	२३	शब्द तत्साभांशस्य	शब्द तन्मात्रांशस्य
७	१८	विष्णीनभिे	विष्णोनभिः
९	१२	भाष्यकृतीत्तम्	भाष्यकृतोक्तम्
११	१२	भाषाषु	भाषासु

पृष्ठम्	पङ्क्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
११	१५	योगेष्वापतं	योगेष्वापत
१२	१०	ग्रन्थानान्तरता	ग्रन्थान्तरता
१६	२	तत्त	तत्तु
२४	१७	अधिकरणे	अधिकरणेः
२५	९	तदतदाचार्या	तत्तदाचार्या
,,	१८	योगिकानां	यौगिकानां
,,	२२	विवृ ल्याऽपि	विवृत्यापि
२६	१२	नियस्ककृतं	नियस्किकृतं
२७	११	नयत्रस्य	नपत्रस्य
२८	२५	मयावरधणं	मयावधारणम्
२९	२८	निवृत्ते	विवृते
३०	१२	वाक्यम्	वाच्यम्
३१	२१	मायममि	मायभूमि
३५	१८	करता है	करना है
४२	२३	पाषण	पोषण
४७	२२	तिष्ठतामयि	तिष्ठतामपि
५५	१	संस्कृतगण्वी	संस्कृतगवी
५६	२१	सही	नही
५७	३	ब्रह्मणाय णां	ब्रह्मणाय गां
६०	७	सप्तमशब्द	सप्तम
६२	१९	सर्वात्तरं	सर्वान्तरं
६५	५	बोपयोगि	वोपयोगी
६५	२६	सूचिता	सूचितो
६९	८	यास्तादाम्यम्	योस्तादाम्यम्
७१	१०	च भाषया	च भाषायाः
,,	२५	मुखाच्छतम्	मुखाच्छ्रुतम्
,,	२६	त्पुरुषमास	त्पुरुषसमास
७२	११	शीपंकसूचित	शीर्षकसूचित
७५	१	प्रसङ्गन	प्रसङ्गेन
९०	२१	भ्रान्तिरवश्रुत्ये	भ्रान्तिरिवश्रूत्ये
९२	७	पीठे हुए	पीटे हुए
९५	१३	एददर्थ	एतदर्थं
,,	२६	सहाम्भवा	सहाम्भसा
९६	१९	शेखरदागके	शेखरदीपके
१०१	२९	स एषान्	स एतान्
१०२	१४	द्रव्य	द्रव्यं
,,	१५	द्रव्य	द्रव्यं

पृष्ठम्	पङ्क्तिः	अशुद्धम्	शुद्धम्
१०२	३१	शय्यते	शय्यन्ते
१०४	१६	भाष्याथः	भाष्यार्थः
१०६	२४	देशसंयोगतौ	देशसंयोगादौ
११२	२२	मञ्जूषो	मञ्जूषा
११४	१३	द्वितीयाऽप्रेडि	द्वितीयाऽम्रेंडि
११५	४	स्तोकाल्य	स्तोकाल्प
११६	६	पुष्टि का अवयवपुष्टि	पुषि का अवयवपुषि
११७	१७	रैयोषमिति	रैंपोषमिति
,,	२७	तथ्यतें तपस्तापसे	तथ्यते तपस्तापसेन
११९	२५	य्यते इसमें	प्यते इसमें
१२०	९	यहां पाष पद का	यहां पोष पद का
१२१	९	एसा कहता	ऐसा कहता
,,	१९	करते क प्रकार	करने के प्रकार
१२७	१०	विक्लति भी	विक्लिति की
१३०	३	विक्लति	विक्लिति
१२८	१९	तपस्तथ्यते	तपस्तप्यते
१४३	१५	अयुषत्	अपुषत्
१४४	१८	सम्बन्ध ले	सम्बन्ध से
१४६	१२	मयुषत्	मपुषत्
१४८	३	नातिरोहितम्	न तिरोहितम्
,,	३०	मेकै छात्रौ	मेकं छात्रन्
१४९	११	णेऽणक्तानि	णेऽणक्तानि
,,	१८	श्रण्प्रत्यय	अण्प्रत्यय
,,	१९	अणप्रत्यय	अण्प्रत्यय
१५७	२०	न्याय में	न्याय से
१६०	४	लेथस्य	लेखस्य
,,	२७	षाधु शब्द	साधु शब्द
१६४	९	वाक्यताई	वाक्यताहं
,,	१७	वातिकेयु	वार्तिकेषु
१६७	२९	छेदमा	छेदना
१७०	५	स्वपदामि	स्वपदानि
१७८	११	मार	पार
,,	१८	जुटाता	जुटाना

विद्यावैजयन्तीनिबन्धमाला

प्रथमभाग दार्शनिकनिबन्धमाला मूल्य ३८ रुपये
द्वितीयभाग आलङ्कारिकानिबन्धमाला ५६ रुपये
तृतीयभाग व्याकरणनिबन्धमाला

प्राप्ति स्थान

काशी के प्रायः सभी प्रसिद्ध पुस्तक विक्रेता, उनको अच्छा कमीशन मिलता है काशी के बाहर नीचे लिखे लोग दे सकते हैं—

(१) श्री जगदीश ओझा, जीव विज्ञान बिभाग—सच्चिदानन्द सिनहा कालेज औरंगाबाद, बिहार - ८२४१०१

(२) डा० श्री अवधेश ओझा, भौतिक विज्ञान विभान—जोधपुर विश्व विद्यालय, जोधपुर, राजस्थान - ३४२००३

(३) श्री हृषीकेश ओझा, संस्कृत विभाग—राजाशिवप्रसाद कालेज, झरिया, बिहार

(४) श्री चतुरानन ओझा, प्रायोगिक अध्यापक, जीव विज्ञान—गया-कालेज, गया बिहार

(५) अमेकाचार्य डा० श्री नारायणशास्त्री काङ्कर, सुमेरु कर्णमार्ग, रामगञ्ज. जयपुर, राजस्थान - ३०२००३

आवश्यकता के अनुसार लिख सकते हैं—

केदारनाथ ओझा

मुमुक्षुभवन, अस्सी
वाराणसी - २२१००५
भारत